श्री सुखसागर ज्ञानप्रचार ज्ञानबिन्दु नं ३

श्री रत्नप्रभसूरीश्वर सद्गुरुभ्यो नमः

शीघ्रबोध भाग १-२-३-४-५ वां

लेखक—

श्रीमदुपकेश (कमला) गच्छीय

मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजी महाराज

द्रव्य सहायक और प्रकाशक

श्री सुखसागर ज्ञानप्रचारक सभा

मु० लोहावट—जाटावास (मारवाड)

नकल १००९

वीर संवत २४५० विक्रम सं १९८०

किंमत रु १।।)

द्रव्य सहायक—

श्रीसुखसागर ज्ञानप्रचारक सभा.

श्री भगवतीजी सूत्रकि पूजा
तथा सुपनोंकि आमदनीसे.

भावनगर—श्री आनंद प्रीन्टींग प्रेसमें शाह गुलाबचंद
लल्लुभाइए छाप्युं.

इन पुस्तकोंकी आमदनीसे और भी
ज्ञानप्रचार वडाया जावेगा।

श्री रत्नप्रभसूरीश्वर सद्गुरुभ्यो नमः

अथ श्री

शीघ्रबोध भाग ३ जा

द्रव्य सहायक रू. २५०)

शाह हजारीमलजी कुनरलालजी पारख.

मु० लोहावट-माटावास (मारवाड)

नकल १०००

वीर स २४५०

वि स १९८०

धन्यवाद.

श्रीमान् रेखचंदजी साहिब,

चीफ सेक्रेटरी-

श्री जैन नवयुवक मित्रमण्डल—मु० लोहावट

आप ज्ञानके अच्छे प्रेमी और उत्साही हो। इस किताब के तीसरे भाग के लिये रु. २५०) ज्ञान दान कर पुस्तके श्रीसुखसागर ज्ञान प्रचारक सभा में सार्पण कर लाभ उठाया है इस वास्ते में आप को सहर्प धन्यवाद देता हुं और सज्जनों को भी अपनी चल लक्ष्मी का ज्ञानदान कर लाभ लेना चाहिये। कारण शास्त्रकारोंने सर्व दानमें ज्ञानदान को ही सर्वोत्तम माना है—किमधिकम्।

भवदीय,

पृथ्वीराज चोपडा।

मेम्बर—श्री जैन नवयुवक मित्रमंडल,

लोहावट—(मारवाड).

श्रीयक्षदेवसूरीश्वराय नम

श्रीकल्पसूत्रजीके पानोंकी भक्ति के लिये रु २८०)

—•—

शाह कालुरामजी अमरचंदजी गोथरा राजमवाला कि तर्फ से आया वह इस किताबमें लगाया गया है इस ज्ञान दानसे कीतना लाभ होगा वह अन्य सज्जनोंको विचार के अपनी चल लक्ष्मीको ज्ञानदान कर अचल बनाना चाहिये. किमधिकम्।

आपका,

जोरावरमल वैद

मेनेजर

श्री रत्नप्रभाकर ज्ञानपुष्पमाला ऑफीस,

फलोधी

श्रीमद् भगवतीजी सूत्र कि वाचना ।

पूज्यपाद प्रातःस्मरणिय मुनिश्री ज्ञानसुन्दरजी महाराजसाहिब कि अनुग्रह कृपासे हमारे लोहावट जैसे ग्राममें भी श्रीमद् भगवतीजीसूत्र कि वाचना संवत् १९७९ का चैत्र वद ६ से प्रारंभ हुइथी जिस्के दरम्यान हमे वहुत लाभ हुवा है जैसे श्री भगवतीजीसूत्रका आद्योपान्त श्रवण कर ज्ञानपूजाका करना जिस्के द्रव्यसे।

५००० श्री द्रव्यानुयोग द्वितीय प्रवेशिका।

५००० श्री शीघ्रवोध भाग १-२-३-४-५ वां हजार हजार प्रती एकही जिल्दमें वन्धाइ गइ है जिस्मे तीसरा भाग शा. हजारीमलजी कुंवरलाली पारख कि तर्फसे।

१००० श्री भावप्रकरण शा. जमनालालजी इन्द्रचन्दजी पारख कि तर्फसे।

१००० श्री स्तवन संग्रह भाग ४ था शा आइदांनजी अगरचन्दजी पारख कि तर्फसे।

इनके सिवाय ज्ञानध्यान कंठस्थ करना तथा श्री सुखसागर ज्ञानप्रचारक सभा और श्री जैन नवयुवक मित्रमंडल कि स्थापना होनेसे अच्छा उपकार हुवा है।

अधिक हर्ष इस वातका है कि जीस उत्साहा से श्री भगवतीजी सूत्र प्रारंभ हुवाथा उनसे ही चढते उत्साहासे श्री ज्ञानपंचमिको पूजा प्रभावना वरघोडाके साथ निर्विघ्नतासे समाप्त हुवा है हम इस सुअवसर कि वारवार अनुमोदन करते है अन्य सज्जनोंको भी अनुमोदन कर अपना जन्म पवित्र करना चाहिये किमधिकम्। भवदीय।

जमनालाल बोथरा राजमवाला,
मेम्बर श्री जैन नवयुवक मित्रमंडल
मु० लोहावट-मारवाड.

जन्म सं. १९३२

ढुंढक दीक्षा स. १९४२

जैन दीक्षा १९६०

स्वर्गवास १९७७

मुनि महाराज श्री रत्नविजयजी महाराज.

रत्न परिचय.

परम योगिराज प्रातःस्मरणीय अनेक सद्गुणालंकृत श्री श्री १००८ श्री श्री रत्नविजयजी महाराज साहिब।

आपका निःस्पृह सरल शान्त स्वभाव होने से जगत के गच्छगच्छान्तर–मत्तमत्तान्तरके झगडे तो आपसे हजार हाथ दूर ही रहते थे. जेसे आप ज्ञानमें उच्चकोटीके विद्वान थे वेसे ही कविता करने में भी उच्चकोटीके कवि भी थे आपने अनेक स्तवनों, सज्झायों, चैत्यवन्दनों, स्तुतियों, कल्प रत्नाकरी टीका और विनति शतकादि रचके जैन समाजपर परमोपकार कीया था.

आपको निवृत्तिस्थान अधिक प्रसन्न था जो श्रीमदुपकेश गच्छाधिपति श्री रत्नप्रभसूरीश्वरजी महाराजने उपकेशपट्टन (ओशीयों) में ३८४००० राजपुतोकों प्रतिवोध दे जैन वनाया. प्रथम ही ओस-वंस स्थापन कीया था. उन ओशीयों तीर्थपर आपश्रीने चतुर्मास कर अलभ्य लाभ प्राप्त कीया जेसे मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजीकों ढुंढकझाल से वचाके संवेगी दीक्षा दे उपकेश गच्छका उद्धार करवाया था फीर दोनों मुनिवरोंने इस प्राचीन तीर्थके जीर्णोद्धारमे मदद कर वहांपर जैन पाठ-शाला, वोर्डींग, श्री रत्नप्रभाकर ज्ञान भंडार, जैन लायब्रेरी स्थापन करी थी और भी आपकों ज्ञानका वडा ही प्रेम था. आपश्रीके उपदेश द्वारा फलोधी में श्री रत्नप्रभाकर ज्ञानपुष्पमाला नामकि संस्था स्थापित हुइ थी. आपश्रीने अपने पवित्र जीवनमें शासन सेवा वहुत ही करी थी. केइ जगह जीर्णोद्धार पाठशालावोंके लिये उपदेशदीया था जिनोंकि

उज्वल कीर्त्ति आज दुनियो मे उच्च पदको भोगन रही है आपश्रीका जन्म सं १६३२ में हुवा स १६४२ मे स्थानकवासीयों में दीक्षा स १६६० में जैन दीक्षा और स १६७७ में आपका स्वर्गवास गुजरातके वापी ग्राममें हुवा है जहापर आज भी जनताके स्मरणार्थ स्मारक मोजुद है ऐसे नि स्पृही महात्मावोंकि समाजमें बहुत आवश्यक्ता है

यह एक परम योगिराज महात्माका किंचित् आपको परिचय कराय हम हमारी आत्माको अहोभाग्य समजते है समय पा के आपश्रीका जीवन लिख आपलोगोंकि सेवा मे भेजनेकि मेरी भावना है शासनदेव उसे शीघ्र पूर्ण करे

I have the honour to be Sir,
Your most obedient slave
M Rakhchand Parekh S Collieries
Member Jain nava yuvak mitra mandal
LOHAWAT

—-•—

श्रीमदुपकेशगच्छीय-
मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजी.
जन्म सं० १९३७ विजयदशमी.
स्था० दीक्षा सं० १९६३
जैन दीक्षा सं० १९७२

ज्ञान परिचय ।

पूज्यपाद प्रातःस्मरणीय शान्त्यादि अनेक गुणालङ्कृत श्री मान्मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजी महाराज साहिब ।

आपश्रीका जन्म मारवाड ओसवस वैद मुत्ता ज्ञातीमे स १९३७ विजय दशमिको हुवा था बचपने से ही आपका ज्ञानपर बहुत प्रेम था स्वल्पावस्थामे ही आप ससार व्यवहार वाणिज्य व्यैपारमे अच्छे कुशल थे स १९५४ मागशर व० १० को आपका विवाह हुवा था देशाटन भी आपका बहुत हुवा था विशाल कुटुम्ब मातापिना भाइ काका स्त्रि आदि को त्याग कर २६ वर्ष कि युवान वयमे स १९६३ चेत व० ६ का आपने स्थानकवासीयो मे दीक्षा ली थी दशागम और ३०० थोकडा कठस्थ कर ३० सूत्रों की वाचना करी थी तपश्चर्या एकान्तर छठ छठ, मास क्षमण आदि करनेमे भी आप सूरवीर थे आपका व्याख्यान भी बडाही मधुर रोचक और असरकारी था शास्त्र अवलोकन करने से ज्ञात हुवा कि यह मूर्त्ति उत्थापकों का पन्थ स्वकपोल कल्पीत असुत्सम पड़ा हुवा है तत्पश्चात् सर्प कचव कि माफीक हुढको का त्याग कर आप श्रीमान् रत्नविजयजी महाराज साहिब के पास ओशीयो तीर्थ पर दीक्षा ले गुरु आदेश उपकेश गच्छ स्वीकार कर प्राचीन गच्छका उद्धार

कीया स्वल्प समय में ही आपने दीव्य पुरुषार्थ द्वारा जैन समाजपर वडा भारी उपकार कीया आपश्रीको ज्ञानका तो आले दर्जेका प्रेम है जहां पधारते है वहां ही ज्ञानका उद्योत करते है.

ओशीयों तीर्थ पर पाठशाला बोर्डींग कक्क क्रान्ति लायब्रेरी, श्री रत्न प्रभाकर ज्ञान भंडार आदि में आप श्रीने मदद करी है फलोधी में श्री रत्नप्रभाकर ज्ञान पुष्पमाला संस्था-ईस्की दुसरी साखा ओशीयोंमें स्थापन करी जिन संस्थावों द्वारा जैन आगमों का तत्त्व-ज्ञानमय आज ७५ पुष्प नीकल चुके है जिस्की कीतावे १५३००० करीबन् हिन्दुस्तान के सब विभागमें जनता कि सेवा वजा रही है इनके सिवाय जैनपाठशाला जैन लायब्रेरी आदि भी स्थापन करवाइ गइ थी हम शासन देवतावोसे यह प्रार्थना करते है कि एसे पुरुषार्थी महात्मा चीरकाल शासन कि सेवा करते हमारे मरूस्थल देशमें विहार कर हम लोगोंपर सदैव उपकार करे। शम्

आपश्रीके चरणोपासक
इन्द्रचंद पारख
जोइन्ट सेक्रेटरी,
श्री जैन नवयुवक मित्र मण्डल
ऑफीस—**लोहावट** (मारवाड.)

प्रस्तावना.

प्यारे सज्जन गण !

यह बात तो आपलोग बखुबी जानते हैं कि हरेक धर्मका महत्व धर्म साहित्य के ही अन्तर्गत रहा हुआ है जिस धर्मका धर्मसाहित्य विशाल क्षेत्रमें विकाशित होता है उसी धर्मका धर्म महत्व भी विशाल भूमिपर प्रकाश किया करता है अर्थात् ज्यों ज्यों धर्मसाहित्य प्रकाशित होता है त्यों त्यों धर्मका प्रचार बढा ह। करता है।

आज सुधरे हुवे जमाने के हरेक विद्वान प्रत्येक धर्म साहित्य अपक्षपात दृष्टिसे अवलोकन कर जिस जिस साहित्यके अन्दर तत्व वस्तु होती है उसे गुणग्राही सज्जन नेक दृष्टिसे ग्रहन कीया करते है अतेव धर्म साहित्य प्रकाश करने कि अत्यावश्यक्ता कों सब संसार एक दृष्टिसे स्वीकार करते है।

धर्म साहित्य प्रकाशित करने में प्रथम उत्साही महाशयजी और साथमें लिखे पढे सहनशील निःस्पृही पुरुषार्थी तथा तन मन धनसे मदद करनेवालों कि आवश्यक्ता है।

प्रत्येक धर्मके नेता लोग अपने अपने धर्म साहित्य प्रकाशित करने में तन धन मनसे उत्साही बन अपने अपने धर्म साहित्यको जगतमय बनाने कि कोशीस कर रहे है।

दुसरे साहित्य प्रेमियों कि अपेक्षा हमारे जैनधर्मके उच्च कोटीका पवित्र और विशाल साहित्य भण्डारों कि ही सेवा कर रहा है पुराणे विचारके लोग अपने साहित्य का महत्व ज्ञान भण्डारोंमें रखने में ही समझ रहे थे। इस संकुचित विचारोंसे हमारे धर्म साहित्य कि क्या दशा हुइ यह हमारे भण्डारों के

नेताओं कों अव मालुम होने लगी है कि साहित्य प्रकाश में हम लोग कितने पाच्छाडी रहे है।

हमारे धर्म साहित्य लिखनेवाले और प्रकाशित करनेवाले पूर्वाचार्य हमारे पर वडा भारी उपकार कर गये है परन्तु इस वख्त पूज्यपाद प्रातः स्मरणीय न्यायांभोनिधि जैनाचार्य श्रीमद्वि-जयानंदसूरीश्वरजी (आत्मारामजी) महाराज का हम परमोप-कार मानते है कि आपश्रीने ज्ञानभण्डारोंके नेताओं को वडे ही जोर सोरसे उपदेश देकर जेसलमेर पाटण खंभात अमदावाद आदिके ज्ञानभण्डरों में सडते हुवे धर्म साहित्यका उद्धार कर-वाया था आपश्री को साहित्य प्रकाशित करवानेका इतना तो प्रेमथा कि स्थान स्थान पर ज्ञानभण्डारों, लायब्रेरीयों, पुस्तक प्रचार मंडलों, संस्थावों आदि स्थापीत करवाके ज्ञानप्रचार वढाने में प्रेरणा करी थी। आपके उपदेशसे स्कूलों पाठशालावों गुरूकुल-वासादि स्थापित होनेसे समाज में ज्ञान कि वृद्धि हुइ है। इतना ही नही वल्के यूरोप तक भी जैनधर्म साहित्यका प्रचार करने में आपश्रीने अच्छी सफलता प्राप्त करी थी उन धर्म साहित्य प्रचार कि वदोलत आज हमारी स्वल्प संख्या होने परभी सर्व धर्मो में उच्च स्थानकों प्राप्त कीया है अच्छे अच्छे विद्वान लोगोंका मत्त है कि जैनधर्म एक उच्च कोटीका धर्म है।

साहित्य प्रचारके लिये श्रावक भीमसी माणेक वंबाइ, जैन धर्म प्रसारक सभा–जैन आत्मानंद सभा भावनगर, श्रीयशोविजय-जी ग्रन्थमाळा भावनगर, श्री जैन श्रेयस्कर मंडल मेसाणा. मेघजी हीरजी वंवाइ. अध्यात्म ज्ञान प्रकाश–वुद्धिसागर ग्रन्थमालो. श्री हेमचन्द्र ग्रन्थमाला. जैन तत्व प्रकाश मंडल. जैन ग्रन्थमाळा—रायचन्द्र ग्रन्थमाला—राजेन्द्रकोश कार्यालय—श्री रत्न प्रभाकर ज्ञान पुष्पमाला, फलोधी. श्री जैन आत्मानन्द पुस्तक प्रचार मंडल, आग्रा—दिल्ही, व्याख्यान साहित्य ओफीस. जैन साहित्य संशा·

धन—पुना श्री आगमोदय समिति अन्यभी छोटी बडी सभावोंने साहित्य प्रकाशित करने में अच्छी सफलता प्राप्त करी है—मनुष्य मात्रका फर्ज है कि अपनि २ यथाशक्ति तन मन धनसे धर्म साहित्य प्रचारमें अवश्य मदद देना चाहिये।

साहित्यप्रेमी परम् योगिराज मुनि श्री रत्नविजयजी महाराज साहिब के सदुपदेशसे सवत् १९७३ का आसाढ शुद ६ के रोज मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजी महाराज द्वारा फलोधी नगरके उत्साही श्रावक वर्ग कि प्रेरणासे श्रीरत्नप्रभाकार ज्ञान पुष्पमाला नामकि सस्था स्थापित की गइ थी सस्थाका खास उद्देश छोटे छोटे ट्रेक्टद्वारा जनता मे जैनधर्म साहित्य प्रसिद्ध करनेका रखा गया था

हरेक स्थानपर लम्बी चौडी बातों बनानेवाले या पर उपदेश देनेवाले बहुत मील्ते है किन्तु जीस जगह रूपैये का नाम आता है तब कितनेक लोग धनाढ्य होनेपर भी मायाके मजुर उन्नतिके मेदान से पीच्छे हठ जाते हैं परन्तु मुनिश्रीके एक ही दिनके उपदेशसे फलोधी श्री सघने ज्ञानवृद्धिके लिये करीबन् २०००) का चन्दाकर श्री रत्नप्रभाकर ज्ञान पुष्पमाला में पुस्तके छपानेके लिये जमा करवाये इस सस्थाकि नीवको मजबुत बनादि थी मुनिश्री ज्ञानसुन्दरजी महाराज साहबका १९७३ का चतुर्मासा फलोधी में हुवा आपश्रीने एक ही चतुर्मासा में ११ पुष्प प्रकाशित करवा दीया। चतुर्मासके बाद आपश्रीका पधारणा ओसीयातीर्थ जो कि श्री रत्नप्रभसूरीजी महाराजने उत्पलदे राजा आदि। ३८४००० राजपुर्तोंको प्रथमही ओशवाल बनाकर श्रीवीरप्रभुके बिंबकी प्रतिष्टा करवाइथी उन महापुरुषोंके स्मरणार्थ दुसरी शाखा रूप एक संस्था ओशीयां तीर्थपर श्री रत्नप्रभाकर ज्ञान पुष्पमाल स्थापित करी. जिस्का काम मुनिम चुनिलालभाइके सुप्रत किया गया था चुनिलालभाइने ओशीयां तीर्थ तथा इन संस्थाकि अच्छी सेवा करी थी

कीतावोंके जरिये तीर्थकी प्रसिद्धि और आबादि भी अच्छी हुइ थी. चुन्निलालभाइ स्वर्गवास होनेके बाद में पुस्तकोंकि व्यवस्था ठीक न रहेनेसे नमुनाके तौरपर पुस्तकों ओशीयों रखके शेष सब पुस्तकों फलोधी मगवा लि गइ थी अब इन संस्थाका कार्य बहुत ही उत्साह से चलता है स्वल्प ही समयमें ७५ पुष्पकि करीबन् १५३००० पुस्तके छप चुकी है जिसमें प्रतिमाछत्तीसी, गयवरविलास, दानछत्तीसी, अनुकम्पाछत्तीसी, प्रश्नमाला, चर्चाका पब्लिक नोटीस, लिगनिर्णय, सिद्धप्रतिमा, मुक्तावली, बत्तीससूत्रदर्पण, डुंकेपर चोट, आगमनिर्णय और व्यवहार चूलिकाकि समालोचना यह बारहा पुस्तके तों मूर्तिउत्थापक ढुंढीये तेरेपन्थीयोंके बारे में लिखी गइ है जिस्में सप्रमाण मूर्त्ति और दया दानका प्रतिपादन किया गया है और स्तवन संग्रह भाग १-२-३-४, दादासाहिब कि पूजा, देवगुरु वन्दनमाला, जैन नियमावल।, चौरासी आशातना, चैत्यवन्दनादि, जिनस्तुति, सुबोधनियमावली, प्रभु पूजा, जैन दीक्षा, तीर्थयात्रास्तवन, आनन्दघन चौवीसी, सज्झाय, गहुंलीयों, राइदेवसि प्रतिक्रमण, उपकेशगच्छ पट्टावली इन १८ पुस्तको मे देवगुरुकी भक्तिसाधक स्तवन, स्तुतियों, चैत्यवंदनों आदि है। व्याख्याविलास भाग १-२-३-४, मेझरनामों, तीन निर्नामा लेखोंका उत्तर, ओशीयों तीर्थके ज्ञान भंडारकि लीष्ट, अमे साधु शा माटे थया, विनती शतक, कक्काबत्तीसी, वर्णमाला, तीन चतुर्मासोंका दिग्दर्शन और हितशिक्षा यह १३ पुस्तकों में वस्तुस्वरूप निरूपण या उपदेशका विषय है। दशवैकालिकसूत्र, सुखविपाकसूत्र और नन्दीसूत्र एवं तीन सूत्रोंका मूल पाठ है॥ शीघ्रबोध भाग १-२-३-४-५-६-७-८-९-१०-११-१२ १३-१४-१५-१६-१७-१८-१९-२०-२१-२२-२३-२४-२५॥ पैतीस बोल, द्रव्यानुयोग प्रथम प्रवेशिका, गुणानुरागकुलक और सूचीपत्र इन २९ पुस्तको में श्री भगवती सूत्र, पन्नवणाजी सूत्र, जीवाभिगमजी

सूत्र, समवायागजी सूत्र, अनुयोगद्वार सूत्र, नन्दीजी सूत्र स्थाना-यागजी सूत्र, जम्बुद्विपपन्नति सूत्र, आचाराग सूत्र, सूत्र कृतागजी सूत्र, उपासकदशाग सूत्र, अन्तगढदशाग सूत्र, अनुत्तरोयवाइजी सूत्र, निरियावल्काजी सूत्र, कप्पवडसियाजी सूत्र, पुप्फीयाजी सूत्र, पुप्फचूलीयाजी सूत्र, विन्हीदशागजी सूत्र, वृहत्कल्प सूत्र, दशाश्रुतस्कध सूत्र, व्यवहार सूत्र, निशिथ सूत्र और कर्मग्रन्थादि प्रकारणों से खास द्रव्यानुयोगका सूक्ष्म ज्ञानकों सुगमतारूप हिन्दी भाषामें जो कि सामान्य बुद्धिवाला भी सुखपूर्वक समज के लाभ सके और इन भागमें बारहा सूत्रोंका हिन्दी भाषान्तर भी करवाया गया है शीघ्रबोधके प्रथम भाग से पचवीसवा भाग तकके लिये यहा विशेष विवेचन करनेकि आवश्यक्ता नहीं है उन भागोंकि महत्वता आद्योपान्त पढने से ही हो सक्ती है इतना तो लोगोपयोगी हुवा है कि स्वल्प ही समयमें उन भागोंकि नकलो खलासे हो गइ थी और ज्यादा मागणी होने से द्वितीयावृत्ति छपाइ गइ थी वह भी थोडा ही दीनोंमें खलास हो जानेसे भी मागणी उपर कि उपर आ रही है। अतेव उन भागोंकों और भी छपानेकि आवश्यक्ता होनेसे पुष्प २६-२७-२८-२९-३० कों इस संस्था द्वारा प्रगट कीया जाता है उन शीघ्रबोधके भागोंकि जेसी जैन समाजमें आदर सत्कारके साथ आवश्यक्ता है उतनी ही स्थान कवासी और तेरहापन्थी लोगोंमें आवश्यक्ता दिखाइ दे रही है।

इस संस्था में जीतना ज्ञानकि सुगमता है इतनी ही उदारता है शरू से पुस्तकोंकि लागी किंमत से भी बहुत कम किंमत रखी गइ थी जिस्मे भी साधु साध्वीयों, ज्ञानभंडार, लायब्रेरी आदि संस्थाओंकों तो भेट हा भेजी जाती थी जब ४५ पुष्प छप चुके थे वहातक भेट से ही भेजे जाते थे बादमें कार्यकर्त्ताओंने सोचा कि पुस्तकोंका अनादर होता है, आशातना बढती है इस वास्ते लागी किंमत रख देना ठीक है कारण गृहस्थोंके घर से रूपैया

आठ आना सहज ही में निकल जावेंगे और यहां रूपैये जमा होंगे उनों से और भी ज्ञान वृद्धि होगी. सिर्फ बारहा सूत्रोंके भाषान्तरकि किमत कुच्छ अधिक रखी गइ है इसका कारण यह है कि इसमें च्यार छेदसूत्रोंका भाषान्तर भी साथ में है जो कि जिनोंको खास आवश्यक्ता होगा वह ही मंगावेगा। तथापि महेनत देखतों किमत ज्यादा नहीं है शेष कितावेंकी किमत हमारे उद्देश माफीक ही रखी गइ है. पाठकगण किमत तर्फ ध्यान न दे किन्तु ज्ञान तर्फ दे कि जिन सूत्रोंका दर्शन होना भी दुर्लभ थे वह आज आपके करकमलो में मोजुद है इसका ही अनुमोदन करे। अस्तु।

वि. सवत् १९७९ का फागण वद २ के रोज श्रीमान्मुनि महाराजश्री श्रीहरिसागरजी तथा श्रीमान् ज्ञानसुन्दरजी महाराज ठाणे ४ का शुभागमन लोहावट ग्राम में हुवा. श्रोतागणकी दीर्घ काल से अभिलाषा थी कि मुनि श्रीज्ञानसुन्दरजी महाराज पधारे तों आपश्रीके मुखार्विंद से श्री भगवतीजी सूत्र सुने. तीन वर्षों से विनंती करते करते आप श्रीमानोंका पधारना होनेपर यहांके श्रावकोने आग्रे से अर्ज करनेपर परम दयालु मुनि श्रीने हमारी अर्ज स्वीकार कर मीती चैत वद ६ के रोज श्री भगवतीजी सूत्र सुवे व्याख्यानमें फरमाना प्रारंभ किया जिस्का महोत्सव वरघोडा रात्रीजागरणादि शा रत्नचंदजी छोगमलजी पारख कि तर्फसे हुवा था इस शुभ अवसर पर फलोधीसे श्रीजैन नवयुवक प्रेम मंडल तथा अन्यभी श्रावकवर्ग पधारे थे वरघोडा का दर्श-अंग्रेजीवाजा ग्यानमंडलीयों ओर सरकारी कर्मचरियों पोलीस आदिसे वडा ही प्रभावशाली दीखाइ देते थे श्री भगवतीजी सूत्रकि पूजामे अठारा सोनामोहरों मीलाके करीबन् रू १०००) की आवादानी हुइथी जिस्का श्री संघसे यह ठेराव हुवा कि इन आवादानीसे तत्त्व ज्ञानमय पुस्तकें छपा देना चाहिये।

इस सुअवसरपर श्री सुखसागर ज्ञान प्रचारक नामकि संस्थाकि भी स्थापना हुइ थी संस्थाका खास उदेश यह रखा गया था कि जैनशासनके सुख समुद्रमें ज्ञानरूपी अगम्य जल भरा हुवा है उन ज्ञानामृतका आस्वादन जनताको पकेक बिंदु द्वारा करवा देना चाहिये इस उदेशका प्रारभमें श्री द्रव्यानुयोग द्वितीय प्रवेशिका प्रथम बिन्दु तथा श्री भाव प्रकरण दूसरा बिन्दु आप लोगोंकी सेवामें पहुचा दिया था ।

यह तीसरा बिन्दु जो शीघ्रबोध भाग १-२-३-४-५ जो प्रथम और दुसरी आवृति श्री रत्नप्रभाकर ज्ञान पुष्पमाला—फलोधीसे छप चुकीथी परन्तु यह सब नकले खलास हो जानेपरभी मागणी अधिक और अति लाभ जानके नइ आवृति जोकि पहले कि निष्पत् इस्मे बहुत सुधारा करवाया गया है शीघ्र बोध भाग पहले में धर्मके सन्मुख होनेवालेके गुण मार्गानुसारीके ३५ बोल व्यवहार सम्यक्त्वके ६७ बोल, पैंतीस बोल लघुदंडक महादंडक विरहद्वार रूपी अरूपी उपयोग चौदाबोल बीसबोल तेवीस बोल चालीस बोल १०८ बोल और छे आरों का इतिहासका वर्णन है दुसरा भागमें विस्तार पूर्वक नौतत्व पचवीस क्रियाका विवरण है । तीसरा भागमें नय निक्षेपा स्याद्वाद षट्द्रव्य सप्तभंगी अष्ट पक्ष द्रव्यगुणपर्याय आदि जो जैनागमकि खास कुंजीयों कहलाती है भाषा आहार महायोनि और अल्पा बहुत्व आदि है । चोथा भागमें मुनिमहाराजोंके मार्ग जेसे अष्ट प्रवचन, गौचरीके दोष, मुनिके उपकरण, साधु समाचारी आदि है ॥ पांचवें भागमें कर्मादि दुर्गम्य विषयभी बहुत सुगमतासे लिखी गइ है इन पांचो भागकि विषयानुक्रमणिका देखनेसे आपको रोशन हो जायगा कि कितने महत्ववाले विषय इन भागोमे प्रकाशित करवाये गये है ।

अब हम हमारे पाठकोंका ध्यान इस तर्फ आकर्षित करना चाहते है कि जितने छद्मस्थ जीव है उन सबकि एकरूची नही

होती है याने अलग अलग रूची होती है इतनाही नही बल्के एक मनुष्यकि भी हर समय एक रूची नही होती है जिस जिस समय जो जो रूची होती है तदानुसार वह कार्य किया करता है। अगर वह कार्य परमार्थके लिये कीसी रूपमें कीसी व्यक्तिके लीये उपकारी होतों उनका अनुमोदन करना और उनसे लाभ उठाना सज्जन पुरुषोंका कर्तव्य है।

यद्यपि मुनिश्री कि रूची जैनागमोंपर अधिक है और जनताकों सुगमता पूर्वक जैनागमोंका अवलोकन करवा देनेके इरादासे आपने यह प्रवृति स्वीकार कर जनसमाज पर वडा भारी उपकार कीया है इस वास्ते आपका ज्ञानदानकि उदार वृत्तिकों हम सहर्ष वदाके स्वीकार करते है और साथमें अनुरोध करते है कि आप चीरकाल तक इस वीर शासनकी सेवा करते हुवे हमारे ४५ आगमोंकों ही इसी हिन्दी भाषाद्वारा प्रगट करे तांके हमारे जेसे लोगोंको मालुम होकि हमारे घरके अन्दर यह अमूल्य रत्न भरे हुवे है।

अन्तमें हमारे वाचक वृन्दसे हम नम्रता पूर्वक यह निवेदन करते है कि आप एक दफे शीघ्र बोध भाग १ से २५ तक मंगवाके क्रमशः पढीये कारण इन भागोंकी शैली एसी रखी गइ है कि क्रमशः पढनेसे हरेक विषय ठीक तौरपर समजमें आसकेगें। ग्रन्थकी सार्थकता तब ही हो सक्ती है कि ग्रन्थ आद्योपान्त पढे और ग्रन्थकर्ताका अभिप्रायकों ठीक तोरपर समजे। बस हम इतना ही कहके इस प्रस्तावनाको यहां ही समाप्त कर देते है। सुज्ञेषु किं बहुना!

भवदीय,

छोगमल कोचर.

प्रेसिडन्ट श्री जैन नवयुवक मित्रमडल.

मु० लोहावट—मारवाड.

१९८० का मीती
कार्तिक शुद ५
ज्ञानपचमि.

सूत्रश्री भगवतीजी, प्रज्ञापनाजी, जीवाभिगमजी, समवाया गजी, अनुयोगद्वारजी दशवैकाल्किजी आदि से उद्धरीत किये हुवे वालावबोध हिन्दी भाषा में यह द्वितीयावृत्ति अच्छा सुधारा और खुलासाके साथ बढीये कागद, अच्छा टैप, सुन्दर कपडेकि पक्क ही

जल्द म यह ग्रन्थ एक द्रव्यानुयोगका खजाना रूप तैयार करवाया गया है किमत मात्र रु १॥)

जल्दी किजिये खल्लास हो जानेपर मीलना असंभव है

शीघ्रबोध भाग १–२–३–४–५ वां

जिस्की संक्षिप्त

विषयानुक्रमणिका

शीघ्रबोध भाग तीजो

शीघ्रबोध भाग ४ थां

शीघ्रबोध भाग ५ वां.

श्रीशीघ्रबोध भाग १–२–३–४–५ वां के
थोकडोंकि नामावली.

किंमत मात्र रु. १॥

संख्या.	थोकडेके नाम.	कोन कोनसे सूत्रोंसे उध्धृत किये है.
।	धर्मके सन्मुख होनेवालो में १५ गुण	पूर्वाचार्य कृत
(१)	मार्गानुस्वारके ३५ बोल	,, ,,
(२)	व्यवहार सम्यक्त्वके ६७ बोल	,, ,,
(३)	पैंतीस बोल संग्रह	बहुतसूत्रों सग्रह
(४)	लघुदंडक बालावबोध	सूत्रश्री जीवाभिगमजी
(५)	चौवीस दंडकके प्रश्नोत्तर	पूर्वाचार्य कृत
(६)	महादंडक ९८ बोलका	सूत्रश्री पन्नवणाजी पद ३
(७)	विरहद्वार [बासटीया]	,, ,, पद ६
(८)	रूपी अरूपीके १ ६	सूत्रश्री भगवतीजी श०१२ उ०५
(९)	दिसाणुवाइ दिशाधिकार	सूत्रश्री पन्नवणाजी पद ३
(१०)	छे कायाधिकार	सूत्रश्री स्थानायांग ठा. ६
(११)	श्री उपयोगाधिकार	सूत्रश्री भगवतीजी श०१३ उ–२
(१२)	चौदा बोल देवोत्पात	,, ,, श० १ उ० २
(१३)	तीर्थंकर गोत्र बन्ध कारण	सूत्रश्री ज्ञाताजी अध्य० ८
(१४)	मोक्ष जानेके २३ बोल	पूर्वाचार्य कृत
(१५)	परमकल्याणके ४० बोल	बहुत सूत्रोंसे संग्रह
(१६)	सिद्धोंकि अलपाबहुत्व १०८ बोलोंकि	श्री नन्दीसूत्र
(१७)	छे आरोंकाधिकार	श्री जम्बुद्विपपन्नति सूत्र

पत्ता— **श्री रत्नप्रभाकर ज्ञानपुष्पमाला.**

मु० फलोधी—(मारवाड.)

श्री सुखसागर ज्ञानप्रचारक सभा.

मु० लोहावट—(मारवाड.)

शुद्धिपत्र.

पृष्ट	पंक्ति	अशुद्धि	शुद्धि
२९	८	दा	दो
२९	२०	अत्तन्ती	असंज्ञी
३३	१	सागरोप	पल्योपम
३८	१७	१० भु०	१० औदारीक
३८	१९	१३ वैक्रय	१३ देयता
७८	११	नयतत्यका	नयतत्वमे
८१	१	सिद्धि	सिद्धों
८२	२	परस्पर	परम्परा
८२	६	तीयर्च	तीर्यंच
८४	१७	समथ	समर्थ
८४	२०	ख्याते	ख्याते जीय
८६	८	मलता	माल्ती
१८७	२०	"	तेइन्द्रिय जाति
१२४	७	०	कटक ८-१२-१६ पेटर
१२६	१९	कासी	कीसका
१३५	२६	अठा	अठारा
१४१	६	यत्रमे । ०	१
१४१	७	यत्रमे । ०	३
१४१	९	५७२	९७२
१४२	१४	,तीर्यंध	तीर्यंच
१५६	३	सग्रल	सग्रह
१७३	१	रहात	रहित
१७७	११	युद	युध

१८५	२	पर्याय	गुण
२३५	१४	जास्त	जिस्त
२४०	२	रथ	रक्षा
२४४	२०	समिमि	समिति
२६५	१०	,, स्नातकमें एक	केवली समु० पावे
२८५	७	इच्छार	इच्छाकार
२८५	१०	इच्छार	इच्छाकार
२८६	१७	३-८	२-८
२८३	१७	२-८	३-८
३०६	६	लोन	लोग
३०९	४	५६	५७
३१७	१	१३२	१२२

॥ श्री रत्नप्रभसूरिसद्गुरुभ्यो नमः ॥

अथ श्री

शीघ्रबोध भाग पहेला.

धर्मके सन्मुख होनेवालोमें १५ गुण होना चाहिये।

१ नितीवान हो, कारण निती धर्मकी माता है।
२ हीम्मत बाहादुर हो, कारण कायरोंसे धर्म नही होता है।
३ धैर्यवान हो, हरेक कार्योंमें आतुरता न करे।
४ बुद्धिवान् हो, हरेक कार्य स्वमति विचारके करे।
५ असत्यको धीकारनेवाला हो, और सत्य वचन बोले।
६ निष्कपटी हो, हृदय साफ स्फटिकरत्न माफिक हो।
७ विनयवान, और मधुर भाषाका बोलनेवाला हो।
८ गुणग्राही हो, और स्वात्मश्लाघा न करे।
९ प्रतिज्ञा पालक हो, कीये हुवे नियमोंकों बराबर पाले।
१० दयावान हो, और परोपकार कि बुद्धि हो।
११ सत्य धर्मका अर्थी हो, सत्यकाही पक्ष रखना।
१२ जितेन्द्रिय हो, कषायकी मंदता हो।
१३ आत्म कल्याण कि द्रढ इच्छा हो।

१४ तत्त्व विचारमें निपुण हो। तत्त्वमें रमणता करे।
१५ जिन्होंके पास धर्म पाया हो उन्होंका उपकार कभी भुलना नहीं परन्तु समयपाके प्रति उपकार करे।

थोकडा नम्बर १

(मार्गानुसारीके ३५ बोल)

(१) न्यायसंपन्न विभव-न्यायसे द्रव्य उपार्जन करना परन्तु विश्वासघात स्वामिद्रोही, मित्रद्रोही, चौरी, कुड तोल, कुड माप आदि न करे। किसीकी थापण न रखे खोटा लेख न बनावे महान् आरंभवाले कर्मादानादि न करे। अर्थात् लोक विरुद्ध कार्य न करे।

(२) शिष्टाचार-धार्मीक नैतिक और अपने कुलकि मर्यादा माफिक आचार व्यवहार रखना। अच्छे आचारवालोंका संग और तारीफ करना।

(३) सरिखे धर्म और आचार व्यवहारवाले अन्य गोत्रीके साथ अपने बचोंका विवाह (लग्न) करना, दम्पतिके आयुष्यादिका अवश्य विचार करना अर्थात् बाललग्न, वृद्धलग्न से बचना और दम्पतिका धर्म-जीवन सामान्य धर्मसे ही सुखपूर्वक होता है। वास्ते सामान्यधर्म अवश्य देखना।

(४) पापके कार्य न करना अर्थात् जिस्में मिथ्यात्वादिसे चिकने कर्मबन्ध होता है या अनर्थ दंड-पाप न करना और उपदेश भी नही देना।

(५) प्रसिद्ध देशाचार माफिक वर्ताव रखना उद्भट

येष या खरचा न करना ताके भविष्यमें समाधि रहै। आबादानी माफीक खरचा रखना।

(६) कीसीका भी अवगुनवाद न बोलना जो अवगुनवाला हो तो उन्हीकि संगत न करना तारीफ भी न करना परन्तु अवगुण बोलके अपनि आत्माकों मलीन न करे।

(७) जिस मकानके आसपासमें अच्छे लोगोंका मकान हो और दरवाजे अपने कब्जेमेंहों, मन्दिर, उपासरा या साधर्मी भाइयों नजीक हो एसे मकानमें निवास करना चाहिये। ताके सुखसे धर्मसाधन करसके।

(८) धर्म, निति आचारवन्त और अच्छी सलाहके देने वालोंकी संगत करना चाहिये ताके चित्तमें हमेशा समाधी और वनी रहै।

(९) मातापिता तथा वृद्ध सज्जनोंकि सेवाभक्ति विनय करना, तथा कोइ आपसे छोटा भी हातो उनका भी आदर करना सरस मधुर वचनोंसे बोलना।

(१०) उपद्रववाले देश, ग्राम या मकान हो उनका परित्याग करना चाहिये। रोग, मरकी, दुष्काल आदिसे तकलीफ हो एसे देशमें नही रहेना।

(११) लोक निंदने योग्य कार्य न करना और अपने स्त्री पुत्र और नोकरोंको पहलेसे ही अपने कब्जेमें रखना अच्छा आचार व्यवहार सीखाना।

(१२) जैसी अपनी स्थिति हो या पैदास हो इसी माफिक खरचा रखना शिरपर करजा करके संसार या धर्मकार्य में नामून हासल करनेके इरादेसे बेभान होके खरचा न कर देना, खरचा करनेके पहिले अपनी हासयत देखना।

(१३) अपने पूर्वजोंका चलाइ हुइ अच्छी मर्यादाको या वेषका ठीक तरहसे पालन करना कीसीके देखादेख प्रवृत्ति या वेष नही बदलना।

(१४) आठ प्रकारके गुणोंको प्रतिदिन सेवन करते रहना यथा (१) धर्मशास्त्र श्रवण करनेकि इच्छा रखना (२) योग मीलनेपर शास्त्र श्रवणमें प्रमाद न करना (३) सुने हुवे शास्त्रके अर्थको समझना (४) समझे हुवे अर्थको याद करना (५) उसमें भी तर्क करना (६) तर्कका समाधान करना (७) अनुपेक्षा उपयोगमें लेना या उपयोग लगाना (८) तत्त्वज्ञानमें तल्लीन होजाना शुद्ध श्रद्धा रखना दुसरेको भी तत्त्वज्ञानमें प्रवेश करा देना।

(१५) प्रतिदिन करने योग्य धर्मकार्यको संभालते रहना, अर्थात् टाईमसर धर्म किया करते रहना। धर्महीको सार समझना।

) १६) पहिले कियेहुवे भोजनके पचजानेसे फिर भोजन करना इसीसे शरीर आरोग्य रहता है और चित्तमें समाधी रहेती है।

(१७) अपचा अजिर्ण आदि रोग होनेपर तुरत आहारको त्याग करना, अर्थात् खरी भूख लगनेपर ही आहार करना परन्तु लोलुपता होके भोजन करलेनेके बाद मीष्टानादि न खाना और प्रकृतिसे प्रतिकुल भोजन भी नही करना, रोग आनेपर औषधीके लिये प्रमाद न करना।

(१८) संसारमें धर्म, अर्थ, कामको साधते हुवे भी मोक्षवर्गको भूलना न चाहिये। सारवस्तु धर्म ही समझना। और समय पाकर धर्मकार्योंमे पुरुषार्थ भी करना।

(१९) अतित्थी-अभ्यागत गरीव रांक आदिको दुःखी

देखके यथाभाव लाना यथाशक्ति उन्होंकी समाधीका उपाय करना।

(२०) कीसीका पराजय करनेके इरादेसे अनितिका कार्य आरंभ नही करना, विना अपराध किसीको तकलीफ न पहुचाना।

(२१) गुणीजनोंका पक्षपात करना उन्होंका बहुमान करना सेवाभक्ति करना।

(२२) अपने फायदेकारी भी क्यों न हो परन्तु लोग तथा राजा निषेद्ध कीये हुये कार्यमें प्रवृत्ति न करना।

(२३) अपनी शक्ति देखके कार्यका प्रारंभ करना प्रारंभ किये हुये कार्यको पार पहूचा देना।

(२४) अपने आश्रितमें रहे हुये मातापिता, स्त्रि, पुत्र, नोकरादिका पोषण ठीक तरहसे करना। कीसीको भी तकलीफ न हो एसा वर्त्ताव रखना।

(२५) जो पुरुष व्रत तथा ज्ञानमें अपनेसे बढा हो उन्होंको पूज्य तरीके बहुमान देना, और विनय करना। तथा गुणलेनेकि कोशीस करना।

(२६) दीर्घदर्शी-जो काय करना हो उन्होंमें पहिले दीर्घ द्रष्टीसे भविष्यमें लाभालाभका विचार करना चाहिये।

(२७) विशेषज्ञ कोइ भी वस्तु पदार्थ या काय हो तो उन्होंके अन्दर कोनसा तत्व है कि जो मेरी आत्माको हितकर्त्ता है या अहितकर्ता है उन्होंका विचार पहले करना चाहिये।

(२८) कृतज्ञ-अपने उपर जिस्का उपकार है उन्होंको कभी भूलना नही, जहांतक बने वहांतक प्रतिउपकार करना चाहिये।

(३) विनयका दश भेद– १। अरिहन्तोंका विनय करे (२) सिद्धोंका विनय। (३) आचार्यका वि० (४ उपाध्यायका वि० (५) स्थवीरका वि० (६) गण (बहुत आचार्योंके समुद)का वि० (७) कुल (बहुत आचार्योंके शिष्यसमुद)का वि० (८) स्वाधर्मीका वि० (९) संघका वि० (१०) संभोगीका विनय करे. इन दशोंका बहुमान-पूर्वक विनय करे। जैन शासनमें ' विनय मूल धर्म है '। विनय करनेसे अनेक सद्गुणोंकी प्राप्ति हो सक्ती है।

(४) शुद्धताके तीन भेद–(१) मनशुद्धता–मन करके अरिहन्तदेव ३४ अतिशय. ३५ वाणी, ८ महाप्रातिहार्य सहित, १८ दूषण रहित×१२ गुण सहित हमारे देव है। इनके सिवाय हजारों कष्ट पडने पर भी सरागी देवोंका स्मरण न करे (२) वचन शुद्धता वचनसे गुण कीर्त्तन अरिहन्तोंके सिवाय दूसरे सरागी देवोंका न करे (३) काय शुद्धता–कायसे नमस्कार भी अरिहन्तोंके सिवाय अन्य सरागी देवोंको न करे।

(५) लक्षणके पांच भेद–(१) सम–शत्रु मित्र पर सम परिणाम रखना (२) संवेग–वैराग भाव रखना याने संसार असार है विषय और कषायसे अनन्ताकाल भव भ्रमण करते हुवे इस भव अच्छी सामग्री मिली है इत्यादि विचार करना। (३) निर्वेग–शरीर और संसारका अनित्यपणा चिन्तवन करना। बने जहां तक इस मोहमय जगत्से अलग रहना और जगतारक जिनराज-की दीक्षा ले कर्म शत्रुओंको जीतके सिद्धपदको प्राप्त करनेकी हमेशां अभिलाषा रखना (४) अनुकम्पा–स्वात्मा, परात्माकी

× दानान्तराय, लाभांतराय, भोगांतराय, उपभोगांतराय, वीर्यांतराय, हास्य, भय, शोक, जुगप्सा, रति, अरति, मिथ्यात्व, अज्ञान, अव्रत, राग, द्वेष, निद्रा, मोह यह १८ दुषण न होना चाहिये।

अनुकम्पा करनी अर्थात् दु खी जीवको सुखी करना (५) आस्तता-त्रैलोक्य पूजनीय श्री वीतरागके वचनोंपर दृढ श्रद्धा रखनी, हिताहितका विचार, अर्थात् अस्तित्व भावमें रमण करना। यह व्यवहार सम्यक्त्वका लक्षण है। जिस बातकी न्यूनता हो उसे पूरी करना।

(६) भूषणके पाच भेद- १) जिन शासनमें धैर्यवंत हो। शासनका हर एक कार्य धैर्यतासे करे। (२) शासनमें भक्तिवान हो।३) शासनमें क्रियावान हो (४) शासनमें चातुर्य हो। हर एक कार्य ऐसी चतुरताके साथ करे ताके निर्विघ्नतासे हो (५) शासनमें चतुर्विध संघकी भक्ति और बहुमान करनेवाला हो। इन पाच भूषणोंसे शासनकी शोभा होती है।

(७) दूषण पाच प्रकारका-(१) जिन वचनमें शंका करनी (२) कंखा-दूसरे मतोंका आडम्बर देखके उनकी वाञ्छा करनी (३) वितिगिच्छा-धर्म करणीके फलमें संदेह करना कि इसका फल कुछ होगा या नहीं। अभीतक तो कुछ नहीं हुवा इत्यादि (४) पर पाखण्डीसे हमेशा परिचय रखना (५) पर पाखंडीकी प्रशंसा करना ये पाच सम्यक्त्वके दूषण है। इन्हे टालने चाहिये।

(८) प्रभावना आठ प्रकारकी-(१) जिस कालमें जितने सूत्रादि हो उनको गुरुगमसे जाणे वह शासनका प्रभाविक होता है (२) बडे आडम्बरके साथ धर्म सभामें व्याख्यान करके शासनकी प्रभावना करें (३) विकट तपस्या करके शासनकी प्रभावना करे (४) तीन काल और तीन मतका जाणकार हो (५) तर्क, वितर्क, हेतु, वाद, युक्ति, न्याय और विद्यादि बलसे वादियोंको शास्त्रार्थमें पराजय करके शासनकी प्रभावना करे (६) पुरुषार्थी पुरुष दिक्षा लेके शासनकी प्रभावना करे (७) कविता करनेकी

शक्ति हो तो कविता करके शासनकी प्रभावना करे (८) ब्रह्मचर्यादि कोई वडा व्रत लेना हो तो प्रगट बहुतसे आदमियोंके बीच में ले। इसीसे लोगोंको शासन पर श्रद्धा और व्रत लेनेकी रुची वढती है अथवा दुर्बळ स्वधर्मी भाइयोंकी सहायता करनी यह भी प्रभावना है परन्तु आजकल चौमासेमें अभक्ष वस्तुओंकी प्रभावना या लड्डु आदि वांटते है दीर्घदृष्टिसे विचारीये इस वांटने से शासनकी क्या प्रभावना होती है ? और कितना लाभ है इस को बुद्धिमान स्वयं विचार कर सक्ते है अगर प्रभावनासे आपका सच्चा प्रेम हो तो छोटे छोटे तत्वज्ञानमय ट्रेक्टकि प्रभावना करिये तांके आपके भाइयोंको आत्मज्ञानकि प्राप्ती हो।

(९) आगार छे हैं–सम्यक्त्वके अंदर छे आगार है (१) राजाका आगार (२) देवताका० (३) न्यातका० (४) माता पिता गुरुजनोंका० (५) बलवंतका० (६) दुष्कालमें सुखसे आजीविका न चलती हो. इन छे आगारोंसे सम्यक्त्वमें अनुचित कार्य भी करना पडे तो सम्यक्त्व दुषित नहीं होता है।

(१०) जयणा छे प्रकारकी–(१) आलाप–स्वधर्मी भाईयोंसे एक वार बोलना (२) संलाप–स्वाधर्मी भाईयोंसे वार २ बोलना (३) मुनिको दान देना और स्वधर्मी वात्सल्य करना (४) प्रतिदिन वार २ करना (५) गुणीजनोंका गुण प्रगट करना (६) और वन्दन, नमस्कार, बहुमान करना।

(११) स्थान छे हैं– १) धर्मरुपी नगर और सम्यक्त्व रुपी दरवाजा (२) धर्मरुप वृक्ष और सम्यक्त्वरुपी जड (३) धर्मरुपी प्रासाद और सम्यक्त्वरुपी नीव (४) धर्मरुपी भोजन और सम्यक्त्वरुपी थाल (५) धर्मरुपी माल और सम्यक्त्वरुपी दुकान (६) धर्मरुपी रत्न और सम्यक्त्वरुपी तिजूरी०

(६२) भावना ६ हैं-(१) जीव चैतन्य लक्षणयुक्त असंख्यात प्रदेशी निष्कलंक अमूर्ती है, (२) अनादि कालसे जीव और कर्मोंका सयोग है। जैसे दूधमें घृत, तिलमें तेल, धूलमें धातु, पुष्पमें सुगन्ध, चन्द्रकान्तीमें अमृत इसी माफिक अनादि सयोग है (३) जीव सुख दुःखका कर्ता है और भोक्ता है। निश्चय नयसे कर्मका कर्ता कर्म है और व्यवहार नयसे जीव है (४) जीव, द्रव्य, गुण पर्याय, प्राण और गुण स्थानक सहित है (५) भव्य जीवको मोक्ष है (६) ज्ञान, दर्शन और चारित्र मोक्षका उपाय है॥इति॥ इस थोकडेको कंठस्थ करके विचार करो कि यह ६७ बोल व्यवहार सम्यक्त्वके हैं इनमेंसे मेरेमें कितने हैं और फिर आगेके लिये बढनेकी कोशीस करो और पुरुषार्थ द्वारा उनको प्राप्त करो॥ कल्याणमस्तु॥

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्

थोकडा नम्बर ३

(पैंतीस बोल)

(१) पहेले बोले गति च्यार-नरकगति, तीर्यंचगति, मनुष्यगति और देवगति

(२) जाति पांच-एकेन्द्रिय, बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चोरिन्द्रिय और पचेन्द्रिय

(३) काया छे-पृथ्वीकाय, अपकाय, तेउकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, और त्रसकाय।

(४) इन्द्रिय पांच—श्रोत्रेन्द्रिय, चक्षुइन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसेन्द्रिय और स्पर्शेन्द्रिय।

(५) पर्याप्ति छे—आहार पर्याप्ति. शरीर पर्याप्ति, इन्द्रियपर्याप्ति, श्वासोश्वास पर्याप्ति, भाषा पर्याप्ति, और मनःपर्याप्ति.

(६) प्राणदश—श्रोत्रेन्द्रिय बलप्राण. चक्षुइन्द्रिय बलप्राण, घ्राणेन्द्रिय बलप्राण, रसेन्द्रिय बलप्राण, स्पर्शेन्द्रिय बलप्राण, मनबलप्राण. वचन बलप्राण, काय बलप्राण, श्वासोश्वास बलप्राण आयुष्य बलप्राण.

(७) शरीर पांच—औदारिक शरीर. वैक्रिय शरीर, आहारीक शरीर. तेजस शरीर. कारमाण शरीर।

(८) योग पंदरा—च्यार मनके, च्यार वचनके, सात कायके, यथा—सत्यमनयोग, असत्यमनयोग, मिश्रमनयोग, व्यवहार मनयोग, सत्यभाषा, असत्यभाषा. मिश्रभाषा, व्यवहार भाषा. औदारीक काययोग, औदारीक मिश्र काययोग, वैक्रिय-काययोग, वैक्रिय मिश्रकाययोग. आहारक काययोग, आहारक मिश्र काययोग, और कार्मण काययोग।

(९) उपयोग बारहा—पांच ज्ञान, तीन अज्ञान, च्यार दर्शन यथा—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान, केवलज्ञान, मतिअज्ञान, श्रुतअज्ञान, विभंगज्ञान, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन, केवलदर्शन.

(१०) कर्म आठ—ज्ञानावर्णीय (जैसे घाणीका बेल) दर्शनावर्णिय (जैसे राजाका पोलीया) वेदनीय कर्म (जैसे मधुलिप्त छुरी) मोहनीय कर्म (मदिरा पान कीये हुवे मनुष्य)

आयुष्यकर्म (जैसे कारागृह) नामकर्म (जैसे चीतारो) गोत्र-कर्म (कुंभार) अतरायकर्म (जैसे राजाका खजाची) ।

(११) गुणस्थानक– चौदा— मिथ्यात्वगुणस्थानक, सास्वादन गु० मिश्र गु० अव्रतसम्यग्दृष्टि गु० देशव्रती श्रावकका गु० प्रमत्त साधुका गु० अप्रमत्त साधु गु० निवृतिबादर गु० अनिवृतिबादर गु० सुक्ष्म सपराय गु० उपशान्त मोह गु० क्षीण-मोह गु० सयोगि गु० अयोगि गु० ।

(१२) पाच इन्द्रियोंका–२३ विषय श्रोत्रेन्द्रियकि तीन विषय-जीवशब्द अजीवशब्द मिश्रशब्द, चक्षुरिन्द्रियकी पाच विषय कालारग, निलारग, रातो (रग), पीलोरग सफेदरग, घ्राणेन्द्रियकी दोय विषय सुगन्ध दुर्गन्ध, रसेन्द्रियकी पाच विषय तीक्त कटुक कषाय आंबिल, मधुर, स्पर्शेन्द्रियकी आठ विषय कर्कश, मृदुल, गुरु, लघु, सीत उष्ण स्निग्ध, रूक्ष

(१३) मिथ्यात्वदश–जीवकों अजीव श्रद्धे यह मिथ्यात्व, अजीवकों जीव श्रद्धे यह मिथ्यात्व, धर्मको अधर्म श्रद्धे, अधर्मको धर्म श्रद्धे० साधुको असाधु श्रद्धे, असाधुको साधु श्रद्धे० अष्ट कर्मोंसे मुक्तकों अमुक्त श्रद्धे० अष्टकर्मोंसे अमुक्तकों मुक्त श्रद्धे० ससारके मार्गको मोक्षका मार्ग श्रद्धे० मोक्षके मार्गको ससारका मार्ग श्रद्धे यह मिथ्यात्व है विशेष मिथ्यात्व २५ प्रकारका देखो गुणस्थानद्वार ।

(१४) छोटी नवतत्त्वके ११५ बोल–विस्तार देखो व डी नवतत्त्वसे । नवतत्त्वके नाम जीवतत्त्व, अजीवतत्त्व, पुन्यतत्त्व, पापतत्त्व, आश्रवतत्त्व, संवरतत्त्व, निर्जरातत्त्व बन्धतत्त्व, मोक्षतत्त्व । जिसमे ।

(क) जीवतत्त्व के चौदा भेद है। सूक्ष्म एकेन्द्रिय, बादर एकेन्द्रिय, बेइन्द्रिय तेइन्द्रिय चोरिन्द्रिय, असंज्ञी पंचेन्द्रिय, संज्ञीपंचेन्द्रिय एवं सातोंके पर्याप्ता. सातोंके अपर्याप्ता मीलानेसे १४ भेद जीवका है।

(ख) अजीवतत्त्वके चौदे भेद है यथा-धर्मास्तिकायके तीन भेद है धर्मास्तिकायके स्कन्ध, देश, प्रदेश, एवं अधर्मास्तिकायके स्कन्ध, देश, प्रदेश. एवं आकाशास्तिकायके स्कन्ध, देश, प्रदेश. एवं नौ. और दशवा काल तथा पुद्गलास्तिकायके च्यार भेद स्कन्ध, स्कन्धदेश स्कन्धप्रदेश, परमाणु पुद्गल एवं चौदा भेद अजीवका है।

(ग) पुन्यतत्त्वके नौ भेद है। अन्न देना पुन्य, पाणी देना पुन्य, मकान देणा पुन्य, पाटपाटला शय्या देना पुन्य. वस्त्र देना पुन्य, मनपुन्य, वचनपुन्य. कायपुन्य, नमस्कारपुन्य.

(घ) पापतत्त्वके अठारा भेद। प्राणातिपात (जीवहिंसा करना) मृषावाद (जुठ बोलना) अदत्तादान (चोरी करना) मैथुन. परिग्रह, क्रोध. मान, माया, लोभ, राग द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशुन, परपरीवाद, रति अरति, माया-मृषावाद, मिथ्यात्वशल्य एवं १८ पाप.

(च) आश्रवतत्त्वके २० भेद है यथा-मिथ्यात्वाश्रव, अव्रताश्रव, प्रमादाश्रव, कषायाश्रव, अशुभयोगाश्रव, प्राणातिपाताश्रव, मृषावादाश्रव, अदत्तादानाश्रव, मैथुनाश्रव, परिग्रहाश्रव, श्रोत्रेन्द्रियकों अपने कब्जेमें न रखनाश्रव. एवं चक्षुइन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसेन्द्रिय, स्पर्शेन्द्रिय. एवं मन० वचन० काय० अपने वसमे न रखे, भंडोपकरण अयत्नासे लेना, अय-

त्नासे रखना सूचीकुश अर्थात् तृणमात्र अयत्नासे लेना-रखना से आश्रव होता है ।

(छ) संवरतत्त्व-के २० भेद हैं यथा समकित संवर, व्रतप्रत्याख्यान संवर अप्रमादसंवर, अकषायसंवर, शुभयोगसंवर, जीवहिंस्या न करे, झुट न बोले, चोरी न करे, मैथुन न सेवे, परिग्रह न रखे, श्रोत्रेन्द्रिय अपने कब्जेमे रखे, चक्षु इन्द्रिय० घ्राणेन्द्रिय० रसेन्द्रिय० स्पर्शेन्द्रिय, मन, वचन काया अपने कब्जेमे रखे, भंडोपकरण यत्नासे ग्रहन करे, यत्नासे रखे, पर सूचीकुश अर्थात् तृणमात्र यत्नासे उठावे यत्नासे रखे यह २० भेद संवरका है।

(ज) निर्जरातत्त्व के १२ भेद है यथा अनसन, उणोदरी, वृत्तिसंक्षेप, रस (विगइ) का त्याग, कायाक्लेस प्रतिसलेषना, प्रायश्चित्त, विनय, वैयावच्च, स्वध्याय, ध्यान, कायोत्सर्ग यह १२ भेद

(झ) बन्धतत्त्व के च्यार भेद है प्रकृतिबन्ध, स्थिति बन्ध, अनुभागबन्ध, और प्रदेशबन्ध

(ट) मोक्षतत्त्व के च्यार भेद है। ज्ञान, दर्शन, चारित्र और वीर्य

(१५) आत्मा आठ-द्रव्यात्मा, कषायात्मा, योगात्मा उपयोगात्मा, ज्ञानात्मा, दर्शनात्मा, चारित्रात्मा, वीयात्मा

(१६) दंडक २४-यथा सात नरकका एक दंड, सात नरकके नाम-घम्मा, वंशा, शीला, अंजना, रिट्ठा मघा, माघवती. इन सात नरकके गौत्र-रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पङ्कप्रभा, धूमप्रभा, तम प्रभा, तमस्तम प्रभा यह पहला दंडक। दश भुवनपतियोंके दश दंडक यथा-असुरकुमार, नागकुमार, सुवर्ण-

कुमार, विद्युत्कुमार, अग्निकुमार, द्विपकुमार, दिशाकुमार, उदधिकुमार, वायुकुमार, स्तनीतकुमार एवं ११ दंडक हुवा. पृथ्वीकायका दंडक, अपकायका. तेउकायका, वायुकायका, वनस्पतिकायका, बेइन्द्रिकादंढक तेइन्द्रिका, चौरिंद्रिका, तिर्यचपंचेन्द्रियका, मनुष्यका, व्यंतरदेवताका, ज्योतीषीदेवोंका और चौवीसवा वैमानिकदेवतोंका दंडक है।

(१७) लेश्या छे–कृष्णलेश्या. निललेश्या, कापोतलेश्या, तेजसलेश्या, पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या.

(१८) दृष्टि तीन–सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, मिश्रदृष्टि ।

(१६) ध्यान चार–आर्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्मध्यान, शुक्लध्यान ।

(२०) षट् द्रव्य के जान पनेके ३० भेद. यथा षट् द्रव्यके नाम. धर्मास्तिकाय. अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, जीवास्तिकाय पुद्‌गलास्तिकाय और काल.

(१) धर्मास्तिकाय- पांच बोलोंसे जानी जाती है. जेसे द्रव्यसे धर्मास्तिकाय एक द्रव्य है क्षेत्रसे संपूर्ण लोक परिमाण है. कालसे अनादिअन्त है. भावसे अरुपी है जिसमें वर्ण, गन्ध, रस स्पर्श कुच्छ भी नही है और गुणसे धर्मास्तिकायका चलन गुण हे जेसे जलके सहायतासे मच्छी चलती है इसी माफिक धर्मास्तिकायकि सहायतासे जीव और पुद्‌गल चलन क्रिया करते है.

(२) अधर्मास्तिकाय पांच बोलोंसे जानी जाती है द्रव्यसे अधर्मा० एक द्रव्य है क्षेत्रसे संम्पूर्ण लोक परिमाण है. कालसे आदि अन्त रहीत है भावसे अरूपी है वर्ण गन्ध रस

र्श कुच्छभी नही है गुणसे स्थिर गुण है जैसे थाका हुवा मु
ाफरकों वृक्षकी छायाका दृष्टान्त।

(३) आकाशास्तिकाय–पाच बोलोंसे जानी जाति है
व्यसे आकाशास्तिकाय एक द्रव्य है क्षेत्रसे लोकालोक परिमाण
कालसे आदि अत रहीत है भावसे वर्ण गन्ध रस स्पर्श र-
ीत है गुणसे आकाशमें विकाशका गुण है जेसे भींतमे खुटी
या पाणीमे पत्तासाका दृष्टान्त है।

(४) जीवास्तिकाय–पाच बोलोंसे जानी जाती है द्र-
यसे जीव अनते द्रव्य है क्षेत्रसे लोक परिमाण है कालसे आ
देअंत रहीत है भावसे वर्ण गन्ध रस स्पर्श रहीत है गुणसे जी
का उपयोग गुण है जैसे चन्द्रके कलाका दृष्टात

(५) पुद्‌गलास्तिकाय–पाच बोलोंसे जानी जाती है
व्यसे पुद्‌गलद्रव्य अनत है क्षेत्रसे सपूर्ण लोक परिमाण है काल
आदि अन्त रहीत है भावसे रूपी है वर्ण है गन्ध है रस है स्प
र्श है गुणसे सडन पडन विध्वस गुण है। जेसे बादलोंका दृष्टान्त।

(६) कालद्रव्य–पाच बोलोंसे जाने जाते है द्रव्यसे
नते द्रव्य-कारण अनते जीव पुद्‌गलोंकि स्थितिकों पुर्ण कर
ा है। क्षेत्रसें कालद्रव्य अढाइ द्वीप मे है (कारण बाहारके
न्द्र सूर्य स्थिर है) कालसे आदि अत रहीत है भावसे वर्ण
न्ध रस स्पर्श रहीत है गुणसे नइ वस्तुकों पुराणी करे पुराणी
स्तुको क्षय करे कपडा कतरणीका दृष्टात।

(२१) राशीदोय–यथा जीवराशी जिस्के ५६३ भेद।
जीवराशी जिस्के ५६० भेद है देखो दुसरे भाग नवतत्त्वके अन्दर

(२२) श्रावकजी के बारहाव्रत (१) त्रस जीव हाल्ता
ालताकों विगर अपराधे मारे नही। स्थावरजीवोंकि मर्यादा

करे। (२) राजदंडे लोक भंडे एसा वडा जूठ बोले नही (३) राज दंडे लोक भंडे एसी वडी चोरी करे नही (४) परस्त्री गमनका त्याग करे स्वस्त्रिकि मर्यादा करे (५) परिग्रहका परिमाण करे (६) दिशाका परिमाण करे (७) द्रव्यादिका संक्षेप करे पन्नरे कर्मादान व्यापारका त्याग करे (८) अनर्थदंड पापोंका त्याग करे (९) सामायिक करे. (१०) देशावगासी व्रत करे. (११) पौषध व्रत करे. (१२) अतीथीसंविभाग अर्थात् मुनि महाराजोंको फासुक एषणीक अशनादि आहार देवे।

(२३) मुनिमहाराजोंके पांच महाव्रत—(१) सर्वथा प्रकारे जीवहिंसा करे नहीं, करावे नहीं, करते हुवेको अच्छा समजे नहीं. मनसे, वचनसे, कायासे. (२) सर्वथा प्रकारे झूठ बोले नहीं, बोलावे नहीं, बोलतोंको अच्छा समजे नहीं मनसे, वचनसे, कायासे. (३) सर्वथा प्रकारे चोरी करे नहीं, करावे नहीं करतेको अच्छा समजे नहीं मनसे, वचनसे, कायासे. (४) सर्वथा प्रकारे मैथुन सेवे नहीं, सेवावे नहीं, सेवतेको अच्छा समजे नहीं मनसे, वचनसे, कायासे. (५) सर्वथा प्रकारे परिग्रह रखे नहीं, रखावे नहीं, रखते हुवेको अच्छा समजे नहीं मनसे, वचनसे, कायासे। एवं रात्रीभोजन स्वयं करे नहीं, करावे नहीं, करते हुवेको अच्छा समजे नहीं मनसे, वचनसे, कायासे।

(२४) प्रत्याख्यानके ४९ भांगा—अंक ११ भाग ९,
एक करण–एक योगसे।

करुं नहीं मनसे
करुं नहीं वचनसे
करुं नहीं कायासे
करावुं नहीं मनसे
करावु नहीं वचनसे
करावुं नहीं कायासे
अनुमोदु नहीं मनसे
,, ,, वचनसे
,, ,, कायासे

अक १२ भाग ९

एक करण दो योगसे

कर नहीं मनसे वचनसे
,, ,, मनसे कायासे
,, ,, वचनसे कायासे
करावु नहीं मनसे वचनसे
,, ,, मनसे कायासे
,, ,, वचनसे कायासे
अनुमोदु नहीं मनसे वचनसे
,, ,, मनसे कायासे
,, ,, वचनसे कायासे

अक १३ भाग ३

एक करण तीन योगसे
कर नहीं मनसे वचनसे कायासे
करावु नहीं ,, ,, ,,
अनु० नहीं ,, ,, ,,

अक २१ भाग ९

दो करण एक योगसे
कर नहीं करावु नहीं मनसे
,, ,, वचनसे
,, ,, कायासे
कर नहीं अनुमोदु नहीं मनसे
,, ,, वचनसे
,, ,, कायासे
करावु नहीं अनु० नहीं मनसे
,, ,, वचनसे
,, ,, कायासे

अक २२ भाग ९

दो करण दो योगसे

करु न करावु न मनसे वचनसे
,, ,, मनसे कायासे
,, ,, वचनसे कायासे
करु न अनुमोदु न मनसे वचनसे
,, ,, मनसे कायासे
,, ,, वचनसे कायासे
करावु न अनु न मनसे वचनसे
,, ,, मनसे कायासे
,, ,, वचनसे कायासे

अक २३ भाग ३

दो करण तीनयोगसे
करु न करावु न मन वच काया.
,, अनु० न ,, ,, ,,
करावु न अ० न ,, ,, ,,

अक ३१ भाग ३

तीन करण तीन योगसे
करु न करा न अनु न मनसे
,, ,, ,, वचनसे
,, ,, ,, कायासे

अक ३२ भाग ३

तीन करण दो योगसे
करु न करावु न अनु न मनवचनसे
,, ,, ,, मनसे कायासे
,, ,, ,, वचन काया.

अक ३३ भाग १

तीन करण तीन योगसे
कर नहीं करावु न अनु० नहीं
मनसे वचनसे कायासे

(२५) चारित्र पांच—सामायिक चारित्र, छेदोपस्थापनीय चारित्र, परिहारविशुद्धि चारित्र, सूक्ष्मसंपराय चारित्र यथाख्यात चारित्र।

(२६) नय सात—नैगमनय. संग्रहनय. व्यवहार नय ऋजुसूत्रनय. शब्दनय संभिरूढनय. एवंभूतनय. ।

(२७) निक्षेपाच्यार—नामनिक्षेप. स्थापनानिक्षेप. द्रव्यनिक्षेप. भावनिक्षेप.

(२८) समकित पांच—औपशमिक समकित. क्षयोपशम स० क्षायिकस० वेदक स० सास्वादन समकित।

(२९) रस नौ—शृंगाररस. वीररस. करुणारस. हास्यरस. रौद्ररस. भयानकरस. अद्भुतरस विभत्सरस. शान्तिरस.

(३०) अभक्ष २२ यथा—वडकेपीपु. पीपलकेपीपु. पीपलीके फल. उम्बरवृक्षकेफल. कटुम्बरकेफल. मांस. मदिरा. मधु. मक्खण. हेम. विष सोमल. कचेगडे. कचीमटी रात्रीभोजन. बहुवीजाफल. जमी कन्दवनस्पति बोरोंका अथांणा, कचे गोरसमें डाले हुवे वडे. रींगणा. अनजाना हुवाफल. तुच्छफल चलीतरस याने बीगडी हुइ वस्तु।

(३१) अनुयोग च्यार—द्रव्यानुयोग. गीणीतानुयोग चरणकरणानुयोग धर्मकथानुयोग. ।

(३२) तत्त्वतीन—देवतत्व देव (अरिहंत) गुरु तत्व (निग्रन्थगुरु) धर्मतत्व (वीतरागकि आज्ञा)

(३३) पांच समवाय—काल. स्वभाव. नियत, पूर्वकृत कर्म, पुरुषार्थ.

(३४)पाखडमतके ३६३ भेद यथा—क्रियावादीके १८० मत, अक्रियावादी के ८४ मत, अज्ञानवादी के ६७ मत विनयवादीके ३२ मत

(३५) श्रावकोंके २१ गुण—(१) क्षुद्र मतिवाला न हो याने गभीर चितवाला हो (२) रूपवत सर्वांग सुन्दरऽकार याने श्रावकव्रतकों सर्वांग पालनेमें सुन्दर हो (३) सौम्य (शात) प्रकृतिवाला हो (४) लोक प्रियहो याने हरेककार्य प्रशसनियकरे (५) क्रूर न हो, (६) इहलोक परलोकके अपयशसे डरे [७] शाठ्यता न करे धोखाबाजीकर दुसरोंको ठगे नही (८) दुसरोंकि प्रार्थनाका भग न करे (९) लौकीक लोकोत्तर लज्जा गुणसंयुक्त हो (१०) दयालु हो याने सर्वजीवोंका अच्छा वाच्छे (११) सम्यग्द्रष्टि हो याने सत्यविचारमें निपुण हो राग द्वेषका सग न करता हुवा मध्यस्थ भावमें रहे (१२) गुण गृहीपनारखे (१३) सत्य वातनि शकपणे कहै (१४) अपनेपरिवारकों सुशील बनावे अपने अनुकुल रखे (१५) दीर्घदर्शी अच्छा कार्यभी खुब विचारके करे (१६) पक्षपात रहीत गुण अवगुणोंको जाननेवाला हो (१७) तत्वज्ञ वृद्ध सज्जनोंकि उपासना करे (१८) विनयवान हो याने चतुर्विध संघकाविनयकरे (१९) कृतज्ञ अपने उपर कीसीने भी उपकार कीया हो उनोंका उपकार भूले नही समयपाके प्रत्युपकारकरे (२०) ससारको असार समजे ममत्व भाव कम करे निर्लोभता रखे (२१) लब्धिलक्ष धर्मानुष्ठान धर्म व्यवहार करनेमें दक्ष हो याने ससारमें एक धर्म ही सारपदार्थ हैं

सेव भते सेव भते तमेवसत्यम्

—⋙◎⋘—

थोकडा नम्बर ४

' सूत्रश्री जीवाभिगम ' से लघुदंडक बालबोध.

॥ गाथा ॥

सरीरोगाहणा संघयण संठाण सन्ना कसायाय
लेसिंदिय समुग्घाओ सन्नी वेदय पज्जति ॥ १ ॥
दिठि दंसण नाण अनाणे जोगुवोगअ तह किमाहारे
उववाय ठि समोइय चवण गइआगइ चेव ॥ २ ॥

इन दो गाथावोंका अर्थ शास्त्रकारोंने खुब विस्तारसे कीया है परन्तु कंठस्थ करनेवाले विद्यार्थी भाइयोंके लिये हम यहां पर संक्षिप्तही लिखते है।

(१) शरीर प्रतिदिन नाश होता जाय-नयासे पुरांणा होनेका जीसमें स्वभाव है जिन शरीरके पांच भेद है (१) औदारीक शरीर, हाड मांस रौद्र चरबी कर संयुक्त सडन पडन विध्वंसन, धर्मवाला होनेपरभी एकापेक्षासे इन शरीरकों प्रधान माना गया है कारण मोक्ष होनेमें यहही शरीर मौख्य साधन कारण है (१) वैक्रय शरीर हाड मंस रहीत नाना प्रकारके नये नये रूप बनावे (३) आहारक शरीर चौदा पूर्वधारी लब्धि संपन्न, मुनियोंके होते है (४) तेजस शरीर आहारादिकी पाचनक्रिया करनेवाला (५) कार्मण शरीर अष्ट कर्मोका खजाना तथा पचा हुआ आहारकों स्थान स्थानपर पहुचानेवाला।

(२) अवगाहना-शरीरकी लम्बाइ जिस्के दो भेद है एक

भवधारणी अवगाहना दुसरी उत्तर वैक्रिय, जो असली शरीरसे न्युनाधिक बनाना ।

(३) संहनन-हाडकि मजबुतीसे ताकत-शक्तिको संहनन कहते हैं जिस्के छे भेद हैं वज्रऋषभनाराच, ऋषभनाराच, नाराच, अर्द्धनाराच, किल्का, और छेवटा संहनन ।

(४) संस्थान-शरीरकि आकृति, जिस्के छे भेद-समचतुरस्र, न्यग्रोध परिमंडल, सादीया, वामना, कुब्ज, हुंडकसंस्थान

(५) संज्ञा-जीवोंकि इच्छा-जिस्के च्यार भेद आहारसंज्ञा भयसंज्ञा मैथुनसंज्ञा परिग्रहसंज्ञा

(६) कषाय-जिनसे संसारकि वृद्धि होती है जिस्के च्यार भेद हैं क्रोध, मान, माया, लोभ

(७) लेश्या-जीवोंके अध्यवसायसे शुभाशुभ पुद्गलोंको ग्रहन करना जिस्के छे भेद है कृष्ण० निल० कापोत० तेजस० पद्म० शुक्लेश्या ।

(८) इन्द्रिय-जिनसे प्रत्यक्षज्ञान होता है जिस्के पांच भेद श्रोत्रेन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसेन्द्रिय, स्पर्शेन्द्रिय ।

(९) समुद्घात-समप्रदेशोंकि घातकर विषम बनाना जिस्का सात भेद है वेदनि० कषाय० मरणातिक० वैक्रिय० तेजस० आहारक० केवली समुद्घात०

(१०) संज्ञी-जिस्के मनहो वह संज्ञी मन न हो वह असंज्ञी

(११) वेद-वीर्यका विकार हो मैथुनकि अभिलाषा करना उसे वेद कहते है जिस्के तीन भेद है स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद ।

(१२) पर्याप्ती-जीव योनिमे उत्पन्न हो पुद्गलोंको ग्रहनकर भविष्यके लिये अलग अलग स्थान बनाते है जिस्के भेद छे आहार० शरीर० इन्द्रिय० श्वासोश्वास० भाषा० मनपर्याप्ती ।

(१३) दृष्टि–तत्त्व पदार्थकी श्रद्धा, जिस्के तीन भेद. सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, मिश्रदृष्टि,

(१४) दर्शन–वस्तुका अवलोकन करना–जिस्के च्यार भेद चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन, केवलदर्शन.

(१५) ज्ञान-तत्त्ववस्तुकों यथार्थ जानना जिस्के पांच भेद है मतिज्ञान, श्रुतिज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान, केवळज्ञान।

(१६) अज्ञान–वस्तु तत्त्वको विप्रीत जानना जिस्के तीन भेद है मतिअज्ञान, श्रुतिअज्ञान, विभंग अज्ञान।

(१७) योग–शुभाशुभ योगोंका व्यापार जिस्का भेद १५ देखो बोल ८ वा। (पैंतीस बोलोंमें)

(१८) उपयोग–साकारोपयोग (विशेष) अनाकारोपयोग (सामान्य)

(१९) आहार–रोमाहार, कंवलाहार लेने है उन्होंका दो भेद है व्याघात जो लोकके चरम प्रदेशपर जीव आहार लेते है उनोंको कीसी दीशामें अलोककि व्याघात होती है तथा अचर्म प्रदेशपर जीव आहार लेता है वह निर्व्याघात लेता है।

(२०) उत्पात–एक समयमें कोनसे स्थानमें कितने जीव उत्पन्न होते है।

(२१) स्थिति–एकयोनिके अन्दर एक भवमें कितने काल रह सके।

(२२) मरण–समुद्घात कर तांणवेजाकि माफीक मरे. विगर समुद्गात गोलीके वडाकाकी माफीक मरे।

(२३) चवन–एक समयमें कोनसी योनिसे कीतने जीव चवे.

(२४) गति आगति–कोनसी गतिसे जाके कीस योनिमें जीव उत्पन्न होता है और कोनसी योनिसे चवके जीव कोनसी गतिमें जाता है। इति।

लघुदंडक पढनेवालोंको पहले पैंतीसबोल कठस्थ कर लेना चाहिये। अब यह चौवीसद्वार चौवीसदंडकपर उतारा जाते है।

(१) शरीर—नारकी देवतावों मे तीन शरीर-वैक्रीय शरीर० तेजस० कारमण०। पृथ्वीकाय, अप० तेउ० वनास्पति बेइन्द्रिय तेइन्द्रिय चोरिन्द्रिय, असज्ञी तीर्यच पचेन्द्रिय, असज्ञी मनुष्य और युगल मनुष्य इन नोलोंमे शरीर तीन पावे औदारीक शरीर तेजस० कारमण०। वायुकाय और सज्ञी तीर्यच में शरीर च्यार पावे औदारीक वैक्रीय तेजस कारमण। सज्ञीमनुष्यमें शरीर पाचांपाय सिद्धोंमें शरीर नहीं

(२) अवगाहना—जघन्य-भवधारणी अगुलके असख्यात में भाग है और उत्तर वैक्रिय करते है उनोंके जघन्य अगुलके सख्यातमें भागहोती है अब भवधारणि तथा उत्तर वैक्रय कि उत्कृष्ट अवगाहाना कहते है

नाम.	उत्कृष्ट भवधारिणि		उत्कृष्टि उत्तरवैक्रिय	
	धनुष्य	आगुल	धनुष्य	आगुल
पहली नारकी	७॥।	६	१५॥	१२
दुसरी ,,	१५॥	१२	३१।	०
तीसरी ,,	३१।	०	६२॥	०
चोथी ,,	६२॥	०	१२५	०
पाचमी ,,	१२५	०	२५०	०
छट्ठी ,,	२५०	०	५००	०
सातमी ,,	५००	०	१०००	०

१० भुवनपति वाणव्यन्तर जोतीषी पहला दुसरा देवलोक	७ हाथकी	लाख जोजन
३-४ था देवलोक	६ हाथ	”
५-६ ठा ”	५ हाथ	”
७-८ वा ”	४ हाथ	”
९-१०-११-१२-दे.	३ हाथ	”
नौग्रैवेयक	२ हाथ	उत्तर वैक्रिय नहींकरे
चार अनुत्तर विमान	१ हाथ	”
सर्वार्थसिद्ध वि०	१ हाथ उणो	”
पृथ्वी, अप्, तेउ,	आंगुलके असख्यातमो भाग	
वायुकाय...	... ” ...	आंगु० संख्या० भाग उत्तर वैक्रिय नहीं
वनस्पतिकाय	१००० जोजन-साधिक (कमल)	
बे इंद्रिय	१२ जोजन	”
ते इंद्रिय	३ गाउ	”
चौ इंद्रिय	४ गाउ	”
तिर्यंच पंचेंद्रिय ×	१००० जोजन	९०० जोजन
जलचर संज्ञी	१००० जोजन	”

+ नोट—उत्कृष्ट अवगाहनावाला उतर वैक्रिय करे नहि.

थलचर सन्नी	६ गाउ	९०० जोजन
खेचर ,,	प्रत्येक धनुष्य	,,
उरपरिसर्प ,,	१००० जोजन	,,
भुजपरिसर्प ,,	प्रत्येक गाउ	,,
जलचर असन्नी	१००० जोजन	वैक्रिय नहीं करे
थलचर ,,	प्रत्येक गाउ	,,
खेचर ,	प्र० धनुष्य	,,
उरपरिसर्प ,,	प्र० जोजन	,,
भुजपरिसर्प ,,	प्र० धनुष्य	,,
मनुष्य	३ गाउ	लाख जोजन झाझेरी
असन्नी मनुष्य	आयु० असं० भाग	उत्तर वैक्रिय करे नहि
देवकुरु, उत्तरकुरु	३ गाउ	,,
हरिवास, रम्यकवास	२ गाउ	,,
हेमवय, येरण्यवय	१ गाउ	,,
५६ अंतरद्वीप	८०० धनुष्य	,,
महाविदेहक्षेत्र	५०० धनुष्य	लाख जोजन साधिक
*सुसमा सुसमारो	लागते आरे ३ गाउ	उतरते २ गाउ
सुसम दुजो आरो	,, २ गाउ	,, १ गाउ
सुसमा दुसमा तीजो	,, १ गाउ	,, ५०० धनुष्य
दुसमा सुसमा चोथो	,, ५०० धनुष्य	,, ७ हाथ
दुसम पाचमो आरो	,, ७ हाथ	,, १ हाथ
दुसमा दुसमो छट्ठो	,, १ हाथ	,, १ हाथ उणी

यह अवसर्पिणी कालकी अवगाहना है इससे उलटी उत्सर्पिणीकी समझना। सिद्धोंके शरीरकी अवगाहना नहीं है परंतु आत्म प्रदेशने आकाश प्रदेशको अवगाहया (रोकाहै) इस अपेक्षा जघन्य १ हाथ ८ आंगुल, मध्यम ४ हाथ १६ आंगुल, उत्कृष्ट ३३३ धनुष्य ३२ आंगुल, इति.

(३) संघयण—नारकी और देवतामें संघयण नहीं है किंतु नारकीमें अशुभ पुद्गल और देवतामें शुभ पुद्गल संघयणपणे प्रणमते है. पांच स्थावर, तीन विकलेंद्रिय, असन्नी तिर्यंच, असन्नी मनुष्यमें संघयण एक छेवट्टु पावे. सन्नी मनुष्य ओर सन्नी तिर्यंचमें छ संघयण पावे युगलीआगें एक वज्रऋषभनाराचसंघयण और सिद्धोमें संघयण नहीं है. इति

(४) संठाण—[६] नारकी, पांच स्थावर तीन विकलेंद्रिय असन्नी तिर्यंच और असन्नी मनुष्यमें संठाण एक हुंडक पावे तथा देवता और युगलीआमें समचौरस संठाण पावे सन्नी तिर्यंच और सन्नी मनुष्यमें छ संस्थान पावे. सिद्धोमें संस्थान नहीं है.

(५) कषाय—[४]-चोवीसों दंडकमें कषाय च्यारों पावे और सिद्ध अकषाई है।

(६) संज्ञा [४]-चोवीसों दंडकमें संज्ञा च्यारों पावे सिद्धोंमें संज्ञा नहीं है

(७) लेश्या—पहली दुजी नारकीमें कापोत लेश्या। तीजीमें कापोत और नील ले० चोथीमें नील ले० पांचमीमें नील और कृष्ण ले० छट्ठीमें कृष्ण ले० सातमीमें महाकृष्ण ले० १० भुवनपति, व्यंतर पृथ्वी, पाणी, वनस्पति, युगलीआमें लेश्या चार पावे कृष्ण, नील कापोत, तेजो ले० तेउकाय, वायुकाय,

तीन विकलेंद्रिय, असन्नी तीर्यंच, असन्नी मनुष्यमें लेश्या पावे तीन कृष्ण, नील कापोत ले० सन्नी तियच सन्नी मनुष्यमें लेश्या ६ पावे जोतीषी और १-२ देवलोकमें तेजोलेश्या ३-४-५ देवलोकमे पद्मलेश्या ६ से १२ देवलोकमें शुक्ललेश्या नौग्रागैवेयक पाच अनुत्तर विमानमे परम शुक्ल लेश्या सिद्ध भगवान अलेशी है।

(८) इन्द्रिय—[०] पाच स्थावरमें एक इन्द्रिय, बे इंद्रियमें दो इन्द्रिय, तेइन्द्रियमें तीन इन्द्रिय, चौरेंद्रिय चार इंद्रिय बाकी १६ दडकमे पाच इन्द्रिया है सिद्ध अनिंदिआ है।

(९) समुद्घात [७] नारकी और वायु कायमे समुद् घात पावे चार, वेदनी, कषाय, मरणति, वैक्रिय। देवतामे और सन्नीतिर्यंचमें समुद्घात पावे पाच वेदनी, कषाय, मरणति वैकि य, तेजस। चार स्थावर तीन विकलेंद्रिय, असन्नी तिर्यंच, असन्नी मनुष्य और युगलीआमें समुद्घात पावे तीन वेदनी, कषाय, मर- णति। सन्नी मनुष्यमें समुद्घात पावे सात नवग्रैवेयक, पाच अनुत्तर विमानमे स० पावे तीन और वैक्रिय तेजसकी शक्ति है परन्तु करे नहीं सिद्धोमे समुद्घात नहीं है।

(१०) सन्नी—नारकी देवता, सन्नी तिर्यंच, सन्नी मनु ष्य और युगलीआ ये सन्नी है पाच स्थावर तीन विकलेंद्रिय असन्नी मनुष्य, असन्नी तिर्यंच ये असन्नी है। सिद्ध नो सन्नी नो असन्नी है।

(११) वेद—नारकी पाच स्थावर तीन विकलेंद्रिय असन्नीतिर्यंच और असन्नी मनुष्यमें नपुंसक वेद है। दश भुवन पति, व्यतर, जोतीषी १-२ देवलोक और युगलीआमें वेद पावे

दिशि, निर्व्याघाताश्रयी चोवीस दंडकका-जीवनियमा छ दिशिका आहार लेवे। सिद्ध अनाहारिक.

(२०) उत्पात-(१) नारकी, १० भुवनपतियोंसे ८ वां देवलोक तक. तथा चार स्थावर (वनस्पति वर्जके) तीन विकलेंद्रिय, सन्नी या असन्नी तिर्यंच, और असन्नी मनुष्य एक समयमें १-२-३ जाव संख्याता असंख्याता उपजे, वनस्पति एक समयमें १-२-३ जाव अनंता उपजे, नवमा देवलोकसे सर्वार्थसिद्ध तक तथा सन्नी मनुष्य और युगलीआ एक समयमें १-२-३ जाव संख्याता उपजे, सिद्ध एक समयमें १-२-३ जाव १०८ उपजे

(२१) ठीइ-स्थिति यंत्रसे जाणना.

नारकी	जघन्य	उत्कृष्ट
१ ली नारकी	१०००० वर्ष... ...	१ सागरोपम
२ जी ,, ...	१ सागरोपम ...	३ सागरोपम
३ जी ,, ...	३ ,, ...	७ ,,
४ थी ,, ...	७ ,, ...	१० ,,
५ मी ,, ...	१० ,, ...	१७ ,,
६ ठी ,, ...	१७ ,, ...	२२ ,,
७ मी ,, ...	२२ ,, ...	३३ ,,

देवता.

× चमरेंद्र दक्षिण तर्फ	१०००० वर्ष	१ सागरोपम

× दश भुवनपतिमें प्रथम असुरकुमारका दो इंद्र (१) चमरेंद्र (२) वलेंद्र. चमरेंद्रकी राजधानी मेरुसे दक्षिण तरफ है और वलेंद्रकी राजधानी मेरुसे उत्तर तरफ है. ऐसे ही नागादि नवनिकायका इंद्र और राजधानी दक्षिण उत्तर समज लेना.

तस्सदेवी	१०००० वर्ष	३॥ सागरोपम
नागादि नौ इन्द्र दक्षिण तर्फके	,,	१॥ पल्योपम
तस्सदेवी	,,	०॥। ,,
बलेंद्र उत्तर तर्फके देव ,,	,,	१ सागरोपम झाझेरा
तस्सदेवी	,,	४॥ पल्योपम
नागादि नव उत्तर तर्फ	,,	देशऊणी २ पल्योपम
तस्सदेवी	,,	,, १ ,,
व्यंतर देवता	,,	१ पल्योपम
तस्सदेवी	,,	०॥ ,,
चन्द्र विमानवासी देव	०। पल्योपम	१ पल्योपम+लाख वर्षाधिक
तस्सदेवी	,,	०॥ प०+५०००० वर्ष
सूर्य विमानवासी देव	,,	१ प०+ हजार वर्ष
तस्सदेवी	,	०॥ प०+५०० ,,
ग्रह विमानवासी देव	,	१ पल्योपम
तस्सदेवी	,,	०॥ ,,
नक्षत्र विमा० देव	,,	०॥ ,,
तस्सदेवी	०। पल्योपम	०। ,, झाझेरी
तारा विमा० देव	$\frac{1}{8}$,,	०। ,, ०
तस्सदेवी	,, ,,	$\frac{1}{8}$,, साधिक
पहला देवलोकके देव	१ पल्योपम	२ सागरोपम
तस्स परिग्रहिता देवी	,	७ पल्योपम
तस्स अपरिग्रहिता देवी	,,	५० ,,
दूसरे देवलोकके देव	१ पल्योपम झाझेरा	२ सा० झाझेरा
तस्स परिग्रहिता देवी	,	९ पल्योपम
तस्स अपरिग्रहिता देवी	,,	५५ ,,
तीजा देवलोकके देव	२ सागरोपम	७ सागरोपम

चोथा देवलोकके देव	२ सा० झाझेरा	७ ,, झाझेरा
पांचमा ,, ,,	७ सागरोपम	१० सागरोपम
छठ्ठा ,, ,,	१० ,,	१४ ,,
सातमा ,, ,,	१४ ,,	१७ ,,
आठमा ,, ,,	१७ ,,	१८ ,,
नवमा ,, ,,	१८ ,,	१९ ,,
दशमा ,, ,,	१९ ,,	२० ,,
अगीआरमा ,, ,,	२० ,,	२१ ,,
बारहमा ,, ,,	२१ ,,	२२ ,,
नीचली त्रिक ,,	२२ ,,	२५ ,,
बिचली ,, ,,	२५ ,,	२८ ,,
उपली ,, ,,	२८ ,,	३१ ,,
चार अनुत्तर विमान	३१ ,,	३३ ,,
सर्वार्थसिद्ध ,,	३३ ,,	३३ ,,
पृथ्वीकाय	अंतर्मुहुर्त	२२००० वर्ष
अप्काय	,, ...	७००० ,,
तेउकाय	,, ...	३ अहोरात्रि
वायुकाय	,, ...	३००० वर्ष
वनस्पतिकाय ...	,, ...	१०००० ,,
वेइंद्रिय	,, ...	१२ ,,
तेइंद्रिय	,, ...	४९ दिन
चौरिंद्रिय	,, ...	६ मास
जलचर असंज्ञी ...	,, ...	क्रोड पूर्व
थलचर ,, ...	,, ...	८४००० वर्ष
खेचर ,, ...	,, ...	७२००० ,,
उरपरिसर्प ,, ...	,, ...	५३००० ,,
भुजपरिसर्प ,, ...	,, ...	४२००० ,,

जलचर सज्ञी	अंतर्मुहुर्त	क्रोड पूर्व
थलचर ,,	,,	३ पल्योपम
खेचर ,,	,,	पल्यो० अस० भाग
उरपरिसर्प ,,	,,	क्रोड पूर्व
भुजपरिसर्प ,,	,,	,,
असन्नि मनुष्य	,,	अंतर्मुहुर्त
सन्नि ,,	बेठते आरे	उतरते आरे
*पहलो आरा	३ पल्योपम	२ पल्योपम
दुजो ,	२ ,,	१ ,,
तीजो ,,	१ ,	१ क्रोड पूर्व
चोथो ,,	क्रोड पूर्व	१२० वर्ष
पाचमो ,	१२० वर्ष	२० ,
छट्ठो ,,	२० ,,	१६ ,,
युगलीया.	**जघन्य.**	**उत्कृष्ट.**
देवकुरु-उत्तरकुरु	देशउणो ३ पल्या०	३ पल्योपम
हरिवास-रम्यकवास	, २ ,,	२ ,,
हेमवय-येरणवय	, १ ,,	१ ,,
५६ अंतरद्वीप	पल्या० असं० भाग	पल्यो० असं० भाग
महाविदेह क्षेत्र	अंतर्मुहूर्त	क्रोड पूर्व

सिद्ध-सादि अनंत। अनादि अनंत।

२२ मरण'—चावीसो दंडकमें समोहीय, असमोहीय, दोनों मरण मरे।

२३ चवण.—उत्पन्न होनेकी माफक समझ लेना।

२४ गति आगति —प्रथमसे छट्ठो नारकी तथा तीजासे

---

* अवसर्पिणीकालके मनुष्यकी स्थिति कालके [illegible] है, और उत्सर्पिणीकालके मनुष्यकी स्थिति इससे उल्टी समझना।

८ मा देवलोक तक दो गतिसे आवे, दो गतिमें जाय। दंडकाश्रयी दो दंडक (मनुष्य और तिर्यंच) के आवे और दो दंडकमें जावे। सातमी नारकी दो गतिसे (मनुष्य, तिर्यंच) आवे, एक गतिमें जावे (तिर्यंचमें), दंडकाश्रयी २ दंडकको (मनुष्य, तिर्यंच) आवे, एक दंडक तिर्यंचमें जावे। दश भुवनपति, व्यंतर, जोतिषी, १-२ देवलोक दो गति (मनुष्य, तिर्यंच)से आवे, और दो गति (मनुष्य, तिर्यंच) में जावे, और दंडकाश्रयी २ दंडक (मनुष्य, तिर्यंच) को आवे, और पांच दंडकमें जावे (मनुष्य, तिर्यंच, पृथ्वि, पाणी, वनस्पति) ९ वा देवलोकसे सर्वार्थसिद्ध विमानके देव, एक गति (मनुष्य) मेंसे आवे एक गतिमें जावे दंडकाश्रयी एक दंडक (मनुष्य) को आवे और एक दंडकमें जावे (मनुष्यमें)।

पृथ्वि, पाणी, वनस्पति, तीन गति (मनुष्य, तिर्यंच, देवता) से आवे, और २ गतिमें जावे (मनुष्य, तिर्यंच), दंडकाश्रयी २३ दंडक (नारकी वर्जी) का आवे. और १० दंडकमें जावे (५ स्थावर, ३ विकलेंद्रिय, मनुष्य, तिर्यंच) तेउ वायु दो गति (मनुष्य, तिर्यंच) मेंसे आवे, और एक गति (तिर्यंच) में जावे, दंडकाश्रयी दश दंडक (पूर्ववत्) को आवे और ९ दंडक (मनुष्य वर्जके) में जावे। तीन विकलेंद्रिय दो गति (मनुष्य, तिर्यंच) मेंसे आवे, और दो गति (मनुष्य, तिर्यंच) में जावे, दंडकाश्रयी दश दंडक (पूर्ववत्) को आवे और दश दंडकमें जावे। असन्नि तिर्यंच दो गति (मनुष्य, तिर्यंच) मेंसे आवे और चार गतिमें जावे, दंडकाश्रयी दश (पूर्ववत्) आवे और २२ (जोतिषी वैमानिक वर्जी) दंडकमें जावे। सन्नि तिर्यंच चार गतिमेंसे आवे और चार गतिमें जावे दंडकाश्रयी २४ को आवे और २४ में जावे। असन्नि मनुष्य दो गति (मनुष्य, तिर्यंच) को आवे दो गतिमें जावे। दंडकाश्रयी ८ दंडक (पृथ्वि, पाणी, वनस्पति, ३

विकलेन्द्रिय, मनुष्य, तिर्यंच) को आवे और दशमें जावे (दश पूर्ववत्)

सन्नि मनुष्य—चार गतिमेंसे आवे और चार गतिमें जावे अथवा सिद्ध गतिमें जावे, दंडकाश्रयी २२ (तेउ, वायु, वर्जी)में से आवे और २४ मे जावे तथा सिद्धमे जावे । ३० अकर्मभूमि युगलिया दोगति (मनुष्य तिर्यंच)मेसे आवे एक गति (देवता) मे जावे दंडकाश्रयी दो दंडकमे आवे और १३ दंडक (देवतामे) जावे । ५६ अंतर द्वीप दो गतिमेसे आवे एक गतिमें जावे दंडकाश्रयी दो दंडकको आवे और ११ दंडक (१० भुवनपति, व्यंतर)में जावे

सिद्धोमे आगत एक मनुष्यकी गति नहीं दंडकाश्रयी मनुष्य दंडकसे आवे इति

२५ प्राण—(अन्य स्थानसे लीखते है)प्राण दश है (१) श्रोतेंद्रिय बलप्राण (२) चक्षु इन्द्रियबलप्राण (३) घ्राणेंद्रिय० (४) रसेंद्रिय० (५) स्पर्शेन्द्रिय० (६) मन० (७) वचन० (८) काय० (९) श्वासोश्वास० (१०) आयु०

नारकी देवता सन्नि मनुष्य, सन्नि तिर्यंच और युगलीआमें प्राण पावे दस पांच स्थावरमें प्राण पावे चार-(१) स्पर्श० (२) काय० (३) श्वासोश्वास० (४) आयु० बेइन्द्रियमें प्राण पावे ६ (५) पूर्ववत् १ रसे० २ वचन० तेइन्द्रियमे प्राण पावे ७ (६) पूर्ववत् १ घ्राणे० चौरेन्द्रियमें प्राण ८ (७) पूर्ववत् १ चक्षु०

असन्नि तिर्यंच पंचेन्द्रियमें प्राण पावे ९-८ पूर्ववत्, १ श्रोते० असन्नि मनुष्यमें प्राण पावे ८ मे एकऊणा-५ इन्द्रिय० १ काय० १ आयु० १ श्वास० अथवा उश्वास० सिद्धोंमें प्राण नही है । इति

सेव भंते सेव भंते तमेव सच्च

थोकडा नम्बर ५

चोवीस दंडकमेंसे कितने दंडक किस स्थानपर मिलते है.

दंडक — स्थान

(प्रश्न) एक दंडक किस जगह पावे — नारकीमें पावे
(प्र) दो दंडक ,, (उ) श्रावकमें पावे-२०+२१ मो
(प्र) तीन दंडक ,, (उ) तिनविकलेंद्रियमें पावे-१७+१८+१९ मो
(प्र) चार दंडक ,, (उ) स्थवमे पावे १२+१३+१४+१५मो
(प्र) पांच दंडक , (उ) एकेंद्रियमें ,, १२+१३+१४+१५+१६
(प्र) छ दंडक , (उ) तेजोलेश्याका अलब्धिआमें यांने जीन्ह दंडकमें तेजोलेश्या न मले-१-१४-१५--१७-१८-१९ वा
(प्र) सात दंडक ,, (उ) वैक्रियका अलब्धिआमें ४ स्थावर ३ वि०
(प्र) आठ दंडक ,, (उ) असन्नीमें ५ स्थावर ३ वि०
(प्र) नव दंडक ,, (उ) तिर्यचमें ५ स्थावर ४ त्रस
(प्र) दश दंडक ,, (उ) भुवनपतिमें
(प्र) अगीआर दंडक ,, (उ) नपुंसकमें १० औदारीक १ नारकी
(प्र) बारहा ,, ,, (उ) तीच्छलोकमें १० भु० व्यंतर ज्योतिषी
(प्र) तेरहा ,, ,, (उ) देवतामें
(प्र) चौद ,, ,, (उ) एकंत वैक्रिय शरीरमें १३ वैक्रिय १ नारकी
(प्र) पंदर ,, ,, (उ) स्त्री वेदमें
(प्र) सोलह ,, ,, (उ) सन्नि तथा मनयोगमें
(प्र) सत्तरा ,, ,, (उ) समुच्चय वैक्रिय शरीरमें
(प्र) अठारा ,, ,, (उ) तेजोलेश्यामें ६ वर्जके
(प्र) ओगणीस , ,, (उ) त्रसकायमें ५ स्थावह वर्जके
(प्र) वीस ,, ,, (उ) जघन्य उत्कृष्ट अवगाहनावाला जीवोमें
(प्र) एकवीस ,, ,, (उ) नीचा लोकमें ३ देवता वर्जके
(प्र) बावीस ,, ,, (उ) कृष्णलेश्यामें जोतीषी वि० वर्जके

(प्र) तेवीस ,, ,, (उ) भगवानका समोसरणमें १ नारकी वर्जके
(प्र) चौवीस ,, ,, (उ) समुच्चय जीवमे

सेव भंते सेव भंते तमेव सचम्

थोकडा नम्बर ६

सूत्र श्री पन्नवणाजी पद तीजा (महादडक)

संख्या	मार्गणाका ९८ बोल	जीवका भेद १४	गुणस्थान १४	योग १५	उपयोग १२	लेश्या ६
१	सर्वस्तोक गर्भज मनुष्य	२	१४	१५	१२	६
२	मनुष्यणी संख्यात गुणी	२	१४	१३	१२	६
३	बादर तेउकायके पर्याप्ता अस० गुण०	१	१	१	३	३
४	पाच अणुत्तर वैमानके देव ,, ,	२	१	११	६	१
५	ग्रैवयक उपरकी त्रिकके देव सख्या० गु०	२	२।३	११	९	१
६	,, मध्यमकी ,, ,, ,,	२	२।३	११	९	१
७	,, नीचेकी ,, ,, ,,	२	२।३	११	९	१
८	बारहवे देवलोकके देव सख्या० गु०	२	४	११	९	१
९	ग्यारवे ,, ,, ,,	२	४	११	९	१
१०	दशवे ,, ,, ,,	२	४	११	९	१
११	नौवा , ,, ,,	२	४	११	९	१
१२	सातवी नरकके नैरिया अस० गु०	२	४	११	९	१
१३	छट्ठी ,, ,, ,	२	४	११	९	१
१४	आठवें देवलोकके देव ,,	२	४	११	९	१

१५	सातवा देवलोकके देव अस० गु०	२	४	११	९	१
१६	पांचवी नरकके नैरिया ,,	२	४	११	९	२
१७	छठे देवलोकके देव ,,	२	४	११	९	१
१८	चोथी नरकके नैरिया ,,	२	४	११	९	१
१९	पांचवें देवलोकके देव ,,	२	४	११	९	१
२०	तीजी नरकके नैरिया ,,	२	४	११	९	२
२१	चोथे देवलोकके देव ,,	२	४	११	९	१
२२	दुजी नरकके नैरिया ,,	२	४	११	९	१
२३	तीजा देवलोकके देव ,,	२	४	११	९	१
२४	समुत्सम मनुष्य ,,	१	१	३	४	३
२५	दुजा देवलोकके देव ,,	२	४	११	९	१
२६	,, ,, की देवी संख्या० गु०	२	४	११	९	१
२७	पहले देवलोकके देव अस० गु०	२	४	११	९	१
२८	,, ,, की देवी स० गु०	२	४	११	९	१
२९	भुवनपति देव अस० गु०	३	४	११	९	४
३०	,, देवी संख्या० गु०	२	४	११	९	४
३१	पहली नरकके नैरिया असं० गु०	३	४	११	९	१
३२	खेचर पुरुष अस० गु०	२	५	१३	९	६
३३	,, स्त्री संख्या० गु०	२	५	१३	९	६
३४	थलचर पुरुष ,,	२	५	१३	९	६
३५	,, स्त्री ,,	२	५	१३	९	६
३६	जलचर पुरुष ,,	२	५	१३	९	६
३७	,, स्त्री ,,	२	५	१३	९	६
८३	व्यंतरदेव ,,	३	४	११	९	४

३९	व्यंतर देवी संख्या० गु०	२	४	११	९	४
४०	जोतीषी देव ,,	२	४	११	९	१
४१	,, देवी ,,	२	४	११	९	१
४२	खेचर नपुंसक ,,	२१४	५	१३	९	६
४३	थलचर ,, ,,	२१४	५	१३	९	६
४४	जलचर ,, ,,	२१४	५	१३	९	६
४५	चौरिंद्रियका पर्याप्ता सं० गु०	१	१	२	४	३
४६	पचेंद्रियका , विशेषा	२	१०	१४	१०	६
४७	बेइन्द्रियका ,,	१	१	२	३	३
४८	तेइन्द्रियका ,, ,,	१	१	२	३	३
४९	पचेन्द्रियका अपर्याप्ता असं० गु०	२	३	७	८।९	६
५०	चौरिन्द्रियका ,, विशेषा	१	२	३	५	३
५१	तेइन्द्रिय , ,,	१	२	३	६	३
५२	बेइन्द्रिय ,, ,,	१	२	३	६	३
५३	प्रत्येक शरीरी बादर वनस्पतिकायका पर्याप्ता असं० गु०	१	१	१	३	३
५४	बादर निगोदका ,, ,,	१	१	१	३	३
५५	बादर पृथ्वी० , ,,	१	१	१	३	३
५६	, अप० ,, ,,	१	१	१	३	३
५७	, वायु० ,, ,,	१	१	४	३	३
५८	,, तेउ० अपर्याप्ता ,,	१	१	३	३	३
५९	प्र० बादर वना० , ,	१	१	३	३	४
६०	बादर निगोदका ,,	१	१	३	३	३
६१	,, पृथ्वीकायका अप० ,,	१	१	३	३	४
६२	,, अप्कायका , ,,	१	१	३	३	४

६३	बादर वाउकायका अप० असं० गु	१	१	३	३	३
६४	सुक्ष्म तेउकायका अप० ,, ..	१	१	३	३	३
६५	सुक्ष्म पृथ्विकायका अप० विशेषाः	१	१	३	३	३
६६	सुक्ष्म अपूकायका अप० वि० ...	१	१	३	३	३
६७	सुक्ष्म वायुकायका अप० वि० ...	१	१	३	३	३
६८	सुक्ष्म तेउकायका पर्याप्ता सं० गु०	१	१	१	३	३
६९	सुक्ष्म पृथ्विकायका पर्याप्ता वि०...	१	१	१	३	३
७०	सुक्ष्म अपूकायका पर्याप्ता वि० ...	१	१	१	३	३
७१	सुक्ष्म वायुकायका पर्याप्ता वि० ...	१	१	१	३	३
७२	सुक्ष्म निगोदका अपर्याप्ता असं० गु०	१	१	३	३	३
७३	सुक्ष्म निगोदका पर्याप्ता सं० गु०...	१	१	१	३	३
७४	अभव्य जीव अनंत गु०	१४	१	१३	६	६
७५	पडवाइ सम्मदिट्टीअनत गु० ...	१४	१४	१५	१२	६
७६	सिद्ध भगवान अनंत गु० ...	०	०	०	२	०
७७	बादर वनस्पति० पर्याप्ता अनंत गु०	१	१	१	३	३
७८	बादर पर्याप्ता वि०	६	१४	१४	१२	६
७९	बादर वनस्पति अपर्याप्ता असं० गु०	१	१	३	३	४
८०	बादर अपर्याप्ता वि०	६	३	५	८।३	६
८१	समुच्चय बादर० वि०	१२	१४	१५	१२	६
८२	सुक्ष्म वनस्पति अपर्याप्ता असं० गु०	१	१	३	३	३
८३	सुक्ष्म अपर्याप्ता वि०	१	१	३	३	३
८४	सुक्ष्म वनस्पति पर्याप्ता सं० गु० ...	१	१	१	३	३
८५	सुक्ष्म पर्याप्ता० वि०	१	१	१	३	३
८६	समुच्चय सुक्ष्म० वि०	२	१	३	३	३

८७ भवसिद्धि जीव वि०	१८	१४	१०	१२	६
८८ निगोदका जीव वि०	८	१	३	३	३
८९ वनस्पति जीव वि०	८	१	३	३	४
९० एकेंद्रिय जीव वि०	८	१	५	३	५
९१ तिर्यच जीव वि०	१४	६	१३	९	६
९२ मिथ्यात्वि जीव वि०	१८	१	१३	९	६
९३ अव्रती जीव वि०	१४	४	१३	९	६
९४ सकषायी जीव वि०	१८	१०	१६	१०	६
९५ छद्मस्थ जीव वि०	१४	१२	१६	१०	६
९६ सयोगी जीव वि०	१४	१३	१५	१२	६
९७ ससारी जीव वि०	१४	१४	१६	१२	६
९८ समुच्चय जीव वि०	१४	१४	१६	१२	६

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्

थोकडा नम्बर ७

सूत्रश्री पन्नवणाजी पद ६.

(विरहद्वार)

जीस योनीमें जीव था वह वहां से चव जानेके बाद उस योनीमें दुसरा जीव कीतने काल से उत्पन्न होते है उनकों विरह कहते है। जघन्य तों सर्व स्थानपर एक समयका विरह है उत्कृष्ट अलग अलग है जैसे—

(१) समुच्चय च्यार गति संज्ञीमनुष्य और संज्ञी तीर्यंचमें उत्कृष्ट विरह १२ मुहूर्तका है.

(२) पहली नरक दश भुवनपति, व्यंतर, जोतीषी, सौधर्मेशान देव और असंज्ञी मनुष्यमें २४ मुहुर्त. दुजी नरकमें सात दिन, तीजी नरकमें पंदरा दिन, चोथी नरकमें एक मास, पांचवी नरकमें दो मास, छठी नरकमें च्यार मास, सातवी नरक सिद्धगति और चौसठ इन्द्रोंमें विरह छे मासका है.

(३) तीजा देवलोकमें नौदिन वीस महुर्त, चोथा देवलोकमें बारहा दिन दश मुहुर्त, पांचवा देवलोकमे साढावावीस दिन, छठा देवलोकमें पैतालीस दिन, सातवा देवलोकमें एसी दिन, आठवा देवलोकमें सौ दिन, नौवा दशवा देवलोकमें सेंकडो मास, इग्यारवा वारहा देवलोकमें सेकडों वर्षोका. नौग्रैवेयक पहले त्रीकमें सख्याते सेकडों वर्ष, दुसरी त्रीकमें सख्याते हजारों वर्ष, तीसरी त्रीकमें संख्याते लाखों वर्ष, च्यारानुत्तर वैमानमें पल्योपमके असंख्यातमे भाग, सर्वार्थसिद्ध वैमानमें पल्योपमके संख्यातमे भाग।

(४) पांच स्थावरोंमे विरह नही है. तीन विकलेन्द्रिय असंज्ञी तीर्यंचमें अंतरमुहुर्त.

(५) चन्द्र सूर्यके ग्रहणाश्रयी विरह पडे तों जघन्य छे मास उत्कृष्ट चन्द्रके बैंयालीस मास, सूर्यके अडतालीस वर्ष।

(६) भरतेरवतक्षेत्रापेक्षा, साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका आश्रयी जघन्यतो ६३००० वर्ष और अरिहंत, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव आश्रयी जघन्य ८४००० वर्ष उत्कृष्ट सबकों देशोन अठारा कोडाकोड सागरोपमका। इति।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्.

—≫⁂≺—

थोकडा नम्बर ८

सूत्रश्री भगवतीजी शतक १२ वा उद्देशा ५ वां.

(रूपी अरूपीके १०६ बोल.)

रूपी पदार्थ दो प्रकारके होते हैं एक अष्ट स्पर्शवाले जीनसे कीतनेक पदार्थोंको चरम चक्षुवाले देख सके, दुसरे च्यार स्पर्श वाले रूपी जीनोंकों चरम चक्षुवाले देख नहीं सके अतिशय ज्ञानी ही जाने। अरूपी-जीनोंको केवलज्ञानी अपने केवलज्ञान-द्वारा ही जाने-देखे

(१) आठ स्पर्शवाले रूपीके सक्षिप्तसे १५ बोल है यथा-छे द्रव्यलेश्या (कृष्ण, निल, कापोत, तेजस, पद्म, शुक्ल) औदारीक शरीर, वैक्रियशरीर, आहारकशरीर, तेजसशरीर एवं १० तथा समुचय, घणोदधि, घणवायु, तणवायु, बादर पुद्गलोंका स्कन्ध और कायाका योग एवं १५ बोलमें वर्णादि २० बोल पावे। ३००

(२) च्यार स्पर्शवाले रूपीके ३० बोल है अठारा पाप, आठ कर्म मन योग, वचन योग सूक्ष्मपुद्गलोंका स्कन्ध और कारमणशरीर एवं ३० बोलमें वर्णादि १६ बोल पावे। ४८० बोल

(३) अरूपीमें ६१ बोल है अठारा पापका त्याग करना बारहा उपयोग, कृष्णादि छे भावलेश्या, च्यार संज्ञा (आहार० भय० मैथुन० परिग्रह०) च्यार मतिज्ञानके भागा (उग्गह इहा आ-वाय० धारणा) च्यार बुद्धि (उत्पातिकी, विनयकी, कर्मकी, पारि णामिकी) तीन दृष्टि (सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, मिश्रदृष्टि) पांच द्रव्य " धर्मास्ति अधर्मास्ति, आकाशास्ति, जीवास्ति, और कालद्रव्य " पांच प्रकारसे जीवकी शक्ति " उत्थान, कर्म, बल, वीर्य पुरुषार्थ " एवं ६१ बोल अरूपीके है। इति

॥ सेव भंते सेव भंते तमेव सच्चम् ॥

थोकडा नं ९

श्री पन्नवणा सूत्र पद ३ जो.

(दिशाणुवइ)

दिशाणुवइ–२४ दंडकके जीव किस दिशामें ज्यादा है ओर किस दिशामें कम है वो इस थोकडे द्वारे बतलावेंगे ।

जहां पाणी होता है वहां सात बोल होते हैं जिसका नाम समुच्चय जीव, अपूकाय, वनस्पतिकाय, बेइंद्रिय, तेइंद्रिय चौरेंद्रिय, पंचेद्रिय. इन सात बोलोंकी शास्त्रमें अलग अलग व्याख्या करी है यद्यपि एक सरिखा होनेसे यहां एकठा लीखते है. सबसे स्तोक ७ बोलोंका जीव पश्चिम दिशामें=कारण जंबुद्वीपकी जगतिसे पश्चिम दिशा लवण समुद्रमें १२००० जोजन जावे तब १२००० जोजनका लंबा चोडा गौतम द्वीप आवे, वह पृथ्वीकाय में है। इस लीये पाणीका जीव कमती है. पाणीका जीव कम होनेसे सात बोलोंका जीवभी कम है. उनसे पूर्व दिशा विशेषाः कारण गौतम द्वीपा नहीं है. उनसें दक्षिण दिशा विशेषाः कारण सूर्य चंद्रका द्वीपा नहीं है. उनसें उत्तर दिशा विशेषाः मान सरोवर तलावकी अपेक्षा (देखो जोतिषीका बोलमें).

पृथ्विकायका जीव सबसे स्तोक दक्षिण दिशामें कारण भुवनपतिओंका चार क्रोड छ लाख भुवनकी पोलार है इस लिये पृथ्विकायका जीव कम है. उनसे उतर दिशा विशेषाः कारण भुवनपतिओंका तीन क्रोड छासठ लाख भुवन है पोलार कम है

उनसे पूर्वमें विशेषा कारण सूर्य चन्द्रका द्वीप पृथ्वीमय है उनसे पश्चिममें विशेषा कारण गौतम द्वीप पृथ्वीमय है

तेउकाय, मनुष्य, और सिद्ध सबसे स्तोक दक्षिण उत्तरमें कारण भरतादि क्षेत्र छोटा है उनसे पूर्व दिशा संख्यातगुणा कारण महाविदेह क्षेत्र बडा है उनसे पश्चिम दिशा विशेषा कारण सलीलावती विजया १००० जोजनकी ऊंडी है जिसमे मनुष्य घणा, तेउकाय घणी और सिद्ध भी बहोत होते है

वायुकाय, और व्यतरदेव सबसे स्तोक पूर्व दिशामें कारण धरतीका कठणपणा है उनसे पश्चिम दिशा विशेषा कारण सलीलावती विजया है उनसे उत्तर दिशा विशेषा कारण भुवनपतियोंका ३ क्रोड और ६६ लाख भुवन है उनसे दक्षिण दिशा विशेषा कारण भुवनपतिका ४ क्रोड और ६ लाख भुवन है (पोलारकी अपेक्षा)

भुवनपति सबसे स्तोक पूर्व पश्चिममें कारण भुवन नहीं है आना जानासे लाधे उनसे उत्तरमे असंख्यात गुणा कारण ३ क्रोड और ६६ लाख भुवन है उनसे दक्षिणमें असंख्यात गुणा कारण ४ क्रोड और ६६ लाख भुवन है भुवनोंमे देव ज्यादा है

जोतीषीदेव सबसे थोडा पूर्व पश्चिममें कारण उत्पन्न होनेका स्थान नहीं है उनसे दक्षिणमे विशेषा उत्पन्न होनेका स्थान है उनसे उत्तरमे विशेषा कारण मानसरोवर तलाव=जम्बुद्वीप की जगतिसे उत्तरकी तरफ असंख्याता द्वीप समुद्र जावे तब अरुणोवर नामका द्वीप आवे जिसके उत्तरमें ४२००० जोजन जावे तब मानसरोवर तलाव आता है, वह तलाव बडा शोभनीक और वर्णन करने योग्य है, और उसमें अदर बहोतसे मच्छ कच्छ जलचर जोतीषीकों देखके निआणा कर मरके जोतीषी होते है इसलिये उत्तरदिशामे जोतीषीदेव ज्यादा है।

पहला, दुजा, तीजा और चौथा देवलोकका देवता सबसे स्तोक पूर्व पश्चिममें कारण पुष्पावेकरणीय विमान ज्यादा है. और पंक्तिवंध कम है। उनसे उत्तरमें असंख्यातगुणा कारण पंक्ति वंध विशेष है उनसे दक्षिणमें विशेषाः कारण देवता विशेष उपजे.

पांचमा, छट्ठा, सातमा, आठमा देवलोकका देवता सबसे स्तोक पूर्व, पश्चिम, उत्तरमें उनसे दक्षिणमें असं० गु.

नवमासे सर्वार्थसिद्ध विमान तक चारे दिशामें समतुल्य है पहेली नारकीका नेरइया सबसे स्तोक पूर्व, पश्चिम उत्तरमें उनसे दक्षिणमें असंख्यातगुणा कारण कृष्णपक्षी जीव घणा उपजे इसी माफक साताही नारकीमें समझ लेना.

अलपावहुत्व—सर्वस्तोक सातवी नरकके पुर्व पश्चिम उत्तरके नैरिया. उनोसे दक्षिणके नैरिये असंख्यातगुणे. सातवी नरकके दक्षिणके नैरियेसे छटी नरकके पुर्व पश्चिम उत्तरके नैरिये असं० गु० उनोसे दक्षिणके नैरिये असं० गु०। छटी नरकके दक्षिणके नैरियोंसे पांचवी नरकके पुर्व पश्चिम उत्तरके नैरिये असं० गु० उनोंसे दक्षिणके नैरिये असं० गु० उनोंसे चोथी नरकके पुर्व पश्चिम उत्तरके नैरिये असं० गु० उनोंसे दक्षिणके नै० असं० गु० उनोंसे तीजी नरकके पुर्व पश्चिम उत्तरके नैरिये असं० गु० उनोंसे दक्षिणसे असं० गु० उनोसे दुजी नरकके पुर्व पश्चिम उत्तरके नैरिये असं० गु० उनोसे दक्षिणके असं० गु० दुजी नरकके दक्षिणके नैरियोंसे पहली नरकके पुर्व पश्चिम उत्तरके नैरिये असं० गु० उनोंसे दक्षिणके नैरिये असं० गुण० इति।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्

थोकडा नं० १०

—*◎*—

छ कायको थोकडा.

नामद्वार १	गोत्रद्वार २	वर्णद्वार ३	संठाणद्वार ४	एक महुर्तमें भव ५	अल्पावहुत्व ६
इद्रीस्थावरकाय	पृथ्वीकाय	पीलो	चद्र मसुरकीदाल	१२८२४	३ विशेषा
वभीस्थावरकाय	अपूकाय	सपेद	पाणीका परपोटा	१२८२४	४ विशेषा
सपीस्थावरकाय	तेउकाय	लाल	सूइकलाइ(भारो)	१२८२४	२ असख्यातगुणा
सुमति स्थावर काय	वायुकाय	नीलो	पताका	१२८२४	५ विशेषा
पीयवच्छ स्थावर काय	वनस्पति काय २	नाना प्रकारको	नाना प्रकारका	३२००० प्रत्येक ६५५३६ साधारण	६ अनतगुणा
जगमकाय	१ प्र २,सा त्रसकाय	नाना प्रकारको	नाना प्रकारका	*८०×६०×४० ×२४×१	१ सबसे थोडा

* त्रसकायमा काटाम ८० भव वइद्रिय ६० तइ०, ४० चौरि०, २४ असनी पच० १ सनी पाचेद्रिय

शेष आते सेज भने-तमेव सद्यम

थोकडा नम्बर ११

सूत्रश्री भगवतीजी शतक १३ उद्देशो १-२.

(उपयोगाधिकार.)

उपयोग बारह है जिस्मे कीस गतिमें जाता हुवा जीव कीतने उपयोग साथमे ले जाते है और कीस गति से आता हुवा जीव साथमें कीतने उपयोग ले आते है वह सब इन थोकडे द्वारा बतलाया जाता है।

(१) पहली, दुसरी, तीसरी नरकमें जाते समय आठ उपयोग लेके जाते है यथा-तीनज्ञान (मतिज्ञान, श्रुतिज्ञान अवधिज्ञान) तीन अज्ञान (मति, श्रुति, विभंगज्ञान) दोय दर्शन (अचक्षु, अवधिदर्शन) और सात उपयोग लेके पीच्छा निकले. एक विभंगज्ञान वर्जके। चोथी, पांचमी, छठी नरकमें पूर्ववत् आठ उपयोग लेके जावे. और पांच उपयोग लेके निकले अर्थात् इन तीनों नरकसे निकलनेवाला अवधिज्ञान अवधिदर्शन नही लाता है. सातवी नरकमें पांचज्ञान (तीन अज्ञान-दो दर्शन) लेके जावे और तीन उपयोग लेके निकले (दो अज्ञान-एक दर्शन)

(२) भुवनपति, व्यंतर, ज्योतीषी देव आठ उपयोग लेके जावे पूर्ववत् और पांच उपयोग लेके निकले (दो ज्ञान, दो अज्ञान, एक दर्शन)। बारहा देवलोक नौग्रैवेयकमें आठ उपयोग (पूर्ववत् लेके जावे और सात उपयोग लेके निकले) (तीनज्ञान, दो अज्ञान, दो दर्शन)। अनुत्तर वैमानमें पांच उपयोग लेके जावे (तीन ज्ञान, दो दर्शन एवं पांच उपयोग लेके निकले।

(३) पाच स्थावरमें तीन उपयोग लेके जाये और तीन उपयोग ही लेके निकले (दो अज्ञान, एक दर्शन)। तीन विकलेन्द्रिय पाच उपयोग लेके जावे (दो ज्ञान, दो अज्ञान एक दर्शन। और तीन उपयोग लेके निकले (दो अज्ञान, एक दर्शन) और तिर्यंच पाचेन्द्रिय पाच उपयोग लेके जावे (दो ज्ञान दो अज्ञान एक दर्शन) और आठ उपयोग लेके निकले (तीन ज्ञान, तीन अज्ञान दो दर्शन)॥ मनुष्यमें सात उपयोग (तीन ज्ञान, दो अज्ञान, दो दर्शन) लेके जाये और आठ उपयोग (तीन ज्ञान, तीन अज्ञान, दो दर्शन) लेके निकले ॥ सिद्धोंमें केवलज्ञान, केवल दर्शन लेके जीव जाता है यह सादि अंत भागे सदैव सास्वते आनन्दघनमें विराजमान होते हैं। इति

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्

थोकडा नम्बर १२

सूत्रश्री भगवती शतक १ उ० २.

(देवोत्पातके १४ बोल.)

निम्नलिखत चौदा बोलोंके जीव अगर देवतोंमें जाये तो कहातक जा सके

संख्या	मार्गणा	जघन्य	उत्कृष्ट
१	असयतिभवी द्रव्य देव	भुवनपतिमें	नौग्रैवेयक
२	अविराधि मुनि	सौधर्मकल्प	अनुत्तर वैमान
३	विराधि मुनि	भुवनपतिमें	सौधर्मकल्प

४	अविराधि श्रावक	सौधर्मकल्प	अच्युतकल्प
५	विराधि श्रावक	भुवनपति	ज्योतीषीमें
६	असज्ञी तीर्यच	,,	व्यंतरदेवोंमें
७	कन्दमूल खानेवाले तापस	,,	जोतीषीमें
८	हांसी ठठा करनेवाले मुनि (कदर्पीया)	,,	सौधर्मकल्प
९	परिव्राजक सन्यासी तापस	,,	ब्रह्मदेवलोक
१०	आचार्यादिका अवगुण बोलनेवाले किल्बिषीया मुनि	,,	लांतकमें
११	संज्ञी तीर्यच	,,	आठवा देवलोक
१२	आजीविया साधु गोशालाके मतका	,,	अच्युतकल्प
१३	यंत्र मंत्र करनेवाले अभोगी साधु	,,	,,
१४	स्वलींगी दर्शन ववन्नगा	,,	नौ ग्रैवेयक

चौदवां बोलमें भव्य जीव है पहले बोलमें भव्याभव्य दोनों है । इति.

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्

थोकडा नम्बर १३

सूत्र श्री ज्ञाताजी अध्ययन ८ वां.

(तीर्थंकर नाम बन्धके २० कारण)

(१) श्री अरिहंत भगवान्‌के गुण स्तवनादि करनेसे ।
(२) श्री सिद्ध भगवान्‌के गुण स्तवनादि करनेसे ।

(३) श्री पांच समति तीन गुप्ति यह अष्ट प्रवचनकी माता हैं इनोंको सम्यक्प्रकारसे आराधन करनेसे।
(४) श्री गुणवन्त गुरुजी महाराजका गुण करनेसे।
(५) श्री स्थिवरजी महाराजके गुणस्तवनादि करनेसे।
(६) श्री बहुश्रुती-गीतार्थोंका गुणस्तवनादि करनेसे।
(७) श्री तपस्वीजी महाराजके गुणस्तवनादि करनेसे।
(८) सीखा पढा ज्ञानको वारवार चिंतवन करनेसे।
(९) दर्शन (समकित) निर्मल आराधन करनेसे।
(१०) सात तथा १३४ प्रकारसे विनय करनेसे।
(११) कालोकाल प्रतिक्रमण करनेसे।
(१२) लिये हुवे व्रत-प्रत्याख्यान निर्मल पालनेसे।
(१३) धर्मध्यान-शुक्लध्यान ध्याते रहनेसे।
(१४) बारह प्रकारकी तपश्चर्या करनेसे।
(१५) अभयदान-सुपात्रदान देनेसे।
(१६) दश प्रकारकी वैयावच्च करनेसे।
(१७) चतुर्विध संघको समाधि देनेसे।
(१८) नये नये अपूर्व ज्ञान पढनेसे।
(१९) सूत्र सिद्धान्तकी भक्ति-सेवा करनेसे।
(२०) मिथ्यात्वका नाश और समकितका उद्योत करनेसे।

उपर लिखे वीस बोलोंका सेवन करनेसे जीव कर्मोंकी क्रोडाक्रोडी क्षय करदेते हैं और उत्कृष्टी रसायण (भावना) आनेसे जीव तीर्थंकर नामकर्म उपार्जन करलेते हैं जीतने जीव तीर्थंकर हुवे है या होंगे वह सब इन वीस बोलोंका सेवन कीया है और करेंग इति।

॥ सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम् ॥

—»≡«—

थोकडा नम्बर १४

(जलदी मोक्ष जानेके २३ बोल)

(१) मोक्षकी अभिलाषा रखनेवाला जलदी २ मोक्ष जावे।
(२) तीव्र-उग्र तपश्चर्या करनेसे ,, ,,
(३) गुरुगम्यतापूर्वक सूत्र-सिद्धान्त सुने तो जलदी २ ,,
(४) आगम सुनके उनोंमें प्रवृत्ति करनेसे ,, ,,
(५) पांचो इन्द्रियोंका दमन करनेसे ,, ,,
(६) छे कायाको जानके उन जीवोंकी रक्षा करे तो ज० ,,
(७) भोजन समय साधु-साध्वीयोंकी भावना भावे तो जलदी २ मोक्ष जावे।
(८) आप सद्ज्ञान पढे और दुसरोंको पढावे तो ज० मोक्ष जावे
(९) नव निदान न करे तथा नौ कोटी प्रत्याख्यान करनेसे ,,
(१०) दश प्रकारकी वैयावच्च करनेसे जलदी २ मोक्ष जावे।
(११) कषायको निर्मुल करे पतली पाडे तो ,, ,,
(१२) छती शक्ति क्षमा करे तो ,, ,,
(१३) लगा हुवा पापकी शीघ्र आलोचना करनेसे ज० ,,
(१४) ग्रहन किये हुवे नियम अभिग्रहको निर्मल पाले तो जलदी २ मोक्ष जावे।
(१५) अभयदान-सुपात्रदान देनेसे जलदी २ मोक्ष जावे।
(१६) सच्चे मनसे शील-ब्रह्मचर्य व्रत पालनेसे ज० ,,
(१७) निर्वद्य (पापरहित) मधुरवचन बोलनेसे ,, ,,
(१८) लिया हुवा संयमभारको स्थितोस्थित पहुंचानेसे जलदी २ मोक्ष जावे।

(१९) धर्मध्यान-शुक्लध्यान ध्यानेसे जलदी २ मोक्ष जावे।
(२०) एक मासमें छे छे पौषध करनेसे ,, ,,
(२१) उभयकाल प्रतिक्रमण करनेसे ,, ,,
(२२) रात्रीके अन्तमें धर्मजाग्रना (तीन मनोरथ) करे तो जलदी २ मोक्ष जावे।
(२३) आराधि हो आलोचना कर समाधि मरन मरे तो जलदी २ मोक्ष जावे।

इन तेवीस बोलोंको पहले सम्यक्प्रकारसे जानके सेवन करनेसे जीव जलदी २ मोक्ष जाते है इति।

॥ सेव भंते सेव भंते तमेव सचम् ॥

थोकडा नम्बर १५

(परम कल्याणके ४० बोल)

जीवों के परम कल्याण के लिये आगमोंसे अति उपयोगी बोलोंका सग्रह किया जाता है

(१) समकित निर्मल पालनेसे 'जीवोंका परमकल्याण' होता है। राजा श्रेणिक कि माफीक (श्री स्थानायाग सूत्र)

(२) तपश्चर्या कर निदान न करनेसे जीवोंका " परम कल्याण होता है " तामली तापसकि माफीक (सूत्र श्री भगवतीजी)

(३) मन वचन कायाके योगोंको निश्चल करनेसे जीवोंका " परम० " गजसुकमाल मुनिके माफीक (श्री अंतगढ सूत्र)

(४) ससामर्थ्य क्षमा धर्मको धारण कर नेसे जीवोंके " परम० " अर्जुनमालीकि माफीक (श्री अंतगढ सूत्र)

(५) पांचमहाव्रत निर्मला पालनेसे जीवोंके " परम० " श्री गौतमस्वामिजीकि माफीक (श्री भगवतीजी सूत्र)

(६) प्रमाद त्याग अप्रामादि होनेसे जीवोंके " परम० " श्री शैलगराजऋषिकी माफीक (श्री ज्ञातासूत्र)

(७) पांचों इन्द्रियोंका दमन करनेसे जीवोंके " परम० " श्री हरकेशी मुनिराजकि माफीक (श्री उत्तराध्यायनजी सूत्र)

(८) अपने मित्रोंके साथ मायावृति न करनेसे जीवोंके "परम०" मल्लिनाथजीके पुर्वभवके छे मित्रोंकि माफीक (ज्ञातासूत्र)

(९) धर्म चर्चा करनेसे जीवोंका " परम० " जैसे केशी-स्वामी गौतमस्वामीकी माफीक (श्री उत्तराध्ययनजी सूत्र)

(१०) सच्चा धर्मपर श्रद्धा रखनेसे जीवोंका " परम० " वर्णनागनत्वाके वालमित्रकी माफीक (श्री भगवती सूत्र)

(११) जगत्के जीवोंपर करुणाभाव रखनेसे जीवोंके "परम०" मेघकुमारके पूर्व हाथीके भवकी माफीक (श्री ज्ञातासूत्र)

(१२) सत्य वात निःशंकपणे करनेसे जीवोंका ' परम० ' आनन्द श्रावक और गौतमस्वामीके माफीक (उपासक दशांग सूत्र०)

(१३) आपत्त समय नियम-व्रतमें मजवूति रखनेसे 'परम०' अम्बडपरिव्राज्यके सातसे शिष्योंकि माफीक (श्री उववाइजी सूत्र०)

(१४) सच्चे मन शील पालनेसे जीवोंका ' परम० ' सुदर्शन शेठकी माफीक (सुदर्शन चरित्र)

(१५) परिग्रहकी ममत्वका त्याग करनेसे जीवोंका 'परम०' कपील ब्राह्मणकि माफीक (श्री उत्तराध्ययनजी सूत्र)

(१६) उदार भावसे सूपात्र दान देनेसे जीवोंका ' परम० ' शौमक गाथापतिकि माफक (श्री वीपाक सूत्र)

(१७) अपने व्रतोंसे गीरते हुवे जीवोंको स्थिर करनेसे ' परम० ' राजमति और रहनेमिकी माफीक (श्री उत्तराध्ययन सूत्र०)

(१८) उग्र तपश्चर्या करते हुवे जीवोंका ' परम० ' धन्ना-मुनिकि माफीक (श्री अनुत्तर उववाइ सूत्र)

(१९) अग्लानपणे गुरवादिकिवेयावच करनेसे ' परम० ' पन्थकमुनिकी माफीक (श्री ज्ञातासूत्र)

(२०) सदैव अनित्य भावना भावनेसे जीवोंका ' परम० ' भरतचक्रवर्त्तिकि माफीक (श्री जम्बुद्विपप्रज्ञप्ति सूत्र)

(२१) प्रणामोंकि लहरोंको रोकनेसे जीवोंके ' परम० ' प्रसन्नचन्द्रमुनिकी माफीक (श्रेणिकचरित्रमें)

(२२) सत्यज्ञानपर श्रद्धा रखनेसे जीवोंके ' परम० ' अर्ह-न्नक श्रावककी माफीक (श्री ज्ञातासूत्र)

(२३) चतुर्विधसंघकि वैयावच करनेसे जीवोंके ' परम० ' सनत्कुमार चक्रवर्त्तिके पुर्वके भवकि माफीक (श्री भगवती सूत्र)

(२४) चढते भावोंसे मुनियोंकि वैयावच करनेसे 'परम०' बाहुबलजीके पुर्वभवकी माफीक (श्री ऋषभचरित्र)

(२५) शुद्ध अभिग्रह करनेसे जीवोंके ' परम० ' पांच पाण्डवोंकि माफीक (श्री ज्ञातासूत्र)

(२६) धर्म दलाली करनेसे जीवोंके " परम० " श्रीकृष्ण नरेशकि माफीक (श्री अंतगडदशांग सूत्र)

(२७) सूत्रज्ञानकि भक्ति करनेसे जीवोंके " परम० " उदाइराजाकि माफिक (श्री भगवतीसूत्र)

(२८) जीवदया पाले तों जीवोंके " परम० " श्री धर्मरूची अणगारकी माफीक (श्री ज्ञातासूत्र)

(२९) व्रतोंसे गीरजानेपरभी चेतजानेसे " परम० " अरणिकमुनिकी माफीक। (श्री आवश्यक सूत्र)

(३०) आपत्त आनेपरभी धैर्यता रखनेसे ' परम० ' खंधक मुनिकी माफीक। (श्री आवश्यक सूत्र)

(३१) जिनराज देवोंकि भक्ति और नाटक करनेसे जीवोंके ' परम० ' प्रभावती राणीकी माफीक (श्री उत्तराध्ययन सूत्र)

(३२) परमेश्वरकी त्रिकाल पुजा करनेसे जीवोंके ' परम० ' शान्तिनाथजीके पुर्वभव मेघरथ राजाकी माफीक (शान्तिनाथ चरित्र)

(३३) छती शक्ति क्षमा करनेसे जीवोंके ' परम० ' प्रदेशी राजाकी माफीक (श्री रायपसेनी सूत्र)

(३४) परमेश्वरके आगे भक्ति सहित नाटक करनेसे ' परम० ' रावण राजाकी माफीक (त्रिषष्टीशलाका पुरुष चरित्र)

(३५) देवादिके उपसर्ग सहन करनेसे ' परम० ' कामदेव श्रावककी माफीक (श्री उपासक दशांग सूत्र)

(३६) निर्भीकतासे भगवानको वन्दन करनेको जानेसे ' परम० ' श्री सुदर्शन शेठकी माफीक (श्री अन्तगड दशांग सूत्र)

(३७) चर्चा कर वादीयोंको पराजय करनेसे ' परम० ' मंडुक श्रावककी माफीक (श्री भगवती सूत्र)

(३८) शुद्ध भावोंसे चैत्यवन्दन करनेसे जीवोंके ' परम० ' जगवल्लभाचार्यकी माफीक (पुजा प्रकरण)

(३९) शुद्ध भावोंसे प्रभुपुजा करनेसे जीवोंके ' परम० ' नागकेतुकी माफीक (श्री कल्पसूत्र)

(४०) जिनप्रतिमाके दर्शन कर शुभ भावना भावनेसे ' परम० ' आर्द्रकुमारकी माफीक (श्री सूत्र कृतांग)

इन बोलोंको कण्ठस्थ कर सदैवके लिये स्मरण करना और यथाशक्ति गुणोंको प्राप्त कर परम कल्याण करना चाहिये।

॥ सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम् ॥

थोकडा नम्बर १६.

(श्री सिद्धोंकी अल्पाबहुत्वके १०८ बोल)

ज्ञान दर्शन चारित्रकी आराधना करनेवाले भाइयोंको इस अल्पाबहुत्वको कण्ठस्थ कर सदैव स्मरण करना चाहिये।

(१) सर्व स्तोक एक समयमें १०८ सिद्ध हुवे।
(२) उनोंसे एक समयमें १०७ „ अनंतगुणे।
(३) उनोंसे एक समयमें १०६ „ „
एवं ५८ वा बोलमें एक समयमें ५१ „ „
(५९) उनोंसे एक समयमें ५० „ असंख्यातगुणे।
(६०) उनोंसे एक समयमें ४९ „ „
(६१) उनोंसे एक समयमें ४८ „ „
एवं यावत् ८४ वा बोलमें एक समयमें २५ सिद्ध हुवे अस० गु०
(८५) उनोंसे एक समय २४ सिद्ध हुवे संख्यातगुणे०
(८६) उनोंसे एक समय २३ „ „ „
एवं यावत् १०८ वा बोलमें एक समयमें एक „ „

यह १०८ बोलोंकी 'माला' सदैव गुणनेसे कर्मोकी महा निर्जरा होती है वास्ते मुमुक्षुओंको प्रमाद छोड प्रात कालमें इस मालाको गुणनेसे सर्व कार्य सिद्ध होते है इति।

॥ सेवंभंते सेवंभंते तमेव सच्चम् ॥

थोकडा नम्बर १७

(सूत्र श्री जम्बुद्विप प्रज्ञप्ति—छे आरा.)

भगवान वीरप्रभु अपने शिष्य इन्द्रभूति अनगार प्रति कहते है कि हे गौतम इन आरापार संसारके अन्दर कर्म प्रेरित अनंते जीव अनंते काल से परिभ्रमन कर रहे है कालकि आदि नही है और अंत भी नही है.

भरत–ऐरवतक्षैत्रकि अपेक्षा अवसर्पिणी उत्सर्पिणी कही जाती है वह दश कोडाकोड सागरोपमकि अवसर्पिणी और दश कोडाकोड सागरोपमकी उत्सर्पिणी एवं दोनों मीलके वीस कोडा-कोडी सागरोपमका कालचक्र होता है एवं अनंते कालचक्रका एक पुद्गल परावर्तन होता है एसे अनंते पुद्गल परावर्तन भूतकालमें हो गये है और भविष्यमें अनन्ते पुद्गल परावर्तन हो जायगा.

हे गौतम में आज इन भरतक्षेत्रमें अवसर्पिणी कालका ही व्याख्यान करता हुं तुं एकाग्रचित्त कर श्रवण कर ।

एक अवसर्पिणी काल दश कोडाकोड सागरोपमका होता है जिस्के छे विभाग रूपी छे आरा होते है यथा—(१) सुखमा सुखमा (२) सुखमा (३) सुखमा दुःखमा (४) दुःखमा सुखमा (५) दुःखमा (६) दुःखमा दुःखमा इति छे आरा ।

(१) प्रथम सुखमा सुखम आरा च्यार कोडाकोड सागरोपमका है इस आराके आदिमे यह भारतभूमि वडी ही सन्य रमणिय सुन्दराकार और सौभाग्यको धारण करनेवाली थी. पाहाड पर्वत खाइ खाडा याने विषमपणाकर रहित इन भूमिका विभाग पांच प्रकारके रत्न से अच्छा मंडित था. चोतर्फसे वन

राजी पत्र पुष्प फलादिकि ?समी मे अपनी छटा दीखा रही थी दश प्रकारके कल्पवृक्ष अनेक विभागार्मे अपनि उदारता प्रदर्शन कर रहे थे भूमिका वर्ण बडा ही सुन्दर मनोहर था स्थान स्थान वापी कुवे पुष्करणी वापी अच्छा पथ पाणी से भरी हुइ लेहरां कर रही थी भूमिका रस मानो कालपी मीसरी माफीक मधुर और स्वादिष्ट था भूमिकी गन्ध चोतर्फ से सुगन्ध ही सुगन्ध दे रही थी भूमिका स्पर्श बडा ही सुकुमाल मक्खनकि माफीक था एक वारीस होनेपर दश हजार वर्ष तक उनकी सरसाइ बनी रहती थी

हे गौतम उन समयके मनुष्य युगल कहलाते थे कारण उन समय उन मनुष्योंके जीवनमे एक ही युगल पैदा होते थे उनांके मातापिता ४९ दिन उनोंका सरक्षण करते थे फीर वह ही युगल गृहवास कर लेते थे वास्ते उन मनुष्योंको 'युगलीये' मनुष्य कहा जाते थे वह बडे ही भद्रीक प्रकृतिवाले सरल स्वभावी विनयमय तों उनका जीवन ही थे उन मनुष्योंके प्रेमबन्धन या ममत्वभाव तों बीलकुल ही नही था उन जमानेमें उन मनुष्योंके लिये राजनीती और कानुन कायदायोंकि तो आवश्यक्ता ही नही थी कारण जहा ममत्व भाव होते हैं वहा राजसत्ताकि जरूरत होती है वह उन मनुष्योंके थी नही। वह मनुष्य पुन्यवान तो इतने थे कि जब कीसी पदार्थ भोग उपभोगके लिये जरूरत होती तों उनाके पुन्योदय वह दशजातिके कल्पवृक्ष उसी वख्त मनो कामना पूरण कर देते थे। उन कल्पवृक्षोंके नाम और गुण इस माफीक था।

(१) मत्तागा=उत्त पदार्थोंर मदिराके दातार

(२) भृगांगा=थाल कटोर गीलासादि वरतनोंके दातार

(३) तुडांगा=४९ जातिके वाजित्रोंके दातार.

(४) जोयांगा=सूर्य चन्द्रसे भी अधिक ज्योतीके दातार.

(५) दीपांगा=दीपक चराख मणि आदिके प्रकाश ,,

(६) चित्तगांगा=पांचवर्णके सुगन्धी पुष्पोंकि मालाओंके ,,

(७) चित्तरसा=अनेक प्रकारके पाक पक्वानके भोजन सुन्दर स्वादिष्ट पौष्टीक मनगमते भोजनके दातार.

(८) मणियांगा=अनेक प्रकारके मणि रत्न मुक्ताफल सुवर्ण मंडित कमवजन अधिक मूल्य वेसे भूषणोंके दातार।

(९) गेहगारा=उंचे उंचे शीखरवाला मनोहर प्रासाद भुवन महल शय्या संयुक्त मकानके दातार।

(१०) अणिअणा=उम्मदा सुकमाल वस्त्रोंके दातार।

यह दश जातिके कल्पवृक्ष युगल मनुष्योंके मनोर्थ पुरण करते थे.

हे गौतम! उन मनुष्योंके उन समय तीन पल्योपमका× आयुष्य तीन गाउका शरीर और शरीरके २५६ पांसलीयों थी. वज्रऋषभ नाराच संहनन समचतुस्र संस्थान, उन स्त्री पुरुषोंका रूप जोवन लावण्य चातुर्य सौभाग्य सुन्दरता बहुत ही अच्छी थी, क्रमशः काल वीतने लगा तब उतरते आरे उन मनुष्योंका दो पल्योपमका आयुष्य दो गाउकी अवगाहना शरीरकि पांसलीयों १२८ रही वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्शमें अनंतीहोनी होने लगी। भूमिका रस खंडा जेसा रह गया। आराके आदिमें उन युगल मनुष्योंकों तीन

× दश जातिके कल्पवृक्षोकों जीवाभिगम सूत्रमें 'विसेसपरणिया' कहा है जीस्कों कइ आचार्य कहते है कि उन वृक्षोंके अधिष्टन देवता है वह युगल मनुष्योंकि इच्छा पुरण करते है केइ कहते है कि युगलीयोंके स्वभावी पुन्य होनेसे स्वभावी उनी पदार्थ द्वारा प्रणम जाते है। तत्व केवलिगम्यं।

दिनोंसे आहारकि इच्छा होती थी जब शरीर प्रमाणे आहार करते थे फीर आराके अन्तमें दो दीनोंसे आहारकि इच्छा होने लगी

युगल मनुष्योंके शेष छेमास आयुष्य रहता है तब उनोंके परभवको आयुष्य बन्ध जाता है युगल मनुष्योंका आयुष्य नोक्रमी होता है। युगलनीके एक युगल (बचाबची) पेदा होते हैं उनोंको ४९ दिन "प्रतिपालना करके युगल मनुष्यको छींक आति है और युगलनीकों उभासी आती है बस इतनेमें यह दोनों साथहीमें कालधर्मको प्राप्त हो देवगतिमें चले जाते है।

उन समय सिंह व्याघ्र चित्ता रीच्छ सर्प बीच्छु गौ भैंस हस्ति अश्वादि जानवर भी होते हैं परन्तु यह भी बडे भद्रीक प्रकृतिवाले कीसी जीवोंके साथ न वैरभाव रखते है न कीसीको तकलीफ देते है उनोंकीभी गति देवतावोंकी ही होती है। युगल मनुष्य उसे कोसी काममें नहीं लेते हैं।

उन समय न कसी मसी असी वीणज्य वैपार है न राजा प्रजा होती है वहाके मनुष्य तथा पशु स्वइच्छानुसार घूमा करते है। जेसा यह प्रथम आरा है जीसकि आदिमें जो वर्णन किया है वैसाही देवकुरू उत्तरकुरु युगलक्षेत्रका वर्णन समज लेना चाहिये।

पुर्वभवमें कीये हुवे सुकृत कर्मका उदय अनुभाग रसको वहा पर भोगवते है। इति प्रथम भाग।

पहले आरेके अन्तमें दुसरा आरा प्रारंभ होते है तब अनते वर्ण गन्ध रस स्पर्श संस्थान संहनन गुरुलघु अगुरुलघु पर्यायकी हानी होती है। । दुसरा सुखम, नामका आरा तीन क्रोडाक्रोड सागरोपमका होता है जीसका वर्णन प्रथम आराकि माफीक समजना इतना विशेष है कि उन मनुष्योंकि आराके आदिमें दो

गाउकी अवगाहना. दो पल्योपमकी स्थिति, शरीरके पांसलीयों १२८ संहनन सस्थान स्त्रि पुरुषोंके शरीरके वर्णन प्रथमाराके माफीक समजना आराके आदिमें खांड जेसी भूमिका सरसाई है उत्तरते आरे एक गाउकी अवगाहाना एक पल्योपमकी स्थिति शरीरके ६४ पासलीयों भूमिका सरसाइ गुड जेसी रहेगी उन मनुष्योंको दो दिनोंसे आहारकि इच्छा होगी तब वहही शरीर प्रमाणे आहारकि कल्पवृक्ष पुरती करेंगे, दुसरे आराके युगलनी युगलको जन्म देंगी वह ६४ दिन संरक्षण कर वहही छींक उभासी होतेही स्वर्गगमन करेंगे । इसी माफीक हरीवास रम्यकूवासके युगलोंकाधिकार भी समजना।

दूसरे आरेके अन्तमें तीसरा आरा प्रारंभ होते है तब दुसरे आरेकि निष्पत् अनंते वर्णगन्ध रस स्पर्श संहनन संस्थानादि पर्याय हीन होगा।

तीसरा सुखमादुखम आरा दो कोडाकोड सागरोपमका है उस्मेंभी युगल मनुष्यही होते है उनोंका आयुष्य एक पल्योपमका, अवगाहना एक गाउकी. शरीरके पासलीये ६४ होती है शेष शरीरके संहनन संस्थानरूप जोवनादि पुर्ववत् समजना. उत्तरते आरे कोडपुर्वका आयुष्य पांचसो धनुष्यकि अवगाहना ३२ पासलीयो होती है. एक दिनके अंतरसे आहारकि इच्छा होती है वह कल्पवृक्षपुर्ण करते है भूमिकी सरसाइ गुल जेसी होती है। छे मास पहलेपरभवका आयुष्य बन्धते है वह युगल मनुष्य ७९ दिन अपने बच्चाबच्चीकी प्रतिपालना कर स्वर्गको गमन करते हैं। इन आरामें सुख ज्यादा है और दुःख स्वल्प है इसी माफीक हेमवय, एरण्यवययुगल क्षेत्र भी समजना।

इन तीसरे आरे के दो विभाग तो युगलपनेमें ही व्यतित हुवे जीसका वर्णन उपर कर चुके है । अब जोतीसरा विभाग रहा है उनोंका वर्णन इस माफीक है। जेसे जेसे कालके प्रभाव-

से हानि होने लगी इसी माफीक कल्पवृक्ष भी निरस होने लगे फल देनेमें भी सकुचितपना होनेसे युगल मनुष्योंके चित्तमें चचलता व्याप्त होने लगी इस समय रागद्वेषने भी अपना पग-पसारा करना सरु कर दीया इन कारणों से युगल मनुष्यो में अधिपति की आवश्यक्ता होने लगी तब कुलकरों कि स्थापन हुइ पहले के पाचकुलकरा के 'हकार' नामका नीति दड हुवा अगर कोइ भी युगल अनुचित कार्य करे तों उसे यह कुलकर दड देता है कि 'हे बस इतनेमे यह मनुष्य लज्जीत होके फीर जन्म भरमे कोइभी अनुचित कार्य नही करता इस नितीसे केइ काल व्यतित हुवा जब उन रागद्वेष का जोर बढने लगा तब दुसरे पाच कुलकरोंने 'मकार' नामका दड नीकाला, अगर कोइ युगल मनुष्य अनुचित कार्य करे तों यह अधिपति कहते थि 'म' याने यह कार्य मत्त करों इतने मे यह मनुष्य लज्जीत हो जाता था बाद रागद्वेषका भाइ क्लेशने भी अपना राज्य जमाना सरू कीया जब तीसरे पाच कुलकरोंने 'धीकार' नामका दंड देना सरू कीया इन पद्रह कुलकरोंद्वारा तीन प्रकार के दड से नीति चलती रही जब तीसरे आराके ८४ चोरासी लक्ष पूर्व और तीन वर्ष साढे आठ मास शेष बाकी रहा उन समय सर्वार्थ सिद्ध महा वैमान से चवके भगवान ऋषभदेवने, नाभीराजा के मरुदेवो भार्या कि रत्नकूक्षीमें अवतार लीया माताको वृषभादि चौदा सुपना आये उनोंका अर्थ खुद नाभीराजने ही कहा क्रमश भगवानका जन्म हुवा चौसठ इन्द्रोंने महोत्सव कीया युवक वयमे सुनन्दा सुमगला के साथ भगवानका व्याह (लग्न) कीया जीसके रीत रस्म सब इन्द्र इन्द्राणीयों ने करीथी फीर भगवान् ऋषभदेवने पुरुषोंकी ७२ कला और स्त्रियोंकी ६४ कला बतलाइ

कारण प्रभु अवधिज्ञान संयुक्त थे वह जानते थे कि अब कल्पवृक्ष तो फल देंगे नही और नीति न होगी तो भविष्य में वडा भारी नुकशान होगा दुराचार वढ जायगें इस वास्ते भगवान ने उन मनुष्यों कों असी मसी कसी आदि कर्म करना वतलाके नीतिके अन्दर स्थापन कीया । वस यहां से युगलधर्म का विलकुल लोप होगया अब नितिके साथ लग्न करना अन्नादि खाद्य पदार्थ पेदा करना और भगवान् आदीश्वर के आदेश माफीक वरताव करना वह लोग अपना कर्तव्य समजने लग गये. भगवान् एसे वीस लक्ष पुर्व कुमार पद में रहै इन्द्र महाराज मीलके भगवान् का राज्याभिषेक कीया भगवान् इक्ष्वाकुवंस उग्रादिकुल स्थापन कर उनोंके साथ ६३ लक्षपूर्व राजपद कों चलाये अर्थात् ८३ लक्षपूर्व गृहवास सेवन किया जीसमें भरत वाहुवल आदि १०० पुत्र तथा ब्राह्मी, सुन्दरी आदि दो पुत्रीयें हुइ थी अयोध्या नगरी कि स्थापना पहलेसे इन्द्र महाराजने करी थी और भी ग्राम नगर पुर पाटण आदि से भूमंडल वडाही शोभने लग रहाथा. भगवानके दीक्षाके समय नौलोंकान्तिक देव आके भगवान् से अर्ज करी कि हे प्रभों ! जेसे आप नितीधर्म वतलाके क्लेश पाते युगलीयोंका उद्धार किया है इसी माफीक अब आप दीक्षा धारण कर भव्य जीवोंका संसार से उद्धार कर मोक्षमार्ग को प्रचलीत करों. उनसमय भगवान् संवत्सर दान दे के भरतकों अयोध्याका राज वाहुवलकों तक्षशीला का राज ओर ९८ भाइ-योंकों अन्यदेशोंका राज दे ४००० राजपुत्रोंके साथ दीक्षा ग्रहन करी । भगवान् के एक वर्ष तक का अन्तराय कर्म था और युगल मनुष्य अज्ञात होनेसे एक वर्ष तक आहार पाणी न मीलने से वह ४००० शिष्य जंगलमें जाके फलफूल भक्षण करने लग गयें. जब भगवान् ने वरसीतपका पारणा श्रेयांसकुमार के वहां

किया तयसे मनुष्य आहार पाणी देना सीखे भगवान् १००० वर्ष छद्मस्थ रह के केवल ज्ञानकी प्राप्ति के लिये पुरीमताल नगरके उद्यानमे आये भगवान को केवल ज्ञानोत्पन्न हुवा वह वधाइ भरत महाराज को पहुची उस समय भरत राजाके आयुधशालामें चक्ररत्न उत्पन्न हुवा एक तरफ पुत्र होनेकी वधाइ आइ, एवं तीनों कार्य बडा महोत्सवका था, परन्तु भरत राजाने विचार कीया कि चक्ररत्न और पुत्र होना तो समारवृद्धिका कार्य है परन्तु मेरे पिताजीको केवलज्ञान हुवा वास्ते प्रथम यह महोत्सव करना चाहिये क्रमश महोत्सव कीया माता मरूदेवी को हस्ती पर बैठा के लाये माताजी अपने पुत्र (ऋषभदेव) को देख पहले बहुत मोहनी करी फीर आत्म भावना करते हस्तीपर बैठी हुई माताको केवलज्ञान उत्पन्न हुवा और हस्तीके स्कंधेपरमे ही मोक्ष पधार गये भगवान के ४००० शिष्य वापिस आगये औरभी ८४ गणधर ८४००० साधु हुवे और अनेक भव्य जीवोंका उद्धार करते हुवे भगवान आदीश्वरजी एक लक्ष पुर्व दीक्षा पाल मोक्षमार्ग चालुकर अन्तमे १०००० मुनिवरोंके साथ अष्टापदजीपर मोक्ष पधार गये इन्द्रोंका यह फर्ज है कि भगवान के जन्म, दीक्षाग्रहन केवल ज्ञानोत्पन्न और निर्वाण महोत्सवके समय भक्ति करे इस कर्तव्यानुसार सभी महोत्सव कीये अन्तमे इन्द्र महाराजने अष्टापद पर्वत्‌पर रत्नमय तीनवडे ही विशाल स्तुप कराये और भरत महाराज उन अष्टापद पर २४ भगवान के २४ मन्दिर बनवा के अपना जन्म सफल कीया था इस बखत तीजा आरा के तीन वर्ष साडा आठ मास बाकी रहा है जोकि युगलीये मरके एक देव गति मेंही जाते थे अब यह मनुष्य कर्मभूमि हो जाने से नरक तीर्यंच मनुष्य देव और केइ केइ सिद्ध गतिमें भी जाने लगगये है। तीसरे आरे के अन्तमें क्रोड पूर्वका आयुष्य, पाचसो धनुष्य का

शरीर, मान ३२ पासलीयों यावत् वर्ण गन्ध रस स्पर्श संहनन संस्थानादिके पर्यव अनंते अनंत हानि होने लगे. धर्ती की सरसाइ गुल जैसी रही.

तीसरा आरा उतर के चोथा आरा लगा वह ४२००० वर्ष कम, एक कोडाकोड सागरोपमका है जिस्मे कर्मभूमि मनुष्य जघन्य अन्तर महुर्त, उत्कृष्ट क्रोड पूर्वका आयुष्य जघन्य अंगुल के असंख्य भाग उत्कृष्ट पांचसो धनुष्य कि अवगाहना थी शरीर के पांसलीयों ३२थी संहनन छे, संस्थान छे था. जमीनकी सरसाइथी स्निग्ध संयुक्त मनुष्यों के प्रतिदिन आहार करने कि इच्छा उत्पन्न होती थी भगवान ऋषभदेव और भरतचक्रवर्त्ति यह दो शीलाके पुरुष तो तीसरे आरा के अन्तमें हुवे और शेष २३ तीर्थंकर, ११ चक्रवर्त्ति ९ बलदेव. ९ वासुदेव. ९ प्रतिवासुदेव यह सब चोथा आरामें हुवे थे।

भगवान ऋषभदेव के पाटोनपाट असंख्यात जीव मोक्ष गये तत्पश्चात् अजितनाथ भगवान् का शासन प्रवृत्तमान हुवा क्रमशः नौवो सुविधिनाथ भगवान् तक अविच्छिन्न शासन चला फीर हुन्डा सर्पिणी के प्रयोगसे शाशन उच्छेद हुवा फीर शीतलनाथ भगवान् से शासन चला एवं श्री धर्मनाथजी के शासन तक अंतरे अंतरे धर्म विच्छेद हुवा बाद में श्री शान्तिनाथ प्रभु अवतार लीया वहांसे श्री पार्श्वनाथ प्रभु तक अवच्छिन्न शासन चला बाद में चोथा आराके ७५ वर्ष आढा आठ मास बाकी रहा। पाठ कों। तब दशवा स्वर्ग से चवके क्षत्रीकुंड नगर के सिद्धार्थ राजा कि त्रिसलादे राणी के रत्नकुक्षमें श्री वीर भगवान् अवतार धारण कीया माता कों १४ स्वप्ना यावत् भगवान् का जन्म हुवा ६४ इन्द्र मील के भगवान का जन्म महोत्सव कीया बाद में राजा

सिद्धार्थ जन्म महोत्सव कीया था उनसमय जिन मन्दिरोंमें सेंकडों पुजाओं कर अनुक्रमसे ३० वर्ष भगवान गृहवास में रहके बाद दिक्षा ग्रहन कर साढे बारह वर्ष घोर तपश्चर्या कर के केवलज्ञान कि प्राप्ती कर तीस वर्ष तक भव्य जीवोंका उद्धार कर सर्व ७२ वर्षो का आयुष्य पाल आप मोक्ष मे पधार गये उससमय भगवान् गौतम स्वामि को केवलज्ञान उत्पन्न हुवा जिस्का महा महोत्सव इन्द्रादिकने कीया।

चोथा आराम दुःख ज्यादा और सुख स्वल्प है आरा के अन्तमें मनुष्यों का आयुष्य उत्कृष्ट १२० वर्षका शरीरकी उंचाइ सात हाथकी पासलीयों १६ धरतीकी सरसाइ मटी जेसी थी एक दिनमें अनेकावार आहारकी इच्छा उत्पन्न होती थी

जब चोथा आरा समाप्त हो पांचवा आरा लगा तब वर्ण-गन्ध रस स्पर्श सहनन संस्थान के पर्यव अनंते हीन हुये धरतीकी सरसाइ मटी जेसी रही।

पांचवा आरा २१००० वर्षोका होता आरा के आदिमें १२० वर्षोका मनुष्योंका आयुष्य ७ हाथका शरीर-शरीर के छे संहनन छे संस्थान १६ पासलीया होवें चोसठ वर्ष केवलज्ञान (८ वर्ष गौतमस्वामि १२ सोधर्मस्वामि ४४ जम्बुस्वामि) पांचवे आरे के मनुष्यों को आहारकी इच्छा अनियमित होगा।

जम्बु स्वामि मोक्ष जाने पर १० बोलोंका उच्छेद होगा यथा-परमावधिज्ञान, मनःपर्यव ज्ञान, केवलज्ञान, परिहार विशुद्धि चारित्र, सुक्षमसंपराय चारित्र, यथाख्यात चारित्र, पुलाक लब्धि, आहारक शरीर, क्षायकश्रेणी, जिन कल्पीपना,

प्रसंगोपात पांचवे आरे के धर्म धुरंधर आचार्योंके नाम:

(१) श्री सयंप्रभसूरि जैनपोरवाल श्रीमालोंके कर्ता
(२) श्री रत्नप्रभसूरि उपलदे राजादि को जैन ओसवाल कीये
(३) श्री यक्षदेवसूरि सवालक्ष जैन बनानेवाला
(४) श्री प्रभवस्वामि सज्जंभवभट्टके प्रतिबोधक
(५) श्री सज्जंभवाचार्य दशवैकालक के कर्ता
(६) श्रीभद्रबाहुस्वामि निर्युक्ति के कर्ता
(७) श्री सुहस्ती आचार्य राजा संप्रती प्रतिबोधक
(८) श्री उमास्वाति आचार्य पांचसो ग्रन्थ के कर्ता
(९) श्री श्यामाचार्य श्री प्रज्ञापना सूत्र के कर्ता
(१०) श्री सिद्धसेन दीवाकर विक्रमराजा प्रतिबोधक
(११) श्री वज्रस्वामि जिनमन्दिरोंकी आशातना मीटानेवाले
(१२) कालकाचार्य शालीवाहन राजा प्रतिबोधक
(१३) श्री गन्धहस्ती आचार्य प्रथम टीकाकार
(१४) श्री जिनभद्रगणी आचार्य भाष्यकर्ता
(१५) श्री देवऋद्धि खमासमण आगम पुस्तकारूढ कर्ता
(१६) श्री हरिभद्रसूरि १४४४ ग्रन्थ के कर्ता
(१७) श्री देवगुप्तसूरी निवृत्यादि च्यार साखोंके कर्ता
(१८) श्री शीलगुणाचार्य श्री मल्लवादि श्री वृद्धवादी
(१९) श्री जिनेश्वरसूरी श्री जिन वल्लभसूरी संघपट्टक कर्ता
(२०) श्री जिनदत्तसूरी जैन ओसवाल कर्ता
(२१) श्री कक्कसूरी आचार्य अनेक ग्रन्थकर्ता
(२२) श्री कलीकाल सर्वज्ञ श्री हेमचन्द्राचार्य, राजा कुमारपाल प्रतिबोधक

(२३) श्री हिरविजयसूरी पादशाह अकबर प्रतिबोधक।

इत्यादि हजारों आचार्य जो जैनधर्मके स्थभमूत हो गये है उनोंके प्रभावशाली धर्मोपदेशसे विमलशा, वस्तुपाल, कर्माशा जावडशा भैमाशा धन्नाशा भामाशा सोमानादि अनेक वोरपुरुषोंने जैनधर्मकि प्रभावना करी थी इति

पांचवे आरा में कालके प्रभावसे कीतनेक लोग ऐसेभी होंग और इस आर्यभूमिका वर्णन जो पुर्व महा ऋषियोंने इस माफीक कीया है।

(१) बडे बडे नगर उजडसा या गामडे जैसे हो जावेंगे
(२) ग्राम होगा वह श्मशान जैसे हो जायगे
(३) उच कुलके मनुष्य दास दासीपना करने लग जायगे
(४) जनता जिन्होंपर आधार रखे वह प्रधान लाचहीये होंगे मुदाइ मुवायले दोनोंका भक्षण करेंगे
(५) प्रजाके पालन करनेवाले राजा यम जैसे होंगे
(६) उच कुलकि ओरतें निर्लज्ञ हो अत्याचार करेंगी
(७) अच्छे खानदानकि ओरतों वैश्या जैसे वेश या नाच करेंगी निर्लज्ञ हों अत्याचार करेंगे
(८) पुत्र कुपुत्र हो आपत्त कालमें पिताको छोडके भाग जावेंगे मारपीट दावा फीरयादि करेंगे
(९) शिष्य अविनीत हो गुरु देवोंका अवगुनवाद बोलेंगे
(१०) दुष्ट लपट दुर्जन लोग कुच्छ समय सुखी होंगे
(११) दुर्भिक्ष दुष्काल बहुत पडेंगे
(१२) सदाचारी सज्जन लोग दु खी होंगे
(१३) उदर सर्प टोडी आदि क्षुद्र जीवोंके उपद्रव होंगे
(१४) ब्राह्मण योगी साधु अर्थ (धन) के लालची होंगे

(१५) हिंसा धर्म (यज्ञहोम) के प्ररूपक पाखंडी बहुत होगें

(१६) एकेक धर्मके अन्दर अनेक अनेक भेद होगे

(१७) जीस धर्मके अन्दरसे निकलेंगे उसी धर्मकी निंदा करेंगे उपकारके बदले अपकार करेंगे

(१८) मिथ्यात्वीदेव देवीयों बहुत पूजा पावेंगे । उनोंके उपासकभी बहुत होगें ।

(१९) सम्यग्दृष्टि देवोंके दर्शन मनुष्योंको दुर्लभ होगें ।

(२०) विद्याधरोंकि विद्यावोंका प्रभाव कम हो जायगें

(२१) गौरस दुध दही घृत) तैल गुड शाकरमें रस कम होगें

(२२) वृषभ गज अश्वादि पशु पक्षीयोंका आयुष्य कम होगा

(२३) साधु साध्वीयोंके मासकल्प जेसे क्षेत्र स्वल्प मीलेंगें

(२४) साधुकि १२ श्रावककी ११ प्रतिमावोंका लोप होगें

(२५) गुरु अपने शिष्योकों पढानेमें संकुचीतता रखेंगें ।

(२६) शिष्यशिष्यणीयों कलह कदाग्रही होगी ।

(२७) संघमें क्लेश टंटा पीसाद करनेवाले बहुत होगें ।

(२८) आचार्योंकि समाचारी अलग २ होगें अपनि अपनि सचाइ बतलानेके लिये उत्सूत्र बोलेंगें एक दुसरेको झूठा बतलायेंगें ममत्वभावसे वेशविटम्बिक कुलिंगी सन्मार्गसे पतित बनानेवाला बहुत होंगे ।

(२९) भद्रीक सरल स्वभावी अदल इन्साफी स्वल्प होंगे वहभी पाखंडीयोंसे सदैव डरते रहेंगें ।

(३०) म्लेच्छराजावोंका राज होगें सत्यकी हानि होगी ।

(३१) हिन्दु या उच्च कूलिन राजा, न्यायीराज स्वल्प होंगे।

(३२) अच्छे कूलीन राजा निचलोगोंकि सेवा करेंगें निच कार्य करेंगे ।

इत्यादि अनेक बोलोंसे यह पाचवा आरा कलंकित होगें। इन आरामें रत्न सूवर्ण चान्दी आदि धातु दिन प्रतिदिन कम होती जावेगी अन्तमें जीस्के घरमें मणभर लोहा मीलेंगे वह धनाव्य कहलावेंगे इन आरामें चमडेके कागजोंके चलन होगे इन आरामें सहनन बहुत मंद होगे अगर शुद्ध भावोंसे एक उपासभी करेगे वह पुर्वकि अपेक्षा मासखमण जेसा तपस्वी कहलायेंगे, उन समय श्रुतज्ञानकि क्रमशः हानि होगी अन्तमें श्री दशवैकालीक सूत्रके च्यार अध्ययन रहेंगे उनसे ही भव्य जीव आराधि होगें पांचवे आरेके अन्तमें सबमे च्यार जीव मुख्य रहेगें (१) दुप्पसाधूरी साधु (२) फाल्गुनी साध्वी (३) नागल श्रावक (४) नागला श्राविका यह च्यार उत्तम पुरुष सद्गतिगामी होगें।

पाचवे आरेके अन्तमें आसाढ पुर्णीमाकों प्रथम देवलोकमें शक्रेन्द्रका आसन कम्पायमान होगें जब इन्द्र उपयोग लगाके जानेंगें कि भरतक्षेत्रमें कल छठा आरा लगेगा तब इन्द्र मृत्युलोगमें आवेगे और कहेगेकि हे भव्यों! आज पाचवा आरा है कल छठा आरा लगेगें वास्ते अगर तुमकों आत्मकल्याण करना हो तों आलोचन प्रतिक्रमण कर अनसन करो इत्यादि इनपरसे वह ही च्यारों उत्तम पुरुष आलोचना प्रतिक्रमण कर अनसनकर देवगतिमें जावेगें शेष जीव बाल मरणसे मृत्युपाके परभव गमन करेंगे ? पाठकों यहही पाचमकाल अपने उपर वरत रहा है वास्ते सावचेत रहना उचित है।

पाचवे आरेके अन्तमें मनुष्योंका उत्कृष्ट वीस वर्षका आयुष्य एक हाथका शरीर चरम सहनन सस्थान रहेगा भूमिका दग्ध दग्धभूमि जेसा रहेगा वर्ण गन्ध रस स्पर्शादि सब अनंत भाग न्युन होगें पाचवा आरा उतरके छठा आरा लगेगा उनका वर्णन बडा ही भयकर है।

श्रावण कृष्ण प्रतिपदा के दिन संवर्तक नामका वायु चलनेसे पहलेपहर जैनधर्म, दुसरे पहर ३६३ पाखंडीयेका धर्म, तीजे पहर राजनीती, चोथे पहर बादर अग्निकाय विच्छेद होंगें उन समय गंगा सिंधु नदी, वैताढ्यगिरि पर्वत (सास्वतगिरी) और लवण समुद्र कि खाडि इनके सिवाय सब पर्वत पाहाड जंगल जाडी वृक्षादि वनस्पति घर हाट नदी नालादि सर्व वस्तु नष्ट हो जायगी. उसपर सात सात दिन सात प्रकारके मेघ वर्षेगे वह अग्नि सोमल विष धूल खार आदि के पडने से सब भूमि एक-दम दग्ध हो जायगी–हाहाकार मच जायंगे उन समय कुच्छ मनुष्य तीर्यंच बचेंगे उनों को देवता उठाके गंगा सिन्धु नदीके किनारेपर ७२ बील रहेंगे जिस्में ६३ बीलोंमें मनुष्य ६ बीलोंमें गजाश्व गौभैंसादि भूमिचर पशु आदि ३ बीलोंमे खेचर पक्षीको रखदेंगे उनोंका शरीर बडाही भयंकर काला कावरा मांजरा लुला–लंगडा अनेक रोगप्रास्त कुरूपे मनुष्य होंगे जिनोंकि मै-थुनकर्मकी अधिकाधिक इच्छा रहेंगे उनोंके लडके लडकीये बहुत होगी छे वर्षोंकी ओरतें गर्भ धारण करेंगी. वहभी कुती-योंकि माफीक एक वखतमे ही बहुत बचा बचीयोंको पैदा करेंगी महान् दुःखमय अपना जीवन पूर्ण करेंगे।

गंगा सिन्धु नदी मूलमें ६२॥ जोजनकी है परन्तु कालके प्रभावसे क्रमशः पाणी सुकता सुकता उन समय गाडीके चीले जीतनी चोडी ओर गाडाका आक डुबे इतनी उंडी रहेगी उन पाणीमें बहुतसे मच्छ कच्छ जलचर जानवर रहेंगे।

उन समय सूर्यकि आताप बहुत होगी चन्द्रकि शीतलता बहुत होगी. जिनके मारे वह मनुष्य उन बीलोंसे नीकल नहीं सकेंगें. उन मनुष्योंकि उदर पुरणाके लिये उन नदीयोंमे कच्छ मच्छ होगा उनोंको श्याम सुवह बीलोंसे निकलके जलचर जीवों

को पकड उन नदीके कीनारेकी रेतीमें गाड देंगे वह दिनको सूर्यकि आतापनासे रात्रीमें चन्द्रकी शीतल्तासे पक जावेंगे फीर सुबे गाडे हुवेको स्यामको भक्षण करेंगे स्यामको गाडे हुवेको सुबे भक्षण करेगे इसी माफीक यह पापीष्ट जीव छठे आरेके २१००० वर्ष व्यतित करेंगे। उन मनुष्योंका आयुष्य लागते छठे आरे उत्कृष्ट २० वर्षका होगा शरीर एक हाथका हुन्डक सस्थान छेवटु सहनन आठ पासलीयों और उत्तरते आरे १६ वर्षोंका आयुष्य मुडत हाथका शरीर, च्यार पासलीया होगी उस दु खमा दु खम आरामें यह मनुष्य नियम व्रत प्रत्याख्यान रहीत मृत्यु पाके विशेष नरक और तीर्यच गतिमें जावेंगे। पाठकों! अपना जीव भी एसे छट्टे आरेमें अनती अनती वार उत्पन्न होके मरा है वास्ते इस वखत अच्छी सामग्री मीली है जिस्मे सावचेत रहनेकी आवश्यता है। फीर पश्चाताव करनेसे कुच्छ भी न होगा।-

अब उत्सर्पिणी कालका सक्षेपमें वर्णन करते हैं।

(१) पहला आरा छटा आरेके माफीक २१००० वर्षका होगा।

(२) दुसरा आरा पाचवा आरे जेसा २१००० वर्षोंका होगा, परन्तु साधु साध्वी नही रहेगे प्रथम तीर्थंकर पद्मनाभका जन्म होगा याने श्रेणिकराजाका जीव प्रथम पृथ्वीसे आके अवतार धारण करेंगे। अच्छी अच्छी वर्षात होनेसे भूमिमें रस अच्छा होगा

(३) तीसरा आरा-चौथा आरेके माफीक बीयालीसहजार वर्ष कम एक कोडाकोड सागरोपमका होगा जिस्मे २३ तीर्थंकर आदि शलाके पुरुष होगे मोक्षमार्ग चलु होगा शेष अधिकार चौथा आरा कि माफीक समज लेना।

(४) चोथा आरा तीसरे आरेके माफीक होगा जीसे प्रथम तीजा भागमें कर्मभूमि रहेंगे एक तीर्थंकर एक चक्रवर्त्ति मोक्ष जावेंगे फीर दो–तीन भागमें युगल मनुष्य हो जायेंगे यहही कल्पवृक्ष उनोंकि आशा पुरण करेंगे सम्पूरण आरा दो कोडाकोडी सागरोपमका होगा।

(५) पांचवां आरा दुसरे आरेके माफीक तीन कोडाकोडी सागरोपमका होगा उसमें युगल मनुष्यही होगा।

(७) छठा आरा पहेले आरेके माफीक च्यार कोडाकोडी सागरोपमका होगा उसमें युगल मनुष्यही होंगे।

इन उत्सर्पिणी तथा अवसर्पिणीकाल मीलानेसे एक कालचक्र होता है एसा अनंते कालचक्र हो गये कि यह जीव अज्ञानके मारे भवभ्रमन कर रहा है। पाठकगण! इसपर खुब गहरी दृष्टिसे विचार करे कि इस जीवकि क्या क्या दशा हुइ है और भविष्यमें क्या दशा होगी। वास्ते श्री परमेश्वर वीतराग के वचनोंको सम्यक प्रकारसे आराधन कर इस कालके मुंहसे छुट चलीये सास्वते स्थानमें इति।

सेवं भंते सेवं भंते–तमेव सच्चम्

श्री ककसूरी सद्गुरुभ्यो नमः

अथ श्री

शीघ्रबोध भाग २ जा.

थोकडा नम्बर १८

(नवतत्त्व)

गाथा—जीवाजीवा पुन्न पावासव संवरो य निज्झरणा ॥
बंधो मुक्खो य तहा, नवतत्ता हुंति नायव्वा ॥ १ ॥
(श्री उत्तराध्ययन अ० २८ वा गाथा)

(१) जीवतत्त्व-जीवके चैतन्यता लक्षण है
(२) अजीवतत्त्व-अजीवके जडता लक्षण है
(३) पुन्यतत्त्व-पुन्यका शुभफल लक्षण है
(४) पापतत्त्व-पापका अशुभफल लक्षण है
(५) आश्रवतत्त्व-पुन्य पाप आनेका दरवाजा लक्षण है
(६) संवरतत्त्व-आते हुवे कर्मोको रोक रखना
(७) निर्ज्जरातत्त्व-उदय आये कर्मोको भोगवके दूर करना
(८) बन्धतत्त्व-रागद्वेषके परिणामोंसे कर्मोका बन्धना
(९) मोक्षतत्त्व-सर्व कर्म क्षयकर सिद्धपद प्राप्त करना

इन नवतत्त्वमें जीव अजीवतत्त्व जानने योग्य है पाप आश्रव और बन्धतत्त्व जानके परित्याग करने योग्य है संवर नि

र्जरा और मोक्षतत्त्व जानके अंगीकार करने योग्य है पुन्यतत्त्व नैगमनयके मतसे स्वीकार करने योग्य है कारण मनुष्यजन्म उत्तम कुल, शरीर निरोग्य, पूर्ण इन्द्रिय, दीर्घ आयुष्य, धर्म सामग्री आदि सब पुन्योदयसे ही मीलती है व्यवहार नयके मतसे पुन्य जानने योग्य है और एवंभुत नयके मतसे पुन्य जानके परित्याग करने योग्य है कारण मोक्ष जानेवालोंको पुन्य बाधाकारी है पुन्य पापका क्षय होनेसे जीवोंका मोक्ष होता है।

नवतत्त्वमें च्यार तत्त्व जीव है=जीव, संवर, निर्ज्जरा, और मोक्ष. तथा पांच तत्त्व अजीव है–अजीव-पुन्य-पाप-आश्रव और बन्धतत्त्व।

नवतत्त्वका च्यार तत्त्व रूपी है पुन्य–पाप–आश्रव और बन्ध च्यार तत्त्व अरूपी है जीव संवर निर्ज्जरा और मोक्ष तथा अजीवतत्त्व रूपी अरूपी दोनों है.

निश्चयनयसे जीवतत्त्व है सो जीव है और अजीवतत्त्व है सो अजीव है शेष सात तत्व जीव अजीवकि पर्याय हैं यथा संवर निर्ज्जरा मोक्ष यह तीन तत्व जीवकि पर्याय है, पाप पुन्य आश्रव बन्ध यह च्यार तत्व अजीवकी पर्याय हैं।

अजीव पाप पुन्य आश्रव और बन्ध यह पांचतत्व जीवके शत्रु है संवर तत्व जीवका मित्र है, निर्ज्जरातत्व जीवको मोक्ष पहुंचानेवाला बोलावा है. मोक्ष तत्व जीवका घर है.

नवतत्वपर च्यार निक्षेपा–नामनिक्षेपा. जीवाजीवका नाम नवतत्व रखाहे, अक्षर लिखना तथा चित्रादिकि स्थापना करना यह नवतत्वका स्थापना निक्षेपा है. उपयोग रहीत नवतत्वाध्ययन करना वह द्रव्यनिक्षेपा है सम्यक्‌प्रकारे यथार्थ नवतत्वका स्वरूप समजना यह भावनिक्षेपा है

नयतत्वपर सात नय नैगमनय नवतत्व शब्दकों तत्व माने संग्रहनय तत्वकि सत्ताको तत्व माने व्यवहार नय जीव अजीव यह दोय तत्व माने ऋजु सूत्रनय छे तत्व माने जीव अजीव पुन्य पाप आश्रव बन्ध, शब्दनय सात तत्व माने ऊ पूर्ववत एक संवर सभिरूढनय आठ तत्व माने निर्ज्जराधिक एवंभूत नय नव तत्व माने ।

नव तत्वपर द्रव्य क्षेत्र काल भाव—द्रव्यसे नवतत्व जीव अजीव द्रव्य है क्षेत्रसे जीव अजीव पुन्य पाप आश्रव बन्ध सर्व लोकमें है संवर निर्ज्जरा और मोक्ष त्रस नालीमें है काल से नवतत्व अनादि अनंत है कारण नवतत्व लोकमे सास्वता है भावसे अपने अपने गुणोंमे प्रवृत रहे है।

नवतत्त्वका विशेष निवेचन इस माफीक है।

(१) जीवतत्व-जीवका सम्यग् प्रकारे ज्ञान होना जेसे जीवके चैतन्य लक्षण है व्यवहारनयसे जीव पुन्य पापका कर्ता है सुख दुःखके भोक्ता है पर्याय प्राण गुणस्थानादिकर संयुक्त द्रव्येजीव सास्वता है पर्याय (गतिअपेक्षा) असास्वताभी है भूतकालमें जीवथा वर्तमानकालमे जीव है भविष्यमें जीव रहेंगे । तीनकालमे जीवका अजीव होवे नही उसे जीव कहते है निश्चयनयसे जीव अमर है कर्मोका अकर्ता है और व्यवहार नयसे जीव मरे है कर्मोका कर्ता है अनादि कालसे जीवके साथ कर्मोका संयोग है जेसे दुधमें घृत तीलोंमें तेल धुलमे धातु इक्षुमें रस पुष्पोंमें सुगन्ध चन्द्रकान्ता मणिमे अमृत इसी माफीक जीव और कर्मोका अनादि कालसे संबन्ध है दृष्टान्त सोना निर्मल है परन्तु अग्निके संयोगसे अपना स्वरूपको छोड अग्नि के स्वरूप को धारण कर लेता है इसी माफीक अनादि काल के अज्ञान के वस क्रोधादि संयोगसे जीव अज्ञानी कर्मवाला कह-

लाते है जब सोना को जल पवनादिकी सामग्री मीलती है तब परगुण (अग्नि) त्याग कर अपने असली स्वरूप को धारण करते है इसी माफीक जीव भी दर्शनज्ञान चारित्रादिकि सामग्री पाके कर्ममेलको त्याग कर अपना असली (सिद्ध) स्वरूपको धारण कर लेता है ।

द्रव्यसे जीव असंख्यात प्रदेशी है। क्षेत्रसे जीव सम्पुरण लोक परिमाण है (एक जीवका आत्मप्रदेश लोकाकाश जीतना है) कालसे जीव आदि अन्त रहीत है भावसे जीव ज्ञानदर्शन गुणसंयुक्त है । नाम जीव सो नाम निक्षेपा, जीवकि मूर्ति तथा अक्षर लिखना वह स्थापना जीव है उपयोग सुन्य जीवकों द्रव्यनिक्षेपा कहते हैं उपयोगगुण संयुक्तकों भावजीव कहते हैं ।

नय–जीव शब्दको नैगमनय जीव मानते है असंख्याता प्रदेश सत्तावाले जीवकों संग्रहनय जीव कहते है–त्रस स्थावरके भेदवाले जीवोंको व्यवहारनय जीव कहते है: सुखदुःखके परिणामवाले जीवोंको ऋजुसूत्र नयजीव कहते है क्षायकगुणप्रगटांणा हो उसे शब्दनय जीव कहते है केवलज्ञान संयुक्तकों संभिरुढ नयजीव कहते है सिद्धपद प्राप्त कीये हुवे को एवंभूत नयजीव कहते है।

जीवोंके मूलभेद दोय है (१) सिद्धोंके जीव और (२) संसारी जीव. जिस्मे सिद्धोंके जीव सर्वथा प्रकारे कर्म कलंकसे मुक्त है अनंते अव्याबाध सुखोंमे लोकके अग्रभागपर सदूचिदान्द बुद्धानन्द सदानन्द स्वगुणभोक्ता अनंतज्ञानदर्शनमें रमणता करते हैं, द्रव्यसे सिद्धोके जीव अनंत है क्षेत्रसे सिद्धोंके जीव पैतालीस लक्ष योजनके क्षेत्रमे विराजमान है कालसे सिद्धोंके जीव बहुत जीवोंकी अपेक्षा अनादि अनंत है एक जीवकि अपेक्षा सादि अनंत है भावसे अनंतज्ञान दर्शन चारित्र वीर्य गुणसंयुक्त समय

समय लोकालोकके भावोंको देख रहे है सिद्धोंका नाम लेनेसे नामनिक्षेपा, सिद्धोंकी प्रतिमा स्थापन करनेसे स्थापना निक्षेपा, यहा पर रहे हुवे महात्मा सिद्ध होनेवाले है वह सिद्धोंका द्रव्य निक्षेपा है सिद्धभावमे वरत रहे है वह सिद्धोंका भाव निक्षेपा है उन सिद्धोंके मूल भेद दोय है (१) अनंतरसिद्ध (२) परम्परसिद्ध, जिस्मे अनंतर सिद्धों जोकि सिद्ध हुवेको प्रथमही समय वरत रहे है जिनोंके पदरा भेद है (१) तिर्थसिद्धा-तीर्थ स्थापन होनेके बाद मुनिवरादि सिद्ध हुवे (२) अतीत्थसिद्धा-तीर्थ स्थापन होनेके पहेले मरुदेव्यादि सिद्ध हुवे (३) तीत्थयर सिद्धा-खुद तीर्थंकरसिद्ध हुवे (४) अतीत्थयरसिद्धा-तीर्थकरोंके सिवाय गणधरादि सिद्ध हुवे (५) सयंबोद्धसिद्धा-जातिस्मरणादि ज्ञानसे अमोचा केवली आदि सिद्ध हुवे (६) प्रतियोद्धिसिद्धा-करकंडु आदि प्रत्येक बुद्ध सिद्ध हुए (७) बुद्धबोहीसिद्धे-तीर्थंकर गणधरा मुनिवरोंके प्रतिबोधसे सिद्ध हुवे (८) इत्थिलिंगसिद्धा द्रव्यसे स्त्रिलिंग हैं परन्तु भावसे वेदक्षय होनेसे अवेदि है वह ब्राह्मी सुन्दरी आदि (९) पुरुषलिंगसिद्धे—पुरुषवत् अवेदि-पुंडरिकादि-(१०) नपुमकलिंगसिद्ध-पुर्ववत अवेदि गांगेयादि मुनि-(११) स्वलिंगीसिद्धे-स्वलिंग रजोहरण मुखवस्त्रिका सयुक्त मुनियोंकि मोक्ष (१२) अन्यलिंगसिद्धे-अन्य लिंग ग्रीहद्दीयादिके लिंगमें भावसम्यक्त्व चारित्र आनेसे मोक्ष जाना (१३) गृहीलिंगीसिद्ध—गृहस्थके लिंगमें सिद्ध होना मरुदेवी आदि-(१४) एक समयमें एक सिद्ध (१५) एक समयमे अनेक (१०८) सिद्धोंका होना इन सबको अनंतर सिद्ध कहते है (२) दुसरे जो परम्पर सिद्ध होते है उनोंके अनेक भेद है जैसे अप्रथम समयसिद्ध अथात प्रथम समय वर्जके द्वि

त्यादि संख्याते असंख्याते अनंते समयके सिद्धोंको परस्पर सिद्ध कहते है इति.

(२) अब संसारी जीवोंके अनेक भेद बतलाते है जेसे संसारी जीवोंके एक भेद याने संसारीजीव. दो भेद त्रस–स्थावर। तीन भेद स्त्रीवेद पुरुषवेद नपुंसकवेद। च्यार भेद. नारकी तीर्यंच मनुष्य देवता। पांच भेद एकेन्द्रिय बेइन्द्रिय तेइन्द्रिय चोरिन्द्रिय पांचेन्द्रिय। छे भेद. पृथ्वीकाय अपकाय तेउकाय वायुकाय वनस्पतिकाय त्रसकाय। सात भेद नारकी तीर्यंच तीर्यंचणी मनुष्य मनुष्यणी देवता देवी। आठ भेद च्यार गतिके पर्याप्ता अपर्याप्ता। नोभेद पांच स्थावर च्यार त्रस। दश भेद पांच इन्द्रियोंके पर्याप्ता अपर्याप्ता। इग्यारो भेद पांचेन्द्रियके पर्याप्ता अपर्याप्ता एवं १० और अनेन्द्रिय। बारहा भेद छे कायाके पर्याप्ता अपर्याप्ता। तेरहा भेद छे कायाके पर्याप्ता अपर्याप्ता तेरहवा अकाया. जीवोंके चौदा भेद सूक्ष्मएकेन्द्रिय बादरएकेन्द्रिय बेइन्द्रिय तेन्द्रिय चोरिन्द्रिय असंज्ञीपांचेन्द्रिय संज्ञीपांचेन्द्रिय एवं सातोंके पर्याप्ता अपर्याप्ता मीलाके चौदा भेद जीवोंके समजना।

विशेष ज्ञान होनेके लिये संसारी जीवोंके ५६३ भेद बतलाते है जिसमे संसारी जीवोंके मूल भेद पांच है यथा–(१) एकेन्द्रिय (२) बेइन्द्रिय (३) तेइन्द्रिय (४) चौरिन्द्रिय (५) पांचेन्द्रिय। एकेन्द्रियके दो भेद है (१) सूक्ष्म एकेन्द्रिय (२) बादर एकेन्द्रिय। सूक्ष्म एकेन्द्रिय पांच प्रकारकी है पृथ्वीकाय अपकाय तेउकाय वायुकाय वनस्पतिकाय यह पांचों सूक्ष्म स्थावर जीव, संपूर्ण लोकमें काजलकी कुंपलीके माफीक भरे हुवे हैं उन जीवोंके शरीर इतना तो सूक्ष्म है कि छद्मस्थोंकी दृष्टिगोचर नहीं होते है उनोंको केवली भगवान् अपने केवलज्ञान केवलदर्शनसे

जानते देखते है उनोने ही फरमाया है कि सूक्ष्म नामकर्मके उदयसे उन जीवोंको सूक्ष्म शरीर मीला है यह जीव मारे हुवा नहीं मरते है, जाले हुवा नहीं बलते है, काटे हुवा नहीं कटते है अर्थात् अपने आयुष्यसे ही जन्म-मरण करते है उनोंका आयुष्य मात्र अतरमुहुर्तका ही है जिस्मे सूक्ष्म, पृथ्वी, अप, तेउ, वायुके अन्दर तो असख्याते २ जीव है और सूक्ष्म वनस्पतिमें अनते जीव है इन पाचोंके पर्याप्ता अपर्याप्ता मीलानेसे दश भेद होते है।

दुसरे बादर एकेन्द्रियके पाच भेद है यथा—पृथ्वीकाय, अपकाय, तेउकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय जिस्में पृथ्वीकायके दो भेद है (१) मृदुल (कोमल) (२) कठन जिस्में कोमल पृथ्वीकायके सात भेद है काली मट्टी, नीली मट्टी, लाल मट्टी, पीली मट्टी, सुपेद मट्टी, पाणीके नीचे तली जमी हुइ मट्टी उसे 'पणग' कहते है पाडु गोपीचन्दनादि।

(२) खरपृथ्वीके अनेक भेद है यथा--मट्टी खानकी, चोकणी मट्टी, छोटे काकरा, वालुका रेती,* पाषाण, शीला, लुण (अनेक जातीका होते है) धूलसे मीले हुवे धातु-लोहा, ताबा, तरुवा, सिसा, रुपा, सुवर्ण, वज्र, हरताल, हिंगलु, मणशील, परवाल, पारो वनक, पथल, भोडल, अबरक, वज्ररत्न, मणिगोमेदरत्न,

---

* श्री सूत्रकृतागमें कहा है कि अनापरी हुइ धूल च्यार अगुल निचे सचित्त है राजमार्गमें पाच अगुल निच सचित्त है सरी (गली) में सात अगुल निचे गृहभूमिमें दश अगुल निच मल्मूत्रभूमिकामें पदरा अगुल निचे चौपद जानवरों रहनेकी भूमिमें २१ अगुल निच चूल्हाके स्थान ३२ अगुल निच कुम्भारके निम्वाडके ३६ अगुल निचे इट पकानेके पचानक स्थान निच १२० अगुल निचे भूमिका सचित्त रहती है।

रुचकरत्न, अंकरत्न, स्फटिकरत्न, लोहीताक्ष, मरकतरत्न. मशा-रगल्लरत्न. भुजमोचकरत्न, इन्द्रनिल्लरत्न, चन्दनारत्न, गौरीक-रत्न, हंसगर्भरत्न, पुलाकरत्न, सौगन्धीरत्न, अरष्टरत्न, लीलम. पीरोजीया, लसणीयारत्न, वैडूर्यरत्न. चन्द्रप्रभामणि, कृष्णमणि, सूर्यप्रभामणि जलकांतमणि इत्यादि जिसका स्वभाव कठन है जिनकी सात लक्ष योनि हं. इनोंके दो भेद है, पर्याप्ता अपर्याप्ता जो अपर्याप्ता है वह असमर्थ है जो पर्याप्ता है वह समर्थ है वर्ण गन्ध रस स्पर्श कर संयुक्त है। जहां एक पर्याप्ता हैं वहां निश्चय असंख्या अपर्याप्ता होते है एक चिरमी जीतनी पृथ्वीका-यमें असंख्य जीव होते है वह अगर एक महुर्त्तमें भव करे तों उत्कृष्ट १२८२४ भव करते है।

वादर अपकायके अनेक भेद है ओसका पाणी धूमसका पाणी कचेगडोंकापाणी, आकाशकापाणी. समुद्रोंकापाणी. खारा-पाणी, खट्टापाणी घृतसमुद्रकापाणी खीरसमुद्रकापाणी इक्षुसमुद्र-का पाणी लवणसमुद्रकापाणी कुँवे तलाव द्रह वावी आदि अनेक प्रकारका पाणी तथा सदैव तमस्काय वर्षती है इत्यादि इनोंके दो भेद है पर्याप्ता अपर्याप्ता जो अपर्याप्ता है वहअसमथ है जो पर्याप्ता है वह वर्णगन्धरस स्पर्श कर संयुक्त है एक पर्याप्ताकि नेश्राय निश्चय असंख्याते अपर्याप्ता जीव उत्पन्न होते है एक बुंदमें असं-ख्याते है वह एक महुर्तमें उत्कृष्ट १२८२४ भव करते है सात लक्ष योनि है।

वादर तेउकायके अनेक भेद है इंगाला मुमरा ज्वाला अं-गारा भोभर उल्कापात विद्युत्पात वडवानलाग्नि काष्टाग्नि पाषा-णाग्नि इत्यादि अनेक भेद है जीनोंके दो भेद है पर्याप्ता अपर्याप्ता जो अपर्याप्ता है वह असमर्थ जो पर्याप्ता है वह वर्णगन्ध रस-

स्पर्श कर सयुक्त है एक पर्याप्ताकि नेश्राय असख्याते अपर्याप्ता उत्पन्न होते है एक तुणगीयामे असख्य जीव है सातलक्ष योनि है एक महुर्तमें उत्कृष्ट १२८२४ भव करते है।

बादर वायुकायके अनेक भेद है । पूर्ववायु पश्चिमवायु दक्षिणवायु उत्तरवायु उर्ध्ववायु अधोवायु विदिशावायु उत्कलिक वायु मडलीयावायु मदवायु उदडवायु द्विपवायु समुद्रवायु इत्यादि जिनोंका दो भेद है पर्याप्ता अपर्याप्ता जो अपर्याप्ता है वह असमर्थ है जो पयाप्ता है वह वर्णगन्धरस स्पर्श कर सयुक्त पर्याप्ताकि निश्राय निश्चय असख्याते अपर्याप्ता जीव उत्पन्न होते है एक झुबुकडेमे असख्य जीव होते है वह एक महुर्तमें उत्कृष्टभव करे तो १२८२४ भव करते है । सात लक्ष जाति है।

बादर वनस्पतिकायके दो भेद है (१) प्रत्येक शरीरी (२) साधारण शरीरी जिसमे प्रत्येक शरीरी (जिस शरीरमें एकही जीव हो) के बारहा भेद है वृक्ष, गुच्छा गुम्मा, लता वेल्ली, इक्षु तृण, वलय हरिय, औषधि, जलरुख कुहणा–जिसमें वृक्षके दो भेद है।

(१) जिस वृक्षके फलमे एक गुठली हो उसे एगठीये कहते है और जिस वृक्षके फलमे बहुतसे गुठलीयो (बीज) होते हो उसे बहुबीजा कहते है। जैसे एक गुठलीवालोंके नामयथा–निम्ब जाबुवृक्ष कोशबवृक्ष शालवृक्ष आमवृक्ष निंबवृक्ष नलयेरवृक्ष केव वृक्ष पैलुवृक्ष शेलुवृक्ष इत्यादि और भी जिस वृक्षके फलमें एक बीज हो वह सब इसके अन्दर समजना जिस्के मूलमे असख्य जीव कन्दमें स्कन्धमें सारामें, परवालमें असख्य जीव है पत्रोंमे प्रत्येक जीव है पुष्पमि अनेक जीव और फलमे एक जीव होते है।

वह बीज वृक्षके नाम–तेंदुकवृक्ष आस्तिकावृक्ष कपिटवृक्ष

अवाडग वृक्ष, दाडिम, उम्बर वडनदी वृक्ष, पीपरी जंगाली मिथावृक्ष दालीवृक्ष कादालीवृक्ष इत्यादि और भी जिस वृक्षके फलमें अनेक वीज हो वह सब इनके सामिल समझना चाहिये जिस्के मूल कन्द स्कन्ध माख परवालमें असख्यात जीव है पत्रोंमे प्रत्येक जीव पुष्पोंमे अनेक जीव फलमें बहुत जीव है।

(२) गुच्छा=अनेक प्रकारके होते है वैगण सल्लाइ थुंडसी जिमुणीके लच्छाइके मलानीके सादाइके इत्यादि—

(३) गुम्मा-अनेक प्रकारके होते है जाइ जुइ मोगरा मालता नौमालती वसन्ती माथुली काथुली नगराइ पोदिना इत्यादि।

(४) लता-अनेक प्रकारकी होती है पद्मलता वसन्तलता नागलता अशोकलता चम्पकलता चुमनलता वैणलता आइमुक्तलता कुन्दलत्तर श्यामलता इत्यादि।

(५) वेलीके अनेक भेद है तुंबीकीवेल्ली तीसंडी, तिउसी, पुंसफली, कालंगी, एल, वालुकी, नागरवेल्ली घोसाडाइ (तोरू) इत्यादि।

(६) इक्षुके अनेक भेद है इक्षु इक्षुवाडी वारुणी कालइक्षु पुडइक्षु वरडइक्षु पकडइक्षु इत्यादि।

(७) तृणके अनेक भेद है साडीयातृण मोतीयातृण होतीयातृण धोव कुशतृण अर्जुनतृण आसाढतृण इक्कडतृण इत्यादि.

(८) वलहके अनेक भेद ताल तमाल तेकली तम्र तेतली शाली परंड कुरुवन्ध जगाम लोण इत्यादि।

(९) हरियाके अनेक भेद है अज्जरूवा कृष्णहरिय तुलसी तंदुल दगपीपली सीभेटका सराली इत्यादि।

(१०) औषधिके अनेक भेद-शाली त्याली ब्रही गोधम जव जवाजव ज्वारकल मशुर तिल मुग उडद नफा कुलत्थ वागथु आलिस दूस तीणपली मथा आयसी कसुब कोदर वगू रालग मास कोद्रसासण नरिसव मूल बीज इत्यादि अनेक प्रकारके धान्य होते है वह सब इन औषधिके अन्दर गीने जाते है।

(११) जलरूहा-उत्पलकमल पद्मकमल कौमुदिकमल निल- निकमल शुभकमल सौगन्धीकमल पुडरिककमल महापुडरिक- कमल अरिबिन्दकमल शतपत्रकमल सहस्रपत्र कमल इत्यादि।

(१२) कुहुणका अनेक प्रकारके हैं आत कात पात सिघो- टीक कच वनड इत्यादि यह वनस्पति भी जलके अन्दर होती हैं।

इन बारह प्रकारकि प्रत्येक वनस्पतिकायपर दृष्टान्त जेसे सरसवका समुह एकत्र होनेसे एक लड्डु बनता है परन्तु उन सरसवके दाने सब अलग अलग अपने अपने स्वरूपमें है इसी माफीक प्रत्येक वनस्पतिकायभी असंख्य जीवोंका समुह एकत्र होते हैं परन्तु एकेका जीवके अलग अलग शरीर अपना अपना भिन्न है जेसे अनेक तीलोंके समुह एकत्र हो तीलपापडी बनती है इसी माफीक एक फल पुष्पमे असंख्यजीव रहते हैं वह सब अपने अपने अलग अलग शरीरमें रहते है जहांतक प्रत्येक वनास्पति हरि रहेती है वहांतक असंख्याते जीवोंके स मूह एकत्र रहते हैं जब वह फल पुष्प एक जाते हैं तब उनोंके अन्दर एक जीव रह जाते हैं तथा उनोंके अन्दर बीज हो तों जीतने बीज उतनेही जीव ओर एक जीव फलका मूलगा रहता है इति।

---

१ इन धानोंके सिवाय भी यह अनेक धान्य होते है जैसे बाजरी मकाइ माट इत्यादि।

(२) दुसरा साधारण वनास्पतिकाय है उनोंके अनेक भेद है मूला कान्दा लसण आदो अडवी रताल्ु पींडाल्ु आल्ु सकरकन्द गाजर सुवर्णकन्द वज्रकन्द कृष्णकन्द मासफली मुगफली हल्दी कचूंक नागरमोथ उगते अङ्कूरे पांच वर्णकि निलण फूलण कचे कोमल फल पुष्प विगडे हुवे वासी अन्नमें पेदा हुइ दुर्गन्धमें अनन्तकाय है औरभी जमीनके अन्दर उत्पन्न होनेवाले वनास्पति सब अनंतकायमें मानी जाती है दृष्टान्त जेसा लोहाका गोला अग्निमें पचानेसे उन लोहाके सब प्रदेशमें अग्नि प्रदीप्त हो जाती है इसी माफीक साधारण वनास्पतिके सब अगमें अनंते जीव होते है वह अनंते जीव साथहीमें पेदा होते है साथही में आहार ग्रहन करने है साथही में मरते है अर्थात् उन अनंते जीवोंका एक ही शरीर होते है उने साधारण वनास्पतिकाय या बादर निगोदभी कहते है।

वनास्पतिकायके च्यार भांगे वतलाये जाते है।

(१) प्रत्येक वनास्पतिकायके निश्रायमें प्रत्येक वनास्पति उत्पन्न होती है जेसे वृक्षके साखावों।

(२) प्रत्येक वनास्पतिकि निश्रायमे साधारण वनास्पतिकाय उत्पन्न होती है कचे फल पुष्पोंके अन्दर कोमलतामें अनंते जीव पेदा होना।

(३) साधारण वनास्पतिकि निश्राय प्रत्येक वनास्पति उत्पन्न होना जेसे मूलोंके पत्ते, कान्दोंके पत्ते इत्यादि उन पतोंमें प्रत्येक वनस्पति रहती है

(४) साधारणकि निश्राय साधारण वनस्पति उत्पन्न होती है जेसे कान्दा मूळा।

इन साधारण और प्रत्येक वनस्पतिको छद्मस्थ मनुष्य केसे पेच्छान सके इस वास्ते दृष्टान्त बतलाते है

जीस मूल कन्द स्कन्ध साखा प्रतिसाखा त्वचा प्रवाल पत्र पुष्पफल और बीजको तोडते वखत अन्दरसे चिकणास निकले तुटतों सम तुटे उपरकि त्वचा गीरदार हो वह वनस्पति सा धारण अनतकाय समजना और तुटतों विषम तुटे त्वचा पातली हो अन्दरसे चिकणास न हो उन वनस्पतिकायको प्रत्येक समझना

सीघोडे कचे होते है ,उनोंमें सरयाते असंख्याते और अनन्ते जीव रहते है इन प्रत्येक और साधारण वनस्पति कायके दो दो भेद है (१) पर्याप्ता (२) अपर्याप्ता एव बादर एकेन्द्रि यका १२ भेद समजना । इति एकेन्द्रियके २२ भेद है

(२) वेइन्द्रियके अनेक भेद है । लट गीडोले कीडे कृमिये कुक्षीकृमिये पुरा । जलोख लेवा खापरीयो, इगी रसचलीत अन्न पाणीमें रमइये जीव वा शंख शीप, कोडी चनणा वसीमुखा सुचीमुखा वाला अलासीया भूनाग अभ लालीये जीव दडीरोटी विगेरेमें उत्पन्न होते है इनके सिवाय जीभ और त्वचावाले जीतने जीव होते है वह सब वेइन्द्रियकि गीनतीमें है ।

(३) तेइन्द्रियके अनेक भेद है-उपपातिका रोहणीया चाचड माकड कीडी मकोडे डंस मस उदाइ उकाली कष्टहारा पत्राहारा पुष्पाहारा फलाहारा तृणविटीत पुष्प० फल० पत्रविटित जू लिख कानखोजुर इली घृतेलीका जो घतमे पेदा होती है चर्म जु गौकीटक जो पशुवोके कानोंमे पेदा होते है । गर्दभ गौशालमें पेदा होते है गौकीटे गोबरमे पेदा होते है । धान्य कीडे कुंथु इलीका इन्द्रगोप चतुर्मासामे पेदा होते है इत्यादि जीसके तीन इन्द्रिय शरीर जीभ नाक हो । यह तेइन्द्रिय है ।

(४) चोरिन्द्रिय के अनेक भेद ह अंधिका पत्तिका मक्खी मत्सर कीडे तीड पतंगीये विच्छु जलविच्छु कृष्णविच्छु श्याम-पत्तिका यावत् श्वेत पत्तिका भ्रमर चित्रपक्खा विचित्रपक्खा जलचाग गोमयकीडा भमरी मधु मक्षिका-टाटीया डंस मंसगा कीसारी मेलक दंभक इत्यादि जीस जीवोंके शरीर जीभ नाक नेत्र होते है यह सब चोरिन्द्रियकी गीणतीमें समजना. इन तीन वैकलेन्द्रियके पर्याता अपर्याता मिलानेसे ६ भेद होते है।

(५) पांचेन्द्रिय जीवोंके च्यार भेद है नारकी. तीर्यंच, मनुष्य. देवता, जिस्मे नारकीके सात भेद है यथा=गम्मा वंसा शीला अञ्जना रिठा मघा माघवती-सात नरकके गौत्र. रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पङ्कप्रभा, धूमप्रभा, तमः-प्रभा तमस्तमःप्रभा इन सातों नरकके पर्याता अपर्याता मीला-नेसे चौदे भेद होते है।

(२) तीर्यंच पांचेन्द्रियके पांच भेद है यथा-जलचर, स्थलचर, खेचर, उरपुरिसर्प भुजपुरिसर्प. जिस्मे जलचरके पांच भेद है मच्छ कच्छ मगरा गाहा और सुसमारा।

(१) मच्छके अनेक भेद है यथा-सन्हमच्छा युगमच्छा विद्युतमच्छा हलीमच्छा नागरमच्छा रोहणीयामच्छा तंदुलमच्छा कनकमच्छा शालीमच्छा पत्तगमच्छा इत्यादि (२) कच्छके दो भेद है (१) अस्थि हाडवाले कच्छ (२) मांसवाले कच्छ (३) गोहके अनेक भेद दीलीगोह वेडीगोह मुदीगोह तुला-गोह सामागोह सवलागोह कोनागोह दुमोहीगोह इत्यादि (४) मगरा-मगरा सोडमगरा दलीत मगरा पालपमगरा नायकमगरा दलीपमगरा इत्यादि (५) सुसमारा एकही प्रकारका होते है यह आढाइ द्विपके वाहार होते है यह पांच प्रकारके जलचर जीव संज्ञी भी होते है ओर समुत्सम भी होते है जो संज्ञी होते

है यह गर्भजस्त्रि पुरुष नपुंसक तीनों प्रकारके होते है और जो समुत्सम होते है वह एक नपुंसकही होते है।

(२) स्थलचरके च्यार भेद है यथा-एकखुरा दोखुरा गंडीपदा सन्हपदा जिस्मे एक खुरोंका अनेक भेद है अश्व खर खचर इत्यादि दो खुरोंके अनेक भेद है गौ भेंस ऊंट बकरी रोज इत्यादि-गंडीपदाके भेद गज हस्ति गेंडा गोल्ड इत्यादि सन्हपदके भेद सिंह-व्याघ्र नाहार केशरीसिंह वन्दर मञ्जार इत्यादि इनोंके दो भेद हैं गर्भज और समुत्सम।

(३) खेचरके च्यार भेद है यथा रोमपक्खी चर्मपक्खी समुगपक्खी वीततपक्खी-जिस्मे रोमपक्खी-हंवपक्खी कंक-पक्खी, वयासपक्खी हसपक्खी, राजहंस० कालहस, क्रौंच पक्खी, सारसपक्खी, कोयल० राजीराजा, मयूर पारेवा तोता मैना चीडी कुमेडी इत्यादि चर्मपक्खी चमचेड विगुल भारंड समुद्रवयस इत्यादि समुगपक्खी जीस्की पाखों हमेशा जुडी हुइ रहेते है वितित पक्खी जीस्की पाखों हमेशा खुली हुइ रहती है इनोंकेभी दो भेद है गर्भज समुत्सम पूर्ववत्।

(४) उरपरीसर्प के च्यार भेद है अहिसर्प अजगरसर्प मोहरगसर्प, अलसीयो जिस्मे अहिसर्पके दो भेद है एक फण करे दुसरा फण नही करे फण करे जिस्के अनेक भेद है आसी विष सर्प दृष्टिविषसर्प त्वचाविषसर्प उग्रविषसर्प भोगविषसर्प लालविषसर्प उश्वासविषसर्प निश्वासविषसर्प कृष्णासर्प सु-पेदसर्प इत्यादि जो फण न करे उनोंका अनेक भेद है-दोयीगा गोणसा चीतल पेणा स्रेणा हीणसर्प पेलगसर्प इत्यादि। अजगर एकही प्रकारका होते है। मोहरग नामका सर्प अढाइद्विपके बाहार होते हैं उनोंकी अवगाहना उत्कृष्ट १००० योजनकी होती है।

अन्तरद्विप बतलाते है यथा यह जम्बुद्विप एक लक्ष योजनके विस्तारवाला है इनोंकी परिधि ३१६२२७।३।१२८।१३॥-१-१-६।५ इतनी है इनोंके बाहार दो लक्ष योजनके विस्तारवाला लवण समुद्र है। जम्बुद्विपके अन्दर जो चूल हेमवन्त नामका पर्वत है उनोंके दोनों तर्फ लवणसमुद्रमे पूर्व पश्चिम दोनो तर्फ दाढके आकार टापुवोंकी लेन आ गइ है यह जम्बुद्विपकि जगतीसे लवणसमुद्रमे ३०० योजन जानेपर पहला द्विपा आता है वह तीनसो योजनके विस्तारवाला है उन द्विपसे लवणसमुद्रमे ४०० योजन जानेपर दुसरा द्विपा आता है यह ४०० योजनके विस्तारवाला है यहभी ध्यानमे रखना चाहिये कि यह दुसरा द्विपा जम्बुद्विपकी जगतीसेभी ४०० योजनका है। दुसरा द्विपासे लवणसमुद्रमें पाचसो योजन तथा जगतीसेभी पाचसो योजन जावे तब तीसरा द्विपा आता है वह पाचसो योजनके विस्तारवाला है उन तीसरा द्विपासे छेसो ६०० योजन लवणसमुद्रमें जावे तथा जगतीसेभी ६०० योजन जावे तब चोथा द्विपा आवे यह ६०० योजनके विस्तारवाला है उन चोथा द्विपासे ७०० योजन लवण समुद्रमे जावे तथा जगतीसे भी ७०० योजन जावे तब पाचवा द्विपा सातसो योजनके विस्तारवाला आता है उन पाचवा द्विपासे ८०० योजन तथा जगतीसे ८०० योजन लवणसमुद्रमें जावे तब छठा द्विपा आठसो योजनके विस्तारवाला आता है उन छठा द्विपासे ९०० योजन तथा जगतीसे ९०० योजन लवण समुद्रमें जावे तब नौसो योजनके विस्तारवाला सातवा द्विपा आता है इसी माफीक सात टापुपर सात द्विपोंकी लेन दुसरी तर्फभी समजना एवं दो लेनमें चौदा द्विपा हुवे इसी माफीक पश्चिमके लवणसमुद्रमेंभी १४ द्विपा है दोनों मिलाके २८ द्विप हुवे उन अठाविस द्विपोंके नाम इसी माफीक है। एकरुयद्विप,

आहासिय. वेसाणिय, नागल, हयकन्न, गयकन्न, गोंकान्न व्याकुल-कन्न, अयंसमुहा. मेघमुहा, असमुहा. गोमुहा, आसमुहा, हत्थिमुहा, सिंहमुहा, घाग्वमुहा, आसकन्ना, हरिकन्ना, अकन्ना, कन्नपाउरणा, उक्कामुह, मेहमुहा, विज्जुमुहा, विजुदान्ता, घणदान्ता, लट्ठ-दान्ता, गुढदान्ता, शुद्धदान्ता एवं २८ द्विपचुल हेमवन्त पर्वतकि निश्राय है इसी माफीक २८ द्विप इसी नामके सीखरी पर्वतकी निश्राय समजना एवं ५६ द्विपा है उन प्रत्येक द्विपमें युगल मनुष्य निवास करते हैं उनोंका शरीर आठसो धनुष्यका है पल्योपमके असंख्यातमें भागकी स्थिति है. दश प्रकारके कल्पवृक्ष उनोंकी मनोकामना पुरण करते है जहांपर असी मसी कसी राजा राणी चाकर ठाकुर कुच्छ भी नहीं है. देखो छे आरोंके थोकडेसे विस्तार इति ।

अकर्मभूमियोंके ३० भेद है. पांच देवकुरु, पांच उत्तरकुरु, पांच हरिवास, पांच रम्यकुवास. पांच हेमवय, पांच एरणवय एवं ३० जिस्में एक देवकुरु, एक उत्तरकुरु. एक रम्यकुवास, एक हरीवास, एक हेमवय, एक एरणवय एवं ६ क्षेत्र जम्बुद्विपमें. छेसे दुगुणा बारहा क्षेत्र धातकीखंडमें बारहा क्षेत्र पुष्करार्द्ध द्विप में एवं ३० भेद. वह अकर्मभूमिमें मनुष्ययुगल है वहां भी असी मसी कसी आदि कर्म नहीं है. उनोंके भी दश प्रकारके कल्पवृक्ष मनोकामना पुरण करते है (छे आराधिकारसे देखो)

कर्मभूमि मनुष्योंके पंदरा भेद है. पांच भरतक्षेत्रके मनुष्य, पांच ऐरवत, पांच महाविदेह. जिस्में एक भरत, एक ऐरवत, एक महाविदेह एवं तीन क्षेत्र जम्बुद्विपमें तीनसे दुगुणा छे क्षेत्र धातकीखंड द्विपमें है. छे क्षेत्र पुष्करार्द्ध द्विपमें है. कर्मभूमि जहां-पर राजा राणी चाकर ठाकुर साधु साध्वी तथा असी मसी कसी आदिसे वैणज वैपार कर आजीविका करते हो, उसे कर्मभूमि

कहते है यहांपर भरतक्षेत्रके मनुष्योंका विशेष वर्णन करते है. मनुष्य दो प्रकारके है (१) आर्य मनुष्य, (२) अनार्य मनुष्य. जिस्में अनार्य मनुष्योंके अनेक भेद है, जैसे शकदेशके मनुष्य, ववरदेशके, यवनदेशके, सवरदेशके, चिलतदेशक, पीकदेशके, पावालदेशके, गोरददेशके, पुलाकदेशके, पारसदेशके इत्यादि जिन मनुष्योंकी भाषा अनार्य व्यवहार अनार्य, आचार अनार्य, खानपान अनार्य, कर्म अनार्य है इस वास्ते उनोंको अनार्य कहा जाते है उनोंके ३१९७४॥ देश है।

आर्य मनुष्योंके दो भेद है (१) ऋद्धिमन्ता, (२) अनऋद्धिमन्ता. जिस्में ऋद्धिमन्ते आर्य मनुष्योंके छे भेद है तीर्थकर चक्रवर्त्ति, बलदेव, वासुदेव, विद्याधर और चारणमुनि।

अनऋद्धिमन्ता मनुष्योंके नौ भेद है क्षेत्रार्य, जातिआर्य, कुलआर्य, कर्मार्य, शिल्पार्य, भाषार्य ज्ञानार्य, दर्शनार्य, चारित्रार्य जिस्में क्षेत्रआर्यके साढापचवीस क्षेत्रआर्य माने जाते है उनोंके नाम इस माफिक है मागधदेश राजगृहनगर, अंगदेश चम्पानगरी, वंगदेश तामलीपुरी, कलिंगदेश कंचनपुर, काशीदेश वनारसी, कोशलदेश सकेतपुर, कुरुदेश गजपुर, कुशावर्त सोरीपुर, पचालदेश कपिलपुर जंगलदेश (मारवाड) अहिछता, सोरठदेश द्वारामति, विदेहदेश मिथिला वच्छदेश कोसुंबी, सडिलदेश नंदिपुर मलीयादेश भदलपुर, वत्सदेश वैरादपुर, वरणदेश अच्छापुर, दशार्णदेश मृतकावती, चेदीदेश शक्तावती, सिन्धुदेश वीतभयपट्टण, सुरसेनदेश मथुरा, भङ्गदेश पावापुरी, पुरिवर्तदेश सुसमापुर, कुनाला सावत्थी, लाटदेश कोटीवर्ष, कैकइ नामका अर्द्धदेशमें श्वेताम्बिकानगरी इति। इन आर्यदेशोंका लक्षण जहांपर तीर्थंकर, चक्रवर्त्ति, वासुदेव, बलदेव, प्रतिवासुदेव आदिके जन्म होते है तीर्थंकरोंके पंचकल्याणक होते है.

जहांपर भाषा, आचार, व्यवहार, वैपारादि आर्यकर्म होते है ऋतु समफल देदे उनीको आर्यदेश कहते है ।

आर्यजातिके छे भेद है. यथा—अम्बष्टजाति, किलंदजाति विदेहजाति, वेदांगजाति, हरितजाति, चुंचणकपाजाति. उन जमानेमें यह जातियों उत्तम गीनी जाती थी ।

कुलार्यके छे भेद है. उग्रकुल, भोगकुल, राजनकुल, इक्षाककुल, ज्ञातकुल, कोरवकुल. इन छे कुलोंमे केइ कुल निकले है. इन कुलोंको उत्तम कुल माने गये थे ।

कर्मआर्य—वैपार करना. जैसे कपडाका वैपार, रुइका वैपार, सुतके वैपार, सोनाचान्दीके दागीनेका वैपार, कांसी पीतलके वरतनोंके वैपार, उत्तम जातिके कियाणाके वैपार. अर्थात् जिस्में पंद्रा कर्मादान न हो, पांचेन्द्रियादि जीवोंका वध न हो उसे कर्मआर्य कहते है ।

शिल्पार्य—जैसे तुनारकी कला, तंतुवय याने कपडे वनानेकी कला, काष्ट कोरनेकी, चित्र करनेकी, सोनाचन्दी घडनेकी मुंजकला, दान्तकला, संखकला, पत्थर चित्रकला, पत्थर कोरणी कला, रांगनकला, कोष्टागार निपजानेकी कला, गुंथणकला, वन्धगलवन्धन कला, पाक पकावनेकी कला इत्यादि. यह आर्यभूमिकी आर्य कलावों है ।

भाषार्य—जो अर्ध मागधी भाषा है, वह आर्य भाषा है. इनके सिवाय भाषाके लिये अठारा जातिकी लीपी है वह भी आर्य है ।

ज्ञानार्यके पांच भेद है. मतिज्ञान, श्रुतिज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान, केवलज्ञान. इन पांचों ज्ञानोंको आर्य ज्ञान कहते है ।

दर्शनार्यके दो भेद है. (१) सराग दर्शनार्य, (२) वीतराग दर्शनार्य. जिस्में सराग दर्शनार्यके दश भेद है ।

(१) निसर्गरुची-जातिस्मरणादि ज्ञानसे दर्शनरुची।
(२) उपदेशरुची-गुरवादिके उपदेशसे ,,
(३) आज्ञारुची-वीतरागदेवकी आज्ञासे ,,
(४) सूत्ररुची-सूत्रसिद्धान्त श्रवण करनेसे ,
(५) बीजरुची-बीजकी माफिक एकसे अनेक ज्ञान, दर्शनरुची।
(६) अभिगमरुची-द्वादशांगी जाननेसे विशेष ,,
(७) विस्ताररुची-धर्मास्ति आदि पदार्थसे ,,
(८) क्रियारुची-वीतरागके बताइ हुइ क्रिया करनेसे ,,
(९) धर्मरुची-वस्तुस्वभावके ओलखनेसे ,,
(१०) सक्षेपरुची-अन्य मत ग्रहन न किये हुवे भद्रिक जीवोंको,
दुसरा वीतराग दर्शनार्यके दो भेद है (१) उपशान्त कषाय,
(२) क्षीण कषाय इत्यादि सयोगी अयोगी केवली तक कहना।

(९) चारित्रार्यके पाच भेद है सामायिक चारित्र, छेदोपस्थापनीय चारित्र, परिहारविशुद्ध चारित्र सूक्ष्मसंपराय चारित्र, यथाख्यात चारित्र इति आर्य मनुष्य इति मनुष्य।

(४) देव पाचेन्द्रियके च्यार भेद यथा-भुवनपति, वाणव्यतर ज्योतिषी वैमानिक। जिस्मे भुवनपतियोंके दश भेद है। असुरकुमार, नागकुमार, सुवर्णकुमार, विद्युत्कुमार अग्निकुमार द्विपकुमार दिशाकुमार, उदधिकुमार, पवनकुमार, स्तनितकुमार। पंदरा परमाधामियों (असुरकुमारकी जातिमें) के नाम अम्ब आम्ब्रसे शामे सबले रूद्रे विरूद्रे काले महाकाले असीपत्ते धणु कुम्मे वालु वैतरणि खरस्वरे महाघोषे।

शोलहा वाणव्यंतरोंके नाम दिशाच भूत यक्ष राक्षस किन्नर किंपुरुष मोहरग गन्धर्व आणपन्ने पाणपन्ने ऋषिभाइ भूतिभाइ

कण्डे महाकण्डे कोहंड पयंगदेवा, वाणव्यंतरोंमें दश जातिके जंमृकदेवोंके नाम आणजंभृक प्राणजंभृक लेणजंभृक शेनजंभृक वस्त्रजंतक पुष्पजंभृक फलजंभृक पुष्पफलजंभृक विद्युत्जंभृक अग्निजंभृक।

ज्योतिषीदेव पांच प्रकारके है. चन्द्र सूर्य, ग्रह नक्षत्र, तारा पांच स्थिर अढाइ द्विपके बाहार है जिनोंकि कान्ति अन्दरके ज्योतिषीयोंसे आदि है सूर्य सूर्यके लक्ष योजन ओर सूर्य चन्द्रके पचासहजार योजनका अन्तर है. आढाइ द्विपके बाहार जहां दिन है वहां दिनही है ओर जहां रात्री है वहां रात्रीही है ओर पांचों प्रकारके ज्योतिषी आढाइ द्विपके अन्दर है यह सदैव गमनागमन करते रहते हैं। चन्द्र सूर्य ग्रह नक्षत्र तारा।

वैमानिक देवोंके दो भेद है. (१) कल्प, (२) कल्पअतित. जो कल्प वैमानवासी देव है उनोंमें इन्द्र सामानिक आदि देवों का छोटा वडापणा है जिनोंके बारहा भेद है सौधर्मकल्प, इशानकल्प सनत्कुमार, महेन्द्र ब्रह्मदेवलोक लंतकदेवलोक महाशुकदेवलोक सहस्रादेवलोक अणत्देवलोक पणतदेवलोक अरणदेवलोक अच्युतदेवलोक ॥ जो तीन कल्विषीदेव है यह मनुष्यभवमें आचार्योपाध्यायके अवगुण वाद बोलके कल्विषीदेव होते है यहांपर अच्छे देव उनोंसे अछुत रखते है. अपने विमानमें आने नहीं देते है अर्थात् वडा भारी तिरस्कार करते है जिनोंके तीन भेद है (१) तीन पल्योपमकि स्थितिवाले पहले दुसरे देवलोकके बाहार रहते है (२ तीन सागरोपमकी स्थितिवाले. तीजा चोथा देवलोकके बाहार रहते है (३) तेरह सागरोपमकी स्थितिवाले छठा देवलोकके बाहार रहने है. और पांचमा देवलोकके तीसरा रिष्ट नामके परतरमें नो लोकांतिकदेव रहते है उनोंका नाम

मारस्वत ,आदित्य ।जनय वारुण गर्दतोतीये तुमीये अव्यावाद अगिचा और रिष्ट ॥

कल्पातित्त-जहा छोटे बडेका कायदा नही हैं अर्थात् जहा सबदेव अहमिदा ' है उनोंके दो भेद है ग्रीवग और अनुत्तर वैमान जिस्मे ग्रीवैगके नौ भेद है यथा—भद्दे सुभद्दे सुजाये सुमानसे सुदर्शने प्रीयदशने आमोय सुपडिबुद्धे और यशोधरे। अनुत्तरवैमानके पाच भेद है विजय विजयवन्त जयन्त अपराजित और सर्वार्थ सिद्ध वैमान इति १०-१७-१६-१०-१२-९-३ ९-५ एवं ९९ प्रकारके देवतोंके पर्याप्ता अपर्याप्ता करनेसे १९८ भेद देवतोंके होते है देवतोंके स्थान=भुवनपतिदेवता अधोलोकमे रहते है वाणमित्र (व्यतर) ज्योतिषीदेव तीर्छालोकमे और वैमानिकदेव उर्ध्वलोकमे निवास करते है इति ।

उपर बतलाये हुये ५६३ भेद जीवोंका सक्षेपमे निर्णय—

१४ नरक सातोंका पर्याप्ता अपर्याप्ता ।

४८ तीर्यचके सूक्ष्म पृथ्वीकायके पर्याप्ता अपर्याप्ता बादर पृथ्वीकायके पर्याप्ता अपर्याप्ता एव ४ भेद अपकायके चार भेद तेउकायके च्यार भेद वायुकायके च्यार भेद और वनास्पति जो सूक्ष्म साधारण प्रत्येक इन तीनोंमे पर्याप्ता अपर्याप्ता से ६ भद मीलाके २२ भेद वे इन्द्रिय तेइन्द्रिय चारिन्द्रिय इन तीनोंके पर्याप्ता अपर्याप्ता मीलाके ६ भेद तीर्यच पांचेन्द्रिके जलचर स्थलचर खेचर उरपुर भुजपुर यह पाच सन्नी और पांच असन्नी मील दश भेद इनोंके पर्याप्ता अपर्याप्ता मीलये २० भेद होते है २२-६-२० सर्व ४८ भेद ।

३०३ मनुष्य-कर्मभूमि १५ अकर्मभूमि ३० अन्तर द्विपा ५६

मीलाके १०१ भेद इनोंके पर्याप्ता अपर्याप्ता करनेसे २०२ एकसो-एक मनुष्योंके चौदा स्थानमे समुत्सम जीव उत्पन्न होते है वह अपर्याप्ता होनेसे १०१ मीलाकेसर्व ३०३ देवतोंके दशभुवनपति १५ परमाधामी १६ वाणमित्र १० त्रजम्मृक दश जोतीषी बारहा देवलोक तीन कलिवषी नो लोकान्तिक नौ ग्रीवेग पांच अनुतर वैमान एवं ९९ इनोंके पर्याप्ता अपर्याप्ता मीलाके १९८ भेद हुये १४-४८-३०३-१९८ एवं जीव तत्त्वके ५६३ भेद होते है इनके सिवाय अगर अलग अलग किया जावे तों अनंते जीवोंके अनंते भेदभी हो सकते है। इति जीव तत्व।

(२) अजीवतत्त्वके जडलक्षण-चैतन्यता रहित पुन्यपापका अकर्ता सुख दु:खके अभक्ता पर्याय प्राण गुणस्थान रहित द्रव्यसे अजीव शाश्वता है भूत कालमें अजीव था वर्तमान कालमें अजीव है भविष्यमें अजीव रहेगा तीनों कालमें अजीवका जीव होवे नही. द्रव्यसे अजीवद्रव्य अनंते है क्षेत्रसे अजीवद्रव्य लोकालोक व्यापक है कालसे अजीवद्रव्य अनादि अनंत है भावसे अगुरु लघुपर्याय संयुक्त है. नाम निक्षेपासे अजीव नाम है स्थापना निक्षेपो अजीव एसे अक्षर तथा अजीवकि स्थापना करना. द्रव्य से अजीव अपना गुणोकों काममें नही ले. भावसे अजीव अपना गुणोकों अन्यके काममें आवे जेसे कीसीके पास एक लकडी है जबतक उन मनुष्यके वह लकडी काममें न आती हो तबतक उन मनुष्यकि अपेक्षा वह लकडी द्रव्य है और वह ही लकडी उन मनुष्यके काममें आति है तब वह लकडी भाव गीनी जाती है.

अजीवतत्त्वके दो भेद है (१) रूपी (२) अरूपी जिस्मे अरूपी अजीवके ३० भेद है यथा-धर्मास्तिकायके तीन भेद है. धर्मास्तिकायके स्कन्ध. देश. प्रदेश अधर्मास्तिकायके स्कन्ध,

देश, प्रदेश आकाशास्तिकायके स्कन्ध, देश, प्रदेश एव ९ भेद और एक कालका समय गीननेसे दश भेद हुवे धर्मास्तिकाय पाच बोलोंसे जानी जाती है द्रव्यसे एक द्रव्य क्षेत्रसे लोकव्यापक कालसे आदि अन्त रहित भावसे अरूपी जिस्मे वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श नही है गुणसे चलन गुण जेसे पाणीके आधारसे मच्छी चलती है इसी माफीक धर्मास्तिकायके आधारसे जीवाजीव गमनागमन करते है। अधर्मास्तिकाय पाच बोलोंसे जानी जाती है द्रव्यसे एक द्रव्य क्षेत्रसे लोकव्यापक कालसे आदि अन्त रहित भावसे अरूपी वर्ण, गन्ध, रस, स्पश रहित, गुणसे-स्थिरगुण जेसे श्रम पाये हुए पुरुषोंको वृक्षकी छायाका दृष्टान्त। आकाशा स्तिकाय पाच बोलोंसे जानी जाती है। द्रव्यसे एक द्रव्य, क्षेत्रसे लोकालोक व्यापक कालसे आदि अन्त रहित भावसे अरुपी वर्ण गन्ध रस स्पर्श रहित गुणसे आकाशमें विकासका गुण भीतमें खुटी तथा पाणीमें पतासाका दृष्टान्त। कालद्रव्य पाच बोलोंसे जाने जाते है द्रव्यसे अनत द्रव्य कारण काल अनते जीव पुद्गलोंकि स्थितिको पुरण करता है इस वास्ते अनत द्रव्य माना गया है क्षेत्रसे आढाइ द्विप परिमाणे कारण चन्द्र, सूर्यका गमनागमन आढाइ द्विपमें ही है समयावलिका आदि कालका मान ही आढाइद्विपसे ही गीना जाते है कालसे आदि अन्त रहित है भावसे अरूपी वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श रहित है गुणसे नयो वस्तुको पुराणी करे और पुराणी वस्तुको क्षय करे जेसे कपडा कतरणीका दृष्टान्त एवं ३-३-३-१-०-०-८-९-८ सर्व मील अरूपी अजीवका ३० भेद हुये

रूपी अजीवतत्त्वके ५३० भेद है निश्चयनयसे तो सर्व पुद्गल परमाणु है व्यवहारनयसे पुद्गलोंके अनेक भेद है जेसे दो प्रदेशी

स्कन्ध, तीन प्रदेशी स्कन्ध एवं च्यार पांच यावत् दश प्रदेशी स्कन्ध संख्यात प्रदेशी स्कंध, असंख्यात प्रदेशी स्कंध. अनंत प्रदेशी स्कन्ध कहे जाते है. निश्चयनयसे परमाणु जीस वर्णका होते है वह उसी वर्णपणे रहते है कारण वस्तुधर्मका नाश कीसी प्रकारसे नही होता है व्यवहारनयसे परमाणुवोंका परावर्तन भी होते है व्यवहारनयसे एक पदार्थ एक वर्णका कहा जाता है जैसे कोयल श्याम, तोताहरा, मांमलीया लाल, हल्दी पीली, हंस सुपेद परन्तु निश्चयनयसे इन सब पदार्थोंमें वर्णादि वीसों बोल पाते है कारण पदार्थकि व्याख्या करनेमें गौणता और मुख्यता अवश्य रहेती है जेसे कोयलको श्याकवर्णी कही जाती है वह मुख्यता पेक्षासे कहा जाता है परन्तु गौणतापेक्षासे उनोंके अन्दर पांच वर्ण, दो गन्ध, पांच रस, आठ स्पर्श भी मीलते है इसी अपेक्षानुसार पुद्गलोंके ५३० भेद कहते है यथा पुद्गल पांच प्रकारसे प्रणमते है (१) वर्णपणे (२) गन्धपणे (३) रसपणे (४) स्पर्शपणे (५) संस्थानपणे इनोंके उत्तर भेद २५ है जेसे वर्ण श्याम हरा, रक्त (लाल , पीला, सुपेद. गन्ध दो प्रकार सुर्भिगन्ध, दुर्भिगन्ध, रस-तिक्त, कटुक, कषायन, अम्बील, मधुर, स्पर्श, कर्कश, मृदुल, गुरु, लघु, शीत, उष्ण, स्निग्ध, रुक्ष. संस्थान- परिमंडल (चुडीके आकार) वट (गोल लड्डुके आकार) तंस (तीखुणासीघोडेके आकार) चौरस-चोकीके आकार, आयतन (लंबा वांसके आकार) एवं ५-२-५-८-५ मीलाके २५ भेद होते है ।

कालावर्णकि पृच्छा शेष च्यार वर्ण प्रतिपक्षी रखके शेष कालावर्णमें दो गन्ध, पांच रस, आठ स्पर्श, पांच संस्थान एवं २० बोल मीलते है इसी माफीक हरावर्णकि पृच्छा शेष च्यार वर्ण

प्रतिपक्षी है उन हरावर्णमें दो गन्ध, पाच रस आठ स्पर्श, पाच सस्थान एव वीस बोल पावे इसी माफीक लालवर्णमें २० बोल पीला वर्णमें २० बोल श्वेतवर्णमें २० बोल कुल पाचो वर्णोके १०० बोल होते है।सुभि गन्धकि पृच्छा दुभिगन्ध रहा प्रतिपक्षी जिस्मे बोल पाच वर्ण पाच रस, आठ स्पर्श पाच सस्थान एव २३ बोल पावे इसीमाफीक दुभिगन्धमे भी २३ बोल पावे एव गन्धके ४६ बोल रस तिक्त रसकि पृच्छा च्यार रस प्रतिपक्षी जीस्मे बोल पाच वर्ण, दो गन्ध, आठ स्पर्श,पाच सस्थान एव २० एव कटुकमें २० कषायलेमे२० आम्बिलमें २० मधुरमें २० सब मीलानेसे रसके १०० बोल होते है।

कर्कशस्पर्श कि पृच्छा मृदुलस्पश प्रतिपक्षी शेष बोल पाच-वर्ण दोगन्ध पाच रस छे,स्पर्श पाच सस्थान एव बोल २३ पावे एव मृदुल स्पर्शमें भी २३ बोल पावे एव गुरु स्पर्श कि पृच्छा लघु प्रतिपक्ष बोल २३ पावे एव लघुमे २३ शीतकि पृच्छा उष्ण प्रतिपक्ष बोल २३ एव उष्णमें २३ बोल स्निग्ध कि पृच्छा रूक्ष प्रतिपक्ष बोल पावे २३ इसी माफीक रूक्ष स्पर्शमें भी २३ बोल पावे परिमण्डल सस्थान की पृच्छ च्यार सस्थान प्रति पक्ष बोल पावे पाच वर्ण दोगन्ध पाच रस आठ स्पर्श एव २० बोल इसी माफीक वट सस्थानमें २० तस सस्थानमें २० चौरस स स्थानमें २० आयतान सस्थानमे २०। कुल बोल वर्णके १०० गन्धके ४६ रसके १०० स्पर्शके १८४ सस्थानके १०० सर्व मीलके ५३० बोल और पहले अरूपीके ३० बोल एव अजीव तत्वके ५६० भेद होते है इनके सिवाय अजीव द्रव्य अनते है उनोंके अनंते भेद भी होते है इति अजीवतत्व।

(३) पुन्य तत्वके शुभ लक्षण है पुन्य दु ख पूर्वक ब धे जाते

है और सुखपूर्वक भोगवीये जाते है जब जीवके पुन्य उदय रस विपाक में आते है तब अनेक प्रकारसे इष्टपदार्थ सामग्री प्राप्त होती है उनके जरिये देवादिके पौद्गलिक सुखोका अनुभव करते है परन्तु मोक्षार्थी पुरुषोंके लिये वह पुन्य भी सुवर्ण कि वेडी तुल्य है यद्यपि जीवको उच्च स्थान प्राप्त होनेमे पुन्य अवश्य सहायताभूत है जेसे कीसी पुरुषको समुद्र पार जाना है तो नौका कि आवश्यक्ता जरुर होती है इसी माफीक मोक्ष जानेवालोंको पुन्यरूपी नौकाकी आवश्यक्ता है मानों पुन्य-एक संसार अटवी उलंगनेके लिये वोलावाकी माफीक सहायक तरीके है वह पुन्य नौ कारणोंसे बन्धाता है यथा—

(१) अन्न पुन्य—कीसींको अशानादि भोजन करानेसे ।
(२) पाणी—जल प्यासोंको जल पीलानेसे पुन्य होते है ।
(३) लेण पुन्य-मकान आदि स्थानका आश्रय देनासे ।
(४) सेणपुन्य—शय्या पाट पाटला आदि देनेसे पुन्य ।
(५) वस्त्रपुन्य—वस्त्र कम्बल आदि के देनेसे पुन्य ।
(६) मनपुन्य-दुसरोंके लिये अच्छा मन रखनेसे ।
(७) वचन पुन्य—दुसरोंके लिये अच्छा मधुर वचन बोलनेसे ।
(८) काय पुन्य—दुसरोंकी व्यावच्च या बन्दगी वजानेसे ।
(९) नमस्कार पुन्य—शुद्ध भावोंसे नमस्कार करनेसे ।

इन नौ कारणोंसे पुन्य बन्धते है वह जीव भविष्यमें उन पुन्यका फल ४२ प्रकारसे भोगवते है यथा—

सातावेदनी(शरीर आरोग्यतादि), क्षत्रीयादि उच्चगौत्र,मनुष्यगति,मनुष्यानुपूर्वी,देवगति,देवानुपूर्वी,पांचेन्द्रियजाति औदारीक शरीर,वैक्रय शरीर,आहारीक शरीर, तेजस शरीर, कार्मण शरीर औदारीक शरीर अंगोपांग,वैक्रयशरीर अंगोपांग,आहारीक

शरीर अंगोपांग, वज्र ऋषभनाराचसंहनन, समचतुस्रसंस्थान, शुभ वर्ण, शुभगंध शुभरस, शुभस्पर्श, अगुरु लघु नाम (ज्यादा भारीभी नही ज्यादा हलका भी नही) पराघात नाम, (बलवानकों भी पराजय करसके) उश्वास नाम (श्वासोश्वास सुखपूर्वक ले सके) आताप नाम, (आप शीतल होनेपर भी दुसरोंपर अपना पुरा असर पाडे) उद्योत नाम, (सूर्य कि माफीक उद्योत करने वाला हो) शुभगति (गजकी माफीक गति हो) निर्माण नाम, (अंगोपाग स्वस्वस्थानपर हो) त्रस नाम, बादर नाम, पर्याप्ता नाम प्रत्येक नाम, स्थिर नाम (दांत हाड मजबुत हो) शुभ नाम (नाभीके उपरका अंग सुशोभीत हो तथा हरेक कार्यमें दुनिया तारीफ करे) सौभाग्य नाम (सब जीवोंको प्यारा लगे और सौभाग्यका भोगवे) सुस्वर नाम जिस्का (पंचम स्वर जेसा मधुर स्वर हो) आदेय नाम (जीनोंका वचन सब लोग माने) यशो कीर्ति नाम-यश एक देशमें कीर्ति बहुत देशमे, देवतोंका आयुष्य, मनुष्यका आयुष्य, तीर्यचका शुभ आयुष्य, और तीर्थंकर नाम, जिनके उदयसे तीनलोगमें पूजनिक होते है सब ४२ प्रकृति उदय रस विपाक आनेसे जीवको अनेक प्रकारसे आहलाद सुख देती है जिस्के जरिये जीव धन धान्य शरीर कुटम्बानुकुल आदि सर्व सुख भोगवता हुवा धर्मकार्य साधन कर सके इसी वास्ते पुन्यको शास्त्रकारोंने बोलाया समान मदद गार माना हुवा है इति पुन्यतत्त्व ।

(४) पापतत्त्वमें अशुभ फल सुखपूर्वक बान्धते है दुःख-पूर्वक भोगवते है जब जीवोंके पाप उदय होते है तब अनेक प्रकारे अनिष्ट दशा हो नरकादि गतिमे अनेक प्रकारके दुःख रस विपाकको भोगवने पडते है कारण नरकादि गतिमें मूख्य

कारणभूत पाप ही है पाप दुनियामें लोहाकी वेडी समान है अठारा प्रकारसे जीव पाप कर्म बन्धन करते हैं-यथा प्राणातिपात, मृषावाद, अदत्तादान, मैथुन, परिग्रह, क्रोध, मान. माया, लोभ, राग. द्वेष, कलह, अभ्याख्यान. पैशुन्य परपरीवाद, मायामृषावाद और मिथ्या दर्शन शल्य इन अठारा कारणोंसे जीव पाप कर्म बन्ध करते है उनोंको ८२ प्रकारसे भोगवते है यथा—

ज्ञानावर्णियकर्म जीवकों अज्ञानमय बना देते है जेसे घाणीका बैलके नेत्रोंपर पाटा बान्ध देनेसे कीसी प्रकारका ज्ञान नही रहता है इसी माफीक जीवोंकि ज्ञानावर्णियका पडल छा जानेसे कीसी प्रकारका ज्ञान नही रहता है जिस ज्ञानावर्णिय कर्मको पांच प्रकृति है—मतिज्ञानावर्णिय श्रुतज्ञानावर्णिय, अवधिज्ञानावर्णिय, मनःपर्यवज्ञानावर्णिय, केवलज्ञानावर्णिय यह पांचो प्रकृति पांचों ज्ञानकों रोक रखती है। दर्शनावर्णियकर्म जेसे राजाके पोलीयाकि माफीक धर्मराजासे मिलने तक न देवे जिस्की नो प्रकृति है चक्षुदर्शनावर्णिय अचक्षुदर्शनावर्णिय अवधिदर्शनावर्णिय केवलदर्शनावर्णिय निंद्रा (सुखे सोना सुखे जागना) निंद्रानिंद्रा (सुखे सोना दुःखे जागना) प्रचला (बेठे बेठेकों निंद्रा होना) प्रचलाप्रचला. (चलते फीरतेकों निंद्रा होना) स्त्यानर्द्धि. निंद्रा (दिनको विचारा हुवा सर्व कार्य निंद्रामे करे वासुदेव जितने बलवाले हो) असातावेदनीय. मिथ्यात्वमोहनिय (विप्रीतश्रद्धा अतत्त्व पर रुची) अनंतानुवन्धी क्रोध (पत्थरकि रेखा) मान (बज्रका स्थंभ) माया वांसकी जड) लोभ करमजी रेसमका रंग) घात करे तो समकितनी स्थिति जावजीवकी गतिनरककी। अप्रत्याख्यानी क्रोध (तलावकी तड) मान-दान्तका स्थंभ, माया मेंढाका श्रृंग. लोभ नगरका कीच। घात करे तों श्रावकके व्रतोंकी

स्थिति बारहमास गति तिर्यचकी। प्रत्याख्यानी क्रोध-गाडाकी लीक मान-काष्ठका स्थभ माया-चालते बैलका मात्रा लोभ-का जलका रग (घात करेतो सयमकी स्थिति च्यार मासकी गति मनुष्यकी) सज्वलनके क्रोध (पाणीकी लीक) मान (तृणके स्थभ) मायाबासकी छाल लोभ (हल्द पत्तगका रग) घात वीतराग ताकी स्थिति क्रोधकी दो मास मानकी एक मास, मायाकी पद-राहीन,लोभकी अतरमहुर्त गति देवतोंकी करे और हासी (ठठा मश्करी) भय, शोक जुगप्सा रति अरति स्त्रिवेद, पुरुषवेद नपुसकवेद नरकायुग्य नरकगति नरकानुपुर्वि, तीर्यचगति, ती र्यचानुपुर्वि एकेन्द्रियजाति बेइन्द्रियजाति चोरिंद्रियजाति ऋषभ नाराचसहनन नाराच० अर्द्धनाराच० किलको० छेवटो सहनन निग्रोदपरिमडल सस्थान, सादीयो० वबनस० कुब्जस० हुडकस० स्थावरनाम सूक्ष्मनाम अपर्याप्तानाम साधारणनाम, अशुभनाम अस्थिरनाम दुर्भाग्यनाम दु स्वरनाम अनादेयनाम अयशनाम अशुभगतिनाम, अपघातनाम निचगोत्र अशुभवर्ण गन्ध रस स्पर्श—दानान्तराय लाभान्तराय भोगान्तराय उपभोगान्तराय वीर्यान्तराय एव पापकर्म ८२ प्रकारसे भोगवीया जाते है इति पापतत्व।

(५) आश्रवतत्व-जीवोंके शुभाशुभ प्रवृतिसे पुन्य पाप रूपी कर्म आनेका रहस्ता जेसे जीवरूपी तलाब कर्मरूपी नाला पुन्य पापरूपी पाणीके आनेसे जीव गुरु हो ससारमे परिभ्रमन करते है उसे आश्रवतत्व कहते हैं जिस्के सामान्य प्रकारसे २० भेद है मिथ्यात्वाश्रव यावत् सूची कुशमात्र अयत्नासे लेना रखना आश्रव (देखो पैंतीस बोलसे चौदवा बोल) विशेष ४२ प्रकार प्राणातिपात (जीवहिंसा

करना) मृषावाद (मृट बोलना) अदत्तादान चौरीका करना. मैथुन, परिग्रह (ममत्व वढाना) श्रोतेन्द्रिय चक्षुइन्द्रिय घ्राणेन्द्रिय रसेन्द्रिय स्पर्शेन्द्रिय मन वचन काय इन आठोंकों खुला रखना अर्थात् अपने कब्जामें न रखना आश्रव है क्रोध मान माया लाभ एवं १७ बोल हुवे। अब क्रिया कहते है.

काइयाक्रिया-अयत्नासे हलना चलना तथा अव्रतसे
अधिगरणियाक्रिया-नये शस्त्र बनाना तथा पुराने तैयार कराना
पावसीयाक्रिया-जीवाजीवपर द्वेषभाव रखनेसे
परतापनियाक्रिया-जीवोंकों परिताप देनेसे
पाणाइवाइक्रिया-जीवोंकों प्राणसे मारदेनेसे
आरंभीकाक्रिया-जीवाजीवका आरंभ करनेसे
परिग्रहकिक्रिया-परिग्रहपर ममत्व मुर्च्छा रखनेसे
मायवतीयाक्रिया-कपटाइसे दशवे गुणस्थानक तक
मिथ्यादर्शनक्रिया-तत्त्वकि अश्रद्धना रखनेसे
अप्रत्याख्यानकिक्रिया-प्रत्याख्यान न करनेसे
दिठ्ठीयाक्रिया-जीवाजीवकों सरागसे देखना
पुठ्ठीयाक्रिया-जीवाजीवकों सरागसे स्पर्श करनेसे
पाडुचीयाक्रिया-दुसरेकि वस्तु देख इर्षा करना
सामंतवणिय-अपनि वस्तुका दुसरा तारीफ करनेपर
आप हर्ष लानेसे
सहत्थियाक्रिया-नोकरोंके करने योग्य कार्य अपने हाथोंसे
करनेसे कारण इसमें शासनकी लघुता होती है

नसिहत्थिया-अपने हाथोंसे करने योगकार्य, नोकरादिसे करानेसे, कारण वह लोग वेदरकारी अयत्नासे करनेसे अधिक पापका भागी होंना पडता है।

आणवणियाक्रिया-राजादिके आदेशसे कार्य करनेसे
वेदारणीयाक्रिया-जीवाजीवके टुकडे कर देनेसे ।
अणाभोगक्रिया-शुन्योपयोगसे कार्य करनेसे
अणवकखवतीया-वीतरागके आज्ञाका अनादर करनेसे
पोग-प्रयोगक्रिया-अशुभ योगोंसे क्रिया लगती है
पेज्ज-रागक्रिया-माया लोभ कर दुसरोंको प्रेमसे ठगना
दोस-द्वेषक्रिया-क्रोध-मानसे लगे द्वेषको बढाना
समुदाणीक्रिया-अधर्मके कार्यमें बहुत लोग एकत्र हो वहा सबके एकसा अध्यवसाय होनेसे सबके समुदाणी कर्म बन्धते है
इरियावाइक्रिया-वीतराग ११-१२-१३ गुणस्थानवालोंके केवलयोगोंसे लगे-एव २५ क्रिया

इन ४२ द्वारोंसे जीवके आश्रव आते है इति आश्रवतत्त्व ।

(६) सवरतत्त्व-जीवरूपी तलाव कर्मरूपी नाला पुन्यपाप रूपी पाणी आते हुवेको सवर रूपी पाटीयासे नाला बन्ध कर उन आते हुये पाणीको रोक देना उसे सवरतत्त्व कहते है अर्थात् स्वसत्ता आत्मरमणता करनेसे आते हुवे कर्म रूकजाते है उसे संवर कहते है जिस्के सामान्य प्रकारसे २० भेद पैतीस बोलोंके अन्दर चौदवा बोलमें कह आये है अब विशेष ५७ प्रकारसे सवर हो सकते है वह यहापर लिखा जाता है।

इर्यासमिति-देखके चलना भाषासमिति विचारके बोलना एषणासमिति शुद्धाहार पाणी लेना, आदानभंडोपकरण-मर्यादा परमाणे रखना उनोंको यत्नासे वापरणा, उच्चार पासवण जल खेल मेल परिठापनिकासमिति परठन परठावण यत्नाके साथ

करना। मनगुप्ति, वचनगुप्ति, कायगुप्ति अर्थात् मन, वचन काया कों अपने कब्जेमें रखना, पापारंभमें न जाने देना एवं ८ बोल. क्षुधापरिसह, पीपासापरिसह, शितपरिसह, उष्णपरिसह, दंशामंशगपरिसह, अचेल (वस्त्र) परिसह, आरतिपरिसह, इत्थि (स्त्री) परिसह, चरिय (चलनेका) परिसह, निषेध (स्मशानोमें कायोत्सर्ग करनेसे) शय्या परिसह (मकानादिके अभाव) अक्रोशपरिसह, वद्धपरिसह, याचनापरिसह, अलाभपरिसह, रोगपरिसह. तृणपरिसह, मैलपरिसह, सत्कारपरिसह, प्रज्ञापरिसह, अज्ञानपरिसह, दर्शनपरिसह एवं २२ परिसहकों सहन करना समभाव रखनासे संवर होते है.

क्षमासे क्रोधका नाश करे, मुक्त निर्लोभतासे ममत्वका नाश करे, अर्ज्जवसे मायाका नाश करे, मार्दवसे मानका नाश करे, लघवसे उपाधिको नाश करे, सच्चे सत्यसे मृषावादका नाश करे, संयम से असंयमका नाश करे, तपसे पुराणे कर्मोका नाश करे, चेइये. वृद्ध मुनियोंकों अशनादिसे समाधि उत्पन्न करे, ब्रह्मचर्य व्रत पालके सर्व गुणोंकों प्राप्त करे यह दश प्रकारके मुनिका मौख्य गुण है.

अनित्यभावना-भरत चक्रवर्तीने करी थी.

अशरणभावना-अनाथी मुनिराजने करी थी.

संसारभावना-शालीभद्रजीने करी थी.

एकत्वभावना-नमिराज ऋषिने करी थी.

असारभावना-मृगापुत्र कुमरने करी थी.

असूची भावना-सनत्कुमार चक्रवर्तीने करी थी.

आश्रवभावना-पलायची पुत्रने करी थी.

संवरभावना-केशी गौतमस्वामिने करी थी
निर्ज्जराभावना-अर्जुन मुनि महाराजने करी थी
लोकसारभावना-शिवराज ऋषिने करी थी
बोधीबीज भावना-आदीश्वरके ९८ पुत्रोंने करी थी
धर्मभावना-धर्मरूची अनगारने करी थी
यह बारह भावना भावनेसे संवर होते है।

सामायिक चारित्र, छदोपस्थापनिय चारित्र, परिहारविशुद्ध चारित्र, सुक्षमसपराय चरित्र यथाख्यात चारित्र यह पाच चारित्र सवर होते है पव ८-२२-१०-१२-५ सर्व मीलके ५७ प्रकारके सवर है इति सवरतत्त्व।

(७) निर्ज्जरातत्व-जीवरूपी कपडो कर्मरूपी मेल लगा हुवा है जिस्कों ज्ञानरूपी पाणी तपश्चर्यारूपी साबुसे धो के उज्वल बनावे उसे निर्ज्जरातत्व कहते है यह निर्ज्जरा दो प्रकारकी एक देशसे आत्मप्रदेशोंकों निर्मल बनाने, दुसरी सर्वसे आत्मप्रदेशों कों निर्मल बनावे जिसमें देश निर्ज्जरा दो प्रकार (१) सकाम निर्ज्जरा (२) अकाम निर्ज्जरा जेसे सम्यक् ज्ञान दर्शन विना अनेक प्रकारके कष्ट क्रिया करनेसे कर्मनिर्ज्जरा होती है यह सब अकाम निर्ज्जरा है और सम्यक् ज्ञान दर्शन सयुक्त कष्ट क्रिया करना यह सकाम निर्ज्जरा है सकामनिर्ज्जरा और अकामनिर्ज्जरामें इतना ही भेद है जो अकामनिर्ज्जरासे कर्म दूर होते है यह कीसी भवोमें कारण पाके वह कर्म और भी चोप जाते है और सम्यक् सकामनिर्ज्जरा हुइ हो यह फीर कीसी भवमे वह कर्म जीवके नही लगते है यह ही सम्यक् ज्ञानकी बलीहारी है इसवास्ते पहिले सम्यक् ज्ञान दर्शन प्राप्त कर फीर यह निर्ज्जरा करना चाहिये।

अब सामान्य प्रकारसे निर्ज्जराके बारहा भेद इसी माफाक है। अनसन, उनोदरी, भिक्षाचरी, रस परित्याग, कायाक्लेश, प्रतिसंलेषना, प्रायश्चित्त, विनय, वेयावच्च, स्वाध्याय, ध्यान, कायोत्सर्ग इनोंके विशेष ३५४ भेद है।

अनसन तपके दो भेद है (१) स्वल्पमर्यादितकाल (२) यावत् जीव जिस्मे स्वल्पकालके तपका छे भेद है श्रेणितप, परतरतप, घनतप, वर्गतप, वर्गावर्गतप, आकरणीतप.

श्रेणितपके चौदा भेद है एक उपवास करे, दो उपवास करे, तीन उपवास करे, च्यार उपवास करे, पांच उपवास करे, छे उपवास करे, सात उपवास करे, अद्ध मास करे, मास करे, दो मास करे, तीन मास करे, च्यार मास करे, पांच मास करे, छे मास करे.

परतरतप जिस्के सोलह पारणा करे देखो यंत्रसे. एसी च्यार परिपाटी करे, पहले परपाटीमें विगइ सहित आहार करे दुसरी परपाटीमें विगइ रहित आहार करे, तीसरी परिपाटीमें लेप रहित आहार करे, चोथी परिपाटीमें पारणेके दिन आंबिल करे, एक उपवास कर पारणो करे, फीर दो उपवास करे, पारणो कर तीन उपवास करे, पारणो कर च्यार उपवास करे. यह पहली परिपाटी हुइ. इसी माफीक कोष्टकमें अंक माफीक तपस्या करे. अन्तरामें पारणो करे. एवं च्यार परिपाटी करे. घनतपके चौसठ पारणा करे. च्यार परिपाटी पूर्ववत् समजना।

१	२	३	४
२	३	४	१
३	४	१	२
४	१	२	३

१	२	३	४	५	६	७	८
२	३	४	५	६	७	८	१
३	४	५	६	७	८	१	२
४	५	६	७	८	१	२	३
५	६	७	८	१	२	३	४
६	७	८	१	२	३	४	५
७	८	१	२	३	४	५	६
८	१	२	३	४	५	६	७

एक उपवास पारणो दो उपवास पारणो तीन उपवास पारणो एवं यावत् आठ उपवास कर पारणो करे यह पहली ओलीकी मर्यादा हुइ इसी माफिक सम्पुर्ण तप करनेसे एक परिपाटी होती है इसी माफिक च्यार परिपाटी समजना

वर्गतप जिस्मे चोसठ कोष्टकका यंत्र करे ४०९६ पारणे होते है

वर्गावर्गतपके १६७७७२१६ पारणेके कोष्टक ४०९६ होते है

अवरणीतपका अनेक भेद है यथा एकावलीतप, रत्नावली तप, मुक्तावलीतप, कनकावलीतप, खुडियाकसिंहनिक्रंकतप, महासिंहनिक्रम तप, भद्रतप, महाभद्रतप, सर्वतोभद्रतप, यव मध्यतप, वज्रमज्ञतप, कर्मचूरतप, गुणरत्नसंवत्सरतप, आंबिल वद्रमानतप, तपाधिकार देखों अंतगडसूत्रके भाषान्तर भाग १७ वा से इति स्वल्पकालकातप

यावत् जीवके तपका तीन भेद है (१) भक्त प्रत्याख्यान,

(२) इंगीतमरण, (३) पादुगमन, जिंस्में भत्तप्रत्याख्यान मरण जेसे कारणसे करे अकारण से करे, ग्रामनगरके अन्दर करे, जंगल पर्वत आदिके उपर करे, परन्तु यह अनसन सप्रतिक्रमण होते है. अर्थात् यह अनसन करनेवाले व्यावच्च करते भी है और कराते भी है कारण हो तो विहार भी कर सकते है दुसरा इंगीतमरणमें इतना विशेष है कि भूमिकाकी मर्यादा करते है उन भूमिसे आगे नही जा सके शेष भत्तप्रत्याख्यानकी माफीक. तीसरा पादुगमन अनसनमें यह विशेष है कि वह छेदा हुवा वृक्षकी डालके माफीक जीस आसन से अनसन करते है फीर उन आसनको बदलाते नही है. अर्थात् काष्टकी माफीक निश्चलपणे रहते है उनोंके अप्रतिक्रमण अनसन होते है यह वज्रऋषभनाराच संहननवाला ही कर सक्ते है इति अनसन.

(२) औणोदरीतपके दो भेद है. (१) द्रव्य औणोदरी (२) भाव औणोदरी जिस्में द्रव्य औणोदरीके दो भेद है (१) औपधि औणोदरी (२) भात्त पाणी औणोदरी. औपधि औणोदरीके अनेक भेद है जेसे स्वल्पवस्त्र, स्वल्प पात्र, जीर्णवस्त्र, जीर्णपात्र, एकवस्त्र, एकपात्र, दोवस्त्र, दो पात्र इत्यादि दुसरा आहार औणोदरीके अनेक भेद है अपनि आहार खुराक हो उनके ३२ विभाग करले उनों से आठ विभागका आहार करे तो तीन भागकी औणोदरी होती है और बारहा विभागका आहार करे तों आधासे अधिक० सोलहा विभागका आहार करे तों आदि० चोवीस विभागका आहार करे तों एक हीस्साकी औणोदरी होती है अगर ३१ विभागका आहार कर एक विभाग भी कम खावे तों उसे किंचित् औणोदरी और एक विभागका ही आहार करे तों उत्कृष्ट औणोदरी होती है अर्थात् अपनी खुराकसे किसी प्रकारसे कम खाना उसे औणोदरी तप कहा जाता है ।

भाव औणोदरीके अनेक भेद हैं क्रोध नहीं करे, मान नहीं करे, माया नहीं करे, लोभ नहीं करे, रागद्वेष नहीं करे, द्वेष न करे क्लेश नहीं करे, हास्य भयादि नहीं करे अर्थात् जो कर्मबन्ध के कारण हैं उनोंको क्रमशः कम करना उसे औणोदरी कहते है।

(३) भिक्षाचारी-मुनि भिक्षा करनेको जाते है उस समय अनेक प्रकारके अभिग्रह करते हैं यह उत्सर्ग मार्ग है जीतना जीतना ज्ञान सहित कायाको कष्ट देना उतनी उतनी कर्मनिर्जरा अधिक होती है उनी अभिग्रहोंके यहापर तीस बोल बतलाये जाते है। यथा—

(१) द्रव्याभिग्रह-अमुक द्रव्य मीले तो लेना
(२) क्षेत्राभिग्रह-अमुक क्षेत्रमें मीले तो लेना
(३) कालाभिग्रह-अमुक टाइममें मीले तो लेना
(४) भावाभिग्रह-पुरुष या स्त्री इस रूपमें दे तो लेना
(५) उक्खीताभिग्रह-वरतन से निकालके देवे तो लेना
(६) निक्खीताभिग्रह-वरतनमे डालताहुवा देवेतो लेना
(७) उक्खीतनिक्खीत-व० निकालते डालते दे तो लेना
(८) निक्खीतउक्खीत-व० डालते निकालते दे तो लेना
(९) वट्टीज्जाभिग्रह-भेंटत हुये आहार दे ता लेना
(१०) साहारीज्जाभिग्रह-एक वरतन से दुसरे वरतनमें डालते हुये देवे तो लेना
(११) उवनित अभिग्रह-दातार गुण कीर्तन करके आहार देवे तो लेना।

(१२) अवनित अभिग्रह-दातार अवगुण बोलके आहार देवे तो लेना.

(१३) उवनित अवनित-पहले गुण और पीच्छे अवगुण करते हुवे आहार देवे तो लेना.

(१४) अव० उव० पहले अवगुण और पीछे गुण करता देवे.

(१५) संसट्ठ ,, पहलेसे हाथ भरडे हुवे हो वह देवे तो लेना

(१६) असंसट्ठ ,, पहलेसे हाथ साफ हो वह देवे तो लेना.

(१७) तज्जात ,, जोन द्रव्यसे हाथ भरडे हो वहही द्रव्य लेवे.

(१८) अणयण ,, अज्ञात कुलकि गोचरी करे।

(१९) मोण ,, मौनव्रत धारण कर गोचरी करे।

(२०) दिट्ठाभिग्रह, अपने नेत्रोंसे देखा हुवा आहार ले.

(२१) अदिट्ठ ,, भाजनमें पडा हुवा अदेखा हुआ " लेवे.

(२२) पुट्ठाभिग्रह पुच्छके देवे क्या मुनि आहार लोगे तो लेना.

(२३) अपुट्ठाभिग्रह-विनों पुच्छे दे तो आहार लेना.

(२४) भिक्ख ,, आदर रहीत तिरस्कारसे देवे तो लेना.

(२५) अभिक्ख ,, आदार सत्कार कर देवे तो लेना.

(२६) अणगीलाये ,, बहुत क्षुधा लगजाने पर आहार लेवे.

(२७) ओवणिया ,, नजीक नजीक घरोंकी गोचरी करे.

(२८) परिमत्त ,, आहारके अनुमानसे कम आहार ले.

(२९) शुद्धेसना ,, एकही जातका निर्वद्य आहार ले.

(३०) संखीदात ,, दातादिकी संख्याका मान करे.

इनके सिवाय पेडागोचरी अदपेडागोचरी सगावृतन गोचरी चम्पवाल गोचरी गाउगोचरी पतगीया गोचरी इत्यादि अनेक प्रकारके अभिग्रह कर सकते है यह सब भिक्षाचरीके ही भेद है।

(८) रस परित्यागतपके अनेक भेदहै सरसाहारका त्याग, नियी करे, आंबिल करे ओमामणसे एक सीतले, अरस आहार ले विरस आहार ले, लुग्व आहार ले, तुच्छ आहार ले, अन्ताहार ले, पाताहार ले, बचा हुवा आहार ले, कोइ राक भिक्षु काग कुते भी नही वाच्छे एस फासुक आहार ले अपनि सयमयात्राका निर्वाहा करे

(५) कायाक्लेशतप-कायकि माफीक खडा रहे ओकडू आसन करे, पद्मासन करे, वीरासन निषेधासन दडासन लगडासन, आम्रकुब्जासन, गोदुआसन पीलाकासन, अधोशिरासन सिंहासन, कोचासन, उष्णकालमें आतापना ले, शीतकालमे वस्त्ररहित रह ध्यान करे थुक थुके नही खाज गीणे नही मैल उतारे नहो, शरीरकी विभूषा करे नही और मस्तकका लोच करे इत्यादि

(६) पडिसलीणतातपके च्यार भेद (१) कषाय पडिसलेणता याने नवाकषाय करे नही उदय आयेको उपशान्त करे जिस्के च्यार भेद क्रोध मान माया लोभ।४। (२) इन्द्रिय पडिसलेणता, इन्द्रियोंके विषय विकारमें जातेको रोके उदय आये विषय विकारको उपशान्त करे जिस्के पाच भेद है श्रोत्रेन्द्रिय चक्षुइन्द्रिय, घाणेन्द्रिय, रसेन्द्रिय और स्पर्शेन्द्रिय (३) योग पडिसलिणता। अशुभ योगोंके व्यापारको रोके और शुभ योगों के व्यापारमें प्रवृति करे जिस्के तीन भेद है, मनयोग, वचन

योग, काययोग, (४) विवतस्यनासन याने स्त्रि नपुंसक और पशु आदि विकारीक निमत्त कारण हो एसे मकानमें न रहे इति।

इन छे प्रकारके तपको बाह्यतप कहते है।

(७) प्रायश्चिततप-मुनि ज्ञान दर्शन चारित्रके अन्दर सम्यक् प्रकारसे प्रवृत्ति करते हुवेको कदाचित् प्रायश्चित लग जावे, तो उन प्रायश्चितकी तत्काल आलोचना कर अपनि आत्माको विशुद्ध बनाना चाहिये यथा—

दश प्रकारसे मुनिको प्रायश्चित लगते है यथा—कंदर्प पीडित होनेसे, प्रमादवस होनेसे, अज्ञातपणेसे, आतुरतासे, आपतियों पडनेसे, शंका होनेसे, सहसात्कारणसे, भयोत्पन्न होनेसे द्वेषभाव प्रगट होनेसे, शिष्यकि परिक्षा करनेसे।

दश प्रकार मुनि आलोचन करते हुवे दोष लगावे. कम्पता कम्पता आलोचन करे. पहले उन्मान पुच्छे कि अमुक प्रायश्चित सेवन करनेका क्या दंड होगा फीर ठीक लागे तो आलोचना करे। लोकोंने देखा हो उन पापकि आलोचना करे दुसरेकी नही अदेखा हुवे दोषकि आलोचना करे। बडे बडे दोषोंकी आलोचना करे. छोटे छोटे पापोंकी आलोचना करे. मंद स्वरसें आलोचना करे. जोर जोरके शब्दोसे० एक पापको बहुतसे गीतार्थोंके पास आलोचना करे, अगीतार्थोंके पास आलोचना करे.

दशगुणोंका धणी हो वह आलोचना करे. जातिवन्त. कुलवन्त, विनयवन्त उपशान्तकषायवन्त, जितेन्द्रियवन्त. ज्ञानवन्त, दर्शनवन्त, चारित्रवन्त, अमायवन्त, और प्रायश्चित ले के पश्चाताप न करे।

दशगुणोंके धणी के पास आलोचना लि जाति है. स्वयं आचारवन्त हो. परंपरासे धारणवन्त हो. पांच व्यवहारके जानकार हो. लज्जा छोडाने समर्थ हो शुद्धकरने योग हो. आग-

लोंके मर्म प्रकाश न करे निर्याहाकरने योग्य हो अनालोचनाके अनर्थ बतलानेमे चातुर हो प्रीय धर्मी हो, और दृढधर्मी हो।

दश प्रकारके प्रायश्चित आलोचना, प्रतिक्रमण, दोनों साथमें करावे विभाग कराना कायोत्सर्ग कराना तप, छेद मूलसे फीर दीक्षा देना, अणुठप्पा और पारन्चिय प्रायश्चित इन ५० बो लोंका विशेष खुलासा दे,खो शीघ्रबोध भाग २२ के अन्तमे इति।

(८) विनयतप जिस्का मूल भेद ७ है यथा ज्ञानविनय, दर्शनविनय, चारित्रविनय, मनविनय, वचनविनय, कायविनय, लोकोपचार विनय, इन सात प्रकार विनयके उत्तर भेद १३४ है।

ज्ञानविनयके पाच भेद है मतिज्ञानका विनय करे, श्रुति ज्ञानका विनय करे, अवधि ज्ञानका विनय करे, मन पर्यवज्ञानका विनय करे, केवलज्ञानका विनय करे, इन पाचों ज्ञानका गुण करे, भक्ति करे, पूजा करे, बहुमान करे तथा इन पाचों ज्ञानके धारण करनेवालोंका बहुमान भक्ति करे तथा ज्ञानपद कि आराधना करे।

दर्शन विनयका मूल भेद दो है (१) शुश्रुषा विनय, (२) अनाशातना विनय, जिस्मे शुश्रुषा विनयका दश भेद है गुरु महाराजकों देख खडा होना, आसनकि आमन्त्रण करना, आसन बिच्छादेना, वन्दन करना पाचाग नामाके नमस्कार करना वस्त्रादिदे के सत्कार करना गुण कीर्तनसे सन्मान करना गुरु पधारे तों सामने लेनेको जाना विराजे वहातक सेवा करना पधारे जब साथमें पहुचानेको जाना इत्यादि इनकों शुश्रुषा विनय कहते है।

अनअशातनाविनयके ४५ भेद है अरिहन्तोंकि आशातना

न करे. अरिहंतोंके धर्मकि आ० आचार्य० उपाध्याय० स्थविर कुल० गण० संघ० क्रियावंत० संभोगी स्वाधर्मि. मतिज्ञान, श्रुतिज्ञान अवधिज्ञान मनः पर्यवज्ञान और केवलज्ञान इन १५. महापुरुषोंकि आशातना न करे इन पंदरोंका बहुमान करे इन पंदरों कि सेवा भक्ति करे एवं ४५. प्रकारका विनय समझना।

नोट—दशवा बोलमें संभोगी कहा है जिस्का समवायांगजी सूत्रमें संभोग बारहा प्रकारका कहा है अर्थात् सरीखी समाचारी वाले साधुवोंके साथ अलपा स्वलपा करना जेसे एक गच्छके साधुवोंसे दुसरे गच्छके साधुवोंको औपधिका लेन देन रखना. सूत्र वाचनाका लेना देना, आहारपाणीका लेना देना, अर्थ वाचना लेना देना, आपसमे हाथ जोड़ना, आमंत्रण करना. उठके खडा होना. वन्दना करना, व्यावच्च करना, साथमें रहना, एक आसन पर बेठना, आल्लाप संलापका करना.

चारित्रविनयके पांच भेद सामायिक चारित्रका विनय करे. छदोपस्थापनिय चारित्रका विनय करे, परिहारविशुद्ध चारित्रका विनय करे, सूक्ष्म संपराय चारित्रका विनय करे. यथाख्यात चारित्रका विनय करे।

मनविनयके भेद २४ मूल भेद दोय. (१) प्रशस्त विनय, (२) अप्रशस्त विनय, जैसे प्रशस्त विनयके १२ भेद है मनको सावद्य कार्यमें जाते हुवेको रोकना, इसी माफीक पापक्रियासे रोकना, कर्कश कार्यसे रोकना. कठोर कार्यसे रोकना, फरूस–तीक्षण पापसे रोकना, निष्ठुर कार्यसे रोकना, आश्रवसे रोकना, छेद करानेसे, भेद करानेसे, परितापना करानेसे, उद्विग्न करानेसे और जीवोंकि घात करानेसे रोकना इस्का नाम प्रशस्त मन विनय है और इन बारहा बोलोंको विप्रीत करनेसे बारहा

प्रकारका अप्रशस्त विनय होते है अर्थात् विनय तों करे परन्तु मन उक्त अशुद्ध कार्यमें लगा रखे इनोंसे अप्रशस्त विनय होते है एव २४ भेद मन विनयका है।

वचन विनयका भी २४ भेद है, मूल भेद दो (१) प्रशस्त विनय, (२) अप्रशस्त विनय, दोनोंके २४ भेद मन विनयकि माफीक समझना।

काय विनयके १४ भेद है मूल भेद दो (१) प्रशस्तविनय, (२) अप्रशस्त विनय, जिस्मे प्रशस्त विनय के ७ भेद है उपयोग सहित यत्नापूर्वक चलना, बेठना उभारहना सुना एक वस्तुकों एक दफे उलघन करना तथा वारवार उलघन करना इन्द्रियों तथा कायाकों सर्व कार्यमें यत्ना पूर्वक वरताना इसी माफीक अप्रशस्त विनयके ७ भेद है परन्तु विनय करते समय कायाकों उक्त कार्योंमें अयत्नासे वरतावे एव १४

लोकोपचार विनयके ७ भेद है यथा (१) सदैव गुरुकुलवासाकों सेवन करे, (२) सदेव गुरु आज्ञाकों ही परिमाण करे और प्रवृति करे, (३) अन्य मुनियोंका कार्य भि यथाशक्ति करके परकों साता उपजावे, (४) दुसरोंका अपने उपर उपकार है तो उनोंके बदलेमें प्रत्युपकार करना, (५) ग्लानि मुनियों कि गवेषना कर उनोंकि व्यावच करना, (६) द्रव्य क्षेत्र काल भावकों जानकर वन आचार्यादि सर्व संघका विनय करना, (७) सर्व साधुयोंके सर्व कार्यमे समयकों प्रसन्नता रखना यहही धर्मका लक्षण है इति

(८) व्यावच तपके दश भेद है आचार्य महाराज उपाध्यायजी स्थिवरजी गण (बहुताचार्य) कुल (बहुताचार्यों के शिष्य समुदाय) संघ, स्वाधर्मि, तपस्वी मुनिकी क्रिया वन्तपि नवदिक्षित शिष्य इन दशों जीवोंकी बहुमान पूर्वक

व्यावच्च करे याने आहारपाणी लाके देवें और भी यथा उचित कार्यमें सहायता पहुंचाना जिनसे कर्मोंकी महा निर्ज्जरा और संसारसमुद्रसे पार होनेका सिधा रहस्ता है।

(१०) स्वाध्याय तपके पांच भेद है. वाचना देना या लेना, पृच्छना-प्रश्नादिका पुच्छना. परावर्तना-पठनपाठन करना. अनुपेक्ष पठनपाठन कीये हुवे ज्ञानमें तत्वरमणता करना. धर्मकथा-धर्माभिलाषीयोंको धर्मकथा सुनाना ॥ तीन जनोंको वाचना नहीं देना. (१) नित्य विगइ याने सरस आहारके करनेवालेको, (२) अविनयवंतको, (३) दीर्घ कषायवालेको। तीन जनोंको वाचना देना चाहिये. विनयवंतको, निरस भोजन करनेवालेको २ जिस्के क्रोध उपशान्त हो गया है तथा अन्यतीर्थी पाखंडी हो धर्मका द्वेषी हो उनको भी वाचना न देनी और न उनोंसे वाचना लेनी, कारण वाचना देनेसे उनोंको विप्रीत होगा ता धर्मकी निंदा करेंगा और वाचना लेना पडे तो भी वह उपहास करेंगे कि जैनोंको हम पढाते है, हम जैनोंके गुरु है. इस वास्ते एसे धर्मद्वेषीयोंसे दूर ही रहना अच्छा है. अगर भद्रिक प्रणामी हो उसे उपदेश देना और मिथ्यात्वका रहस्ता छोडाना मुनियोंकी फर्ज है।

वाचनाकी विधिका छे भेद है. संहितापद, पदछेद, अन्वय, अर्थ, निर्युक्ति तथा सामान्यार्थ और विशेषार्थ। प्रश्नादि पूच्छनेका सात भेद है। पहले व्याख्यानादि शान्त चित्तसे श्रवण करे. गुरवादिका वहुमान करे अर्थात् वाणि झेले हुंकारा देवे. तहकार करे अर्थात् भगवानका वचन सत्य है. जो पदार्थ समझमें नहीं आवे उनोंके लिये तर्क करे, उनका उत्तर सुन विचार करे. विस्तारसे ग्रहन करे, ग्रहन कीये ज्ञानको धारण कर याद रखे।

प्रश्न करनेके ३ भेद हैं, अपनेको शका होनेसे प्रश्न करे दुसरे मिथ्यात्वीयोंको निरुत्तर करनेको प्रश्न करे। अनुयोग ज्ञानकी प्राप्तिके लीये प्रश्न करे दुसरोंको बोलानेके लिये प्रश्न करे जानता हुवा दुसरोंको बोधके लीये प्रश्न करे अनजानता हुवा गुरवादिकी सेवा करनेके लिये प्रश्न करे।

परावर्तन करनेके आठ भेद है काले, विनये, बहुमाणे, उवहाणे, अनिन्नवणे, व्यञ्जन, अर्थ, तदुभय इन आठ आचारोंसे स्वाध्याय करे तथा इनोंकी ३४ अस्वाध्याय हैं उनको टालके स्वाध्याय करे, अस्वाध्याय आगे लिखी है सो देखो।

अनुपेक्षाके अनेक भेद हैं पढा हुवा ज्ञानको वारवार उप योगमे लेना ध्यान, श्रवण, मनन, निदिध्यासन, वर्तन, चैतन्य जडादिके भेद करना।

धर्मकथाके च्यार भेद है अक्षेपणी, विक्षेपणी, सवेगणी, निर्वेगणी इनके सिवाय विचित्र प्रकारकी धर्मकथा है

जैन सिद्धान्त पढनेवालोंको पहला इस माफीक—

(१) द्रव्यानुयोगके लिये न्यायशास्त्र पढो

(२) चरणकरणानुयोगके लिये नीतिशास्त्र पढो

(३) गणितानुयोगके लिये गणितशास्त्र पढो

(४) धर्मकथानुयोगके लिये अलंकारशास्त्र पढो

यह च्यार लौकीक शास्त्र च्यारों अनुयोगद्वारके लिये मद दगार है इनोंके पहला गुरुगम्यताकी खास आवश्यक्ता है, इस वास्ते जैनागम पढनेवालोंको पहले गुरुचरणोंकी उपासना करनी चाहिये।

जैनागम पढनेवालोंको निम्नलिखित असज्झाय टालनी चाहिये।

(१) तारा टूटे तो एक पेहर सूत्र न पढे. (२) रक्तदिशा लाल रहे वहांतक सूत्र न पढे. (३) अकाले गाज विजली होवे तो गाजविज अकालमें पडती होवे. इसीसे सिवाय अकाल कहा जाता है. उस अकालमें विजली हो तो एक पहर. गाज हो तो दो पेहर, भूमिकंप हो तो जघन्य आठ पेहर, मध्यम बारहा उत्कृष्ट सोलहा पेहर सूत्र न पढे, (४-५-६) चान्द्रका हंक मानी शुद १-२-३ रात्री पहले पहरमें सूत्र न पढे. (७) आकाशमें अग्नि उपद्रव हो जहांतक न मीटे वहांतक सूत्र न पढे, (८) धूमर, (९) महिका धूमर, (१०) रजोद्घात यह तीनो जहांतक न मीटे वहांतक सूत्र न पढे. (११) मनुष्यके हाड जिस जगहपर पडा हो उसीसे १०० हाथ तीर्यंचका हाड ६० हाथके अन्दर हो तथा उसकी दुर्गन्ध आति हो मनुष्यका १२ वर्ष तीर्यंचका ८ वर्ष तकका हाडकी असज्झाय होती है वास्ते सूत्र न पढे। (१२) मनुष्यका मांस १०० हाथ तीर्यंचका ६० हाथ फासले से मनुष्यका ८ पेहर तीर्यंचके ३ पेहर इनोंकी असज्झाय हो तो सूत्र न वाचे। (१३) इसी माफीक मनुष्य तीर्यंचका रुद्रकी असज्झाय (१४) मनुष्यका मल मूत्र-जहांतक जिस मंडलमें हो वहांतक सूत्र न पढे तथा जहांपर दुर्गन्ध आति हो वहांभी सूत्र न पढना चाहिये। (१५) स्मशानभूमि चौतर्फ १०० हाथके अन्दर सूत्र न पढे (१६) राजमृत्यु होनेके बाद तथा राजापाट न बेठे वहांतक उनोंके राजमें सूत्र न पढे (१७) राजयुद्ध जहांतक शान्त न हो वहांतक उनोंके राजमें सूत्र न पढे (१८) चन्द्रग्रहन (१९) सूर्यग्रहन जघन्य ८ पेहर मध्यम १२ पेहर उत्कृष्ट १६ पेहर सूत्र न पढे (२०) पांचेन्द्रियका मृत्यु

कलेवर जीस मकानमें पडा हो वहातक सूत्र न पढे। यह बीस अस्वाध्याय ठाणायागसूत्रके दशवे ठाणामें कही है। प्रभात, श्याम मध्यान्ह आदि रात्री एव च्यार अकाल अकेक मुहुर्त तक सूत्र न पढे।२१। २२। २३।२४। आषाढ शुद १५ श्रावण वद १ भाद्रवा शुद १० आश्वन वद १ आश्वन शुद १५ कार्तिक वद १ कार्तिक शुद १५ मागशर वद १ चैत शुद १५ वैशाख वद १ एव दश दिन सूत्र न पढ यह १२ अस्वाध्याय निशिथसूत्रके उन्नीसवे उद्देशामे कही है और दो अस्वाध्याय ठाणायागसूत्रमें कही है एव सर्व मिल ३४ अस्वाध्याय अवश्य टालनी चाहिये।

सवैया—तारोतुटे, रातीदिश, अकालमे गाजविज्ञ, कडक आकाश तथा भूमि कम्प भारी है बालचन्द्र यक्षचेन्ह आकाश अग्निकाय काली धोली धूमर और रजघात न्यारी है हाड मास लोहीराद टरडे मसान जले, चन्द्र सूर्य ग्रहन और राजमृत्यु टालीये, पाचेन्द्रिका कलेवर राजयुद्ध सर्व मील वीस टोल टाल यत ज्ञानी आज्ञा पाली है आसाढ, भाद्रवो, आसोज, काती, चैती पुनम जाण, इनहीज पाचो मासकी पडिवा पाच व्याख्यान पडिया पाच व्याख्यान श्याम शुभे नही भणीये। आदी रात दे चार सर्व मीली चोतीस थुणिये चोतीस अस्वाध्याय टालके सूत्र भणसे मोय, लालचन्द इणपर कहे जहा विघ्न न व्यापे कोय ॥ १ ॥ इति स्वाध्याय।

(११) ध्यान-ध्यानके च्यार भेद है (१) आर्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्मध्यान, शुक्लध्यान जिस्मे आर्त्तध्यानके च्यार पाया है अच्छी मनोज्ञ वस्तुकि अभिलाषा करे बराब अमनोज्ञ वस्तुका वियोग चितवे, रोगादि अनिष्ट पदार्थोका वियोग चितवे, परभवमे सुखोंका निदान करे। अब आर्त्तध्यानके च्यार लक्षण

फीकर चिंता शोकका करना, आशुपातका करना, आक्रन्द शब्द करना रोना, छाती मस्तक पीटना विलापातका करना.

रौद्रध्यानके च्यार पाये. जीवहिंस्या कर खुशीमनाना, जूठ बोल खुशीमनाना, चौरी कर कुशीमनाना, दुसरोंको कारागृहमें डलाके हर्ष मानना. एवं रौद्रध्यानके च्यार लक्षण है. स्वल्प अपराधका बहुत गुस्सा द्वेष रखना, ज्यादा अपराधका अत्यन्त द्वेष रखना, अज्ञानतासे द्वेष रखना, जाव जीवतक द्वेष रखना. इन प्ररिणामवालोंको रौद्रध्यान कहते हैं।

धर्मध्यानके च्यार पाये. वीतरागकि आज्ञाका चिंतवन करना, कर्म आनेके स्थानोंको विचारना, कर्मोंके शुभाशुभ विपाकका विचार करना, लोकका संस्थान चिंतवन करना, धर्मध्यानके च्यार लक्षण इस मुजब है आज्ञारूची याने वीतरागके आज्ञाका पालन करनेकी रूची, निःसर्गरूची याने जातिस्मरणादिज्ञानसे धर्मध्यानकि रूची होना, उपदेशरूची याने गुरवादिके उपदेश श्रवण करनेकि रूची हो. सूत्ररुची–सूत्रसिद्धान्त श्रवण कर मनन करनेकी रूची यह धर्मध्यानके च्यार लक्षण हैं। धर्मध्यानके च्यार अवलम्बन हैं. सूत्रोंकि वाचना, पृच्छना, परावर्तना और धर्मकथा कहेना. धर्मध्यानके च्यार अनुपेक्षा है. संसारको अनित्य समझना, संसारमे कीसी सरणा नही है सुखदुःख अपने आप ही को भोगवना पडेगा, यह जीव एकेला आया है ओर अकेला ही जावेंगा. एकत्वपणा चिंतवे. हे चैतन्य ! तुं इस संसारमें एकेक जीवोंसे कीतनी कीतनीवार संबन्ध कीया है इस संबन्धीयोंमें तेरा कोन है, तुं कीसका है, कीसके लिये तुं ममत्वभाव करता हैं आखीर सब संबन्धीयोंओ छोडके एकलेको ही जाना पडेगा।

शुक्लध्यानके च्यार पाया है एक ही द्रव्यमें भिन्न भिन्न गुणपर्याय अथवा उपनेजा विध्नेवा ध्रुवेधा आदि भावका विचार करना, बहुत द्रव्योंमे एक भावका चिंतवना जैसे षट्द्रव्यमे अगुरुलघुपर्याय स्वाधर्मिताका चिंतवना अचलावस्थामें तीनों योगोंका निरूंधणा चिंतवना, चौदवा गुणस्थानमें सूक्षमक्रियासे निवृतन होनेका चिंतवन करना

शुक्लध्यानके च्यार लक्षण देवादिके उपसर्गसे चलायमान न होवे, सूक्षमभाव श्रवण कर ग्लानी न लावे, शरीरसे आत्मा अलग और आत्मासे शरीर अलग चिंतवे शरीरको अनित्य समझ पुद्‌गल जो पर वस्तु जान उनका त्याग करे।

शुक्लध्यानका च्यार अवलम्बन क्षमा करे, निर्लोभता रखे निष्कपटी हो, मदरहित हो

शुक्लध्यानके च्यार अनुपेक्षा यह मेरा जीव अनंतवार ससारमें परिभ्रमन कीया है इस आगपार ससारमे यह पौद्‌गलीक वस्तु सर्व अनित्य है, शुभ पुद्‌गल अशुभपणे और अशुभ पुद्‌गल शुभपणे प्रणमते है इसी वास्ते पुद्‌गलोंसे प्रेम नही रखना एसा विचार करे। ससारमें परिभ्रमन करनेका मूल कारण शुभाशुभ कर्म है कर्मोका मूल कारण च्यार हेतु है उनोंका त्याग कर स्वसत्तामे रमणता करना एसा विचार करे उसे शुक्ल ध्यान कहते है इति ध्यान।

(१२) विउस्सगतप-त्याग करना जिस्का दो भेद है (१) द्रव्य त्याग (२) भावत्याग-जिसमे द्रव्यत्यागके च्यार भेद है शरीरका त्याग करना उपाधिका त्याग करना गच्छादि सघका त्याग करना (याने एकान्तमें ध्यान करे) भातपाणीका त्याग करना और भावत्यागके तीन भेद है कषाय-क्रोधादिका त्याग

करना कर्म ज्ञानावर्णियादिका त्याग करना, संसारा-नरकादि गतिका त्याग करना इति त्याग ॥ इति निर्ज्जरातत्त्व ।

(८) बन्धतत्त्व-जीवरूपी जमीन, कर्मरूपी पत्थर राग-द्वेषरूपी चुनासे मकान वनाना इसी माफीक जीवोंके शुभाशुभ अध्यवसायसे कर्म पुद्गल एकत्र कर आत्माके प्रदेशोंपर वन्ध होना उसे वन्धतत्त्व कहते है.

(१) प्रकृतिवन्ध-१४८ प्रकृतियोंका वन्धना.

(२) स्थितिवन्ध-१४८ प्रकृतियोंकी स्थितिका वन्धना.

(३) अनुभागवन्व-कर्मप्रकृति वन्धते समये रस पडना.

(४) प्रदेशवन्ध-प्रदेशोंका एकत्र हो आत्मप्रदेशपर वन्ध होना.

इसपर लड्डका दृष्टान्त जेसे लड्डु नुक्ती दांनेका वनता है वह प्रकृति है वह लड्डु कीतने काल रहेगा वह स्थिति है यह लड्डु क्या दुगुणी सकर तीगुणी सकर चोगुणी सकरका है वह रस विपाक है वह लड्डु कीतने प्रदेशोंसे बना है इत्यादि.

केवल प्रकृति और प्रदेश वन्ध योगोंसे होते है और स्थिति तथा अनुभागवन्ध कषायसे होते हं कर्मबन्ध होनेमे मौख्य हेतु च्यार है मिथ्यात्व, अव्रत, कषाय योग जिसमें मिथ्यात्व पांच प्रकारके है अभिग्रह मिथ्यात्व अनाभिग्रह मिथ्यात्व, संसयमिथ्यात्व, विप्रीत मिथ्यात्व, अभिनिवेस मिथ्यात्व ।

अव्रत-पांच इन्द्रियकि पांच अव्रत, छे कायाकि अव्रत छे, बारहवीमनकि अव्रत एवं १२ अव्रत ।

कषाय पांचवीस=सोलह कषाय नौ नो कषाय एवं २५.

योग पंदरा. च्यार मनका, च्यार वचनका, सात कायाका

पय ५७ हेतु है इनोंसे कर्मबन्ध होते हैं यह सामान्य है अब विशेष प्रकारसे कर्मबन्धका हेतु अलग अलग कहते है।

ज्ञानावर्णिय कर्मबन्धके छे कारण है ज्ञानका प्रतनिक (वैरी) पणा करना अथवा ज्ञानी पुरुषोंसे प्रतनिकपणा करना, ज्ञान तथा जिनांके पास ज्ञान सुना हो पढा हो उनोंका नामको बदला व दुसराका नाम बतलाना। ज्ञान पढते हुवेको अंतराय करना। ज्ञान या ज्ञानी पुरुषोंकि आशातना करना, पुस्तक पाना पाटी आदिकी आशातना करना। ज्ञान तथा ज्ञानी पुरुषोंके साथ द्वेष भाव रखना, ज्ञान पढते समय या ज्ञानी पुरुषोंपर विषमवाद तथा पढनेका अभाव करना इन छे कारणों से ज्ञानावर्णिय कर्म बन्धता है।

दर्शनावर्णीय कर्मबन्ध के छे कारण है जो कि उपर ज्ञानावर्णिय कर्मबन्ध के छे कारण बतलाया है उसी माफीक समझना

वेदनिय कर्मबन्ध के कारण इस मुजब है साता वेदनिय असाता वेदनिय कर्म जिसमे साता वेदनिय कर्मबन्ध के छे कारण है सर्व प्राणभूत जीव सत्वकी अनुकम्पा करे दु ख न दे शोक न करावे झुरापो न करावे, परताप न करावे उद्विघ्न न करावे अर्थात सर्व जीवों को साता देवे इन कारणों से साता वेदनियकर्म बन्धता है और सर्व प्राण भूतजीवसत्वकों दु ख देवे तकलीफ दे शोक करावे झूरापो करावे परतापन करावे उद्विघ्न करावे अर्थात पर जीवोंकों दु ख उत्पन्न कराने से असाता वेदनियकर्म बन्धता है।

मोहनिय कर्मबन्ध के छे कारण है तीव्र क्रोध मान माया लोभ राग द्वेष दर्शन मोहनिय चारित्र मोहनिय तथा दर्शन मोहनिका बन्ध कारण जिन पूजा में विघ्न करना देव द्रव्य भक्षण करना अरिहंतो के धर्मका अवगुण वाद बोलना इत्यादि कारणोंसे मोहनिय कर्मका बन्ध होता है।

आयुष्य कर्मबन्ध होनेका कारण–नरकायुष्य बन्धनेका च्यार कारण है महा आरंभ, महा परिग्रह पांचेन्द्रियका घाती. मांस भक्षण करना इन च्यार कारणोंसे नरकायुष्य बन्धता है। माया करे गुढ माया करे. कुडा तोल माप करे. असत्य लेख लिखना इन च्यार कारणोंसे जीव तीर्यंचका आयुष्य बन्धता है। प्रकृतिका भद्रीक हो विनयवान हो. दयाका परिणाम है दुसरेको संपत्ती देख इर्षा न करे इन च्यार कारणोंसे मनुष्यका आयुष्य बन्धता है। सराग संयम संयमासंयम, अकाम निर्ज्जरा, बालतप इन च्यार कारणोंसे देवतावोंका आयुष्य बन्धता है।

नाम कर्मबन्ध के कारण–भावका सरल; भाषाका सरल. कायाका सरल, और अविषमवाद योग इन च्यार कारणोंसे शुभ नाम कर्मका बन्ध होता है तथा भावका असरल वांका. भाषाका असरल, कायाका असरल, विषमवाद योग इन च्यारों कारणोसे अशुभ नाम कर्मबन्ध होता है इति

गौत्र कर्मबन्ध के कारण जातिका मद करे. कुलका मद करे. बलका मद करे रूपका मद करे तपका मद करे लाभका मद करे. सूत्रका मद करे ऐश्वर्यका मद करे इन आठ मदके त्याग करनेसे उच्च गौत्र कर्मका बन्ध होते है इनोसे विप्रीत आठ मद करनेसे निच गौत्र कर्मका बन्ध होते है।

अन्तराय कर्मबन्धके पांच कारण है दांन करते हुवेको अंतराय करना कीसी के लाभ होते हो उनों में अंतराय करना. भोग में अन्तराय करना. उपभोग में अंतराय करना. वीर्य याने कोइ पुरुषार्थ करता हो उनोके अन्दर अंतराय करना. इन पांचो कारणोंसे अंतराय कर्मबन्ध होते है।

(९) मोक्षतत्त्व–जीव रूपी सुवर्ण कर्म रूपी मैल ज्ञान दर्शन चारित्र रूपी अग्निसे सोधके निर्मल करे उसे मोक्ष तत्त्व कहते है जीव के आत्म प्रदेशोंपर कर्मदल अनादि काल से लगे हुवे है

उनोंका अनेक प्रकारकी तपश्चर्या कर सर्वथा कर्मोंका नाश कर जीवको निर्मल बना अक्षयपद को प्राप्त करना उसे मोक्ष तत्त्व कहते हैं जिस्के सामान्य चार भेद ज्ञान, दर्शन, चारित्र वीर्य विशेष नौ भेद है

(१) सतपद परूपना, सिद्ध पद सदाकाल शाश्वता है

(२) द्रव्य प्रमाण-सिद्धोंके जीव अनंता है।

(३) क्षेत्र प्रमाण-सिद्धोंके जीव सिद्ध शीलाके उपर पैंतालीस लक्ष योजन के विस्तारवाला एक योजनके चौवीसवा भाग मे सिद्ध भगवान विराजते है।

(४) स्पर्शना-एक सिद्ध अनेक सिद्धोंको स्पर्श कर रहे है अनेक सिद्ध अनेक सिद्धोंको स्पर्श कर रहे है।

(५) काल प्रमाण-एक सिद्धापेक्षा आदि है परन्तु अन्त नही है और बहुत सिद्धापेक्षा आदि भी नही ओर अन्त भी नही है।

(६) अन्तर सिद्धोंके परस्पर अंतरा नही है

(७) संख्या-सिद्धोंके जीव अनंता है यह अभव्य जीवोंसे अनंत गुणा और सर्व जीवोंके अनंतमे भाग है।

(८) भाव-सिद्धोंके जीव क्षायक और परिणामीक भावमे है।

(९) अल्पाबहुत्व—

(१) सर्व स्तोक पाची नरकमे निकला सिद्ध हुवे है

(२) चौथी नरकसे निकल सिद्ध हुवे संख्यात गुणे

(३) तीजी नरकसे निकले सिद्ध हुवे संख्यात गुणा

(४) वनास्पतिसे " "

(५) पृथ्वी कायसे " "

(६) अपकायसे	निकले	सिद्ध	हुवे संख्यात	गुणे.
(७) भुवनपति देवीसे	"		"	"
(८) भुवनपति देवसे	"		"	"
(९) व्यंतर देवीसे	"		"	"
(१०) व्यंतर देवसे	"		"	"
(११) ज्योतीषी देवीसे	"		"	"
(१२) ज्योतीषी देवसे	"		"	"
(१३) मनुष्यणीसे	"		"	"
(१४) मनुष्यसे	"		"	"
(१५) पहले नरकसे	"		"	"
(१६) तीर्यंचणीसे	"		"	"
(१७) तीर्यंचसे	"		"	"
(१८) अनुत्तर वैमान दे०	"		"	"
(१९) नवग्रैवेयक देवसे	"		"	"
(२०) बारहवा देवलोक दे०	"		"	"
(२१) इग्यारवा देवलोकसे			"	"
(२२) दशवा देवलोकसे	"		"	"
(२३) नौवा देवलोकसे	"		"	"
(२४) आठवा देवलोकसे	"		"	"
(२५) सातवा देवलोकसे	"		"	"
(२६) छट्ठा देवलोकसे	"		"	"
(२७) पांचवा देवलोकसे	"		"	"
(२८) चोथा देवलोकसे	"		"	"
(२९) तीजा देवलोकसे	"		"	"
(३०) दुजा देवलोककी देवी			"	"
(३१) दुजा देवलोकके देव			"	"

(३२) पहला देवलोककी देवी " "
(३३) पहला देवलोकके देवसे " "

नोट—नरकादिसे निकल मनुष्यका भव कर मोक्ष जाने कि अपेक्षा है।

इति मोक्ष तत्व ॥ इति नव तत्व संपूर्ण

सेवभंते सेवभंते तमेवसच्चम्

थोकडा नम्बर २.

(श्री पन्नवणादि सूत्रोंसे क्रियाधिकार)

(१) नामद्वार
(२) अर्थद्वार
(३) क्रियाद्वार
(४) क्रिया कौनसे करे
(५) क्रियाकरता कौनसे कर्म बान्धे
(६) कर्म बान्धतों क्रिया
(७) एक जीवको कीतना०
(८) कायादि क्रिया
(९) अन्याजीवा क्रिया
(१०) कौनसी क्रिया करे
(११) आरंभादि क्रिया
(१२) क्रियाका भांगा
(१३) प्राणातिपादि
(१४) क्रियाका लगना
(१५) अल्पाबहुत्व
(१६) शरीरोत्पन्न
(१७) पापक्रिया लागे
(१८) मो जीवोंको क्रिया
(१९) मृगादि क्रिया
(२०) अग्नि
(२१) बाण
(२२) विक्रियाणे
(२३) भेट देण
(२४) अणीध्वर
(२५) अस्त क्रिया
(२६) समुद्घात
(२७) मो क्रिया
(२८) तेरहा क्रिया
(२९) पच्चीस क्रिया

इन थोकडेके सर्व १५४७२ भांगा है।

(१) नामद्वार क्रिया पांच प्रकारकि है यथा—काइया क्रिया. अधिकरणीया क्रिया, पावसिया क्रिया, परितापनिया क्रिया, पाणाइवाइया क्रिया।

(२) अर्थद्वार—काइया क्रिया-अव्रतसे लागे तथा अशुभयोगोंसे लागे। अधिगरणीया क्रिया, नयाशस्त्र बनानेसे तथा पुराणा शस्त्र तैयार करानेसे। पावसिया किया-स्वात्मापर द्वेष करना, परमात्मापर द्वेष करना, उभयात्मापर द्वेष करनासे, परितापनिया क्रिया, स्वात्माकों प्रताप उत्पन्न करना, परआत्माको प्रताप करना, उभयात्माकों प्रताप करना, पाणाइवाइया क्रिया-स्वात्माकी घात करना परात्माकी घात करना, उभयात्माकी घात करना। उसे प्राणातिपात कहते है.

(३) सक्रियद्वार—जीव सक्रिय है या अक्रिय १ जीव सक्रिय अक्रिय दोनों प्रकारका है कारण जीव दो प्रकारके है सिद्धोंके जीव, सांसारी जीव जिस्में सिद्धोंके जीवतों अक्रिय है और संसारी जीवोंके दो भेद है-सयोगि जीव, अयोगिजीव जिस्में अयोगि चौदवे गुणस्थानवाले वह अक्रिय है शेष जीव संयोगि वह सक्रिय है एवं नरकादि २३ दंडक संयोगि होनेसे सक्रिय है मनुष्य समुच्चय जीवकी माफीक अयोगि है वह अक्रिय है और सयोगि है वह सक्रिय है इति।

(४) क्रिया कीनसे करते है। प्राणातिपातकी क्रिया छे कायके जीवोंसे करते है. मृषावाद की क्रिया सर्व द्रव्यसे करते है। अदत्तादांनकि क्रिया लेने लायक ग्रहन करने योग्य द्रव्योंसे करते है। मैथुनकि क्रिया-भोग उपभोगमें आने योग्य द्रव्य से

अथवा रूप और रूपके अनुकुल द्रव्योंमें करते है। परिग्रहकि क्रिया सर्व द्रव्यसे करते है एव क्रोध, मान, माय, लोभ, राग द्वेष, कलह अभ्याख्यान, पैशुन्य परपरीवाद रति अरति माया मृषावाद और मिथ्यादर्शन इन सबकी क्रिया सर्व द्रव्यमे होती है अर्थात् प्राणातीपात, अदत्तादान, मैथुन इन तीन पापकि क्रिया देश द्रव्यी है शेष पदरा पापकी क्रिया सर्व द्रव्यी है। समुच्चय जीवापेक्षा अठारा पापकि क्रिया बतलाइ है इसी माफीक नरकादि चौवीस दंडक भी समझ लेना इसी माफीक समुच्चय जीवों और नरकादि चौवीस दंडकके जीवों (बहुवचन) का सूत्र भी समझना एव ५० बोलोंको अठारा गुने करनेसे ९०० तथा १२५ पहले पाच क्रियाके मीलाके सर्व यहातक १०२५ भाग हुवे

जीव प्राणातिपातकि क्रिया करता हुवा स्यात् सात कर्म बान्धे स्यात् आठ कर्म बन्धे एव नरकादि २४ दंडक। बहुत जीवोंकि अपेक्षा सात कर्म बान्धनेवाला भी घणा, आठ कर्म बान्धनेवाले भी घणा। बहुतसे नारकीके जीवों प्राणातिपातकि क्रिया करते हुए सात कर्म तो सदैव बाधते है सात कर्म बान्धने वाले बहुत आठ कर्म बाधनेवाले एक, सात कर्म बाधनेवाले बहुत और आठ कर्म बाधनेवाले भी बहुत है इसी माफीक पचेन्द्रिय वर्जके १९ दंडकमें तीन तीन भागे होनसे ५७ भागे हुवे, पांचेन्द्रिय पाच दंडकमे सात कर्म बान्धनेवाले बहुत और आठ कर्म बान्धनेवाले भी बहुत है। इसी माफीक मृषावादादि यावत् मिथ्याशल्य अठारे पापकि क्रिया करते हुए समुच्चय जीव और चौवीस दंडकके पूर्ववत् सात कर्म (आयुष्य वर्जके) तथा आठ कर्मोंका बन्ध होते है जिस्के भागे प्रत्येक पापके ५७ सतावन होते है सतावनको आठ गुणे करनेसे १०२६ भागे हुए।

जीव ज्ञानावर्णिय कर्म वान्धे तो कितनी क्रिया लागे ? स्यात् तीन क्रिया स्यात् च्यार क्रिया स्यात् पांच क्रिया लागे. कारण दुसरोंके लिये अशुभयोग होनेसे तीन क्रिया लगती हैं दुसरोंको तकलीफ होनेसे च्यार क्रिया लगती है अगर जीवोंकि घात होतो पांचो क्रिया लगती है. जब जीव ज्ञानावर्णिय कर्म वान्ध समय पुद्गलोंको ग्रहन करते है उनी पुद्गल ग्रहन समय जीवोंको तकलीफ होती है जीनसे क्रिया लगती हैं। इसी माफीक नरकादि चौवीस दंडक एक वचनापेक्षा स्यात् ३-४ ५ क्रिया लागे एवं वहुवचनापेक्षा. परन्तु वहां स्यात् नही कहना कारण जीव वहुत हैं इसी वास्ते वहुतसी तीन क्रिया, वहुतसी चार क्रिया वहुतसी पांच क्रिया समुच्चय जीव और चौवीस दंडक एक वचन। और समुच्चय जीव और चौवीस दंडक वहुवचन ५० सूत्र हुवे जेसे ज्ञानावर्णिय कर्मके पचास सूत्र कहा इसी माफीक दर्शनावर्णिय, वेदनिय. मोहनिय, आयुष्य नाम, गौत्र और अंतराय एवं आठों कर्मो के पचास पचास सूत्र होनेसे ४०० भांगा होते है।

एक जीवने एक जीवकि कीतनी क्रिया लागे ? समुच्चय एक जीवने एक जीवकी स्यात् तीन क्रिया स्यात् च्यार क्रिया. स्यात् पांच क्रिया लागे स्यात् अक्रिय. कारण समुचय जीवमें सिद्ध भगवान्भी सामेल है। एवं घणा जीवोंकि स्यात् ३-४-५-० एवं घणा जीवोंको एक जीवकी स्यात् ३-४-५-० एवं घणा जीवोंने घणा जीवोंकी परन्तु घणी तीन क्रिया घणी च्यार क्रिया घणी पांच क्रिया घणी अक्रिया. एवं एक जीवको नारकी के जीवकी कीतनी क्रिया लागे ? स्यात् तीन क्रिया. स्यात् च्यार क्रिया. स्यात् अक्रिया. कारण नारकी नोपक्रमि होनेसे मारा हुवा नही मरते इस वास्ते पांचवी क्रिया नही लागे. एवं एक जीवने घणे

नारकीकी स्यात् ३-४-०। एव घणा जीवोंने एक नारकिकी स्यात् ३-४-० एव घणा जीवोंको घणी नारकी की तीन क्रियाभी घणी च्यार क्रियाभी घणी अक्रियाभी हैं इसी माफीक १३ दंडक देवतोंकाभी समझना तथा पाच स्थावर, तीन विकलेन्द्रि तीर्यचपाचेन्द्रिय और मनुष्य यह दश दंडक औदारीकके समुचय जीवकी माफीक ३-४-५-० समझना। समुचय जीवसे समुचयजीव ओर चौवीस दंडकसे १०० भागा हुवे। एक नारकीने एक जीवकी कीतनी क्रिया लागे? स्यात् ३-४-५ क्रिया लागे एव नारकीने घणा जीवोंकि कीतनी क्रिया? स्यात् ३-४-५ क्रिया लागे, घणी नारकीने एक जीवकी कीतनी क्रिया? स्यात् ३-४-५ क्रिया लागे, घणी नारकीने घणा जीवाकी कीतनी क्रिया? घणी ३-४-५ क्रिया लागे एक नारकीने वैक्रिय शरी वाले १४ दंडकके एकेक जीवोंकी स्यात् ३-४ क्रिया लागे एवं एक नारकीने १४ दंडकके घणा जीवोंकी स्यात् ३-४ क्रिया एव घणा नारकीने १४ दंडकोंके एकेक जीवोंकी स्यात् ३-४ क्रिया एवं घणा नारकीने १४ दंडकोंके घणा जीवोंकी घणी ३-४ क्रिया लागे इसी माफीक दश दंडक औदारीकके परन्तु यह स्यात् ३-४-५ क्रिया कहना कारण वैक्रिय शरीर मारा हुवा नही म रता है और औदारीक शरीर मारा हुवा मरभी जाते है। इति नरकके १०० भांगा हुवा इसी माफीक शेष २३ दंडकके २३०० भागा समझना परन्तु यह ध्यानमें रखना चाहिये कि मनुष्यका दंडक समुचय जीवकी माफीक कहना कारण मनुष्यमें चौदवे गुणस्थान वालोंकों बिल्कुल क्रिया है ही नही इस वास्ते समु चय जीवकी माफीक अक्रिय भी कहना एवं समुचयजीवके १०० ओर चौवीस दंडकके २४०० सर्व मील २५०० भाग हुवे।

क्रिया पाच प्रकारकी है काइया अधिगरणीया पावसीया

परतापनिया. पाणाइवाइया. जीव काइया क्रिया करेसो क्या अ-धिगरणी या भी करे ? यंत्रसे देखे समुच्चय जीव और चौवीस

क्रियाकेनाम	काइवा	अधिगरणी	पावसीया	परताप निका	पाणाई वाइया
काइयाक्रिया	नियमा	•नियमा	नियमा	भजना	भजना
अधिगरणिया	निगमा	नियमा	नियमा	भजना	मजना
पावसीया	नियमा	नियमा	नियमा	भजना	भजना
परतापनिका	नियमा	नियमा	नियमा	नियमा	भजना
पाणाइवाइया	नियमा	नियमा	नियमा	नियमा	नियमा

दंडकमें पांच पांच क्रिया होनेसे १२५ भांगा हुवा एकेक भांगे यंत्र मुजब नियमा भजना लगानेसे ६२५ भांगा होते है। यहतों समुच्चय सूत्र हुवा इसी माफीक जीस समय काइयाक्रिया करें उन समय अधिगरणीया क्रिया करे इसकाभी यंत्रकी माफीक ६२५ भांगा कहना अधिकता एक समय ? कि है इसी माफिक जीस देशमें काइया क्रिया करे उन देशमें अधिगरणीया क्रिया करे ? यत्र माफीक ६२५ भांगा कहना एवं प्रदेशकाभी ६२५ भांगा जीस प्रदेशमें काइया क्रिया करे उन प्रदेशमें अधिगरणीया क्रिया करे समुच्चयके ६२५ समयके ६२५ देश (विभाग) के ६२५ प्रदेशके ६२५ सर्व मीली २५०० भांगा होते है इसी मा-फीक 'अज्जोजीया' क्रियाकाभी उपरवत् २५०० भांगा करना. विशेषता इतनी है कि समुच्चयमें उपयोग संयुक्त २५०० भांगा और अज्जोजीया उपयोग शुन्यके २५०० भांगे है एवं ५०००।

क्रिया पाच प्रकारकि है काइयाक्रिया अधिगरणीया पावसिया परतापनिया पाणाइ्वाइक्रिया समुचयजीव और चौवीस दडकमे पाच पाच क्रिया पावे एव १२५ भागा हुवा (१) जीव काइया अधिकरणीया पावसिया यह तीन क्रिया करे वह परतापनीया पाणाइ्वाइयाभी करे (२) तीन क्रिया करे वह चोथी क्रिया करे पाचमी नही करे (३) तीन क्रिया करे वह चोथी पाचवी नभी करे (४) तीन क्रिया न करे वह चोथी पाचवी क्रियाभी न करे इसी माफीक च्यार भागा स्पर्श करनेकाभी समझ लेना यह समुचय जीवोंमें आठ भागा कहा इसी माफीक मनुष्यमेंभी समजना शेष २३ दडकमे चोथो आठवो भागो छोडके छे छे भांगा समझना कुल भागा १९४ हुवे।

क्रिया पाच प्रकारकी हैं आरंभिया, परिग्रहिया, मायावत्तिया, मिथ्यादर्शन वत्तिया, अपचखानिया, समुचजीव और चोवीसदडकमे पाच पाच क्रिया पानेसे १२० भागा होते है।

समुचयजीव आरंभियाक्रिया करे वह परिग्रहीयाक्रिया करते है या नही करते है देखो यत्रसे

क्रियाका नाम	आरंभी०	परिग्र०	मायावत्ति	मिथ्यादर्शन	अपचखाणि
आरंभिया	नियमा	भजना	नियमा	भजना	भजना
परिग्रहीया	नियमा	नियमा	भजना	भजना	भजना
मायावत्तिया	भजना	भजना	नियमा	भजना	भजना
मिथ्या दर्शन	नियमा	नियमा	नियमा	नियमा	नियमा
अपचखाणि	नियमा	नियमा	नियमा	भजना	नियमा

एवं २५ भांगे हुवे। समुच्चय जीव ओर चौवीस दंडकपर पचवीस गुण करनेसे ६२५ भांगे हुवे. जीस समयके ६२५ जीस देशमें के ६२५ जीस प्रदेशके ६२५ एवं सर्व २५०० एवं बहुवचनापेक्षा २५०० मीलाके सर्व ५००० भांगे हुवे।

जीव प्राणातीपातका विरमण (त्याग) करे वह छे जीवनी कायासे करे. मृषावाद का त्याग सर्व द्रव्यसे करे. अदत्तादानका त्याग ग्रहनधरण द्रव्योंसे करे मैथुनका त्याग रूप और रूप के अनुकुल द्रव्योंसे करे परिग्रह के त्याग सर्व द्रव्यसे करे. क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, कलह अभ्याख्यान पैशुन्य परपरीवाद रति अरति मायामृषावाद और मिथ्यादर्शन शल्यका त्याग सर्व द्रव्य से करे. एवं मनुष्य तथा २३ दंडक के जीव सतरा पापों का त्याग नही कर सके मात्र पांचेन्द्रिय के १६ दंडक के जीव मिथ्यादर्शन शल्यका त्याग कर सके है शेष आठ दंडक नही करे एवं समुच्चय जीव और चौवीस दंडक को अठारा गुणे करनेसे ४५० भांगे होते है।

समुच्चय जीव प्राणातिपात का त्याग कीया हुवा कीतने कर्म बान्धे ? सात कर्म बान्धे आठ कर्म बान्धे छे कर्म बान्धे एक कर्म बान्धे तथा अबन्धकभी होता है। बहुत जीवोंकि अपेक्षा सात, आठ, छे एक कर्म बान्धनेवाले तथा अबन्धकभी होते है। इसी माफीक मनुष्यमें भी समजना शेष तेवीस दंडकमें प्राणातिपातका सर्वथा त्याग नही होते है॥

समुच्चय जीवोंमें सात कर्म बान्धनेवाले तथा एक कर्म बान्धनेवाले सदैव सास्वता मीलते है और आठ, छे और अबान्धक असास्वता होते है जिनके भांगे २७ होते है।

संख्या	सात एक के साश्वता	आठ कर्म	छ कर्म	अबान्धक
१	३	०	०	०
२	३	१	०	०
३	३	३	०	०
४	३	०	१	०
५	३	०	३	०
६	३	०	०	१
७	३	०	०	३
८	३	१	१	०
९	३	१	३	०
१०	३	३	१	०
११	३	३	३	०
१२	३	१	०	१
१३	३	१	०	३
१४	३	३	०	१
१५	३	३	०	३
१६	३	०	१	१
१७	३	०	१	३
१८	३	०	३	१

जहापर तीनका अक है वह बहु वचन और एक का अक है उसे एक वचन समझे जहा (०) है वह कुच्छभी नही।

समुच्चय जीवकी माफीक मनुष्यमेभी २७ भाग समझना एव ५४ एक प्राणा तीपातके त्याग के ५४ भागे हुवे इसी माफीक अठारा पापों के भी ५४-४ भागे गीननेसे ५७२ भागे हुवे शेष तेवीस दडकमे अठारा पापका विर-माण नही होते हैं परन्तु इतना विशेष है की मिथ्यादर्शन शल्यका विरमण नारकी देवता और तीर्यच पाचेन्द्रिय एव १५ दडक कर सकते है वह जीव सात आठ कर्म बान्धते है बहुत जीवों कि अपेक्षा सात कर्म बान्धनेवाले स-दैव सास्वत है आठ कर्म बान्धनेवाले असास्वते है जिस्के भागे तीन होते है (१) सात कर्म बान्धनेवाले सास्वते (२) सात कर्म बान्धनेवाले बहुत और आठ कर्म बान्धनेवाले एक (३) सात कर्म बान्धनेवाले घणे और आठ कर्म बान्धनेवालेभी बहुत है एव पदरा दडक के ४५ भागे होते है सर्व मील के १०१७ भागे होते है।

समुच्चय जीव प्राणातीपातके त्याग करनेवालों के क्या आरभकि क्रिया

१९	३	०	३	३
२०	३	१	१	१
२१	३	१	१	३
२२	३	१	३	१
२३	३	१	३	३
२४	३	३	१	१
२५	३	३	१	३
२६	३	३	३	१
२७	३	३	३	३

लागे ? स्यात लागे (छटे गुणस्थान) स्यात् न भी लागे अप्रमातादि गुणस्थान) परिग्रह, मिथ्यादर्शन, और अप्रत्याख्यानकि क्रिया नही लागे-तथा मायावत्तिया क्रिया स्यात् लागे (दशवे गुणस्थान तक) स्यात् न भी लागे (वीतरागी गुणस्थान) एवं मृषावादादि यावत् मिथ्यादर्शन शल्यतक अठारा पाप के त्याग किये हुवे कों समझना समुच्चय जीवकी माफीक मनुष्य कों भी समजना शेष २३ दंडक के जीव १८ पापों के त्याग नही कर सकते है इतना विशेष है कि मिथ्यादर्शन के त्याग नारकी देवता तीर्यच पांचेन्द्रिय एव १५ दंडक के जीव कर सकते है उनों कों मिथ्यात्वकी क्रिया नही लगती है। समुच्चय जीव चौवीस दंडक कों अठारा पापसे गुणा करनेसे ४५० भांगे हुवे।

अल्पा बहुत्व—सर्वस्तोक मिथ्यात्वकि क्रियावाले जीव है अप्रत्याख्यानकि क्रियावाले जीव विशेषाधिक है. परिग्रहकि क्रियावाले जीव विशेषाधिक है. आरभकि क्रियावाले जीव विशेषाधिक है मायावत्तिया क्रियावाले जीवविशेषाधिक है।

समुच्चय जीव पांच शरीर, पांच इन्द्रिय, तीनयोग उत्पन्न करते हुवे को कितनी क्रिया लगती है ? स्यात् तीन स्यात् च्यार स्यात् पांच क्रिया लगती है इसीमाफीक दशदंडकके जीव औदारीक शरीर, सतरादंडकके जीव वैक्रिय शरीर, एक मनुष्य आहारीक शरीर, चौवीस दंडकके जीव तेजस, कारमण स्पर्शेन्द्रिय और कायाका योग, शोलह दंडकके जीव श्रोत्रेन्द्रिय और मन-

योग, सत्तरा दडकके जीव चक्षु इन्द्रिय, अठारा दडकके जीव घ्राणेन्द्रिय उन्नीस दडकके जीव रसेन्द्रिय, और वचनके योग उत्पन्न करते हुवेको स्यात् तीन क्रिया स्यात् च्यार क्रिया स्यात् पाच क्रिया लगती है।

समुच्चय एक जीवकों एक औदारीक शरीर कि कीतनी क्रिया लागे ? स्यात् तीन क्रिया स्यात् च्यार क्रिया स्यात् पाच क्रिया स्यात् अक्रिया, एव एक जीवने घणा औदारीक शरीरकी घणा जीवोंकों एक औदारीक शरीर की घणा जीवोंकों घणा औदारीक शरीरकी, घणी तीन क्रिया घणी च्यार क्रिया घणी पाच क्रिया घणी अक्रिया। एक नारकीके जीवकों औदारीक शरीरकि स्यात् ३-४-५ क्रिया, एव एक नारकीने घणा औदारीक शरीरकी घणा नारकीकों एक औदारीक शरीरकी और घणा नारकीको घणा औदारीक शरीरकी घणी ३-४-५ क्रिया लागे एव चौवीस दडक मीलाके १०० भागे हुवे इसी माफीक जीव और वैक्रिय शरीर परन्तु क्रिया ३-४ एव आहारीक शरीर क्रिया ३-४ लागे कारण वैक्रिय आहारीक शरीरके उपक्रम लागे नही तेजस-कारमण शरीरके ३-४-५ क्रिया, एवं पाच शरीरसे समुच्चय जीव और चौवीस दडक पचवीसकों च्यार गुणा करनेसे १०० भांगे हुवे एव पाच शरीरके ५०० सो भागे समझना।

एक मनुष्य मृगको मारते है उनाकि निष्पत् नौ जीवोंको पाच पाच क्रिया लगती है जेसे मृग मारनेवाले मनुष्यकों, धनुष्य जो पास से बना है उन पासके जीव अन्य गतिमें उत्पन्न हुवे है वह व्रत प्रत्याख्यान नही कीया हो तो उनोंके शरीरसे धनुष्य बना है वास्ते मृग मारनेमें वह धनुष्य भी सहायक होनेसे उन जीवोंको भी पाच क्रिया लगती है।

जीवा जो धनुष्यके अग्र भागमें सुतकी डोरी, भैंसाका श्रृंग जो धनुष्यके अधोभागमें रखा जाता है. पाणच, चर्म, वाण भालोडी फूदा इन उपकरणोंके जीव जीस गतिमें है उनों सबकों पांच पांच क्रिया लगती है। कोइ जीव मृग मारनेकों वाण तैयार कीया कांन तक खीचके वाण फैंकनेकि तैयारीमें था इतनेमें दुसरा मनुष्य आके उनका शिरच्छेद किया जीसके जरिये वह वाण हाथसे छुटा जीनसे मृग मर गया तो कोनसा जीवके पापसे कोन स्पर्श हुवा ? मृग मारनेके परिणामवालोंकों मृगका पाप लगा और मनुष्य मारनेवालेके परिणामवालाकों मनुष्यका पाप लगा।

एक मनुष्य वांणसे पाक्षी मारनेका विचारमे था. उन वाणसे पाक्षीकों मारा पाक्षी निचे गिरता हुवा उनके शरीरसे दुसरा जीव मर गया. तो पाक्षी मारनेवाला मनुष्यकों पाक्षीकी पांच क्रिया और दुसरे जीवकि च्यार क्रिया लागे पाक्षीकों दुसरा जीवकी पांचो क्रिया लागे।

अग्नि—कीसी दुष्टने अग्नि लगाइ और कीस सुज्ञने अग्नि वुजाइ जिस्मे अग्नि लगानेवालेकों महाश्रव महाकर्म महाक्रिया महावेदना है और अग्नि वुजानेवालेकों स्वल्पाश्रव स्वल्पकर्म स्वल्पक्रिया, स्वल्प वेदना है कारण अग्नि लगानेवालेका परिणाम दुष्ट ओर वुजानेवालेका परिणाम विशुद्ध था। अग्नि जलानेके इरादेसे काष्ट कचरा एकत्र किया तथा मृगमारनेकों वाण तैयार कीया मच्छी पकडनेको जाल तैयार करी वर्षादा जाननेकों हाथ वाहार निकाला उन सबकों पांच पांच क्रिया लगति है कारण अपना परिणाम खराव होनेसे ३ क्रिया देखके दुसरे जीवोकों तकलीफ होना ४ क्रिया इनोंसे जीव मरनेकी भावना होनेसे पांचो क्रिया लगति है।

कीसी याचकके अन्न पाणी वस्त्रादिकी आवश्यक्ता होनेसे उने तीव्र क्रिया लगति है और कीसी दातारने अपनि वस्तुकि ममत्व उतार उसे देदी तो उन याचक कों पतली क्रिया लगती है और दातारकी ममत्व उतारनेसे उन पदार्थकि क्रिया बन्ध हो गइ है।

क्रियाणा-कीसी मनुष्यने क्रियाणा वेचा कीसी मनुष्यने क्रियाणा खरीद किया, वेचनेवालेकों क्रिया हल्की हुइ, और लेनेवालोको भारी हुइ कारण वेचनेवालोंको तो संतोष हो गया अब लेनेवालोंको उनका सरक्षण तथा-तेजी मदीका विचार करना पडता है, माल वेचीयों तीको तोल दीनो रूपैया लीना नहीतों वेचनेवालोंकों दोनो क्रिया हल्की लेनेवालोकों दोनो क्रिया भारी लगती है। मालतों तोलीयों नही और रुपैया ले लीना इनसे वेचनेवालोंकों क्रिया भारी खरीदनेवालोंकों रूपैया कि क्रिया हल्की हुइ। माल तोलके रूपैया ले लीना तो रूपैया लेनेवालोंकों रुपयाकी क्रिया भारी माल उठानेवालोंकों मालकी क्रिया भारी लगती है।

कीसी मनुष्यकी दुकानपरसे एक आदमि एक वस्तु ले गया उनकी शोधके लिये घरधणी तलास कर रहा, उनोंको कीतनी क्रिया? जो सम्यग्दृष्टि हो तो च्यार क्रिया मिथ्यादृष्टि हो तो पाचों क्रिया परन्तु क्रिया भारी लागे और तलास करनेपर वह वस्तु मील जावे तो फीर वह क्रिया हल्की हो जाति है।

ऋषि—कोइ मनुष्य अश्वगजादि कोइ जीवकों मारेतों उन अश्वगजादिके पापसे स्पर्श करे अगर दुसरा कोइ जीव विचमे मरजावे तो उनके पापसे भी मारनेवाला ज़रूर स्पर्श करे। एक

ऋषिकों कोइ पापीए मारे तो उन ऋषिके पापके साथ निश्चय अनंत जीवोंके पापसे स्पर्श करे कारण ऋषि अनंत जीवोंके प्रतिपालक है. इसी माफीक एक ऋषिकों समाधि देना अनंत जीवोंको समाधि दीनी कहीजे.

हे भगवान् जीव अन्त क्रिया करे? जो जीव हलन चलनादि क्रिया करता है वह जीव अन्त क्रिया नही करे कारण तेरहवे गुणस्थान तक हलन चलनादि क्रिया है वहां तक अन्त क्रिया नही है चौदवे गुणस्थान योगनिरूद्ध होते है हलन चलन क्रिया बन्ध होती है तब अंत समय कि अन्त क्रिया होती है (पन्नवणा)

जीव वेदनि समुद्‌घात करते हुवेको स्यात् ३-४-५ क्रिया लगती हे इसी माफीक कषाय समु० मरणान्तिक समु० वैक्रिय समु० आहारीक समु० तेजस समुद्‌घात करते हुवेकों स्यात् ३-४-५ क्रिया लागे. दंडक अपने अपने कहना। (पन्नवणा)

मुनिक्रिया—मुनि जहां मासकल्प तथा चतुर्मास रहे हो फीर दुणो तिगुणोकाल व्यतीत करीयों विगर उसी नगरमें आवे तो कालान्तिकांत क्रिया लागे। वार वार उनी मकांनमें उत्तरे तो क्रिया लागे। परंतु कीसी शरीरादि कारण हो तो ज्यादा रहना या जलदी आना भी कलपते है।

कीसी श्रद्धालु गृहस्थने अन्य योगि सन्यासी त्रीदंडीयोंके लिये मकांन बनाया है। जहांतक वह उन मकांनमें न उतरे हो वहांतक साधुवोंकों उन मकांनमें ठेरणा नही कल्पे. अगर उन मकांनमें ठेरे तों अणाभि कान्त क्रिया लागे। अगर वह लोक भोगव भी लिया हो तो भी जैन मुनियोंकों उन मकानमें नही ठेरना: कारण वह लोग दुगंच्छा करे पीच्छा मकांन धोवावे निपावे आदि पश्चात्कर्म लागे. अगर वस्तीके अभाव दातार सुलभ हो तो वस्तीवासी मुनि उनोंकी इजाजतसे ठेर भी सकते है।

वजक्रिया—अगर कोइ गृहस्थ मुनियोंके वास्ते ही मकान कराया है कदाच मुनि उनमे न ठेरे तो गृहस्थ विचार करे कि अपने रहनेका मकान मुनिकों देदो अपने दुसरा वन्धा लेंगे अगर एसा मकानमें मुनि ठेरे तो उने वज्र क्रिया लागे।

महावज्र क्रिया—कोइ श्रद्धालु गृहस्थ अन्य तीर्थीयोंके लिये मकान वन्धाया है जिस्में भी उनोंका नाम खोलके अलग अलग मकान बन्धाया हो उनमे तों साधुवोंकों उत्तरना कल्पता ही नहीं है अगर उत्तरे तो महावज्र क्रिया लागे।

सावद्य क्रिया—वहुतसे साधुयोंके नामसे एक धर्मसालादिक मकान कराया हैं उनमें मुनि ठेरे तो सावद्य क्रिया लागे तथा एक साधुका नामसे मकान बनाये उनमें उतरे तो महा सावद्य क्रिया लागे। गृहस्थ अपने भोगवने के लिये मकान बनाया हैं परन्तु साधुवोंके ठेरनेके लिये उन मकानकों लीपणसे लिपावे छान छावे, छपरा करावे एसा मकानमे साधुवोंको ठेरना नही कल्पे।

अगर गृहस्थ अपने उपभोग के लिये मकान बनाया है वह निर्वद्य होनेसे मुनि उन मकानमें ठेरे तो उनोंको कीसी प्रकारकी क्रिया नही लगती है उने अल्प सावद्य क्रिया कहते हैं अल्प निषेध अर्थमें माना गया है वास्ते क्रिया नही लगती हैं (आचाराग सूत्र)

क्रिया तरहा प्रकारकी है अर्थादंड क्रिया अपने तथा अपने सबन्धीयों के लिये कार्य करनेमे क्रिया लगति है उसे अर्थादंड कहते है अनर्थादंड याने विगर कारण कर्मबन्ध स्थान सेवन करना। हिंस्यादंड क्रिया हिंस्या करनेसे अकस्मात् दुसरा कार्य करते विचमे विगर परिणामोंसे पाप हो जावे दृष्टिविपर्यास

हानेसे पाप लागे। मृषावाद बोलनेसे क्रिया लागे। चोरी कर्म करनेसे क्रिया लागे। खराब अध्यवसायसे० मित्रद्रोहीपणा करनेसे। मानसे, मायासे, लोभसे, इर्यापथिकी क्रिया. (सूत्रकृतांग सूत्र).

हे भगवान् कोइ श्रावक सामायिक कर वेठा है उनकों क्रिया क्या संपराय कि लगती है या इर्यावहि कि ? उन श्रावककों संपराय की क्रिया लगती है किन्तु इर्यापथिकी क्रिया नहा लागे! कारण सामायिकमें वेठे हुवे श्रावककी आत्मा अधिकरण है यहां अधिकरण दो प्रकारके होते है द्रव्याधिकरण हलशकटादि सोंतो सामायिकके समय श्रावक के पास है नही ओर दुसरा भावाधिकरण जो क्रोध, मान, माया, लोभ. यह आत्म प्रदेशोंमें रहा हुवा है इस वास्ते श्रावकके इर्यावहि क्रिया नही लागे किन्तु संपराय क्रिया लगती है।

बृहत्कल्पसूत्र उदेश १ अधिकरण नाम क्रोधका है.

बृहत्कल्पसूत्र उदेश ३ अधिकरण नाम क्रोधका है.

व्यवहारसूत्र उदेश ४ अधिकरण नाम क्रोधका है.

निशिथसूत्र उदेश १३ वा अधिकरण नाम क्रोधका है.

भगवतिसूत्र शतक १६उ०१ आहारीक शरीरवाले मुनियोंकी कायाकों भी अधीकरण कहा है.

कीतनेक अज्ञलोग कहते है कि श्रावककों खानपान आदिसे साता उपजानेसे शस्त्रकों तीक्षण करने जेसा पाप लगता है लेकीन यह उन लोगोंकी मूर्खता है कारण श्रावकों कों शास्त्रमें पात्र कहा है अम्बड श्रावक छठ छठ पारणा करता था वह एक दिन के पारणामें सो सो घर पारणा करता था (उत्पातिकसूत्र) पडिमाधारी श्रावक गोचरी कर भिक्षा लाते है (दशाश्रुत स्कन्ध)

अगर श्रावकको स्नान, पान, देने मे पाप होतो भगवान ने पडि माधारी श्रावकोंको भिक्षा लाना क्यों बतलाय। सख श्रावक पोखली श्रावक स्वामियात्सल्य कर पौषद किया भगवतीसूत्र १२। १ इस शास्त्र प्रमाणसे श्रावकको रत्नोंकी मालामे सामी- ल्गीणा गया है इत्यादि।

पचवीस क्रिया—काइया, अधिकरणीया, पावसिया, पर तावणिया, पाणाइवाइया, आरभिया परिग्गहीया, मायावत्तिया, मिच्छादंसणवत्तिया, अपश्चखाणवत्तिया, दिट्ठिया, पुट्ठिया पाडुचिया सामंतवणिया, सहत्थिया परहत्थिया, अणवणिया, वेदारणीया, अणवकम्मवत्तिया, अणभोगवत्तिया, पोग्ग क्रिया, पेज्ज क्रिया, दोस क्रिया, समदाणी क्रिया, इरियावही क्रिया

अलापक–सूत्र–गमा–भागा–बोल–यह सब पर्यार्था है यहापर यात्रोक्त भागाके नामसे ही लीया गया है सर्व भागा १५४७२ हुवे है।

सूत्रोंमें जगह जगह लिखा है कि श्रावकों का " अभिगय जीवाजीव यावत् किरिया अहीगरणीयादि ' अर्थात् श्रावकोंका प्रथम लक्षण यह है कि वह जीवाजीव पुन्य पापाश्रव संवर निर्झरा बन्ध मोक्ष क्रिया काइयादि का जानपणा करे जब श्रावकों के लिये ही भगवान् का यह हुक्म है तो साधुयों के लिये तो कहना ही क्या इस भागमें नव तत्व और पचवीस क्रिया इतनी तो सुगम रीती से लिखी गइ है की सामान्य बुद्धिवाला भी इनसे लाभ उठा सकता है इस वास्ते हरेक भाइयों को इन सब भागों का आद्योपान्त पढके लाभ लेना चाहिये। इत्यलम्॥ शान्ति शान्ति शान्ति॥

सेवभंते सवभंते तमेव सच्चम्

इति शीघ्रबोध भाग २ जो समाप्तम्।

अथ श्री

शीघ्रबोध भाग ३ जो।

थोकडा नम्बर. २०

सूत्र श्री अनुयोग द्वारादि अनेक प्रकरणोंमे.

(बालावबोध द्वार पच्चीस)

(१) नयसात (२) निक्षेपा च्यार (३) द्रव्यगुण पर्याय (४) द्रव्य क्षेत्र काल भाव (५) द्रव्य भाव (६) कार्य कारण (७) निश्चय व्यवहार (८) उपादान निमत्त (९) प्रमाण च्यार (१०) सामान्य विशेष (११) गुणगुणी (१२) ज्ञय ज्ञान ज्ञानी (१३) उपनेवा, विघ्नेवा, ध्रुवेवा (१४) अध्येय आधार (१५) आविर्भाव तिरोभाव (१६) गौणता मौख्यत्ता (१७) उत्सर्गोपवाद (१८) आत्मातीन (१९) ध्यान च्यार (२०) अनुयोग च्यार (२१) जागृनातीन (२२) व्याख्या नौ (२३) पक्ष आठ (२४) सप्तभंगी (२५) निगोद स्वरूप । इतिद्वार ॥

नय-निक्षेपों के विवेचनमें वडे वडे ग्रन्थ बनचुके है परन्तु उनी ग्रन्थों में विस्तारसे विवेचन होनेसे सामान्य बुद्धिवाले सुगमता पूर्वक लाभ उठा नही सक्ते है तथा विवरणाधिक होनेसे वह कण्ठस्थ करनेमें आलश्य प्रमाद हुमला कर चैतन्यकि शक्ति रोक देते है इस वास्ते खास कंठस्थ करने के इरादेसेही हमने यह

संक्षिप्तसे सार लिख आपसे निवेदन करते है कि इस नयादिकों कण्ठस्थ कर फीर विवेचनवाले ग्रंथ पढो ।

(१) नयाधिकार

(१) नय-वस्तु के एक अश कों गृहन कर वक्तव्यता करना उनकों नय कहते है जब वस्तुमें अनत (पर्याय) अंश है उनोंकि वक्तव्यता करने के लिये नयभी अनंत होना चाहिये ? जीतना वस्तुमें धर्म (स्वभाव) है उनोंकि व्याख्या करनेको उतनाही नय है परन्तु स्वल्प बुद्धिवालों के लिये अनत नयका ज्ञानकों संक्षिप्त कर सात नय बतलाया है । अगर नैगमादि प्रत्येक नयसे ही एकात पक्ष ग्रहन कर वस्तुतत्त्वका निर्देश करे तो उनोंकों नयाभास (मिथ्यात्वी) कहा जाता है कारण वस्तुमें अनतधर्म है उनोंकि व्याख्या एकही नयसे संपुरण नही होसकती है अगर एक नयसे एक अंशकि व्याख्या करेंगे तो शेष जो धर्म रहे हुवे है उनोंका अभाव होगा । इसी वास्ते शास्त्रकारोंका फरमान है कि एक वस्तुमे प्रत्येक नयकि अपेक्षा से अलग अलग धर्मकि अलग अलग व्याख्या करनासेही सम्यक् ज्ञानकि प्राप्ती हो सके उनोंकोही सम्यग्दृष्टि कहाजाते है

इसपर हस्ती और सात अंधे मनुष्यका दृष्टान्त-एक ग्राम के बाहार पहले पहलही एक महा कायावाला हस्ति आयाथा उन समय ग्रामके सब लोग हस्ति देखनेकों गये उन मनुष्योंमे सात अन्धे मनुष्य भीथे । उनोंसे एक अन्धे मनुष्यने हस्तिके दान्ताशूलपे हाथ लगाके देखाकि हस्ति मूशल जेसा होता है दूसरेने सूंढपर हाथ लगाके देखा कि हस्ति हड्डमान जेसा होता है तीसराने कानोपर हाथ लगाके देखाकि हस्ति सुपडे जेसा होता है चोथाने उदरपर हाथ लगाके देखाकि हस्ति कोटी जेसा

होता है पांचवाने पैरोंपर हाथ लगाके देखाकि हस्ति स्तंभ जेसा होता है छट्ठाने पुच्छपर हाथ लगाके देखाकि हस्ति चम्र जेसा होता है सातवाने कुम्भस्थलपर हाथ लगाके देखाकि हस्ति कुम्भ जेसा है हस्तिकों देख ग्राम के लोग ग्राममें गये और वह सातों अन्धे मनुष्य एक वृक्ष निचे वेठे आपसमें विवाद करने लगे अपने अपने देखे हुवे एकेक अंगपर मिथ्याग्रह करने लगें एक दूसरोंको झूठे वनने लगे इतनेमें एक सुज्ञ मनुष्य आया और उन सातों अन्धे मनुष्योंकि वार्ता सुन बोला के भाइ तुम एकेक वातकों आग्रहसे तांनते हो तवतों सवके सव झूटे हों अगर मेरे कहने माफीक तुमने एकेक अंगहस्तिके देखे है अगर सातों जनां सामीलहो विचार करोंगे तो एकेकापेक्षा सातों सत्य हो। अन्धोने कहा की केसे? तव उन सुज्ञ विद्धानने कहाकी तुमने देखा वह हस्तिका दान्ताशूल है दूसराने देखा वह हस्तिकि शूंढ है यावत् सातवाने देखा वह हस्ति के पुच्छ है-इतना सुनके उन अन्ध मनुष्योंकों ज्ञान होगया कि हस्ति महा कायावाला है अपने जो देखा था वह हस्तिका एकेक अंग है इसका उपनय-वस्तु एक हस्ति माफीक अनेक अंश (विभाग) संयुक्त है उनकों माननेवाले एक अंगकों मानके शेष अंगका उच्छेद करनेसे अन्धे मनुष्योंके कदाग्रह तूल्य होते है अगर संपुरण अंगोंकों अलग अलगअपेक्षासे माना जावे तों सुज्ञ मनुष्यकि माफीक हस्ती ठीकतोरपर समजं सकते है इति.

नय के मूल दो भेद है (१) द्रव्यास्तिक नय जो द्रव्यकों ग्रहन करते है (२) पर्यायास्तिक नय वस्तुके पर्यायकों गृहन करे। जिस्में द्रव्यास्तिक नयके दश भेद है यथा नित्य द्रव्यास्तिक. एक द्रव्यास्तिक, सत् द्रव्यास्तिक, वक्तव्य द्रव्यास्तिक, अशुद्ध द्रव्यास्तिक, अन्वय द्रव्यास्तिक, परमद्रव्यास्तिक, शुद्धद्रव्या-

स्तिक, सत्ताद्रव्यास्तिक, परम भाव द्रव्यास्तिक । पर्यायास्तिक नयके छे भेद है द्रव्यपर्यायास्तिक, द्रव्यव्यंजनपर्यायास्तिक गुण-पर्यायास्तिक, गुणव्यंजनपर्यायास्तिक, स्वभाव पर्यायास्तिक, विभावपर्यायास्तिकनय । इन द्रव्यास्तिक पर्यायास्तिक दोनों नयों के ७०० भागे होते है ।

तर्कवादि श्रीमान् सिद्धसेनदिवाकरजी महाराज द्रव्यास्तिकनय तीन मानते है नैगमनय, संग्रहनय, व्यवहारनय, और सिद्धान्तवादी श्रीमान् जिनभद्रगणी खमास्मणा द्रव्यास्तिनय च्यार मानते हैं नैगमनय संग्रहनय व्यवहारनय ऋजुसूत्र नय । अपेक्षासे दोनों महा ऋषियोंका मानना सत्य है कारण ऋजु सूत्र नय प्रणाम ग्राही होनेसे भावनिक्षेपा के अन्दर मानके उसे पर्यायास्तिक नय मानी गइ है और ऋजुसूत्रनय शुद्ध उपयोग रहित होनेसे । श्री जिनभद्रगणी खमास्मणजीने द्रव्यास्तिक नय मानी है दोनों मतका मतलब एक ही है

नैगम, संग्रह, व्यवहार, और ऋजुसूत्र, इन च्यार नयको द्रव्यास्तिक नय कहते है अथवा अर्थ नय कहते है तथा क्रियानय भी कहते है और शब्द समभिरूढ और एवंभूत इन तीनों नय को पर्यायास्तिक नय कहते है इन तीनों नयको शब्द नयभी कहते है इन तीनों नयको ज्ञान नयभी कहते है एव द्रव्यास्तिक नय और पर्यायास्तिक नय दोनोंको मीलानेसे सातनय-यथा नैगमनय संग्रहनय व्यवहारनय ऋजुसूत्रनय शब्दनय समभिरूढनय एवंभूतनय अब इन सातों नयके सामान्य लक्षण कहाजाते है ।

(१) नैगमनय-जिस्का एक गम (स्वभाव) नही है अनेक मान उन्मान प्रमाणकर वस्तुको वस्तुमाने जैसे सामान्यमाने विशेषमाने तीनकालकि वातमाने निक्षेपाच्यार माने तीनों

कालमें वस्तुका अस्तित्व भाव माने जिन नैगमनय के तीन भेद है (१) अंश. (२) आरोप (३) विकल्प।

(क) अंश-वस्तुका एक अंशकों ग्रहन कर वस्तुकों वस्तुमाने शेष निगोदीये जीवोंकों सिद्ध समान माने कारण निगोदीये जीवों के आठ रूचक प्रदेश+ सदैव निर्मल सिद्धों के माफीक है इस वास्ते एक अंशकों ग्रहन कर नैगमनयवाला निगोदीये जीवोंकोभी सिद्ध ही मानते है। तथा चौदवे अयोगी गुणस्थानवाले जीवों कों संसारी जीव माने: कारण उन जीवोंके अभीतक चार अघाति कर्म बाकी है अन्तर महुर्त संसार बाकी है उतने अंशकों ग्रहन कर चौदवे गुणस्थानक वृति जीवोंकों संसारी माने यह नैगम नयका मत है।

(ख) आरोप-आरोपके तीन भेद है (१) भूत कालका आरोप (२) भविष्य कालका आरोप (३) वर्तमान कालका आरोप जिस्मेभूत कालका आरोप जेसे भूतकालमें वस्तु हो गइ हैं उनकों वर्तमान कालमें आरोप करना. यथा-भगवान वीरप्रभुका जन्म चैत्र शुक्ल १३ के दिन हुवा था उनका आरोप, वर्तमान कालमें कर पर्युषण में जन्म महोत्सव करना उनोंकी मूर्ति स्थापन-कर सेवा पूजा भक्ति करना तथा अनंते सिद्ध हों गये है उनोंके नामका स्मरण करना तथा उनोंकि मूर्ति स्थापन कर पूजन करना यह सब भूतकालका वर्तमानमें आरोप है (२) भविष्यकाल में होने वालोका वर्तमान कालमें आरोप करना जेसे श्री पद्मनाभ

+ श्री नन्दीजी सूत्रमें कहा है कि जीवोंके अक्षर के अनन्त में भाग में कर्म दल नही लागे यह ही जीवका चैतन्यता गुण है अगर वहा भी कर्म लग जावें तों जीवका अजीव हो जाते है परन्तु यह कभी हुवा नही और होगा भी नही इस वास्ते ८ रूचक प्रदेश सदैव सिद्ध समान गीना जाते है

तीर्थंकर उत्सर्पिणी कालमे होंगे उन्होंको (ठाणायागजी सूत्र के नौवे ठाणेमें) तीर्थंकर समझ उनोंकी मूर्ति स्थापनकर सेवाभक्ति करना तथा मरीचीयाके भवमे भावि तीर्थंकर समझ भरतमहा राज उनको वन्दन नमस्कार कीयाथा यह भविष्यकालमें होने वालोंका वर्तमानमें आरोप करना (३) वर्तमानमे वर्तती वस्तु का आरोप जेसे आचार्योपाध्याय तथा मुनि महंतोंके गुण कीर्तन करना यह वर्तमानका वर्तमानमे आरोप है तथा एक वस्तुमें तीन कालका आरोप जेसे नारकी देवता जम्बुद्विप मेरुगिरी देवलोकों मे सास्वते चैत्य-प्रतिमा आदि जोजो पदार्थ तीनो कालमे सास्व ते है उनोंका भूतकालमें थे भविष्यमें रहेंगे वर्तमान मे वर्त रहे है एसा व्याख्यान करना यह एकही पदार्थ में तीनो कालका आरोप हो सकते है

(ग) विकल्प-विकल्पके अनेक भेद है जेसे जेसे अध्यवसाय उत्पन्न होते है उनका विकल्प कहेते है द्रव्यास्तिक और पर्याया स्तिक नयके विकल्प ७०० होते है वह नय चक्र सारादि ग्रंथ से देखना चाहिये उस नैगमनयका मूल दो भेद है (१) शुद्ध नैगम नय (२) अशुद्ध नैगमनय जिसपर वसति-पायली-और प्रदेशका दृष्टांत आगे लिखाजायगा उसे देखना चाहिये।

(२) संग्रहनय-वस्तुकि मूल सत्ता को ग्रहन करे जेसे जीवोंके असंख्यात आत्म प्रदेश मे सिद्धों कि सत्ता मोजुद है इस वास्ते सब जीवोंको सिद्ध सामान्य माने और संग्रह-संग्रह वस्तुओं ग्रहन करनेवाले नयकोसंग्रहनय कहते है यथा 'एगे आया-एगे अणाया' भावार्थ-जीवात्मा अनंत है परन्तु सबजीव सातवक असंख्यात प्रदेशी निमल है इसी वास्ते अनन्त जीवोंका संग्रह कर 'एगे आया' कहते है एव अनंत पुद्गलोंमे सडन पडण विध्वंसन स्वभाव होनेसे 'एगे अणाया' संग्रह नय वाला सामान्य माने विशेष नही

माने तीन कालकीबात माने निक्षेपाच्यारोंमाने एक शब्द में अनेक पदार्थ माने जेसे कीसीने कहाकी 'वन' तो उसके अन्दर जीतने वृक्ष लता फळ पुष्प जलादि पदार्थ है उन सबको संग्रह नयवाले ने माना तथा कीसी सेठने अपने अनुचरको कहाकी जावों तुम दान्तण लावों तो उन संग्रह नयके मतवाला अनुचरने दान्तण काच जल झारी वस्त्रादि पोसाक सब लेके आया–इसी माफीक सेठने कहाकी पत्रलिखना है कागद लावो तो उन दासने कागद कलम दवात दसतरी आदि सब ले आया. इस वास्ते संग्रहनय-वाला एक शब्दमें अनेक वस्तु ग्रहन करते है जिस्के दोय भेद है (१) सामान्य संग्रहनय (२) विशेष संग्रहनय।

(३) व्यवहारनय–बाह्य दीसती वस्तुका विवेचन करे कारण की जीसका जेसा बाह्य व्यवहार देखे वेसाही उनोंका व्यवहार करे अर्थात् अन्तः करणको नही माने जेसे यह जीव जन्मा है यह जीव मृत्युकोप्राप्त हुवा है जीव कर्म बन्ध करते है जीव सुख दुःख भोगवते है पुदगलोंका संयोग वियोग होते है इस निमित कारणसे हमारा भला बुरा हो गया यह सब व्यवहार नयका मत है व्यवहार नयवाला सामान्यके साथ विशेषमाने निक्षेपा च्यार माने तीनो कालकी बात माने जेसे व्यवहारमें कोयल श्याम, शुकहरा, मामलीयालाल, हल्दी पीली. हंस सुफेद परन्तु निश्चय नयसे इन पदार्थोंमें पांचो वर्ण दोगन्ध पांच रस आठ स्पर्श पावे व्यवहारमें गुलाब सुगन्ध–मृत्यश्वान दुर्गन्ध सुंठ तिक्त निंब कटुक आम्लाकषायत आम्र आंबिल, साकर मधुर, करवोत कर्कश, ता-लुवा मृदुल, लोहागुरु, अकतूल लघु, पाणी शीतल, अग्निउष्ण, घृत स्निग्ध, राख रूक्ष, यह सब व्यवहारमें मोख्यता गुण बतलाये परन्तु निश्चयमें गौणतामें सब बोलोंमें वर्णादि वीस वीस बोल

मीलते है। जिस व्यवहारनयके दो भेद है (१) शुद्ध व्यवहारनय (२) अशुद्ध व्यवहारनय।

(४) ऋजुसूत्रनय—सरलतासे बोध होना उसे ऋजुसूत्रनय कहते है ऋजुसूत्रनय भूत भविष्यकाल कों नही माने मात्र एक वर्तमानकालको ही मानते हैं ऋजुसूत्रनयवाला सामान्य नही मान विशेष माने एक वर्तमानकालकि वात माने निक्षेपा एक भाव माने परवस्तु को अपने लिये निरर्थक माने आकाशकुसुमवत् 'जेसे कीसीने कहा की सो वर्षा पहले सूवर्णकि वर्षाद हुइथी तथा सो वर्षा के बाद सूवर्ण कि वर्षाद होगा ? निरर्थक अथात् भूत भविष्यमे जो कार्य होगा वह हमारे लिये निरर्थक है यह नय वर्तमानकाल को मोरव्य मानते है जेसे एक साहुकार अपने घरमें सामायिक कर बेठा था इतनेमे एक मुसाफर आवे उन सेठके लडकेकी ओरतसे पुछा की बेहन ! तुमारा सुसराजी कहा गये है ? उन ओरतने उत्तर दीया कि मेरे सुसराजी पसारीकी दुकान सुंठ हरडे खरीदने को गये है वह मुसाफर वहा जाके तलास की परन्तु सेठजी वहापर न मीलनेसे वह पीछा सेठजीके घरपर आके पुच्छा तो उन ओरतने कहाकि मेरे सुसराजी माचीके वहा जुते खरीदनेको गयेहै इसपर वह मुसाफर मोचीके वहा जाके तलास करी वहापर सेठजी न मीले, तब फीरके पुन सेठजीके घरपे आये इतनेमें सेठजीके सामायिकका काल होजानेसे अपनि सामायिक पार उन मुसाफरसे वात कर विदा कीया फीर अपने लडकेकी ओरतसे पुच्छा कि क्यों वहुजी में सामायिक कर घरके अन्दर बेठाया यह तुम जानती थी फीर उन मुसाफर को खाली तकलीफ क्यों दीथी वहुजीने कहा क्यों सुसराजी आपका चित दोनों स्थानपर गयाथा

या नही ? सेठजीने कहा वात सत्य है मेरा दील दोनों स्थानपर गयाथा इससे यह पाया जाता है कि सेठजी के लडकेकी औरत ज्ञानचन्त थी इसी माफीक ऋजुसूत्रनय गृहवासमें बेठ हुए के त्याग प्रणाम होनेसे साधु माने और साधुवेश धारण करनेवाले मुनियोंका प्रणाम गृहस्थावासका होनेसे उने गृहस्थ माने। इति इन च्यार नयको द्रव्यास्तिकनय कहते है इन च्यार नयकि समकित तथा देशव्रत सर्वव्रत भव्याभव्य दोनोंको होते है परन्तु शुद्ध उपयोग रहीत होनेसे जीवोका कल्याण नही हो सके!

(५) शब्दनय–शब्दनयवाला शब्दपर आरूढ हो सरीखे शब्दोंका एकही अर्थ करे शब्दनयवाला सामान्य नही माने. विशेष माने वर्तमानकालकी वात माने निक्षेपा एक भाव माने वस्तुमें लिंगभेद नही माने जेसे शक्रेन्द्र देवेन्द्र पुरेन्द्र सूचिपति इन सबको एकही माने। यह शब्दनय शुद्ध उपयोग को माननेवाला है।

(६) संभिरूढनय—सामान्य नही माने विशेष माने वर्तमानकालकी वात माने निक्षेपा भाव माने लिंगमें भेद माने. शब्द का अर्थ भिन्न भिन्न माने जेसे शक्रनाम का सिंहासनपर देवतोंकि परिषदामें बेठे हुवे को शक्रेन्द्र माने. देवतोंमें बेठा हुवा इन्साफ कर अपनि आज्ञा मान्य करावे उसे देवेन्द्र मानें. हाथमें वज्र ले देत्यों के पुरको विदारे उसे पुरेन्द्र माने. अप्सरावोंके महलोंमें नाटकादि पांचो इन्द्रियों के सुख भोगवताको सचीपती माने. सभिरूढवाला एक अंश उनी वस्तुको वस्तु माने अर्थात् जो अंश उणा है वह भी प्रगट होनेवाले है उसे सभिरूढ कहा जाते है।

(७) एवंभूत नयवाला–सामान्य नही माने विशेष माने

वर्तमान कालकी बात मान निक्षेपा एकभाव माने सपुरण वस्तु को वस्तु माने एक अशभी कम हो तो एवमूत नयवाला वस्तु को अवस्तु माने। शब्दादि अपने अपने कार्यमें उपयोगसे युक्त कार्यको कार्य माने।

इन सातों नयपर अनुयोग द्वारमें तीन दृष्टान्त इसी माफीक है। (१) वस्तिका (२) पायलीका (३) प्रदेशका।

सामान्य नैगमनयवाले को विशेष नैगमनयवाला पुच्छता है कि आप कहापर निवास करते है? सामान्य नयवाला बोला कि मे लोकमे रहता हु

विशेष—लोक तीन प्रकारका है अधोलोक उर्ध्वलोक तीर्यग् लोग है आप कौन लोकमे रहते है?

सामान्य-मैं तीयगलोगम रहता हु।

विशेष—तीर्च्छालोगमें द्विप बहुत हैं तुम कोनसे द्विपम रहते हो?

सामान्य—मे जम्बुद्विपमें नामका द्विपमे रहता हु

वि—जम्बुद्विपमें क्षेत्र बहुत है तुम कोनसे क्षेत्रमे रहते हो?

सा—मैं भरतक्षेत्र नामक क्षेत्रमे रहता हु

वि०—भरतक्षेत्र दक्षिण उत्तर दो है आप कोनसे भरतमे रहते हो?

सा—मैं दक्षिण भरतक्षेत्रमे रहता हु

वि—दक्षिण भरतमें तीन खंड है तुम कोनसे खंडमे रहते हो?

सा—मैं मध्यखंडमे रहता हु

वि—मध्यखंडमें देश बहुत है तुम कोनसा देशमे रहते हो?

सा—मैं मागध देशमे रहता हु

वि—मागध देशमे नगर बहुत है तुम कोनसा नगरमे रहते है ?

सा—मैं पाडलीपुर नगरमें निवास करता हुं.

वि०—पाडलीपुरमें तो पाडा (मोहला) वहुत है तुम०

सा०—में देवदत्त ब्राह्मणके पाडामे रहता हुं।

वि०—वहां तो घर वहुत है तुम कहां रहते हो।

सा०—मैं मेरे घरमें रहता हुं—यहांतक नैगम नय है।

संग्रहनयवाला बोलाके घरतों बहुत बडा है एसे कहों कि मे मेरे संस्ताराके अन्दर रहता हुं। व्यवहारनय वाला बोलाकि संस्तारा वहुत वढा है एसे कहो कि मे मेरे शरीरमें रहता हु. रूजुसूत्रवाला बोलाकी शरीरमें हाड, मांस, रौद्र, चरबी वहुत है एसा कहो कि मे मेरे परिणाम वृतिमे रहता हु। शब्दनयवाला बोलाकी परिणाम प्रणमन है उनोमें सूक्षमबादर जीवोंके शरीर आदि अवग्गहा है वास्ते एसा कहो कि में मेरे गुणोमे रहता हु। संभिरूढनयवाला बोला कि में मेरा ज्ञानदर्शनके अन्दर रहताहु। एवंभूतनयवाला बोला की मे मेरे अध्यात्म सत्तामें रमणता करता हु।

इसी माफीक पायलीका दृष्टान्त जेसे कोइ सुत्रधार हाथमें कुल्हाडा ले पायलीके लिये जंगलमें काष्ट लेनेकों जा रहाथा इतनेमें विशेष नैगमनय वाला बोलाकि भाइ साहिब आप कहां जाते हो जब सामान्य नैगमनयवाला बोला कि में पायली लेनेकों जाताहु. काष्ट काटते समय पुच्छने पर भी कहा कि में पायली काटता हु। घरपर काष्ट लेके आया उन समय पुच्छनेपर भी कहा कि में पायली लाया हुं यह नैगमनयका वचन है संग्रहनय सामग्री तैयार करनेसे सत्तारुप पायली मानी। व्यवहारनय

पायली तैयार करनेपर पायली मानी। रूजुसूत्रनय परिणाम ग्राही होनेसे धान्य भरने पर पायली माने। शब्दनय पायली के उपयोग अर्थात् धान्य भर के उनकि गणीती लगानेसे पायली मानी। संभिरूढनय पायली के उपयोगको पायली मानी। एव भूतनय-सर्व दुनिया उनै मजूर करने पर पायली मानी इति।

प्रदेशका दृष्टान्त—नैगमनयवाला कहता है कि प्रदेश छे प्रकारके है यथा—धर्मास्तिकायका प्रदेश, अधर्मास्तिकायका प्रदेश, आकाशास्तिकायका प्रदेश, जीवास्तिकायका प्रदेश, पुद्‌गलास्तिकायके स्कन्धका प्रदेश, तस्स देशका प्रदेश, इस नैगमनय वालासे संग्रहनयवाला बोला कि एसा मत कहो क्यों कि जो देशका प्रदेश कहा है वह तो देश स्कन्धका ही है वास्ते प्रदेश भी स्कन्धका हुवा तुमारा कहेने पर दृष्टान्त जेसे कीसी साहुकारका दासने अपने मालक के लिये एक खर मूल्य खरीद कीया तब साहुकारने कहा कि यह दास भी मेरा और खर भी मेरा है इस न्यायसे दास और खर दोनों साहुकारका ही हुवा इसी माफीक स्कन्धका प्रदेश और देशका प्रदेश दोनों पुद्गल द्रव्यका ही हुवा इस वास्ते कहो कि पाच प्रकारके प्रदेश है यथा-धर्मास्तिकायका प्रदेश०अधर्म० प्रदेश-आकाश० प्रदेश, जीवप्रदेश, स्कन्ध प्रदेश, इन संग्रहनयवाले ने पाच प्रदेशमाना इस पर व्यवहारनयवाला बोला कि पाच प्रदेश मत कहो? क्यों कि पाच गोटीले पुरुषोंके पास द्रव्य है वह चान्दी सुवर्ण धन धान्य तो एसा पच गोटीले के अन्दर न्यारों धनका समावेश हो जावेगें इसी वास्ते कहो के पाच प्रकारके प्रदेश है यथा धर्मास्तिकायका प्रदेश यावत् स्कन्ध प्रदेश इस माफीक व्यवहारनयवाला बोलने पर ऋजुसूत्रनयवाला बोला कि एसा मत कहो कि पाच प्रकार

के प्रदेश है कारण एसा कहनेसे यह शंका होगी कि वह पांचों प्रदेश धर्मास्तिकायका होगा। यावत् पांचों प्रदेश 'स्कन्धके होंगे एसे २५ प्रदेशोंकी संभावना होगी. इस वास्ते एसा कहो कि स्यात् धर्मास्तिकायका प्रदेश यावत् स्यात् स्कन्धका प्रदेश है। इस पर शब्दनयवाला बोला कि एसा मत कहो कारण एसा कहनेसे यह शंका होगी कि स्यात् धर्मास्तिकायका प्रदेश है वह स्यात् अधर्मास्तिकायका प्रदेश भी हो सकेगें इसी माफीक पांचों प्रदेशोंके आपसमें अनवस्थित भावना हो जायगी इस वास्ते एसा कहो कि स्यात् धर्मास्तिकायका प्रदेश सो धर्मास्तिकायका प्रदेश है एवं यावत् स्यात् स्कन्ध प्रदेश सो स्कन्धका ही प्रदेश है। इसी माफीक शब्दनयवाला के कहनेपर संभिरूढनयवाला बोला कि एसा मत कहो यहांपर दो समास है तत्पुरुष और कर्मधारय जोतत्पुरुषसे कहो तो अलग अलग कहो और कर्मधारसे कहो तो विशेष कहो कारण जहां .धर्मास्तिकायका एक प्रदेश है वहां जीव पुद्गलके अनंत प्रदेश है वह सब अपनि अपनि क्रिया करते है एक दुसरे के साथ मीलते नही है इस पर एवं भूतवाला बोला कि तुम एसे मत कहो कारण तुम जो जों धर्मास्तिकायादि पदार्थ कहते हो वह देश प्रदेश स्वरूप है ही नही. देश है वह भी कीसीका प्रदेश है वह भी कीसीके एक समय में स्कन्ध देश प्रदेशकी व्याख्या हो ही नही सक्ती हैं वस्तु मात्र अभेद हैं अगर एक समय धर्मद्रव्य कि व्याख्या करोंगे तो शेष देश प्रदेशादि शब्द निरर्थक हो जायगें तो एसा करते ही क्यों हो एक ही अभेद भाव रखो इति।

जीवपर सात नय—नैगमनय, जीव शब्दकों ही जीव माने. संग्रहनय सत्तामें असंख्यात प्रदेशी आत्माकों जीव मानें इसने अजीवात्माकों जीव नही माना, व्यवहारनय तस थावर के भेद

कर जीव माने, ऋजुसूत्रनय परिणामग्राही होनेसे सुख दु ख वेदते हुवे जीवोंको जीव माने इसने असज्ञीकों नही माने शब्द-नय क्षायक गुणवालेको जीव माना, समभिरूढनयवाला केवल ज्ञानकों जीव माना, एवभूतनय सिद्धोंकों जीव माना।

सामायिक पर सात नय नैगमनयवाला, सामायिक के परिणाम करनेवालोंकों सामायिक माने संग्रहनयवाला सामायिकके उपकरण चरवलो, मुखवस्त्रीकादि ग्रहन करनेसे सामायिक माने व्यवहारनयवाला सामायिक दडक उचारण करनेसे सामायिक माने ऋजुसूत्रनयवाला ४८ मिनीट समता परिणाम रहनेसे सामायिक माने शब्दनय अन्तानुबन्धी चोक और मिथ्यात्वादि मोहनिका क्षय होनेसे सामायिक माने समभिरूढ नयवाला रागद्वेषका मूलसे नाश होनेपर वीतरागकों सामायिक माने एवभूतनय संसारसे पार होना (सिद्धावस्था) कों सामायिक माने

धर्म उपर सात नय नैगमनय धर्मशब्दकों धर्म माने इसने सर्व धर्मवालोंको धर्म माना सग्रहनय कुलाचारकों धर्म माना इसने अधर्मकों धर्म नही मानते हुवे नीतिकों धर्म माना व्यव-हारनयवाला पुन्यकि करणीकों धर्म माना ऋजुसूत्रनयवाला अनित्यभावनाको धर्म माना इसमे सम्यग्दृष्टि मिथ्यादृष्टि दोनोंको ग्रहन कीया शब्दनयवाला क्षायिकभावकों धर्म माने समभिरूढ केवलीयोंको धर्म माने एवभूतनय सपुरण धर्म प्रगट होने पर सिद्धोंकों ही धर्म माने।

बाण पर सात नय कीसी मनुष्यके बाण लगा तब नैगम-नयवाला बाणका दोष समझा सग्रहनयवाला सत्ताकों ग्रहन कर बाण फेकनेवालाका दोष समझा व्यवहारनयवाला गृहगोचरका

दोष समझा. ऋजुसूत्रनयवाला अपने कर्मोंका दोष समझा. शब्द नयवाला कर्मोंके कर्ता अपने जीवका दोष समझा. संभिरूढनय- वालाने भवितव्यता याने ज्ञानीयोंने अनंतकाल पहले यह ही भाव देख रखाथा. एवंभूत कहता है कि जीवकों तों सुख दुःख है ही नही. जीवतों आनन्दघन है।

राजा उपर सात नय. नैगमनयवाला कीसीके हाथो पगोमें राजचिन्ह रेखा तील मसादि चिह्न देखके राजा माने. संग्रहनय- वाला राजकुलमें उत्पन्न हुवा बुद्धि. विवेक, शौर्यतादि देख राजा माने. व्यवहारनयवाला युवराज पदवालेकों राजा माने. ऋजु- सूत्रनयवाले राजकार्यमें प्रवृत्तनेसे राजा माने. शब्दनयवाला सिंहासनपर आरूढ होनेपर राजा माने. संभिरूढनयवाला राज अवस्थाकी पर्याय प्रवृत्तनरूप कार्य करते हुवेको राजा माने. एवं- भूतनय उपयोग सहित राज भोगवतों दुनियों सर्व मंजुर करे, राजाकी आज्ञा पालन करे, उन समय राजा माने. इसी माफीक सर्व पदार्थोंपर सात सात नय लगा लेना इति नयद्वार।

(२) नक्षेपाधिकार.

एक वस्तुमें जेसे नय अनंत है इसी माफीक निक्षेपा भी अनंत है कहा है कि–" जं जत्थ जाणेजा, निक्खेवा निक्खेवण ठवे; जं जत्थ न जाणेज्ज, चत्तारी निक्खेवण ठवे." भावार्थ—जहां पदार्थके व्याख्यानमें जीतने निक्षेप लगा सके उतने हो निक्षेपसे उन पदार्थका व्याख्यान करना चाहिये कारण वस्तुमें अनंत धर्म है वह निक्षेपों द्वारा ही प्रगट हो सके। परन्तु स्वल्प बुद्धिवाले वक्ता अगर ज्यादा निक्षेप नहीं कर सके; तथापि च्यार निक्षेपों के साथ उन वस्तुका विवरण अवश्य करना चाहिये। (प्रश्न) जब नयसे ही वस्तुका ज्ञान हो सक्ते है तो फीर निक्षेपेकि क्या

जरूरत है ? निक्षपाद्वारे वस्तुका स्वरूपको जानना यह सामान्य पक्ष है और नयद्वारा जानना यह विशेष पक्ष है। कारण नय है सो भी निक्षेपाकि अपेक्षा रखते है, नयकि अपेक्षा निक्षेपा स्थुल है और निक्षेपाकि अपेक्षा नय सूक्षम है अन्यापेक्षा निक्षेपे है सो प्रत्यक्ष ज्ञान है और नय है सो परोक्ष ज्ञान है इस वास्ते वस्तुतत्त्व ग्रहन करनेके अन्दर निक्षेप ज्ञानकि परमावश्यक्ता है निक्षेपोंके मूल भेद च्यार है यथा—नाम निक्षेप, स्थापनानिक्षेप, द्रव्यनिक्षेप ओर भावनिक्षेप।

(१) नामनिक्षेपा—जेसे जीव अजीव वस्तुका अमुक नाम रख दीया फीर उसी नामसे बोलानेपर उन वस्तुका ज्ञान हो उन नाम निक्षेपाका तीन भेद है (१) यथार्थ नाम (२) अयथार्थ नाम, (३) और अर्थशुन्य नाम जिस्मे।

यथार्थनाम—जेसे जीवका नाम जीव, आत्मा, हंस, परमात्मा, सच्चिदानंद, आनन्दघन, सदानन्द, पूर्णानन्द, निजानन्द, ज्ञानानन्द, ब्रह्म, शाश्वत, सिद्ध, अक्षय, अमूर्त्ति इत्यादि

अयथार्थनाम—जीवका नाम हेमो, पेमो, मुलो, मोती, माणक, लाल, चन्द्र, सूर्य, शार्दुलसिंह, पृथ्वीपति, नागचन्द्र इत्यादि

अथशून्यनाम—जेसे हासी, खासी, छींक, उभासी, मृदंग ताल, मलार आदि ४९ जातिके वाजित्र यह सर्व अर्थशून्य नाम है इनसे अर्थ कुच्छ भी नही निकलते है। इति नामनिक्षेप

(२) स्थापना निक्षेपका—जीव अजीव कीसी प्रकारसे पदार्थकि स्थापना करना उसे स्थापना निक्षेपा कहते है जिस्के दो भेद है (१) सद्भाव स्थापना (२) असद्भाव स्थापना जिस्मे सद्भाव स्थापनाके अनेक भेद है जेसे अरिहंतोका नाम

और अरिहन्तोंकि स्थापना (मूर्त्ति) सिद्धोंका नाम और सिद्धोंकि स्थापना एवं आचार्योपाध्याय साधु, ज्ञान, दर्शन, चारित्र इत्यादि जेसा गुण पदार्थमें है वैसे गुणयुक्त स्थापना करना उसे सत्यभाव स्थापना कहते है और असत्यभाव स्थापना जेसे गोल पत्थर रखके भेरूकि स्थापना तथा पांच सात पत्थर रख शीतलामाताकि स्थापना करनी इसमें भेरू और शीतलाका आकार तौ नही है परन्तु नामके साथ कल्पना देवकी कर स्थापना करी है.

इस वास्ते ही सुज्ञ जन स्थापना देवकी आशातना टालते है जिस रीतीसे आशातना का पाप लगता है इसी माफीक भक्ति करनेका फल भी होते है उस स्थापनाका दश भेद है (सूत्र अनुयोगद्वार ।

(१) कठ्ठकम्मेवा -काष्टकि स्थापनाजेसेआचार्यादिकि प्रतिमा.

(२) पोत्थ कम्मेवा–पुस्तक आदि रखके स्थापना करना.

(३) चित्त कम्मेवा–चित्रादिकरके स्थापना करना.

(४) लेप्प कम्मेवा–लेप याने मट्टी आदिके लेपसे ॥

(५) वेडीम्मेवा–पुष्पोंके वींटसे वींटकों मीलाके स्था० ॥

(६) गुंथीम्मेवा–चीढो प्रमुक कों ग्रथीथ करना ॥

(७) पुरिम्मेवा–सुवर्ण चान्दी पीतलादि वरतका काम.

(८) संघाइम्मेवा–बहुत वस्तु एकत्र कर स्थापना.

(९) अखेइवा-चन्द्राकार समुद्रके अक्षकि स्थापना.

(१०) वराडइवा–संख कोडी आदि की स्थापना.

एवं दश प्रकार की सद्भाव स्थापना और दशप्रकारकी असद्भाव स्थापना एवं २० एकेक प्रकार की स्थापना एवं वीस

अनेक प्रकार कि स्थापना सर्व मील स्थापना के ४० भेद होते है इनके अतिरिक्त अन्य प्रकारसे भी स्थापना होती है

प्रश्न—नाम और स्थापना में क्या भेद विशेष है ?

उत्तर—नाम यावत्काल याने चीरकाल तक रहता है और स्थापना स्वल्पकाल रहती है अथवा नाम निक्षेपाकि निष्पत् स्थापना निक्षेपा—विशेष ज्ञानका कारण है जैसे—

लोक का नाम लेना और लोक कि स्थापना (नकशा) देखना अरिहतोंका नाम लेना और अरिहन्तोंकि मूर्त्ति कों देखना जम्बुद्विपका नाम लेना और नकशा देखना सस्थान दिशा भागा इत्यादि अनेक पदार्थ है कि जिनोंका नाम लेने कि निष्पत स्थापना (नकशा) देखनेमे विशेष ज्ञान हो सक्ते है इति स्थापना निक्षेप।

(३) द्रव्य निक्षेपा-भावशून्य वस्तु को द्रव्य कहते है जीस वस्तुमे भूतकाल मे भावगुण था तथा भविष्य मे भावगुण प्रगट होनेवाला है उसे द्रव्य कहा जाता है जैसे भुतकालमें तीर्थकर नाम कर्म उपार्जन किया है वहासे लगाके जहातक केवल ज्ञान उत्पन्न न हुवे ३४ अतिशय पैंतीस वाणि गुण अष्ट महा प्रतिहार प्राप्त न हुवे वहा तक द्रव्य तीर्थंकर कहा जाता है तथा तीर्थंकर मोक्ष पधारगये थे बाद उनोंका नाम लेना वह सिद्धों का भाव निक्षेपा है परन्तु अरिहन्तोंका द्रव्य निक्षेपा है वह भूत भविष्य कालके अरिहन्त वन्दनीय पूजनीय है उन द्रव्य निक्षेपाके दो भेद है (१) आगमसे (२) नोआगमसे जिस्मे आगमसे द्रव्य निक्षेपा जो आगमों का अर्थ उपयोग शून्यतासे करे जिसपर आवश्यक का दृष्टान्त यथा कोइ मनुष्य आवश्यक सूत्र का अध्ययन किया है जैसे—

पदं सिक्खितं—पद पदार्थ अच्छी तरफसे पढा हो.
ठितं—वाचनादि स्वाध्यायमें स्थिर कीया हुवा हो.
जितं--पढा हुया ज्ञानको भूलना नही. सारणा वारणा
धारणासे अस्खलित.
मितं—पद अक्षर बराबर याद रखना
परिजितं—क्रमोत्क्रम याद रखना.
नामसमं—पढा हुवा ज्ञान कों स्व नामवत् याद रखना.
घोस समं—उदात्त अनुदात्त स्वर व्यञ्जन संयुक्त.
अहीण अक्खरं—अक्षर पद हीनता रहीत हो.
अणाच्चअक्खरं—अक्षर पद अधिक भी न बोले.
अव्वाद्ध अक्खरं—उलट पुलट अक्षर रहित.
अक्खलियं—अखिलत पणसे बोलना.
अमिलिय अक्खरं—विरामादि संयुक्त बोलना.
अवच्चामेलियं—पुनरूक्ती आदि दोषरहित बोलना.
पडि पुन्नं—अष्टस्थानोच्चारणसंयुक्त.
कंठोट्ठविपमुक्क—बालक की माफीक अस्पष्टता न बोले।
गुरुवायणोवगयं—गुरु मुखसे वाचना ली हो उस माफीक
सेणं तत्थ वायणाए—सूत्रार्थ की वाचना करना.
पुच्छणाए—शंका होनेपर प्रश्न का पुच्छना
परिअट्ठणाए—पढा हुवा ज्ञानकि आवृत्ति करना.
धम्मकाहाए—उच्चस्वर से धर्मकथाका कहना.

इतनि शुद्धताके साथ आवश्यक करनेवाला होनेपर भी "नोअणुपेहाए" जीस लिखने पढने वाचने के अन्दर जीनोंका अनुप्रेक्षा (उपयोग) नही है उन सबको द्रव्य निक्षेपा में माना

गया है अर्थात् जो काम कर रहा है उन काम कों नही जानता है तथा उनके मतलब कों नही जानता है यह सब द्रव्यकार्य है इति आगमसे द्रव्य निक्षेपा

नोआगमसे द्रव्य निक्षेपा के तीन भेद है (१) जाणगशरीर (२) भविय शरीर (३) जाणग शरीर, भविय शरीर वितिरक्त॥ जिस्मे जाणगशरीर जेसे कोइ श्रावक कालधर्म प्राप्त हुवा उनका शरीर का चन्द्र चम्र देख कीसीने कहा कि यह श्रावक आवश्यक जानता था-करता था-जेसे कीसी घृत के घडा को देख कहाकि यह घृतका घडा था तथा मधुका घडा था। दूसरा भाविय शरीर जेसें कीसी श्रावक के वहा पुत्र जन्मा उनका शरी रादि चिन्ह देख कीसी सुज्ञने कहा कि यह बचा आवश्यक पढेगें-करेगे जेसे घट देख कहाकी यह घट घृतका होगा यह घट मधुका होगा। तीसरा जाणग शरीर भविय शरीरसे वितिरक्तके तीन भेद हैं लौकीक द्रव्यावश्यक, लोकोत्तर द्रव्यावश्यक कुप्रवचन द्रव्य आवश्यक। लौकीक द्रव्यावश्यक जो लोक प्रतिदिन आवश्य करने योग्य क्रिया करते हैं जेसे राजा राजेश्वर युगराजा तलवर माडवी कौटुम्बी सेठ सेनापति सार्थवाह इत्यादि प्रात उठ स्नान मज्जन कर केशर चन्दन के तीलक लगा के राजसभामें जावे इत्यादि अवश्य करने योग्य कार्य करे उसे लौकीक द्रव्या-वश्यक कहते है और लोकोत्तर द्रव्यावश्यक जेसे

जे इमे समणगुणमुक्क जागी-लोकमें गुणग्हीत साधु
छकाय निरणुकम्पा-छेकाया के जीवोंकी अनुकम्प रहित
हयाइवउद्दमा—विगर लगामके अश्वकी माफीक
गयाइव निरंकुसा— निरंकुश हस्तिकि माफीक
घटा—शरीर वस्त्रादिकों वारवार धोवे धोवावे।

मठा—शरीरको तेलादिकसे मालिसपीटी करे.

तुपुठा—नागरवेली के पानोंसे होठें कों लाल बना रखे.

पंडूर पट्ट पाउरणा—उज्वल सुपेद वस्त्री चोलपट्टा पहने।

जिणाणमणाणाए—जिनाज्ञाके भंगकों करनेवाले।

सच्छंद विहारीउणं—अपने छंदे माफीक चलनेवाला।

उभओकालं आवस्सयस्स उवदंति " अण उवओगदव्वं " दोनोंवरुत आवश्यक करने पर भी " उपयोग " न होनेसे द्रव्य· आवश्यक कहते है इति.

कुप्रवचन द्रव्यावश्यक जेसे चकचीरीया चर्मखंडा दंडधारी फलाहारी तापसादि प्रातः समय स्नान भज्जन कर देव सभामें इन्द्रभुवनमें अर्थात् अपने अपने माने हुवे देवस्थानमें जाके उपयोग शून्य क्रिया करे उसे कुप्रवचन द्रव्यावश्यक कहते है। इति द्रव्यनिक्षेपा।

(४) भावनिक्षेपा—जीस वस्तुका प्रतिपादन कर रहे हो उनी वस्तुमें अपना संपुरण गुण प्रगट हो गया हो उसे भाव निक्षेप कहते है जेसे अरिहन्तोका भाव निक्षेपा केवलज्ञान दर्शन संयुक्त समवसरणमे विराजमानकों भाव निक्षेप कहते है उन भावनिक्षेप के दो भेद है (१) आगमसे (२) नो आगमसे। जिस्मे आगमसे आगमोंका अर्थ उपयोग संयुक्त " उवओगो भावो " दूसरा नो आगम भावावश्यक के तीन भेद है (१) लौकीक भावावश्यक (२) लोकोत्तर भावावश्यक (३) कुप्रवचन भावावश्यक।

लौकीक भावावश्यक जेसे राज राजेश्वर युगराजा तलवर माडम्बी कौटुम्बी सेठ सैनापति आदि प्रातः समय स्नान मज्जन तीलक छापा कर अपने अपने माने हुवे देवोंको भाव सहित

नमस्कार कर शुभे महाभारत, दोपहरको रामायण सुने उसे लौकीक भावास्यक कहते हैं

लोकोत्तर भावावश्यक जेसे साधु साध्वि श्रावक श्राविकाओ तहमन्ने तहचित्ते तहलेश्या तहअध्यवसाय उपयोग संयुक्त आवश्यक दोनोंवक्त प्रतिक्रमणादि नित्य कर्म करे उसे लोकोत्तर भावावश्यक कहते है।

कुप्रवचन भावावश्यक जेसे चकचीरीया चर्मखंडा दडधारा फलाहारा तपसादि प्रात समय स्नान मञ्जन कर गोपीचन्दन के तीलक कर अपने माने हुवे नाग यक्ष भूतादि के देवालय में भावसहित उँकार शब्दादिसे देव स्तुति कर भोजन करे उसे कुप्रवचन भावावश्यक कहते है इति भावनिक्षेप।

कीसी प्रकारके पदार्थ का स्वरूप जानना हो उनोंको पहले च्यारों निक्षेपाओंका ज्ञान हासल करना चाहिये। जेसे अरिहन्तोंके च्यार निक्षेपे-नाम अरिहन्त सो नाम निक्षेपा-स्थापन अरिहन्त-अरिहन्तोंकि मूर्त्ति-द्रव्यारिहत तीर्थंकर नाम गौत्र बन्धा उस समयसे केवलज्ञान न हो वहा तक--भाव अरिहन्त समवसरणमें विराजमान हो। इसी माफीक जीवपर च्यार निक्षेपा-नाम जीव सो नाम निक्षेपा, स्थापना जीव-जीवकि मूर्त्ति याने नरककी स्थापना एव तीर्यंच-मनुष्य-देव तथा सिद्धोंकि जीव हो तों सिद्धोंकि मूर्त्ति-तथा सिद्ध एसा अक्षर लिखना, द्रव्य जीव-जीवपणाका उपयोग शुन्य तथा सिद्धोंका जीव हो तों जहा तक चौदवा गुण स्थान वृत्ति जीव हो वह द्रव्य सिद्ध है। भाव जीव जीवपणाका ज्ञान हो उसे भाव जीव कहते हैं

इसी माफीक अजीव पदार्थोपर भी च्यार च्यार निक्षेप लगालेना जेसे नाम धर्मास्तिकाय सो नाम निक्षेपा है धर्मास्ति-

कायका संस्थानकि स्थापना करना तथा धर्मास्तिकाय एसा अक्षर लिखना सो स्थापना निक्षेपा है जहां धर्मास्तिकाय हमारे काममें नहीं आति हों वह द्रव्य धर्मास्तिकाय द्रव्य निक्षेपहै जहां हमारे चलन में सहायता करती हो उसे भावनिक्षेप भाव धर्मास्तिकाय है इसी माफीक जीतने जीवाजीव पदार्थ है उन सव पर च्यार च्यार निक्षेपा उत्तरादेना इति निक्षेप द्वार।

(३) द्रव्य-गुण-पर्यायद्वारद्रव्य-धर्मास्तिकाय द्रव्य, अधर्म द्रव्य, आकाश द्रव्य, जीवद्रव्य पौद्गल द्रव्य-कालद्रव्य इन छे द्रव्यकागुण अलग अलग है जेसे चलत गुण स्थिर गुण अवगाहन गुणउपयोग गुणमीलन पूरणगुण, वर्तनगुण, यह षट् द्रव्यके गुण है इन षट्द्रव्यके अन्दर जो अगुरु लघु पर्याय है वह समय समयमें उत्पात व्यय हुवा करती है दृष्टान्त जेसे द्रव्य एक लड्डु है उनका गुण मधुरता और पर्याय मधुरता में न्युनाधिक होना. जेसे द्रव्य जीव गुण ज्ञानादि-पर्याय अगुरु लघु तथा पर्यायके दो भेद है (१) कर्म भावी, (२) आत्म भावी-जिस्मे कर्म भावी जो नरकादि च्यार गति केजीव अष्टकर्म पाश में भ्रमन करते सुख दुःखकी पर्यायका अनुभव करे और आत्मभावी जो ज्ञानदर्शन चारित्रकों जेसा जेसा साधन कारन मीलता रहे वेसी वेसी पर्याय कि वृद्धि होती रहै।

(४) द्रव्य क्षेत्र काल भाव द्वार—द्रव्य जीवा जीव द्रव्य-क्षेत्र आकाश प्रदेश, काल समयावलिका यावत् काल-चक्र-भाव वर्ण गन्ध रस स्पर्श-जेसे मेरु पर्वत द्रव्यसे मेरु है क्षेत्रसे लक्ष योजनका क्षेत्र अवगाहा रखा है. कालसे आदि अंत रहित है भावसे अनंतवर्ण पर्यव एवं गन्ध रस स्पर्श पर्यव अनंत है दुसरा दृष्टान्त द्रव्यसे एक जीव क्षेत्रसे असंख्यात प्रदेशी कालसे आदि

अन्त रहात भावसे ज्ञानदर्शन चारित्र सयुक्त इत्यादि सब पदा र्थोंपर द्रव्यक्षेत्र काल भाव लगा लेना इन च्यारोंमे सर्व स्तोक काल है उनसे क्षेत्र असख्यात गुणा है कारण एक सूचीके निचे जितने आकाश आये है उनको एकक समय में एकेक आकाशप्रदेश निकाले तो असख्यात सर्पिणी उत्सर्पिणी व्यतित हो जावे उनसे द्रव्य अनत गुणे है कारण एकेक आकाश प्रदेशपर अनते अनन्ते द्रव्य है उनोंसे भाव अनत गुणे है कारण एकेक द्रव्यमें पर्याय अनत गुणी है। जैसे कोइ मनुष्य अपने घरसे मन्दिरजी आया जिसमे सर्व स्तोक काल स्पर्श कीया है उनोंसे क्षेत्र स्पर्श अस-ख्यात गुणे कीया उनोंसे द्रव्यस्पर्श अनत गुणे कीया उनोंसे भाव स्पर्श अनतगुण कीया। भावना उपर लिखी माफीक समझना।

(५) द्रव्य-भाव—द्रव्य है सो भावको प्रगट करने में सहा-यता भूत है द्रव्य जीव अमर सास्वता है भावसे जीव असा स्वता है द्रव्यसे लोक सास्वता है भावसे लोक असास्वता है द्रव्यसे नारकी सास्वती भावसे असास्वती अर्थात् द्रव्य है सो मूल वस्तु है वह सदेव सास्वती है भाव वस्तुकि पर्याय है वह असास्वती है जैसे कोसी भ्रमर ने एक काष्टको कोरा उसमे स्व-भावसे (ख) का आकार बन गया वह (क) भ्रमरके लिये द्रव्य (ख) है और उसी (क) को कीसी पंडित देख उन (ख) कि पर्याय को पेच्छान के कहा कि यह (ख) है भ्रमर के लिये यह द्रव्य (क) है और उस पंडित के लिये भाव (ख) है।

(६) कारण कार्य—कारण है सो कार्य को प्रगट करनेवाला है विगर कारण कार्य बन नही सक्ता है। जैसे कुंभकार घट बनाना चाहे तो दंड चक्रादि की सहायता अवश्य होना चाहिये जैसे किसी साहुकार को रत्नद्विप जाना है रहस्तामे समुद्र आ गया

जब नौका कि आवश्यक्ता रहती है रत्नद्विप जाना यह कार्य है। और रत्नद्विपमें पहुंचने के लिये नौका में बेठना वह नौका कारण है। कीसी जीव कों मोक्ष जाना है उनोंके लिये दान शील तप भाव पूजा प्रभावना स्वामि वात्सल्य संयम ध्यान ज्ञान मौन इत्यादि सब कारण है इन कारणोसे कार्यकी सिद्धि हो मोक्षमें जा सक्ते है। कारण कार्य के च्यार भांगा होते है।

(क) कार्य शुद्ध कारण अशुद्ध–जेसे सुबुद्धि प्रधान–दुर्गन्ध पाणी खाइसे लाके उनोंको विशुद्ध बना जयशत्रु राजाकों प्रतिबन्ध किया उन कारणमें यद्यपि अनंते जीवोंकि हिंसा हुइ परन्तु कार्य विशुद्ध था कि प्रधानका इरादा राजाकोंप्रतिबोध देनेका था.

(ख) कार्य अशुद्ध है और कारण शुद्ध जेसे जमाली अनगार ने कष्ट क्रिया तपादि बहुत ही उच्च कोटी का किया था परन्तु अपना कदाग्रह कों सत्य बनाने का कार्य अशुद्ध था आखिर निन्हवों की पंक्ति में दाखल हुवा।

(ग) कारण शुद्ध ओर कार्यभी शुद्ध जेसे गुरु गौतम स्वामि आदि मुनिवर्ग तथा आनन्दादि श्रावकवर्ग इन महानुभावों का कारण तप संयम पूजा प्रभावना आदि कारण भी शुद्ध और वीतराग देवोंकी आज्ञा आराधन रूपकार्य भी शुद्ध था.

(घ) कारण अशुद्ध ओर कार्य भी अशुद्ध जेसे जीनोंकी क्रियादि प्रवृति भी अशुद्ध है कारण यज्ञ होम ऋतु दानादि भव वृद्धक क्रिया भी अशुद्ध और इस लोक पर लोक के सुखो कि अभिलाषा रूप कार्य भी अशुद्ध है

इस वास्ते शास्त्र कारोंने कारण कों मौख्यमाना है।

(७) निश्चय व्यवहार—व्यवहार है सो निश्चय कों प्रगट करनेवाला है जिनशासनमें व्यवहारकों बलवान माना है करण

पहला व्यवहार होगा तो फीर निश्चय भी कभी आ जावें गे। जैसे निश्चयमें जीव अमर है व्यवहार मे जीव मरे जन्मे, निश्चयमे कर्मोका कर्ता कर्म है व्यवहारमे कर्मोका कर्ता जीव है, निश्चयमें जीव अव्याबाध गुणोका भोक्ता है व्यवहार में जीव सुखदु ख का भोक्ता है निश्चयमे पाणी चवे व्यवहार में घर चवे निश्चयमें आप जावे व्य० ग्राम आवे नि० रेल चाले व्य० गाडी चाले नि० पाणी पडे व्य० पनालपडे इत्यादि अनेक दृष्टान्तोसे निश्चय व्यवहारको समजना चाहिये निश्चयकि श्रद्धना और व्यवहार कि प्रवृति रखना शास्त्रकारों कि आज्ञा है।

(८) उपादान निमत्त-निमत्त है सो उपादान का साधक बाधक है जैसे शुद्ध निमत्त मीलनेसे उपादानका साधक है अशुद्ध निमत्त मीलना उपादानका बाधक है। जैसे उपादान माताके निमत्त पिताकों पुत्रकि प्राप्ती हुइ-उपादान गौकों निमत्त गोपा लको दुध की प्राप्ती हुइ। उपादान दुध निमत्त खटाइ दहीकी प्राप्ती हुइ। उपादान दहीका निमत्त भीलाने का घृतकि प्राप्ती हुइ उपादान गुरुका निमत्त सुशील शिष्य कों ज्ञानकि प्राप्ती हुइ उपादान भव्य जीवकों निमत्त ज्ञानदर्शन चारित्र तप ध्यान मौन पूजा प्रभावनादिका जीनसे मोक्षकी प्राप्ती हुई

(९) प्रमाण च्यार—प्रत्यक्ष प्रमाण, आगम प्रमाण, अनुमान प्रमाण ओपमा प्रमाण जिस्मे प्रत्यक्ष प्रमाण के दो भेद ह (१) इन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण (२) नो इन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण, इन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण के पाच भेद है श्रोत्रेन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण, चक्षु इन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण घ्राणेन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण, रसेन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण, स्पर्शेन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण, । नो इन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाण के दो भेद (१) देशसे, २ सर्वसे। जिस्मे देशसेका दो भेद अवधिज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण, मन पर्यव ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण सर्वसेका एक भेद

(३) दिठ्ठिसामन्नके अनेक भेद—जेसे सामान्य से विशेष जाने, विशेष से सामान्य जाने, एक शिकाका रूपैयाको देख बहुत से रूपैयोंको जाने, एक देशके मनुष्यकों देख बहुत से मनुष्योंकों जाने इत्यादि। यह भी अनुमान प्रमाण है।

और भी अनुमान प्रमाण से तीन कालकि वातोंको जाने. जेसे कोइ प्रज्ञावन्त मुनि विहार करते किसी देशमें जाते समय बागबगीचे शुके हुवे देखे, धरती कादे कीचड रहीत देखी, लार्टो खलोमें धानके समूह कम देखा, इसपर मुनिने अनुमान कीयाकि यहांपर भूतकालमें दुर्भिक्ष था एसा संभव होते है। नगरमें जाने पर वहां वहुत से लोगोंके उंचे उंचे मकान देख मुनि गौचरी गये परन्तु पर्याप्त आहार न मीलनेसे मुनिने ज़ाना कि यहां वर्तमान में दुर्भिक्ष वर्त रहा संभव होते है. मुनि विहारके दरम्यान पर्वत, पहाड भयंकर देखा, दिशा भयोत्पन्न करनेवाली देखी, आकाश में बादले विज्जली अमोघे उद्गमच्छे धनुष्य वान न देखने से अनुमान कीया कि यहां भविष्यमें दुष्काल पडनेके चिन्ह दीखाइ देते है। इसी माफीक अच्छे चिन्ह देखनेसे अनुमान करते है कि यहांपर भूत, भविष्य और वर्तमान कालमें सुभिक्षका अनुमान होते है यह सब अनुमान प्रमाण है।

(४) ओपमा प्रमाणके च्यार भेद है यथा—

(क) यथार्थ वस्तुकि यथार्थ ओपमा—जेसे पद्मनाभ तीर्थंकर केसा होगा कि भगवान वीर प्रभु जेसा।

(ख) यथार्थ वस्तु और अनयथार्थ ओपमा जेसे नारकी, देवतोंका पल्योपम सागरोपमका आयुष्य यथार्थ है किन्तु उनोंके लिये एक योजन प्रमाण कुवाके अन्दर वाल भरना इत्यादि ओ-

पमा अनयथार्थ है कारण एसा कीसीने कीया नही है यह तो केवलीयोंने अपने ज्ञानसे देखा है जिसका प्रमाण बतलाया है।

(ग) अनयथार्थ वस्तु और यथार्थ ओपमा—जेसे

दोहा—पत्र पडा तो इम कहे। सुन तरवर वनराय
अबके विछडियों कब मीले, दूर पडेंगे जाय ॥ १ ॥
तब तरूवर इम बोल्यां, सुन पत्र मुझ बात
हम घर यह ही रीत है एक आवत एक जात ॥२॥
नही तरू पत्र बोलीया, नही भाषा नही विचार
वीर व्याख्यानी ओपमा, अनुयोग द्वार मझार ॥३॥

याने तरूवर और पत्रके कहनेका तात्पर्य यथार्थ है यह ओ पमा यथार्थ परन्तु वस्तुगते वस्तु यथार्थ नही है

(घ) अनयथार्थ वस्तु अनयथार्थ ओपमा अश्वके श्रृंग गर्दभ जेसे है और गर्दभके श्रृंग अश्व जेसे है न तो अश्वके श्रृंग है न गर्दभके श्रृंग है केवल ओपमा ही है इति प्रमाणद्वार।

(१०) सामान्य विशेषद्वार—सामान्य से विशेष बलवान है। जेसे सामान्य द्रव्य एक विशेष द्रव्य दो प्रकारके है (१) जीवद्रव्य (२) अजीवद्रव्य सामान्य जीवद्रव्य एक, विशेष जीवद्रव्य दो प्रकारके (१) सिद्धोंके जीव (२) ससारी जीव सामान्य सिद्धोंके जीव विशेष सिद्धोंके जीव दो प्रकारके (१) अणतर सिद्ध (२) परम्पर सिद्ध इत्यादि सामान्य संसारी जीव एक प्रकार विशेष सयोगी अयोगी एवं क्षीण मोह, उपशान्त मोह सकषाय-अकषाय-प्रमत्त-अप्रमत्त -सयति -असंयति--असयति नारकी तीर्यच मनुष्य देवता इत्यादि। जो अजीवद्रव्य है सो सामान्य एक है विशेष दो प्रकारके है रूपी अजीव द्रव्य, अरूपी अजीव द्रव्य, सामान्य रूपी अजीव विशेष स्कन्ध देश प्रदेश

परमाणु पुद्गल, सामान्य अरूपी अजीवद्रव्य. विशेष धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य इत्यादि सामान्य तीर्थंकर विशेष च्यार निक्षेपे नाम तीर्थंकर. स्थापना तीर्थंकर, द्रव्य तीर्थंकर, भाव तीर्थंकर सामान्य नाम तीर्थंकर विशेष वीस प्रकार से तोर्थंकर नाम कर्म बन्धता है, अरिहन्तोंकि भक्ति करनेसे यावत् समकितका उद्योत करनेसे (देखो भाग १ लेमें वीस बोल) सामान्य अरिहन्तोंकि भक्ति. विशेष स्तुति गुणकीर्तन पूजा नाटक इत्यादि सामान्यसे विशेष विस्तारवाला है.

(११) गुण और गुणी-पदार्थमें खास वस्तु है उसे गुण कहा जाते है और जो गुणकों धारण करनेवाले है उसे गुणी कहा जाता है. यथा—गुणी जीव और गुणज्ञानादि, गुणी अजीव गुणवर्णादि। गुणी अज्ञान संयुक्त जीव गुणमिथ्यात्व, गुणीपुष्प, गुणसुगन्ध गुणीसुवर्ण, गुणपीलास-कोमलता, गुणी और गुण भिन्न नहीं है अर्थात् अभेद है।

(१२) ज्ञेय ज्ञान ज्ञानी—ज्ञेय जो जगतके घटपटादि पदार्थ है उसे ज्ञेय कहते है, उनोंका ज्ञानपणा वह ज्ञान और जाननेवाला वह ज्ञानी है. ज्ञानी पुरुषोंके लिये जगतके सर्व पदार्थ वैराग्यका ही कारण है कारण इष्ट अनिष्ट पदार्थ सब ज्ञेय-जाननेलायक है सम्यक्ज्ञान उनीका नाम है कि इष्ट अनिष्ट पदार्थोंको सम्यक्-प्रकारसे यथार्थ जानना. इसी माफीक ध्येय, ध्यान ध्यानी-जो जगतके सर्व पदार्थ है वह ध्येय है, जिस्का ध्यान करना वह ध्यान है और ध्यानके करनेवाला वह ध्यानी है।

(१३) उपन्नेवा, विगन्नेवा, धूवेवा—उत्पन्न होना, विनाश होना, ध्रूवपणे रहना. यह जगतके सर्व जीवाजीव पदार्थमें एक समयके अन्दर उत्पात व्यय ध्रूव होते है जेसे सिद्ध भगवानने

जो पहले समय भाव देखा था वह उत्पात है उनी समय जिस पर्यायका नाश हो दुसरी पर्यायपणे उत्पन्न हुवा वह व्यय ही उनी समय है और सिद्धोंका ज्ञान है यह ध्रुव है जेसे किसीको बाजुबन्ध तोडाके चुडी करानी है तो चुडीका उत्पात बाजुका नाश और सुवर्णका ध्रुवपणा है। जेसे धर्मास्तिकायमें जो पहले समय पर्याय थी वह नाश हुई, उनी समय नये पर्याय उत्पन्न हुवा और चलनादि गुण प्रदेशमें है वह ध्रुवपणे रहे इसी माफीक सर्व द्रव्यके अन्दर समझ लेना। ३-१ ...

(१४) अध्येय और आधार—अध्येय जगतके घटपटादि पदार्थ आधार पृथ्वी अध्येय जीव और पुद्गल आधार आकाश, अध्येय ज्ञानदर्शन आधार जीव इत्यादि सर्व पदार्थमें समझना।

(१५) आविर्भाव-तिरोभाव—तिरोभाव जो पदार्थ दूर है आविभाव आकर्षित कर नजीक लाना जेसे घृतकी सत्ता घासके तृणोंमें होती है यह तिरोभाव है और गायके स्तनोंमें दुध है वह आविर्भाव है। गायके स्तनोमे घृत दूर है और दुधमें नजदीक है, दुधमे घृत दूर है और दहींमें नजदीक है दहींमें घृत दूर है और मक्खनमें नजदीक है इसी माफीक सयोगीको मोक्ष दूर है अयोगीको मोक्ष नजदीक है वीतरागको मोक्ष नजदीक है, छद्मस्थको दूर है क्षपकश्रेणिको मोक्ष नजदीक है उपशमश्रेणिको मोक्ष दूर है इसी माफीक सकषाइ, अकषाइ, प्रमत्त, अप्रमत्त, संयति-असंयति, सम्यग्दृष्टि मिथ्यादृष्टि यावत् भव्य-अभव्य।

(१६) गौणता-मौख्यता—जो पदार्थके अन्दर गुप्तपणे रहा हुवा रहस्यको गौणता कहते है जिस समय जिस वस्तुके व्याख्यानकी आवश्यकता है, शेष विषयको छोड उन्ही आवश्यकता वाली वस्तुका व्याख्यान करना उसे मौख्यता कहते है जेसे

ज्ञानसे मोक्ष होता है तो ज्ञानकी मौख्यता है और दर्शन चारित्र तप वीर्य क्रियादिकी गौणता हैं. पुरुषार्थसे कार्यकी सिद्धि होती है. इस्में काल स्वभाव नियत पूर्वकर्मकी गौणता है और पुरुषार्थकी मौख्यता है. आचारांगादि सूत्रमें मुनिआचारकी मौख्यता बतलाइ है, शेष साधन कारणोंको गौणता रखा है. भगवति सूत्रादिमें ज्ञानकी मौख्यता बतलाइ गइ है, शेष आचारादि गौणतामें रखा है। जीस समय जीस पदार्थकों मौख्यपणे बतलानेकी आवश्यक्ता हो उसे मौख्यपणे ही बतलाना जेसे कोयलका रंग मौख्यतामें श्यामवर्ण है. शेष च्यार वर्ण. दो गन्ध, पांच रस, आठ स्पर्श गौणतामें है. इसी माफीक बाह्य दीसती वस्तुका व्याख्यान करे वह मौख्य है और उनोंके अन्दर अन्य धर्म रहा हुवा है वह गौण है।

(१७) उत्सर्गापवाद—उत्सर्ग है सो उत्कृष्ट मार्ग है और अपवाद है सो उत्सर्गमार्गका रक्षक है. उत्सर्गमार्गसे पतित होता है, उन समय अपवादका अवलम्बन कर उत्सर्गमार्गको अपने स्थानमें स्थिरीभूत कर सकते है. इसी वास्ते महान् रथकों चलानेमें उत्सर्गोपवाद दोनों धोरी माने गये है। जेसे उत्सर्गमें तीन गुप्ति है उनोंके रक्षणमें पांच समिति अपवादमे है, सर्वथा अहिंसा मार्गमें भी नदी उतरना, नौकामें बेठना, नौकल्पी विहार करना यह उत्सर्गमें भी अपवाद है स्थिवरकल्प अपवाद है. जिनकल्प उत्सर्ग है. आचारांग दशवैकालिक प्रश्नव्याकरणादि सूत्रोंमें मुनिमार्ग है सो उत्सर्ग है और छेद सूत्रोंमें मुनि मार्ग है वह अपवाद है "करेमिभंते सामायिक सव्वं सावज्जं जोगं पच्चक्खामि" यह उत्सर्ग पाठ है 'जयंचरे जयंचिट्ठे" यह अपवाद पाठ है " समय गोयमा म पमाए" यह उत्सर्ग है संस्तारा पौरसीके पाठ अपवाद

है परिसह अध्ययनमें रोग आनेपर औषधि न करना उत्सर्ग है भगवतीसूत्रमें तथा छेदसुत्रोंमें निर्वध औषधि करना अपवाद है इत्यादि इसी माफीक षट्द्रव्यमें भी उत्सर्गोपवाद समझना।

(१८) आत्मा तीन प्रकारकी है बाह्यात्मा, अभितरात्मा, परमात्मा जिस्मे जो आत्मा धन, धान्य, सुवर्ण, रुपा रत्नादि द्रव्यकों अपना मान रखा है पुत्रकलत्र, मातापिता, बन्धव मित्रको अपना मान रखा है इष्ट सयोगमे हर्ष अनिष्ट संयोगमे शोक पुद्गल जो परवस्तु है उसे अपनि मान रखी है जो कुच्छ तत्व समजते है तो उनी बाह्यसयोगको ही समजते है वह बाह्यात्मा उसे ज्ञानीयों भवाभिनन्दी मिथ्यादृष्टि भी कहते हैं। दुसरी अभितरात्मा जीस जवोने स्वसत्ता परसत्ताका ज्ञानकर परसत्ताका त्याग और स्वसत्तामे रमणता कर बाह्य सयोगकों पर वस्तु समज त्यागबुद्धि रखे अर्थात् चौथा सम्यग्दृष्टी गुणस्थानसे लगाके तेरवे गुणस्थान तक के जीव अभितरात्माके जानना परमात्म—जीनोंके सर्व कार्य सिद्ध हो चुके सर्व कर्मोसे मुक्त हो लोकके उग्रभागमें अनत अव्याबाध सुखोंमे विराजमान है उसे परमात्मा कहते है तथा आत्मा तीन प्रकारके है स्वात्मा परात्मा परमात्मा जिस्मे स्वात्माको दमन कर निज सत्ताकों प्रगट करना चाहिये, परात्माका रक्षण करना और परमात्माका भजन करना यह ही जैनधर्मका सार है।

(१७) ध्यान च्यार-पदस्थध्यान अरिहन्तादि पाच पदोंके गुणोंका ध्यान करना पिंडस्थध्यान-शरीररूपी पिंडके अन्दर स्थित रहा हुवा अनत गुण सयुक्त चैतन्यका ध्यान करना अर्थात् अध्यात्मसत्ता जो चैतन्य के अन्दर रही हुइ है उन सत्ताके अन्दर रमणता करना। रुपस्थ ध्यान यद्यपि चैतन्य अरुपी है तथपि कर्म

संग रहनेसे अनेक प्रकारके नये नये रूप धारण करने पर भी चैतन्य तो अरूपी है परन्तु छदमस्थोंके ध्यानके लिये कीसीने कीसी आकारकि आवश्यक्ता है जेसे अरिहंत अरूपी है तद्यपि उनोंकि मूर्ति स्थापन कर उन शान्त मुद्राका ध्यान करना । रूपातित ध्यान जों निरंजन निराकार निष्कलंक अमूर्त्ति अरूपी अमल अकल अगम्य अवेदी अखेदी अयोगि अलेशी इत्यादि सच्चिदानन्द वुद्धानन्द सदानन्द अनन्त ज्ञानमय अनंत दर्शनमय जो सिद्ध भगवान है उनोंके स्वरूपका ध्यान करना उसे–रूपातित ध्यान कहते है ।

(२०) अनुयोग च्यार–द्रव्यानुयोग–जिस्मे जीवाजीव चेतन्य जड कर्म लेश्या परिणाम अध्यवसाय कर्मवन्धके हेतु कारण सिद्धि सिद्धअवस्था इत्यादि स्वरूपकों समजाये गये हो उसे द्रव्या नुयोग कहा जाता है जिस्में क्षेत्र पर्वत् पाहड नदी द्रह देवलोक नारकी चन्द्र सूर्य ग्रह इत्यादि गीणत विषय हो उसे गीनतानुयोग कहते है । जिस्मे साधु श्रावकके क्रिया कल्प कायदा आचार .व्यवहार विनय भाषा व्यावच्चादिक व्याख्यान हो उसे चरण करणानुयोग कहते है जिस्के अन्दर राजा महाराजा शेठ सेनापतियोंके शुभ चारित्र हो जिस्मे धर्म देशना वैराग्यमय उपदेश हो संसारकी असारता वतलाइ हो उसे धर्मकथानुयोग कहते है इति ।

(२१) जागरणा तीन प्रकारकी है । वुद्ध जागरणा तीर्थकरोंकी केवलीयोंकी अवुद्ध जागरण–छदमस्थमुनियोंकी सुदुःख जागरण श्रावकोंकी ।

(२२) व्याख्या –उपचारनयसे एक वस्तुमें एक गुणकों मौख्यकर व्याख्यान करना जिस्का नौ भेद है ।

(१) द्रव्यमें द्रव्यका उपचार जैसे काष्टमें वशलोचन

(२) द्रव्यमें पर्यायका उपचार यह जीव ज्ञानवन्त है

(३) द्रव्यमे पर्यायका उपचार यह जीव सरूपवान है

(४) गुणमें द्रव्यका उपचार-अज्ञानी जीव हैं

(५) गुणमे गुणका उपचार-ज्ञानी होनेपरभी क्षमावहुतहै

(६) गुणमें पर्यायका उपचार-यह तपस्वी बडे रूपवन्त है

(७) पर्यायम द्रव्यका उपचार-यह प्राणी देवतोका जीव है

(८) पर्यायमे गुणका उपचार-यह मनुष्य बहुत ज्ञानी है

(९) पर्यायमें पर्यायका उपचार-मनुष्य-श्यामवर्णका है

(२३) अष्टपक्ष-एक वस्तुमे अपेक्षा ग्रहनकर अनेक प्रकारकि व्याख्या हो सक्ती है, जैसे नित्य अनित्य, एक, अनेक सत्, असत्, वक्तव्य, अवक्तव्य यह अष्टपक्ष एक जीवपर निश्चय और व्यवहारकि अपेक्षा उतारे जाते है यथा—

व्यवहारनयकि अपेक्षा जीव गतिमे उदासि भावमे वर्तता हुवा नित्य है और समय समय आयुष्य क्षीण होनेकि अपेक्षा अनित्य भी है। निश्चयनयकि अपेक्षा ज्ञान दर्शन चारित्रापेक्षा नित्य है और अगुरु लघु पर्याय समय समय उत्पात व्यय होनेकि अपेक्षा अनित्य भी है।

व्यवहार नयमे जीस गतिमे जीव उदासिभावमें वर्तता हुवा एक है और दुसरे माता पिता पुत्र स्त्रि बन्धवादिकि अपेक्षा आप अनेक भी है। निश्चयनयापेक्षा सर्व जीवोंका चैतन्यता गुण एक होनेसे आप एक है और आत्माके असख्यात प्रदेश तथा एकेक प्रदेशमें गुण पर्याय अनता अनत होनेसे अनेक भी है।

व्यवहार नयकि अपेक्षा जीव जीस गतिमें वर्त रहा है उन गतिमें स्वद्रव्य स्वक्षेत्र स्वकाल स्वभावापेक्षा सत् है और पर-द्रव्य परक्षेत्र परकाल परभावापेक्षा असत् है। निश्चयनयापेक्षा जीव अपने ज्ञानादि गुण अपेक्षा सत है और पर गुण अपेक्षा असत् है।

व्यवहारनयापेक्षा मिथ्यात्व गुणस्थानसे चौदवां अयोगी केवली गुणस्थान तक कि व्याख्या केवली भगवान् करे वह वक्तव्य है और जो व्याख्या केवली कह नहीं सके वह अवक्तव्य है। निश्चयनयापेक्षा सिद्धोंके अनंतगुणोंसे जितने गुणोकि व्याख्या केवली करे वह वक्तव्य हैं और जितने गुणोंकि व्याख्या केवलीभी न कर सके वह सब अवक्तव्य है। जीवकि आदि ओर सिद्धोंका अन्त सबके लिये अवक्तव्य है।

(२४) सप्तभंगी-स्यात् अस्ति; स्यात् नास्ति, स्यात् आस्ति नास्ति, स्यात् अवक्तव्य, स्यात् अस्ति अवक्तव्य स्यात् नास्ति अवक्तव्य, स्यात् अस्तिनास्ति युगपात् अवक्तव्य यह सप्तभंगी, हर कीसी पदार्थ पर उतारी जाती है स्याद्वाद रहस्य अपेक्षामें ही रहा हुवा है एक वस्तुमें अनेक अपेक्षा है। यहांपर सिद्ध भगवान् पर वह सप्तभंगी उतारी जाती है यथा-सिद्धोंमें स्यात् आस्ति. स्यात् याने अपेक्षासे सिद्धोंमे स्वगुणोंको आस्ति है- स्यात्ना-स्ति अपेक्षासे सिद्धोंमें परगुणोंकि नास्ति है स्यात् अस्ति नास्ति याने सिद्धोंमें स्वगुणोंकि आस्ति है और परगुणोंकि नास्ति भी है स्यात् अवक्तव्य-आस्तिनास्ति एक समय है किन्तु समयका काल स्वल्प होनेसे व्यक्तव्यता हो नही सके इस वास्ते अवक्तव्य है स्यात् अस्ति अवक्तव्व. जीन समय आस्ति है किन्तु वह अवक्तव्य है। स्यात् नास्ति अवक्तव्य. परगुणकी नास्ति है वह भी एक समय के लिये अवक्तव्य है स्यात् आस्ति नास्ति युगपत्

समय है अर्थात् आस्ति नास्ति एक समयमें है परन्तु है अवक्तव्य। कारण वचनके योगसे वक्तव्यता करनेमें असंख्यात समय लगते है वास्ते एक समय अस्तिनास्ति का व्याख्यान हो नही सकते है। इसी माफीक जीवादि सर्व पदार्थों पर सप्तभंगी लग सकती है। यह बात खास ध्यानमे रखना चाहिये कि जहा स्वगुणकी अस्ति होगे वहा परगुणकि नास्ति अवश्य है। इति

(२८) निगोदस्वरूपद्वार-निगोद दो प्रकार की है (१) सूक्ष्म निगोद (२) बादर निगोद जिस्मे बादर निगोद जेसे कन्दमूल कान्दा मूला आलु रताळु पींडालु आदो अदयी सूवर्ण कन्द वज्रकन्द सकरकन्द निलण फूलण लसणादि इनोंमे अनन्त जीवोंका पद है और जो सूक्ष्म निगोद है सो दो प्रकारकि है (१) व्यवहाररासी (२) अव्यवहाररासी जिस्मे अव्यवहाररासी है वह तो अभीतक बादर पणेका घर देखाही नहीं है उन जीवों की शास्त्रकारोने कीसी प्रकारकी गणतीमे व्याख्या करीभी नहीं है जो अठाणु बोलादि अल्पाबहुत्व है उनमें जो जीवोंकि अल्प बहुत्व बतलाइ है वह सब व्यवहाररासी की अपेक्षा है उन व्य वहार रासीसे जीतने जीव मोक्ष जाते है व उतने ही जीव अ व्यवहाररासीसे निकल व्यवहाररासी में आजाते है वास्ते व्य वहाररासीमें जीव कम नही होते है। व्यवहाररासी कि जो सू क्षम निगोद है उन्होंका स्वरूप इस माफीक है।

सूक्ष्म निगोद के गोले सपूर्ण लोकाकाशमें भरा हुवा है परन्तु आकाश प्रदेश खाली नही है कि जीसपर सूक्ष्म निगोदके गोले न हो। संपूर्ण लोकका घन घन बनानेसे सात राज का घन होता है उनोंसे एकसूची अंगुलक्षेत्र के अन्दर असंख्यात श्रेणि है एकेक श्रेणिमे असंख्याते परतर है। एकेक परतर में अ

संख्यात २ गोले है। एकेक गोले मे असख्यात २ शरीर है। एकेक शरीर में अनंतेअनंते जीव है एकेक जीवों के असंख्यात २ आत्म प्रदेश है. एकेक आत्म प्रदेशपर अनंत अनंत कर्म वर्गणावों है। एकेक कर्म वर्गणा में अनन्ते अनंते परमाणु है एकेक परमाणु में अनंती अनंती पर्याय है एकेक परमाणु में अनंतगुण हानि वृद्धि होती है यथा–अनंतभाग हानि असंख्यातभाग हानि संख्यातभाग हानि. संख्यात गुण हानि असंख्यातगुण हानि अनंतगुण हानि। वृद्धि–अनंतभाग वृद्धि असंख्यातभाग वृद्धि संख्यातभाग वृद्धि संख्यातगुण वृद्धि असख्यातगुण वृद्धि अनंतगुण वृद्धि। इसी माफीक षट्द्रव्य में भी समय समय षट्गुण हानि वृद्धि हुवा करती है। एक शरीर में निगोद के जीव अनते है वह एक साथमें साधारण शरीर बांन्धते है साथ ही में आहार लेते है साथ ही में श्वासोश्वास लेते है साथ ही में उत्पन्न होते है साथही में चवते है उन जीवोंकों जन्ममरणकी कीतनी वेदना होती है जेसे कोइ अधा पगु बेहरा मुका जीव हो उनों के शरीर मे महा भयंकर सोलहा प्रकार के राजरोग हुवा है वह दुसरे मनुष्य से देखा नही जावे एसा दुःखसे अनंतगुण दुःखों तों प्रथम रत्नप्रभा नरक मे है उनोंसे अनंतगुणा दुःख दुसरी नरक में एवं त्रीजी चोथी पांचमी छठी नरक में अनंतगुण दुःख है छठी नरक करतों भी सातवी नरकमें अनंतगुणा दुःख है उन सातवी नरक के उत्कृष्ट ३३ सागरोपम का आयुष्य के जीतने समय (असंख्यात) हो उन एकेक समय सातवी नरकका उत्कृष्ट आयुष्य वाला भव करे उन असंख्यात भवोंका दुःख कों एकत्र कर उनों का वर्ग करे उन दुःखसे सूक्षम निगोद में अनंतगुणा दुःख है कारण वह जीव एक महुर्त में उत्कृष्ट भव करे तो ६५५३६ भव करते है संसार में जन्म मरणसे अधिक दुसरा कोइ दुःख नही है.

हे भव्यजीवों यह अपना जीव अनंतीवार उन सूक्ष्म बादर निगोदमें तथा नरकमें दु:खों का अनुभव कर आया है इस समय मनुष्यादि अच्छी सामग्री मीली है वास्ते यह परम पवित्र पुरुषोंका फरमाया हुवा स्याद्वादनय निक्षेप द्रव्यगुण पर्यायादि अध्यात्म ज्ञान का अभ्यास कर अपनि आत्मामें रमणता करो ताके फीर उन दु:खमय स्थानों कों देखने का अवसर ही न मीले। सज्जनों! आधूनिक लोगों को आलस्य प्रमाद बहुत बढजानेसे बडे बडे ग्रन्थों कों अलमारी में रख छोडते है इस वास्ते यह संक्षिप्त में सार लिख सूचना करते है कि इस सबन्ध को आप कंठस्थ कर फीर रमणता करे ताके आपकि आत्मा को बडी भारी शान्ति मिलेगी। इति।

सेवभंते सेवभंते-तमेव सच्चम्।

थोकडा नम्बर २२

(षट् द्रव्यके द्वार ३१)

नामद्वार, आदिद्वार, सस्थानद्वार द्रव्यद्वार, क्षेत्रद्वार, कालद्वार भावद्वार, सामान्यविशेषद्वार निश्चयद्वार, नयद्वार, निक्षेपद्वार, गुणद्वार, पर्यायद्वार, साधारणद्वार, स्वामिद्वार, परिणामिकद्वार, जीवद्वार, मूर्तिद्वार, प्रदेशद्वार एकद्वार, क्षेत्र द्वार, क्रियाद्वार, कर्ताद्वार, नित्यद्वार कारणद्वार, गतिद्वार, प्रवेशद्वार, पृच्छाद्वार, स्पर्शनाद्वार, प्रदेशस्पर्शनाद्वार, अल्पाबहुत्वद्वार।

(१) नामद्वार—धर्मास्तिकायद्रव्य, अधर्मास्तिकायद्रव्य, आकाशास्तिकायद्रव्य; जीवास्तिकायद्रव्य, पुद्गलास्तिकायद्रव्य और कालद्रव्य.

(२) आदिद्वार—द्रव्यकी अपेक्षा षट्द्रव्य अनादि है. क्षेत्रकी अपेक्षा जो लोकव्यापक षट्द्रव्य है. वह सादि है, एक आकाशा-नादि है कालकी अपेक्षा षट्द्रव्य अनादि है और भावापेक्षा षट्द्र-व्यमें अगुरु लघु पर्यायका समय समय उत्पात व्ययापेक्षा सादि सान्त है। यद्यपि यहां क्षेत्रापेक्षा कहते है कि इस जम्बुद्विपके म-ध्यभागमें मेरुपर्वत है उनोंके आठ रूचक प्रदेश है उनोंके संस्थान निचे च्यार प्रदेश उनोंके उपर विषम याने दो दो प्रदेशपर एकेक प्रदेश रहा हुवा है, उन रूचक प्रदेशोंसे धर्मास्तिकायकि दो प्रदेशोंसे आदि है और फीर दो दो प्रदेश वृद्धि होती हुइ लो-कान्त तक असंख्यात प्रदेशी चौतर्फ गइ है. एवं अधर्मास्ति-काय. एवं आकाशास्तिकाय परन्तु अलोकमें अनंतप्रदेशी भी है अधो उर्ध्व च्यार च्यार प्रदेशी है जीवका आदि अन्त नहीं है सर्व लोकव्यापक है. पुद्गलास्तिकाय सर्व लोकव्यापक है. कालद्रव्य प्रवर्तन रुप तो आढाइ द्विपमें ही है, कारण आढाइ द्विपके चन्द्र सूर्य चर है और जीवपुद्गलकी स्थिति पूर्णरुप संपुर्ण लोकमें है !

आठ रूचक-प्रदेशकी स्थापना.

(३) संस्थानद्वार—धर्मास्तिकायका संस्थान गाडाका ओ-धणकी माफीक है कारण दो प्रदेश आगे च्यार, च्यार आगे छे,

छे आगे आठ, एव दो दो प्रदेश वृद्धि होनेसे लोकान्त तक असख्यात प्रदेशी है एव अधर्मास्तिकाय और आकाशास्तिकायका मस्थान लोकमें ग्रीवाके आभरण जेसा और अलोकमें गाडाके ओधनाकार है जीव पुद्गलके अनेक प्रकारके मस्थान है कालका कोइ आकार नहीं है।

(४) द्रव्यद्वार—गुणपर्यायके भाजनको द्रव्य कहते है जिस्मे समय समय उत्पाद व्यय होते रहे-कारण कार्य एकही समयमें हो जो एक समय कार्य में उत्पाद व्यय है उनी समय कारणका उत्पाद व्यय ह मूलजो एक द्रव्य है उनोंका निश्चय दो खड नही होता है कारण जीवद्रव्य तथा परमाणुद्रव्य इनोंका विभाग नही होते हे। अगर द्रव्यके स्कन्ध देश प्रदेश कहा जाते है यह सब उपचरित नयसे कहा जाते है। द्रव्यके मूल सामान्य छे स्वभाव है।

(१) अस्तित्व—नित्यानित्य परिणामिक स्वभाव।

(२) वस्तुत्व—गुणपर्यायका आधारभूत स्वभाव।

(३) द्रव्यत्व—षट्द्रव्य एकस्थानमें रहने परभी एकेक द्रव्य अपना अपना स्वभाव मुक्त नही होते है अर्थात् एक दुसरे स्वभावमें नही मीलते हुवे अपनि अपनि क्रिया करे।

(४) प्रमेयत्व—स्वात्मा परात्माका ज्ञान होना यह स्वभाव जीवद्रव्यमें है। शेषद्रव्यमें स्वपर्याय स्वभावको प्रमेयत्व स्वभाव कहते है।

(५) सत्त्व उत्पाद व्यय ध्रुव एकही समय होनेपर भी वस्तु अपने स्वभावका त्याग नही करती है।

(६) अगुरुलघुत्व-समय समय षट्गुण हानिवृद्धि होने पर भी अपने अपने गुणोंमें प्रणमते हैं।

द्रव्यके उत्तर सामान्य स्वभाव ।

(१) अस्तिस्वभाव-द्रव्य-द्रव्यका गुणपर्याय. क्षेत्र जिस क्षेत्रमें द्रव्य रहा हुवा है-काल द्रव्यमें उत्पात व्यय ध्रूव-भाव एक समय कारणकार्य स्वभाव। जेसे घटमें घटका अस्तित्व और पटमे पटका अस्तित्वं ।

(२) नास्तिस्वभाव-एक द्रव्यकि अपेक्षा दुसरे द्रव्यमें वह द्रव्य क्षेत्र काल भाव नहि है जेसे घटमें पटकि नास्ति पटमें घटकि नास्ति ।

(३) नित्यस्वभाव-द्रव्यमें स्वगुणो प्रणमनेका स्वभाव नित्य है.

(४) अनित्यस्वभाव—द्रव्यमें परगुण प्रणमनेका स्वभाव अनित्य है।

(५) एक स्वभाव—द्रव्यमें द्रव्यत्व गुण एक है.

(६) अनेकस्वभाव—द्रव्यमें गुण पर्याय स्वभाव अनेक है

(७) भेदस्वभाव—आत्म परगुणापेक्षा भेद स्वभाववाला है जेसे चैतन्य कर्मसंग परवस्तुकों अभेद मान रखी है तथपि चैतन्य जडत्वमें भेद स्वभाववाले ह मोक्षगमन समय निजगुणोंसे जड भेद स्वभाववाले ह.

(७) अभेदस्वभाव—आत्माके ज्ञानादि गुण अभेद स्वभाववाले हैं.

(९) भव्यस्वभाव—आत्माके अन्दर समय समय गुणपर्याय कारण कार्यपणे प्रणमते रहेना इनकों भव्य स्वभाव कहेते है।

(१०) अभव्यस्वभाव-आत्माका मुल गुण कीसी हालतमे नही बदलता है याने हरेक द्रव्य अपना मुल गुणकों नही पलटाते है

उसे अभव्य स्वभाव कहते है। अर्थात् भव्य कि अनेक विवस्थायों होति हैं और अभव्य कि विवस्था नही पलटती है।

(११) वक्तव्य स्वभाव—एक द्रव्यमें अनंत वक्तव्यता है उसमें जीतनि वक्तव्यता कर सके उसे वक्तव्य स्वभाव कहते है।

(१२) अवक्तव्य स्वभाव—शेष रहे हुवे गुणोंकि वक्तव्यता न हो उसे अवक्तव्य स्वभाव कहते हैं।

(१३) परम स्वभाव—जो एक द्रव्यमें गुण है वह कोसों दुसरे द्रव्यमें न मीले उसे परम स्वभाव कहते है। जैसे धर्मद्रव्यमे चलनगुण

द्रव्यके विशेष स्वभाव अनते है। षट्द्रव्यमें धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य यह एकेक द्रव्य है और जीवद्रव्य, पुद्गलद्रव्य अनते अनते द्रव्य है कालद्रव्य वर्तमानापेक्षा एक समय है पह अनते जीवपुद्गलोंकी स्थिति पुरण कर रहा है वास्ते उपचरितनयसे कालद्रव्यको भी अनते कहते हैं और भूत भविष्यकालके समय अनंत है परन्तु उने यहापर द्रव्य नही माना है।

(५) क्षेत्रद्वार—जीस क्षेत्रमें द्रव्य रहे के द्रव्य कि क्रिया करे उसे क्षेत्र कहते है धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य, जीवद्रव्य और पुद्गलद्रव्य यह च्यार द्रव्य लोक व्यापक है। आकाशद्रव्य लोकालोक व्यापक है कालद्रव्य प्रवर्तन रूप आदाइ द्विप व्यापक है और उत्पाद व्यय रूप लोकालोक व्यापक है।

(६) कालद्वार—जीस समय में द्रव्य क्रिया करते है उसे काल कहते है धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य आकाशद्रव्य-द्रव्यापेक्षा आदि अन्त रहित हैं और गति गमनापेक्षा सादि सान्त है। पुद्गलद्रव्य द्रव्यापेक्षा आदि अन्त रहीत है द्विप्रदेशी तीन प्रदेशी यावत अनत प्रदेशी अपेक्षा सादि सान्त है। कालद्रव्य-द्रव्यापेक्षा आदि अन्त रहीत हैं और वर्तमान समयापेक्षा सादि सान्त हैं।

(७) भावद्वार—धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, जीवद्रव्य, कालद्रव्य. यह पांचद्रव्य अरूपी है वर्ण गन्ध रस स्पर्श रहीत है और पुद्गलद्रव्य रूपी-वर्ण गंध रस स्पर्श संयुक्त है तथा जीव शरीर संयुक्त होनेसे वह भी वर्णादि संयुक्त है परन्तु चैतन्य निजगुणापेक्षा अमूर्त्ति है।

(८) सामान्य विशेषद्वार—सामान्यसे विशेष बलवान है जेसे सामान्य द्रव्य एक-विशेष जीवद्रव्य, अजीवद्रव्य. सामान्य धर्मास्तिकाय एक द्रव्य है विशेष धर्मद्रव्यका चलन गुण है सामान्य धर्मद्रव्यका चलन गुण है विशेष चलन गुण कि अनंत अगुरु लघु पर्याय है. इसी माफीक सर्व द्रव्य में समजना।

(९) निश्चय व्यवहारद्वार—निश्चय से षट्द्रव्य अपने अपने गुणों में प्रवृत्ति करते है और व्यवहार में धर्मद्रव्य जीवाजीव द्रव्यकों गमनागमन समय चलन सहायता करे अधर्मद्रव्य स्थिर सहायता, आकाशद्रव्य स्थान सहायता करते है, जीव व्यवहारसे रागद्वेष में प्रवृति करते है, पुद्गल द्रव्य गलन मीलन सडन पडनादि में प्रवृते, काल-जीवाजीव कि स्थितिकों पुरण करे। तात्पर्य यह है कि व्यवहार में सहायक हो तों अपने गुणोंसे उसे सहायता करे अगर सहायक न हो तो भी द्रव्य अपने अपने गुणमें प्रवृति करते ही रहते है जेसे अलोक में आकाशद्रव्य है किन्तु वहां अवगाहान गुण लेने के लिये जीवाजीव सहायक नही होने पर भी अवगाहन गुण में षट्गुण हानिवृद्धि सदैव हुवा करती है इसी माफीक सव द्रव्यमें समजना।

(१०) नयद्वार—धर्मास्तिकाय-एसा तीन काल में नाम होने से नैगमनय धर्मास्तिकाय माने. धर्मास्तिकाय के असंख्यात प्रदेश में चलनगुण सत्ताकों संग्रहनय धर्मास्ति माने. धर्मास्तिकाय के स्कन्ध देश प्रदेश रूपी विभागकों व्यवहारनय धर्मास्ति-

काय माने , जीवाजीवको चलन सहायता देते हुवे को ऋजुसूत्र नय धर्मास्तिकाय माने एव अधर्मास्तिकाय, परन्तु ऋजुसूत्रनय स्थिर और आकाशास्तिकाय में ऋजुसूत्रनय अवगाहान पुद्गलास्तिकाय में ऋजुसूत्र-गलन मीलन-और कालमे ऋजुसूत्रनय वर्त्तमान गुणको काल माने। जीवद्रव्य, नैगमनय नाम जीवको जीव माने संग्रहनय असंख्यात प्रदेशको जीव माने व्यवहार नय त्रस स्थावर जीवोंको जीव माने ऋजुसूत्रनय सुख दु:ख भोगवते हुवे जीवोंको जीव माने शब्दनय वाला क्षायक सम्यक्त्व को जीव माने समभिरूढनय वाला केवलज्ञानीको जीव माने एवंभूतनयवाला सिद्धोंको जीव माने।

(११) निक्षेपद्वार-धर्मास्तिकायका नाम है सो नाम निक्षेप है, धर्मास्तिकाय कि स्थापना (प्रदेशों) तथा धर्मास्तिकाय ऐसा अक्षर लिखना उसे स्थापना निक्षेप कहते हैं जहापर धर्मास्तिकाय हमारे उपयोगमे अर्थात् सहायता न दे वह द्रव्य धर्मास्तिकाय और हमारे उपभोग में आवे उसे भाव धर्मास्तिकाय कहते है। एव अधर्मास्तिकाय के भी च्यार निक्षेप परन्तु भाव निक्षेप स्थिरगुणमें वर्ते एव आकाशास्तिकाय परन्तु भावनिक्षेप-अवगहान गुणमे वर्ते। जीवास्तिकाय उपयोग शून्यको द्रव्यनिक्षेप और उपयोग संयुक्त को भावनिक्षेप एव पुद्गलास्तिकाय परन्तु गलन मीलन को भाव निक्षेप कहते हैं एव काल द्रव्य परन्तु भाव निक्षेपे जीवाजीव कि स्थितिको पुरण करते हुये को भावनिक्षेप कहते है।

(१२) गुणद्वार—षट्द्रव्यों में प्रत्येक च्यार च्यार गुण है।

धर्मास्तिकाय—अरूपी अचैतन्य अक्रिय चलन।

अधर्मास्तिकाय ,, ,, ,, स्थिर।

आकाशास्तिकाय ,, ,, ,, अवगाहान।

जीवास्तिकाय . चैतन्य अक्रिय उपयोग।
,, अनंत-ज्ञान दर्शन चारित्र वीर्य
पुद्गलास्ति— रूपी अचैतन्य-सक्रिय गलनपूरण
काल द्रव्य—अरूपी अचतन्य अक्रिय वर्तन

(१३) पर्यायद्वार षट्द्रव्यों कि प्रत्येक च्यार च्यार पर्याय है।
धर्मद्रव्य स्कन्ध देश प्रदेश अगुरु लघु
अधर्मद्रव्य ,, ,, ,, ,,
आकाशद्रव्य ,, ,, ,, ,,
जीवद्रव्य अव्याबाद अनावग्गहान अमूर्त्त अगुरुलघु
पुद्गलद्रव्य वर्ण गन्ध रस स्पर्श ,,
कालद्रव्य भूत भविष्य वर्तमान ,,

(१४) साधारणद्वार—जो धर्म एक द्रव्यमें है वह धर्म दुसराद्रव्यमें मीले उसे साधारण धर्म कहते है जैसे धर्म द्रव्यमें अगुरु लघु धर्म है वह अधर्म द्रव्यमें भी है एवं षट् द्रव्य में अगुरु लघु धर्म साधारण है और असाधारण गुण जो एक द्रव्य में गुण है वह दुसरे द्रव्य में न मीले। जैसे धर्मद्रव्य में चलन गुण है वह शेष पांचों द्रव्य में नही उसे असाधारण गुण कहते है। एवं अधर्म द्रव्य में स्थिर गुण. आकाश में अवगाहन गुण. जीवमे चैतन्य गुण पुद्गल में मीलन गुण काल मे वर्तन गुण यह सब असाधारण गुण है यह गुण दुसरे कीसी द्रव्य मे नही मीलते है। पांच द्रव्य अजीव परित्याग करने योग है एक जीव द्रव्य ग्रहन करने योग्य है। पांच द्रव्य अरूपी है अक पुद्गल द्रव्य रूपी है।

(१५) स्वधर्मीद्वार—षट्द्रव्यों में समय समय उत्पाद व्यय पणा है वह स्वधर्मी है कारण अगुरु लघु पर्यायमें समय समय षट्गुण हानि वृद्धि होती है वह छहों द्रव्योमें होती है।

(१६) परिणामिद्वार—निश्चय नयसे षट्द्रव्य अपने अपने गुणों मे सदैव परिणमते है वास्ते परिणामि स्वभाव वाले ह और व्यवहार नयसे जीव और पुद्गल अन्याअन्य स्वभावपणे परिणमते हैं जैसे जीव, नरक तीर्यंच मनुष्य देवतापणे और पुद्गल द्वि प्रदेशी यावत् अनंत प्रदेशी पणे परिणमते है।

(१७) जीवद्वार—षट् द्रव्य में पाच द्रव्य अजीव है और एक जीव द्रव्य है सो जीव है वह असख्यात आत्म प्रदेश ज्ञान दर्शन चारित्र वीर्य गुण सयुक्त निश्चय नयसे कर्मोका अकर्ता अभक्ता सिद्ध सामान्य है।

(१८) मूर्तिद्वार— षट् द्रव्य में पाच द्रव्य अमूर्ति याने अरूपी है एक पुद्गल द्रव्य मूर्तिमान है परन्तु जीव जो कर्म सगमे नये नये शरीर धारण करते ह उनापेक्षा जीव भी उप चरित नयमे मूर्तिमान है।

(१९) प्रदेश द्वार—षट् द्रव्य में पाच द्रव्य सप्रदेशी ह एक काल द्रव्य अप्रदेशी ह कारण-धर्म द्रव्य अधर्म द्रव्य अस ख्यात प्रदेशी है एक जीव के असख्यात प्रदेश है और अनत जीवों के अनंत प्रदेश है आकाश द्रव्य अनत प्रदेशी है। पुद्गल द्रव्य निश्चय नयसे तो परमाणु है परन्तु अनते परमाणु एकत्र होनेसे अनत प्रदेशी है काल द्रव्य वर्तमान एक समय होनेसे अप्रदेशी है भूत भविष्य काल अनंत ह।

(२०) एकद्वार—षट् द्रव्योंमे धर्म द्रव्य अधर्मद्रव्य आकाश द्रव्य यह प्रत्येक एकेक द्रव्य है जीव पुद्गल-और कालद्रव्य अनंते अनते द्रव्य है।

(२१) क्षेत्रद्वार-एक आकाश द्रव्य क्षेत्र ह और शेष पाच

द्रव्य क्षेत्र में रहनेवाले क्षेत्री है अर्थात् एक आकाश प्रदेशपर धर्मास्ति अधर्मास्ति जीव पुद्गल और काल द्रव्य अपनि अपनि क्रिया करते हुवे भी एक दुसरे के अन्दर नही मीलते है ।

(२२)—कियाद्वार–निश्चय नयसे षट्द्रव्य अपनि अपनि क्रिया करते है परन्तु व्यवहार नयसे जीव और पुद्गल क्रिया करते है शेष च्यार द्रव्य अक्रिय है ।

(२३) नित्यद्वार—द्रव्यास्तिक नयसे षट् द्रव्य नित्य शास्वते है और पर्यायास्तिक नयसे (पर्यायापेक्षा) षट् द्रव्य अनित्य हैं व्यवहार नयसे जीव द्रव्य और पुद्गल द्रव्य अनित्य है शेष च्यार द्रव्य नित्य है ।

(२४) कारणद्वार—पांच द्रव्य है सो जीव द्रव्य के कारण है परन्तु जीव द्रव्य पांचों द्रव्यों के कारण नहीं है । जेसे जीव द्रव्य कर्ता और धर्मास्तिकाय द्रव्य कारण मीलनेसे जीव के चलन कार्य कि प्राप्ती हुइ इस माफीक सब द्रव्य समझना.

(२५) कर्ताद्वार–निश्चय नयसे षट् द्रव्य अपने अपने स्वभाव कार्य के कर्ता है और व्यवहार नयसे जीव और पुद्गल कर्ता है शेष च्यार द्रव्य अकर्ता है ।

(२६) सर्व गतिद्वार—आकाश द्रव्य कि गति सर्व लोकालोक में है शेष पांच द्रव्य लोक व्यापक होनेसे लोक मे गति है।

(२७) अप्रवेश—एक आकाश प्रदेशपर धर्म द्रव्य चलन क्रिया करे. अधर्म द्रव्य स्थिर क्रिया करे. आकाश द्रव्य अवगाहान. जीव उपयोग गुण पुद्गल गलन मीलन काल वर्तमान क्रिया करे परन्तु एक दुसरे कि गतिकों रुक सके नहि एक दुसरे मे मील सके नहीं जेसे एक दुकान में पांच वेपारी बैठे हुवे अपनि

अपनि कार रवाइ करे परन्तु एक दुसरेकों न तों बादा करे न एक दुसरे से मीले। इसी माफिक षट् द्रव्य समझ लेना।

(२८) पृच्छाद्वार—क्या धर्मास्तिकाय के एक प्रदेशकों धर्मास्तिकाय कहते है ? यहापर एवमूत नयसे उत्तर दिया जाता है कि एक प्रदेशकों धर्मास्तिकाय नहीं कहा जावे। एव दो तीन च्यार पाच यावत् दश प्रदेश सख्याते प्रदेश असख्याते प्रदेश सर्व धर्मास्तिकायसे एक प्रदेश कम होनेसे भी धर्मास्तिकाय नही कही जावे तर्क—क्या कारण है ? उ—समाधान खडे दडकों संपुरण दड नही कहा जाते है एव खड छत्र चक्र चम्र इत्यादि जहा तक सपुरण वस्तु, न हो वहा तक एवभूतनय उन वस्तुकों वस्तु नही माने इस वास्ते सपुरण लोक व्यापक असख्यात प्रदेशी धर्मास्तिकाय कों धर्मास्तिकाय कहते हैं एव अधर्मास्तिकाय एव आकाशास्तिकाय परन्तु प्रदेश अनत कहना एव जीव पुद्गल और काल समझना।

लोकका मध्य प्रदेश रत्नप्रभा नाम पहली नरक १८०००० योजनकी हैं उनोंके निचे २०००० योजनकी घणोदधि असख्यात योजनका घणवायु असख्यात योजनका तनवायु उनोंके निचे जो असख्यात योजनका आकाश हैं उन आकाशके असख्यातमे भागमे लोकका मध्य प्रदेश है इसी माफीक अधो लोकका मध्य प्रदेश चोथी पङ्कप्रभा नरकके आकाश कुच्छ अधिक आदा चले जानेपर अधो लोकका मध्य प्रदेश आता है। उर्ध्व लोकका मध्य प्रदेक पाचवा देवलोकके तीजा रिष्टनामका परतरमें है। तीर्च्छा लोकका मध्य प्रदेश मेरूपर्वतके आठ रूचक प्रदेशोंमे हैं। इसी माफीक धर्मास्तिकायका मध्य प्रदेश अधर्मास्ति कायका मध्य प्रदेश, आकाशास्ति कायका मध्य प्रदेश समझना, जीवका मध्य प्रदेश आत्मा के आठ रूचक प्रदेशोंमे है, कालका मध्य प्रदेश वर्तमान समय है।

(२९) स्पर्शना द्वार-धर्मास्तिकाय, धर्मास्तिकायकों स्पर्श नही करते है-कारण धर्मास्तिकाय एक ही है। धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकायकों संपुरण स्पर्श करी है एवं लोकाकाशास्तिकाय कों एवं जीवास्तिकायकों एवं पुद्गलास्तिकायकों. कालको कहां पर स्पर्श कीया है कहांपर न भी कीया है; कारण काल आढाइ द्विपमें ही है। एवं अधर्मास्तिकाय. अधर्मास्तिकायका स्पर्श नही करे शेष धर्मास्तिवत् एवं लोकाकाशास्ति-कारण संपुरण आकाश लोकालोक व्यापक है। अलोकाकाश शेष पांच द्रव्योंकों स्पर्श नही करते है। एवं जीवास्तिकाय, जीवास्ति कायका स्पर्श नही कीया है, कारण जीवास्तिकायका प्रश्न होनेसे सब जीव समावेस होगये. शेष धर्मास्तिवत् एवं पुद्गलास्ति काय पुद्गलास्ति कायका स्पर्श नही किया शेष धर्मास्तिवत् एवं काल, कालको स्पर्श नही करे शेष पांच द्रव्योंकों आढाइ द्विपमें स्पर्श करे शेष क्षेत्रमें स्पर्श नही करे।

(३०) प्रदेश स्पर्शनाद्वार-धर्मास्तिकाय का एक प्रदेश धर्मास्तिकायके कीतने प्रदेश स्पर्श करे? जघन्य तीन प्रदेश-कारण अलोककि व्याघत आनेसे लोकके चरम प्रदेशपर तीन प्रदेशोंका स्पर्श करे. उत्कृष्ट छे प्रदेशोंका स्पर्श करे कारण च्यार दिशोंमे च्यार, अधो दिशमें एक, उर्ध्व दिशमें एक.। धर्मास्ति काय अधर्मास्तिकायके जघन्य च्यार प्रदेश स्पर्श करे उ० सात प्रदेश स्पर्श करे भावना पूर्ववत् यहां विशेष इतना है कि जहां धर्म प्रदेश है वहां अधर्म प्रदेश भी है वास्ते ४-७ प्रदेश कहा है। धर्मास्तिको एक प्रदेश. आकाशास्तिका ज० सात प्रदेश, और उत्कृष्ट भी सात प्रदेश स्पर्श करे कारण आकाशके लिये अलोक कि व्याघात नही है। धर्म० एक प्रदेश. जीव पुद्गल के अनंत प्रदेश स्पर्श करते है कारण एकेक आकाशपर जीव पुद्गलके अनंत प्रदेश है। एक धर्म० प्रदेश कालके प्रदेशकों स्यात्

स्पर्श करे स्यात् न भी करे कारण आढाइ द्विपके अन्दर जो धर्मास्ति है वह तो कालके प्रदेशको स्पर्श करे वह अनत प्रदेश स्पर्श करे यहां उपचरित नयसे कालके अनत प्रदेश माना है और जो आढाइद्विपके बाहार धर्मास्ति है वह कालके प्रदेश स्पर्श नही करते है। इसी माफीक अधर्मास्तिकाय भी समझना स्वकाया पेक्षा ज० तीन प्रदेश उ० छे प्रदेशपर कायापेक्षा धर्मास्तिकाय वत्-आकाशास्तिकायका एक प्रदेश-धर्मद्रव्यका जघन्य १-२-३ प्रदेश स्पर्श करे उ० सात प्रदेश स्पर्श करे-कारण आकाशास्ति अलोकमें भी है वास्ते लोकके चरमान्तमें एक प्रदेश भी स्पर्श कर सक्ते हैं। शेष धर्मास्ति कायवत् जीवका एक प्रदेश धर्मास्तिकायका ज० च्यार उ० सात प्रदेशोका स्पर्श करते है शेष धर्मास्तिवत्। पुद्गलास्तिकायका एक प्रदेश-धर्मास्तिका यके ज० च्यार उ० सात प्रदेश स्पर्श करते है शेष धर्मास्तिका यवत्। कालका एक समय धर्मास्तिकायको स्यात् स्पर्श करे स्यात् न भी करे जहांपर करते है वहा ज० च्यार उ० सात प्रदेश स्पर्श करे शेष धर्मास्तिकायवत्। पुद्गलास्तिकायके दो प्रदेश-धर्मास्तिकायके ज० दुगुणोंसे दो अधिक याने छेप्रदेश उत्कृष्ट पाच गुणोंसे दो अधिक याने वारहा प्रदेश स्पर्श करे एव तीन च्यार पाच छे सात आठ नौ दश संख्याते असंख्याते अनते सव जगह जघन्य दुगुणोंसे दो अधिक उ० पाचगुणोंसे दो अधिक

(३१) अल्पावहुत्वद्वार-द्रव्यापेक्षा सर्व स्तोक धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य आकाशद्रव्य तीनों आपसमे तुल्य है कारण तीनोंका एकेक द्रव्य है उनोंसे जीवद्रव्य अनत गुणे है उनोंसे पुद्गलद्रव्य अनंत गुणे है कारण एकेक जीवके अनते अनते पुद्गलद्रव्य लगे हुवे है। उनोंसे काल द्रव्य अनत गुणे है इति। प्रदेशापेक्षा, सर्व स्तोक धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य के प्रदेश है कारण दोनोंके प्रदेश असंख्याते २ है (२) उनोंसे जीव प्रदेश अनंतगुणे है (३) उनोंसे

पुद्गल प्रदेश अनंत गुणे है (४) उनोंसे काल प्रदेश अनंतगुणे है (५) उनोंसे आकाश प्रदेश अनंत गुणे है इति । द्रव्यप्रदेशों की सामिल अल्पाबहुत्व । सर्व स्तोक धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य आकाश द्रव्य इनोंके आपसमे तूला द्रव्य है (२) उनोंसे धर्मप्रदेश, अधर्म प्रदेश. आपसमें तूले असंख्यात गुने है (३) उनोंसे जीवद्रव्य अनंत गुणे है (४) उनोसे जीव प्रदेश असंख्यात गुणे है (५) उनोसे पुद्गलद्रव्य अनंतगुणे. (६) उनोसे पुद्गल प्रदेश असंख्यातगुणे (७) उनोसे काल द्रव्यप्रदेश अनंतगुणे (८) उनोसे आकाश प्रदेश अनंतगुणे । इति ।

सेवं भंते सेवं भंते—तमेवसच्चम्.

थोकडानम्बर. २३

(सूत्र श्री पन्नवणाजी पद ११ वां.)

(भाषाधिकार)

(१) भाषा की आदि जीवसे है अर्थात् भाषा जीवोंके होती है । अजीव के नही अगर कीसी प्रयोगसे अजीव पदार्थों से अवाज आति हो उसे भाषा नही कही जाती है वह तों जीतना पावर भरा हो उतनाही अवाज हो जाते है वह भी जीवोंकीही सत्ता समजना चाहिये ।

(२) भाषाकी उत्पति–तीन शरीरोंसे है. औदारीक शरीरसे, वैक्रियशरीरसे, आहारीक शरीरसे, और तेजस कारमण यह दो शरीर सूक्ष्म है वास्ते भाषा इन्नोंसे बोली नही जाती है ।

(३) भाषाका संस्थान वज्रसा है कारण भाषाका पुद्गल है वह वज्रके सम्स्थानवाला है

(४, भाषा के पुद्गल उत्कृष्ट लोकान्त तक जाते है ।

(५) भाषा दो प्रकारकी है पर्याप्तभाषा, अपर्याप्तभाषा, जेसे सत्यभाषा, असत्यभाषा पर्याप्ति है और मिश्रभाषा, व्यवहार भाषा अपर्याप्ति है

(६) भाषा-समुच्चयजीव और त्रसकाय के १९ दंडकों के जीव भाषावाले है और पाच स्थावर तथा सिद्ध भगवान् अभाषक है सर्वस्तोक भाषक जीव उनोसे अभाषक अनंतगुणे है ।

(७) भाषा च्यार प्रकार की है सत्यभाषा, असत्यभाषा, मिश्रभाषा, व्यवहार भाषा, समुच्चयजीव और नरकादि १६ दंडकमें भाषा च्यारों पावे तीन वैकलेन्द्रियमें भाषा एक व्यवहार पावें पाच स्थावरमें भाषा नहीं है । एव बोल ।

(८ भाषा पणे जो जीव पुद्गल ग्रहन करते है वह क्या स्थित पुद्गल याने स्थिर रहा हुवा-अथवा आत्माके अदूर स्थिर पुद्गल ग्रहन करते है या-अस्थिर-चलाचल अथवा आत्मासे दूर रहे पुद्गल ग्रहन करते है ? जीव जो भाषापणे पुद्गल ग्रहन करते है वह स्थिर आत्माके नजदीक रहे पुद्गलों को ग्रहन करते है । जो पुद्गल भाषापणे ग्रहन करते है वह द्रव्य क्षेत्र काल भावसे ।

(क) द्रव्यसे एक प्रदेशी दो प्रदेशी तीन प्रदेशी यावत् दश प्रदेशी संख्यात प्रदेशी असंख्यात प्रदेशी पुद्गल बहुत सूक्ष्म होनेसे भाषा वर्गणा के लेने योग्य नही है अनंत प्रदेशी द्रव्य भाषापणे ग्रहन करते है । एव बोल

(ख) क्षेत्रसे अनंत प्रदेशी द्रव्यभी कीतनेक तो अति सूक्ष्म

होनेसे भाषापणे अग्रहन है जेसे एका आकाश प्रदेश अवगाह्य एवं दो तीन यावत् संख्यात प्रदेश अवगाह्य नही लेते है किन्तु असंख्यात प्रदेश अवगाह्या अनंत प्रदेशी द्रव्य भाषापणे लीये जाते है। एक बोल।

(ग) कालसे. एक समयकि स्थितिवाले एवं दो तीन यावत् दश समयकि स्थिति संख्यात समयकि स्थिति असंख्यात समयकि स्थिति के पुद्गल भाषापणे ग्रहन करते है। कारण स्थिति है सो सूक्ष्म पुद्गलों कि भी एक समय यावत् असंख्यात समयकि होती है और स्थुल पुद्गलों की भी एक समय से असंख्यात समयकि स्थिति होती है। इस वास्ते एक समय से असंख्यात समयकि स्थिति के द्रव्य ग्रहन करते है. एवं १२ बोल।

(घ) भावसे. वर्ण गन्ध रस स्पर्श के पुद्गल जीव भाषापणे ग्रहन करते है वह वर्ण मे चाहे. एक वर्ण का हो, चाहे दो तीन च्यार पांच वर्णका हो, एक वर्ण होनेसे चाहे वह श्याम वर्ण हो, चाहे हरा-लाल-पीला-सुपेद वर्णका हो; अगर श्याम वर्णका होनेपर चाहे वह एक गुण श्याम वर्ण हो, दो तीन च्यार यावत् दश गुण श्याम वर्ण संख्यातगुण श्याम वर्ण ११ असंख्यात गुण श्याम वर्ण १२ अनंतगुण श्यामवर्ण १३ हो जेसे एक गुणसे अनंतगुण एवं तेरहा बोलोंसे श्याम वर्ण कहा है इसी माफीक पांचों वर्ण के ६५ बोल एवं गन्ध में सुभिगन्ध, दुःभिगन्ध के तेरहा तेरहा बोल २६ रसके तिक्त कटुक कषाय आंबिल मधूर के तेरह तेरह बोलोसे ६५ स्पर्श में एक-दो-तीन स्पर्श के द्रव्य भाषापणे नही लेते है किन्तु च्यार स्पर्शवाले द्रव्य भाषापणे लिये जाते है यथा-शीतस्पर्श उष्णस्पर्श, स्निग्ध स्पर्श, रूक्ष स्पर्श जिस्मे एक गुणशीत दो तीन च्यार पाच छे सात आठ नौ दश संख्याते असंख्याते और अनंते गुण शीत स्पर्श के द्रव्य भाषापणे ग्रहन करते है इसी माफीक उष्णके १३ स्निग्धके १३ रूक्षके १३ एवं

सर्व संख्या, द्रव्यका एक बोल, अनत प्रदेशी स्कन्ध, क्षेत्रका एक बोल असख्यात प्रदेशी अगाह्या कालके बारहा बोल एक समयसे असंख्यात समय तक एव १४ भावका वर्णके ६० गन्धके २६ रसके ६५ स्पर्शके ९२ कुल २२२ बोल हुवे

उक्त २२२ बोलोंके द्रव्य भाषापणे ग्रहन करते है सो (१) स्पर्श कीये हुवे (२) आत्म अवगाहन कीये हुवे (३) वह भी परस्पर अवगाहान कीये नही किन्तु अणन्तर अवगाहान कीये हुवे (४) अणुवा-छोटे द्रव्य भी लेवे (५) बादर स्थुल द्रव्य भी लेवे (६) उर्ध्व दिशाका (७) अधोदिशाका (८) तीर्यगदिशाका (९) आदिका (१०) अन्तका (११)मध्यका (१२) स्वविषयका (भाषाके योग्य) (१३) अनुपुर्वी (क्रमशः) (१४ भाषापणे द्रव्य ग्रहन करनेवाले त्रसनालीमें होनेसे नियमा छे दिशाका द्रव्य ग्रहन करे (१५) भाषाका द्रव्य सान्तर ग्रहन करे तो जघन्य एक समय उत्कृष्ट असंख्यात समय का अन्तर महुर्त (१६) निरान्तर लेवे तो ज० दो समय उ० असंख्यात समयका अन्तरमहुर्त (१७) भाषाका पुद्गल प्रथम समय ग्रहन करे अन्त समय त्याग करे मध्यम ग्रहन करे और छुडता रहे एव २२२ के अन्दर १७ बोल मीलानेसे २३९ बोल होते है। समुच्चयजीव और १९ दंडक एव वीस गुना करनेसे ४७८ बोल हुवे।

(९) समुचयजीव सत्यभाषापण पुद्गल ग्रहन करे तो २३९ बोल पूर्ववत् कहना इसीमाफीक पाचेन्द्रियके शोलहादंडक एव सतरेको २३९ गुना करनेसे ४०६३ बोल हुवा इसी माफीक असत्यभाषाकाभी ४०६३ इसीमाफीक मिश्रभाषाकाभी ४०६३ व्यवहार भाषा मे समुचय जीव और १९ दंडक है कारण वकलेन्द्रिय में व्यवहार भाषा है वीसको २३९ गुणा करनेसे ४७८० बोल हुवे समुचयके ४७८० बोल मीलानेसे एक वचनापेक्षा २१७४९

और वहु वचनापेक्षा भी २१७४९ बोल मीलानेसे ४३४९८ भाषाके भांगे हुवे.

(१०) भाषाके पुद्गल मुंहसे निकलते है वह अगर भेदाते हुवे निकलेतों रहस्ते में अनंतगुणे वृद्धि होते होते लोकान्त तक चले जाते है तथा अभेदाते पुद्गल निकले तों संख्याते योजन जाके विध्वंस हो जाते है.

(११) भाषाके पुद्गल जो भेदाते ह वह पांच प्रकारसे भेदाते है.

(क) खंडाभेद—पत्थर लोहा काष्टके खंडवत्.

(ख) परतरभेद—भोडल. अबरखवत्.

(ग) चूर्णभेद—गाहु चीणा मुगमठरवत्.

(च) अनुतडियाभेद—पाणीके निचेकी मट्टी शुष्कवत्.

(प) उक्करियाभेद—मुग चवलोकि फली तापमें देनेसे फाटे.

इन पांचों प्रकारके भेदाते पुद्गलोंकि अल्पाबहुत्व (१) सर्वस्तोक उक्करिये भेद भेदाते पुद्गल (२) अणुतडिये भेद भेदाते पु० अनंतगुणे (३) चूर्णिय भेद भेदाते पु० अनंतगुणे (४) परतर भेद भेदाते पु० अनंतगुणे (५) खंडाभेद भेदाते पु० अनंत गुणे । एवं समुच्चय जीव और १९ दंडक में जीस दंडक में जीतनी भाषा हो अर्थात् १६ दंडकमें च्यारों भाषा और तीन वैकलेन्द्रियमें एक व्यवहार भाषा सबमें पांचों प्रकारसे पुद्गल भेदाते है ।

(१२) भाषाके पुद्गलोंकि स्थिति जघन्य एक समय. उत्कष्ट अन्तर महुर्त एवं समुच्चय जीव और १९ दंडकमें.

(१३) भाषाकों अन्तर ज० अन्तर महुर्त उ० अनंत काल कारण वनास्पतिमें चला जावे वह जीव अनंत काल वहां ही

परिभ्रमन करे वास्ते अनत काल तक भापा पणे द्रव्य लेही न सके एय समु० १९ दडक।

(१४) भापाके द्रव्य कायाके योगसे ग्रहन करते है (१५) भापाके पुद्‌गल वचनके योगसे छोडते है एय समु० १९ दडक।

(१६) कारण द्वार मोहनिय कर्म और अन्तराय कर्मके क्षयोपशम और वचनके योगसे सत्य और व्यवहार भापा बोली जाती है। ज्ञानावर्णिय कर्म ओर मोहनियकर्म के उदयसे तथा वचनके योगसे असत्यभापा ओर मिश्रभापा बोली जाती है एय १६ दडक परन्तु केवली जो सत्य ओर व्यवहार भापा बोल्ते हैं उनों के च्यार घातिकर्मका क्षय हुवा है वैकलेन्द्रिय एक व्यवहार भापा संज्ञारूप बोल्ते है।

(१७) जीव सत्यभापा पणे द्रव्य ग्रहन करते है यह सत्य भापा बोल्ते हैं। असत्य भापापणे द्रव्य ग्रहन करते वह असत्य भापा बोल्ते है मिश्रपणे ग्रहन करनेवाले मिश्रभापा बोले ओर व्यवहार पणे द्रव्य ग्रहन करनेवाले व्यवहार भापा बोले एवं १६ दडक तथा तीन वैकलेन्द्रिय व्यवहार भापापणे द्रव्य ग्रहन करे सो व्यवहार भापा बोले। एक वचन कि माफीक बहुवचन भी समजना भागा १४२

(१८) वचनद्वार भापा बोलनेवाले व्याख्यान देनेवाले वार्तालाप करनेवाले महाशयजी को निम्नलिखत वचनोंका ज्ञान पणा अवश्य करना चाहिये।

(१) एकवचन-राम देव-नृप
(२) द्विवचन- रामौ देवौ नृपौ
(३) बहुवचन-रामा देवा नृपा
(४) स्त्रि वचन-नदी लक्ष्मी अम्बा रभा रामा
(५) पुरुषवचन-राजा-देवता ईश्वर भगवान्

(६) नपुंसकवचन–ज्ञान कमल तृण

(७) अध्यवसायवचन–दुसरोंके मनका भाव जानना*

(८) वर्णवचन–दुसरों के गुण कीर्त्तन करना

(९) अवर्णवचन–दुसरोंका अवर्णवाद बोलना

(१०) वर्णावर्णवचन–पहले गुण पीछे अवगुण

(११) अवर्णवर्ण–पहले अवगुण पीछे गुण करना

(१२) भूतकालवचन–तुमने यह कार्य कीया था

(१३) भविष्यकालवचन–आखीर तो करनाही पडेंगें

(१४) वर्तमान कालवचन–में यह कार्य कर रहा हूं.

(१५) प्रत्यक्ष—स्पष्टता वचन बोलना.

(१६) परोक्ष—अस्पष्टता वचन बोलना. इनके सिवाय प्रश्न व्याकारण सूत्र में भी कहा है कि काललिंग विभक्ति तद्दत धातु प्रत्यय वचन आदिका जानकार होना परम आवश्यक्ता है।

(१९) सत्यअसत्य मिश्र और व्यवहार यह च्यार भाषा उपयोग सयुक्त बोलता भी आराधिक हो सक्ते है। कारण कीसी स्थानपर मृगादि जीव रक्षाके लिये जानता भी असत्य बोल सक्ते है परन्तु इरादा अच्छा होनेसे वह विराधि नही होते है श्री आचारांगसूत्रमें " जणमाण न जाणु वयेज्ज "

(२०) नाम च्यार भाषाके ४२ नाम है। सत्यभाषाके दश भेद है (१) जीस देशमें जों भाषा बोली जाति है उनोंको देश

---

* एक वणिक रुड का भाव तेज हो जानेपर छोटे गामडे मे रूइ खरीदने कों गया. रहस्तेमें तापके मारे पीपासा बहुत लगी थी ग्राममें प्रवेश करते एक ओरत के घर पर जाके कहा की मुझे पीपासा बहुत लगी है रुई पीलाइये. इतनेपर उस ओरत को ज्ञान हुवा की सहरमें रुइका भाव तेज हुवा है उसे वहा ही बेठा अपने पतिकों सकेत कर सब रुड खरीद करवाली इति।

खासी मान राखी है वह भाषा सत्य है जैसे मूर्तिकों परमेश्वर शुककों पोपट-रोटीकों भाखरी-पतिकों दादीया इत्यादि (२) स्थापना सत्य कीसी पदार्थकी स्थापना कर उसे उनी नामसे बोलाये जेसे चित्रादिकी स्थापना कर आचार्य कहना मूर्तिकी स्थापनाकर अरिहंत कहना यह भाषा सत्य है (३) नाम सत्य जेसे एक गोपालका नाम राजाराम एक मनुष्यका नाम केशरीसिंह, जैसे मूर्तिका नाम चिंतामणि पार्श्वनाथ यह सब नाम सत्य है (४) रूप सत्य एक दुसराका रूप बनाके उनोंको रूपसे बतलावे जैसे पत्थरकि मूर्तिकों परमेश्वरका रूप बनाये यह रूप सत्य है (५) अपेक्षा सत्य-गुरुकि अपेक्षा शिष्य है उनोंके शिष्यकि अपेक्षा वह शिष्य ही गुरु है, पिताकी अपेक्षा पुत्र है, पतिकि अपेक्षा भार्या है उन के पुत्रकि अपेक्षा वह माता है लघुकि अपेक्षा गुरु इत्यादि (७) व्यवहार सत्य-समारमें कितनीक बातों व्यवहारमे मानीगइ है वह वैसेही संज्ञा पड जानेसे उसे सत्य ही मानी गइ है जेसे मार्ग जाये जीव मरगया जीव जन्मा इत्यादि (८) भावसत्य-कहनाथा पाच,पाच दश परन्तु विस्मृतीसे ज्याक्षाकम भाषासे निकल गया तथपि उनोंका भाव तो सत्य ही है कि पांच पाच दश होते हैं। (९) योग सत्य-मन वचन कायाके योग सत्य वरताना (१०) ओपम सत्य दरियावकों कटोरादि ओपमा जवारकों मोतियोंकी ओपमा मूर्तिकों परमेश्वरकी ओपमा इत्यादि—

असत्य वचनके दश भेद हैं क्रोधके वस हो बोलना मानके वस मायाके वस लोभके वस रागके वस द्वेषके वस हास्यके वस भयके वस अगर सत्य भी है परन्तु क्रोधादि के वस हो बोलनेसे उसे असत्य ही कहा जाते है कारण आत्माके स्वरूपको

अज्ञानके वस भूलजानेसे क्रोधादि वस सत्य ही असत्य भाषाकि माफीक है और पर-परतापनावाली भाषा तथा जीवोंके प्राण चला जाय एसी भाषा बोलना यह दशों असत्य भाषा है।

मिश्र भाषाके दश भेद है-इन नगरमें इतने मनुष्यों उत्पन्न हुवे है; उन नगरमें इतने मनुष्योंका मृत्यु हुवा है, इस नगरमें आज इतने मनुष्योंका जन्म और मृत्यु हुवे यह सब पदार्थ जीव है यह सब पदार्थ अजीव है यह सब पदार्थोंमें आदे जीव आदे अजीव है. यह वनास्पति सब अनंतकाय है यह सब परित्तकाय है कालमिश्र. उठो पोरसी दीन आगये है। लो इतने वर्ष हो गये है भावार्थ जब तक जिस बातका निश्चय न हो जाय यहां तक अगर कार्य हुवा भी हो तो भी वह मिश्रभाषा है जिसमें कुच्छ सत्य हो कुच्छ असत्य हो उसे मिश्रभाषा कहते है।

व्यवहार भाषाका बार भेद है (१) आमंत्रणि भाषा-हे वीर, हे देव. (२) आज्ञा देना यह कार्य एसा करो (३) याचना करना यह वस्तु हमे दो (४) प्रश्नादिका पुच्छना (५) वस्तु तत्वकि प्ररूपना करना (६) प्रत्याख्यानादि करना (७) आगलेकी इच्छानुसार बोलना 'जहासुखम्' (८) उपयोग शुन्य बोलना. (९) इरादा पूर्वक व्यवहार करना (१०) शंका सयुक्त बोलना (११) अस्पष्ट बोलना (१२) स्पष्टतासे बोलना। जिस भाषामें असत्य भी नहीं और पूर्ण सत्य भी नहीं उसे व्यवहार भाषा कही जाति है जेसे जीव मरगया इस्में पुर्ण सत्य भी नही है कारणकि जीव कभी मरता नही है और पूर्ण असत्य भी नही है कारण व्यवहारसे सब लोगोंने मरना जन्मना स्वीकार कीया है. इत्यादि -

(२१) अल्पावहुत्वद्वार (१) सर्वस्तोक सत्य भाषा बो-

लने वाले (२) मिश्र भाषा बोलनेवाले असख्यात गुणे (३) असत्य भाषा बोलनेवाले असख्यात गुणे (४) व्यवहार भाषा बोलनेवाले असख्यात गुणे (५) अभापक अनत गुणे कारण अभापकमे एकेन्द्रिय तथा सिद्धभगवान् है इति।

सेवभते सेवंभते-तमेव सच्चम्

थोकडा नम्बर २४

सूत्र श्री पन्नवणाजी पद २८ वा उ० १

(आहाराधिकार)

(१) आहार तीन प्रकारके है सचिताहार-जीव सयुक्त पदार्थोंका आहार करना अचिताहार-जीवरहित पुद्गलोंका आहार करना, मिश्राहार जीवाजीव द्रव्योंका आहार करना नारकी देवतोंमें अचित्त पुद्गलोंका आहार है और पाच स्थावर तीन वैकलेन्द्रिय तीर्यचपाचेन्द्रिय और मनुष्य इन दस दडकोंमे तीन प्रकारका आहार है सचिताहार अचिताहार मिश्राहार।

(२) नरकादि चौवीस दडकोंमें आहारकि इच्छा होती है

(३) नरकमे जीवोंकों आहारकी इच्छा कीतने कालसे उत्पन्न होती है? नरकादि सब जीवों जो अज्ञानपणे आहारके पुद्गल खेचते है वह तो सब संसारी जीव समय समय आहार के पुद्गलोंको ग्रहन करते है। किन्तु परभव गमन समय विग्रह गति या जीव, केवली समुद्घात और चौदवे गुणस्थानके जीव अनाहारी भी रहते है। जो जीवों को ज्ञानपणे के साथ आहार इच्छा होती

है उनोंका काल–नरकमें असंख्यात समय के अन्तर महुर्तसे. आहारकी इच्छा उत्पन्न होती है असुरकुमार देवोंके जघन्य एक दिनसे उ० एकहजार वर्ष साधिक से. नागादि नौ काय के देवोंको तथा व्यंतर देवों को ज० एक दिन उ० प्रत्येक दिनोंसे ज्योतिषी देवोंकों जघन्य उत्कृष्ट प्रत्येक दिनोंसे–वैमानीक देवोंमें सौधर्म देवलोक के देवोंकों ज० प्रत्येक दिन उ० २००० वर्ष इशान देवलोक के देवों ज० प्रत्येक दिन उ० साधिक २००० वर्ष, सनत्कुमार देवलोक के देवोंकों ज० २००० वर्ष. उ० ७००० वर्ष महेन्द्र देवोंके ज० साधिक २००० वर्ष, उ० साधिक ७००० वर्ष. ब्रह्मदेवों कों ज० ७००० वर्ष उ० १००० वर्ष लांतक देवों के ज० १०००० उ० १४००० वर्ष महाशुक्र देवोंकों ज० १४००० उ० १७००० वर्ष सहस्रादेवोंकों ज० १७००० उ० १८००० वर्ष अणत्देवोंके ज० १८००० उ० १९००० वर्ष पणत् ज० १९००० उ० २०००० वर्ष. आरण्य ज० २०००० वर्ष उ० २१००० वर्ष अच्युत देवोंकों ज० २१००० उ० २२००० वर्ष. ग्रीवैक प्रथम त्रीक ज० २२००० उ० २५००० वर्ष. मध्यम त्रीक ज० २५००० उ० २८००० उपरकी त्रीक कों ज० २८००० उ० ३१००० वर्ष च्यार अनुत्तर-वैमानवासी देवों कों ज० ३१००० उ० ३३००० वर्ष सर्वार्थसिद्ध वैमानवासी देवोंकों ज० उ० ३३००० वर्षोंसे आहार इच्छा उत्पन्न होती है। पांच स्थावर कों निरान्तराहार इच्छा होती है. तीन वकलेन्द्रिय कों अन्तर महुर्तसे. तीर्यंच पांचेन्द्रि ज० अन्तर महुर्त उ० दो दिनोंसे ओर मनुष्यकों आहार इच्छा ज० अन्तरमहुर्त उ० तीन दिनोंसे आहार इच्छा उत्पन्न होती है।

(४) नारकी के नैरिये जो आहारपणे पुद्गल ग्रहन करते है वह द्रव्यसे अनंते अनंतप्रदेशी, क्षेत्रसे असंख्यात प्रदेश अवगाहान कीये हुवे, कालसे एक समयकि स्थिति यावत् असंख्यात

समयकि स्थिति के पुद्‌गल, भावसे वर्ण गन्ध रस स्पर्श जेसे भाषाधिकारमें कहा है इसी माफीक परन्तु इतना विशेष है कि भाषापणे च्यार स्पर्शवाले पुद्‌गल लेते थे यहा आहारपणे आठों स्पर्शवाले पुद्‌गल ग्रहन करते हैं इस वास्ते पाच वर्ण दोगन्ध पाँच रस आठ स्पर्श एव वीस बोलमें प्रत्येक बोल पर तेरह तेरह बोलोंकि भावना करणी जेसे एक गुण काला पुद्‌गल दोगुण तीनगुण च्यारगुण पाचगुण छेगुण सात गुण आठगुण नौगुण दशगुण सख्यातगुण असख्यातगुण और अनतगुणकाले इसी माफीक वीसों बोलोंको तेरहा गुणे करनेसे २६० बोल हुवे स्पर्शादि १४ देखो भाषाधिकारमें बोल मीलानेसे १-१-१२-२६०-१४ सर्व २८८ बोलोंका आहार नारकी ग्रहन करते है। अधिकतर नारकी वर्णमें श्याम वर्ण हरावर्ण गन्धमें दुर्भिग घ रसमे तिक्त कटुक रस स्पर्शमे कर्कश गुरु शीत रूक्ष स्पर्श वे पुद्‌गलो का आहार लेते है वह ग्रहन कीये हुवे पुद्‌गलोंको भी सडावे खराब करके पूर्वका वर्णादि गुणोंको विपरीत कर नये खराब वर्णादि उत्पन्न कर फीर ग्रहन कीए हुए पुद्‌गलों का आहार करे

इसी माफीक देवतों के तेरहा दंडकों में भी २८८ बोलोंका आहार लेते हैं परन्तु वह शुभ द्रव्य वर्णमें पीला सुपेद गन्धमें सुभिगन्ध रसमें आंबिल मधुर रस स्पर्शमे मृदुल लघु उष्ण स्निग्ध पुद्‌गलों का आहार करे वहभी उन पुद्‌गलोंको पूर्वके खराब गुणों को अच्छा बनावे मनोज्ञ पुद्‌गलोंका आहार करे इसी माफीक पृथ्व्यादि दश दंडकों में वीसों बोलोंके पुद्‌गलों को ग्रहन कर चाहे उसे अच्छे वे खराब बनावे चाहे खराब वे अच्छे बनावे २८८ बोल पूर्ववत् आहार ग्रहन करे परन्तु पाच स्थावरमें दिशापेक्षास्यात् ३-४-५ दिशाका भी आहार लेते है कारण

जहां अलोक कि व्याघात है वहां ३-४-५ दिशाका ही पुद्गल लेते है शेष छे दिशा सर्व ७२०० बोल हुवे ।

(५) नारकी जो आहारपणे पुद्गल ग्रहन करते है वह क्या सर्व आहार करे. सर्वप्रणमें सर्वउश्वासपणे सर्वनिश्वासपणे प्रणमे तथा पर्याप्ता कि अपेक्षा वारवार आहार करे प्राणमें उश्वासे निश्वासे और अपर्याप्ता कि अपेक्षा कदाच् आहारे कदाच् प्रणमे. कदाच् उश्वासे कदाच् निश्वासे ? उत्तरमें बारहा बोल ही करे है एवं २४ दंडकों में बारहा बोल होनेसे २८८ बोल हुवे ।

(६) नारकी के नैरियों के आहार के योग्य पुद्गल है उ-नोंसे असंख्यात में भाग के द्रव्यों कों ग्रहन करते है ग्रहन कीये हुवे द्रव्योंसे अनंतमें भागके द्रव्य अस्वादन में आते है शेष पुद्-गल विगर अस्वादन कियेही विध्वंस हो जाते है इसी माफीक २४ दंडकमें परन्तु पांच स्थावरमें एक स्पर्शेन्द्रिय होनेसे वह विगर स्पर्श कीये अनंत भाग पुद्गल विध्वंस हो जाते है ।

(६) नारकी देवताओ और पांचस्थावर एवं १९ दंडकोंके आहार पणे पुद्गल ग्रहन करते है वह सबके सब आहार करते जीव जों है कारण उनोंके रोम आहार है और बेइन्द्रिय जों आहार लेते है वह दो प्रकारसे लेते है एक रोम आहार जो समय समय लेते है वह तों सब के सब पुद्गलों का आहार करते है और दुसरा जो कवलाहार है उनीसे ग्रहन कीये हुवे पुद्गलो के असंख्यातमें भागका आहार करते है और अनेक हजारों भागके पुद्गल विगर स्वाद विगर स्पर्श किये ही विध्वंस हो जाते है जिस्कीतरतमत्ता (१) सर्व स्तोक विगर अस्वादन कीये पुद्गल (२) उनोंसे अस्पर्श पुद्गल अनंत गुणें है एवं तेइन्द्रि परन्तु एक विगर गन्धलिये ज्यादा कहना (१) सर्व स्तोक विगर गन्धके पुद्गल (२) विगर अस्वादन किये पुद्गल अनंत गुणे (३)

विगर स्पर्श किये पुद्गल अनतगुणे इसी माफीक चोरिन्द्रिय-पाचेन्द्रिय और मनुष्यभी समझना।

(८) नारकी जो पुद्गल आहारपणे ग्रहन करते है वह नारकीके कीस कार्यपणे प्रणमते है? नारकीके आहार किये हुवे पुद्गल श्रोत्रेन्द्रिय चक्षुइन्द्रिय घ्राणेन्द्रिय रसेन्द्रिय स्पर्शेंद्रिय अनिष्ट अका तअप्रिय अमनोज्ञ विशेष अमनोज्ञ अशुभ अनिच्छापणे भेदपणे ऊचापणे नहीं किन्तु निचापणे, सुखपणे नही, कि तु दु खपणे, इन सत्तरा बोलोंपणे वारवार प्रणमते है पाच स्थावर तीनवैकलेन्द्रिय तीर्यच पाचेन्द्रिय और मनुष्य इन दश दडकमे औदारीक शरीर होनेसे अपनि अपनि इन्द्रियोंके सुख और दु ख दोनोंपणे प्रणमते है। देवतोंके तेरह दडकमे नरघसे उलटे याने सत्तरा बोलोभी अच्छे सुखकारी प्रणमते है अर्थात् नारकीमें आहारके पुद्गल एकान्त दु खपणे देवतोंमे ए का त सुखपणे और औदारीक शरीरवाले शेषजीवोंके सुख दु ख दोनोंपणे प्रणमते है।

(९) नारकीके नेरिय जो पुद्गल आहारपणे ग्रहन करते है वह क्या एकेन्द्रियके शरीर है यावत् क्या पाचेन्द्रियके शरीर है? पूर्व पर्यायापेक्षातो जो जीव अपना शरीर छोडा है उनोंकाही शरीर है चाहे एकन्द्रियके हो यावत् चाहे पाचेन्द्रियका हो और वर्तमान वह पुद्गल नारकी ग्रहन किये हुये है वास्ते पाचेन्द्रियके पुद्गल कहा जाते है एव १६ दडक एव पाच स्थावर परन्तु वर्तमान एकेन्द्रिय के पुद्गल कहा जाते है एव बेन्द्रिय तेइन्द्रिय चोरिन्द्रिय अपनि अपनि इन्द्रिय कहना कारण पहले आहार लेनेवाले जीव उन पुद्गलोंको अपना करलेते है वास्ते उनोंके ही पुद्गल कहलाते है।

(१०) नारकी देवता और पांच स्थावर—रोमाहारी है किन्तु प्रक्षेप आहारी नही है. तीन वैकलेन्द्रिय. तीर्यच पांचेन्द्रिय और मनुष्य रोमाहारी तथा प्रक्षेपाहारी दोनों प्रकारके होते है।

(११) नारकी पांच स्थावर तीन वैकलेन्द्रिय तीर्यच पांचेन्द्रिय और मनुष्य ओजाहारी है और देवता ओज्ञ आहारी ओर मन इच्छताहारी भी है कारण देवता मन इच्छा करे वेसे पुद्गलोंका आहार कर सके है शेष जीवकों जेसा पुद्गल मीले वेसोंका ही आहार करना पडता है इति

॥ सेवं भंते सेवं भंते—तमेव सच्चम् ॥

थोकडा नम्बर. २५

(सूत्र श्री पन्नवणाजी पद ७ वा श्वासोश्वास)

नारकीके नैरिया श्वासोश्वास लोहारकि धमणकि माफीक लेते है तीर्यच और मनुष्य वे मात्रा याने जल्दीसे या धीरे धीरे दोनों प्रकारसे श्वासोश्वास लेते है। देवतोंमें असुर कुमारके देव जघन्यसे सात स्तोक कालसे उत्कृष्ट साधिक एक पक्ष (पन्द्रा-दिन) से श्वासोश्वास लेते है। नागादि नौ निकायकें देव तथा व्यंतर देव ज० सात स्तोक कालसे उ० प्रत्येक महुर्तसे। ज्योतिषीदेव ज० प्रत्येक महूर्त उ० प्रत्येक महुर्त. सौधर्म देवलोकके देव ज० प्रत्येक महुर्त उ० दो पक्षसे ईशानदेव ज० प्रत्येक महुर्त उ० साधिक दो पक्षसे. सनत्कुमारके देव ज० दो पक्ष उ० सात पक्ष. महेन्द्र ज० दो पक्ष साधिक उ० साधिक सात पक्षसे. ब्रह्मदेव ज० सातपक्ष उ० दशपक्षसे, लांतकदेव, ज० दशपक्ष, उ० चौ-

दापक्ष महाशुक्र देव ज० चौदापक्ष उ० सत्तरापक्ष सहस्रादेव ज० सत्तरापक्ष उ० अठारापक्षसे अणतदेव ज० अठारापक्ष उ० उन्निसपक्षसे, पणतदेव ज० उन्निसपक्ष उ० बीस पक्षसे अरण्यदेव ज० बीसपक्ष उ० एकवीस पक्षसे अच्युतदेव ज० एकवीस पक्ष उ० बाबीसपक्षसे ग्रीवैकके पहले ग्रीकके देव ज० बावीसपक्ष उ० पचवीस पक्ष दुसरी ग्रीकके देव ज० पचवीस पक्ष उ० अठावीस पक्षसे तीसरी ग्रीकके देव ज० अठावीस पक्ष उ० एकतीस पक्ष च्यारा नुत्तर वैमानके देव ज० एकतीस पक्ष उ० तेत्तीसपक्ष सर्वार्थसिद्ध वैमानके देव जघन्य उत्कृष्ट तेत्तीसपक्षसे श्वासोश्वास लेते है। जैसे जैसे पुन्य बढते जाते हैं वैसे वैसे योगोंकी स्थिरता भी बढती जाती है देवतावोंमें जहा हजारों वर्षोंकि स्थिति है वह सात स्तोक कालसे, पल्योपमकि स्थिति है वह प्रत्येक दिनोंसे और सागरोपमकी स्थिति है वहा जीतने सागरोपम उतनेही पक्षमे श्वासोश्वास लेते है। नोट–असंख्यात समयकि एक आविलका संख्याते आविलका, का एक श्वासोश्वास सात श्वासोश्वासका एक स्तोक काल होते है इति।

सेवंभते सेवंभते–तमेवसचम्

—✻—

थोकडा नम्बर २६

(सूत्रश्री पन्नवणाजी पद ८ वा संज्ञाधिकार)

संज्ञा—जीवोंकि इच्छा वह संज्ञा दश प्रकारकी है आहार संज्ञा, भयसंज्ञा मैथुनसंज्ञा, परिग्रहसंज्ञा क्रोधसंज्ञा, मानसंज्ञा, मायासंज्ञा, लोभसंज्ञा, लोकसंज्ञा, ओघसंज्ञा।

आहारसंज्ञा उत्पन्न होनेके च्यार कारण है. उदररीता होनेसे क्षुधावेदनिय कर्मोदयसे आहारकों देखनेसे और आहारकि चिंतवना करनेसे आहार संज्ञोत्पन्न होती है।

भयसंज्ञा उत्पन्न होने के च्यार कारण है अधैर्य रखनेसे. भयमोहनिय कर्मोदयसे, भय उत्पन्न करनेवा पदार्थ देखने से और भय कि चिंतवना करने से। हा हा अव क्या करुंगा ?

मैथुन संज्ञा उत्पन्न होने के च्यार कारण है. शरीर को पौष्ट याने हाड मांस रोद्र वढानेसे. वेद मोहनिय कर्मोदयसे, मैथुन उत्पन्न करनेवाले पदार्थ स्त्रि आदि कों देखने से मैथुन कि चिंतवना करने से मैथुनसंज्ञा उत्पन्न होती है।

परिग्रह संज्ञा उत्पन्न होने का च्यार कारण है. ममत्वभाव वढाने से. लोभ मोहनिय कर्मोदय से, धनादि के देखने से परिग्रह कि चिंतवना करनेसे "

क्रोध संज्ञा उत्पन्न होने के च्यार कारण है. क्षेत्र, खला, वागवगेचे. घर, हाट, हवेली. शरीरादि से, धनधान्यादि औपधि से क्रोध उत्पन्न होते है एवं मान, माया, लोभ.

लोकसंज्ञा–अन्य लोकों कों देख के आप ही वह क्रिया करते रहै. ओघसंज्ञा–शुन्य चित्तसे विलापात करे खाजखीणे, तृणतोडे, धरती खीणे इत्यादि उपयोग शुन्यतासे।

नरकादि चौवीसों दंडकों में दश दश संज्ञा पावे. कीसी दंडक में सामग्री अधिक मीलने से प्रवृत्ति रूपमे है कीसी जीवों कों इतनी सामग्री न मीलने से सतारूप में है फीर सामग्री मीलने से प्रवृत्ति रूप में भी प्रवृतेंगे संज्ञा का आस्तित्व छट्ठे गुणस्थान तक है।

अल्पाबहुत्व—नरक में (१) स्तोक मैथुनसज्ञा (२) आहार सज्ञा सख्यातगुणे (३) परिग्रहसज्ञा सख्यातगुणे (४) भयसज्ञा सख्यातगुणे-तीर्यंच में (१) सर्वस्तोक परिग्रहसज्ञा (२) मैथुन संज्ञा सख्यातगुणे, (३) भयसज्ञा सख्यातगुणे (४) आहारसज्ञा सख्यातगुणे । मनुष्य में (१) सर्वस्तोक भयसज्ञा, (२) आहार संज्ञा सख्यातगुन (३) परिग्रहसंज्ञा सख्यातगुणे (४) मैथुनसज्ञा सख्यातगुणे । देवतों में (१) सर्वस्तोक आहारसज्ञा (२) भय सज्ञा सख्यातगुणे (३ , मैथुनसज्ञा सख्यातगुणे (४) परिग्रहसज्ञा सख्यातगुने

नरकमें सर्वस्तोक लोभसज्ञा मायासज्ञा सख्यातागुणे मान सज्ञा सख्या० क्रोधसज्ञा सख्यागु० तीर्यंच मनुष्य में सर्वस्तोक मानसज्ञा, क्रोधसज्ञा, विशेषाधिक मायासज्ञा विशेषाधिक, लोभ संज्ञा विशेषाधिक । देवतों में सर्वस्तोक क्रोधसज्ञा मानसज्ञा स-ख्यातगुणे मायासज्ञा सख्यातगुणे लोभसज्ञा सख्यातगुणे इति ।

॥ सेवंभते सेवंभते तमेवसच्चम् ॥

—•—

थोकडा नम्बर २७

(सूत्र श्री पन्नवणाजीपद ६ वा योनिपद)

जीवों के उत्पन्न होने के स्थानों को योनि कही जाती है वह योनि तीन प्रकार की है । शीतयोनि, उष्णयोनि शीतोष्ण योनि । पहली, दुसरी तीसरी, नरक में शीतयोनि नैरिये है चोथी नरक मे शीतयोनि नैरिये ज्यादा है और उष्ण योनि नैरिये

कम है पांचवी नरक में शीतयोनि नरिये कम है उष्णयोनि ज्यादा है. छठी सातवी नरक में उष्णयोनि नैरिया है। सर्व देवता तीर्यंच पांचेन्द्रिय और मनुष्यों में शीतोष्णायोनि है। च्यार स्थावर तीन वैकलेन्द्रिय में तीनों योनि पावे. और तेउ-काय केवल उष्णयोनि है। सिद्ध भगवान् अयोनि है। (१) सर्व-स्तोक शीतोष्ण योनिवाले जीव. (२) उनो से उष्णयोनिवाले जीव असंख्यातगुणे (३) अयोनिवाले जीव अनंतगुणे ४) शी-तयोनिवाले जीव अनंतगुणे।

योनि तीन प्रकार कि है. सचित्तयोनि, अचित्तयोनि, मिश्र-योनि, नारकी देवता अचितयोनि में उत्पन्न होते है पांच स्थावर तीन वकलेन्द्रि असंज्ञी तीर्यंच, असंज्ञी मनुष्य में योनि तीनों पावे. संज्ञी मनुष्य तीर्यंच में एक मिश्रयोनि है. (१) सिद्धभगवान अयोनि है (१)सर्वस्तोक, मिश्रयोनिवाले जीव, २) अचितयोनि वाले जीव असंख्यातगुणे, (३) अयोनीवाले जीव अनंतगुणे (४) सचित योनिवाले अनंतगुणे.

योनि तीन प्रकार की है संवृतयोनि, असंवृतयोनि, मिश्र-योनि. नारकी देवता और पांच स्थावर के संवृतयोनि है तीन वैकलेन्द्रिय, असंज्ञा तीर्यंच मनुष्य के असंवृतयोनि है. संज्ञी तीर्यंच संज्ञा मनुष्यो के मिश्रयोनि सिद्ध भगवान् अयोनि है।(१) सर्वस्तोक मिश्रयोनिवाले जीव है (२) असंवृतयोनिवाले असंख्यात गुणे(३) अयोनिवाले अनंतगुणे (४)संवृतयोनिनवाले अनंतगुणे है।

योनि तीन प्रकार की है कुम्भायोनि. सक्खावर्तनयोनि, वं-सीपत्तायोनि. कुम्भायोनि तीर्थंकरादिके माताकि होती है। संक्खावर्तन योनि चक्रवर्त्ति के स्त्रि रत्नकी होती है जिस्में जीव पुद्गल उत्पन्न होते है विध्वंसभी होते है परन्तु योनिद्वारा जन्मते

नहीं है। यन्मीपत्तायोनि शेष सर्व ससारी जीवोंकि माताके होती है जीस योनि मे जीव उत्पन्न होते है वह जन्मते भी है वि ध्वस भी होते है। इति

सेवभंते सेवभंते तमेवसच्चम्।

थोकडा नम्बर २८

सूत्रश्री भगवतीजी शतक १ उद्देशा १

सर्व जीव दो प्रकार के है उसे आरभी कहते है (१) आत्मा का आरभ करे परका आरभ करे, दोनों का आरभ करे (२) कीसी का भी आरभ नही करे वह अनारभीक है इसका यह कारण है कि जो सिद्धों के जीव है वह तो अनारभी है और जो ससारी जीव है वह दो प्रकार के है (१) सयति (२) असयति जिस्में सयति के दो भेद है (१) प्रमादि सयति दुसरे अप्रमादि सयति जो अप्रमादि सयति है वह तो अनारभी है और जो प्रमादि सयति है उनोंके दो भेद है एक शुभयोगि दुसरा अशुभ योगि जिस्मे शुभ योगि है वहतो अनारभी है और जो प्रमादि सयति अशुभ योगि है वह आत्मा आरभी है परारभी है उभया रभी है एव असयति भी समझना। एव नरकादि २३ दंडकमें आत्मारंभी परारभी उभयारभी है परन्तु अनारभी नही है और मनुष्य समुच्चय जीववत् कि साधु सयति अप्रमादि और शुभ योग वाले तो अनारंभी है ३। शेष आरभी है

लेश्यासयुक्त जीवोंके लिये यह ही वात है जो सयति अप्रमादि और शुभ योगवाले है वह तो अनारभी है शेष आरभी है

एव मनुष्य शेष २३ दंडक के लेश्या संयुक्त जीव आत्मारंभी परा-रंभी उभयारंभी है. कृष्ण, निल, कापोत, लेश्यावाले समुच्चय जीव ओर वावीस वावीस दंडक के जीव सवके सव आरंभी है कारण यह तीनों अशुभ लेश्या है इनोंके परिणाम आरंभसे वच नहीं सकते है। तेजो लेश्या समुच्चय जीव और अठारा दंडकोमे है जिस्मे समुच्चय जीव और मनुष्यके दंडकमें जो संयति अप्रमादि और सुभयोगवाले तों अनारंभी है शेष सव आरंभी है एवं पद्म लेश्या तथा शुक्ल लेश्या भी समजना परन्तु यह समुच्चय जीव वैमानिक देव और संज्ञी मनुष्य तीर्यचमे ही है जिस्मे संयति अप्रमादिपणा मनुष्यमें ही होते है वह अनारंभी है शेष जीव तों आत्मारंभी परारंभी उभय आरंभी होते है वह अनारभी नही है।

आत्मारंभी स्वयं आप आरंभ करे। परारंभी दुसरोंसे आरभ करावे उभयारंभी आप स्वयं करे तथा दुसरोंसे भी आरंभ करावे इति.

सेवंभंते सेवंभंते—तमेवसच्चम्

थोकडा नम्बर २९.

(अल्पाबहुत्त्व.)

संज्ञी,असंज्ञी, तस. स्थावर, पर्याप्ता, अपर्याप्ता, सूक्ष्म और वादर. इन आठ वोलोंके लद्धिया अलद्धिया एवं १६।

(१) सर्वस्तोक संज्ञी के लद्धिया. (२) तस जीवोंके लद्धिया असंख्यात गुणे (३) असंज्ञीके अलद्धिये अनंतगुणे (४) स्थावर के अलद्धिये विशेष. (५) वादर के लद्धिये अनंत गु० (६) सुक्ष्मके अलद्धिमें विशेष: (७) अप-

र्याता के अलद्धिये असख्यात गुणे (८) पर्याप्ता के अल द्धिये विशेष (९) पर्याप्ताके लद्धिया सख्यात गुणे (१०) अपर्याप्ताके अलद्धिये विशेष (११) सूक्ष्मके लद्धिये विशेष (१२) बादरके अलद्धिये वि० (१३) स्थावरके लद्धिये विशे० (१४) त्रसके अलद्धिये वि० (१५) असज्ञीके लद्धिये वि० (१६) सज्ञीके अलद्धिये विशेपाधिक । लद्धिया जेसे सज्ञीके लद्धिये कहनेसे सज्ञी जीव और सज्ञीके अलद्धिये कहनेसे असज्ञी जीव और सिद्धोंके जीव गीने जाते हैं इसी माफीक जीसके लद्धिये कहनेसे वह जीव है और जीसको अलद्धिया कहनेसे उन जीवोंके सिवाय शेप जीव अलद्धिये मे गीने जाते है इति।

चौदाभेद जीवोंकी अल्पाबहुत्व (१) सर्व स्तोक सज्ञी पाचेन्द्रियका अपर्याप्ता (२) सज्ञी पाचेन्द्रियके पर्याप्ता सख्यात-गुणे (३) चौरिन्द्रिय पर्याप्ता सख्या गु० (४) असज्ञी पाचे-न्द्रिय पर्याप्ता विशेष (५) बेइन्द्रियके पर्याप्ता विशे० (६) तेइ न्द्रियके पर्याप्ता विशेष (७) असज्ञी पाचेन्द्रिय के अपर्याप्ता असख्यात गुणे (८) चौरिन्द्रियके अपर्याप्ता विशे० (९) तेइन्द्रियके अपर्याप्ता विशे० (१०) बेइन्द्रियके अपर्याप्ता विशे (११) बा-दर एकेन्द्रियके पर्याप्ता अनत गुणे (१२) बादर एकेन्द्रियके अपर्याप्ता असख्यात गुणे (१३) सूक्ष्म एकेन्द्रियके अपर्याप्ता असख्यात गुणे (१४) सूक्ष्म एकेन्द्रियके पर्याप्ता सख्यातगुणे इति।

आठ बोलोंकि अल्पाबहुत्व-(१) सर्वस्तोक अभव्यजीव (२) प्रतिपाति सम्यग्द्रष्टि अनतगुणे (३) सिद्धभगवान् अनत-गुणे (४) ससारीजीव अनतगुणे (५) सर्व पुद्गल अनतगुणे (६) सर्व काल अनतगुणे (७) आकाशप्रदेश अनतगुणे (८) केवलज्ञान केवलदर्शनके पर्यव अनत गुणे ।

स्तोक परत्तससारी जीव, शुक्लपक्षी जीव अनतगुणे, कृष्ण-

पक्षीजीव अनंतगुणे, अपरत्त संसारी जीव विशेष: । पुनः । स्तोक अपर्याप्ता जीव सुत्ताजीव संख्यातगुणे जागृतजीय संख्यातगुणे पर्याप्ताजीव विशेषः ॥ पुन. ॥ स्तोक समोह्‌ वा मरणवाले जीव. इन्द्रिय बहुता संख्यान गुणे नोइन्द्रिय बहुते विशेष: असमोइये जीव विशेषा' । पुनः । स्तोक बादरजीव. अणाहारी जीव संख्यात गुणे, सूक्ष्मजीव संख्यातगुणे आहारीक जीव विशेष ॥ पुन: ॥ स्तोक बादरके लद्धिये, सूक्ष्मके अलद्धिये विशेषः सूक्ष्मके लद्धिये असंख्यातगुणे बादरके अलद्धिये विशेष: इति ।

थोकडा नम्बर ३०.

स्तोक अभव्यके लद्धिये (२) शुक्लपक्षके लद्धिये अनंत गुणे (३) भव्यके अलद्धिये अनंतगुणे (४) भव्यके लद्धिये अनंत गुणे (५) कृष्णपक्षीके लद्धिये विशेषः (६) कृष्णपक्षीके अलद्धिये अनंतगुणे (७) शुक्लपक्षीके अलद्धिये विशेषः (८) अभव्य के अलद्धिये विशेष: ॥ पुनः ॥ स्तोक मनुष्यके लद्धिये (२) नारकीके लद्धिये असंख्यातगुणे (३) देवतोंके लद्धिये अस० गु० (४) तीर्यचके अलद्धिये विशेषः (५) तीर्यचके लद्धिये अनंतगुणे (६) देव अलद्धिये वि० (७) नरक अलद्धिये वि० मनुष्य अलद्धिये विशेषः ॥

स्तोक मिश्रदृष्टि [२] पुरुषवेद असंख्यात गुणे [३] स्त्रिवेद संख्यात गुणे (४) अवधिदर्शन विशेष. (५) चक्षुदर्शन सं० गु० (६) केवलदर्शन अनंतगुणे (७) सम्यग्दृष्टि विशेषः (८) नपुंसकवेद अनंतगुणे (९) मिथ्यादृष्टि वि० (१०) अचक्षुदर्शन विशेषः ॥ पुनः ॥ स्तोक अचर्मजीव (२) नोसंज्ञीजीव अनंतगुणे (३) नोमनयोगीजीव विशेष: (४) नोगर्भजजीव विशेषः ॥

स्तोक मन बलप्राण [२] वचन बलप्राण असंख्यातगुणे [३] श्रोत्रेन्द्रिय बलप्राण असंख्यात गुण [४] चक्षुइन्द्रिय बलप्राण विशेष [५] घ्राणेन्द्रिय बलप्राण विशेष वि० [६] रसेन्द्रिय बलप्राण वि० (७) स्पर्शेन्द्रिय बलप्राण अनंतगुणे [८] काय बल प्राण विशेष [९] श्वासोश्वास बलप्राण वि० [१०] आयुष्य बलप्राण विशेष ॥ पुन ॥ स्तोक मन पर्याप्तिके जीव [२] भाषापर्याप्तिके जीव असंख्यात गुणे [३ श्वासोश्वास पर्याप्ति के जीव अनंतगुणे (४) इन्द्रिय पर्याप्ति० वि० [५] शरीर पर्याप्तिके जीव वि० [६] आहार पर्याप्तिके जीव विशेष ॥पुन॥ स्तोक मनुष्य [२] नारकी असंख्यात गुणे [३] देवता असंख्यातगुण [४] पुरुषवेद विशेष [५] स्त्रिवेद सख्यातगुणे [६] नपुसकवेद अनंत गुणे [७] तीर्यच विशेषाधिक ॥ इति

थोकडा नम्बर ३१

स्तोक मनुष्यणी [२] मनुष्य असंख्यात गुणे [३] नैरिये असंख्यातगुणे [४] तीर्यचणी असंख्यातगुणी [५] देवता संख्यात गुणे [६] देवी संख्यातगुणी [७] पाचेन्द्रिय संख्यात गुणे [८] चारिन्द्रिय वि० [९] तेइन्द्रिय वि० [१०] बेइन्द्रिय वि० (११) त्रसकाय वि० [१२] तेउकाय असंख्यात गुणे [१३] पृथ्वी काय वि० [१४] अपकाय वि० [१५] वायुकाय वि० [१६] सिद्ध भगवान अनंतगुणे [१७] अनेन्द्रिय विशेष [१८] वनास्पति अनंतगुणे [१९] एकेन्द्रिय वि० [२०] तीर्यच विशेष [२१] सेन्द्रिय वि० [२२] सकाया वि० [२३] समुच्चय जीव विशेष

स्तोक मनुष्य [२] नारकी असंख्यात गुणे [३] देवता असंख्यात गुणे [४] पुरुषवेद विशेष (५) स्त्रियोसंख्यातगुणी

[६] पांचेन्द्रिय वि० [७] चोरिन्द्रिय वि० [८] तेइन्द्रिय वि० [९] वेइन्द्रिय वि० [१०] त्रसकाय वि० [११] तेउकाय असंख्यात गुणे [१२] पृथ्वीकाय वि० [१३] अपकाय वि० [१४] वायुकाय विशेष: [१५] वनास्पतिकाय अनंतगुणे [१६] एकेन्द्रिय विशेषः [१७] नपुंसक जीव विशेष. [१८] तीर्यचजीव विशेष ।

सर्व स्तोक पांचेन्द्रियके लद्धिये [२] चोरिन्द्रियके लद्धिये विशेषः [३] तेइन्द्रियके लद्धिये वि० [४] वेइन्द्रियके लद्धिये वि० [५] तेउकायके लद्धिये असं० गु० [६] पृथ्वीकायके लद्धिये वि० [७] अपकायके लद्धिये वि० [८] वायुकायके लद्धिये वि० [९] अभव्यके लद्धिये अनंतगुणे [१०] परत्त ससारी जीवोंके लद्धिये अनंतगुणे [११] शुक्लपक्षी विशेषः [१२-१३] सिद्धोंके लद्धिये और संसारके अलद्धिये आपसमें तूला और अनंतगुणे [१४] वनास्पतिकायके अलद्धिये विशेषः [१५] भव्य जीवोंके अलद्धिये विशेषः [१६] परत्तजीवोके अलद्धिये वि० [१७] कृष्णपक्षीके अलद्धिये वि० [१८] वनास्पतिके लद्धिये अनंतगुणे [१९] कृष्णपक्षीके लद्धिये वि० [२०] अपरत्तजीवोंके लद्धिये वि० [२१] भव्यजीवोंके लद्धिये वि० [२२-२३] संसारी जीवोंके लद्धिये और सिद्धके अलद्धिये आपसमें तूला वि० [२४] शुक्लपक्षीके अलद्धिये वि० [२५] परतजीवोंके अलद्धिये वि० [२६] अभव्यजीवोंके अलद्धिये वि० [२७] वायुकायके अलद्धिया वि० [२८] अपकायके अलद्धिये वि० [२९] पृथ्वीकायके अलद्धिये वि० [३०] तेउकायके अलद्धिये वि० [३१] वेइन्द्रियके अलद्धिये वि० [३२] तेइन्द्रियके अलद्धिये वि० [३३] चोरिंद्रियके अलद्धिये वि० [३४] पांचेंद्रियके अलद्धिये विशेषाधिकार इति ।

इति शीघ्रबोध भाग तीजो समाप्तम्

श्री सयप्रभसूरीश्वराय नम

शीघ्रबोध भाग ४ था

थोकडा नम्बर ३२

सूत्र श्री उत्तराध्ययनजी अध्ययन २४

(अष्ट प्रवचन)

ईर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आदान भंडम-
त्तोधगणसमिति, उच्चार पासवण जल खेल मैल परिठावणिया
समिति, मनोगुप्ति, वचनगुप्ति, कायगुप्ति इन पाच समिति तीन
गुप्ति अन्दर पाच समिति अपवाद है और तीन गुप्ति उत्सर्ग है
जैसे उत्सर्ग मार्गमें गमनागमन करना मना है परन्तु
मार्गमें आहार, निहार, विहार और जिनमन्दिर दर्शन
हो तो ईर्यासमितिपूर्वक जायें उत्सर्ग मार्गमें मु-
यना, परन्तु अपवाद मार्गमें याचना पुच्छना, आज्ञा
आदि पुच्छाका उत्तर देना इन कारणों से बोलना
समिति सयुक्त बोले उत्सर्ग मार्गमें मुनिको आहार
हीं अपवादमें सयम यात्रा-शरीरका निर्वाहके लिये
ना पडे तो एषणासमिति निर्दोष आहार लायें वर,
र्गमें मुनिको निरुपाधि रहना, अपवादमें रक्षा तथा
अह न सहन हो तो मर्यादा माफिक औषधि रखे, उत्सर्गमें

मल मात्र करे नही, आहार पाणीके अभाव परठे नही; अपवाद मार्गमें निर्वद्य भूमिपर विधिपूर्वक परठे।

(१) इर्यासमितिका च्यार भेद है-आलम्बन. काल, मार्ग. यत्ना. जिस्में आलम्बन-ज्ञान, दर्शन, चारित्र. काल-अहोरात्री. मार्ग-कुमार्ग त्याग ओर सुमार्ग प्रवृत्ति. यत्नाका च्यार भेद है-द्रव्य. क्षेत्र, काल, भाव. द्रव्यसे इर्यासमिति-छे कायाके जीवोंकि यत्ना करते हुवे गमन करे. क्षेत्रसे-च्यार हाथ परिमाण भूमि देखके गमनागमन करे. कालसे दिनकों देखके रात्रीमें पूंजके चाले. भावसे-गमनागमन करते हुवे वाचना, पुच्छना, परावर्तना अनुपेक्षा, धर्मकथा न कहे. शब्द, रूप गन्ध. रस, स्पर्शपर उपयोग न रखते हुवे इर्यासमिति पर ही उपयोग रखे।

(२) भाषासमितिके च्यार भेद—द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव. द्रव्यसे-कर्कशकारी, कठोरकारी, छेदकारी, भेदकारी, मर्मकारी, सावद्य पापकारी, मृषावाद ओर निश्चयकारी भाषा न बोले क्षेत्रसे-गमनागमन करते समय रहस्तेमें न बोले. कालसे-एक पहर रात्री जानेके बाद सूर्योदय हो वहांतक उच्चस्वरसे नही बोले. भावसे-राग द्वेष संयुक्त भाषा नही बोले।

(३) एषणासमितिके च्यार भेद--द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव. द्रव्यसे मुनि निर्दोष आहार, पाणी, वस्त्र, पात्र, मकानादिको ग्रहन करे; कारण निर्दोष अशनादि भोगवनेसे चित्तवृत्ति निर्मल रहती है, इसवास्ते फासुक आहार देनेवाले और लेनेवाले दुष्कर बतलाये ह और विगर कारण दोषित आहारादि देनेवाले या लेनेवाले दोनोंको शास्त्रकारोंने चोर बतलाये है श्री स्थानांगसूत्र स्थाने ३ जे तथा भगवतीसूत्र शतक ५ उ० ६ में दोषित आहार देनेसे स्वल्प आयुष्य तथा अशुभ दीर्घायुष्य बन्धते है और भगवतीसूत्र शतक १ उ० ९ में आधाकर्मी आहार करनेवालोंको

मातादृ कर्मोका-बन्ध अनत ससारी और छे कायाकी अनुकम्पा रहित बतलाये है और निर्दोषाहार करनेवालेको शीघ्र ससारसे पार होना बतलाया है। निर्दोषाहार ग्रहन करनेवाले मुनियोको निम्नलिखत दोषोंपर पूर्ण ध्यान रखना चाहिये।

(१) आधाकर्मी दोष—जिनोंके पर्याय नाम च्यार है (१) आधाकर्मी-साधुके निमत्त छे काया जीवोंकि हिंस्या कर अशनादि तैयार करे (२) अधोकर्मी-एसा दोषिताहार करनेवाले आखीर अधोगतिमे जाते है (३) आत्मकर्मी-आत्माके गुण जो ज्ञान दर्शन चारित्र है उनोंके उपर आच्छादन करनेवाले है (४) आत्मघ्नकर्मी-आत्मप्रदेशोंके साथ तीव्र कर्मोका बन्ध घन मापिच करनेवाले है। आधाकर्मी आहार लेनेसे आठ जीव प्रायश्चितके भागी होते है यथा— आधाकर्मी आहार करनेवाला, करानेवाला लेनेवाला, देनेवाला दीरानेवाला, अनुमोदन करनेवाला, खाने वाला, और आलोचना नही करनेवाला इसवास्ते मुनिकों सदैव निर्वद्याहार ही करना चाहिये।

एक मुनि निर्वद्य फासुक जल लेके जगलमे ध्यान करनेको गया था उस जल भाजनको एक वृक्षके नीचे रख आप कुच्छ दूर चले गये थे पीच्छेसे सैन्य रहित पीपासा पिडित एक राजा उन वृक्ष नीचे आया मुनिका शीतल पाणी देख राजाने जलपान कर लिया पीच्छेसे राजाकि सेना आइ, उन मुनिके पात्रमे राजा अपना जल डालके सब लोक चले गये। कुच्छ देरी से मुनि उन वृक्ष नीचे आया, अपना जल समझके जलपान कीया दोना पाणीका असर एसा हुवा कि राजाको ससार असार लगने लगा, और योग धारण करनेकी इच्छा हुइ इधर मुनिको योगसे रूची हटके ससारकि तर्फ चित्त आकर्षण होने लगा देखिये सदोष, निर्दोष आहार पाणीका येसा असर है आगेके समझदार श्रावकोंने

मुनिजीको जुलाव दीया और अकलमन्द प्रधानोंने राजाको जुलाव दीया. दोनोंके पाणीका अंश निकल जाने से राजा राजमें और मुनि अपने योगमें रमणता करने लगे.

[२] उद्देसीक दोष—एक साधुके लिये किसीने आहार बनाया है वह साधु गवेषना करने पर उसे मालुम हुवा कि यह आहार मेरे ही लिये बना हैं उसे आधाकर्मी समजके ग्रहन नही किया अगर वह आहार कोइ दुसरा साधु ग्रहन न करे तो उनोंके लिये उद्देसीक दोष है.

[३] पूतिकर्म दोष—निर्वद्याहारके अन्दर एक सीत मात्र भी आधाकर्मीकि मील गइ हो तथा सहस्र घरोंके अन्तर भी आधाकर्मीका लेप मात्र भी मीला हुवा शुद्धाहारभी ग्रहन करनेसे पूतिकर्म दोष लगते है. श्री सूत्रकृतांग अध्ययन पहले उद्देसे तीजे पूतिकर्माहार भोगवनेवालोंको द्रव्ये साधु और भावे गृहस्थ एवं दो पक्ष सेवन करनेवाला कहा है ।

[४] मिश्रदोष—कुच्छ गृहस्थोंका कुच्छ साधुवोंका निमित्त से बनाया आहार लेनेसे मिश्रदोष लगता है ।

[५] ठवणा दोष—साधुके निमत्त स्थापके रखे.

[६] पाहुडिय—महेमान—कीसी महेमानोंको जीमाणा है. साधुके लिये उनोंकि तीथी फीरा देवे उन महेमानोंके साथ मुनि कों भी मिष्टान्नादि से तृप्त करे । एसा आहार लेना दोषित है ।

[७] पावर—जहां आंधेरा पडता हो वहां साधुके निमित्त प्रकाश [बारी] करवाके आहार देना.

[८] क्रिय—क्रियविक्रय. मुनिके निमित्त मूल्य लायके देवे.

[९] पामिच्चे दोष—उधारा लाके देवे.

[१०] परियठे दोष—वस्तु बदलाके देवे

[११] अभिहड दोष—अन्यस्थानसे सन्मुख लाके देवे

[१२] भिन्नेदोष—छान्दो कीमाडादि खुलवाके देवे

[१३] मालोहड दोष—उपरसे जो मुश्किलसे उतारी जाये पसे स्थानसे उतारके दी जाये।

[१४] अच्छीजे दोष—निर्बल जनोंसे सबल जबरदस्ति बलात्कारे दीराये उसे लेना

[१५] अणिसिट्ठ दोष—दो जनोंके विभागमें हो एकको देने का भाव हो एकके भाव न हो वह वस्तु लेवे तो भी दोषित है

[१६] अज्झोयर दोष—साधुके निमित्त कमाहार बनात समय ज्यादा करद वह आहार लेना। ,,

इन १६ दोषोंको उद्गमन दोष कहते है यह दोष जो गृहस्थ भद्रीक साधु आचार्मे अज्ञात और भक्तिके नाममे दोष लगाते है

[१७] धाइदोष—धात्रीपणा याने गृहस्थ लोगोंके बालबचों को रमाना, खेलाना इनोंसे आहार लेना। ,

[१८] दुइदोष—दूतिपणा इधर उधर व समाचार कह के आहार लेना

[१९] निमित्तदोष—भूत भविष्यका निमित्त कहके आ० ,,

[२०] आजीवदोष—अपनि जातिका गौरव बतलाके ,,

[२१] वणिमग्गदोष—रांककि माफिक याचना कर आ०,,

[२२] तिगच्छदोष—औषधि वगरह बतलाके आ० ,

[२३] कोहदोष—क्रोध कर भय बतलावे आहार लेना

[२४] माणदोष—मान अहंकार कर आहार लेना

[२५] मायादोष—मायावृत्ति कर आहार लेना

[२६] लोभदोष—लालच लोलुपता से आहार लेना

[२७] पुव्वपच्छासंथुव दोष—आहार ग्रहन करनेके पहले या पीछे दातारके गुण कीर्तन करके आहार लेना।

[२८] विज्जादोष—गृहस्थोंको विद्या बतलाके अर्थात् रोहणि आदि देवीयोंको साधन करनेकी विद्या „

[२९] मित्तदोष—यंत्र मंत्र शीखाना अर्थात् हरीणगमेषी आदि देवतोंका साधन करवाना „

[३०] चून्नदोष—एक पदार्थके साथ दुसरा पदार्थ मीला के एक तीसरी वस्तु प्राप्त करना सीखाके „

[३१] जोगेदोष—लेप वसीकरणादि बताके आ० „

[३२] मूलकम्मेदोष—गर्भापात्तादि औषधीयों उपायों बतलाके आहार पाणी ग्रहन करना दोष है.

[क] यह सोलह दोष मुनियोंके कारण से लगते हैं वास्ते मोक्षाभिलाषीयोंको अपने चारित्र विशुद्धिके लिये इन दोषोंको टालना चाहिये इन १६ दोषोंको उत्पात दोष कहते है ।

[३३] सकिए दोष—आहार ग्रहन समय मुनिकों तथा गृहस्थोंको शंका हो कि यह आहार शुद्ध है या अशुद्ध है, एसे आहारकों ग्रहन करना यह दोष है ।

[३४] मंक्खिए दोष—दातारके हाथकि रेखा तथा वाल कच्चे पाणी से संसक्त होनेपर भी आहार ग्रहन करना ।

[३५] निक्खित्तिये दोर्ष—सचित्त वस्तुपर अचित्ताहार रखा हुवा आहार ग्रहन करे.

[३६] पहियेदोष—अचित्तवस्तु सचित्तसे ढांकी हुइ हो „

[३७] मिसीयेदोष—सचित्त अचित्त वस्तु सामिल हो „

[३८] अपरिणियेदोष—शस्त्र पूरा नहीं लागा हो अर्थात् जो जलादि सचित्तवस्तु है उनोंको अग्न्यादि शस्त्र पूरा न लगा हो „

[३९] सहारियेदोष—एक वर्तनसे दुसरे वर्तनमें लेके देवे

यह कटोरी कुडछी लीस पडी रहने से जीवोंकि विराधना होती है और धोने से पाणीके जीवोंकी विराधना हो ,,

[४०] दायगोदोष—दातार अंगोपागसे हिन हो, अंधा हो जिनसे गमनागमनमें जीव विराधना होती हो ,

[४१] लीप्तदोष—तत्कालका लिपा हुवा आंगण हो ,

[४२] छड्डियेदोष—घृतादिके छांटे टीपक पडते देवे ,,

[क] यह दश दोष मुनि गृहस्थों दोनोंके प्रयोग से लगते है वास्ते दोनोंको ख्याल रखना चाहिये। यह ४२ दोष श्री आचाराग सूयगडायाग तथा निशिथसूत्रोंमें और विशेष खुलासा पिंड निर्युक्तिमें है। प्रसगोपात अन्य सूत्रों से मुनि भिक्षाके दोष लिखे जाते है।

श्री आवश्यकसूत्रमें [१] गृहस्थोंके घरका कमाड दरवाजा खुलाके तथा कुच्छ खुला हो उनोंके अन्दर जा क भिक्षा लेना मुनियोंके लिये दोषित है [२] शीतलेक दशामें पहले उतरी हुइ रोटी तथा धान बीच चावल अग्रभागका गौ कुत्तादिको डालते है वह लेना मुनिको दोषित है [३] दव देवीके बलीका आहार लेना दोषित है [४] विगर देखी हुइ वस्तु लेना दोष है [५] पहले निरस आहार आया हो पीछेसे कीसी गृहस्थोंने सरसाहारकि आमत्रण करी हो यह लोलुपतासे ग्रहन करते समय विचार करे कि अगर आहार यह खावेंगे तो निरस आहार परठ देंगे तो दोषित है कारण आहार परठनेका बडा भारी प्रायश्चित है

श्री उत्तराध्ययनजीसूत्र—

[१] अज्ञात कुलकि भिक्षा न करना अपने सज्जन संबंधी योंके कदापि भिक्षा करना दोष है [२] मकारण यान बिना कारण आहार करना भी दोष है वह कारण छ प्रकारके है शरीर मे रोगादि होने से उपसर्ग होने से , ब्रह्मचर्य न पलता हो तो०

जीव रक्षा निमित्त॰ तपश्चर्या निमित्त॰ और अनसन करने निमित्त इन छे कारण से आहारका त्याग कर देना चाहिये। और छे कारण से आहार करना कहा है क्षुधा वेदना सहन नही हो सके, आचार्यादिकि व्यावच्च करना हो, इर्या सोधनेके लिये, संयम यात्रा निर्वाहानेको, प्राणभूत जीव सत्वकि रक्षा निमित्ते. धर्मकथा कहनेके लिये इन छे कारणों से मुनि आहार कर सके है।

श्री दशवैकालिक सूत्रमें—

[१] निचा दरवाजा हो वहां गौचरी जानेमे दोष है कारण सिरके लग जावे पात्रा विगेरे फूट जानेका संभव है।

[२] जहांपर अन्धकार पडता हो वहां जानेमें दोष है.

[३] गृहस्थोंके घर द्वारपर बकरे बकरी [४] बचे बची [५] श्वान कुत्ते [६] गायोंके वाछरू बेठे हो उनोंको उलंगके जाना दोष है। कारण वह भीडके–भय पामे इत्यादि [७] औरभी कोइ प्राणी हो उनोंको उलंघके जानेसे दोष है कारण यहां शरीर या सयमकि घात होनेका प्रसंग आ जाते हैं।

[८] गृहस्थोंके वहां मुनि जानेके पहले देनेकि वस्तुवों आघी–पाछी कर दी हो संघटेकि वस्तुवों इधर उधर रख दी हो वह लेनेमें दोष है।

[९] दानके निमित्त बनाया हुवा भोजन [१०] पुन्यके निमित्त [११] वणिमग्ग–रांकादिके [१२] श्रमण शाक्यादिके निमित्त इन च्यारोंके लिये बनाया हुवा भोजन मुनि ग्रहन करे तो दोष। अगर गृहस्थ उन निमित्तवालोंको भोजन कराके बचा हुवा आहार अपने घरमें खाते पीते हो तो उनोंके अन्दर से लेना मुनिको कलपता है कारण वह आहार गृहस्थोंका हो चुका है।

[१३] राजाके वहांका बलीष्टाहार तथा राज्याभिशेक स-

मयका आहार (शुभाशुभ निमित्त) या राजाके वचीत आहारमें पहालोगोंके भाग होते हैं वास्ते अन्तरायका कारण होनेसे दोष है।

[१४] शय्यातर—मकानके दातारका आहार लेनेमें दोष

[१५] नित्यपंड—नित्य एक ही घरका आहार लेना दोष

[१६] पृथ्व्यादि सघटे से आहार लेना दोष है।

[१७] इच्छा पुरण करनेवाली दानशालाका आहार लेना,,

[१८] कम खानेमें आवे ज्यादा परठना पडे एसा आहार,

[१९] आहार ग्रहन करनेके पहले हस्तादि धोके तथा आहार ग्रहन करनेके बाद सचित्त पाणी आदिसे हाथ धोवे एसा आहार लेना दोष है।

[२०] प्रतिनिषेध कुल स्वल्पकालके लिये सुवासुतक (जन्म मरण) वाले कुलमें तथा जावजीव-चंडालादि कुलमें गोचरी जाना मना है अगर जावे तो दोष है।

[२१] जाम कुलमें आसेवा बाद चलन अच्छा न हो एसे अप्रतितकारी कुलमें मुनि गोचरी जाय तो दोष है।

[२२] गृहस्थ अपने घरमें आनेके लिये मना करदो हो कि मेरे घर न आना उस कुलमें गोचरी जाना दोष है।

[२३] मदिरापान लेना तथा करना महा दोष है।

श्री आचारांगसूत्र—

(१) पाहुणोंके लिये बनाया आहार जहांतक पाहुणा भोजन नहीं किया हो वहांतक वह आहार लेना दोष है।

(२) त्रस जीवका मास बिलकुल निषेध है।

(३) जिस गृहस्थोंके पदार्थसे आधा भाग तथा अमुक भाग पुन्यार्थ निकालते हो उनोंसे अशनादि लेवे वह भी दोष है।

(४) जहां बहुत मनुष्योंके लिये भोजन किया हो तथा न्याति सबन्धी जीमणवार हो वहां आहार ले तो दोष है।

(५) जहांपर बहुतसे भिक्षुक भोजनार्थी एकत्र हुवे हो उन घरोंमें जा के आहार ले तो दोष [अविश्वास हो]

(६) भूमिगृह तखानादिसे निकालके आहार देवे तो दोष।

[७] उष्णादि आहारको फूक दे आहार दे तो भी दोष है।

[८] वींजणादि से शीतल कर आहार दे तो भी दोष है।

श्री भगवतीसूत्रमें—

[१ लाये हुवे आहारको मनोज्ञ बनानेके लिये दूसरी दफे जैसे दुध आ जानेपर भी सकरके लिये जाना इसे संयोग दोष कहते है।

[२] निरस आहार मीलनेपर नफरत लाके करना इसीसे चारित्रके कोलसा हो जाते है [द्वेषका कारण]

[३] सरस मनोज्ञ आहार मीलनेपर गृद्धि बन जावे तो चारित्रसे धूंवा निकल जावे [रागका कारण]

[४] प्रमाणसे अधिकाहार करनेसे दोष, कारण आलस्य प्रमाद अजीर्णादि रोगोत्पत्तिका कारण है।

[५] पहले पहोरमें लाया हुवा आहारादि चरम पेहरमे भोगवनेसे कालातिकृत दोष लगते है।

[६] दो कोश उपरान्त ले जाके आहार करने से मार्गातिकृत दोष लगता है।

[७] सूर्योदय होनेके पहले और सूर्य अस्त होनेके पीच्छे अशनादि ग्रहन करना तथा भोगवना दोष है।

[८] अटवी विगेरेमें दानशालाका आहार लेना दोष।

[९] दुष्कालमें गरीबोंके लिये किया आहार लेना दोष।

(१०) ग्लानोंके लिये किया आहार लेना दोष।

(११) बादलोंमे अनार्थोंके लिये बनाया आहार लेना दोष

(१२) गृहस्थ नेताकि तोर कहे कि हे स्वामिन् आज ह मारे घरे गोचरीको पधारो इस माफीक जावे तो दोष।

श्री प्रश्नव्याकरण सूत्रमे—

(१) मुनिके लिये रूपान्तर रचना करके देवे जेसे नुकती दानोंका लड्डु बना देवे इत्यादि तो दोष है।

(२) पर्याय बदलके-जेसे दहीका मट्ठा राइता बनाके देवे

(३) गृहस्थोंके यहा अपने हाथों मे आहार लेवे तो दोष

(४) मुनिके लिये अन्दर ओरडादि से आहार लाके देवे तो दोष।

(५) मधुर मधुर वचन बोलके आहारादिकि याचना करे

श्री निशिथसूत्रमें—

(१) गृहस्थोंके यहा जाके पुच्छे कि इस वर्तनमें क्या है? इस्मे क्या है एसी याचना करने मे दोष है।

(२) अटवीमें अनाथ मजुरोंके लिये गया हुवा से याचना कर दीनता से आहार ले तो दोष है।

(३) अन्यतीर्थी जो भिक्षावृत्ति मे लाया हुवा आहार है उनो मे याचना कर आहार ले तो दोष है।

(४) पासत्थे शीथिलाचारीयों से आहार ले तो दोष।

(५) जीस कुलमें गोचरी जावे यह लोग जैन मुनियोंकि दुर्गच्छा करे एसे कुलमे जावे आहार ले तो दोष।

(६) शय्यातरको साथ ले जावे उनोंकि दलाली से अशा नादिकि याचना करना दोष है।

श्री दशाश्रुतस्कन्ध सूत्रमें—

(१) बालकके लिये बनाया हुवा आहार मुनि लेवे तो दोष है कारण बालक रोने लग जावे हठ पकड लेवे।

(२) गर्भवन्तीके लिये बनाया आहार लेवे तो दोष।

श्री बृहत्कल्पसूत्रमें—

(१) अशन, पान, खादिम, स्वादिम यह च्यार प्रकारके आहार रात्रीमें वासी रखके भोगवे तो दोष।

एवं ४२-५-२-२३-८-१२-५-६-२-१ सर्व १०६ जिस्में पांच दोष मांडलेके और १०१ दोष गोचरी लानेका है. द्रव्यसे इन दोषोंको टाले।

(२) क्षेत्रसे दो कोश उपरान्त ले जाके नही भोगवे

(३) कालसे पहिलापहर का लाया चरमपहर में न भोगवे।

(४) भावसे मांडलेके पांच दोष. संयोग, अंगाल, धूम, परिमाण, कारण इनी दोषों कों वर्ज के आहार करे उनसमय सरसराट चरचराट न करे स्वादके लिये एक गलाफका दुसरी गलाफमें न लेवे टेरा टीपके न डाले केवल संयम यात्रा निर्वाहने के लिये. गाडा के भांगण तथा गुमडेपर चगती कि माफीक शरीर का निर्वाह करने के लिये ही आहार करे॥ आहार पाणी के दोष दो प्रकार के होते है। (१) आम दोष जोकि आम दोषवाला आहार पात्रमें आजावे तों भी परठने योग्य होते है। (२) गन्ध दोष जोकि सामान्य दोषीत आहार अनोपयोगसे आ जावे तों उनोकि आलोचना लेके भोगवीया जाते है। आम दोष-वाला आहार बारहा प्रकारके है शेष गन्ध दोषवाला आहार समझना।

आधाकर्मी उद्देसीक पूतिकर्म, मिश्र, सूर्योदय पहलेका, सूर्यास्त पीच्छेका, कालातिक्रमका, मार्गातिक्रमका, ओछामें अ-

धिक किया हुवा, शकावाला, मूल्य लाया हुवा, सचित्त पाणाकी बुन्द जो शीतल आहारमें गीर गइ है वह इति । एषणा समिति ।

(४) आदान मत्त भंडोपगरणीय समिति के च्यार भेद है द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव

द्रव्यसे संयम यात्रा निर्वाहनेको वस्त्रपात्रादि भंडोमत्तो पगरण रखा जाते है उनोंकि सख्या ।

(१) रजोहरण-जीवरक्षानिमित्त तथा जैन मुनियोंका चन्ह इनको शास्त्रकारोने धर्मध्वज कहा है वह आठ अगुलकि दसीयों चौवीस अगुल कि दंडी कुल ३२ अगुलका रजोहरण होनाचाहिये।

(२) मुखवस्त्रिका-मक्खी मच्छरादि त्रस जीवों कि बोलते समय विराधना न हो या सूत्रादिक पर थुक से अशातना न हो बोलते समय मुह आगे रखनेको एकविलस च्यार अगुल समचा रस होना चाहिये ।

(३) चोलपट्टा-कटीबन्ध पाच हाथका होता है ।

(४) चद्दर-मुनियोंको तीन साध्वीयोको च्यार ।

(५) कम्बली-जीवरक्षानिमित्त, गमनागमन समय शरीर आच्छादन करनेको चतुर्मासमें छेघडी, शीतकालमें च्यार घडी उष्णकालमें दो घडी पाछला दिनसे उत्त काल दिन उगणे के बाद कम्बली रखना चाहिये ।

(६) दंडो-मुनियोंको अपने कान प्रमाणे दंडा सयम या शरीर रक्षणनिमित्त रखना चाहिये।

(६) पात्रे-काष्टके तुंबेके मट्टीके आहार पाणी लानेके लिये एक बिलसके बाटे हो तीन बिलास च्यारागुलके परधीवाले ।

(८) झोली-पात्रे बन्ध जानेके बाद गाठसे च्यारों पले च्यारागुल ज्यादा रहना चाहिये आहार लेनेको ।

(९) गुच्छ-उनके गुच्छे पात्रोंके उपर नीचे देके जीवरक्षाके लिये पात्रा बन्धनेको रख जाते हैं ।

(१०) रजतान—पात्रे वन्धते समय विचमें कपडे दिये जाते है. जीवरक्षा तथा पात्रोंकी रक्षा निमित्त ।

(११) पडिले-अढाइ हाथके लंबे, आधा हाथसे ज्यादा चोडे घट कपडेके ३-५-७ पडिले गोचरी जाते समय झोलीपर डाले जाते है. जीवरक्षा निमित्ते ।

(१२) पायकेसरी—पात्रे पुंजनेके लिये छोटी पुंजणी. जीवरक्षा निमित्त ।

(१३) मंडलो-आहार करते समय उनका वस्त्र-पात्रोंके नीचे बीछाया जाते है, जिनसे आहार कीसी धरतीपर न गीरे. जीवरक्षाके निमित्त रखते है ।

(१४) संस्तारक—उनका २॥ हाथ लम्बा रात्रीमें संस्तारा -शयन समय विछाया जाता है ।

कंचवों और जंघीयों यह साध्वीयोंको शीलरक्षा निमित्त रखा जाते है, इन सिवाय उपग्रहा ही उपगरण जो कि—

ज्ञाननिमित्त—पुस्तक पाने कागज कलम सहि आदि।

दर्शननिमित्त—स्थापनाचार्य स्मरणका आदि ।

चारित्रनिमित्त—दंडासन तृपणी लुणा गरणा आदि ।

(१) द्रव्यसे इन उपगरणोंको यत्नासे ग्रहन करे, यत्नासे रखे, यत्नासे काममें ले-वापरे-भोगवे ।

(२) क्षेत्रसे सब उपकरण यथायोग योग्यस्थानकपर रखे. न कि इधर उधर रखे सो भी यत्नापूर्वक ।

(३) कालोकाल प्रतिलेखन करे. प्रतिलेखन २५ प्रकारकी है जिस्मे बारह प्रकारकी प्रशस्त प्रतिलेखन है ।

१ प्रतिलेखन समय वस्त्रकों धरतीसे उंचा रखे ।

२ प्रतिलेखन समय वस्त्रकों मजबुत पकडे ।

३ उतावला-आतुरतासे प्रतिलेखन न करे ।

४ वस्त्रके आदि अन्त तक प्रतिलेखन करे ।

इन च्यार प्रकारकी प्रतिलेखनको दृष्टिप्रतिलेखन कहते है ।

५ वस्त्रपर जीव चढ गया हो तो उसे थोडासा खखेरे ।

६ खखेरनेसे न निकले तो रजोहरणसे पुजे ।

७ वस्त्र या शरीरको हीलावे नहीं ।

८ वस्त्रके शल पड जानेपर मसले नही झट न देवे ।

९ स्वल्प भी वस्त्र विगर प्रतिलेखन कीया न रखे ।

१० ऊचा नीचा तीरछा भित विगेरेके अटकाये नहीं ।

११ प्रतिलेखन करते जीवादि दृष्टिगोचर हो तो यत्नापूर्वक परठे ।

१२ वस्त्रादिको झटका पटका न करे ।

इनको प्रशस्त प्रतिलेखन कहते है अन्य अप्रशस्त कहते है, जल्दी जल्दी करे, वस्त्रको मसले ऊंचा नीचा अटकावे, भीत जमीनका साहारा लेवे, वस्त्रको झटकावे, वस्त्र इधर उधर तथा प्रतिलेखन किया हुवा-विगर किया हुवा सामिल रखे, वेदिका दोष न करे यानि एक गोडेपर दोनों हाथ रख प्रतिलेखन करे, दोनों हाथ गोडोंसे निचे रखे, दोनों हाथ गोडोंसे उचे रखे, दोनों हाथ गोडोंके भीतर रखे, एक हाथ गोडोंके अन्दर एक बहार यह पांच वेदिका दोष है । (दोनों हाथ गोडोंसे कुच्छ उंचा रखना शुद्ध है) वस्त्रको अति मजबुत पकडे, वस्त्रको बहुत लम्बा करे वस्त्र जमीनको लगावे एक ही नजरमें संपूर्ण वस्त्रकी प्रतिलेखन करे शरीर वस्त्रको वारवार हलावे पांच प्रकारके प्रमाद करता-हुवा प्रतिलेखन करे इन बारह प्रकारकी प्रतिलेखनको अप्रशस्त कहते है एक २५ प्रतिलेखन करता [illegible] पडोसे

गीणती करे, उपयोगशुन्य हो एवं २५ प्रकारकी प्रतिलेखन हुइ इससे न्युन भी न करे, अधिक भी न करे, विप्रीत न करे, जिस्के विकल्प आठ है।

सं.	ज्यादा.	कम.	विप्रीत.	सं.	ज्यादा.	कम.	विप्रीत.
१	नकरे	नकरे	नकरे	५	करे	नकरे	नकरे
२	नकरे	नकरे	करे	६	करे	नकरे	करे
३	नकरे	करे	नकरे	७	करे	करे	नकरे
४	नकरे	करे	करे	८	करे	करे	करे

इन आठ भांगासे प्रथम भांगा विशुद्ध है, सात भांगा अशुद्ध है. प्रतिलेखन करते समय परस्पर वार्ते न करे, च्यार प्रकारकी विकथा न करे, प्रत्याख्यान न करे न करावे, आगमवाचना लेना, आगमवाचना देना. यह पांच कार्य न करे अगर करे तो छे कायाके विराधक होते है।

(४) भावसे भंड उपगरणादि ममत्वभाव रहित वापरे, संयमके साधन-कारण समझे।

(५) परिष्टापनिका समितिके च्यार भेद है. द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव. जिस्में द्रव्यसे मल, मूत्र, श्लेष्मादि बडी चातुर्यसे परठे. कारण प्रगट आहार-निहार करनेसे मुनि दुर्लभबोधि होता है।

(१) कोइ आवे नही देखे नही वहां जाके परठे।
(२) कोसी जीवोंको तकलीफ या घात न हो वहां परठे।
(३) विषम भूमि हो वहांपर न परठे
(४) पोली भूमि हो वहां न परठे कारण निचे जीवादि.
(५) सचितभूमिका हो वहां न परठे। [होतो मरे।

(६) विशाल लम्बी चोडी हो वहा जाके परठे।
(७) स्वल्प कालकि अचित भूमि हो वहा न परठे।
(८) नगर ग्रामके नजदीकमें न परठावे।
(९) मूषादिके बील हो वहापर न परठे।
(१०) जहा निलण फूलण त्रस प्राणी हो वहा न परठे।

इन दशों स्थानोंका विकल्प १०२४ होते है जिस्मे १०२३ विकल्प तो अशुद्ध है मात्र १ भागा विशुद्ध है जहातक बने वहा तक विशुद्धिकि गप करना चाहिये।

(२) क्षेत्रसे मुनियोंको मल मात्र जगल नगरसे दुर जाना चाहिये जहा गृहस्थ लोग जाते हो वहा नही जाना चाहिये नगरके बाहार ठेरे होतों नगरमे तथा नगरके अन्दर ठेरे होतों गृहस्थोंके घरमें जाके नहीं परठे।

(३) कालसे कालोकाल भूमिकाकी प्रतिलेखन करे।

(४) भावसे पूजी प्रतिलेखी भूमिकापर टटी पेशाब करते समय पहिले आयस्सही तीन दफे कहे 'अणुजाणह जस्सग्गो' आज्ञालेके परठनेके बाद 'वोसिरामि' तीन दफे कहे पीछा आति वख्त 'निसिही' शब्द कहे स्थानपर आवे इर्यावहि याने आलोचना करे इति समिति

(१) मनोगुप्तिका चार भेद द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, द्रव्यसे मनको सावध—सारभ समारभ आरभमें न प्रवतावे क्षेत्रमे सर्वत्र लोकमें कालसे जाव जीवतक भावसे मन आर्त रोद्र विषय कषायमें न प्रवर्तावे

(२) वचनगुप्तिका चार भेद द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव द्रव्यसे चार प्रकारकी विकथा न करे क्षेत्रसे सर्वत्र लोकमे कालसे जाव जीवतक भावसे राग द्वेष विषयमे वचन न प्रवर्तावे सावध न बोले

(३) कायगुप्तिका चार भेद. द्रव्य, क्षेत्र. काल, भाव, द्रव्यसे खाजखुने नहीं. मैल उतारे नहीं. थुक थूके नहीं. आदि शरीरकी शुश्रुषा न करे. क्षेत्रसे सर्वत्र लोकमें. कालसे जावजीव तक. भावसे कायाको सावद्ययोगमें न प्रवर्तावे. इति तीन गुप्ति.

सेवं भंते सेवं भंते—तमेवसच्चम्.

—•—

थोकडा नम्बर ३३

(३६ बोलोंका संग्रह)

(१) असंयम. यह संग्रह नयका मत है।

(२) बन्ध दो प्रकारका है (१) रागबन्धन (२) द्वेषबन्धन।

(३) दंड ३ मनदंड, वचनदंड, कायदंड, ३ गुप्ति—मनगुप्ति, वचनगुप्ति, कायगुप्ति. ३ शल्य—मायाशल्य, नियाणाशल्य, मिथ्याशल्य. ३ गार्व—ऋद्धिगार्व, रसगार्व सातागार्व ३ विराधना—ज्ञानविराधना, दर्शनविराधना, और चारित्र विराधना.

(४) चार कषाय—क्रोध, मान, माया, लोभ. ४ विकथा—स्त्रीकथा, राजकथा, देशकथा, भक्तकथा. ४ संज्ञा—आहारसंज्ञा. भयसंज्ञा, मैथुनसंज्ञा, परिग्रहसंज्ञा. ४ ध्यान—आर्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्मध्यान, शुक्लध्यान.

(५) पांच क्रिया—काईया, अधिगरणिया, पाउसिया, परितापणिया, पाणाईवाईया. पांच कामगुण—शब्द, रुप, गन्ध, रस, स्पर्श। ५ समिति—इर्यासमिति, भाषासमिति एषणासमिति, आदान भंडमत निक्षेपणासमिति, उच्चार पासवण जलखेलमेल संघयण परिष्टापनिका समिति।५ महाव्रत--सव्वाओ

पाणाईवायाओ वेरमण, सव्वाओ मुषाओ वायाओ वेरमण सव्वाओ अदीन्नादानाओ वेरमण सव्वाओ मेहुआणा वेरमण, सव्वाओ परिगाहो वेरमण।

(६) छे काय—पृथ्वीकाय, अपकाय, तेउकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, त्रसकाय। छ लेश्या—कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या, तेजसलेश्या पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या।

(७) सात भय—आलोक भय, परलोक भय, आदान भय, अकस्मात भय, मरण भय अपयश भय, आजीवका भय।

(८) आठ मद—जातीमद कुलमद, बलमद, रूपमद, तप मद, सूत्रमद, लाभमद, ऐश्वर्यमद।

(९) नौ ब्रह्मचर्यगुप्ति—स्त्री पशु नपुंसक सहीत उपाश्रयम न रहे। यथा बिल्ली और मूषकका दृष्टात १ स्त्रियोंकी कथा वारता न करे। यथा नीबूकी खटाईका दृष्टात २ स्त्री जिस आसनपर बैठी हो उस आसनपर दो घडीसे पहिले न उठे। अगर बैठे तो सर्पी हुई जमीन पर ठसे हुये घृतका दृष्टात। ३ स्त्रीके अंगोपाग इन्द्रिय वगेरह न देखे। जैसे कची आग और सूर्यका दृष्टात। ४ विषयभोगादि शब्दोंको भींत,ताटा,कनात आदिके अन्तरसेभी न सुने। यथा गजवीज समय मयूरका दृष्टात। ५ पूर्व (गृहस्था श्रम) र कामभोगको याद न करे। इसपर पथिक और डोकरीके छासका दृष्टात। ६ प्रतिदिन सरस आहार न करे। अगर करे तो सन्निपातका रोगमें दूध मिश्रीका दृष्टात। ७ प्रमाणसे अधिक आहार न करे। जैसे सेरकी हंडीमें सवासेर पकाना (राधना) का दृष्टात ८ शरीरकी शुश्रुषा विभूषा न करे। अगर करे तो काजलकी कोटरीमें सफेद कपडेका दृष्टात ९

१०) दश यति धर्म—खंते (क्षमा करना) मुत्ते (निर्लोभता) अज्जवे सरलता) मद्दवे (मदरहित) लाघवे (द्रव्य

भावसे हलका) सच्चे (सत्य बोले०) संयमे (१७ प्रकार संयम पाले) तवे (१२ प्रकारका तप करे) चईए (ग्लानिमुनिको आहार प्रमुख लादे) बंभचेरे (ब्रह्मचर्य पाले)

(११) इग्यारा श्रावक प्रतिमा (अभिग्रह विशेष) दर्शन प्रतिमा, व्रतप्रतिमा, आवश्यकप्रतिमा, पौषधप्रतिमा, एकरात्रीप्रतिमा ब्रह्मचर्यप्रतिमा, सचित्तप्रतिमा, आरंभप्रतिमा, सारंभ प्रतिमा, अदिट्ठभूतप्रतिमा, श्रमणभूतप्रतिमा, विस्तारमें शीघ्रबोध भाग २० वा में.

(१२) बाराहों भिक्षुप्रतिमा. क्रमशः सातों प्रतिमा एकेक मासकि है, आठवी प्रथम सात रात्री, नौवी दुसरे सात रात्री, दशवी तीसरे सात रात्रीकी, इग्यारवी दो रात्रीकी, बारहवी एक रात्रीकि महाप्रतिमा इनका भी सविस्तर वर्णन शीघ्रबोध भाग २० पृष्ट में देखो ।

(१३) तेरहा क्रिया. अर्थदंडक्रिया, अनर्थदंडक्रिया. हिंसादंड, अंकशमात्र, अज्झत्थदोषवत्तिया, पेज्जवत्तिया, मित्रदोषवत्तिया, मोसवत्तिया, अदत्तवत्तिया, मानवत्तिया, माया० लोभ० इर्यावहिक्रिया.

(१४) जीवके चौदे भेद —सूक्ष्मएकेन्द्री, बादरएकेन्द्री, बेइन्द्री, तेइंद्री, चौरेन्द्रि, असन्नीपंचेन्द्री, सन्नीपंचेन्द्री इन सातों का पर्याप्ता अपर्याप्ता गणने से चौदे भेद हुवे.

---

(१५) पनरह परमाधांमी देवता—आंम्रे, अम्ररसे, सांबे, सबले, रुद्दे, विरुद्दे, काले, महाकाले, असीपति धणु, कुंभे, वालु वेतरणी, खरखरे, महाघोषे.

(१६) सुयगडांगसूत्रके प्रथम स्कंधका सोलह अध्ययन—स्वसमय परसमय, वेताली, उपसर्गप्रज्ञा, स्त्रीप्रज्ञा, नरक० वीरस्थुई० कुसीलप्रवास० धर्मपन्नति० वीर्य० समाधी० मोक्षमार्ग०

समोसरण० यथास्थित० ग्रन्थ अध्ययन० यमतिथि अध्ययन० गहा अध्ययन०

(१७) सतरह प्रकारे सयम—पृथ्विकायसयम, अप्पकाय० तेउकाय० वायुकाय० वनस्पतिकाय० बेइन्द्री० तेइन्द्री० चौरिंद्री० पचेन्द्री० अजीव० प्रक्षा० (जयणापूर्वक वर्ते बहु मूल्य वस्तु न वापरे) उपेक्षा० (आरभ तथा उत्सूत्रादि न प्ररुपे) पुजणप्रतिलेखन० परठावणीय० मन० वचन० काय०

(१८) ब्रह्मचर्य १८ प्रकार—औदारिक शरीर सबधी मैथुन (न सेवे) न करे न दूसरेसे करावे और न करतेको अच्छा समजे मनसे, वचनसे, कायासे यह नौ भेद औदारिक के हुये ऐसे ही नौ वैक्रियसे भी समज लेना एवम् १८

(१९) ज्ञातासूत्रका अध्ययन १९ मेघकुमार धनासार्थवाह, मोरडीकाईडा, कूर्म-काच्छप, शैल्कराजऋषीश्वर, तूंबडीके लेप का, रोहिणीजीका, मल्लीनाथजीका, जिनऋषीजिनपालका, चन्द्र मासीकन्याका, दवदवावृक्षका, जयशत्रु राजा और सुबुद्धि प्रधान का, नन्दनमणीयारका, तेतलीप्रधान पोटलासोनारीका, नदीफल वृक्षका, महासती द्रौपदीका, कालोदधीपके अश्वोंका, सुसमा बाल-काका पुडरीकजीका

(२०) असमाधीस्थान—वीस बोलोंको सेवन करनेसे स यम असमाधी होते है। धमधम करते चले, विना पुजे चले, कहीं पुजे और कहीं चले, मर्यादासे उपरान्त पाट पाटलादिक भोगवे, आचार्यापाध्यायका अवर्णवाद बोले स्थिवरकी घात चितवे, प्रणभूतकी घात चितवे प्रतिक्षण क्रोध करे, परोक्षे अव गुणवाद बोले, शंकाकारी भाषाको निश्चयकारी बोले, नया क्रोध करे, उपशमे हुये क्रोधको फीर उत्पन्न करे अकालमे सझाय करे सचित रजयुक्तपावसे आसनपर बैठे पेहररात्री पीछे दिन निप

ले वहांतक उंचे स्वरसे उच्चारण करे, मनसे झुंझकरे, वचनसे झुंझकरे, कायसे झुंझकरे, सूर्यके उदयसे अस्त तक खाउंखाउं करे, आहारपानीकी शुद्ध गवेषणा न करे तो असमाधी दोष लगे.

(२१) सबला—यह एकवीस दोषका सेवन करनेसे संयमकी घातरूपी सबला दोष लगे. हस्तकर्म करेतो॰ मैथुन सेवेतो॰ रात्रिभोजन करेतो॰ आधाकर्मी आहार करेतो॰ राजपिंड भोगवेतो॰ पांच+ दोष सहित आहार करेतो॰ वारंवार प्रत्याख्यान भांगेतो॰ दिक्षा लेकर छे महीना पहिले एक गच्छसे दूसरे गच्छमें जावेतो॰ एक मासमें तीन नदीका लेप लगावेतो॰ एक मासमें तीन मायास्थान सेवेतो॰ सिज्झातरका पिंड (आहार) भोगवेतो॰ आकुटी (जानकर) जीव मारेतो॰ जानकर झूठबोलेतो॰ जानकर चोरी करेतो॰ सचित्त पृथिवी उपर बेठे जीवको उपसर्ग करेतो॰ स्निग्ध पृथिवीपर बैठके जीवको उपद्रव करेतो॰ प्राण भूत जीव सत्ववाली धरतीपर बैठेतो॰ दशज्ञातकी हरी वनास्पति खावेतो॰ एक वर्षमें दश नदीका लेप लगावेतो॰ एक वर्षमें दश मायास्थान सेवेतो॰ सचित पानी पृथ्वी आदि लगेहुवे हाथसे आहारपांनी लेतो सबला दोष लागे।

(२२) बावीस परिसह—क्षुधा, पीपासा, शीत, उष्ण, डांस, (मच्छर) अचेल (वस्त्ररहित) अरति, स्त्री, सिझाय, चर्या (चलना) निसिया, (बैठना) आक्रोश. वद्ध याचना, अलाभ, रोग, तृणस्पर्श जलमेल. सत्कार, प्रज्ञा अज्ञान, और दर्शन परिसह.

(२३) सुयगडांगसूत्रके पहले दूसरे श्रुत स्कंधके २३ अध्ययन जिसमें पहिले श्रुत स्कंधके १६ अध्ययन सोलहवें बोलमें लिखआये

+ पांच दोष—उदेसिक, कृतगड, पामीचे, अछीजे, अणिसीटे.

है और दूसरे श्रुत स्कधके सात अध्ययन—पुष्करणीबावडीका० क्रियाका० भाषाका० अनाचारका० आहारप्रज्ञा० आर्द्रकुमारका० उदक पेढालपुत्रका० एव २३

(२४) चौबीस तीर्थंकर—ऋषभदेवजी अजीत सभव, अभिनदन, सुमती पद्मप्रभु सुपार्श्व चन्द्रप्रभु सुनिधि, शीतल, श्रेयास, वासुपूज्य विमल, अनन्त, धर्म शान्ति, कुन्थु, अर, मल्लि, मुनिसुव्रत, नमि, नेमि पार्श्व, वर्धमान० एव २४ तथा देवता-दश भुवनपति, आठ वाणव्यतर पाच ज्योतिषि, एक वैमानिक एव २४ देव।

(२५) पाच महाव्रतकी पचवीस भावना (सयमकी पुर्णी) यथा पहिले महाव्रतकी पाच भावना—ईर्याभावना मनभावना, भाषाभावना, भडोपगरण यत्नापूर्वक लेने रखनेकि भावना, आहारपानीकी शुद्ध गवेषणा करना भावना॥ दूसरे महाव्रतकी पाच भावना—द्रव्य, क्षेत्र काल, भाव देखकर विचार पूर्वक बोले, क्रोधके वस न बोले (क्षमा करे) लोभवस न बोले, (सन्तोष रखे) भयवस न बोले (धैर्य रखे) हास्यवस न बोले (मौन रखे)॥ तीसरे महाव्रतकी पाच भावना—विचार कर अ विग्रह (मकानादिकी आज्ञा) ले, आहारपानी आचार्यादिककी आज्ञा लेकर वापरे, आज्ञा लेता कालक्षेत्रादिककी आज्ञा ले, सा धर्मीका भडोपगरण वापरे तो रजा लेकर वापरे, ग्लानी आदिक की वैयावच करे॥ चौथे महाव्रतकी पाच भावना—वारवार स्त्रीय श्रृगारादिककी कथा वार्ता न करे स्त्रीके मनोहर इन्द्रियो कों न देखे, पूर्वमें किये हुये काम क्रीडाओंको याद न करे, प्रमाण उपरान्त आहारपानी न वापरे, स्त्रीपुरुष नपुसकवाले मकानमें न रहे॥ पाचवे महाव्रतकी पाच भावना—विषयकारी शब्द न

सुने, विषयकारीरुप न देखे, विषयकारी गन्ध न ले. विषयकारी रस न भोगवे, विषयकारी स्पर्श न करे.

(२६) दशाश्रुतस्कंधका दश अध्ययन, व्यवहारसूत्रका दशअध्ययन, बृहत्कल्पका छे अध्ययन, कुल मिलाकर २६ अध्ययन हुवे.

(२७) मुनिके गुण सत्तावीस—पांच महाव्रत पाले, पांच इन्द्रिय दमे. चार कषाय जीते, मनसमाधी. वचनसमाधी, कायसमाधी, नाणसंपन्ना दर्शनसंपन्ना, चारित्रसंपन्ना, भावसच्चे, करणसच्चे, योगसच्चे, क्षमावंत, वैराग्यवंत, वेदनासहे, मरणका भय नही, जीनेकि आशा नहीं.

(२८) आचारांग कल्पका २८ अध्ययन—आचारांग प्रथम श्रुतस्कंधका नौ अध्ययन—शस्त्रप्रज्ञा. लोकविजय, शीतोष्ण. समकितसार, लोकसार, धुत्ता, विमुखा, उपाधान, महाप्रज्ञा ॥ दूसरे श्रुतस्कंधका १६ अध्ययन—पंडेषणा, सज्झाएषणा. इर्यापषणा. भाषाएषणा वस्त्रेषणा, पात्रेषणा. उग्गपडिमा, उच्चारशतकीया, ठाणशतकीया, निसिहशतकीया, शब्दशतकीया, रुपशतकीया, अन्योन्यशतकीया, प्रक्रीयाशतकीया. भावना अध्ययन, विमुत्ति अध्ययन ॥ निशिथसूत्रके तीन अध्ययन—उग्घाया (गुरु प्रायश्चित्) अनुग्घाया (लघु प्रायश्चित्) आरोपण (प्रायश्चित्त देनेकी विधि).

पापसूत्र—भूमिकंप. उप्पाए, (आकाशमें उत्पातादिक) सुपन (स्वप्ना) अंगे (अग स्फुरण) स्वरं (चन्द्रसूर्यादिक) अंतलिख्खे (आकाशादिम चिन्ह) व्यंजन (तिलमसादि) लख्खण (हस्तादिकी रेखा वगेरे) ये आठ सूत्रसे, आठ वृत्तिसे और आठ सूत्रवृत्ति दोनोंसे. एवम् चोवीस, विकाणुयोग, विज्ञाणुयोग, मंत्राणुयोग, योगाणुयोग, अणतित्थीय पवत्ताणुयोग २९ ॥

(३) महा मोहनियबंधका कारण तीस—१ त्रस जीवोंको पानीमें डुबाकर मारनेसे महा मोहनियकर्म बांधे २ त्रस जीवोंको श्वास रोकके मारे तो० ३ त्रस जीवोंको अग्निमें या धूप देकर मारे तो० ४ त्रस जीवोंको मस्तकपर चोट देकर मारे तो० ५ त्रस जीवोंको मस्तकपर चमडे वगैरेका बंधन देकर मारे तो० ६ पागल (घेला) गूंगा बावला । चित्तभ्रम । वगैरेकी हांसी करे तो० ७ मोटा (भारी) अपराधको गोपकर (छिपाकर) रखे तो० ८ अपना अपराध दूसरेपर डाले तो० ९ भरीसभामें मिश्रभाषा बोले तो० १० राजाकी आती हुई लक्ष्मी रोके या दाणचोरी करे तो० ११ ब्रह्मचारी न हो और ब्रह्मचारी कहावे तो० १२ बाल ब्रह्मचारी न हो और बालब्रह्मचारी कहावे तो० १३ जिसके प्रयोगसे अपनेपर उपकार हुवा हो उसीका अवगुण बोले तो० १४ नगरके लोगोंने पंच बनाया वह उसी नगरका नुकसान करे तो० १५ स्त्री भरतारको या नौकर मालिकको मारे तो० १६ एक देशके राजाकी घात चिंतवे तो० १७ बहुत देशोंके राजावोंकि घात चिंतवे तो १८ चारित्र लेनेवालेका परिणाम गिरावे तो० १९ अरिहंतका अवर्णवाद बोले तो० २० अरिहंतके धर्मका अवर्णवाद बोले तो० २१ आचार्यापाध्यायका अवर्णवाद बोले तो० २२ आचार्यापाध्याय ज्ञान देनेवालेकी सेवाभक्ति यश कीर्ति न करे तो० २३ बहुश्रुति न होकर बहुश्रुति नाम धरावे तो० २४ तपस्वी न होकर तपस्वी नाम धरावे तो० २५ ग्लानीकी व्यावच (टेहल चाकरी) करनेका विश्वास देकर वैयावच न करे तो० २६ चतुर्विधसंघमें छेदभेद करे तो० २७ अधर्मकी प्ररूपणा करे तो० २८ मनुष्य देवतोंके कामभोगमें अतम हो कर मरे तो० २९ कोई श्रावक मरके देवता हुवा हो उसका अवर्णवाद बोले तो० ३० अपने पास देवता न आते हो और कहे कि मेरे पास देवता आता है तो महा मोहनियकर्म बांधे

उपरोक्त तीस बोलोंमें से कोई भी बोलका सेवन करनेवाला ७० कोडाकोडी सागरोपम स्थितिका महा मोहनियकर्म बांधे.

(३१) सिद्धोंके गुण ३१ ज्ञानावर्णिय कर्मकि पांच प्रकृति क्षय करे यथा—मतिज्ञानावर्णिय, श्रुतज्ञा० अवधिज्ञा० मनःपर्यव ज्ञा० केवलज्ञानावर्णिय० दर्शनावर्णियकर्मकी नौ प्रकृति क्षय करे यथा—चक्षुदर्शणावर्णिय, अचक्षुद० अवधिद० केवलद० निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचलाप्रचला. थीणद्धी. वेदनिकर्मकी दो प्रकृति क्षय करे—शाता वेदनिय, अशाता वेदनिय मोहनियकर्मकी दो प्रकृति—दर्शनमोहनी. चारित्रमोहनी आयुष्यकर्मकी चार प्रकृति—नारकी. तिर्यंच मनुष्य, देवताका आयुष्य० नामकर्मकी दो प्रकृति—शुभनाम अशुभनाम, गोत्र-कर्मकी २ प्रकृति—उच्चगोत्र, निचगोत्र और अंतरायकर्मकी पांच प्रकृति—दानांतराय. लाभांतराय. भोगांतराय. उपभोगांतराय, विर्यांतराय. एवं ३१ प्रकृति क्षय होनेसे ३१ गुण प्रगट हुवे है.

(३२) योगसंग्रह—मोक्षके लिये आलोचना देनी, आलोचन देनेवाले सिवाय दूसरेको न कहना. आपत्तीकालमें भी दृढता धारण करनी, किसीकी सहायता विना उपधानादि तप करना, गृहण आसेवना शिक्षा धारणकरनी, शरीरकी सालसंभाल न करनी, गुप्त तपस्या करनी, निर्लोभ रहना, परिषह सहन करना, सरल भाव रखना, सत्यभाव रखना, सम्यक्दर्शन शुद्ध० चित्त-स्थिरता० निष्कपटता० अभिमान रहित० धैर्यता० संवेग० माया-शल्य रहित० शुद्धक्रिया० संवरभाव० आत्मनिर्दोष० विषय रहित० मूलगुण धारणा० उत्तरगुण धारणा० द्रव्यभावसे पापको वोसिरे २ कहना० अप्रमाद० कालोकाल क्रियाकरनी० ध्यानस-माधि धरना० मरणांत कष्ट सहन करना प्रतिज्ञा दृढता० प्राय-श्चित लेना० समाधासे संथारा करना०

(३३) गुरुकी तैतीस आशातना—गुरुके आगे शिष्य चले तो आशातना, गुरुकी बराबर चलेतो० गुरूके पीछे स्पर्श करता चलेतो० एवम् तीन, बैठते समय और तीन खड़े रहते समय तीन एव नौ प्रकारसे गुरुकी आशातना होती है गुरूशिष्य एकसाथ स्थंडिल जावे और एक पात्रमे पानी होतो गुरूसे शिष्य पहिले शुचि करे तो, स्थंडिलसे आकर गुरूसे पहिले इरियावही पडिकमेतो० विदेशसे आयेहुवे श्रावकके साथ गुरुसे पहिले शिष्य वातालाप करेतो० गुरू कहे कौन सूते है और कौन जागते है तो जागताहुवा शिष्य न बोलेतो० शिष्य गौचरी लाकर गुरूसे आलोचना न ले और छोटेके पास आलोचना करेतो० पहिले छोटेको आहार बताकर फिर गुरुको आहार बतावेतो० पहले छोटे साधुको आमंत्रण करके फिर गुरुको आमंत्रण करेतो० गुरुसे बिना पुछे दूसरोंको मनमान्य आहार देतो० गुरुशिष्य एक पात्रमें आहार करे और उसमेंसे शिष्य अच्छा २ आहार करेतो० गुरुके बोलानेपर पीछा उत्तर न देतो० गुरुके बुलानेपर शिष्य आसनपर बैठाहुवा उत्तर देतो० गुरुके बुलानेपर शिष्य कहे क्या कहते हो ऐसा बोलेतो० गुरु कहे यह काम मतकरो शिष्य जवाब दे कि तू कौन कहनेवालातो० गुरु कहे इस ग्लानीकी वैयावच करो तो बहोत लाभ होगा इसपर जवाब दे क्या आपको लाभ नहीं चाहिये ऐसा बोलेतो० गुरुको तुंकारा हुंकारा दे (तूपर बाईसे बोले) तो० गुरुका जासोदाय करेतो० गुरु धर्मकथा करे और शिष्य अप्रसन्न होवतो० गुरु धर्मदेशना देताहो उसवक्त शिष्य कहे यह शब्द ऐसा नहीं ऐसा है तो० गुरु धर्मकथा कहे उस परिषदामें छेदभेद करेतो० जो कथा गुरु परिषदामें कहीथी उसी कथाको उसीपरिषदामें शिष्य अच्छीतरहसे वर्णन करेतो० गुरु धर्मकथा कहरहा और शिष्य कहे गौचरीकी वखत होगई

कहांतक व्याख्यान होगे तो० गुरुके आसनपर शिष्य वैठे तो० गुरुके पाट या बिछौनेको ठोकर लगाकर क्षमा न मांगेतो० गुरुसे ऊचे आसनपर वैठे तो० यह तैतीस आशातना अगर शिष्य करेंगें तो वह गुरु आज्ञाका विराधि हो ससारमें परिभ्रमन करेंगे।

(३४) तीर्थंकरोंके चोतीस अतिसय--तीर्थंकरके केश, नख न वधे सुशोभित रहे० शरीर निरोग० लोहीमांस गोक्षीरजैसा० श्वासोश्वास पद्म कमलजैसा सुगन्धी, आहार निहार चर्मचक्षुवाला न देखे० आकाशमें धर्मचक्र चले० आकाशमें तीन छत्र धारण रहै० दो चामर वींजायमान रहे० आकाशमें पादपीट सहित सिंहासन चले० आकाशमें इन्द्रध्वज चले० अशोकवृक्ष रहे० भामंडल होवे० भूमीतल सम होवे० कांटा अधोमुख होवे० छहो ऋतु अनुकुल होवे० अनुकूल वायु चले० पांच वर्णके पुष्प प्रगट होवे० अशुभ पुद्गलका नाश होवे० सुगंधवर्षासे भूमी स्वच्छ होवे० शुभ पुद्गल प्रगटे० योजनगामिना ध्वनी होवे० अर्ध मागधीभाषामें देशना दे० सर्व सभा अपनी २ भाषामें समझे० जन्मवैर. जातीवैर शांतहो० अन्य मतावलंबी भी आकर धर्म सुने और विनय करे० प्रतिवादी निरूत्तर होवे० पचीस योजनसुधी कोइ किस्मका रोग उपद्रव न होवे० मरकी न होवे० स्वचक्रका भय न होवे० परलश्करका भय न होवे० अतिवृष्टि न होवे० अनावृष्टि नहो० दुकाल न पडे० पहिले हुवा उपद्रव भी शांत होवे० इन अतिशयोंमें ४ अतिशय जन्मसे होते है. ११ अतिशय केवलज्ञान होनेसे होते है और १९ अतिशय देवकृत होते है.

(३५) वचनातिशय पैंतीस--संस्कारवचन, उदात्त गंभीर० अनुनादी० दाक्षिण्यता० उपनीतराग० महा अर्थगभित० पूर्वापर अविरुद्ध० शिष्ट० संदेह रहित० योग्य उत्तरगभित० हृदयग्राही०

क्षेत्रकालानुकूल० तत्वानुरूप० प्रस्तुत व्याख्या० परस्पर अवि रूद्ध० अभिजात० अति स्निग्ध० मधुर० अन्य मर्मरहित० अर्थ धर्मयुक्त० उदार० परनिंदा स्वश्लाघा रहित० उपगतश्लाघा० अनयनीत० कुतूहल रहित० अद्भूत स्वरूप० विलंब रहित० विभ्रमादि दोष रहित विचित्रवचन० आहित विशेष० साकार विशेष० सत्व विशेष० खेद रहित० अव्युच्छेद०

(३६) उत्तराध्ययनसूत्रके ३६ अध्ययन—विनय० परिसह० चउरगिय० असंखय० अकाम सकाम मरण० खुड्डानियंठि० पलय० काविल० नमिपव्वज्जा० दुमपत्तय० बहुस्सुय० हरिएस-बल० चित्तसंभू० उसुयार० भिक्खू० बभचेरसमाहि० पाव समण सजईराय० मियापुत्ती० महानिग्गंथी० समुद्दपालिय० रहनेमी० केसीगोयम० पवयणमाया० जयघोस विजयघोस० सामायारी० खलुंकि० मुक्खमग्गई० समत्त परिक्कमिय० तवमगाय० चरणविहीय० पमायठाण० अठकम्मप्पगडी० लेस० अणगारमग्ग० जीवजीव विभत्ती० इति।

सेवंभते सेवंभते—तमेवसच्चम्

—*◎◎◎*—

थोकडा नम्बर ३४

श्री भगवतीजीसूत्र श० २५ उ० ६

(निग्रन्थोंके ३६ द्वार)

पन्नवणा—प्ररुपणा वेय-वेद ३ राग-सरागी २ कप्प-कल्प ५ चारित्र-सामायिकादि ५ पडिसेवण-दोष लागे के नही ?

ज्ञान-मत्यादि ५, तित्थे-तीर्थमें होवे २, लिंग-स्वलिंगादि शरीर-औदारिकादि, खित्ते-किसक्षेत्रमें, काले-किसकालमें, गतीं-किस गतीमें संयम-संयमस्थान निकासे-चारित्रपर्याय योग-सयोगी अयोगी उपयोग-साकार वहुता २ कषाय-सकषाय २ लेसा-कृष्णादि ६ परिणाम-हियमानादि ३ वंध-कर्मका वेदय-कर्मवेदे, उदीरणा-कर्मकी, उवसंपज्झाण-कहांजावे सन्नो-सन्नाबहुता, आहार-आहारी २ भव-कितना भव करे आगरेस कितने वरुन आवे काल-स्थिती अंतरा समुद्घात-वेदना ७ क्षेत्र-कितने क्षेत्रमें होवे फुसणा-किताक्षेत्रस्पर्शे भाव-उदयादि ५ परिणाम-कितनालाघे अल्पाबहुत्व इति ३६ द्वार।

(१) पन्नवणा-नियठा (साधु) छे प्रकारके है

(१) पुलाक-दो प्रकारके है। (१) लब्धी पुलाक जैसे चक्रवर्ती आदि कोई जैनमुनी या शासनकी आशातना करे तो उसकी सेना वगेरहको चकचूर करनेके लिये लब्धीका प्रयोग करे (२) चारित्र पुलाक—जिसके पांच भेद ज्ञानपुलाक, दर्शन पुलाक, चारित्रपुलाक, लिंगपुलाक, (विना कारण लिंग पलटावे) अहसुहम्मपुलाक, (मनसेभी अकल्पनीय वस्तु भोगनेकी इच्छा करे। जेसे चावलोंकि सालीका पुला जिस्में सार वस्तु कम और मटी कचरा ज्यादा।

(२) वकुश-के पांच भेद है। आभोग (जानता हुवा दोष लगावे) अणाभोग, (विनाजाने दोष लगे) संवुडा. (प्रगट दोष लगावे) असंवुडा. (छाने दोष लगावे) अहासुहम्म, हस्त मुख धोवे या आंखें आंजे) जेसे शालका गाइटा जिस्मे खला करनेसे कुच्छ मट्टी कम हुइ है।

(३) पडिसेवना—५ भेद-ज्ञान, दर्शन, चारित्र में अतिचार लगावे। लिंगपलटावे, आहासुहम, तप करके देवताकी

पदवी पावे । जैसे शालीके गाइठाकों उपण-वायुसे वारीक झीणे कचरेकों उठा दीया परन्तु वडे वडे डाखले रह गये ।

(४) कपायकुशील-५ भेद-ज्ञान, दर्शन, चारित्रमें कपाय करे कपायकरके लिंग पल्टावे, अहासुहम, (तप करी कपाय करे) कचरा रहित शाली ।

(५) निग्रथ-५ भेद-प्रथम समय निग्रथ, (दशमे गुण स्थानकसे, इग्यारावें गु० वाराहवें गु० वाले प्रथम समयवर्त) अप्रथम समय, (दो समयमे ज्यादा हो) चर्मसमय, जिसको १ समयका छद्मस्थापना शेप रहा हो) अचर्मसमय (जिसको दो समयसे ज्यादा वाकी हो) अहासुहम, (सामान्य प्रकारे वर्ते) शालीकों दल छातु निकालके चावल निकाले हुवे ।

(६) स्नातक-५ भेद-अच्छवी, (योगनिरोध) असवले, (अतिचारादि सवला दोप रहित) अकम्मे (घातीकर्म रहित) ससुद्ध ज्ञानदर्शन धारी केवळी, अपरिस्सावी, (अवधक) ज्ञान दर्शनधारी अरिहत जिन केवलीजेसे निर्मल अखडित सुग न्धी चावलोकी माफीक ।

ऐसे छे प्रकारके साधु कहे हैं इनकी परस्पर शुद्धता शालीका दृष्टात देकर समझाते हैं । जैसे मट्टी सहित उखाडी हुई शालाकापुला जिसमें सार कम ओर असार जादा वैसेही पुलाकसाधुमे चारित्रकी अपेक्षा सारकम और अतिचारकी अ पेक्षा असार ज्यादा है दूसरा शालका गाईठा (खला) पहलेसे इसमें सार जादा है क्योंके पुन्मे जो रेतीथी वह निकल गई वैसेही पुलाकसे वकुशमे सार जादा है तीसरा उडाई हुई शाली, जों वारीक कचराथा यह हवासे उड गया वैसेही वकुशसे पडिसे

वनमें सार जादा है. चौथा सर्व कचरा निकाली हुई शाली के समान कषाय कुशील है. पांचवा शालीसे निकालाहुवा चावल इसके समान निग्रंथ है. छठा साफ किया हुवा अखंड चावल जिसमें किसी किस्मका कचरा नहीं वैसे स्नातक साधु है. द्वारम्.

(२) वेद—पुरुष, स्त्री, नपुंसक, अवेदी० जिस्मे पुलाक. पुरूष वेदी और-पुरुष नपुंसकवेदी होते है, बकुश. पु० स्त्री० न० वेदी होते है. वैसेही पडिसेवनमें तीनों वेद. कषायकुशील. सवेदी, और अवेदी, सवेदी होतो तीनोवेद. अवेदी होतो उपशान्त अवेदी या क्षीण अवेदी. निग्रंथ. उपशान्त अवेदी और क्षीण अवेदी होते है. और स्नातक क्षीणअवेदी होते है. द्वारम्.

(३) रागी—सरागी वीतरागा—पुलाक, वुकश, पडिसेवना कषाय कुशील एवं ४ नियंठा सरागी होते है निग्रंथ उपशान्त वीतरागी और क्षाण वीतरागी होते है. स्नातक क्षीण वीतरागी होते है द्वारम्.

(४) कल्प ५=स्थितकल्प, अस्थितकल्प, स्थिवरकल्प, जिनकल्प, कल्पातीत.—कल्प दश प्रकारके है, १ अचेल, २ उदेशी, ३ रायपिंड, ४ सेझात्तर, ५ मासकल्प, ६ चौमासीकल्प, ७ व्रत, ८ पडिक्कमण, ९ किर्तीकर्म, १० पुरुषाजेष्ट, यह दशकल्प० पहिले और छेहले तीर्थंकरोंके साधूवोंके स्थितकल्प होता है. शेष २२ तीर्थंकरोंके शासनमें अस्थितकल्प है उपर जो १० कल्प कहआये है. उसमें ६ अस्थितकल्प है १-२-३-५-६-८ और चार स्थितकल्प है. ४-७-९-१० (३) स्थिवरकल्प वस्त्रपात्रादि शास्त्रोक्त रखे. (४) जिनकल्प जघन्य २ उत्कृष्ट १२ उपगरण-रक्खे (५) कल्पातित केवलज्ञानी, मनः पर्यवज्ञानी, अवधिज्ञानी,

चोदे पूर्वधर दश पूर्वधर, श्रुतकेवली, और जातिस्मरणादि ज्ञानी ॥ पुलाक-स्थितीकल्पी, अस्थितीकल्पी, स्थिवरकल्पी, होते है बकुश, पडिसेवणा पूर्ववत् तीन और जिनकल्प भी होवे कषायकुशील पूर्ववत् चार और कल्पातीतमे भी होवे निग्रथ, स्नातक-स्थित० अस्थित० और कल्पातीतमे होवे द्वारम्

(५) चारित्र ५ सामायिक, छेदोपस्थापनिय परिहारविशुद्धि, सुक्ष्मसपराय यथाख्यात--पुलाक, बकुश, पडिसेवणमें० समायक छेदो० चारित्र होता है कषायकुशीलमें सामा० छेदो० परि० सूक्ष० चारित्र होते है और निग्रथ, स्नातकमें यथाख्यात चारित्र होता है द्वारम्

(६) पडिसेवण २ मूलगुणप० उत्तरगुणप० पुलाक, पडिसेवणी मुलगुणमें (पचमहाव्रत) और उत्तरगुणमें (पिण्डविसुद्धादि) दोषों लगावे बुकश मुलगुणअपडिसेवी उत्तरगुणपडिसेवी बाकी तीन नियठा अपडिसेवी द्वारम्

(७) ज्ञान ५ मत्यादि पुलाक, बकुश, पडिसेवणमें दो-ज्ञान मति, श्रुति ज्ञान और तीन हो तो मति, श्रुति, अवधि कपायकुशील, और निग्रंथमे ज्ञान दो तीन चार पावे दो हो तो मति श्रुति तीनहो तो मति श्रुति, अवधि या मन पयय० चार हो तो मति, श्रुति, अवधि और मन पर्यव स्नातकमे एक केवलज्ञान और पढनेआश्री पुलाक जघन्य नौ (९) पूर्वन्युन उत्कृष्ट नौ (९) पूर्व सम्पूर्ण बकुश, पडिसेवण जघन्य अष्टप्रवचनमाता उ० दश-पूर्व कपायकुशील ज० अष्टप्रवचनमाता उ० १४ पूर्व निग्रथ भी ज० अष्ट प्र० उ० १४ पूर्व एव स्नातक सूत्र वितिरिक्त द्वारम्

(८) तीर्थ-पुलाक बकुश, पडिसेवण तीर्थमें होवे शेष

तीन नियंठा तीर्थमें और अतीर्थमें भी होते है. तीर्थकर हो और प्रत्येक बुद्धि हो. द्वारम्.

(९) लिंग—छेहो नियंठा (साधु) द्रव्य लिंग आश्री स्वलिंग. अन्यलिंग, गृहलिंग तीनोंमें होवे. और भावलिंग आश्री स्वलिंगमें होते है. द्वारम्.

(१०) शरीर—५ औदारिक वैक्रिय. आहारक, तेजस, कार्मण, पुलाक, निग्रंथ, स्नातकमें औ० ते० का० तीन शरीर. वकुश. पडिसेवणमें औ० ते० का० वै० और कषायकुशीलमें पांचों शरीरवाले मिलते है. द्वारम् ।

(११) क्षेत्र २ कर्मभूमी. अकर्मभूमी—छे हों नियंठा जन्मआश्री १५ कर्मभूमीमें होवे और संहरणआश्री पुलाकको छोडके शेष ५ नियंठा कर्मभूमी. अकर्मभूमी, दोनोमें होते है. प्रसंगोपात पुलाक लब्धि आहारिक शरीर, सध्वीका, अप्रमादी, उपशम श्रेणीवालेका, क्षपकश्रेणी०, केवलज्ञान उत्पन्न हुवे पीछे, इन सातोंका संहरण नहीं होता द्वारम्.

(१२) काल—पुलाक, उत्सर्पिणीकालमें जन्मआश्री तीजे, चौथे आरामें जन्मे और प्रवर्तनाश्री ३-४-५ आरामें प्रवर्ते. अवसर्पिणीकालमें दूजे, तीजे चौथे आरामें जन्मे और तीजे, चौथे आरामें प्रवर्ते. नो उत्सर्पिणी नोअवसर्पिणी चौथे पली भाग (दुषमासुषमा काल महाविदेह क्षेत्रमें) होवे और प्रवर्ते एसेही निग्रंथ स्नातकमें समझलेना. पुलाकका संहरण नहीं. और निग्रंथ स्नातक संहरणआश्री दुसरे कालमें भी होते है और वकुश, पडिसेवण, कषायकुशील, अवसर्पिणीकालके ३-४-५ आरेमें जन्मे और प्रवर्ते. उत्सर्पिणीकालमें २-३-४ आरेमें जन्मे और ३-४ आरेमें प्रवर्ते. नो उत्सर्पिणी नोअवसर्पिणी. चौथा पली-भागमें होवे और संहरणआश्री दूसरे पली भागोंमें होवे द्वारम्

(१३) गति—देवों यंत्रस

	गति		स्थिति	
नाम	जघन्य	उत्कृष्ट	जघन्य	उत्कृष्ट
पुलाक	सुधर्म देवलोक	सहस्रार दे०	प्रत्येक	१८ सागर
बकुश	,,	अच्युत दे०	पल्योपम	२२ सागर
पडिसेवण	,,	,	,	,,
कपायकुशाल	,,	अनुत्तर वि	,,	३३ सागर
निर्ग्रथ	अनुत्तर वि०	सर्वार्थसिद्ध	३१ सागर	
स्नातक	०	मोक्ष	३३ सागर	,,

देवताओंमें पद्वि ५ है इन्द्र, लोकपाल, त्रायत्रिंशक, सामानिक, अहमइन्द्र, पुलाक, बकुश पडिसेवणमें पहिलेकी ४ पद्विमेंसे १ पद्विवाला होवे, कपायकुशीलको ५ मेंकी १ पद्वि होवे, निग्रथको अहमइन्द्रकी १ पद्वि होवे पथ स्नातक तथा मोक्षमें जावे और जघन्य विराधक हो तो चार जातिका देवता होवे, उत्कृष्ट विराधक चौवीस दंडकमें भ्रमण करे द्वार

(१४) सयम—संयमस्थान असंख्याते है पुलाक, बकुश, पडिसेवण, कपायकुशील इन चारोंके सयमस्थान असंख्याते २ है निग्रथ स्नातकका संयमस्थान एक है अल्पाबहुत्व सर्वस्तोक निग्रथ स्नातकके संयमस्थान एक है इनोंसे असंख्यातगुणे पुलाकके संयमस्थान, इनोंसे अस० गुणे बकुशके, इनोंसे अस० गुणे पडिसेवणके, इनोंसे अस० गुणे कपायकुशीलके संयमस्थान द्वार

(१५) निकासे—(संयमके पर्याय) चारित्र पर्याय अनंते

है. पुलाकके चारित्र पर्याय अनन्ते एवं यावत्. स्नातक कहना, पुलाकसे पुलाकके चारित्र पर्याय. आपसमें छे ठाणवलिया. यथा १ अनन्तभागहानि, २ असंख्यातभागहानि, ३ संख्यातभागहानि, ४ संख्यातगुणहानि, ५ असंख्यातगुणहानि, ६ अनन्तगुणहानि ॥ १ अनन्तभागवृद्धि, २ असंख्यातभागवृद्धि, ३ संख्यातभागवृद्धि, ४ संख्यातगुणवृद्धि, ५ असंख्यातगुणवृद्धि, ६ अनन्तगुणवृद्धि, पुलाक, वकुश पडिसेवणसे अनन्तगुणहीन, कषायकुशील. छे ठाणवलिया. निर्ग्रंथ स्नातकसे अनन्तगुणहीन ॥ वकुश पुलाकसे अनन्तगुणवृद्धि. वकुश वकुशसे छे ठाणवलिया. वकुश, पडिसेवण.कषायकुशीलसे छे ठाणवलिया. निर्ग्रंथ, स्नातकसे अनन्तगुणहीन. ॥ २ ॥ पडिसेवण, वकुश माफिक समजना. ॥ ३ ॥ कषायकुशील है सो पुलाक, वकुश, पडिसेवण और कषायकुशील, इन चारोंसे छे ठाणवलिया. और निर्ग्रंथ स्नातकसे अनन्तगुणहीन. ॥ ४ ॥ निर्ग्रंथ प्रथमके चारोंसे अनन्तगुणे अधिक. निर्ग्रंथ स्नातकसे समतुल्य ॥ ५ ॥ स्नातक निर्ग्रंथके माफिक समजना ॥ ६ ॥

अल्पाबहुत्व—पुलाक और कषायकुशीलके जघन्य चारित्र पर्याय आपसमें तुल्य १ पुलाकका उत्कृष्ट चारित्र पर्याय अनन्तगुणे, २ वकुश और पडिसेवणके जघन्य चारित्र पर्याय आपसमें तुल्य अनन्तगुणे, वकुशका उ० चा० पर्याय अनं० ४ पडिसेवणका उ० चा० पर्याय अनं० ५ कषायकु० उ० चा० पर्याय० अनं० ६ निर्ग्रंथ और स्नातकका जघन्य और उत्कृष्ट चारित्र पर्याय आपसमें तुल्य अनन्तगुणे. द्वारं.

(१६) योग ३ मन, वचन, काय-पहलेके पांच नियंठा संयोगी, स्नातक संयोगी और अयोगी. द्वारं.

(१७) उपयोग २ साकार, अनाकार-छए नियंठामे दोनों उपयोग मिले. द्वारम्

(१८) कषाय ८ पहलेके ३ नियठामें सकषाय सेज्वल्का चौक० कषायकुशीलमें सज्वलका ४-३-२-१ निग्रथ अकषायी उपशमकषायी या क्षीणकषायी स्नातक क्षीणकषायी होते हैं द्वार

(१९) लेश्या ६ पुलाक, बकुश, पडिसेवणमें तीन लेश्या तेजु, पद्म, शुक्ललेश्या पावे कषायकुशीलमें छेहो लेश्या पावे निग्रंथमें शुक्ललेश्या पावे और स्नातकमें शुक्ललेश्या तथा अलेश्या द्वार

(२०) परिणाम—पहिलेके चार नियठामें तीनों परिणाम पावे हियमान, वर्द्धमान अवस्थित जिसमें दियमान, वर्द्धमानकी जघन्य स्थिति १ समय उ० अन्तर्मुहुर्त अवस्थितकी ज० १ समय उ० ७ समय निग्रथमें वर्द्धमान अवस्थित दो परिणाम पावे स्थिति ज० १ समय उ० अन्तर्मुहुर्त स्नातकमें वर्द्धमान, अवस्थित दो परिणाम वर्द्धमानकी ज० समय उ० अन्तर्मुहुर्त अवस्थितकी स्थिति ज० अन्तर्मुहुर्त उ० देशोणो पूर्व कोड द्वार

(२१) बंध—पुलाक आयुष्य छोडके सात कर्म बाधे बकुश और पडिसेवण सात या आठ कर्म बाधे कषायकुशील ७-८-६ कर्म बाधे (आयुष्य मोहनी छोडके) निग्रथ १ शातावेदनी बाधे और स्नातक १ शातावेदनी बाधे या अबधक द्वार

(२२) वेदे—पहलेके चार नियठा आठों कर्म वेदे निग्रथ मोहनी छोडके ७ कर्म वेदे स्नातक चार कर्म वेदे (वेदनी, आयुष्य, नाम, गोत्र) द्वार

(२३) उदिरणा—पुलाक आयुष्य मोहनी छोडके ६ कर्मोंकी उदिरणा करे बकुश और पडिसेवण ७-८ ६ कर्मोंकी उदिरणा करे (आयुष्य मोहनी छोडके) कषायकुशील ७-८-६-५ कर्मोंकी उदिरणा करे वेदनी विशेष निग्रथ ५-२ कर्मोंकी उदिरणा करे पूर्ववत २ नाम, गोत्रकर्म स्नातक उणोदरिक द्वार

(२४) उपसंपज्झणं—पुलाक पुलाकको छोडके कषायकुशीलमें या असंयममें जावे. वुकश वुकशपणा छोडे तो पडिसेवणमें, कषायकुशीलमें या असंयममें या संयमासंयममें जावे, एवं पडिसेवण भी चार ठीकाने जावे. कषायकुशील छे ठीकाने जावे. (पु० व्रु० प० असंयम० संयमासं० निग्रंथ) निग्रंथ निग्रंथपना छोडे तो कषायकुशील स्नातक और असंयममें जावे और स्नातक मोक्षमें जावे. द्वारं.

(२५) संज्ञा ४ पुलाक, निग्रंथ, स्नातक नोसंज्ञावउत्ता० व्रुकश, पडिसेवण और कषायकुशील. संज्ञावहुत्ता. नोसंज्ञावहुत्ता.

(२६) आहारी—पहलेके ५ नियंठा आहारीक, स्नातक आहारीक वा अनाहारीक. द्वारं.

(२७) भव—पुलाक, निग्रंथ जघन्य १ उ० ३ भव करे. वुकश, पडिसेवणा, कषायकुशील ज० १ उ० १५ भवकरे स्नातक तद्भव मोक्ष जावे. द्वारं.

(२८) आगरिसं—पुलाक एक भवमें जघन्य १ उ० ३ वार आवे. घणा (बहुत) भवआश्रयी ज० २ उ० ७ वार आवे. व्रुकश पडिसेवण और कषायकुशील एक भव० ज० १ उ० प्रत्येक सो वार आवे. घणा भवआश्रयी ज० २ उ० प्रत्येक हजार वार आवे. निग्रंथपना एक भवआश्रयी ज० १ उ० २ वार बहुत भवआश्रयी ज० २ उ० ५ वार आवे. स्नातकपना जघन्य उत्कृष्ट एक ही वार आवे. द्वारं.

(२९) काल—स्थिति, पुलाक एक जीव आश्रयी जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहुर्त बहोतसे जीवों आश्रयी ज० १ समय उ० अन्तरमु० वुकश एक जीवाश्रयी ज० १ समय उ० देशोणा पूर्व कोड बहुत जीवों आश्रयी शाश्वता. एवं पडिसेवण, कषायकुशील बकुशवत् समजना. निग्रंथ एक जीव तथा बहुत जीवों आश्रयी ज०

१ समय उ० अन्तर मुहूर्त० स्नातक एक जीवाश्रयी ज० अन्तर्मु० उ० देशोणा पूर्वक्रोड बहुत जीवो आश्रयी शाश्वता द्वार

(३०) आतरा—पहलेके पाच निर्यठाके एक जीवाश्रयी ज० अन्तर्मु उ० देशोणा अर्ध पुद्गलपरावर्तन स्नातकका आतरा नहीं बहुत जीवो आश्रयी पुलाकका आतरा ज० १ समय उ० संख्यात काल निग्रथ ज० १ समय उ० छे मास शेष चार नियठाका आतरा नहीं

(३१) समुद्घात+ पुलाकमें समुद्घात, तीन वेदनी, कषाय और मरणन्ति, बुकशमें पाच वे० क० म० वैक्रिय और तेजस, कषायकुशीलमें ६ (केवली छोडके) निग्रंथमें समुद्० नहीं है द्वार

(३२) क्षेत्र—पहलेके पाच नियठा लोकके असंख्यात भागमें होवे, स्नातक लोकके असंख्यातमें भागमें हो या बहोतसे असंख्यात भागमें होवे या सर्व लोकमें होवे द्वार

(३३) स्पर्शना—जैसे क्षेत्र कहा वैसे ही स्पर्शना भी समझना, स्नातककी अधिक स्पर्शना भी होती है द्वार

(३४) भाव—पहलेके ४ नियठा क्षयोपशम भावमे होवे निग्रथ उपशम या क्षायिकभावमे होवे, स्नातक क्षायिकभावमें होवे द्वार

(३५) परिमाण—पुलाक वर्तमान पर्यायआश्रयी स्यात् मीले स्यात् न भी मीले मीले तो जघन्य १-२-३ उ० प्रत्येक सौ पूर्वपर्यायआश्री स्यात् मीले स्यात न मीले अगर मीले तो ज० १-२-३ उ० प्रत्येक हजार मीले बुकश वर्तमान पर्यायाश्री स्यात् मीले स्यात् न मीले यदि मीले तो ज० १-२-३ उ० प्रत्येक सौ पूर्वपर्यायाश्री नियमा प्रत्येक सो क्रोड मीले एव पडिसेवणा कषायकुशील वर्तमान पर्यायाश्री स्यात् मीले स्यात् न मीले जो

+ वेदनी, कषाय, मरण, वैक्रिय, तेजस, आहारिक केवली

मीले तो ज० १-२-३ उ० प्रत्येक हजार मीले, पूर्वपर्यायाश्री नियमा प्रत्येक हजार क्रोड मीले. निग्रंथ वर्तमान पर्यायाश्री स्यात् मीले न मीले. अगर मीले तो ज० १-२-३ उ० १६२ मीले. पूर्वपर्यायाश्री स्यात् मीले न मीले. मीले तो ज० १-२-३ उ० प्रत्येक सो मीले. स्नातक वर्तमान पर्यायाश्री जघन्य १-२-३ उ० १०८ मीले पूर्वपर्यायाश्रा नियमा प्रत्येक क्रोड मीले. द्वारं.

(३६) अल्पाबहुत्व (१) सबसे थोडा. निग्रंथ नियंठाका जीव, (२) पुलाकवाले जीव संख्यातगुणे. (३) स्नातकके संख्यातगुणे, (४) बकुशके संख्यातगुणे, (५) पडिसेवणके संख्यातगुणे, (६) कषायकुशील नियंठाके जीव संख्यातगुणे. इति द्वारम्।

॥ सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम् ॥

थोकडा नम्बर ३५.

सूत्र श्री भगवतीजी शतक २५ उद्देशा ७.

(संयति)

संयति (साधु) पांच प्रकारके होते है. यथा सामायिक संयति, छदोपस्थापनिय संयति, परिहार विशुद्ध संयति. सूक्ष्म संपराय संयति, यथाख्यात संयति. इन पांचों संयतियोंके ३६ द्वारसे विवरण कर शास्त्रकार बतलाते है।

(१) प्रज्ञापना द्वार—पांच संयतिकी प्ररूपणा करते है. (१) सामायिक संयतिके दो भेद है. (१) स्वल्प कालका जो प्रथम और चरम जिनोंके साधुवोंको होता है, उसकी मर्यादा जघन्य सात

दिन मध्यम च्यार मास उत्कृष्ट छे मास (२) बावीस तीर्थकरों के तथा महाविदेह क्षेत्रमे मुनियोंके सामायिक सयम जावजीव तक रहते है (२) छदोपस्थापनिय सयम जिस्का दो भेद है (१) स अतिचार जो पुर्वे सयमके अन्दर आठवा प्रायश्चित सेवन करने पर फीरसे छदो० सयम दिया जाता है (२) तेवीसवे तीर्थकरोंका साधु चौवीसवें तीर्थंकरोंके शासनमें आते है उनको भी छदो सयम दिया जाते है वह निरातिचार छदो० सयम है (३) परिहार विशुद्ध सयमके दो भेद हैं (१) नियृतमान जेसे नौ मनुष्य नौ नौ वर्षके हो दीक्षा ले वीस वर्ष गुरुकुलवासमें रहकर नौ पूर्वका अध्ययन कर विशेष गुण प्राप्तिके लिये गुरु आज्ञासे परिहार विशुद्ध सयमको स्वीकार करे। प्रथम छे मास तक च्यार मुनि तपश्चर्या करे च्यार मुनि तपस्वी मुनियोंकि व्यावच करे एक मुनि व्याख्यान वाचे दुसरे छ मासमें तपस्वी मुनि व्यावच करे व्यावचवाले तपश्चर्या करे तीसरे छ मासमें व्याख्यानवाला तपश्चर्या करे सात मुनी उन्होंकि व्यावच करे, एक मुनि व्याख्यान वाचे। तपश्चर्याका क्रम उष्णकालमें एकान्तर शीत कालमें छट छट पारणा चतुर्मासामे अठम अठम पारणा करे, एसे १८ मास तक तपश्चर्या करे। फीर जिनकल्पका स्वीकार करे अगर एसा न हो तो वापिस गुरुकुल वासाको स्वीकार करे। (४) सूक्ष्म सपराय सयमके दो भेद है। (१) सक्लेश परिणाम उपशम श्रेणिसे गिरते हुवेके (२) विशुद्ध परिणाम क्षपकश्रेणि चडते हुवेके (५) यथाख्यात सयमके दो भेद हैं (१) उपशान्त वीतरागी (२) क्षिणवितरागी जिस्में क्षिणवितरागीके दो भेद है (१) छदमस्त (२) केवली जिस्में केवलीका दोय भेद है (१) सयोगी केवली (२) अयोगी केवली। द्वारम्

(२) वेद-सामायिक स० छदोपस्थापनियस० सवेदी, तथा अवेदी भी होते हैं कारण नौवा गुण स्थानके दो समय शेष र

हनेपर वेद क्षय होते है और उक्त दोनों संयम नौधा गुणस्थान तक है। अगर सवेद होतों स्त्रिवेद, पुरुषवेद नपुंसकवेद इस तीनों वेदमें होते है। परीहार विशुद्ध संयम पुरुषवेद पुरुष नपुंसकवेदमें होते है सुक्ष्म० यथाख्यात यह दोनो सयम अवेदी होते है जिस्मे उपशांत अवेदी (१०-११-गु०) और क्षिण अवेदी (१०-१२-१३-१४ गुणस्थान) होते है इति द्वारम्

(३) राग-च्यार संयम सरागी होते है यथाख्यात सं० वितरागी होते है सो उपशान्त तथा क्षिण वीतरागी होते है।

(४) कल्प-कल्पके पांच भेद है।

(१) स्थितकल्प-वस्त्रकल्प उदेशीक आहारकल्प राजपण्ह शय्यातरपण्ह मासीकल्प चतुर्मासीक कल्प व्रतकल्प प्रतिक्रमणकल्प कृतकर्मकल्प पुरुषजेष्टकल्प एवं (१०) प्रकारके कल्प प्रथम और चरम जिनोंके साधुवोंके स्थितकल्प है।

(२) अस्थित कल्प पूर्वेजो १० कल्प कहा है वह मध्यमके २२ तीर्थंकरोंके मुनियोंके अस्थित कल्प है क्योंकि (१) शय्यातर व्रत. कृतकर्म, पुरुष जेष्ट, यह च्यार कल्पस्थित है शेष छे कल्प अस्थित है विवरण पर्युषण कल्पमें है।

(३) स्थिवर कल्प-मर्यादा पूर्वक १४ उपकरण से गुरुकुल वासो सेवन करे गच्छ संग्रहत रहे। और भी मर्यादा पालन करे।

(४) जिनकल्प-जघन्य मध्यम उत्कृष्ट उत्सर्ग पक्ष स्वीकार कर अनेक उपसर्ग सहन करते जंगलादिमें रहे देखो नन्दीसूत्र विस्तार।

(५) कल्पातित-आगम विहारी अतिशय ज्ञानवाले महात्मा जो कल्पसे वीतिरक्त अर्थात् भूत भविष्यके लाभालाभ देख कार्य करे इति। सामा० सं० में पूर्वोक्त पांचों कल्पपावे छेदो० परिहार० में कल्प तीन पावे, स्थित कल्प, स्थिवर कल्प, जिन कल्प,

सूक्ष्म० यथाख्या० मे कल्पदोय पाचे अस्थित कल्प और कल्पातित इतिद्वारम्।

(५) चारित्र-सामा० छदा० में निग्रंथ च्यार होते है पुलाक बुकश प्रतिसेवन, कपायकुशील। परिहार० सूक्ष्म० में एक कपाय कुशील निर्गंथ होते है यथाख्यात सयममे निर्गंथ और स्नातक यह दाय निग्रन्थ होते है द्वारम्।

(६) प्रति सेवना-सामा० छेदो० मुलगुण (पाच महाव्रत) प्रति सेवी (दोष लगाव) उत्तर गुण (पिंड विशुद्धादि) प्रतिसेवी तथा अप्रतिसेवी शेष तीन सयम अप्रतिसेवीहोने है द्वारम्।

(७) ज्ञान-प्रथमके च्यार सयममें क्रम सर च्यार ज्ञानकि भजना २-३-३-४ यथाख्यातमे पाच ज्ञानकि भजना ज्ञान पढने अपेक्षा सामा० छदो० जघन्य अष्ट प्रवचन उ० १४ पूर्व पढ। परिहार० ज० नौवा पूर्वकि तीसरी आचार वस्तु उ० नौ पूर्व सम्पुर्ण, सूक्ष्म० यथाख्यात ज० अष्ट प्रवचन उ० १४ पूर्व तथा सूत्र वितिरक्त हो इति द्वारम्।

(८) तीर्थ-सामा० तीर्थमें हो, अतीर्थमें हो, तीर्थकरोंके हो और प्रत्येक बुद्धियोंके होते है। छेदो० परि० सूक्ष्म० तीर्थमें ही होते है यथाख्यात० सामायिक संयमवत् च्यारोंमें होते है। इति द्वारम्।

(९) लिंग-परिहार विशुद्धि द्रव्य और भावे स्वलिंगी, शेप च्यार सयम द्रव्यापेक्षा स्वलिंगी अन्यलिंगी गृहलिंगी भी होते है। भावे स्वलिंगी होते इति द्वारम्।

(१०) शरीर—सामा० छेदो० शरीर ३-४-५ होते है शेप तीन सयममें शरीर तीन होते है वह वैक्रय आहारीक नही करते है द्वारम्।

(११) क्षेत्र-जन्मापेक्षा सामा० सूक्ष्म सपराय, यथाख्यात,

पन्दरा कर्मभूमिमें होते है। छदो० परि० पांच भरत पांच इर भरत एवं दश क्षेत्रोंमें होते है। साहारणपेक्षा परिहार० का साहारण नहीं होते है शेष च्यार संयम कर्मभूमि अकर्मभूमिमें भी मीलते है इतिद्वारम्।

(१२) काल-सामा० जन्मापेक्षा अवसर्पिणि कालमें ३-४-५ आरे जन्मे और ३-४-५ आरे प्रवृते। उत्सर्पिणि कालमें २-३-४ आरे जन्मे ३-४ आरे प्रवृते। नोसर्पिणि नोउत्सर्पिणि चोथे पली· भाग (महाविदहे) में होवे। साहारणापेक्षा अन्यपली भाग (३० अकर्मभूमि) में भी मील सके। एवं छदो० परन्तु जन्म प्रवृतन तथा सर्पिणि उत्सर्पिणि विदेहक्षेत्रमें न हुवे, साहारणापेक्षा सत्र क्षेत्रोंमें मीले। परिहार० अवसर्पिणि कालमें ३-४ आरे जन्में प्रवृते उत्सर्पिणि कालमें २-३-४ आरे जन्मे ३-४ आरे प्रवृते। सूक्ष्म० यथाख्यात अवसर्पिणिकाले ३-४ आरे जन्मे ३-४ आरे प्रवृते। उत्सर्पिणिकालमें २-३-४ आरे जन्मे ३-४ आरे प्रवृते। नो सर्पिणि नोउत्सर्पिणि चोथापली भागमें भी मीले साहारणापेक्षा अन्य पली भागमें लाधे इति द्वारम्।

(१३) गतिद्वार यंत्रसे

संयमके नाम	गति		स्थिति	
	ज०	उ०	ज०	उ०
सामा० छेदोप०	सौधर्म कल्प	अनुत्तर वै०	२ पल्यो०	३३ सागरो०
परिहार०	सौधर्म०	सहस्र	२ पल्यो०	१८ सागरो०
सूक्षम०	अनुत्तर वै०	अनुत्तर व०	३१ साग०	३३ सा०
यथाख्या०	अनु०	अनु०	३१ सा०	३३ सा०

देवतावोंमें इन्द्र, सामानिक, तावत्रीसका, लोकपाल, और अहमेन्द्र यह पाच पद्वि है। सामा० छेदो० आराधि होतों पाचोंसे एक पद्विवाला देव हो परिहार विशुद्धि प्रथमकि च्यार पद्विसे एक पद्वि धर हों। सुक्ष० यथा० अहमेन्द्रि पद्विधर हों। जघन्य विराधि होतों च्यार प्रकारके देवोंसे देव होवे। उत्कृष्ट विराधि हो तों ससारमडल। इतिद्वारम्।

(१४) सयमके स्थान–सामा० छेदो० परि० इन तीनों सयमके स्थान असख्याते असख्याते है। सूक्ष्म० अन्तर महुर्त्त के समय परिमाण असख्याते स्थान है। यथाख्यात के सयमका स्थान एक ही है। जिस्की अल्पाबहुत्व।

(१) स्तोक यथाख्यात स० के सयम स्थान।
(२) सूक्ष्म० के सयमस्थान असख्यातागुने।
(३) परिहारके „ „
(४) सामा० छेदो० स० स्थ० तूल्य अस० गु०

(१५) निकाशे–सयमके पर्यव एकेक सयमके पर्यव अनते अनन्ते है। सामा० छेदो० परिहार० परस्पर तथा आपसमें षट-गुन हानिवृद्धि है तथा आपसमे तुल्य भी है। सूक्ष्म० यथाख्यातसे तीनों सयम अनन्तगुने न्यून है। सूक्ष्म० तीनोंसे अनन्तगुन अधिक है आपसमें षट्गुन हानि वृद्धि, यथाख्यातसे अनन्त गुन न्यून है। यथा० च्यारोंसे अनन्तगुन अधिक है। आपसमे तूल्य है। अल्पाबहुत्व।

(१) स्तोक सामा० छेदो० जघन्य सयम पर्यव आपसमें तूल्य,
(२) परिहार० ज० स० पर्यव अनतगुने।
(३) „ उत्कृष्ट० „ „
(४) सा० छ० „ „ „
(५) सू० ज० „ „

(६)　,,　　उ०　,,　..
(७)　यथा　　ज० उ० आपसमें तुल्य　अनंतगु० द्वारम्

(१६) योग–पहलेके च्यार संयम संयोगि होते है, यथा-ख्यात० संयोगि अयोगि भी होते है। द्वारम्

(१७) उपयोग–सूक्ष्म० साकारोपयोगवाले, शेष च्यार संयम साकार अनाकार दोनों उपयोगवाले होते है। द्वारम्

(१८) कषाय–प्रथमके तीनसंयम संज्वलनके चोकमें होता है। सूक्ष्म० संज्वलनके लोभमें और यथाख्यात० उपशान्त कषाय और क्षिण कषायमें भी होता है। द्वारम्

(१९) लेश्या–सामा. छेदो० में छेओं लेश्या, परिहार० तेजो पद्म शुक्ल तीनलेश्या, सूक्ष्म० एक शुक्ल यथाख्यात० एक शुक्ल० तथा अलेशी भी होते है। द्वारम्

(२०) परिणाम–सामा० छेदो० परिहार० हियमान० वृद्धमान और अवस्थित यह तीनों परिणाम होते है। जिस्मे हियमान वृद्धमानकि स्थिति ज० एक समय उ० अन्तरमहुर्त और अवस्थितकि ज० एक समय उ० सात समय०। सूक्ष्म० परिणाम दोय हियमान वृद्धमान कारण श्रेणि चढते या पडते जीव वहां रहते है उन्होंकि स्थिति ज० उ० अन्तरमहुर्तकि है। यथाख्यात० परिणाम वृद्धमान. अवस्थित जिस्में वृद्धमानकि स्थिति ज० उ० अन्तर महुर्त और अवस्थितकि ज० एक समय उ० देशोनाक्रोड पूर्व (केवलीकि अपेक्षा) द्वारम्।

(२१) बन्ध-सामा० छदो० परि० सात तथा आठ कर्म बन्धे. सात बन्धे तो आयुष्य नहीं बन्धे। सूक्ष्म० आयुष्य० मोहनिय कर्म वर्जके छे कर्मबन्धे। यथाख्यात० एक साता वेदनिय बन्धे तथा अबन्ध। द्वारम्

(२२) वेदे प्रथमके च्यार संयम आठों कर्मवेदे। यथाख्यात० सात (मोहनिय वर्जके) कर्मवेदे तथा च्यार अघातीया कर्म वेदे।

(२३) उदिरणा–सामा० छेदो० परि० ७-८-६ कर्मउदिरे० सात आयुष्य और छे आयुष्य मोहनीय वर्जके। सूक्ष्म ५=६ कम उदिरे पांच आयुष्य मोहनिय वेदनिय वर्जके। यथाख्या० ५-२ दोय नाम गौत्र कर्मकि उदिरणा करे तथा अनु दिरणा भी है।

(२४) उपसंपञ्जाण—सामा सामायिक संयमको छोडे तो छदोपस्थापनिय सूक्ष्म संपराय संयमासंयमि (श्रावक) तथा असंयम में जाये। छेदो० छदोपस्थापनीयको छोडे तो० सामा० परि० सूक्ष्म० असंयम, संयमासंयम मे जावे। परि० परिहार विशुद्धिको छोडे तो छेदो० असंयम दो स्थानमें जावे। सूक्ष्म० सूक्ष्मसंपराय छोडे तो सामा० छेदो० यथा० असंयममें जावे। यथा यथाख्यातको छोडके सूक्ष्म० असंयम और मोक्षमे जावे सर्व स्थान असंयम कहा है वह संयम कालकर देवतावों मे जाते है उस अपेक्षा समझना इतिद्वारम्।

(२५) संज्ञा-सामा० छेदो० परि० च्यारो संज्ञावाले होते है तथा संज्ञा रहित भी होते है शेष दोनों नो संज्ञा है।

(२६) आहार=प्रथमके च्यार संयम आहारीक है यथाख्यात स्यात् आहारीक स्यात् अनाहारीक (चौदवागुण०)

(२७) भव=सामा० छेदो० परि० जघन्य एक उत्कृष्ट ८ भव करे अर्थात् सात देवका और आठ मनुष्यके एव १५ भव कर मोक्ष जाये सूक्ष्म ज० एक उ० तीन भव करे। यथा० ज० एक उ० तीन भव करे तथा उसी भव मोक्ष जाये॥

(२८) आगरेस—संयम कितनीवार आते हैं ।

संयम नाम.	एकभवापेक्षा.		बहुतभवापेक्षा.	
	ज०	उत्कृष्ट	ज०	उत्कृष्ट
सामायिक०	१	प्रत्येक सौवार	२	प्रत्येक हजारवार
छेदो०	१	प्रत्येक सौवार	२	साधिक नौसोवार
परिहार०	१	३ तीनवार	२	साधिक नौसोवार
सूक्ष्म०	१	च्यारवार	२	नौवार
यथाख्यात	१	दोयवार	२	५ वार

(२९) स्थिति—संयम कितने काल रहे ।

संयम नाम.	एकजीवापेक्षा.		बहुत जीवापेक्षा.	
	ज०	उ०	ज०	उ०
सामा०	एक समय	देशोनक्रोड पूर्व	शाश्वते	शाश्वते
छेदो०	,,	,,	२५० वर्ष	५० क्रो० सा०
परिहार०	,,	२९ वर्षोना क्रोड	दे.दोसोवर्ष	देशोनक्रोड पूर्व
सूक्ष्म०	,,	अन्तर्मुहुर्त	अन्तर्मुहुर्त	अन्तर्मुहुर्त
यथा०	,,	देशोनक्रोड पूर्व	शाश्वते	शाश्वते

(३०) अन्तर—एक जीवापेक्षा पांचों संयमका अन्तर ज० अन्तर्मुहुर्त उ० देशोना आधा पुद्गलपरावर्तन बहुत जीवापेक्षा सा० यथा० के अन्तर नहीं है। छेदो० ज० ६३००० वर्ष परिहार० ज० ८४००० वर्ष उत्कृष्ट अठारा क्रोडाक्रोड सागरोपम देशोना। सूक्ष्म० ज० एक समय उ० छे मास ।

(३१) समुद्घात—सामा० छेदो० में केवली समु० वर्जके छे समु० पावे परिहार० तीन क्रमसर सूक्ष्म० समु० नहीं यथा० एक केवली समुद्घात।

(३२) क्षेत्र० च्यार संयम लोकके असख्यातमे भागमे होवे। यथा० लोकके असख्यात भागमे होवे तथा सर्व लोकमें (केवली समु० अपेक्षा)

(३३) स्पर्शना—जेसे क्षेत्र है वेसे स्पर्शना भी होती है परन्तु यथाख्यातापेक्षा कुच्छ स्पर्शना अधिक भी होती है।

(३४) भाव—प्रथमके च्यार संयम क्षयोपशम भावमे होते है और यथाख्यात उपशम तथा क्षायिक भावमे होता है।

(३५) परिणाम द्वार—सामा० वर्तमानापेक्षा स्यात् मीले स्यात् न मीले अगर मीले तो ज० १-२-३ उ० प्रत्येक हजार मीले। पूर्व पर्यायापेक्षा नियम प्रत्येक हजार क्रोड मीले। एव छेदो० वर्तमानापेक्षा मीले तो १-२-३ प्रत्येक सौ मीले। पूर्व पर्यायापेक्षा अगर मीले तो ज० उ० प्रत्येक सौ क्रोड मीले। परिहार० वर्तमान अगर मीले तो १-२-३ प्रत्येक सौ पूर्व पर्याय मीले तो १-२-३ प्रत्येक हजार मीले। सूक्ष्म० वर्तमानापेक्षा मीले तो १-२-३ उ० १६२ मीले जिसमें १०८ क्षपकश्रेणि और ५४ उपशमश्रेणि चढते हुवे पूर्व पर्यायापेक्षा मीले तो १-२-३ उ० प्रत्येक सौ मीले। यथा० वर्तमान अगर मीले तो १-२-३ उ० १६२। पूर्व पर्यायापेक्षा नियमा प्रत्येक सौ क्रोड मीले (केवलीकी अपेक्षा)

(३६) अल्पाबहुत्व।

(१) स्तोक सूक्ष्म संपराय संयमवाले।

(२) परिहार विशुद्ध संयमवाले सख्याते गुने।

(३) यथाख्यात संयमवाले संख्यात गुने ।
(४) छदोपस्थापनिय संयमवाले संख्यात गुने ।
(५) सामायिक संयमवाले संख्यात गुने ।

॥ सेवंभंते सेवंभंते तमेव सच्चम् ॥

थोकडा नम्बर ३६

सूत्र श्री दशवैकालिक अध्ययन ३ जा.

(५२ अनाचार)

जिस वस्तुका त्याग कीया हो उन वस्तुको भोगवनेकी इच्छा करना, उनकों अतिक्रम कहते है और उन वस्तुप्रातिके लिये कदम उठाना प्रयत्न करना, उनको व्यतिक्रम कहते है तथा उन वस्तुको प्राप्त कर भोगवनेकी तैयारीमें हो उनको अतिचार कहते है और त्याग करी वस्तुकों भोगव लेनेसे शास्त्रकारोंने अनाचार कहा है। यहांपर अनाचारके ही ५२ बोल लिखते है।

(१) मुनिके लिये वस्त्र, पात्र, मकान और असनादि च्यार प्रकारका आहार मुनिके उद्देशसे कीया हुवा मुनि लेवे तो अनाचार लागे।

(२) मुनिके लिये मूल्य लाइ हुइ वस्तु लेके मुनि भोगवे तो अनाचार लागे।

(३) मुनि नित्य एक घरका आहार भोगवे तो अनाचार ,,

(४) सामने लाया हुवा आहार भोगवे तो अनाचार ,,

(५) रात्रिभोजन करते अनाचार लागे।

(६) देशस्नान सर्वस्नान करे तो अनाचार लागे।
(७) सचित्त-अचित्त पदार्थोंकी सुगन्धी लेवे तो अना०
(८) पुष्पादिकी माला सेहरा पहेरे तो अनाचार ,,
(९) पखा वींजणासे वायु ले हवा खावे तो अना०
(१०) तैल घृतादि आहारका संग्रह करे तो अना०
(११) गृहस्थोंके वर्तनमें भोजन करे तो अना०
(१२) राजपिंड याने बलिष्ट आहार लेवे तो अना०
(१३) दानशालाका आहारादि ग्रहन करे तो अना०
(१४) शरीरका विना कारण मर्दन करे तो अना०
(१५) दातोंमें दातण करे तो अनाचार लागे।
(१६) गृहस्थोंको सुखशाता पुच्छे दैल बन्दगी करे तो ,,
(१७) अपने शरीरको दर्पणादिमें शोभा निमित्त देखे तो ,,
(१८) चोपाट सेतरञ्जादि रमत रमे तो अनाचार।
(१९) अर्थोपार्जन करे तथा जुवामें सठा करे तो अना०
(२०) शीतोष्णके कारण छत्र धारण करे तो अना०
(२१) औषधि दवाइयों वतलाके आजीवीका करे तो अना०
(२२) जुत्ते मोजे बुटादि पावोंमें पहरे तो अना०
(२३) अग्निकायादि जीवोंके आरंभ करे तो अना०
(२४) गृहस्थोंके वहा गादीतकीयों आदि पर बैठनेसे ,
(२५) गृहस्थोंके वहा पलग मेज खाट पर बैठनेसे ,,
(२६) जीसकी आज्ञासे मकानमें ठेरे उनोंका आहार भोग वनेसे ,,
(२७) विना कारण गृहस्थोंके वहा बेठना कथा कहनेसे ,,
(२८) विगर कारण शरीरके पीठी मालीसादिका करनेसे,,

(२९) गृहस्थ लोगोंकि वैयावच्च करनेसे अनाचार ,,

(३०) अपनि जाति कुल बतलाके आजीविका करे तो ,,

(३१) सचित्त पदार्थ जलहरी आदि भोगवे तो अना ,,

(३२) शरीरमें रोगादि आनेसे गृहस्थोंकि सहायता लेनेसे,,

(३३) मूलादि बनस्पति (३४) इक्षु (३५) कन्द (३६) मूल भोगवे तो अनाचार लागे.

(३७) फल फूल (३८) बीजादि भोगवेतो अनाचार ,,

(३९) सचित्तनमक (४०) सिंधु देशका सिंधालुण (४१) सांबर देशका सांबरलुण (४२) धूल खाडिका लुण (४३) समुद्रका लुण (४४) कालानमक यह सर्व सचित्त भोगवे तो अनाचारलागे।

(४५) कपडोंको धूपादि पदार्थोंसे सुगन्ध बनानेसे अना०

(४६) भोजन कर वमन करने से अनाचार ,,

(४७) विगर कारण जुलाबादिका लेनासे अनाचार ,,

(४८) गुंजस्थानको धोना समारनादि करनेसे अना०

(४९) नैत्रोंमें सुरमा अञ्जन लगाके शोभनिक बनावे ,,

(५०) दांतोंको अलतादिका रंग लगाके सुन्दर बनावे ,,

(५१) शरीरको तैलादिसे उघटनादि कर सुन्दर बनानेसे,,

(५२) शरीरकि शुश्रूषा करना रोम नख समारणादि शोभा करनेसे.

उपर लिखे अनाचारको मदंव टालके निर्मल चारित्र पालना चाहिये।

सेवं भंते सेवं भंते—तमेव सच्चम्.

थोकडा नम्बर ३७

सूत्र श्री दशवैकालिक अध्ययन ४
(पाच महाव्रतोंका १७८२ तणावा.)

जिस तरह तबू (डेरे) को खडा करनेके लिये मुल चोव, (बडी) उत्तर चोव (छोटी) वास और तणावा (खूटीसे बधी हुइ रसी) की जरूरत है, इसी तरह साधूओं सयमरूपी तंबूके खडे (कायम) रखनेमें पाच महाव्रतादि सात बडी चोवकी जरूरत है और प्रत्येक चोवकी मजबूतीके लिये सूक्ष्म, बादरादि (४-४-६-३-६-४-६) करके तेतीस उत्तर चोव है प्रत्येक उत्तर चोवको सहारा देनेवाले तीन करण, तीन जोगरूपी नौ २ वास लगे है (इस तरह ३३ को ९ का गुणा करनेसे २९७ हुए) और इन वासोंको स्थिर रखनेके वास्ते प्रत्येक वासके दिनरात्रादि, छे २ तणावा है इस तरह २९७ को छे गुणा करनेसे १७८२ तणावे हुए यह तणावे चोव वासादिकों स्थिर रखते है जिससे तबू खडा रहता है यदि इनमे से एक भी तणावा मोहरूपी हवा से ढीला हो जाय तो तत्काल आलोचना रूपी हथोडेसे ठोक कर मजबूत करदे तो सजमरूपी तबू कायम रह सकता है अगर एसा न किया जावे तो क्रमसे दूसरे तणावे भी ढीले हो कर तबू गिर जानेका संभव है इस लिये पूर्णतय इसको कायम रखनेका प्रयत्न करना चाहिये क्योंकि सयम अक्षयसुखका देनेवाला है

अब प्रत्येक महाव्रतके कितने २ तणावे है सो विस्तार सहित दिखाते है

(१) महाव्रत प्राणातिपात—सूक्ष्म, बादर, त्रस और स्था

वर. इन चार प्रकारके जीवोंको मनसे हणे नहीं, हणावे नहीं, हणताकों अनुमोदे नहीं एवम् बाराह और बाराह वचनका, तथा बाराह कायासे कुल छत्रीश हुए इनकों दिनकों, रातकों अकेलेमें, पर्षदा मे, निद्रावस्थामें, जागृत अवस्थामें, ६-इन भागोंको ३६ के साथ गुणा करनेसे प्रथम महाव्रतके २१६ तणावे हुए.

(२) महाव्रत मृषावाद—क्रोधसे, लोभसे, हास्यसे, और भयसे. इस तरह चार प्रकारका झूठ मनसे बोले नहीं, बोलावे नहीं, बोलतेको अनुमोदे नहीं. एवम् वचन और कायासे गुणतां ३६ हुए इनको दिन, रात्रि अकेलेमें, पर्षदामें, निद्रा और जागृत अवस्था, ये छै प्रकारसे गुणा करनेसे २१६ तणावा दूसरे महाव्रतके हुए.

(३) महाव्रत अदत्तादान—अल्पवस्तु, वहुतवस्तु, छोटी वस्तु, वडी वस्तु, सचित्त, (शीष्यादि) अचित्त, (वस्त्रपात्रादि) ये छै प्रकारकी वस्तुको किसीके विना दिये मनसे लेवे नही, लेवावे नही, और लेतेको अनुमोदे नही. एवम् मन वचन और काया से गुणानेसे ५४ हुए जिसको दिन, रात्रि आदि ६ का गुणा करनेसे ३२४ तणावे तीसरे महाव्रतके हुए.

(४) महाव्रत ब्रह्मचार्य—देवी, मनुष्यणी, और त्रीर्यचणी, के साथ मैथुन मनसे सेवे नहीं, सेवावे नहीं, सेवतेको अनुमोदे नहीं. एवम् वचन और कायासे गुणातां २७ हुए जिसको दिन रात्रि आदि ६ का गुणा करनेसे १६२ तणावे चौथे महाव्रतके हुए.

(५) महाव्रत परिग्रह—अल्प, वहुत, छोटा. वडा, सचित, अचित, छै प्रकार परिग्रह मनसे रखे नहीं रखावै नहीं. राखतेकों अनुमोदे नहीं, एवम् वचन और कायासे गुणातां ५४ हुए जिस कों दिनरात्रि आदि ६ का गुणा करनेसे ३२४ तणावे पांचवे महाव्रतके हुए.

(६) रात्रिभोजन–अशन, पांण, खादिम, स्वादिम, ये चार

प्रकारका आहार मनसे रात्रिको करे नही, करावे नही, करतेको अनुमोदे नही, एवम् वचन और कायासे गुणाता ३६ हुए इनको दिनमें (पहिले दिनका लाया हुवा दूसरे दिन) रात्रिमें, अके लेमें, पर्षदामें, निद्राअवस्था और जागृत अवस्था ६ का गुणा करनेसे २१६ तणाये हुए

(७) छकाय—पृथ्वीकाय, अप्पकाय, तेउकाय, वायुकाय वनास्पतिकाय, और त्रमकायको मनसे हणे नही, हणावे नही, हणतेको अनुमोदे नही एवम् वचन और कायासे गुणता ५४ हुए जिसको दिन रात्रि आदि ६ का गुणा करनेसे ३२४ तणाये हुए

एवम् सर्व २१६-२१६-३२४-१६२-३२४ २१६ ३२४ सब मिला कर १७८२ तणावा हुए

अथ प्रसगोपात दशवैकालिक सूत्रके छट्ठे अध्ययनसे अटाराह स्थानक लिखते है यथा पाच महाव्रत, तथा रात्रिभोजन, और छ काय एव १२ अकल्पनीय वस्त्र, पात्र, मकान और चार प्रका रका आहार १३ गृहस्थके भाजनमें भोजन करना १४ गृहस्थके पर्लंग खाट आसन पर बैठना १५ गृहस्थके मकानपर बेठना अर्थात् अपने उतरे हुये मकानसे अन्य गृहस्थके मकान बेठना १६ स्नान देससे या सर्वसे स्नान करना १७ नख केस रोम आदि समारना १८ इन अठाराह स्थान में से एक भी स्थानकको सेवन करनेवा लोंको आचारसे भ्रष्ट कहा है।

गाथा—दश अठ्ठय ठाणाइ, जाइ बाला वरज्झइ
तथ्थ अन्नयरे ठाणे, निग्गथ ताउ भेसइ

अर्थ—दस आठ अटाराह स्थानक है उनको बालजीव वि राधे या अठाराहमेंसे एक भी स्थान सेवे तो निर्ग्रंथ (साधु) उन स्थानसे भ्रष्ट होता है इस लिये अटाराह स्थानकी सदैव यतना करणी चाहिये इति

॥ सेव भंते सेव भंते तमेव सच्चम् ॥

थोकडा नंबर ३८

श्री भगवती सूत्र श० ८ उद्देसा १०

आराधना.

आराधना तीन प्रकारकी है. ज्ञान आराधना १, दर्शन आराधना २ और चारित्र आराधना.

ज्ञान आराधना तीन प्रकारकी है उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य. उत्कृष्ट ज्ञान आराधना. चौदे पूर्वका ज्ञान या प्रबल ज्ञानका उद्यम करे. मध्यम आराधना. इग्यारे अंग या मध्यम ज्ञानका उद्यम करे. जघन्य आराधना. अष्ट प्रवचन माताका ज्ञान. व जघन्य ज्ञानका उद्यम.

दर्शन आराधनाके तीन भेद. उत्कृष्ट (क्षायक सम्यक्त्व) मध्यम (क्षयोपशम स०) जघन्य (क्षयोपशम या सास्वादनस०)

चारित्र आराधनाके तीन भेद -उत्कृष्ट (यथाख्यात चारित्र) मध्यम (परिहार विशुद्धादि) जघन्य (सामायिक०)

उत्कृष्ट ज्ञान आराधनामें दर्शन आराधना कितनी पावै ? दो पावै. उत्कृ० मध्य० ॥ उत्कृष्ट दर्शन आराधनामें ज्ञान आराधना कितनी पावै ? तीनो पावै. उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य.

उत्कृष्ट ज्ञान आराधनामें चारित्र आराधना कितनी पावै ? दो पावै. उत्कृष्ट और मध्यम ॥ उत्कृष्ट चारित्र आराधनामें ज्ञान आराधना कितनी पावै ? तीनो पावै. उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य.

उत्कृष्ट दर्शन आराधनामें चारित्र आराधना कितनी पावै ?

तीनों पावे उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य ॥ उत्कृष्ट चारित्र आराधनामें दर्शन आराधना कितनी पावे ? एक पावे उत्कृष्ट ॥

उत्कृष्ट ज्ञानआराधना वाले जीव कितने भव करे ? जघन्य एक भव, उत्कृष्ट दोय भव

मध्यम ज्ञान आराधनावाले जीव कितने भव करे ? जघन्य दो उत्कृष्ट तीन भव करे

जघन्य ज्ञान आराधनावाले जीव कितने भव करे ? जघन्य तीन और उत्कृष्ट पन्दराह भव करे ॥ एवम् दर्शन और चारित्र आराधनामें भी समझ लेना

एक जीवमें उत्कृष्ट ज्ञानआराधना होय, उत्कृष्ट दर्शन आराधना होय और उ० चारित्र आराधना होय जिसके भागा नाचे यन्त्रमे लिखे हैं

पहिला पद ज्ञान दूसरा दर्शन और तीसरा चारित्र तथा ३ के आकसे उत्कृष्ट २ के आकसे मध्यम और १ के आकसे जघन्य समझना

३-३-३	२-३-२	२—१—२	१—३—१
३-३-२	२-३-१	२—१—१	१—२—२
३-२-२	२-२-२	१—३—३	१—२—१
२-३-३	२-२-१	१—३—२	१—१—२
			१—१—१

सेव भंते सेव भंते—सेवं समाप्त.

—✻—

थोकडा नम्बर ३९

श्री उत्तराध्ययनजी सूत्र अध्ययन २६

(साधु समाचारी)

श्री जिनेन्द्र देवोंकि फरमाइ हुइ सामाचारी को आराधन कर अनन्ते जीव मोक्षमें गये है–जाते है और जावेंगे.

दश प्रकारकी समाचारीके नाम (१) आवस्सिय (२) निसिहिय (३) आपुच्छणा (४) पडिपुच्छणा (५) छंदणा (६) इच्छाकार (७) मिच्छाकार (८) तहकार (९) अब्भुठणा (१०) उवसंपया.

(१) आवस्सिय—साधु को आवश्य × कारण हो तब ठेरे हुवे उपासरासे बाहर जाना पडे तो जाती वक्त पेस्तर आवस्सिय ऐसा शब्द उच्चारण करे ताके गुरुवादिको ज्ञात हो जावे की अमुक साधु इस टाइममें बाहर गया है.

(२) निसिहि—कार्यसे निवृत्ती पाके पीछा स्थान पर आती वक्त निसिहि शब्द उच्चारण करे ताके गुरुवादिको ज्ञात हो की अमुक साधु बाहरसे आया है यदि कम--ज्यादा टाइम लगी हो तो इश बातका निर्णय गुरु महाराज कर सक्ते है.

(३) आपुच्छणा—स्वयं अपने लिये यत्किंचत् भी कार्य हो तो गुरुवादिको पुच्छे अगर गुरु आज्ञा दे तो वह कार्य करे. (गोचरिआदि.)

× साधु चार कारण पा के उपासरा बाहर जाते है सो कारण [१] आहार पानी आदि लानेको [२] निहार—स्थंडिले मात्रे जाना हो तो [३] वीहार—एक ग्रामसे दुसरे ग्राम जाना हो तो [४] जिनप्रासाद जाना हो तो. सिवाय चार कारण के बाहार न जावे अपने स्थानपर हि स्वाध्याय ध्यान में ही मस्त रहे.

(४) पडिपुच्छना—अन्य साधुवोंको हरेक कार्य हो तो गुरुसे पुच्छ कर यह कार्य गुरु आदेशसे ही करे।

(५) छंदणा—जो गोचरी में आया हुवा आहार पाणी गुरुवादि की मरजी माफिक सर्व साधुवोंको सविभाग करे अपने विभागमें आये हुवे आहार की क्रमश सर्व महा पुरुषोंको आमन्त्रण करे याने सर्व कार्य गुरु छादे (आज्ञा) से करे।

(६) इच्छार—हरेक कार्यके अन्दर गुरुवादिसे प्रार्थना करेकि हे भगवान! आपश्रीकी मरजी हो तों यह कार्य करे या मे करु (पात्रलेपादि)

(७) मिच्छार—यत्किंचित् भी अपराध हुवा हो तो गुरु समीप अपनी आत्मा को निंदनारुप मिच्छामि दुक्कड देना आइन्दासे में यह कार्य नही करगा।

(८) तहकार—गुरुवादिका वचन हरवक्त तहत्त करत परिमाण खुश दीलसे स्वीकार करना।

(९) अप्भुठणा—गुरुवादि साधुभगवान या ग्लानी तपस्वी आदि की व्यावच्च के लिये अग्लानपणे व्यावच्च मे पुरुषार्थ कर लाभ लेना मेघमुनिकी माफीक अपना क्षणभगुर शरीर मुनियों की व्यावच्च मे अर्पण करना

(१०) उपसपया—जीवन पर्यन्त गुरुकुल वास सेवन करना क्षण मात्र भी दुर नहीं रहेना (गुरुआज्ञाका पालन करना)

(साधुओका दिन कृत्य)

सूर्योदय होनेसे दिन कहा जाता है, एक दिनकी चार पेहर और एक रात्रिकी चार पेहर एव आठ पेहरका दिनरात्री होती है

पेहर दीनका प्रमाण बताते है जीससे साधुओंको टाइमको घडीया रखनेकी जरूरत न पडे

असाढ सुद १५ कर्के शक्रात सर्य दक्षीणायन सव अभीत्त मन्डले चाल चाले तब १८ मुहुर्तका दीन होता है उस वक्त तडका

म समभूमि पर खडा हो कर अपना दक्षिणकी छाया पडे वह दो पग प्रमाण हो तो एक पेहर दीनका परिमाण समझना अथवा तडकामें विलश (वेथ) की छाया विलश परिमाण हो तो पेहर दीन समझना और श्रावण कृष्ण सप्तमीको एक आंगुल छाया वडे. श्रावण कृष्ण अमावास्याको २ आंगुल छाया वडे, श्रावण शुक्ल सप्तमीको ३ आंगुल छाया वडे, और श्रावण शुक्ल पूर्णमाको ४ आंगुल छाया वडे (एक मासमें ४ आंगुल छाया वडे) श्रावण शुक्ल पूर्णमा २ पग और ४ आंगुल छाया आनेसे पेहर दीन आया समझना, भाद्रपद शुक्ल पूर्णमा को २ पग ८ आंगुल छाया, आश्वन पूर्णमा ३ पग छाया, कार्तिक पूर्णमा ३ पग ४ आंगुल, मागसर पूर्णिमा ३ पग ८ आंगुल. पोष पूर्णमा ४ पग छायाके पेहर दीन समजना, इसी माफक एक एक मासमें ४ आंगुल कम करते आषाढ पूर्णमाको २ पग छायाको पेहर दीन समझना. यह प्रमाण सम भूमिका है वर्तमान विषम भूमि होनेसे कुच्छ तफावत भी रहता है वह गीतार्थों से निर्णय करे।

पोरसी और वहुपडिपुन्ना पोरसीका यंत्र.

जेष्ट पग २-४ अगुल ६×२-१०	भाद्रपद पग ३-८ अंगुल ८-३-४	मार्ग० पग २-८ अं० १०-४-६	फाल्गुन पग ३-४ अं० ८-४
आषाढ पग २ अंगुल ६×२-६	आश्वन पग ३ अंगुल ८-३-८	पौष पग ४ अं० १०-४-१०	चैत्र पग ३ अंगुल ८-३-८
श्रावण पग २-४ अंगुल ६-२-१०	कार्त्तिक ३-४ अंगुल ८-४	माघ प. ३-८ अं० १०-४-६	वैशाख पग २-८ अगुल ८-२-४

बहुपडि पूनापोरसीका मान जेष्ठआसाढ श्रावण मासमे जो पेहरकी छाया बताइ है जीसमे ६ आगुल छाया जादा और भाद्रपद आश्विन कार्तिक्में ८ आगुल मगसर पोष माघमें १० आगुल फाल्गुन चेत वैशाखमें ८ आगुल छाया बाढानेसे पडिपूना पोरसीका काल आते है इस वक्त मुपत्ती जा पात्रादिको फिरसे पडिलेहन की जाती है

पक्ष मास और सवत्सरका मान विशेष जोतीषीयाको थोकडेमें लिखेंगे यहा सक्षेपसे लिखते है जैन शास्त्रमें सवत्सर की आदि श्रावण कृष्ण प्रतिपदासे होती है श्रावण मास ३० दीनोंका होता है भाद्रपद मास २९ दीनोंका जीसमें कृष्णपक्ष १४ दीनोंका और शुक्ल पक्ष १५ दीनोंका होता है आश्विन मगसर माघ चैत जेट मास यह प्रत्येक ३० दीनोंका मास होता है और कार्तिक पोष फाल्गुन वैशाख आषाढ मास प्रत्येक २९ दीन का होता है जो पक्ष तिथी घटती है वह कृष्णपक्षमें ही घटती है इस सुधर्मा भगवान् ने मन्त्र को मार देनासे जैनोंमें पक्खि स वत्सरिका झघडा का स्वय तिलाजली मिल जावेगी *

दिनका प्रथम पेहरका चोथा भागमें (सूर्योदय होनासे दो घडी) पडिलेहन करे किंचत् मात्र वस्त्रपात्रादि उपगरण विगेरे पडिलेहा न रखे + पडिलेहनकि विधि इसी भागके चतुर्थ समिति में लिखि गइ है सो देखो

पडिलेहन कर गुरु महाराजको विधिपूर्वक वन्दन नमस्कार कर प्रार्थना करेकि हे भगवान् अब मैं कोइ साधुयोंकी व्यावच करु या स्वाध्याय करु? गुरु आदेश करेकि अमुक साधु कि व्यावच

* यह मान चन्द्र सवत्सरका कहा है ।

+ किंचित् मात्रापधि बिगर पडिलेहा रख ता नशियतसूत्र तीन उद्देश मासिक प्रायश्चित कहा है

करी तो अग्लानपने व्यावच करे अगर गुरु आदेश करेकी स्वाध्याय करो तो प्रथम पेहरका रहा हुवा तीन भागमें मुलसूत्रोंकि स्वाध्याय करे अथवा अन्य साधुवोंको वाचना देवे स्वाध्याय केसी है की सर्व दुःखोंको अन्त करनेवाली हैं.

दिनका दुसरा पहेरमें ध्यान करे अर्थात् प्रथम पेहरमें मूल पाठकी स्वाध्याय करी थी उस्का अर्थोपयोग सयुक्त चिंतवन करे. शास्त्रोंका नया नया अपूर्वज्ञानके अन्दर अपना चित्त रमण करते रहना जीनसे जगत् कि सर्व उपाधीयां नष्ट हो जाती है वही चेतनका मोक्ष है.

दिनके तीसरे पेहरमें जब पूर्ण क्षुधा सताने लग जावे अर्थात् छ कारण (थोकडा नं० ३२ में देखो) से कोइ कारण हो तो पूर्व पडिलेहा हुवा पात्रा ले के गुरु महाराजकी आज्ञा पूर्वक आतुरता चपलता रहित भिक्षाके लिये अटन करे भिक्षा लानेका ४२ तथा १०१ दोष (थोकडे नं० ३२ में देखो) वर्जित निर्वद्याहार लावे इरियावहि आलोचना कर गुरुको आहार दीखा के अन्य महात्मावोंको आमन्त्रण करे शेप रहा हुवा आहार माण्डलाका पांच दोष वर्जके क्षणवार भावना भावे धन्य है जो मुनि तपश्चर्या करे बादमे अमुच्छित अगिर्द्धपणे संयम यात्रा निर्वाहने के लिये तथा शरीरको भाडा रुप आहार पाणी करे। अगर कीसी क्षेत्रमें तीसरा पेहरमे भिक्षा न मिलती हो तो जीस वक्तमे मीले उस वक्तमें लावे एसा लेख दशवैकालिकसूत्र अ० ५ उ २ गाथा ४ में हैं) इस कार्यमें तीसरी पेहर खतम हो जाति है

दिनके चोथे पेहरका चार भागमें तीन भाग तक स्वाध्याय करे और चोथा भागमें विधिपूर्वक पडिलेहन (पूर्व प्रमाणे) करे साथमें स्थंडिल भी द्रष्टीसे प्रतिलेखे बादमें दीनके विषय जो लागा हुवा अतिचार जिस्की आलोचना रुप उपयोग संयुक्त प्रतिक्रमण करे.

क्रमश पटावश्यक और साथमें इन्होंका + फल वताते है

पटावश्यकका नाम *

यथाः—सावद्य जोगविरइ उक्तताणगुण पडिवति ॥
खलियस्स निंदणा तिगिच्छगुण धारणाचेव ॥ १ ॥

तथा सामायिक चउवीसत्यो वन्दना प्रतिक्रमण काउस्सग पचखाण (आवश्यकसूत्र)

(१) प्रथम सामायिकावश्यक इरियावहि पडिकमे देवसि प्रतिक्रमणठाउ जाव अतिचारका काउस्सग पारके एक नमस्कार कहे यहातक प्रथम आवश्यक है दीनके अन्दर जीतना अतिचार लगा हो वह उपयोग सयुक्त काउस्सगमें चिंतवन करना इसका फल सावद्य योगोंसे निवृती होती है कर्मानेका अभाव

(२) दुसरा चउवीसत्थावश्यक। इन अव सर्पिणिमें हो गये चोवीश तीर्थंकरोंकी स्तुति रूप लोगस्स कहेना फल सम्यक्त्व निर्मल होता है

(३) तीसरावश्यक वन्दना गुरु महाराजको द्वादशावृतनसे वन्दना करना, फल निच गौत्रका नास होता है और उच गौत्रकी प्राप्ती होती हैं

(४) चोथा प्रतिक्रमणावश्यक दिनके विषय लागा हुवा अतिचार वा उपयोग सयुक्त गुरु मालें पडिकमे सो देवसी अतिचारसे लगाके आयरियोवज्झाया तीन गाथा तक चोथा आवश्यक है फल सयम रूपि जो नाका जिस्मे पडा हुवा छेद्रकों दे-

+ फल उत्तराध्ययन सूत्र अध्ययन ९ मा वताया है।

* सूत्र श्री अनुयोगद्वारमें।

च्छके छेद्रका निरुद्ध करणा, जीनसे असबला चारित्र और अष्ट प्रवचन माताकी उपयोग संयुक्त आराधना (निर्मल) करे.

(५) पंचम काउसग्गावश्यक--प्रतिक्रमण करतां अना उपयोग रहा हुवा अतिचार रुपि प्रायश्चित जीस्कों शुद्ध करणे के लिये चार लोगस्सका काउस्सग करे एक लोगस्स प्रगट करे फल-भूत और वर्तमान कालका प्रायश्चितको शुद्ध करे जैसे कोइ मनुष्यको देना हो या वजन कीसी स्थानपर पहुंचाना हो उनको पहुंचा देवे या देना दे दीया फिर निर्भय होता है इसी माफीक व्रत मे लगाहुवा प्रायश्चितकों शुद्ध कर प्रशस्त ध्यानके अन्दर सुखे सुखे विचरे.

(६) छठा पच्चखाणावश्यक-गुरु महाराजको द्वादशा वृतसे २ वन्दना देके भविष्यकालका पच्चखाण करे। फल आता हुवा आश्रवकों रोके और इच्छाका निरुद्ध होनासे पूर्व उपार्जित कर्मोंका क्षय करे.

यह षटावश्यक रुप प्रतिक्रमण निर्विघ्नपणे समाप्त होने पर भाव मंगल रुप तीर्थंकरादि स्तुति चैत्यवन्दन जघन्य ३ श्लोक उत्कृष्ट ७ श्लोकसे स्तुति करना। फल ज्ञान दर्शन चारित्रकि आराधना होती है जीससे जीव उन्ही भवमें मोक्ष आवे अथवा विमानीक देवतां में जावे वहांसे मनुष्य होके मोक्षमे जावे उत्कृष्ट करे तो भी १५ भवसे अधिक न करे.

रात्रिका कृत्य.

जब प्रतिक्रमण हो जावे तब स्वाध्यायका काल आनेसे काल पडिलेहन करे जेसे ठाणयंग सूत्रका दशमा ठाणामें १० प्रकारकी आकाशकी असज्झाय बताइ है यथा तारो तुटे, दीशा लाल, अकालमें गाज वीजली, कडक, भूमिकम्प, बालचन्द्र,

यक्षचिन्ह, अग्निका उपद्रव धुधलु (रजोघातादि) यह दश प्रकारकी आस्वाध्यायसे कोइ भी अस्वाध्याय न हो तो

+ रात्रिके प्रथम पेहरमें मुनि स्वाध्याय (सूत्रका मूल पाठ) करे रात्रिके दुसरे पेहरमें जो प्रथम पेहरमें मूल सूत्रका पाठ किया था उन्हीका अर्थ चिंतवनरुप ध्यान करे परन्तु वार्तो की स्वाध्याय और सुत्ताका ध्यान जो कर्मबन्धका हेतु है उनको स्पर्श तक भी न करे स्वाध्याय सर्व दु खोंका अन्त करती है।

रात्रिके तीसरा पेहरमें जब स्वाध्याय ध्यान करता निंद्राका आगमन हो तो विधिपूर्वक संथारा पोरसी भणा के यत्नापूर्वक संथारा करके स्वल्प समय निन्द्राको मुक्त करे

रात्रिका चोथा पेहर-जब निद्रासे उठे उस वखत अगर कोई खराब सुपन विगेरे हुवा हो तो उसका प्रायश्चितके लिये काउस्सग्ग करना फिर एक पेहरका ४ भागमें तीन भाग तक मूल सूत्रकी स्वाध्याय करणा वार वार स्वाध्यायका आदेश देते है इसका कारण यह है की श्री तीथकर भगवान् के मुखारविंद से निकली हुइ परम पवित्र आगमकी वाणी जिसको गणधर भगवानने सूत्ररुपे रचना करी उस वानीके अन्दर इतना असर भरा हुवा है कि भव्य प्राणी स्वाध्याय करते करते ही सर्व दु खोंका अन्त कर केवलज्ञानको प्राप्त कर लेते है इससे ही शास्त्रकार कहते हैं कि यथा " सव्वदु रकविमोरकाण "

जब पेहरका चोथा भाग (दो घडी) रात्रि रहे तब रात्रि सबन्धी जो अतिचार लागा हो उसकि आलोचना रुप षटावश्यय पूर्ववत् प्रतिक्रमण करना + सर्योदय होता हि गुरु महाराजको

+ रात्रिका काल पारसीका प्रमाण नक्षत्र भान्सि मुनि जान वह जोआपागारा अधिकारका थोकडामें लिखा जावगा

+ मुझेका काउस्सगमें तप चिन्तवन करना मुझे क्या तप करना ? ?

वन्दन कर पच्चखांन करना और गुरु आज्ञा माफिक पूर्ववत् दीनकृत्य करते रहेना.

इसी माफिक दिन और रात्रिमें वरताव रखना और भी, ज्ञान, ध्यान, मौन, विनय, व्यावच्च पर्वाराधन तपश्चर्या दीनरात्रिमें सात वेर चैत्यवन्दन चार वार सज्झाय समिति गुप्ति भाषा पूजन प्रतिलेखनके अन्दर पूर्ण तय उपयोग रखना पंच महाव्रत पंच समिति तीन गुप्ति यह १३ मूल गुण है जीस्मे हमेशा प्रयत्न करते रहेना एक भवमे यद्‌किंचित् परिश्रम उठाणा पडता है परन्तु भवोभवमें जीव सुखी हो जाता है.

यह श्री सुधर्मास्वामिकी समाचारी सर्व जैनोंको मान्य है वास्ते झघडे की समाचारीयांको तिलाञ्जलि देके सुधर्म समाचारीमें यथाशक्ति पुरुषार्थ करे ताके शीघ्र कल्याण हो.

शान्तिः शान्तिः शान्तिः

सेवंभंते—सेवंभंते—तमेवसच्चम्.

श्री रत्नप्रभसूरि सद्गुरुभ्यो नमः

अथ श्री

शीघ्रबोध भाग ५ वा

थोकडा नम्बर ४०

(जड चैतन्य स्वभाव)

जीवका स्वभाव चैतन्य और कर्मोका स्वभाव जड एव जीव और कर्मोका भिन्न भिन्न स्वभाव होने पर भी जैसे धूलमे धातु तीलोंमें तैल दूधमें घृत है, इसी माफीक अनादि काल से जीव और कर्मों के सबन्ध है जैसे यंत्रादि क निमित्त कारण से धूलसे धातु तीलोंसे तैल दूधसे घृत अलग हो जाते है इसी माफीक जीवों को ज्ञान दर्शन, तप, जप, पुजा, प्रभावनादि शुभ निमित्त मीलनेसे कर्मो और जीव अलग अलग हो जीव सिद्ध पदको प्राप्त कर लेते है

जबतक जीवोंके साथ कर्म लगे हुवे है तबतक जीव अपनि दशाको भूल मिथ्यात्वादि परगुण में परिभ्रमन करता है जैसे सुवर्ण आप निर्मल अकलंक कोमल गुणवाला है किन्तु अग्निका संयोग पाके अपना असली स्वरुप छोड उष्णता को धारण करता है फीर जल वायुका निमित्त मीलने पर अग्निको त्यागकर अपने असली गुणको धारण कर लेता है इसी माफीक जीव भी निर्मल

अकलंक अमूर्त्ति है परन्तु मिथ्यात्वादि अज्ञानके निमित्त कारण से अनेक प्रकारके रूप धारण कर संसारमें परिभ्रमन करता है परन्तु जब सद्ज्ञान दर्शनादिका निमित्त प्राप्त करता है तब मिथ्यात्वादिका संग त्याग अपना असली स्वरूप धारण कर सिद्ध अवस्थाकों प्राप्त कर लेता है.

जीव अपना स्वरूप कीस कारणसे भूल जाता है? जेसे कोइ अकलमंद समजदार मनुष्य मदिरापान करने से अपना भान भूल जाता है फीर उन मदिराका नशा उतरने पर पश्चात्ताप कर अच्छे कार्यमें प्रवृत्ति करता है इसी माफीक अनंत ज्ञान दर्शनका नायक चैतन्यको मोहादि कर्मदलक विपाकोदय होता है तब चैतन्यको वैभान-विकल-बना देता है फीर उन कर्मोको भोगवके निर्ज्जरा करने पर अगर नया कर्म न बन्धे तो चैतन्य कर्म मुक्त हो अपने स्वरूपमें रमणता करता हुवा सिद्ध पदकों प्राप्त कर लेता है.

कर्म क्या वस्तु है? कर्म एक कीसमके पुद्गल है जिस पुद्गलोंमें पांच वर्ण, दो गन्ध, पांच रस, च्यार स्पर्श है जीवोंके उन पुद्गलों से अनादि कालका संबन्ध लगा हुवा है उन कर्मोंकि प्रेरणासे जीवोंके शुभाशुभ अध्यवसाय उत्पन्न होते है उन अध्य-वसायोंकी आकर्षणासे जीव शुभाशुभ कर्म पुद्गलोंको ग्रहन करते है। वह पुद्गल आत्माके प्रदेशोंपर चीपक जाते है अर्थात् आत्म प्रदेशोंके साथ उन कर्म पुद्गलोंका खीरनिरकी माफीक बन्ध होते है जिनों से वह कर्म पुद्गल आत्माके गुणोंको झांखा बना देते है जैसे सूर्यको बादल झांखा बनाता है। जैसे जैसे अध्यव-सायोंकी मंदता तीव्रता होती है वैसे वैसे कर्मोंके अन्दर रस तथा स्थिति पड जाति है वह कर्म बन्धने के बाद वह कर्म कीतने कालसे विपाक उदय होते है उसकों अबादा काल कहते है जैसे हुन्डीके अन्दर मुदत डाली जाति है। कर्म दो प्रकारसे भोगवीये

जाते है (१) प्रदेशोदय (२) विपाकोदय जिस्मे तप, जप, ज्ञान, ध्यान, पूजा, प्रभावनादि करनेसे दीर्घ कालके भोगवने योग्य कर्मोको आकर्षण कर स्वल्प कालमे भोगव लेते है जिसकी खवर छद्मस्थोंका नहीं पडती है उसे प्रदेशोदय कहते है तथा कर्म विपाकोदय होने से जीवोंको अनेक प्रकारकी विटम्बना से भोगवना पडे उसे विपाकोदय कहते है।

अशुभ कर्मोदय भोगवते समय आर्तध्यानादि अशुभ क्रिया करने से उन अशुभ कर्मोंमें और भी अशुभ कर्म स्थिति तथा अनुभाग रसकि वृद्धि होती है तथा अशुभ कर्म भोगवते समय शुभ क्रिया ध्यान करने से यह अशुभ पुद्गल भी शुभपणे प्रणम जाते है तथा स्थितिघात रसघात कर बहुत कर्म प्रदेशों मे भोगवके निर्झरा कर देते है ॥ शुभ कर्मोदय भोगवते समय अशुभ क्रिया करनेसे यह शुभ कर्म पुद्गल अशुभपणे प्रणमते है और शुभ क्रिया करनेसे उन शुभ कर्मोंमें और भी शुभकि वृद्धि होती है यह शुभ कर्म सुखे सुखे भोगवके अन्तमे मोक्षपदको प्राप्त कर लेते हैं।

साहुकार अपने धनका रक्षण कय कर सकेंगे कि प्रथम चौर आनका कारण हेतु रहस्तेका ठीक तौरपर समज लेगे फीर उन चौर आनेके रहस्तेको बन्ध करवादे या पेहरादार रखदे तो धन का रक्षण कर सके इसी माफीक शास्त्रकारोंने फरमाया है कि प्रथम चौर याने कर्मोका स्वरूपको ठीक तौरपर समजो फीर कर्म आनेका हेतु कारणको समजो फीर नया कर्म आनेके रहस्तेको रोको और पुराणे कर्मोंको नाश करनेका उपाय करो ताके संसार का अन्त कर यह जीव अपने निज स्थान (मोक्ष) को प्राप्त कर सादि अनंत भांगे सुखी हो।

कर्मोंकि विषय के अनेक ग्रन्थ है परन्तु साधारण मनुष्योंके लिये एक छोटीसी कोताव द्वारा मूल आठ कर्मोंकि उत्तरकर्म

प्रकृति १५८ का संक्षिप्त विवरण कर आप.क सेवामे रखी जाति है आशा है कि आप इस कर्म प्रकृतियोंकों कंठस्थ कर आगे के लिये अपना उत्साह बढाते रहेगें इत्यलम्।

थोकडा नम्बर ४१

(मूल आठ कर्मोंकि उत्तर प्रकृति १५८.)

(१) ज्ञानावर्णियकर्म—चैतन्यके ज्ञान गुणकों रोक रखा है।
(२) दर्शनावर्णियकर्म—चैतन्यके दर्शन गुणकों रोक रखा है।
(३) वेदनियकर्म—चैतन्यके अव्याबाद गुणकों रोक रखा है।
(४) मोहनियकर्म—चैतन्यके क्षायिक गुणकों रोक रखा है।
(५) आयुष्यकर्म—चैतन्यके अटल अवगाहाना गुणकों रोक रखा है.
(६) नामकर्म—चैतन्यके अमूर्त्त गुणकों रोक रखा है।
(७) गौत्रकर्म—चैतन्यके अगुरु लघु गुणकों रोक रखा है।
(८) अन्तरायकर्म—चैतन्यके वीर्य गुणकों रोक रखा है।
इन आठों कर्मोकि उत्तर प्रकृति १५८ है उनोंका विवरण—

(१) ज्ञानावर्णियकर्म जेसे घाणीका बहल-याने घाणीके बहलके नैत्रोंपर पाट्टा बान्ध देनेसे कीसी वस्तुका ज्ञान नही होता है. इसी माफीक जीवोंके ज्ञानावर्णिय कर्मपडल आजानेसे वस्तुतत्वका ज्ञान नहीं होता है। जीस ज्ञानावरणीय कर्मकि उत्तर प्रकृति पांच है यथा—(१) मतिज्ञानावर्णिय, ३४० प्रकारके मतिज्ञान है (देखो शीघ्रबोध भाग ६ ठा) उनपर आवरण करना अर्थात् मतिसे कीसी प्रकारका ज्ञान नही होने देना अच्छी बुद्धि

उत्पन्न नही होना तथ्य वस्तुपर विचार नही करने देना प्रज्ञा नही फेलना-बदलेमें खराब मति-बुद्धि-प्रज्ञा-विचार पैदा होना यह सब मतिज्ञानावर्णियकर्मका ही प्रभाव है (२) श्रुतज्ञानावर्णिय-श्रुतज्ञानको रोके, पठन पाठन श्रवण करनेको रोके, सद्ज्ञान होने नही देवे योग्य मीलनेपर भी सूत्र सिद्धान्त वाचना सुननेमें अन्तराय होना-बदलेमें मिथ्याज्ञान पर श्रद्धा पठन पाठन श्रवण करनेकि रूची होना यह सब श्रुतिज्ञानावर्णियकर्मका प्रभाव है (३) अवधिज्ञानावर्णियकर्म अनेक प्रकारके अवधिज्ञा नको रोके (४) मन पर्यवज्ञानावर्णियकर्म आते हुये मन पर्यवज्ञानको रोके (५) केवलज्ञानावर्णियकर्म-संपूर्ण जो केवलज्ञान है उनको आते हुयेको रोक इति ॥

(२) दर्शनावर्णियकर्म—राजाके पोलीया जैसे कीसी मनुष्यको राजासे मीलना है परन्तु वह पोलीया मीलने नही देते है इसी माफिक जीवोंको धर्म राजा से मीलना है परन्तु दर्शनावर्णियकर्म मीलने नही देते है जीसकि उत्तर प्रकृति नौ है (१) चक्षु दर्शनावर्णियकर्म प्रकृति उदय से जीवोंको नेत्र (आँखो) हिन बना दे अर्थात् एकेन्द्रिय बेइन्द्रिय तेइन्द्रिय जातिमें उत्पन्न होते है कि जहा नेत्रोंका बिल्कुल अभाव है और चौरिन्द्रिय पाचेन्द्रिय जातिमें नेत्र होने पर भी रातीदा होना काणा होना तथा बिल्कुल नही दीखना इसे चक्षु दर्शनावर्णियकर्म प्रकृति कहते है (२) अचक्षु दर्शनावर्णियकर्म प्रकृति उदयसे त्वचा जीभ नाक कान और मनसे जो वस्तुका ज्ञान होता है उनोंको रोके जिस्का नाम अचक्षु दर्शनावर्णिय कहते है (३) अवधि दर्शनावर्णियकर्म प्रकृति उदयसे अवधि दर्शन नही होने देवे अर्थात् अवधि दर्शनको रोके (४) केवल दर्शनावर्णिय कर्मोदय, केवल दर्शन होने नही देवे अर्थात् केवल दर्शनपर आवरण कर रोक रखे ॥ तथा निद्रा-निद्रा निद्रा दर्शनावर्णियकर्म प्रकृति उदय से

निंद्रा आति है परन्तु सुखे सोना सुखे जाग्रत होना उसे निंद्रा कहते है। और सुखे सोना दुःखपूर्वक जाग्रत होना उसे निंद्रानिंद्रा कहते हे। खडे खडेकों तथा बैठे बैठेकों निंद्रा आवे उसे प्रचला नामाकि निंद्रा कहते है। चलते फीरतेकों निंद्रा आवे उसे प्रचला प्रचला नामकि निंद्रा कहते है। दिनकों या रात्रीमें चिंतवन (बिचाराहुवा) किया कार्य निंद्राके अन्दर कर लेते हो उसको स्त्यानर्द्धि निद्रा कहते है. एवं च्यार दर्शन और पांच निंद्रा मीलाने से नौ प्रकृति दर्शनावर्णियकर्मकि है।

(३) वेदनियकर्म—मधुलीप्त छुरी जैसे मधुका स्वाद मधुर है परन्तु छुरीकी धार तीक्षण भी होती है इसी माफीक जीवोंको शातावेदनि सुख देती है मधुवत् और असातावेदनि दुःख देती है छुरीवत् जीसकि उत्तर प्रकृति दोय है सातावेदनिय, असाता-वेदनिय, जीवोंको शरीर–कुटुम्ब धन धान्य पुत्र कलत्रादि अनुकुल सामग्री तथा देवादि पौद्गलीक सुख प्राप्ति होना उसे सातावेदनियकर्म प्रकृतिका उदय कहते है और शरीरमें रोग निर्धनता पुत्र कलत्रादि प्रतिकुल तथा नरकादि के दुःखोका अनुभव करना उसे असातावेदनियकर्म प्रकृति कहते है।

(४) मोहनियकर्म–मदिरापान कीया हुवा पुरुष बेभान हो जाते हैं फीर उनकों हिताहितका ख्याल नहा रहते है इसी माफीक मोहनियकर्मोदयसे जीव अपना स्वरूप भूल जानेसे उसे हिताहितका ख्याल नही रहता है जिस्के दो भेद है दर्शनमोहनिय सम्यक्त्व गुणको रोके ओर चारित्रमोहनिय चारित्र गुणको रोके जीसकि उत्तर प्रकृति अठावीस है जिस्का मूल भेद दोय है (१) दर्शनमोहनिय (२) चारित्र मोहनिय जिस्मे दर्शनमोह-निय कर्मकि तीन प्रकृति है (१) मिथ्यात्वमोहनीय (२) सम्यकत्व मोहनिय (३) मिश्रमोहनिय- जेसे एक कोद्रव नामका

अनाज होते है जिसको खानेसे नशा आ जाता है उन नशाके मारे अपना स्वरूप भूल जाता है।

(क) जिस कोद्रव नामके धानको छालो सहित खानेसे बिलकुल ही बेभान हो जाते है इसी माफीक मिथ्यात्व मोहनिय कर्मोदयसे जोव अपने स्वरूपको भूलके परगुणमे रमणता करते है अर्थात् तत्व पदार्थोंकि विपरीत श्रद्धाको मिथ्यात्व मोहनिय कहते है जिस्मे आत्म प्रदेशोंपर मिथ्यात्वदलक होनेसे धर्मपर श्रद्धा प्रतित न करे अधर्मकि प्ररुपना करे इत्यादि।

(ख) उस कोद्रव धानका अर्ध विशुद्ध अर्थात् कुछ छाली उतारके ठीक किया हो उनको खानेसे कभी सावचेती आति है इसी माफीक मिश्रमोहनीवाले जीवोंको कुच्छ श्रद्धा कुच्छ अश्रद्धा मिश्रभाव रहते है उनोंको मिश्रमोहनि कहते है लेकीन वह है मिथ्यात्वमें परन्तु पहला गुणस्थान छुट जानेसे भव्य है।

(ग) उस कोद्रव धानको छाशादि सामग्रीसे धोये विशुद्ध बनाये परन्तु उन कोद्रव धानका मूल जातिस्वभाव नही जानेसे गन्धछाक बनी रहती है इसी माफीक क्षायक सम्यक्त्व आने नही देवे और सम्यक्त्वका विराधि होने नही देवें उसे सम्यक्त्व मोहनिय कहते है। दर्शनमोह सम्यक्त्व घाति है

दुसरा जो चारित्र मोहनिय कर्म है उसका दो भेद है (१) कषाय चारित्र मोहनिय (२) नोकषाय चारित्र मोहनिय और कषाय चारित्र मोहनिय कर्मके १६ है। जिस्मे पर्यक कषायके च्यार च्यार भेद भी हो सके है जैसे अनंतानुबन्धी क्रोध अनंतानुबन्धी जैसा, अप्रत्याख्यानि जैसा-प्रत्याख्यानि जैसा-और संज्वलन जैसा एवं १६ भेदोंका ६४ भेद भी होते है यहापर १६ भेद ही लिखते है।

अनंतानुबन्धी क्रोध-पत्थरकि रेखा सादृश, मान वज्रस

स्थंभ सादृश, माया वांसकी जड सादृश, लोभ करमजी रेसमके रंग सादृश घात करे तो सम्यक्त्वगुणकि स्थिति यावत् जीवकि, गति करें तों नरककि ॥ अप्रत्याख्यानि क्रोध तलावकि तड, मान दान्तकास्थंभ, माया मेढाका शृंग, लोभ नगरका कीच, घात करे तों श्रावकके व्रतोकि स्थिति एक वर्षकि, गति तीर्यंच कि ॥ प्रत्याख्यानि क्रोध गाडाकी लीक, मान काष्टका स्थंभ, माया चालता वैलकामूत्र, लोभ नेत्रोंके अञ्जन घात करे तों सर्व व्रतकि, स्थिति करे तो च्यार मासकि, गति करें तों मनुष्यकी ॥ सज्वलनका क्रोध पाणीकी लीक, मान तृणका स्थंभ, मायावांसकी छाल लोभ हलदिका रंग, घात करे तों वीतरागपणाकों, स्थिति क्रोधकी दो मास, मानकी एक मास, मायाकी पन्दरा दिन, लोभकी अन्तर मुहुर्त. गति करे तो देवतावोमें जावें. इन सोलह प्रकारकी कषायकों कषाय मोहनिय कहते है

नौ नोकषाय मोहनिय- हास्य-कतूहल मश्करी करना । भय-डरना विस्मय होना । शोक-फीकर चिंता आर्तध्यान करना । जुगुप्सा-ग्लानी लाना नफरत करना । रति आरंभादिकार्योमें खुशी लाना । अरति-संयमादि कार्योंमे अरति करना । स्त्रीवेद-जिस प्रकृतिके उदय पुरुषोंकि अभिलाषा करना । पुरुषवेद जिस प्रकृतिके उदय स्त्रियोंकि अभिलाषा करना । नपुंसक वेद जिस प्रकृतिके उदय स्त्रि-पुरुष दोनोंकि अभिलाषु करना ॥ एवं २८ प्रकृति. मोहनियकर्मकी है ।

(५) आयुष्य कर्मकि च्यार प्रकृति है यथा-नरकायुष्य, तीर्यंचायुष्य, मनुष्यायुष्य, देवायुष्य । आयुष्यकर्म जेसे कारागृहकी मुदत हो इतने दिन रहना पडता है इसी माफीक जोस गतिका आयुष्य हो उसे भोगवना पडता है ।

(६) नामकर्म चित्रकार शुभ और अशुभ दोनों प्रकारके

चित्रोंका अवलोकन करता है इसी माफीक नामकर्मोदय जीवोंको शुभाशुभ कार्यमे प्रेरणा करनेवाला नामकर्म है जीसकी एकसो तीन (१०३) प्रकृतियों है।

(क) गतिनामकर्मकि च्यार प्रकृतियों है नरकगति, तीर्यचगति, मनुष्यगति देवगति। एक गतिसे दुसरी गतिमें गमना गमन करना उसे गतिनाकर्म कहते है।

(ख) जातिनाम कर्म कि पाच प्रकृति है एकेन्द्रिय जाति, बेइन्द्रिय० तेइन्द्रिय० चोरिन्द्रिय० पचेन्द्रिय जाति नाम।

(ग) शरीर नामकर्मकि पाच प्रकृति है औदारिक शरार वैक्रिय० आहारीक० तेजस० कारमण शरीर०। प्रतिदिन नाश-विनाश होनेवालोंको शरीर कहते है।

(घ) अंगोपाग नामकर्मकि तीन प्रकृति है औदारिक शरीर अग उपाग, वैक्रिय शरीर अंगोपाग आहारीक शरीर अंगोपाग, शेष तेजस कारमण शरीरके अंगोपाग नही होते है।

(ङ) बन्धन नामकर्मकि पदरा प्रकृति है-शरीरपणे पौद्गल ग्रहन करते है फीर उनोंको शरीरपणे बन्धन करते है यथा-औदारीक औदारीकका बन्धन, १ औदारीक तेजसका बन्धन, २ औदारीक कारमणका बन्धन, ३ औदारीक तेजस कारमणका बन्धन, ४ वैक्रिय वैक्रियका बन्धन, ५ वैक्रिय तेजसका बन्धन, ६ वैक्रियकारमणका बन्धन ७ वैक्रिय तेजस कारमणका बन्धन ८ आहारीक आहारीकका बन्धन९ आहारीक तेजसका बन्धन १० आहारीक कारमणका बन्धन ११ आहारीक तेजस कारमणका बन्धन १२ तेजस तेजसका बन्धन १३ तेजस कारमणका बन्धन १४ कारमणकारमणका बन्धन १५ एव १५।

(च) सघातन नाम कर्म कि पाच प्रकृति है जो पौद्गल शरीरपणे ग्रहन कीया है उनोंको यथायोग्य अवयवपणे मजबुत बनाना।

जेसे औदारिक संघातन, वैक्रियसंघातन. आहारीक संघातन, तेजस संघातन कारमण संघातन।

(छ) संहनन नामकर्मकि छे प्रकृति है. शरीरकि ताकत और हाडकि मजबुतिको संहनन कहते है यथा वज्र ऋषभनाराच संहनन। वज्रका अर्थ है खीला. ऋषभका अर्थ है पाट्टा, नाराचका अर्थ है दोनों तर्फ मर्कट याने कुंटीयाके आकार दोनो तर्फ हडी जुडी हुइ अर्थात् दोनो तर्फ हड्डीका मीलना उसके उपर एक हडीका पट्टा और इन तीनोंमें एक खीली हो उसे वज्रऋषभ नाराच संहनन कहते है ॥ नाराच संहनन-उपरवत् परन्तु बीचमें खीली न हो. नाराच संहनन-इसमें पट्टा नही है। अर्द्ध नाराच संहनन-एक तर्फ मर्कट बन्ध हो दुसरी तर्फ खीली हो। किलीका संहनन-दोनो तर्फ अंकुडाकि माफीक एक हडीमें दुसरी हडी फसी हुइ हो। छेवटुं संहनन-आपस में हड्डीयों जुडी हुइ है ॥

(ज) संस्थाननामकर्मकि छे प्रकृतियों है—शरीरकी आकृतिको संस्थान कहते है समचतुरस्र संस्थान-पालटीमार के (पद्मासन) बेठनेसे चोतर्फ बराबर हो याने दोनों जानुके बिचमें अन्तर है इतना ही दोनों स्कन्धोंके बिचमें। इतना ही एक तर्फसे जानु और स्कन्धके अन्तर हो उसे समचतुरस्र संस्थान कहते हैं। निग्रोध परिमंडल संस्थान नाभीके उपरका भाग अच्छा सुन्दर हो और नाभीके निचेका भाग हिन हो। सादि संस्थान-नाभीके निचेका विभाग सुन्दर हो, नाभीके उपरका भाग खराब हो। कुब्ज संस्थाम-हाथ पैर शिर गर्दन अवयव अच्छा हो परन्तु छाती पेट पीठ खराब हो। वामन संस्थान-हाथ पैरादि छोटे छोटे अवयव खराब हो। हुंडक संस्थान-सर्व शरीर अवयव खराब अप्रमाणीक हो।

(झ) वर्णनामकर्मकि पांच प्रकृति है—शरीरके जो पुद्गल लागा है उन पुद्गलोंका वर्ण जैसे कृष्णवर्ण, निलवर्ण, रक्तवर्ण,

पेतवर्ण, श्वेतवर्ण जोयोंक जिस वर्ण नाम कर्मोदय होते है वेसा वण मीलता है।

(ज) गन्ध नामकर्मकि दो प्रकृति है—सुभिगन्धनाम कर्मोदयसे सुभिगन्धके पुद्गल मीलते है दुर्भिगन्धनाम कर्मोदयसे दुर्भिगन्धके पुद्गल मीलते है।

(ट) रस नामकर्मकि पाच प्रकृति है—पूर्ववत् शरीरके पुद्गल तिक्तरस, कटुकरस, कपायरस, अम्लरस, मधुररस, जैसे रस कर्मोदय होता है वेसे ही पुद्गल शरीरपणे ग्रहन करते है।

(ठ) स्पश नामकर्मकि आठ प्रकृति है जिस स्पश कर्मका उदय होता है वेसे स्पर्शके पुद्गलोंको ग्रहन करते है जैसे कर्कश, मृदुल, गुरु, लघु, शित, उष्ण, स्निग्ध, रुक्ष।

(ड) अनुपूर्वि नामकर्मकि च्यार प्रकृतियों है एक गतिसे मरके जीव दुसरी गतिमें जाता हुवा विग्रह गति करते समयानु पूर्वि, प्रकृति उदय हो जीवको उत्पत्तिस्थान पर ले जाते है जैसे बेंचा हुवा बहलको धणी नाथ गालके लेजाते जीस्का च्यार भेद नरकानुपूर्वि तीर्यंचानुपूर्वि, मनुष्यानुपूर्वि, देवआनुपूर्वि।

(ढ) विहायगति नामकर्मकि दो प्रकृतियों है जिस कर्मो दयसे अच्छी गजगामिनी गति होती है उसे शुभ विहायगति कहते है और जिन कर्मोदयसे उंट खरवत् खराव गति होती है उसे अशुभ विहायगति कहते है। इन चौदा प्रकारकि प्रकृतियोंकि पिंड प्रकृति कही जाती है अब प्रत्येक प्रकृति कहते है।

पराघातनाम-जिस प्रकृतिके उदयसे कमजोरको तो क्या परन्तु बडे बडे मल्लयाले योद्धोंको भी एक छीनकमें पराजय कर देते है।

उश्वासनाम—शरीरकि बाहीरकि हवाको नासीकाद्वारा

शरीरके अन्दर खींचना उसे श्वास कहते है और शरीरके अन्दरकी हवाकों बाहर छोडना उसे निश्वास कहते है ।

आतपनाम—इस प्रकृतिके उदयसे स्वयं उष्ण न होनेपर भी दुसरोंको आतप मालुम होते है यह प्रकृति 'सूर्य' के वैमानके जो बादर पृथ्वीकाय है उनोंके शरीरके पुद्गल है वह प्रकाश करता है, यद्यपि अग्निकायके शरीर भी उष्ण है परन्तु वह आतप नाम नही किन्तु उष्ण स्पर्श नामका उदय है ।

उद्योतनाम—इस प्रकृतिके उदयसे उष्णता रहीत-शीतल प्रकृति जेसे चन्द्र ग्रह नक्षत्र तारोंके वैमानके पृथ्वी शरीर है तथा देव और मुनि वैक्रिय करते है तब उनोंका शितल शरीर भी प्रकाश करता है । आगीया-मणि-औषधियों इत्यादिको भी उद्योत नामकर्मका उदय होता है ।

अगुरुलघुनाम—जीस जीवोंके शरीर न भारी हो कि अपनेसे सभाला न जाय. न हलका हो कि हवामें उड जावे याने परिमाण संयुक्त हो शीघ्रता से लिखना हलना चलनादि हरेक कार्य कर सके उसे अगुरुलधु नाम कहते है ।

जिननाम—जिस प्रकृतिके उदय से जीव तीर्थंकर पद को प्राप्त कर केवलज्ञान केवलदर्शनादि ऐश्वर्य संयुक्त हो अनेक भव्यात्मावोंका कल्याण करे ।

निर्माणनाम—जिस प्रकृतिके उदय जीवोंके शरीरके अंगोपांग अपने अपने स्थानपर व्यवस्थित होते हो जेसे सुतार चित्रकार, पुतलीयोंके अंगोपांग यथास्थान लगाते है इसी माफीक यह कर्म प्रकृति भी जीवोंके अवयव यथास्थान पर व्यवस्थित बना देती है ।

उपघातनाम—जिस प्रकृतिके उदयसे जीवों कों अपने ही

अवयव से तकलीफों उठानी पडे जेसे मस नसूर दो जीभो अधिक दान्त होठों से बाहार निकल जाना अगुलीयों अधिक इत्यादि। इन आठ प्रकृतियोंको प्रत्येक प्रकृति कहते है अब त्रसादि दश प्रकृति बतलाते है।

त्रसनाम—जिस प्रकृतिके उदयसे त्रसपणा याने बेइन्द्रियादिपणा मीले उसे त्रसनाम कहते है।

बादरनाम—जिस प्रकृतिके उदयसे बादरपणा याने जिसको छदमस्थ अपने चरमचक्षुसे देख सके यद्यपि बादर पृथ्वीकायादि एकेन्द्रिय जीव के शरीर दृष्टिगोचर नहीं होते है तथपि उनोंके बादर नाम कर्मोदय होनेसे असख्याते जीवोंके शरीर एकत्र होनेसे दृष्टिगोचर हो सकते है परन्तु सूक्ष्म नामकर्मोदयवाले असख्यात शरीर एकत्र होनेपर भी चरमचक्षुवालों के दृष्टिगोचर नहीं होते है।

पर्याप्त नाम—जिस जातिमे जितनि पर्याप्ती पाती हो उनोंको पूरण करे उसे पर्याप्तनाम कहते है पुद्गल ग्रहन करनेकि शक्ति पुद्गलोंका परिणमानेकि शक्तिको पर्याप्ति कहते है।

प्रत्येक शरीर नाम—एक शरीरका एक ही स्वामी हो अर्थात् प्रत्येक शरीरमें एकेक जीव हो उसे प्रत्येक नाम कहते है। साधारण वनस्पति के सिवाय सब जीवोंको प्रत्येक शरीर है

स्थिर नाम—शरीर के दान्त हड्डी ग्रीवा आदि अवयव स्थिर मजबुत हो उसे स्थिरनामकर्म कहते है।

शुभनाम—नाभी के उपरका शरीरको शुभ कहते है जैसे हस्तादिका स्पर्श होनेसे अप्रीति नहीं है किन्तु परोंका स्पर्श होते ही नाराजी होति है।

सुभाग नाम—कीसीपर भी उपकार किया विगर ही लोगोंके प्रीतीपात्र होना उसको सुभागनाम कर्म कहते है। अथवा सौभाग्यपणा सदैव बना रहना युगल मनुष्यवत्

सुस्वर नाम—मधुरस्वर लोगोंकों प्रीय हो पंचमस्वरवत्

आदेय नाम—जिनोंका वचन सर्वमान्य हो आदर सत्कारसे सर्व लोन मान्य करे।

यशःकीर्त्ति नाम—एक देशमें प्रशंसा हो उसे कीर्ति कहते है और बहुत देशोंमें तारीफ हो उसे यशः कहते है अथवा दान तप शील पूजा प्रभावनादिसे जो तारीफ होती है उसे कीर्ति कहते है और शत्रुवोंपर विजय करनेसे यशः होता है। अब स्थावरकि दश प्रकृति कहते है।

स्थावर नाम—जिस प्रकृतिके उदयसे स्थिर रहे याने शरदी गरमीसे वच नही सके उसे स्थावर कहते है जेसे पृथ्व्यादि पांच स्थावरपणे में उत्पन्न होना।

सूक्ष्म नाम—जिस प्रकृति के उदयसे सूक्ष्म शरीर-जो कि छद्मस्थोंके दृष्टिगोचर होवे नहीं कीसीके रोकनेपर रूकावट होवे नहो. खुदके रोका हुवा पदार्थ रूक नही सके। वैसे सूक्ष्म पृथ्व्यादि पांच स्थावरपणेमें उत्पन्न होना।

अपर्याप्ता नाम—जिस जातिमें जितनी पर्याय पावे उनोंसे कम पर्यायवान्धके मर जावे, अथवा पुद्गल ग्रहनमें असमर्थ हो।

साधारण नाम—अनंत जाव एक शरीरके स्वामि हो अर्थात् एक ही शरीरमें अनंत जीव रहते हो. कन्दमूलादि.

अस्थिर नाम-दान्त हाड कान जीभ ग्रीवादि शरीरके अवयवों अस्थिर हो-चपल हो उसे अस्थिर नाम कर्म कहते है।

अशुभनाम—नाभीके नीचेका शरीर पैर विगेरे जोकि दुस-

रादि स्पर्श करतेही नाराजी आवे तथा अच्छा कार्य करनेपरभी नाराजी करे इत्यादि।

दुर्भागनाम—कोसीके पर उपकार करनेपरभी अप्रीय लग तथा इष्टवस्तुओंका वियोग होना।

दुःस्वरनाम—जिस प्रकृतिके उदयसे ऊट गर्दभ जेसा खराब स्वर हो उसे दुःस्वरनाम कर्म कहते हैं।

अनादेयनाम—जिसका वचन कोइभी न माने याने आदर करनेयोग्य वचन होनेपरभी कोइ आदर न करे।

अयश कीर्तिनाम—जिस कर्मोदयसे दुनियोंमे अपयश-अ कीर्ति फैले, याने अच्छे कार्य करनेपरभी दुनियों उनोंको भलाइ न देके बुराइयोंही करती रहै इति नामकर्मकी १०३ प्रकृति हैं।

(७) गोत्रकर्म—कुंभकार जेसे घट बनाते है उनमें उच्च पदार्थ घतादि और निच पदार्थ मदीरा भी भरे जाते है इसी माफीक जीव अष्ट मदादि करनेमे निच गोत्र तथा अमदसे उच्च गोत्रादि प्राप्त करते है जीसकि दो प्रकृति है उच्चगोत्र, निचगोत्र जिस्में इक्ष्वाकुवंस हरिवंस चन्द्रवंसादि जिस कुलके अन्दर धर्म और नीतिका रक्षण कर चीरकालसे प्रसिद्धि प्राप्ति करी हो उच्चकार्य कर्त्तव्य करनेवालोंको उच्च गोत्र कहते है और इन्होंसे विप्रीत हो उसे निचगोत्र कहते है।

(८) अन्तरायकर्म-जैसे राजाका खजानची-अगर राजा हुक्मभी कर दीया हो तों भी वह खजानची इनाम देनेमें विलम्ब करता है इसी माफीक अन्तराय कर्मोदय दानादि कर नहीं सकते हैं तथा वीर्य-पुरुषार्थ कर नहीं सके जीसकि पांच प्रकृति है (१) दानअंतराय-जैसे देनेकि वस्तुवों मोजुद हो दान लेने वाला उत्तम गुणवान पात्र मोजुद हो दानके फलोंको जानता

हो, परन्तु दान देनेमें उत्साह न वढे वह दानांतराय कर्मका उदय है.

दातार उदार हो दानकी चीजों मौजुद हो आप याचना करनेमें कुशल हो परन्तु लाभ न हो तथा अनेक प्रकारके व्यापारादिमें प्रयत्न करनेपरभी लाभ न हो उसे लाभान्तराय कहते है।

भोगवने योग्य पदार्थ मौजुद है उस पदार्थोंसे वैराग्यभाव भी नही हैं न नफरत आति है परन्तु भोगान्तराय कर्मोदयसे कीसी कारणसे भोगव नहीं सके उसे भोगान्तराय कहते है जो वस्तु एक दफे भोगमें आति हो असानादि।

उपभोगान्तराय-जो स्त्रि वस्त्र भूषणादि वारवार भोगनेमें आवे एसी सामग्री मोजुद हो तथा त्यागवृत्ति भी नहो तथापि उपभोगमें नहीं ली जावे उसे उपाभोगान्तराय कहते है।

वीर्यान्तराय-रोग रहीत शरीर वलवान सामर्थ्य होनेपरभी कुच्छभी कार्य न कर सके अर्थात् वीर्य अन्तराय कर्मोदयसे पुरुषार्थ करनेमें वीर्य फोरनेमें कायरोंकी माफीक उत्साह रहित होते है उठना वेठना हलना चलना बोलना लिखना पढना आदि कार्य करनेमें असमर्थ हो वह पुरुषार्थ कर नही सकते है उसे वीर्य अन्तरायकर्म कहते है इन आठों कर्मोंकी १५८ प्रकृतिको कंठस्थ कर फीर आगेके थोकडेमे कर्मवन्धनेका कर्म तोडनेके हेतु लिखेंगे उसपर ध्यान दे कर्मवन्धके कारणोंको छोडनेका प्रयत्न कर पुरांणे कर्मोंकों क्षय कर मोक्षपद प्राप्त करना चाहिये इति।

सेवंभंते सेवंभंते तमेवसच्चम्

थोकडा नम्बर ४२

(कर्मोके बन्धहेतु)

कर्मबन्धके मूलहेतु चार है यथा-मिथ्यात्व (५) अवृति (१२) कषाय (२५) योग (१५) एवं उत्तर हेतु ५६ जिसद्वारा कर्मोके दल एकत्र हो आत्मप्रदेशोंपर बन्धन होते है यह विशेष पक्ष है परन्तु यहांपर सामान्य कर्मबन्धहेतु लिखते है। जेसे ज्ञानावर्णिय कर्म बन्धके कारण इस माफीक है

ज्ञान या ज्ञानवान् व्यक्तियोंसे प्रतिकूळ आचरणा या उनसे वैर भाव रखना। जीसके पास ज्ञान पढा हो उनका नाम को गुप्त रख दुसरोंका नाम कहना या जो विषय आप जानता हो उनको गुप्त रख कहनाकि मैं इस बातको नहि जानता हूं। ज्ञानीयोका तथा ज्ञान और ज्ञानके साधन पुस्तक विद्या-मन्दिर पाटी पोथी ठवणी कत्मादिका जलसे या अग्निसे नष्ट करना या उसे विक्रय कर अपने उपभोगमें लेना। ज्ञानीयोंपर तथा ज्ञानसाधन पुस्तकादिपर प्रेम स्नेह न करके अरुची रखना। विद्यार्थीयोंके विद्याभ्यासमें विघ्न पहुचाना जैसे कि विद्यार्थीयोंके भोजन वस्त्र स्थानादिका उनको लाभ होता हो तो उसे अंतराय करना या विद्याध्ययन करते हुवों को छोडा के अन्य कार्य करवाना। ज्ञानीयोंकि आशातना करना करवाना जैसे कि यह अध्यापक निच कुलके है या उनोके मर्म की बातें प्रकाश करना ज्ञानीयोको मरणान्त कष्ट हो एसे जाल रचना निंधा करना इत्यादि। इसी माफीक निषेध द्रव्य क्षेत्र काल भावमें पढना पढानेवाले गुरुका विनय न करना जुठा हाथोंसे तथा अंगुलीके थुक लगाय पुस्तकके पत्रोंको उल्टना ज्ञानके साधन पुस्तकादिके पैरोंसे हटाना

पुस्तकोंसे तकीयेका काम लेना। पुस्तकों कों भंडारमें पडे पडे सडने देना किन्तु उनोंका सद्‌उपयोग न होने देना उदरपोषणके लक्षमे रखकर पुस्तके वेचना इनोंके सिवाय भी ज्ञान द्रव्यकि आमंदको तोडना ज्ञानद्रव्यका भक्षण करना इत्यादि कारणोंसे ज्ञानावर्णीय कर्मका वन्ध होता है अगर उत्कृष्ट वन्ध हो तो तीस कोडाकोड सागरोपम के कर्म वन्ध होनेसे इतनेकाल तक कीसी कीस्मका ज्ञान हो नहीं सकते है वास्ते मोक्षार्थी जावोंको ज्ञान आशातना टालके ज्ञानको भक्ति करना-पढनेवालोंकों साहिता देना पढनेवालोंकों साधन वस्त्र भोजन स्थान पुस्तकादि देना।

(२) दर्शना वरणीय कर्मवन्धका हेतु-दर्शनी साधु भगवान् तथा जिनमन्दिर जैनमूर्नि जैन सिद्धान्त यह सव दर्शनके कारण है इनोंकी अभक्ति आशातना अवज्ञा करना तथा साधन इन्द्रियों-का अनिष्ट करना इत्यादि जैसे ज्ञानविर्णिय कर्म वन्धके हेतु कहा है इसी माफीक स्वरुप ही दर्शनावर्णियकर्मका भी समजना। वन्ध ओर मोक्षमें मुख्य कारण आत्मा के परिणाम है वास्ते ज्ञान ओर ज्ञानसाधना तथा दर्शनी (साधु) ओर दर्शन साधनोंके सन्मुख अप्रीती अभक्ति आशातना दीखलाना यह कर्मवन्धके हेतु है वास्ते यह वन्धहेतु छोडके आत्माके अन्दर अनंत ज्ञानदर्शन भरा हुवा है उनको प्रगट करनेका हेतु है उनोंसे प्रेमस्नेह और अन्तमें रागद्वेषका क्षयकर अपनि निज वस्तुवोंके प्राप्त कर लेना यहही विद्वानोंका काम है

(३) वेदनियकर्म दो प्रकारसे वन्धता है (१) सातावे-दनिय (२) असातावेदनिय—जिस्मे सातावेदनियकर्मवन्धके हेतु जैसे गुरुओंकी सेवा भक्ति करना अपनेसे जो श्रेष्ट है वह गुरु जैसे माता पिता धर्माचार्य विद्याचार्य कलाचार्य जेष्ट भ्रातादि क्षमा करना याने अपनेमे वदला लेनेकी सामर्थ्य होनेपर भी

अपने साथ बुरा बरताव करनेवालेको सहन करना। दया—दीन दु:खीयोंके दु:ख करनेकि कोसीस करना। अनुव्रतोंके तथा महाव्रतोंका पालन करना अच्छा सुयोगध्यान मौन और दश प्रकार साधु समाचारीका पालन करना-कषायोंपर विजय प्राप्त करना-अर्थात् क्रोध मान माया लोभ राग द्वेष ईर्षा आदिके वेगोंसे अपनि आत्माको बचाना—दान करना-सुपात्रोंको आहार वस्त्रा दिया दान करना—रोगीयोंके औषधि देना जो जीव भयसे व्याकुल हो रहे है उने भयसे छुडाना विद्यार्थीओंके पुस्तकें तथा विद्याका दान करना अन्य दानसे भी बडके विद्यादान है। कारण अन्नसे क्षणमात्र तृप्ती होती है। परन्तु विद्यादानसे चीरकाल तक सुखी होता है—धर्ममे अपनि आत्माको स्थिर रखना बाल वृद्ध तपस्वी और आचार्यादिकि वैयावच करना इत्यादि यह सब सातावेदनिय बन्धका हेतु है। इन कारणोंसे विपरीत बरताव करनेसे असातावेदनिय कर्मको बन्धे है जैसेकि गुरुवोंको अनादर करे अपने उपर कीये हुये उपकारोंका बदला न दुवे उलटा अपकार करे क्रूर प्रणाम निर्दय अविनय क्रोधी मन संकित करना कृपण सामग्री पाने भी दान न करे धर्मके कार्यमें बेपरवा रखे हस्ती अश्व बेलोंपर अधिक बोजा डालने वाला अपने आपको तथा औरोंको शोक संतापमें डालनेवाला इत्यादि हेतुवोंसे असातावेदनिय कर्मका बन्ध होता है।

(४) मोहनियकर्मबन्धके हेतु—मोहनियकर्मका दो भेद है (१) दर्शनमोहनिय (२) चारित्रमोहनिय जिसमें दर्शन मोहनीयकर्म जैसे—उन्मार्गका उपदेश करना जिनकृत्योंसे स सारकि वृद्धि होती है उनकृत्योंके विषयोंमे इस प्रकारका उपदेश करना कि यह मोक्षके हेतु है जैसेकि देवी देवोंके सामने पशुवोंकी हिंसा करनेमे पुन्यकार्य मानना। एकान्त ज्ञान या

क्रियासे ही मोक्षमार्ग मानना मोक्षमार्गका अलपा करना याने नास्ति है इस लोक परलोक पुन्य पाप आदिकी. नास्ति करना खाना पीना पेस आराम भोग विलास करनेका उपदेश करना इत्यादि उपदेश दे भद्रीक जीवोंको सन्मार्गसे पतितकर उन्मार्ग के सन्मुख करवा देना. जिनेन्द्रभगवानकी या भगवानके मूर्त्तिकि तथा चतुर्विध संघकि निंदा करने समवसरण—चम्र छत्रादिका उपभोग करनेवालेमें वीतरागत्व हो ही न सके इत्यादि कहना—जिनप्रतिमाकी निंदा करना पूजा प्रभावना भक्तिके हानि पहुंचना सूत्र सिद्धान्त गुरु या पूर्वाचार्योंकी तथा महान् ज्ञानसमुद्र जैसे ग्रन्थोकी निंदा करना यह सर्व दर्शन मोहनियकर्म वन्धके हेतु है जिनोंसे अनंतकाल तक वीतरागका धर्म मीलनाभी असंभव हो जाता है।

चारित्र मोहनिय कर्म वन्धके हेतु—जैंने चारित्रपर अभाव लाना. चारित्रवन्त कि निंदा करना मुनि के मल-मलीन गात्र वस्त्र देख दुगंच्छा करना खराव अध्यावसाय रखना. व्रत करके खंडन करना विषय भोगों कि अभिलाषा करना यह सब चारित्र मोहनीयकर्म वन्धका हेतु है जिस चारित्र मोहनियका दो भेद है (१) कषाय चारित्र मोहनिय (२) नोकषाय चारित्र मोहनीय-जिस्मे कषाय चारित्र मोहनिय जैसे अनन्तानुवन्धी क्रोध मान माया लोभ करनेसे अनन्तानुवन्धी आदिका बन्ध एवं अप्रत्याख्यानी—प्रत्याख्यानी और संज्वलन इनोंके करनेसे कषाय चारित्र मोहनीय कर्मवन्धता है तथा भांड जैसी कुचेष्टा करना हाँसी करना कतूहल करना दुसरोंकी हाँसी विस्मय कराना इत्यादि इनोंसे हास्य मोहनिय कर्मवन्ध होता है। आरंभमें खुशी माननेवाला, मेला खेला देखनेवाला चक्षुलोलुपी देशदेशके नया नया नाटक देखना चित्रचित्रामादि खींचना प्रेमसे दुसरोंके

मन अपने के आधिन करना इत्यादिमे गति मोहनिय कर्म ब न्धता है। ईर्षालु-पापाचरणा-दुसरोंके सुखमें विघ्न करनेवाले बुरे कर्ममें दूसरेको उत्साही बनानेवाला भयमादि अच्छा का र्यमें उत्साह रहित इत्यादि हेतुवोसे अरति मोहनिय कर्मबन्ध होते है। खुद डरे औरोंके डरावे त्रास देनेवाला दया रहित मायावी पापाचारी इत्यादि भयमोहनिय कर्मबन्ध करता है। खुद शोक करे दुसरोंका शोक करावे चिंता देनेवाला विश्वास घात स्वामिद्रोही दुष्टता करनेवाला—शोकमोहनियकर्म बन्धता है। सदाचारकि निंदा करे चतुर्विध संघकि निंदा करे जिन प्रतिमाकि निंदा करनेवाला जीव जुगप्सा मोहनिय कर्म बन्धता है। विषयाभिलाषी परस्त्रि लंपट कुचेष्टा करनेवाला हावभावसे दुसरोंसे ब्रह्मचर्यसे भ्रष्ट करनेवाला जीव स्त्रिवेद बन्धता है। सरल स्वभावी-स्वदारा संतोषी सदाचारवाला मंद विषयवाला जीव पुरुषवेद बन्धता है। सतीयोंका शील खडन करनेवाला तीव्र विषयाभिलाषी कामक्रीडामें आसक्त स्त्रि-पुरुषोंके कामत्रि पुरण अभिलाषा करनेवाला नपुसक वेद मोहनियकर्म बन्धता है इन सब कारणोंसे जीव मोहनीयकर्म उपार्जन करता है।

(५) आयुष्य कर्मबन्धके कारण—जेसे रौद्र प्रणामी महा रंभ महा परिग्रह पांचेन्द्रियका घाती मांसाहारी परदाराम मन विश्वासघाती, स्वामिद्रोही इत्यादि कारणोंसे जीव नरकका आयुष्य बान्धता है। मायावृत्ति करना गुढ माया करना कुडा तोल माप जूटे लेख लिखना, जूटी साक्ष देना परजीवोंको ठग लीफ [illegible] धन छीन लेना इत्यादि जीव तीर्यचका [illegible] है। प्रकृतिका भद्रीक बान [illegible] निर्मोहा बाँध मान हो [illegible] न करे भद्रीक [illegible]

गांभीर्य सर्व जनसे प्रिति गुणानुरागी उदार परिणामि इत्यादि कारणोंसे जीव मनुष्यका आयुष्य बन्धता है। सराग संयम; संयमासंयम अकाम निर्ज्जरा बाल तपस्वी देवगुरु मातापितादिका विनय भक्ति करे देव पूजन सत्यका पक्ष गुणोंका रागी निष्कपटी संतोषी ब्रह्मचर्य व्रत पालक अनुकम्पा सहित श्रमणोपासक शास्त्ररागी भोग त्यागी इत्यादि कारणोंसे जीव देवायुष्य बान्धता है।

(६) नामकर्मकि दो प्रकृति है (१) शुभनामकर्म (२) अशुभ नामकर्म जिस्मे सरल स्वभावी-माया रहित मन वचन काया वैपार जिस्का एकसा हो वह जीव शुभनामकों बन्धता है गौर्वरहित याने ऋद्धिगौर्व रसगौर्व. सातागौर्व इन तीनों गौर्वसे रहित होना पापसे डरनेवाला क्षमावान्त मर्दवादि गुणोंसे युक्त परमेश्वरकि भक्ति गुरु वन्दन तत्त्वज्ञ राग द्वेष पतले गुणगृही हो एसे जीव शुभ नामकर्म उपार्जन कर सकते है। दुसरा अशुभ नामकर्म-जैसे मायावी जिनोंकि मन वचन कायाकि आचारणा में और बतलाने मे भेद है। दुसरों के ठगनेवाले जूटी गवाही देनेवाले। घृत में चरवी दुद्ध में पाणी या अच्छी वस्तु में बुरी वस्तु मीला के वेचने वाले। अपनि तारीफ और दुसरोंकी निंदा करनेवाले वैश्यावों के वस्त्रालंकार दे दुसरे को ब्रह्मव्रत से पतित बनानेवाले इत्यादि देवद्रव्य ज्ञानद्रव्य साधारणद्रव्य खानेवाले विश्वासघात करने वाले इत्यादि कारणों से जीव अशुभ नामकर्म उपार्जन कर संसार में परिभ्रमन करते है.

(७) गौत्रकर्म कि दो प्रकृति है (१) उच्चगौत्र २) निचगौत्र-जिस्मे किसी व्यक्ति में दोषों के रहते हुवे भी उनका विषय में उदासीन सिर्फ गुणो को ही देखनेवाले है। आठ प्रकार के मदों से रहित अर्थात् जातिमद, कुलमद, बलमद, चोथो रुपमद, श्रुत-

मद ऐश्वर्यमद लाभमद तपमद इन मदों का त्याग करे अर्थात् यह आठों प्रकार के मद न करे। हमेशा पठन पाठन मे जिनका अनुराग है देवगुरु की भक्ति करनेवाला हो दुःखी जीवों को देख अनुकम्पा करनेवाला हो इत्यादि गुणोंसे जीव उच्चगोत्र का बन्ध करता है और इन कृत्यों से विपरीत वरताव करने से जीव निच गोत्र बन्धता है अर्थात् जिसमे गुणदृष्टि न होकर दोषदृष्टि हैं जाति कुलादि आठ प्रकार के मद करे पठन पाठन में प्रमाद आलस्य-घणा होती है आशातना का करनेवाला है एसे जीव निचगोत्र उपार्जन करते हैं

(८) अंतराय कर्म के बन्ध हेतु-जो जीव जिनेन्द्र भगवान् कि पूजा मे विघ्न करते हो-जैसे जल पुष्प अग्नि फल आदि चढाने मे हिंस्या होती है वास्ते पूजा न करना ही अच्छा हैं तथा हिंस्या झूट चौरी मैथुन रात्रीभोजन करनेवाले ममत्वभाव रखनेवाले हो तथा सम्यक्‌ ज्ञानदर्शन चारित्ररूप मोक्षमार्ग में दोष दिखलाकर भद्रीक जीवों को सद्‌मार्ग से भ्रष्ट बनानेवाले हो दुसरों को दान लाभ-भोग उपभोग में विघ्न करनेवाले हो। मंत्र यंत्र तंत्र द्वारा दुसरों कि शक्ति को हरन करनेवाले हो इत्यादि कारणों से जीव अंतराय कर्म उपार्जन करते हैं

उपर लिखे माफीक आठ कर्मों के बन्ध हेतु के सम्यक्‌ प्रकारे समज के सदैव इन कारणों से बचते रहना और पूर्व उपार्जन कीये हुवे कर्मों को तप जप संयम ज्ञान ध्यान सामायिक प्रभावना आदि कर हटा के मोक्ष की प्राप्ति करना चाहिये।

सेवं भंते सेवं भंते—तमेव सच्चम्

—•—

थोकडा नम्बर ४३

(कर्म प्रकृति विषय.)

ज्ञानगुण दर्शनगुण चारित्रगुण और वीर्यगुण यह च्यार चैतन्य के मूल गुण है जिस्कों कोनसी कर्म प्रकृति चेतन्य के सर्व गुणों कि घातक है और कोनसो कर्म प्रकृति देश गुणों कि घातक है वह इस थोकडा द्वारा बतलाते है।

कैवलयज्ञानावर्णिय कवल्य दर्शनावर्णिय मिथ्यात्व मोहनिय, निद्रा, निद्रा निद्रा, प्रचलानिद्रा, प्रचलाप्रचलानिद्रा, स्त्यानर्द्धि निद्रा अनंतानुबन्धी क्रोध-मान-माया-लोभ, अप्रत्याख्यानि क्रोध-मान-माया-लोभ, प्रत्याख्यानि क्रोध-मान-माया-लोभ एवं २० प्रकृति सर्व घाती है।

मतिज्ञानावर्णिय श्रुतिज्ञानावर्णिय अवधिज्ञानावर्णिय मनः पर्यवज्ञानावर्णिय-चक्षुदर्शनावर्णिय अचक्षुदर्शनावर्णिय अवधि दर्शनावर्णिय संज्वलनका क्रोध-मान-माया लोभ-हास्य भय शोक जुगप्सा रति अरति स्त्रिवेद पुरुषवेद नपुंसकवेद दांनान्तराय लाभान्तराय भोगान्तराय उपभोगान्तराय वीर्यान्तराय एवं २५ प्रकृति देशघाती है तथा मिश्रमोहनिय. सम्यक्त्वमोहनिय यह दो प्रकृति भी देशघाती है।

शेष प्रत्येक प्रकृति आठ, शरीरपांच, अंगोपांगतीन, संहनन छे, संस्थान छे. गतिच्यार, जातिपांच, विहायोगति दो, अनुपूर्वी आयुष्यच्यार त्रसकिदश, स्थावरकिदश, वर्णादिच्यार, गौत्रकि २ प्रकृति एवं ७३ प्रकृति अघाती है।

थोकडा नंम्बर ४१ में आठ कर्मो कि १५८ प्रकृति है जिस्में

१३२ प्रकृतियोंका उदय मनुष्य होते हैं जिसमें २० प्रकृति सर्व घाती हैं २७ प्रकृति देशघाती हैं ७३ प्रकृति अघाती हैं इसको लक्षमें लेके उदय प्रकृतिको समझना चाहिये।

उदय प्रकृति १२२का विपाक अलग २ कहते हैं।

(१) क्षेत्र विपाकी च्यार प्रकृति हैं जोकि जीव परभव गमन करते समय विग्रह गतिमें उदय होती हैं जिस्के नाम नर कानुपूर्वि तीर्यचानुपूर्वी मनुष्यानुपूर्वी और देवानुपूर्वी।

(२) जीव विपाकी जिस प्रकृतियोंके उदयसे विपाकरस जीवको अधिकाश भोगवते समय दुःख सुख होते हैं। यथा—ज्ञाना वर्णिय पाच प्रकृति दर्शनावर्णिय नौप्रकृति मोहनिय अठा वीस प्रकृति अन्तरायकि पाच प्रकृति गौत्र कर्मकि दो प्रकृति वेदनिय कर्मकि दो प्रकृति-सातावेदनिय—असातावेदनिय तीर्थंकर नामकर्म त्रसनाम बादरनाम पर्याप्तानाम स्थावरनाम सूक्ष्मनाम अपर्याप्तानाम सौभाग्यनाम दुर्भाग्यनाम सुस्वरनाम दुःस्वरनाम आदेयनाम अनादेयनाम यश कीर्तिनाम अयश की र्तिनाम उश्वासनाम एकेन्द्रिय जातिनाम वेइन्द्रिय जातिनाम तेइन्द्रिय० चोरिन्द्रय पाचेन्द्रिय० नरकगतिनाम तीर्यचगतिनाम मनुष्य गतिनाम देवगतिनाम सुविहागतिनाम असुविहागति नाम एव ७८ प्रकृति जीवविपाकी हैं।

(३) भवविपाक जसे नरकायुष्य तीर्यचायुष्य मनुष्यायुष्य और देवायुष्य एव च्यार प्रकृति भवप्रत्यय उदय होती है।

(४) पुद्गलविपाकी प्रकृतियों। यथा-निर्माण नाम स्थिर नाम अस्थिर नाम शुभनाम अशुभ नाम वर्णनाम गन्धनाम रसनाम स्पर्शनाम अगुरु लघु नाम औदारीक शरीर नाम वैक्र यशरीर नाम आहारीक शरीर नाम तेजस शरीर नाम कारमण

शरीर नाम तीन शरीरके आंगोपांग नाम छे संहनन छे संस्थान उपघात नाम साधारण नाम प्रत्येक नाम उद्योत नाम आताप नाम पराघात नाम एवं ३६ प्रकृतियां पुद्गल विपाकी है एवं ४-७८-४-३६ कुध १२२ प्र० उदय।

परावर्तन प्रकृतियों-एक दुसरे के बदलेमें बन्ध सके-यथा शरीरतीन आंगोपांगतीन संहनन छे संस्थान छे जातिपांच गतिच्यार विहागतिदो अनुपूर्वीचार वेदतीन दोयुगलकि च्यार कषायशोला उद्योत आताप उच्चगौत्र निचगौत्र वेदनिय-साता-असाता निद्रापांच त्रसकीदश स्थावरकीदश नरकायुष्य तीर्यचायुष्य मनुष्यायुष्य देवायुष्य एवं ९१ प्रकृति परावर्तन है।

शेष ५७ प्रकृति अपरावर्त्तन याने जीसकी जगह वह ही प्रकृति बन्धती है उसे अपरावर्तन कहते है। शेष आगे चोथा कर्मग्रंथाधिकारे लिखा जावेगा

सेवं भंते सेवं भंते—तमेव सच्चम्.

थोकडा नंबर ४४

(कर्म ग्रंथ दूसरा)

मूल कर्म आठ है जिनकी उत्तर प्रकृति १५८× जिनके नाम थोकडा नं० ४२ में लिख आये हैं वहां देख लेना उन १५८ प्रकृतियोंमें से वध, उदय, उदीरणा, और सत्ता किस ९ गुणस्थान में कितनी २ प्रकृतियाकी है सो लिखते हैं.

(प्र) गुणस्थानक किसे कहते हैं ?

× श्री प्रज्ञाप्ना सूत्रानुस्वार १४८ प्रकृति है और कर्मग्रन्थानुस्वार १५८ परन्तु शेनु सत्तानुसार वन्ध प्रकृति १२० है वह ही अधिकार यह वतलावेंगे।

(उत्तर) जिस तरह शिव (मोक्ष) मंदिर पर चढने के लिये पावडिया (सीढी) है उसी तरह कर्म शत्रु को विदारने के लिये जीव के शुद्ध शुद्धतर शुद्धतम अध्यवसाय विशेष यद्यपि अध्यवसाय असख्याते है परन्तु स्थूल याने व्यवहार नयसे १४ स्थान कहे है यथा मिथ्यात्व १ सास्वादन २ मिश्र ३ अविरति सम्यक्दृष्टि ४ देशविरति ५ प्रमत्त सयत ६ अप्रमत्त संयत ७ निवृति बादर ८ अनिवृत्ति बादर ९ सूक्ष्म सपराय १० उपशात मोह वीतराग ११ क्षीणमोह वीतराग छद्मस्थ १२ सयोगी केवली १३ और अयोगी केवली १४ यह चवदे गुणस्थानक है

पहिले बताई हुई १४८ प्रकृतियों में से वर्णादिक १६ पाच शरीरका बधन ५ सघातन ५ और मिश्र मोहनीय १ सम्यक्त्व मोहनीय १ एवम् २८ प्रकृति कम करनेसे शेष १२० प्रकृतिका समुचय बध है।

(१) मिथ्यात्व गुणस्थानक में १२० प्रकृतियोंमें से तीर्थंकर नामकर्म १ आहारक शरीर २ आहारक अंगोपाग ३ तीन प्रकृतियोंका बध विच्छेद होनेसे बाकी ११७ प्रकृतियोंका बंध है

(२) सास्वादन गुणस्थानक मे नरक गति १ नरकायुष्य २ नरकानुपूर्वी ३ एकेन्द्रि ४ बेइन्द्री ५ तेइन्द्री ६ चौरिन्द्री ७ स्थावर ८ सूक्ष्म ९ साधारण १० अपर्याप्ता ११ हुडक सस्थान १२ आतप १३ छेवट्ट सघयण १४ नपुसक वेद १५ मिथ्यात्व मोहनीय १६ ये सोला प्रकृति का बध विच्छेद होनेसे १०१ प्रकृति का बध है

(३) मिश्र गुणस्थानकमें पूर्वकी १०१ प्रकृति में से त्रियँचगति १ त्रियँचायुष्य २ त्रियँचानुपूर्वी ३ निद्रा निद्रा ४ प्रचला प्रचला ५ थीणद्धी ६ दुर्भाग्य ७ दुस्वर ८ अनादेय ९ अनतानुबन्धी क्रोध १० मान ११ माया १२ लोभ १३

ऋषभ नाराच संघयण १४ नाराचसंवयण १५ अर्द्ध नाराच सं० १६ कीलिका सं० १७ न्यग्रोध संस्थान १८ सादि संस्थान १९ वामन सं० २० कुब्ज सं० २१ नीचगोत्र २२ उद्योत नाम २३ अशुभविहायोगति २४ स्त्री वेद २५ मनुष्यायु २६ देवायुः २७ सत्ताईस प्रकृति छोडकर शेष ७४ का वंध होय.

(४) अविरति सम्यकदृष्टि गुणस्थानक में मनुष्यायुष्य १ देवायुष्य २ तीर्थंकर नाम कर्म ३ यह तीन प्रकृतियोंका वंध विशेष करे इस वास्ते ७७ प्रकृति का वध होय.

(५) देशविरति गुणस्थानक पूर्व ७७ प्रकृति कही उसमें से वज्रऋषभनाराचसंवयण १ मनुष्यायु २ मनुष्यजाति ३ मनुष्यानुपूर्वी ४ अप्रत्याख्यानी क्रोध ५ मान ६ माया ७ लोभ ८ औदारिक शरीर ९ औदारिक अंगोपांग १० इन दश प्रकृतियों का अवंधक होने से शेष ६७ प्रकृति बांधे.

(६) प्रमत्त संयत गुणस्थानक में प्रत्याख्यानी क्रोध १ मान २ माया ३ लोभ ४ का विच्छेद होनेसे शेष ६३ प्रकृति बांधे.

(७) अप्रमत्त संयत गुणस्थानक में ५९ प्रकृतिका वंध है. पूर्व ६३ प्रकृति कही जिसमेंसे शोक १ अरति २ अस्थिर ३ अशुभ ४ अयश ५ असाता वेदनीय ६ इन छे प्रकृतियोंका वंध विच्छेद करें और आहारक शरीर १ आहारक अंगोपांग २ विशेष बांधे एवम् ५९ प्रकृतिका वंध करे. अगर देवायुष्य न बांधे तो ५८ प्रकृतिका वंध क्योंकि देवायुष्य छट्ठे गुणस्थानकसे बांधता हुवा यहां आवे. परन्तु सातवें गुणस्थानकसे आयुष्यका बन्ध शुरु न करे.

(८) निवृत्ति बादर गुणस्थानक का सात भाग है जिसमें पहिले भागमें पूर्ववत् ५८ का वंध. दूजे भागमे निद्रा १ प्रचला २ का वध विच्छेद होनेसे ५६ का वंध हो. एवम् तीजे, चौथे, पांचवें और

छठे भाग में भी ५६ प्रकृतिका बंध है सातवें भागमें देवगति १ देवानुपूर्वी २ पंचेन्द्री जाति ३ शुभविहायोगति ४ त्रसनाम ५ बादर ६ पर्याप्ता ७ प्रत्येक ८ स्थिर ९ शुभ १० सौभाग्य ११ सुस्वर १२ आदेय १३ वैक्रिय शरीर १४ आहारक शरीर १५ तेजस शरीर १६ कार्मण शरीर १७ वैक्रिय अंगोपांग १८ आहारक अंगोपांग १९ समचतुरस्र संस्थान २० निर्माण नाम २१ जिन नाम २२ वरण २३ गंध २४ रस २५ स्पर्श २६ अगुरुलघु २७ उपघात २८ पराघात २९ और उश्वास ३० एवम् तीस प्रकृति का बंध विच्छेद होने से बाकी २६ प्रकृति बांधे

(९) अनिवृत्ति गुणस्थानक का पांच भाग है पहिले भाग में पूर्ववत् २६ प्रकृतिमेंसे हास्य १ रति २ भय ३ जुगुप्सा ४ ये चार प्रकृतिका बंध विच्छेद होकर बाकी २२ प्रकृति बांधे दूसरे भाग मे पुरुषवेद छोड़कर शेष २१ बांधे तीजे भाग में सज्वलन का क्रोध १ चौथे भाग में सज्वलन का मान २ और पाचवे भाग मे संज्वलनकी माया ३ का बंध विच्छेद होने से १८ प्रकृति का बंध होता हैं

(१०) सूक्ष्म सम्पराय गुणस्थानक में सज्वलन के लोभका अबंधक है इसवास्ते १७ प्रकृतिका बंध होय

(११) उपशांत मोह गुणस्थानक में १ शाता वेदनीय का बंध है शेष ज्ञानावरणीय ५ दर्शनावरणीय ४ अंतराय ५ उच्चै गोत्र १ यश कीर्ति १ इन १६ प्रकृतिका बंध विच्छेद हो

(१२) क्षीणमोह गुणस्थानक में १ शाता वेदनीय बांधे

(१३) सयोगी केवली गुणस्थानकमें १ शाता वेदनीय बांधे

(१४) अयोगी गुणस्थानक में (अबंधक) बंध नहीं

इति बंध समाप्त सेवंभंते सेवंभंते तमेव सचम्

थोकडा नं. ४५

(उदय)

समुच्चय १४८ प्रकृति में से १२२ प्रकृति का ओघ उदय है. बंधकी १२० प्रकृति कही उसमें से समकित मोहनीय १ मिश्रमोहनीय २ ये दो प्रकृति उदयमें ज्यादा है क्योंकि इन दो प्रकृतियों का बंध नहीं होता परन्तु उदय है।

(१) मिथ्यात्व गुणस्थानक में ११७ का उदय होय क्योंकि सम्यक्त्व मोहनीय १ मिश्रमोहनीय २ जिन नाम ३ आहारक शरीर ४ आहारक अंगोपांग ५ ये पांच का उदय नहीं है.

(२) सास्वादनगुण० ११२ प्र० का उदय है. मिथ्यात्व में ११७ का उदय था उसमें से सूक्ष्म १ साधारण २ अपर्याप्ता ३ आताप ४ मिथ्यात्व मोहनीय ५ और नरकानुपूर्वी ६ इन छ प्रकृतियोंका उदय विच्छेद हुवा.

(३) मिश्रगुण० में १०० प्रकृतिका उदय होय क्योंकि अनंतानुबन्धी चौक ४ एकेंद्री ५ विकलेंद्री ८ स्थावर ९ तिर्यचानुपूर्वी १० मनुष्यानुपूर्वी ११ देवानुपूर्वी १२ इन बारे प्रकृतियोंका उदय विच्छेद होने से शेष ९९ प्रकृति रही. परन्तु मिश्रमोहनीय का उदय होय इस वास्ते १०० प्रकृतिका उदय कहा।

(४) अविरती सम्यक्दृष्टी गुण० में १०४ का उदय होय क्योंकि मनुष्यानुपूर्वी १ त्रियंचानुपूर्वी २ देवानुपूर्वी ३ नरकानुपूर्वी ४ और सम्यक्त्व मोहनीय ५ इन पांच प्रकृतिका उदय विशेष होय और मिश्रमोहनीय का उदय विच्छेद होय. इस वास्ते १०४ प्रकृतिका उदय कहा.

(५) देशविरति गुण० में ८७ प्रकृतिका उदय होय क्यों

कि प्रत्याख्यानी चौक ४ त्रियचानुपूर्वी ५ मनुष्यानुपूर्वी ६ नरक गति ७ नरकायुष्य ८ नरकानुपूर्वी ९ देवगति १० देवायुष्य ११ देवानुपूर्वी १२ वैक्रिय शरीर १३ वैक्रिय अगोपाग १४ दुर्भाग्य १५ अनादेय १६ अयश १७ इन सतरे प्रकृतिया का उदय नहीं होता

(६) प्रमत्त सयतगुण० मे प्रत्याख्यानी चौक ४ त्रियचगति ५ त्रियचायुष्य ६ निचगोत्र ७ पच आठ का उदय विच्छेद होने से शेष ७९ प्रकृति रही आहारक शरीर १ आहारक अगोपाग २ इन दो प्रकृतिका उदय विशेष होय इस वास्ते ८१ प्रकृतिका उदय होय

(७) अप्रमत्त सयत गुण० मे थीणद्धी त्रिक ३ आहारक द्विक २ इन पाचका उदय न होय शेष ७६ प्रकृति का उदय होय

(८) निवृति बादर गुण० मे सम्यक्त्व मोहनीय १ अर्द्ध नाराच स० २ कीलिका स० ३ छेवट्ठे स० ४ इन चार को छोडकर शेष ७२ प्रकृति का उदय होय

(९) अनिवृति बादर गु० में हास्य १ रति २ अरति ३ शोक ४ जुगुप्सा ५ भय ६ इनका उदय विच्छेद होने से शेष ६६ प्रकृति का उदय होय

(१०) सूक्ष्म सपराय गुण० में पुरुषवेद १ स्त्रीवेद २ नपुसक वेद ३ सज्वलन क्रोध ४ मान ५ माया ६ इन छ' का उदय वि च्छेद होने से बाकी ६० प्रकृति का उदय होय

(११) उपशात मोह गुण० में सज्वलन लोभ का उदय विच्छेद हो बाकी ५९ का दय हो

(१२) क्षीण मोह गुण० के दो भाग है पहिले भाग मे ऋषभ नाराच और नाराच सघयण तथा दूसरे भाग में निद्रा

और निद्रा निद्रा एवम् ४ प्रकृति का उदय विच्छेद होने से शेष ५५ का उदय होय.

(१३) सयोगी केवली गुण० में ज्ञानावरणीय ५ दर्शनावरणीय ४ अन्तराय ५ एवम् १४ प्रकृति का उदय विच्छेद होने से ४१ प्रकृति और तिर्थंकर नाम कर्म को मिलाकर ४२ प्रकृति का उदय होय.

(१४) अयोगी गुण० में १२ प्रकृति का उदय होय मनुष्यगति १ मनुष्यायु २ पंचेन्द्री ३ सौभाग्य नाम कर्म ४ त्रस ५ बादर ६ पर्याप्ता ७ उच्चैगौत्र ८ आदेय ९ यशकीर्ति १० तिर्थंकर नाम ११ वेदनी १२ ये बारे प्रकृतियों का उदय चरम समय विच्छेद होय. ॥ इति उदयद्वार समाप्तम् ॥

अब उदीरणा अधिकार कहेते हैं. पहिले गुण स्थानक से छट्ठे गुण स्थानक तक जैसे उदय कहा वैसे ही उदीरणा भी कहनी. और सात में गुण स्थानक से तेरमें गुण स्थानक तक जो २ उदय प्रकृति कही है उसमें से शाता वेदनीय १ अशाता वेदनीय २ और मनुष्यायु ३ ये तीन प्रकृति कम करके शेष प्रकृति रहे सो हरेक जगह कहना. चौदमें गुण स्थानकमें उदीरणा नहीं.

॥ इति उदीरणा समाप्तम् ॥

थोकडा नं. ४६

(सत्ता अधिकार)

(१) मिथ्यात्व गुण० में १४८ प्रकृति की सत्ता.

(२) सास्वादन गुण० में जिन नाम कर्म छोडकर १४७ प्रकृतिकी सत्ता रहती है.

(३) मिश्र गुण० में पूर्ववत् १४७ प्र० की सत्ता होय

चौथे अविरति सम्यक्दृष्टि गु० से ११ वे उपशात मोह गु० तक सभव सत्ता १४८ प्रकृति की हैं परन्तु आठवें गु० से ११ वें गु० तक उपशम श्रेणी करनेवाला अनतानुबधी ४ नरकायु ५ त्रियचायु ६ इन छै प्रकृतियों की विसयोजना करे इस वास्ते १४२ प्रकृति का सत्ता होय

क्षायक सम्यकृदृष्टिअचरम सरीरी चौथे से सातवें गु० तक अनतानुबधी ४ सम्यक्त्वमोहनीय ५ मिथ्यात्वमोहनीय ६ मिश्र मोहनीय ७ इन सात प्रकृतियों को खपाये शेष १४१ प्रकृति सत्ता में होय,

क्षायक सम्यकृदृष्टि चरम शरीरी क्षपक श्रेणी करनेवालों के चौथे से नवमें (अनिवृति) गु० के प्रथम भाग तक १३८ प्रकृति की सत्ता रहे क्योंकि पूर्व कही हुइ सात प्रकृतियों के सिवाय नरकायु १ त्रियचायु २ देवायु ३ ये तीन भी सत्ता से विच्छेद करना से।

क्षयोपशम सम्यक्त्व में वर्तता हुआ चौथे से सातवे गुण० तक १४५ प्रकृति की सत्ता होय क्योंकि चरम शरीरी है इसलिये नरकायु १ त्रियचायु २ देवायु की सत्ता न रहे।

नवमें गुण० के दुसरे भागमें १२० की सत्ता स्थावर १ सूक्ष्म २ त्रियच गति ३ त्रियचानुपूर्वी ४ नरकगति ५ नरकानुपूर्वी ६ आताप ७ उद्योत ८ थीणद्धी ९ निद्रा निद्रा १० प्रचला प्रचला ११ पचेन्द्री १२ बेइन्द्री १३ तेरिन्द्री १४ चौरिन्द्री १५ साधारण १६ इन सोले प्रकृतियों की सत्ता विच्छेद होय

नवमें गुण० के दुसरे भागमें १४ प्रकृति की सत्ता प्रत्याख्यानी ४ और अप्रत्याख्यानी ४ इन ८ प्रकृति की सत्ता विच्छेद होय

नवमे गु० के चोथे भाग में ११३ प्रकृति की सत्ता नपुंसकवेद का विच्छेद हो

नवमें गु० के पांचवे भाग में ११२ प्र० की सत्ता. स्त्रीवेद का विच्छेद हो.

नवमें गु० के छट्ठे भागमें १०६ प्र० की सत्ता. हास्य १ रति २ अरति ३ शोक ४ भय ५ जुगुप्सा ६ इन प्रकृतियों का सत्ता विच्छेद होय.

नवमें गु० के सातवें भाग में १०५ प्र० की सत्ता. पुरुषवेद निकला.

नवमें गु० के आठवें भागमें १०४ प्र० की सत्ता संज्वलन का क्रोध निकला.

नवमें गु० के नवमें भाग में १०३ प्र० की सत्ता. संज्वलन का मान निकला.

दशमें गु० १०२ की सत्ता हो. यहां संज्वलन कि माया का विच्छेद हुआ.

इग्यारमें गु० में १०१ की सत्ता हो. यहां संज्वलन के लोभकी सत्ता विच्छेद हुई.

वारमें गुण० में १०१ की सत्ता द्विचरम समयतक रहे हैं पीछे निद्रा १ प्रचला २ इन दो प्रकृतियों को क्षय करे चरम समय ९९ की सत्ता रहै।

तेरमें गुणस्थानक में ८५ की सत्ता होय चक्षुदर्शनावर्णीय १ अचक्षुदर्शनावर्णीय २ अवधिदर्शनावर्णीय ३ केवलदर्शनावर्णीय ४ ज्ञानावर्णीय ५ अंतराय ५ इन चौदे प्रकृति की विच्छेद हुई.

चौदमें गुण० में पहिले समय ८५ की सत्ता रहै. पीछे देव गति १ देवानुपूर्वी २ शुभ विहायोगति ३ अशुभविहायोगति ४ गंधद्विक ६ स्पर्श १४ वर्ण १९ रस २४ शरीर २९ बंधन ३४ संघातन ३९ निर्माण ४० संघयँण ४६ अस्थिर ४७ अशुभ ४८ दुःभाग्य

४९ दुस्वर ५० अनादेय ५१ अयश कीर्ति ५२ संस्थान ५८ अगुरू लघु ५९ उपघात ६० पराघात ६१ उश्वास ६२ अपर्याप्ता ६३ वेदनी ६४ प्रत्येक ६५ स्थिर ६६ शुभ ६७ औदारिक उपाग ६८ वैक्रिय उपाग ६९ आहारक उपांग ७० सुस्वर ७१ नीच्चैर्गोत्र ७२ इन बोहत्तर प्रकृतियों की सत्ता टलने से १३ की सत्ता रहैं फिर मनुष्यानुपूर्वी के विच्छेद होने से १२ प्रकति की सत्ता चरम समय होय इनको उसी समय क्षय करके सिद्ध गति को प्राप्त हो। बारह प्रकतियों के नाम-मनुष्य गति १ मनुष्यायु २ त्रस ३ बादर ४ पर्याप्ती ५ यश कीर्ति ६ आदेय ७ सौभाग्य ८ तीर्थंकर ९ उच्चगौत्र १० पचेन्द्री ११ और वेदनी १२ इति सत्ता समाप्त

मेव भंते सेव भंते–तमेव सच्चम्.

—०—

थोकडा न ४७.

श्री पन्नवणाजी सूत्र पद २३

(अबाधाकाल)

कर्मकी मूल प्रकृति आठ हैं और उत्तर प्रकृति १४८ है × कौन जीव किस २ प्रकृतिको कितने २ स्थितिकी बाधता है, और बाधनेके बाद स्वभावसे उदयमें आवे तो, कितने कालसे आवे यह सब इस थोकडेद्वारा कहेंगे

अबाधाकाल उसे कहते हैं जैसे हुडीकी मुद्दत पकजानेपर

× कर्म ग्रन्थ में पाच शरीर के बन्धन १५ कहा है वास्ते १४८ प्रकृति माना गई हैं

रुपिया देना पडता है, वैसेही कर्मका अबाधाकाल पूर्ण होनेपर कर्म उदयमें आते हैं. उस वख्त भोगना पडता है. हुंडीकी मुदत पकने के पहिलेही रुपिया दे दिया जाय तो लेनदार मांगनेको नहीं आता. इसी तरह कर्मोंके अबाधाकालसे पूर्व तप संयमादिसे कर्म क्षय कर दिये जाय तो, कर्मविपाको भोगने नहीं पडते. (अर्जुनमालीवत्)

अबाधाकाल चार प्रकारका है. यथा.

(१) जघन्य स्थिति और जघन्य अबाधाकाल. जैसे दशमें गुणस्थानकमें अंतरमुहूर्त स्थितिका कर्मबंध होता है. और उसका अबाधाकाल भी अंतरमुहूर्तका है.

(२) उत्कृष्ट स्थिति और उत्कृष्ट अबाधाकाल. जैसे मोहनीयकर्म उ० स्थिति ७० कोडाकोडी सागरोपमकी है. और अबाधाकाल भी ७००० वर्षका है.

(३) जघन्य स्थिति और उत्कृष्ट अबाधाकाल. जैसे मनुष्य तिर्यंच, क्रोड पूर्वका आयुष्यवाला क्रोड पूर्वके तीसरे भागमें मनुष्य या तिर्यंच गतिका अल्प आयुष्य बांधे. तो क्रोड पूर्व के तीजे भागका अबाधाकाल और अंतर महुर्तका आयुष्य.

(४) उत्कृष्ट स्थिति और जघन्य अबाधाकाल. जैसे अंत (छेले) अंतरमुहूर्तमें ३३ सागरोपमका उ० नरकका आयुष्य बांधे.

मूल कर्म आठ-ज्ञानावरणीय १ दर्शनावरणीय २ वेदनीय ३ मोहनीय ४ आयुष्य ५ नाम ६ गोत्र ७ अंतराय ८ समुच्चय जीव और २४ दंडक के जीवोंके आठों कर्म है.

मूल आठो कर्मोकी उत्तर प्रकृति १४८ यथा ज्ञानावरणीय ५ दर्शनावरणीय ९ वेदनीय २ मोहनीय २८ आयुष्य ४ नामकर्म ९३ गोत्रकर्म २ और अंतराय कर्मकी ५ एवम् १४८. जीसमे

मोहनीय कर्मकी २८ प्रकृतिमेंसे सम्यक्त्व मोहनीय और मिश्र मोहनीयका बंध नहीं होता बाकी १४६ प्रकृति बंधती हैं

उत्तर प्रकृति १४६ की जघन्य उत्कृष्ट स्थिति और अबाधा काल कितना २ तथा बंधाधिकारी कौन २ है ?

मतिज्ञानावरणीय १ श्रुत ज्ञानावरणीय २ अवधिज्ञानावरणीय ३ मन पर्यव ज्ञानावरणीय ४ केवल ज्ञा ५ चक्षु द० ६ अचक्षु द० ७ अवधि द० ८ केवल द० ९ दानांतराय १० लाभा० ११ भोगा० १२ उपभोगा० १३ वीर्या० १४ इन चौदा प्रकतियोंको समुच्चय जीव बांधे तो जघन्य अंतरमुहूर्त तथा निद्रा १ निद्रानिद्रा २ प्रचला ३ प्रचला प्रचला ४ थीणद्धी ५ और अशातावेदनीय ६ यह छे प्रकृति समुच्चय जीव बांधे तो, जघन्य १ सागरोपमका सातिया तीन भाग पल्योपमके असंख्यातमें भाग उणा (न्यून) और उत्कृष्ट स्थितीबंध इन वीसों प्रकृतियोंका ३० कोडाकोडी सागरोपम और अबाधाकाल ३००० वर्षका है यही वीस प्रकृति एकेंद्री बांधे तो जघन्य १ सागरोपम पल्योपमके असंख्यातमें भाग ऊणी बेइन्द्री जघन्य २५ सा० पल्यो० के असं० भाग ऊणी तेइन्द्री ५० सा० पल्यो० के असं० भाग ऊणी चौरिंद्री १०० साग० पल्यो० के असं० भाग ऊणी और असन्नी पचेन्द्री १ हजार साग० पल्योपमके असंख्यातमें भाग ऊणी बांधे तथा उत्कृष्ट स्थिति एकेन्द्री १ सागरोपम, बेइन्द्री २५ साग० तेइन्द्री ५० साग० चौरिन्द्री १०० साग० असन्नी पंचेंद्री १ हजार साग० और सन्नी पचेन्द्री जघन्य १४ प्रकृति अंतरमुहूर्त और ६ प्रकृति अंत कोडाकोडी सागरोपमकी बांधे उत्कृष्ट वीसों प्रकृतिकी स्थिति और अबाधाकाल समुच्चय जीववत् ।

एक कोडाकोडी सागरोपमकी स्थिति पीछे सामान्यसे १ सौ वर्षका अबाधाकाल है एसेही एकेन्द्रियादिक सबमें समझ लेना

अनंतानुबंधी क्रोध, मान, माया, लोभ, अप्रत्याख्यानी क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रत्याख्यानी क्रोध, मान. माया, लोभ, और संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ, इन सोलह प्रकृतियोंमेंसे प्रथमकी १२ प्रकृति समुच्चय जीव बांधे तो, जघन्य १ सागरोपमका सातिया ४ भाग पल्योपमके असंख्यातमें भाग ऊणी. और संज्वलनका क्रोध २ महीना. मान १ महीना, माया १५ दिन और लोभ अंतर मुहूर्तका बांधे. उत्कृष्ट १६ प्रकृतिका स्थितिबंध ४० कोडाकोडी सागरोपम. और अबाधाकाल ४ हजार वर्षका है ॥ यही सोलह प्रकृति एकेन्द्री जघन्य १ साग० बेइन्द्री २५ सा० तेइन्द्री ५० साग० चौरिंद्री १०० साग० असंज्ञी पंचेन्द्री १ हजार साग० पल्योपमके असंख्यातमें भाग ऊणी सर्व स्थान और उत्कृष्ट सब जीव पूरी २ बांधे, संज्ञी पंचेन्द्री १२ प्रकृति जघन्य अंतः कोडाकोडी सागरोपम तथा ४ प्रकृति पहिले लिखी उस मुजब बांधे. और उत्कृष्ट सोलहो प्रकृतिका स्थितिबंध तथा अबाधाकाल समुच्चय जीववत् समझना।

भय १ शोक २ जुगुप्सा ३ अरति ४ नपुसक वेद ५ नरकगति ६ तिर्यंचगति ७ एकेन्द्री ८ पंचेन्द्री ९ औदारिक शरीर १० " बंधन ११ अंगोपांग १२ और संघातन १३ वैक्रियशरीर १४ बन्धन १५ अंगोपांग १६ तथा संघातन १७ तैजस शरीर १८ " बंधन १९ संघातन २० कारमण शरीर २१ कारमण शरीरका बंधन २२ तस्य संघातना २३ छेवठ्ठसंहनन २४ हुंडक संस्थान २५ कृष्ण वर्ण २६ तिक्तरस २७ दुरभिगंध २८ करकश स्पर्श २९ गुरु स्पर्श ३० सीत स्पर्श ३१ रुक्ष स्पर्श ३२ नरकानुपूर्वी ३३ तिर्यंचानुपूर्वी ३४ अशुभगति ३५ उश्वास ३६ उद्योत ३७ आतप ३८ पराघात ३९ उपघात ४० अगुरु लघु ४१ निर्माण ४२ त्रस ४३ बादर ४४ पर्याप्ता ४५ प्रत्येक ४६ अस्थिर ४७ अशुभ ४८ दुर्भाग्य ४९ दुःस्वर ५० अयश ५१ अनादेय ५२ स्थावर ५३ और नीच गोत्र

५४ पथम् चौपन प्रकृति समुच्चय जीव बाधे तो, जघन्य १ सागरो पमका सातीया २ भाग पल्योपमके असख्यातमें भाग उणी और उत्कृष्ट २० कोडाकोडी सागरोपम अबाधाकाल २ हजार वर्षका हो यही प्रकृति एकेन्द्री जघन्य १ साग० बेइन्द्री २५ साग० तेइन्द्री ५० साग० चोरिन्द्री १०० साग० असन्नी पचेन्द्री १००० साग० पल्योपमके असख्यातमें भाग उणी सर्व स्थान और उत्कृष्ट पूरी बाधे सन्नी पचेन्द्री जघन्य अत कोडाकोडी साग० उत्कष्ट समुच्चयवत

हास्य १ रति २ पुरुषवेद ३ देवगति ४ वज्रऋषभ नाराच सघयण ५ समचतुरस्र सस्थान ६ लघु स्पर्श ७ मृदुस्पर्श ८ उष्ण स्पर्श ९ स्निग्ध स्पर्श १० श्वेतवर्ण ११ मधुरस १२ सुरभि गध १३ देवानुपूर्वी १४ सुभगति १५ स्थिर १६ शुभ १७ सौभाग्य १८ सुस्वर १९ आदेय २० यश कीर्ति २१ उच्चैर्गोत्र २२ पथम् २२ प्रकृति जिसमें पुरुषवेद ८ वर्षका, यश कीर्ति और उच्चैर्गोत्र इन दोनों प्रकृतियोंकी जघन्य स्थिति ८ मुहूर्त शेष १९ प्रकृति योंकी ज० स्थिती एक सागरोपमका सातिया १ भाग पल्योपमके असख्यातमें भाग ऊणी, और २२ प्रकृतियोंकी उत्कष्ट स्थिति १० कोडाकोडी सागरोपमकी बाधे अबाधाकाल १ हजार वर्ष ॥ एकेन्द्रीसे यावत् असन्नी पचेन्द्री पूर्ववत् १—२५—५० १००—१००० साग० प० अ० उणी सन्नी पचेन्द्री ३ प्रकृति समु च्चयवत, और १९ प्रकृति अत कोडाकोडी सागरोपम तथा उत्कृष्ट स्थिति २२ प्रकृतिकी दश कोडाकोडी सागरोपम अबाधाकाल एक हजार वर्षका है।

स्त्रीवेद १ ×सातावेदनीय २ मनुष्यगति ३ रक्तवर्ण ४ कषाय रस ५ मनुष्यानुपूर्वी ६ इन छ प्रकृतियोंमेसे शातावेदनीयका जघ

× सातावेदनीय २ प्रकारकी १ इर्यावही पहेले समय बाध दूसरे समय वेदे और तीजे समय निर्जरे सप्रायका समुच्चयवत् ।

न्यबन्ध १२ मुहुर्त्त और शेष पांच प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध १ सागरोपमका सातिया १ ॥ भाग प० अ० उंणी. उत्कृष्ट छ प्रकृतिका बन्ध १५ कोडाकोडी सागरोपम और अबाधाकाल १५ सो वर्षका है. एकेन्द्री यावत् असंज्ञी पंचेन्द्री पूर्ववत् १-२५-५० १००-१००० सा० और संज्ञी पंचेन्द्री शातावेदनीय जघन्य १२ मुहुर्त शेष पांच प्रकृति जघन्य अंतः कोडाकोडी साग० की बांधे. उत्कष्ट बंध समुच्चयवत् ?।

बेइन्द्रिय १ तेइन्द्रिय २ चौरिन्द्रिय ३ सूक्ष्म ४ साधारण ५ अपर्याप्ता ६ कीलिकासंहनन ७ और कुब्जसंस्थान ८ ये आठ प्रकृतिका समुच्चय जीव जघन्य १ सागरोपमका पैतीसीया ९ भाग पल्योपमके असंख्यातमें भाग उणी. और उत्कृष्ट १८ कोडाकोडी सागरोपमकी बांधे. अबाधाकाल १८०० वर्षका। एकेन्द्री यावत् असंज्ञी पंचेन्द्री पूर्ववत् १-२५-५० १०० १००० सागरोप. प० संज्ञी पचेन्द्री जघन्य अंत. कोडाकोडी सागरोपम उत्कृष्ट समुच्चयवत्.

न्यबन्ध १२ मुहूर्त्त और शेष पांच प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध १ सागरोपमका सातिया १॥ भाग प० अ० उंणी. उत्कृष्ट छ

आहारक शरीर १ तस्य बधन २ अंगोपांग ३ संघातन ४ और जिननाम ५ ये पांच प्रकृति समुच्चय बांधे तो. जघन्य अंतर-मुहुर्त उत्कृष्ट अतः कोडाकोडी सागरोपम, एवम् संज्ञी पंचेन्द्री ॥

मिथ्यात्व मोहनी समुच्चयजीव बांधे तो, जघन्यबंध १ सागरोपम उत्कृष्ट ७० कोडाकोडी साग० अ० काल ७ हजार वर्ष. एकेन्द्री यावत् पंचेन्द्री पूर्ववत्. और संज्ञी पंचेन्द्री जघन्य अतः कोडाकोडी सागरोपम. उत्कृष्ट समुच्चयवत्.

ऋषभनाराच संहनन १ न्यग्रोध संस्थान २ ये दो प्रकृति समुच्चय जीव बांधे तो, जघन्य १ सागरोपमका पैतीसिया ६ भाग पल्योपमके असंख्यातमें भाग ऊंणी. उत्कृष्ट १२ कोडाकोडी सागरोपमकी बांधे. अबाधाकाल १२०० वर्ष. एकेन्द्री यावत् असंज्ञी

पचेन्द्री पूर्वयत् सज्ञी पचेन्द्री जघन्य अत कोडाकोडी सागरोपम उत्कृष्ट समुच्चयवत्

नाराच सहनन १ और सादि सस्थान २ ये दो प्रकृति जो समुच्चय जीव बाधे तो जघन्य १ सागरोपम के पैतीसिया ७ भाग उत्कृष्ट १४ कोडाकोड सागरोपम अबाधाकाल १४०० वर्ष एकेन्द्री यावत् असज्ञी पचेन्द्री पूर्वयत् सज्ञी पचेन्द्री जघन्य अन्त कोडा कोड सागरोपम उत्कृष्ट पूर्ववत् ।

अर्द्ध नाराच सहनन और वामन सस्थान ए दो प्रकति समुच्चयजीव बाधे तो ज० १ सागरोपम के पैतीसीय ८ भाग० उ० १६ कोडाकोड सागरोपम–अबाधा काल १६०० वर्ष शेष पूर्ववत् ।

नील वर्ण और कटुक रस ए दो प्रकति समु० जीव बाधे तो जघन्य एक सागरोपम के अठावीसीया ७ भाग उ० १७॥ कोडा कोड सागरोपम अबाधा काल १७५० वर्ष शेष पूर्ववत् ।

पेत्त वर्ण और आम्लि रस ए दो प्रकृति समु० जीव बाधे तो जघन्य एक सागरोपम के अठावीसीया ५ भाग उ० १२॥ कोडकोड सागरोपम अबाधाकाल १२५० वर्ष शेष पूर्ववत् ।

नरकायुष्य और देवायुष्य ए दो प्रकृति, पचेन्द्री बाधे तो जघन्य १०००० वर्ष उ० ३३ सागरोपम अबाधाकाल ज० अन्तर महुर्त उ० कोड पूर्व के तीजे भाग ।

तीर्यचायुष्य और मनुष्यायुष्य ए दो प्रकृति बाधे तो जघन्य अन्तर मुहुर्त उ० ३ पल्योपम अबाधाकाल ज० अन्तर० उ० कोड पूर्व के तीजे भाग इसी को कण्ठस्थ करो और विस्तार गुरुमुखसे सुनो।

सेव भते सेव भते तमेव सच्चम्.

थोकडा नं. ४८.

श्री भगवतिसूत्र शतक ८ उ० १०

(कर्म विचार.)

लोकके आकाशप्रदेश कितने है ?

असंख्यात है.

एक जीवके आत्मप्रदेश कितने है ?

असंख्याते है. (जितने लोकाकाशके प्रदेश है, उतनेही एक जीवके आत्मप्रदेश है.)
कर्मकी प्रकृति कितनी है ?

आठ—यथा ज्ञानावर्णीय, दर्शनावर्णीय, वेदनी, मोहनी, आयुष्य, नाम, गोत्र, और अंतराय, नरकादि चोवीस दंडकके जीवोंके आठ कर्म है. परंतु मनुष्योंमे आठ, सात, और चार भी पाये जाते है. (वीतराग केवली कि अपेक्षा)

ज्ञानावर्णीय कर्मके अविभाग पलीछेद (विभाग) कितने है?

अनंत है. एवम् यावत अंतरायकर्मके नरकादि चोवीस दंडकमें कहना.

एक जीवके एक आत्मप्रदेशपर ज्ञानावर्णीय कर्मकी कितनी अवेडा पवेडी (कर्मका आंटा जैसे ताकलेपर सूतका आंटा) है ?

कितनेक जीवोंके है और कितनेक जीवोंके नहीं है (केवलीके नहीं.) जिन जीवोंके है, उनके नियमा अनंती २ है. एवम् दर्शनावर्णीय, मोहनी, और अंतरायकर्मभी यावत् आत्माके असख्यात प्रदेशपर समझ लेना.

एक जीवके एक आत्मप्रदेशपर वेदनी कर्मकी कितनी अवेदी ववेदा है ?

सर्व ससारी जीवोंके आत्मप्रदेशपर नियमा अनता २ है एवम् आयुष्य, नामकर्म, और गोत्रकर्मभी है यावत् असंख्यात आत्म प्रदेशपर है इसी माफीक २४ दडकोंमे समझ लेना कारण जीव और कर्मके बधनका सम्बध अनत कालसे लगा हुवा है और शुभाशुभ कार्य कारणसे न्यूनाधिक भी होता रहता है

जहा ज्ञानावर्णीय है, वहा क्या दर्शनावरणीय है एवम् यावत् अंतराय कर्म ?

नीचेके यंत्रद्वारा समझलेना जहा (नि) हो वहा नियमा और (भ) हो वहा भजना (हो या न भी हो) समझना इति

कर्ममार्गणा	ज्ञाना	दर्श	वेदनी	मोह	आयु	नाम	गोत्र	अतराय
ज्ञानावरणीय	०	नि	नि	भ	नि	नि	नि	नि
दर्शनावरणीय	नि	०	नि	भ	नि	नि	नि	नि
वेदनीय	भ	भ	०	भ	नि	नि	नि	भ
मोहनीय	नि	नि	नि	०	नि	नि	नि	नि
आयुष्य	भ	भ	नि	भ	०	नि	नि	भ
नामकर्म	भ	भ	नि	भ	नि	०	नि	भ
गोत्रकर्म	भ	भ	नि	भ	नि	नि	०	भ
अतराय	नि	नि	नि	भ	नि	नि	नि	०

सेव भते सेव भते तमेव सच्चम्

—•—

थोकड़ा नं० ४९

(सूत्र श्री पन्नवणाजी पद २४)

(बांध तो बांधे)

मूल कर्म प्रकृति आठ है यथा ज्ञानावर्णीय, दर्शनावर्णीय, वेदनीय, मोहनीय. आयुष्य, नाम कर्म, गोत्र कर्म अन्तराय कर्म ॥

वेदनीय कर्मका बंध प्रथम से तेरहवा गुणस्थान तक है ॥ ज्ञानावर्णीय, दर्शना; नामकर्म, गोत्र, और अन्तराय ए पांच कर्मोका बंध प्रथम से दशवां गुणस्थान तक है ॥ मोहनीय कर्मका बंध प्रथम से नवमा गुणस्थान तक है ॥ आयुष्य कर्मका बंध प्रथम से सातमा गुणस्थान तक है ॥

समुच्चय एक जीव ज्ञानावर्णीय कर्म बांधता हुवा सात कर्म (आयुः वर्ज) बांधे–आठ कर्म बांधे, छ कर्म बांधे (आयुः मोहनी वर्जके) एवं मनुष्य भी ७–८–६ कर्म बांधे। शेष नरकादि २३ दंडक सात कर्म बांधे आठ कर्म बांधे। इति।

समुच्चय घणा जीव ज्ञानावर्णीय कर्म बांधते हुवे ७-८–६ कर्म बांधे जिसमें ७-८ कर्म बांधणेवाला सास्वता और छे कर्म बान्धनेवाले असास्वता जिस्का भांगा ३.

(१) सात–आठ कर्म बांधनेवाले घणा (सास्वता) (२) सात–आठ कर्म बांधनेवाले घणा और छ कर्म बांधनेवाला एक। (३) सात–आठ कर्म बांधनेवाले घणा और छे कर्म बांधनेवाले भी घणा ॥

घणा नारकीका जीव ज्ञानावर्णीय कर्म बांधता ७-८ कर्म बांधे जिसमे सात कर्म बांधनेवाले सास्वते और आठ कर्म बां-

धनेवाले असास्वता भागा ३। (१) सात कर्म बाधनेवाले घणा (सास्वता है) (२) सात कर्म बाधनेवाले घणा और आठ कर्म बाधनेवाला एक। (३) सात कर्म बाधनेवाले घणा और आठ कर्म बाधनेवाले भी घणा इसी माफिक १० भुवनपति, ३ विकलेंद्री, तीर्यंच पाचेंद्री, व्यंतर देव, जोतीषि, और वैमानीक एव १८ दंडक का ५४ भागा समझना।

पृथ्व्यादि पाच स्थावर में ज्ञानावर्णीय कर्म बाधता सात कम बाधनेवाले घणा और आठ कर्म बाधनेवाले भी घणा। भागा नहीं उठता है।

घणा मनुष्य ज्ञानावर्णीय कर्म बाधे तो ७-८-६ कर्म बाधे जिसमें सात कर्म बाधनेवाले सास्वता ८-६ कर्म बाधनेवाले असास्वते जिसका भागा ९

सात कर्म	आठ कर्म	छ कर्म	सात कर्म	आठ कर्म	छ कर्म
३ (घणा)	०	०	३ ,,	१	१
३ ,,	१	०	३ ,,	१	३
३ ,,	३	०	३ ,,	३	१
३ ,,	०	१	३ ,,	३	३
३ ,	०	३	एव ९ भागा हुवा		

समुच्चय जीवोंका भागा ३ अठारे दंडकका भागा ५४ और मनुष्यका भागा ९ सर्व मील के ज्ञानावर्णीय कर्मका ६६ भागा हुवा इति।

एव दर्शनावर्णीय, नाम, गोत्र अन्तराय एव चार कर्म ज्ञानावर्णीय सादृश होनेसे पूर्ववत् प्रत्येक कर्मका ६६ छाछट भागा गीणनेसे ३३० भागा हुवा।

समुच्चय एक जीव वेदनीय कर्म बांधता हुवा ७-८-६-१ कर्म बांधे. इसी माफिक मनुष्य भी ७-८-६-१ कर्म बांधे. शेष २३ दंडकके एक एक जीव ७-८ कर्म बांधे ।

समुच्चय घणा जीव वेदनीय कर्म बाधता ७-८-६-१ बांधे. जिसमें ७-८-१ कर्म बांधनेवाले सास्वता और ६ कर्म बांधनेवाले असास्वता जिसका भांगा ३ ।

(१) ७-८-१ कर्म बांधनेवाला घणा (सास्वता)

(२) ७-८-१ का घणा और छ कर्म बांधनेवाला एक ।

(३) ७-८-१ का घणा और छे कर्म बांधनेवाले घणा ।

घणा नारकीका जीव वेदनीय कर्म बांधता ७-८ कर्म बांधे, जिसमें ७ कर्म बांधनेवाले सास्वते और ८ कर्म बांधनेवाले असास्वते जिसका भांगा ३ । (१) सात कर्म बांधनेवाले घणा । (२) सात कर्म बांधनेवाले घणा और ८ कर्म बांधनेवाला एक । (३) सात कर्म बांधनेवाले घणा ८ कर्म बांधनेवाले घणा । एवं १० भुवनपति ३ विकलेंद्री, तिर्यंच, पंचेंद्री, व्यंतर, ज्योतिषी, वैमानिक, नरकादि १८ दंडकमें तीन भांगा गीणतां ५४ भांगा हुवा ।

पृथ्व्यादि पांच स्थावरमें सात कर्म बांधनेवाले घणा और ८ कर्म बांधनेवाले भी घणा वास्ते भांगा नहीं उठते है ।

घणा मनुष्य वेदनीय कर्म बांधता ७-८-६-१ कर्म बांधे जिसमें ७-१ कर्म बांधनेवाले घणा जिसका भाग ९

७-१ का	८	६	७-१ का	८	६
३ (घणा)	०	०	३ ,,	१	१
३ ,,	१	०	३ ,,	१	३
३ ,,	३	०	३ ,,	३	१
३ ,,	०	१	३ ,,	३	३
३ ,,	०	३	एवं ९ भांगा		

समुच्चय जीवका भागा ३ अठारे दडकका ५४ मनुष्यका ९, सर्व ६६ भागा हुवा इति।

समुच्चय एक जीव मोहनीय कर्म बाधता ७-८ कर्म बाधे एव २४ दडक।

समुच्चय घणा जीव मोहनीय कर्म बाधता ७-८ कर्म बाधे जिसमें ७ कर्म बाधनेवाले घणा और आठ कर्म बाधनेवाले भी घणा इसी माफिक ५ स्थावर भी समझ लेना।

घणा नारकीका जीव मोहनीय कर्म बाधता ७-८ कर्म बाधे जिसमें ७ कर्म बाधनेवाले सास्वता ८ का असास्वता जिसका भागा ३।

(१) सात कर्म बाधनेवाले घणा (सास्वता)
(२) „ „ „ आठ बाधनेवाला एक
(३) „ „ „ „ घणा

एव पाच स्थावर वर्जके १९ दडकमें समझ लेना ५७ भागा हुवा।

समुच्चय एक जीव आयुष्य कर्म बाधता नियमा ८ कर्म बांधे एव नरकादि २४ दडक इसी माफिक घणा जीव आश्रयी समुच्चय जीव और २४ दडकमे भी नियम ८ कर्म बाधे इति।

भागा ३३०-६६-५७ सर्व मीली ४५३ भागा हुवा।

सेवं भते सेवं भते तमेव सच्चम्

—※◎◎◎※—

थोकडा नम्बर ५०

(सूत्र श्री पन्नवणाजी पद २५)

(बांधतो वेदे)

मूल कर्म प्रकृति आठ यावत् पद २४ के माफिक समझना।

समुच्चय एक जीव ज्ञानावर्णीय कर्म बांधतो हुवो नियमा आठ कर्म वेदे कारण ज्ञानावरर्णीय कर्म दशमा गुणस्थान तक बांधे है वहां आठ ही कर्म मौजूद है सो वेद रहा है एवं नरकादि २४ दंडक समझना।

समुच्चय घणा जीव ज्ञानावर्णीय कर्म बांधते हुवे नियमा आठ कर्म वेदे यावत् नरकादि २४ दंडकमें भी आठ कर्म वेदे।

एवं वेदनीय कर्म वर्जके शेष दर्शनावर्णीय, मोहनीय, आगुष्य. नाम, गोत्र, अन्तराय कर्म भी ज्ञानावर्णीय माफिक समझना।

समुच्चय एक जीव वेदनीय कर्म बांधे तो ७-८-४ कर्मवेदे कारण वेदनोय कर्म तेरहवांगुणस्थान तक बांधते है। एवं मनुष्य भी समझना शेष २३ दंडक नियमा ८ कर्म वेदे।

समुच्चय घणा जीव वेदनी कर्म बांधते हुवे ७ ८-४ कर्म वेदे एवं मनुष्य। शेष २३ दंडक के जीव नियमा आठ कर्म वेदे।

समुच्चय जीव ७-८-४ कर्म वेदे जिसमें ८-४ कर्म वेदनेवाले सास्वता और ७ कर्म वेदने वाले असास्वता जिसका भांगा ३

(१) आठ कर्म और चार कर्म वेदनेवाले घणा

(२) ८-४ कर्म वेदनेवाले घणे सात कर्म वेदनेवाला एक

(३) आठ-चार कर्म वेदनेवाले घणा. और सात कर्म वेदनेवाले घणा एवं मनुष्यमें भी ३ भांगा समझना सर्व भांगा६हुआ इति।

सेवंभंते सेवंभंते तमेवसच्चम्

थोकडा नम्बर ५१

सूत्र श्री पन्नवणाजी पद २६

(वेदता बांधे)

मूल कर्म प्रकृति आठ है यावत् पद २४ माफिक समजना

समुच्चय एक जीव ज्ञानावर्णीय कर्म वेदतों हुवों ७-८-६-१ कर्म बाधे (कारण ज्ञानावरणीय बारहावां गुण स्थानक तक वेदे है) एव मनुष्य शेष २३ दडक ७-८ कर्म बाधे।

समुच्चय घणाजीव ज्ञानावर्णीय कर्म वेदतो ७-८-६-१ कर्म बाधे जिसमें ७-८ कर्म बाधनेवाला सास्वता और ६-१ कर्म बाधणेवाला असास्वता जिसका भागा ९

७-८	६	१	७-८	६	१
३ (घणा)	०		३	१	१
३	१	०	३	१	३
३	३	०	३	३	१
३	०	१	३	३	३
३	०	३	एव ९ भागा		

एकेंद्रीका पाच दडक और मनुष्य वर्जके शेष १८ दडक में ज्ञानावर्णिय कर्म वेद तो ७-८ कर्म बाधे जिसमें ७ का सास्वता ८ का असास्वता जिसका भागा ३

(१) सातका घणा (२) सातका घणा, आठका एक (३) सातका घणा और आठका भी घणा एव १८ दडक का भागा ५४

एकेन्द्री में ७ का भी घणा और आठ कर्मबाधनेवाला भी

घणा मनुष्य में ज्ञानावर्णीय कर्म वेद तो ७-८-६-१ कर्म बांधे जिसमें ७ कर्म बांधने वाला सास्वता शेष ८-६-१ का असास्वता जिसका भागा २७

७ कर्म	८ कर्म	६ कर्म	१ कर्म	७ क.	८	६	१
(१) ३	०	०	०	(१५) ३	३	०	३
(२) ३	१	०	०	(१६) ३	०	१	१
(३) ३	३	०	०	(१७) ३	०	१	३
(४) ३	०	१	०	(१८) ३	०	३	१
(५) ३	०	३	०	(१९) ३	०	३	३
(६) ३	०	०	१	(२०) ३	१	१	१
(७) ३	०	०	३	(२१) ३	१	१	३
(८) ३	१	१	०	(२२) ३	१	३	१
(९) ३	१	३	०	(२३) ३	१	३	३
(१०) ३	३	१	०	(२४) ३	३	१	१
(११) ३	३	३	०	(२५) ३	३	१	३
(१२) ३	१	०	१	(२६) ३	३	३	१
(१३) ३	१	०	३	(२७) ३	३	३	३
(१४) ३	३	०	१		एवं भांगा		२७

एवं दर्शनावर्णीय और अन्तराय कर्म भी समझना।

समु० एक जीव वेदनीय कर्म वेदतो ७-८-६-१-० (अबाध) कर्म बान्धे एवं मनुष्य। शेष २३ दंडक ७-८ कर्म बांधे।

समु० घणा जीव वेदनीय कर्म वेदता ७-८-६-१-० जिसमें ७-८-१ का सास्वता और छ कर्म तथा अबांधे का असास्वता जिसका भागा ९।

७-८-१	६	अबाध	७-८-१	८	अबाध
३ (घणा)	०	०	३ ,,	१	१
,,	१	०	३ ,	१	१
३ ,	३	०	३ ,,	३	१
३ ,,	०	१	३ ,,	३	३
३ ,,	०	३	एवं भागा ९		

नारकी का जीव वेदनीय कर्म वेदता ७-८ कर्म बांधे जिसमें ७ का सास्वते और ८ कर्म बाधने वाले असास्वते जिनका भागा ३।

(१) सात का घणा (२) सात का घणा आठको एक (३) सात का घणा और आठ कर्म बाधने वाले भी घणा।

एवं एकेन्द्री का ५ दंडक और मनुष्य वर्ज के १८ दंडक में समझना भागा ५४। एकेन्द्रियमें भागा नहीं है।

घणा मनुष्य वेदनीय कर्म वेदता ७-८-६-१-० (अबाध) जिसमें ७-१ कर्म बाधने वाले सास्वते और ८-६-० का असास्वते जिनका भागा २७।

७-१	८	६	०		७-१	८	६	०
(१) ३ (घणा)	०	०	०		(८) ३ ,	१	१	०
(२) ३ ,,	१	०	०		(९) ३ ,	१	३	०
(३) ३ ,	३	०	०		(१०) ३ ,	३	१	०
(४) ३ ,	०	१	०		(११) ३ ,,	३	३	०
(५) ३ ,,	०	३	०		(१२) ३ ,,	१	०	१
(६) ३ ,,	०	०	१		(१३) ३ ,,	१	०	३
(७) ३ ,,	०	०	३		(१४) ३ ,,	३	०	१
					(१५) ३ ,,	३	०	३

(१६)	३	,,	०	१	१
(१७)	३	,,	०	१	३
(१८)	३	,,	०	३	१
(१९)	३	,,	०	३	३
(२०)	३	,,	१	१	१
(२१)	३	,,	१	१	३
(२२)	३	,,	१	३	१
(२३)	३	,,	१	३	३
(२४)	३	,,	३	१	१
(२५)	३	,,	३	१	३
(२६)	३	,,	३	३	१
(२७)	३	,,	३	३	३

एवं भांगा २७×

समु० एक जीव मोहनीय कर्म वेदतों ७-८-६ कर्म बांधे एवं मनुष्य शेष २३ दंडक ७-८ कर्म बांधे।

समु० घणा जीव मोहनीय कर्म वेदतां ७-८-६ कर्म बांधे जिस्मे ७-८ कर्म बांधने वाले सास्वते ६ कर्म बांधने वाले असास्वते जिसका भांगा ३।

(१) ७-८ कर्म बांधने वाले घणा।

(२) ,, ,, ,, छ कर्म बांधने वाले एक

(३) ,, ,, ,, घणा

घणा नारकी मोहनी कर्म वेदता ७-८ कर्म बांधे जिसमें ७ कर्म बांधने वाले सास्वते ओर ८ कर्म बांधने वाले असास्वते जिसका भांगा ३।

(१) सात का घणा (२) सात का घणा आठ को एक (३) सात का घणा आठ का भी घणां एवं मनुष्य तथा एकेंद्री वर्ज १८ दंडकोंका भांगा ५४ समजना. एकेंद्री में सात कर्म बांधने वाला घणा और आठ कर्म बांधने वाला भी घणा।

घणा मनुष्य में मोहनी कर्म वेदतां ७-८-६ कर्म बांधे जिसमें

× जेसे वेदनीय कर्म वैसे ही आयुष्य नाम, गोत्र. समझना।

७ कर्म बाधने वाले सास्वते और ८-६ कर्म बाधने वाले असास्वते जिसका भागा ९।

७ कर्म	८ कर्म।	६ कर्म
३ घणा	०	०
३ ,,	१	०
३ ,,	३	०
३ ,,	०	१
३ ,	०	३
३	१	१
३ ,,	१	३
३ ,	३	१
३ ,,	३	३

एवं भागा ९

सर्व भागा ज्ञानावर्णीय कर्म का ९-५४-२७ सर्व ९० इसी माफिक ७ कर्म का ६३० और मोहनीय कर्म का ३-५४-९ सर्व ६६ भागा हुवे। वेदते हुवे बाधे जिसका कुल भागा ६९० भागा हुवा इति।

सेव भते सेव भते—तमेव सचम्.

—⁂—

थोकडा नंबर ५२

(सूत्र श्रीपन्नवणाजी पद २७)

[वेद तो वेदे]

मूल कर्म प्रकृति आठ यावत् पद २४ स समझना।

समु० एक जीव ज्ञानावर्णीय कर्म वेदतो ७-८ कर्म वेदे एव मनुष्य शेष २३ दंडक में नियमा ८ कर्म वेदे।

समु० घणा जीव ज्ञानावर्णीय कर्म वेदता ७-८ कर्म वेदे जिसमें ८ कर्म वेदने वाले सास्वते और ७ कर्म वेदने वाले असास्वता जिसका भागा ३

(१) आठ कर्म वेदने वाले घणा,
(२) ,, ,, सात का एक.
(३) ,, ,, ,, घणा.

मनुष्य वर्ज के शेष २३ दंडकमे नियमा ८ कर्म वेदे और मनुष्य में समुच्चय जीवकी माफिक भांगा ३ समझनां इसी माफिक दर्शनावर्णीय और अन्तराय कर्म भी समझना.

समु० एक जीव वेदनीय कर्म वेदतो ७-८-४ कर्म वेदे एवं मनुष्य शेष २३ दंडक का जीव नियमा ८ कर्म वेदे.

समु० घणा जीव वेदनीय कर्म वेदना ७-८-४ कर्म वेदे जिसमें ८-४ कर्म वेदने वाले सास्वता और ७ कर्म वेदने वाले असास्वता भांगा ३

(१) ८-४ का घणा (२) ८-४ का घणा ७ को एक (३) ८-४ का घणा ७ का भी घणा एवं मनुष्य में भी ३ भांगा समझना. शेष २३ दंडक में वेदनीय कर्म वेदता नियमा ८ कर्म वेदे.

वेदनीय कर्म की माफिक आयुष्य; नाम गोत्र कर्म भी समझना.

समु०एक जीव मोहनीय कर्म वेदतो नियमा ८ कर्म वेदे एवं २४ दंडक समझना इसी माफिक घणा जीव भी ८ कर्म वेदे.

सर्व भांगा ज्ञानावर्णीयादि सात कर्म में समुच्चयजीवका तीन तीन और मनुष्य का तीन तीन एवं ४२ भांगा हुवा इति.

सेवं भन्ते सेवं भन्ते तमेव सच्चम्.

च्यारो थोकडे के भांगा

४५३ बांधतां बांधे का भांगा	६९६ वेदता बांधे का भांगा
६ बांधतो वेदे का भांगा	४२ वेदता वेदे का भांगा

११९७

थोकडा नम्बर ५३

(श्री भगवतीजी सूत्र श० ६ उ० ३)

५० बोल की बांधी-द्वार १५

वेद ४ (पुरुष १ स्त्री २ नपुषक ३ अवेदी ४) सयति ४ (सयति १ असयति २ सयता सयति ३ नोसयति नो सयति नोसयता सयति ४) दृष्टि, ३ (सम्यक्त्व दृष्टि १ मिथ्या दृष्टि २ मिश्र दृष्टि ३ सन्नी, ३ (सन्नी १ असन्नी २ नोसंज्ञानोअसंज्ञी ३) भव्य ३ (भव्य १ अभव्य २ नोभव्याभव्य ३) दर्शन, ४ (चक्षुदर्शन १ अचक्षु दर्शन २ अवधिदर्शन ३ केवलदर्शन ४) पर्याप्ता ३ (पर्याप्ता १ अपर्याप्ता २ नो पर्याप्तापर्याप्ता ३) भाषक, २ (भाषक १ अभाषक २) परत्त ३, (परत्त १ अपरत्त २ नो परत्तापरत्त ३) ज्ञान, ८ मतिज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान मन पर्यवज्ञान केवलज्ञान मतिअज्ञान श्रुतिअज्ञान विभंगज्ञान योग, ४ (मनयोग वचनयोग काययोग अयोगी) उपयोग २ (साकार अनाकार) आहार २ (आहारी अनाहारी) सूक्ष्म३ सूक्ष्मबादरनो सूक्ष्मनो बादर चरम २(चरम १ अचरम २) एवम् ५०

(१४) स्त्रीवद १ पुरुषवेद २ नपुमक वेद ३ असयति ४ सयतासयति ५ मिथ्यादृष्टि ६ असन्नी ७ अभव्य ८ अपर्याप्ता ९ अपरत्त १० मतिअज्ञान ११ श्रुतिअज्ञान १२ विभंगज्ञान १३ और सूक्ष्म १४ इन चौदाबोलोंमें ज्ञानावर्णियादि सातो कर्मोको नियमा बाधे, आयुष्य कर्म बाधे ने की भजना (स्यात् बाधे स्यात् न बाधे)

(१३) सन्नी १ चक्षुदर्शन २ अचक्षुदर्शन ३ अवधिदर्शन ४ भाषक ५ मतिज्ञान ६ श्रुतिज्ञान ७ अवधिज्ञान ८ मन पर्यव ज्ञान ९ मनयोग १० वचनयोग ११ काययोग १२ और आहारी १३ इन

तेरह बोलों में वेदनी कर्म बांधने की नियमा शेष साता कर्म बांधने की भजना

(११) संयति १ सम्यक्त्व दृष्टि २ भव्य ३ अभाषक ४ पर्याप्ता ५ परत्त ६ साकारोपयोग ७ अनाकारोपयोग ८ बादर ९ चरम १० और अचरम ११ इन ग्यारे बोलों में आठो कर्म बांधने की भजना.

(६) नो संयतिनोअसंयतिनोसंयतासयति १ नो भव्याभव्य २ नोपर्याप्तानोअपर्याप्ता ३ नो परत्तापरत्त ४ अयोगी ५ और नो सुक्ष्म नो बादर ६ एवम् छै बोलोंमें किसी कर्मका बंध नहीं है (अबंधक)

(३) केवलज्ञान १ केवल दर्शन २ नो संज्ञी नो असंज्ञी ३ इन तीनों में वेदनीय कर्म बांधनेकी भजना. बाकी सातों कर्मों का अबंध.

(२) अवेदी १ अणाहारी २ इन दोनों में सात कर्म बांधने की भजना. आयुष्य कर्मका अबंधक और (१) मिश्रदृष्टि में सातो कर्म बांधे आयुष्य न बांधे इति ।

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्

थोकडा नंबर ५४

(श्री भगवतीजी सूत्र श० ८ उ० ८)

कर्मोंका बंध

कर्मोंका बंध जाणने से ही उसको तोडनेका उपाय सरलतासे कर सक्से है इसवास्ते शिष्य प्रश्न करता है कि—

हे भगवन्! कर्म कितने प्रकारसे बधता है!

दो प्रकारसे-यथा? इर्यावहि (केवल योगोंकि प्रेरणा से ११-१२-१३ गुणस्थानक मे बधता है) २ सप्राय (कषाय और योगों से पहिले गुणस्थानक में दसवे गुणस्थानक तक बधता है।

इर्यावहि कर्म क्या नारकी के जीव बाधे तीर्यंच, तीर्यंचणी मनुष्य, मनुष्यणी देवता देवी बाधते है!

नारकी, तीर्यंच, तीर्यंचणी देवता, देवी न बाधे शेष मनुष्य, और मनुष्यणी, बाधे भूतकाल में बहुत से मनुष्य और मनुष्यणीयों ने इर्यावहि कर्म बाधा था और वर्तमान काल का भागा ८ यथा १ मनुष्य एक २ मनुष्यणी एक ३ मनुष्य बहुत ४ मनुष्णी बहुत ५ मनुष्य एक और मनुष्यणी एक ६ मनुष्य एक और मनुष्यणी बहुत ७ मनुष्य बहुत और मनुष्यणी एक ८ मनुष्य बहुत और मनुष्यणीया बहुत।

इर्यावहि कर्म क्या एक स्त्री बाधे या एक पुरुष बाधे या एक नपुसक बाधे! एसेही क्या बहुत से स्त्री, पुरुष, नपुसक बाधे?। उक्त ६ ही बोल्याले जीव नहीं बाधे।

क्या इर्यावहि कर्मनोस्त्री, नोपुरुष नोनपुसक बान्धे (पहिले वेदका उदयथा तब स्त्री पुरुषादि कहलाते थे फीर वेदके क्षय होने से नोस्त्री नोपुरुषादि कह जाते है। (उत्तरमें)

हा बाधे भूतकाल में बाधा वर्तमान मे बाधे और भविष्यमें बाधेगे जिसमें वर्तमान बध के भागा २६ यथा असयोगभागा ६ एक नोस्त्री बाधे बहुतसी नो स्त्रीया बाधे २ एक नो पुरुष बाधे ३ बहुत से नोपुरुष बाधे ४ एक नो नपुसक बाधे ५ बहुत से नो नपुसक बाधे।

द्विसंयोगी भांगा १२

नोस्त्री	नोपुरुप	नोस्त्री	नो नपुंसक	नो पुरुप	नों नपुंसक
१		२		३	
१	१	१	१	१	१
१	२	१	२	१	२
२	१	२	१	२	१
२	२	२	२	२	२

चिन्ह (१) एक वचन (३) वहुवचन समजना

त्रिक संयोगी भांगा ८ ।

नोस्त्री.	नो पुरुप	नोनपुंसक	नोस्त्री.	नोपुरुप	नोनपुंसक
१	१	१	२	१	१
१	२	२	२	१	२
१	१	१	२	२	१
१	२	२	२	२	२

इति २६ भांगा वणा भव आश्री इर्यावही कर्म जो ८ भांगे नीचें लिखे है उनका वंध कहां २ होता है ? कोण सा जीव इण भांगा का अधिकारी है ।

(१)	वांधाथा,	वांधता है,	वांधेगा,
(२)	वांधाथा,	वांधता है,	नवांधेगा,
(३)	वांधाथा,	नहीं वांधता है,	वांधेगा,
(४)	वांधाथा,	नहीं वांधता है,	नवांधेगा,
(५)	नवांधाथा,	वांधता है,	वांधेगा,
(६)	नवांधाथा,	वांधता है,	नवांधेगा,
(७)	नवांधाथा,	नवांधता है,	वांधेगा,
(८)	नवांधाथा,	नवांधता है,	नवांधेगा,

(पहिला) भागा उपशम श्रेणी वाले जीव में मिले जैसे उपशम श्रेणी १ भवमें १ जीव जघन्य एक वार और उत्कृष्ट २ वार करता है।कोइ जीव १ वार उपशम श्रेणी करके पीछा गीरा तो पहिले उपशम श्रेणी करीथी इसलिये इर्यावही कर्म बाधा था और वर्तमानकाल में दुबारा उपशमश्रेणी वरतता है इसलिये इर्यावही कर्म बाध रहा है और उपशम श्रेणीवाला अवश्य पीछा गिरेगा परन्तु फिरभी नियमा मोक्ष जानेवाला है इस वास्ते भविष्य में इर्यावही कर्म बाधेगा

(दूसरा) भागा पहिले उपशम श्रेणी की थी तव इर्यावही कर्म बाधा था वर्तमानमें क्षपक श्रेणी पर वरतता है इसलिये बाधता है आगे मोक्ष चला जायगा इस वास्ते न बाधेगा

(तीसरा) भागा पहिले उपशम श्रेणी करके बाधा था वर्तमानमें नीचे के गुणस्थानक पर वर्तता है इसलिये नहीं बाधता और मोक्षगामी है इसलिये भविष्य मे बाधेगा

(चोथा) भागा चौदमा गुणस्थानक या सिद्धों के जीवों में है।

(पाचमा) भागा भूतकालमें उपशम श्रेणि नहीं की इसलिये नहीं बाधा था वर्तमान में उपशम श्रेणी पर है इसलिये बाधता है भविष्यमें मोक्षगामी है इसलिये बाधेगा।

(छठा) भागा प्रथम ही क्षपक श्रेणी करने वाला भूतकाल में न बाधा था, वर्तमानमें बाधे है भविष्यमे मोक्ष जावेगा वास्ते न बाधेगा।

(सातमा) भागा भूतकाल और वर्तमानमें उपशम श्रेणी या क्षपक श्रेणी नहीं की इसलिये नहीं बाधा और नहीं बाधता है परन्तु भव्य है इसलिये नियमा मोक्ष जायगा तब बाधेगा।

(आठमा) भागा अभव्य प्रथमगुणस्थानकवर्ती में मिलता

है एवं एक भवापेक्षी ७ भांगोका जीव मिले छठा भांगों शून्य है समय मात्र वंधभावापेक्षा है।

इर्यावहि कर्म क्या इन चार भांगो से बांधे? १ सादिसांत २ सादि अनंत ३ अनादि सांत ४ अनादि अनंत १

सादि सांत भांगे से बांधे. क्यों कि इर्यावहि कर्म ११-१२-१३ वे गुणस्थानक के अंत समय तक वंधता है इसलिये आदि है और चौदमे गुणस्थानक के प्रथम समय वंध विच्छेद होने से अंत भी है बाकी तीन भांगे शून्य है.

इर्यावहि कर्म क्या देश (जीवकाएकदेश) से देश (इर्यावहि केएकदेश) बांधे १ या देस से सर्व २ या सर्व से देश ३ या सर्व से सर्व बांधे ४ ?

हां सर्व से सर्वका वंध हो सक्ता है बाकी-तीनों भांगे शुन्य है. इति इर्यावहि कर्मबन्ध॥

सम्प्राय कर्म क्या नारकी. तिर्यंच, तिर्यंचणी मनुष्य मनुष्यणी, देवता, देवी, बांधे ४.

हां बांधे क्योंकि सम्प्राय कर्म का वंध पहिले गुणस्थानक से दशमे गुणस्थानक तक है.

सम्प्राय कर्म क्या स्त्री, पुरुष नपुंसक या बहुत से स्त्री, पुरुष, नपुंसक बांधे.

हां सव बांधे भूतकाल मे बहुत जीवोंने बांधा था. वर्तमान में बांधते है और भविष्य में कोइ बांधेगा कोई न बांधेगा कारण मोक्षमे जानेवाले है.

सम्प्राय कर्म क्या अवेदी (जिनकावेदक्षय होगयाहो) बांधे ?

हां, भूतकालमें बहुतसे जीवोंने बांधाथा. और वर्तमान

में भागे २६ से इर्यावही कर्मवत् वाधे क्योंकि अवेदी नवमें गुण स्थानक के २ समय वाकी रहने पर (वेदोंका क्षय होते है) होजाते हैं और सम्प्राय कर्मका वध दशवें गुणस्थानक तक है

सम्प्राय कर्म क्या इन चार भागों से वाधे १ सादि सात, २ सादि अनत, ३ अनादिसात, ४ अनादि अनत,

तीन भागों से बांधे, और १ भागा शुन्य यथा १ सादिसात भागों से वाधे सम्प्रायकर्मबाधनेकी जीवों के आदि नहीं है परन्तु यहा अपेक्षायुक्त वचन है जैसे कि जीव उपशम श्रेणी करके ग्यारह गुणस्थानक वर्तता हुवा इर्यावही कर्म बाधे परन्तु इग्यारमें गुणस्थानक से नियमा गिरकर सम्प्राय कर्म वाधे इस अपेक्षा से सम्प्राय कर्मकी आदि है और क्षपक श्रेणीकर के वारमें गुणस्थानक अवश्य जावेगा यहा सम्प्राय कर्म का वध नहीं है इसलिये अंतभी है २ सादि अनत भागा शून्य है क्योंकि ऐसा कोई जीव नहीं है कि जिसके सम्प्राय कर्मकी आदि हो यदि उपशम श्रेणी की अपेक्षा से कहोगे तो यह नियमा मोक्षभी जायगा तो अन्त पणाकी वाधा आवेगी वास्ते यह भागा शास्त्र कारोंने शून्य कहा है

३ अनादि सात भागा भव्य जीवोंकी अपेक्षा से क्योंकि जीवके सम्प्राय कर्मकी आदि नहीं है परतु मोक्ष जायगा इसवास्ते अंत है।

४ अनादि अनत अभव्य जीवकी अपेक्षासे जिसके सम्प्राय कर्मकी आदि नहीं है और न कभी अंत होगा

सम्प्राय कर्म क्या इन चार भागों से बाधे १ देश (जीवका) से देश (सम्प्राय कर्मका) २ देशसें सर्व ३ सर्व से देश ४ सर्व से सर्व

सर्व से सर्व. इस भांगे से सम्प्राय कर्मबांधे बाकी तीनों भांगे शुन्य सम्प्रायकर्म जगतमे रुलाने वाला है और इर्यावही मोक्ष नगर में पहुंचाने वाला है दोनुं बंध छूटने से जीव मोक्ष मे जाता है इति-समाप्तम्

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम् ॥

थोकडा नं० ५५

(श्री भगवतीजी सूत्र० २६ उ० १)

(४७ बोल की बांधी)

इस शतक में कर्मों का अति दुर्गम्य सम्बन्ध हैं. इस वास्ते गणधरों ने सूत्रदेवता को पहिले नमस्कार करके फिर शतक को प्रारंभ किया है.

गाथा-जीवय १ लेश्या ६ पक्खिय २ दिठ्ठी ३ नाण ६ अनाण ४ सन्नाओ ५ वेय ५ कसाये ६ जोगे ५ उवओगे २ एक्कारसवि-ट्ठाणे ॥ १ ॥

अर्थ—समुचय जीव १ ॥ कृष्णादि लेश्या ६ अलेशी ७ सलशी ८ ॥ पक्ष० कृष्णपक्षी १ शुक्लपक्षी २॥ दृष्टी० सम्यक्त्वदृष्टि १ मिश्र-दृष्टि २ मिथ्यादृष्टि ३ ॥ मत्यादि ज्ञान ५ सनाणी ६ ॥ अज्ञान ३ अनाणी ४॥ संज्ञा ४ नोसंज्ञा ५ ॥ वेद ३ ॥ संवेदी ४ अवेदी ५ ॥ कषाय ४ सकषाय ५ अकषाय ६ ॥ योग० ३ सयोगी ४ अयोगी ५ ॥ उपयोग० साकार १ ॥ अनाकार २ ॥ एवम् ४७

चौवीसों दंडकों में से कौन २ से दंडक में कितने २ भेद पावे वह नीचे के यंत्र द्वारा समजलेना।

सं	नाम दडक	जी १	ले ६	प २	द ३	ज्ञा ६	[illegible] ४	स ५	[illegible] ५	क ६	यो ७	[illegible] २	कु ४७
१	नारकी	१	४	२	३	८	४	४	२	५	४	२	३५
१२	{ भुवन पति १० वाण व्यंतर १	१	५	२	२	४	४	४	३	५	८	२	३७
१३	ज्योतिषी १	१	२	२	३	४	४	[illegible]	३	५	४	२	३४
	वमानिक — देवलोक १—२	१	२	२	३	४	४	४	३	५	४	२	३४
१४	देवलोक ३ से १२	१	२	२	३	४	४	४	२	५	४	२	३३
	ग्रैवेक ९	१	२	२	२	४	४	४	२	५	४	२	३२
	अनुत्तर ५	१	२	१	१	४	०	४	२	५	४	२	२६
१७	पृ. पाणी वन० ३	१	५	२	१	०	३	४	२	५	२	२	२७
१९	तेऊ वायु २	१	४	२	१	०	३	४	२	५	२	२	२६
२२	विकलेन्द्री ३	१	४	२	२	३	३	४	२	५	३	२	३१
२३	तीर्यच, पचेन्द्री	१	७	२	३	४	४	४	४	५	४	२	४०
२४	मनुष्य	१	८	२	३	६	४	५	५	६	५	२	४७

तीजे, चौथे और पाचमे, देवलोकमें एक पद्मलेश्या और छट्ठे, से बारमें देवलोक तक एक शुक्ल लेश्या है इस लिये प्रत्येक देवलोकमें एक १ लेश्या है।

बधाका भागा ४ है इसपर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। (१) कर्म बाधा, बाधे, बाधसी, (२) कर्म बाधा, बाधे न बाधसी, (३) कर्म बाधा न बाधे बाधसी, (४) कर्म बाधा, न बाधे न बाधसी,

आठ कर्म है जिसमें ४ घाती कर्मों को एकात पाप कर्म माना है (ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय, और अतराय,) और इनमें मोहनीय कर्म सब से प्रबल माना गया है

शेष वेदनीय, आयुष्य, नाम, गोत्र, ये चार अघाती कर्म हैं (पाप पुण्य मिश्रित) इसलिये शास्त्रकारों ने प्रथम समुच्चय पापकर्म की पृच्छा अलग की है उपरोक्त ४७ बोलोंमेंसे कौन २ से बोलके जीव इन चार भांगों में से कौन २ से भांगों से पाप कर्म को बांधे. इस में मोहनीय कर्मकी प्रबलता है इसलिये उसके बंध विच्छेद होने से शेष कर्मों के विद्यमान होते हुए भी उनके बंध की विवक्षा नहीं की. क्योंकि उववाई पन्नवणा सूत्रमें भी मोहनीय कर्म परही शास्त्रकारों ने ज्यादा जोर दिया है कारण कि मोहनीय कर्म सर्व कर्मों का राजा है. उस के क्षय होने से शेष तीन कर्मों का किंचित् भी जोर नहीं चलता, उपरोक्त सैतालीस बोलों में से समुच्चय जीव की पृच्छा करते है समुच्चयजीव १ शुक्ललेशी २ संलेशी ३ शुक्ल पक्षी ४ सज्ञानी ५ मतिज्ञानी ६ श्रुतज्ञानी ७ अवधिज्ञानी ८ मनःपर्यवज्ञानी ९ सम्यकदृष्टि १० नों संज्ञा ११ अवेदी १२ सकषायी १३ लोभ कषायी १४ सयोगी १५ मनयोगी १६ वचनयोगी १७ काययोगी १८ साकार उपयोगी १९ अनाकार उपयोगी २० इन वीस बोलों के जीवां में चारों भांगों मिलते है यथाः—

(१) बांधा, बांधे, बांधसी, मिथ्यात्वादि, गुणठाणों अभव्य जीव. भूतकालमें बान्धा-बान्धे-बान्धसी.

(२) बांधा, बांधे, न बाधसी, क्षपक श्रेणी चढता हुआ नवमें गु० तक. बान्धे फीर मोक्ष जायगा-न बन्धसी.

(३) बांधा, न बांधे, बांधसी, उपशम श्रेणी. दशमें, इग्यार में गु० तक. वर्तमानमें नहीं बान्धते है.

(४) बांधा, न बांधे, न बांधसी, क्षपक श्रेणी दशमें गुण० तद्भव मोक्षगामी.

(२१) मिश्रदृष्टि दो भांगा से मीलता है. १-२ जो। यथा—

(१) बाधा, बाधे बाधसी, यह सामान्यता से कहा है बहुत भवपेक्षा

(२) बाधा बाधे न बाधसी, यह विशेष व्याख्या है क्योंकि भव्य जीव है व तद्भव मोक्ष जायगा तब (न बाधसी)
(२२) अकषायी में दो भागा यथा-३-४ था

(३) बाधा, न बाधे, बाधसी, उपशम श्रेणी दशमें इग्या रमें गुण० वर्तता हुआ भूत कालमें बाधा वर्तमान् (न बाधे) परन्तु नियमा पीछा गिरेगा तब (बाधसी)

(४) बाधा न बाधे, न बाधसी क्षपक श्रेणी वाले अकषायी है (२५) अलेशी, केवली और अजोगी, में भागा १ बाधा, न बाधे, न बाधसी बन्ध अभाव।

(४७) लेश्या पाच, कृष्णपक्षी, अज्ञाना चार, वेद चार, सज्ञा चार, कषाय तीन, और मिथ्यात्वदृष्टि इन बाइस बोलों के जीवों में भागा २ मिलते हैं यथा। १-२ जो।

(१) बाधा, बाधे, बाधसी, अभव्य की अपेक्षा से

(२) बाधा, बाधे, न बाधसी भव्य की अपेक्षा से

यह समुच्चय जीव की अपेक्षा से कहा ऐसे ही मनुष्य के दडक में समझ लेना शेष तेवीस दंडक के जीव में दो भागा मिलते हैं यथा १-२ जो

(१) बाधा, बाधे, न बाधसी, अभव्य की अपेक्षा विशेष व्याख्या न करके सामान्यता से

(२) बाधा, बाधे, न बाधसी, यह विशेष व्याख्या है क्योंकि भव्य जीव है यह भविष्य में निश्चय मोक्ष जायगा तब (न बाधसी)

यह समुच्चय पापकर्म की व्याख्या की है अब आठों कर्म

की भिन्न २ व्याख्या करते है जिसमें मोहनीय कर्म समुच्चय पाप कर्मवत् समझ लेना.

ज्ञानावरणीय कर्म को पूर्व कहे हुए वीस बोलोंमें से सकषायी और लोभ कषायी, यह दो बोलों को छोडकर शेष अठारा बोलोंकि जीव पूर्वोक्त चारो भांगोंसे बांधे (पूर्वमें जो कुछ कह आये है. और आगे जो कुछ कहेंगे, यह सब बाते गुणस्थानक से संबध रखती है. इसलिये पाठकों को हरेक बोल पर गुणस्थानक का उपयोग रखना अति आवश्यक है, बिना गुणस्थानक के उपयोगी बातें समझ में आना मुश्किल है.)

अलेशी, केवली, और अयोगी, में भांगा १ चोथा. बांधा, न बांधे, न बांधसी.

मिश्रदृष्टि में भांगा २ पहिला और दूसरा पूर्ववत्

अकषायी में भागा २ तीसरा और चौथा पूर्ववत्

शेष चौवीस बोलों (बावीस पापकर्म की व्याख्या में कहा वह और सकषायी. लोभ कषायी) में भागा २ पहिला और दूसरा पूर्ववत्

यह समुच्चय जीव की अपेक्षा से कहा. इसी तरह मनुष्य दंडक में समझ लेना. शेष तेवीस दंडक के जीवों में दो भांगों (पहिला और दूसरा) जैसे ज्ञानावरणीय कर्म बांधे. एवम् दर्शनावरणीय नाम कर्म, गोत्रकर्म और अंतराय कर्म का भी बंध आश्रयी भांगा लगालेना—संबन्ध सादृश है ।

समुच्चय जीवों की अपेक्षा से वेदनीय कर्म को, समुच्चय जीव, सलेशी, शुक्लेशी, शुक्लपक्षी, सम्यकदृष्टि, संज्ञानी केवल ज्ञानी. नोसंज्ञा, अवेदी, अकषायी, साकार उपयोगी, और अनाकार उपयोगी, इन (१२) बारहा बोलों के जीवो में तीन भांगा

मिलता है पहिला, दूसरा और चौथा भागा और बाधा न बाधे बाधसी, इस तीसरे भागों मे पूर्वोक्त बारहा बोलो के जीव नहीं मिलते क्योंकि यह भागा वर्तमानकाल में वेदनीय कर्म न बाधे और फीर बाधेगा यह नहीं होमक्ता कारण वेदनीय कर्म का बध तेरवा गुणस्थानक के अत समय तक होता है

अलेशी, अजोगी, मे भागो १ चौथो बाधा, न बाधे, न बाधसी, शेप तेतीस बोलों मे भागा २ पहिला और दूसरा

पथम् मनुष्य दडक मैं भी भागा ३ समुचयवत् समझ लेना शेप तेवीस दडक में भागा २ पहिला और दूसरा

समुचय जीवोंकी अपेक्षा से आयुष्य कर्ममें अलेशी, केवली और अयोगी, ये तीन बोलों के जीवोंमें केवल चौथा भागा पावें

कृष्णपक्ष मे भागा २ पहिला और तीसरा

मिश्रदृष्टि, अवेदी और अकपायी मे २ भागा तिसरा और चौथा, मन पर्यव ज्ञानी, नोमज्ञा में ३ भागा पहिले तीसरा और चौथा शेप अडतीस बोलों के जीवों में चारों भागा से आयुष्य कर्म बाधे, अब चोवीस दडकों की अपेक्षा आयुष्य कर्म के बध के भागे कहते हैं नारकी के पूर्वोक्त ३९ बोलोंमेंसे कृष्ण पक्षी और कृष्ण लेशी में भागा दो पावे पहिला और तीसरा मिश्रदृष्टि में भागा दो पावे तीसरा और चौथा शेप बत्तीस बोलों के जीव चारो भागो मे आयुष्य कर्म बाधे

देवताओं में भुवनपति से यावत् बारहावें देवलोक तक के देवताओंमे पूर्वोक्त कहे हुए बोलोंमें से कृष्णपक्षी, और कृष्णलेशी (जहा पावे वहातक) मे दो भागा पहिला और दूसरा मिश्रदृष्टिमें दो भागा तीसरा और चौथा, शेप बोलों के जीवों म भागा चारो पावे। नव ग्रैवेक के देवताओंमें पूर्वोक्त ३२ बोलोंमें से कृष्णपक्षीमें

भांगा दो पावे. पहिला और तीसरा. शेष ३१ वोलों में चारों भांगा पावे. ॥ चार अनुत्तर विमानों के देवताओं में पूर्वोक्त २६ वोलोमें भांगा चारों पावे ॥ सर्वार्थ सिद्ध विमानके देवताओं में पूर्वोक्त २६ वोलो में भांगा ३ पावे. दूसरा, तीसरा, और चौथा.

पृथ्वीकाय, अप्पकाय, और वनस्पतिकाय के जीवों में पूर्वोक्त २७ वोलो में से तेजोलेशी, में भांगा एक पावे. तीसरा शेष २६ वोलों के जीव चारों भांगो से आयुष्य कर्म वांधे ॥ तेजस-काय और वायुकाय के जीवो के पूर्वोक्त २६ वोलो में भांगा २ पावे पहिला और तीसरा ॥ तीनों विकलेन्द्री जीवों के पूर्वोक्त ३१ वोलों में से सज्ञानी. मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, और सम्यकदृष्टि इन चार वोलों के जीवों मे भांगा तीसरा पावे शेष २७ वोलो में भांगा २ पहिला और तीसरा.

तीर्यंच पंचेन्द्री जीवों के पूर्वोक्त ३५ वोलों में से कृष्णपक्षी म भांगा २ पहिला और तीसरा. मिश्रदृष्टि में दो भांगा तीसरा और चौथा. और सज्ञानी, मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी तथा अवधिज्ञानी और सम्यकदृष्टि में भांगा ३ पावे पहिला, तीसरा, और चौथा. शेष २८ वोलों में भाँगा चारों पावे.

मनुष्य के दंडक में पूर्वोक्त ४७ वोलों में से कृष्णपक्षी में भांगा दो पावे. पहिला और तीसरा. मिश्रदृष्टि, अवेदी. और अकषाइ में भांगा दो पावे तीसरा और चौथा. अलेशी, केवली, और अजोगी मे एक भांगा चौथा, नोसंज्ञा, चार ज्ञान, सज्ञानी और सम्यकदृष्टि में तीन भांगा पहिला तीसरा और चौथा. शेष तेतीस वोलो में भांगा चारो पावे.

इस छव्वीसवे शतक के प्रथम उद्देशाका जितना विस्तार किया जाय उतना हो सक्ता है परन्तु ग्रन्थ वढजाने से कंठस्थ करणा में प्रमाद होने के कारण से यहां संक्षेप में वर्णन किया है. इस को कंठस्थ कर विस्तार गुरुगम से धारो. इति ॥

थोकडा न ५६

(श्री भगवती सूत्र शतक २६ उ ०२)

अणंतर उववन्नगादि

अतरा रहित जो प्रथम समय उत्पन्न हुआ है उसकी अपेक्षासे यह उद्देशा कहेंगे इसी शतक के पहिले उद्देशे मे जो ४७ बोल प्रथम कह आये है उनमें से नीचे लिखे १० बोल प्रथम समय उत्पन्न हुआ है उसमें नहीं मिलते क्योंकि उत्पन्न होने के प्रथम समय में इन १० बोलों की प्राप्ति नहीं होसकी। यथा (१) अलेशी (२) मिश्रदृष्टि (३) मन पर्यव ज्ञानी (४) केवलज्ञानी (५) नो संज्ञा (६) अवेदी (७) अकषायी (८) अयोगी (९) मनयोगी (१०) वचनयोगी शेष ३७ बोल समुच्चय जीवों में मिले

नरकादि दडकों में नारकी से लेकर बारह देवलोक तक पूर्वोक्त कहे हुए बोलो में से मिश्रदृष्टि, मनयोगी, और वचन योगी यह तीन बोल कम करके शेष बोलो में प्रथम समय का उत्पन्न हुआ जीव मिले

नव ग्रैवेकमे तथा पाच अनुत्तर विमानो मे पूर्वोक्त कहे हुए ३२ और २६ बोलों में से मनयोगी और वचनयोगी कम करके शेष बोलों में प्रथम समय का उत्पन्न हुआ जीव मिले।

तिर्यच पचेन्द्री में पूर्वोक्त कहे हुये ४० बोलों मे से मिश्रदृष्टि मनयोगी, और वचनयोगी, यह तीन बोल कम करके शेष ३७ बोलों मे प्रथम समय का उत्पन्न हुवा जीव मिले॥ मनुष्य दडक मे समुच्चयवत् ३७ बोलों में प्रथम समय का उत्पन्न हुवा जीव मिले।

चौवीस दंडकों में प्रथम समय उत्पन्न हुए जीवों के जो जो बोल कह आए है उन बोलों के जीव समुच्चय पापकर्म और ज्ञानावरणीय आदि सात कर्मों (आयुष्य छोड कर) को पूर्वोक्त " बांधा. बांधे, बांधसी " इत्यादिक चार भांगा में से केवल दो भांगो से बांधे (बांधा बांधे बांधसी. बांधा, बांधे न बांधसी.)

आयुष्य कर्मको मनुष्य छोडकर शेष तेवीस दंडकों में पूर्वोक्त कहे हुऐ बोलों में " बांधा न बांधे, बांधसी " । का १ भांगा पावे. क्योंकि प्रथम समय उत्पन्न हुवा जीव आयुष्य कर्म बांधे नहीं. भूत कालमें बांधा था और भविष्यमें बांधेगा.

मनुष्य दंडक में पूर्वोक्त ३७ बोलों में से कृष्ण पक्षी में भांगा १ तीसरा शेष छत्तीस बोलों में भागा २ पावें. तीसरा और चौथा इति द्वितीयोद्देशकम.

शतक २६ उद्देशो ३ जो परम्परोवन्नगा.

उत्पत्ति के दूसरे समय से यावत् आयुष्य के शेष काल को "परमूपर उववन्नगा," कहते हैं. इसी शतक के प्रथम उद्देसेमें ४७ बोलों में से जितने २ बोल प्रत्येक दंडक के कह आये हैं. उसी माफक परमपर उववन्नगा जावों के समुचय जीवादि दंडको में भी कहना. तथा बांधी का भांगा चारो सर्व अधिकार प्रथम उद्देसे के माफक कहना. बांधी के भांगों के साथ " परमूपर उववन्ना " का सूत्र नरकादि सर्व दडक के साथ जोड लेना. इति तृतीयोद्देशकम्.

श्री भगवती सूत्र श० २९ उ० ४ अणंतर ओगाडा.

जीव जीस गति में उत्पन्न हुवा है उसगति के आकास प्रदेश अवगह्या (आलंबन किये) को एक ही समय हुवा है उसको अणंतर ओगाडा कहते है. इसके बोल और बांधी के भांगों का सर्वाधिकार अणंतर उववन्नगा द्वितीय उद्देसे के माफक कहना. और अणंतर उववन्नगा की जगह पर अणंतर ओगाडा का सूत्र

नरकादि मय जगह विशेष कहना इति चतुर्थोद्देशकम्

श्री भगवती सूत्र श० २६ उ० ५ परम्पर ओगाडा

जीव जीस गति मे उत्पन्न हुवा है उस गति के आकाश प्रदेश अवगाह्या को २ समय से यावत् भवातर काल हुआ हो उसको परम्पर ओगाडा कहते हैं इसका सर्वाधिकार इस शतक के प्रथम उद्देसे वत् कहना परन्तु " परम्पर ओगाडा " का सूत्र सब जगह विशेष कहना इति पचमोद्देशकम्

श्री भगवती सूत्र श० २६० उ० ६ अणतर आहारगा

जिस गति में जीव उत्पन्न हुआ है उस गति मे जो प्रथम समय आहार लिया उसको अणतर आहारगा कहते हैं इसका सर्वाधिकार अणतर उववन्नगा जो दूसरे उद्देसे माफक समझना परन्तु अणतर उववन्नगा की जगह पर 'अणतर आहारगा का सूत्र कहना इति षष्टमोद्देशकम

श्री भगवती सूत्र श० २० उ० ७ परम्पर आहारगा

जिस गति मे जीव उत्पन्न हुवा है उस गति का आहार द्वितीय समय से भवातर तक ग्रहण करे उसको परम्पर आहारगा कहते हैं इसका सर्वाधिकार प्रथम उद्देशा वत् समजना परन्तु " परम्पर आहारगा का सूत्र सब जगह विशेष कहना इति सप्तमोद्देशकम

श्री भगवती सूत्र श० २६ उ० ८ अणतर पज्जत्तगा

जिस गति में जीव उत्पन्न हुआ है उस गति की पर्याप्ति बाधने के प्रथम समय को अणतर पज्जत्तगा कहते हैं इसका सर्वाधिकार इसी शतक के दूसरे उद्देशा वत परन्तु अणंतर उववन्नगा की जगह पर " अणतर पज्जत्तगा " का सूत्र कहना इति अष्टमोद्देशकम

श्री भगवती सूत्र श० २६ उ० ९ परम्पर पज्जत्तगा

पर्याप्ति के दूसरे समय से यावत आयुष्य पर्यंत को परम्पर

पज्ञत्तगा कहते हैं. इसका सर्वाधिकार प्रथम उद्देशो वत् समझना. परन्तु परंपर पज्ञत्तगा का सूत्र विशेष कहना इति नवमोद्देशकम्

श्री भगवती सूत्र श० २६ उ० १० चरमोद्देशो.

जिस जीव का जिस गति में चरम समय शेष रहा हो उसको चरमोद्देशो कहते हैं इसका सर्वाधिकार प्रथम उद्देशावत् परन्तु "चरमोद्देशो" का सूत्र विशेष कहना. इति दशमोद्देशकम्

श्री भगवती सूत्र श० २६ उ० ११ अचरमोद्देशो.

अचरमोद्देशो प्रथम उद्देशे के माफक है. परन्तु ४७ बोलों में अलेशी, केवली, अयोगी ये तीन बोल कम करना. भांगा ४ में चौथो भांगो और देवता में सर्वार्थसिद्ध को बोल कम करना. शेष प्रथम उद्देशे के माफक कहना. इति श्रीभगवती सूत्र श० २६ समाप्तम.

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्

थोकडा नं. ५७.

॥ श्री भगवती सूत्र श० २७ ॥

शतक २६ उद्देशा १ में जो ४७ बोल कह आये है. उसपर जो "बांधा, बांधे, बांधसी" इत्यादिक ४ भांगों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया है उसी माफक यहां भी "कर्म किरिया, करे, करसी" इत्यादिक नीचे लिखे ४ भांगों का अधिकार पूर्ववत् ११ उद्देशों संबंधी सादृश ही समज लेना.

(१) कर्म किरिया, करे, करसी, (२) किरिया, करे, न करसी (३) किरिया, न करे, करसी (४) करिया, न करे न करसी.

(प्र) जब अधिकार सादृश है तो अलग २ शतक कहने का क्या कारण है ?

(उ) कर्म, करिया, करे, कम्मी यह क्रिया काल अपेक्षा सामान्य व्याख्या है और कम बाधा बाधे बाधसी यह बध काल अपेक्षा विशेष व्याख्या है शेषाधिकार बन्धी शतक माफीक समजना इति शतक २७ उद्देशा ११ समाप्त

—→⁂←—

थोकडा नं० ५८

श्री भगवती सूत्र श० २८

पूर्वोक्त ४७ बोलों के जीव पापादि कर्म कहा प बाधे हुए कहा भोगवे १ इसके भागे ८ है यथा (१) तीर्यचमे बाधा तीर्यंच में ही भोगवे (२) तीर्यचमें बाधा नरकमें भोगवे (३) तीर्यचमे बाधा मनुष्य में भोगवे (४) तीर्यच में बाधा देवता में भोगवे (५) तीर्यंचमें बाधा नारकी और मनुष्य में भोगवे (६) तीर्यंच में बाधा नारकी और देवता मे भोगवे (७) तीर्यंच में बाधा मनुष्य और देवता मे भोगवे (८) तीर्यंच में बाधा नारकी मनुष्य देवता तीनों में भोगवे एवम् भागा ८। पहिले जो शतक २६ उद्देशा १ मे जो ४७ बोलों का प्रत्येक दडक पर वर्णन कर आये है उन सब बोलों में समुच्चय पाप कर्म और ज्ञानावरणीयादी ८ कर्मों में भागा आठ आठ पावे इति प्रथमोद्देश

पूर्वोक्त बाधी शतक के ११ उद्देशावत् इस शतक के भी ११ उद्देशे है और प्रत्येक उद्देशे के बोलों पर ऊपर लिखे मुजब आठ २ भागे लगा लेना इस शतकसे अव्यवहाररासी मानना भी सिद्ध होता है और प्रज्ञापना पद ३ बोल ९८ तथा जुम्माधिकारसे देखो इति शतक २८ उद्देशा ११ समाप्त

—→⁂○○○⁂←—

थोकडा नं. ५९

(श्री भगवती सूत्र श० २९)

४७ बोल प्रत्येक दंडक पर शतक २६ उद्देशे पहिले में विव. रण करचूके है. उनबोलों के जीव (१) एक साथे कर्म भोगवणा मांडिया (सुरूकिया) और एक साथे पूरण किया (२) एक साथे भोगवणा मांडिया और विषमता से पूराकिया (३) विषम भोगवणा मांडिया और विषम पूराकिया (४) विषम भोगवणा मांडिया और साथे पूरा किया. यह चारो भांग कहना क्योंकि जीव ४ प्रकार के है यथा—

(१) सम आयुष्य और साथे उत्पन्न हुआ. (२) सम आयुष्य और विषम उत्पन्न हुआ (३) विषम आयुष्य और साथे उत्पन्न हुआ. (४) विषम आयुष्य और विषम उत्पन्न हुआ. यह चार प्रकार के जीवोंमें कौन २ सा भांगा पावे सो दिखाते हैं.

(१) सम आयुष्य और साथे उत्पन्न हुआ जिसमें भांगा पहिला स० स० (२) सम आयुष्य और विषम उत्पन्न हुआ जिसमें भांगा दूसरा स० वि० (३) विषम आयुष्य और साथे उत्पन्न हुआ जिसमें भांगा तीसरा. वि० स० (४) विषम आयुष्य और विषम उत्पन्न हुआ जिसमें भांगा चोथा, वि० वि० । यह आयुष्य कर्म की अपेक्षा से चार भांगा होता है. इति प्रथमोद्देसा ।

दूसरा उद्देशा अणंतर उववन्नगा का है. जिसमें भांगा २ पहिला और दूसरा यहां प्रथम समय की अपेक्षा है. इसी माफक चौथा, छट्ठा, और आठमां उद्देशा भी समझ लेना. शेष १-३-५-७-९-१०-११ यह सात उद्देशों की व्याख्या सदृश है (चारो भांगा पावे) इति श० २९ शतक ११ उद्देसा समाप्तम्.

थोकडा न. ६०

श्री भगवती सूत्र श० ३०

समौसरण—अधिकार

समौसरण चार प्रकार के कहा है यथा १ क्रियावादी २ अक्रियावादी ३ अज्ञानवादी और ४ विनयवादी क्रियावादी वे सूयडाग सूत्र में जो १८० भेद कहे है वह केवल मिथ्यादृष्टि है और दशाश्रुत स्कध में जो क्रियावादी कहे है उन्होंने पेस्तर मिथ्यादृष्टि में आयुष्य बाधा था उसके बाद मे सम्यक्त्व प्राप्त किया है और यहा जो क्रियावादी कहे है वह सम्यक्‌दृष्टि है

समुच्चयजीव में पूर्वे जो ४७ बोल २६ वा शतक में कह आये है उसमें कृष्णपक्षी १ अज्ञानी ४ मिथ्यादृष्टि १ एवम् छे बोल में समौसरण ३ अक्रियावादी, अज्ञानवादी, और विनयवादी, इन तीनों समौसरण के जीव चारों गति का आयुष्य बाधे और इनमें भव्य, अभव्य, दोनों होवे

ज्ञान ४ और सम्यक्‌दृष्टि १ इन पाचो बोलों में समौसरण १ क्रियावादी आयुष्य जो नारकी, देवता, बाधे तो मनुष्य का और मनुष्य, तीर्यंच बाधे तो वैमानिक का और नियमा भव्य है

मिश्रदृष्टिमे समौसरण २ अज्ञानवादी और विनयवादी आयुष्य का अबधक और नियम भव्य हो

मन पर्यव ज्ञान और नोसज्ञा में समौसरण १ क्रियावादी आयुष्य बाधे तो वैमानिक का और नियमा भव्य होय

कृष्ण, नील, कापोत, लेशीमें समौ० चार पावे जिसमें क्रिया

वादी आयुष्य मनुष्य का बांधे और नियमा भव्य होय. शेष तीन समो० आयुष्य चारोंगति का बांधे, और भव्याभव्य दोनों होय।

तेजो, पद्म, शुक्ल लेशी में समो० चार पावे जिसमें क्रियावादी आयुष्य मनुष्य वैमानिकको बांधे और नियमा भव्य होय. शेष तीन समो० नारकी वर्ज के तीनगति का आयुष्य बांधे और भव्याभव्य दोनों होय.

अलेशी, केवली, अयोगी, अवेदी, अकषायी, इन पांच बोलों में समोसरण १ क्रियावादी आयुष्य अबंधक और नियमा भव्य होय.

शेष २२ बोलों में समोसरण चारों जिसमें क्रियावादी आयुष्य-मनुष्य और विमानिक का बन्धे और तीन समो० वाले जीव आयुष्य चारों गति का बांधे. क्रियावादी नियमा भव्य होय बाकी तीनो समोसरण में भव्य अभव्य दोनों होय.

नारकी के पूर्वोक्त ३५ बोलों में कृष्णपक्षी १ अज्ञानी ४ और मिथ्यादृष्टि १ मे समोसरण ३ पूर्ववत्. आयुष्य मनुष्य तीर्यंच का बांधे और भव्य अभव्य दोनों होय—ज्ञान ४ और सम्यक्दृष्टि में समोसरण १ क्रियावादी आयुष्य मनुष्य का बांधे और निश्चय भव्य होय, मिश्रदृष्टि समुच्चयवत्. शेष तेवीस बोल में समोसरण चार और आयुष्य मनुष्य तीर्यंच दोनोंका बांधे। क्रियावादी नियमा भव्य-बाकी तीनो समोसरण के भव्य अभव्य दोनों होय इसी माफक देवताओं में नवग्रैवेक तक पूर्वोक्त जो जो बोल कह आये है उन सब बोलो में समोसरण नारकीवत् लगा लेना.

पांच अनुत्तरविमान के बोल २६ में समोसरण १ क्रियावादी आयुष्य मनुष्य का बांधे और नियमा भव्य होय.

पृथ्वीकाय, अप्पकाय, और वनास्पतिकाय, में पूर्वोक्त २७ बोलों के बीच में दो समोसरण पावे अक्रियावादी, और अज्ञान-

वादी तेजोलेश्यामें आयुष्य न बाधे शेष बोलो में आयुष्य मनुष्य और तीर्यंच का बाधे भव्य अभव्य दोनों होय एवम् तेउ काय, वायुकाय के २६ बोलों मे समौसरण २ आयुष्य तीर्यंच का बाधे और भव्य अभव्य दोनों होय तीन विकलेन्द्री के ३१ बोलों में समौसरण २ अक्रियावादी और अज्ञानवादी तीन ज्ञान और सम्यक्दृष्टि आयुष्य न बाधे शेष बोलों में मनुष्य तीर्यंच दोनो का आयुष्य बाधे तीन ज्ञान और सम्यक्दृष्टिमें स० एक क्रियावादी आयुष्यका अबन्ध नियमा भव्य शेष बोलोंमें स० दो आयु० म० तीर्यंचका और भव्य अभव्य दोनों होय। तीर्यंच पचेन्द्रींके ४० बोलोंमें से कृष्णपक्षी १ अज्ञानी ४ और मिथ्यादृष्टिमे समौसरण ३ अक्रियावादी, अज्ञानवादी और विनयवादी, आयुष्य चारों गति का बाधे भव्य अभव्य दोनों होय ज्ञान ४ और सम्यक्दृष्टिमे समौसरण १ क्रियावादी, आयुष्य वैमानिकका बाधे और नियमा भव्य होय मिश्रदृष्टिमे समौसरण २ विनयवादि और अज्ञानवादि आयुष्यका अबधक और नियमा भव्य होय। कृष्णलेशी, नील लेशी, कापोत लेशीमें समौसरण चारो पावे जिसमें क्रियावादी आयुष्य का अबंधक और नियमा भव्य होय। शेष तीन समौसरणमें चारोगतिको आयुष्य बाधे और भव्य अभव्य दोनों होय। तेजोलेशी पद्मलेशी शुक्ललेशीमें समौसरण चारो जिसमें क्रियावादी वैमानिक का आयुष्य बाधे और नियमा भव्य होय। शेष तीन समौसरण नारकी छोड कर तीन गतिका आयुष्य बाधे और भव्य अभव्य दोनों होय शेष बाईस बोलोंमें समौसरण ४ जिसमें क्रियावादी वैमानिक का आयुष्य बाधे और नियमा भव्य होय बाकी तीन समौसरण चारो गतिका आयुष्य बाधे भव्य अभव्य दोनों होय

मनुष्य दडक में पूर्वोक्त जो ४७ बोल कह आये हैं जिसमे कृष्ण पक्षी, चार अज्ञानी, और मिथ्यादृष्टि मे क्रियावादी

छोडकर शेष तीन समोसरण आयुष्य चारों गति का बांधे और भव्य अभव्य दोनो होय. चार ज्ञान और सम्यक्‌दृष्टि में समोसरण, क्रियावादी आयुष्य वैमानिक देवता का बांधे और नियमा भव्य होय। मिश्रदृष्टिमें समोसरण दो विनयवादी और अज्ञानवादी. आयुष्यका अबंधक और नियमा भव्य होय.। मनःपर्यव ज्ञान और नो संज्ञा में समोसरण एक क्रियावादी आयुष्य वैमानिक देवता का बांधे और नियमा भव्य होय,। कृष्णादि ३ लेश्या में समोसरण ४ पावे जिसमें क्रियावादी आयुष्य का अबंधक और नियमा भव्य होय। शेष तीनो समोसरण चारो गति का आयुष्य बांधे और भव्याभव्य दोनो होय तेजो आदि ३ लेश्या में समोसरण चारो पावे जिसमें क्रियावादी आयुष्य वैमानिक का बांधे और नियमा भव्य होय। शेष तीनो समोसरण नरक गति छोडकर तीनो गतिका आयुष्य बांधे और भव्याभव्य दोनो होय. अलेशी, केवली, अजोगी, अवेदी, और अकषाई में समोसरण क्रियावादी का आयुष्य अबंधक और नियमा भव्य होय. शेष बाइस बोलो में समोसरण चारों पावे जिसमें क्रियावादी आयुष्य वैमानिकका बांधे और नियमा भव्य होय। शेष तीनो समोसरण आयुष्य चारो गति का बांधे और भव्याभव्य दोनों होय.

इति तीसवां शतकका प्रथम उद्देसा समाप्त।

बांधी शतक २६ वा उद्देसा दूसरा अणंतर उववन्नगा का पूर्वे कह आये है उसी माफक चौवीस दंडको के ४७ बोल इस उद्देस में भी लगा लेना. और समोसरण का भांगा प्रथम उद्देसावत् कहना परन्तु सब बोलो में आयुष्य का अबंधक है क्योंकि यह उद्देसा उत्पन्न होने के प्रथम समय की अपेक्षा से कहा गया है और प्रथम समय जीव आयुष्य का अबंधक होता है. एवम् चौथा

छट्ठा, आठवा, ये तीन उद्देसे इस दूसरे उद्देसे के सदृश है शेष ३-५-७-९-१०-११ ये छओ उद्देसा प्रथमोद्देशावत् समझ लेना—

इति श्री भगवती सूत्र शतक ३० उद्देसा ११ समाप्त.

सेवं भंते सेवं भंते समेव सचम् ।

थोकडा नं० ६१

श्री उत्तराध्ययन सूत्र अ० ३४

(छ, लेश्या)

लेश्या उसे कहते है जो जीव के अच्छे या खराब अध्यवसाय से कर्मदलद्वारा जीव लेशावे यह इस थोकडेद्वारा ११ बोलो सहित विस्तारपूर्वक कहेंगे यथा—

१ नाम २ वर्ण ३ गंध ४ रस ५ स्पर्श ६ परिणाम ७ लक्षण ८ स्थान ९ स्थिति १० गति ११ च्यवन इति ।

(१) नामद्वार-कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या तेजोलेश्या पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या,

(२) वर्णद्वार-कृष्णलेश्याका श्यामवर्ण, जैसे पानी से भरा हुआ बादल भैसा का सींग अरीठा, गाडेका अंजन, काजल आखों की टीकी, इत्यादि ऐसा वर्ण कृष्णलेश्या का समझना नीललेश्या-नीलावर्ण, जैसे अशोक पत्र, शुक की पासे, वैडूर्यरत्न इत्यादिवत् समझना कापोतलेश्या-सुर्खी लिये हुए कालारंग-जैसे अलसी का पुष्प, कोयल की पाख, पारेवाकी ग्रीवा, इत्या

दिवत तेजोलेश्या-रक्तवर्ण जैसे हींगलू, उगता सूर्य, तोतेकी चोंच दीपककी शीखा, इत्यादिवत् पद्मलेश्या-पीतवर्ण. जैसे हरताल, हलद, हलदका टुकडा सण वनास्पतिकावर्ण. इत्यादिवत् पीला शुक्ललेश्या-श्वेत वर्ण जैसे संख, अंकरत्न मचकुंद वनस्पति. मोती का हार, चांदी का हार, इत्यादिवत्.

(३) रसद्वार-कृष्ण लेश्या का कटुक रस. जैसे कडवा तुंबा का रस, नींब का रस, रोहिणी वनास्पति का रस, इनसे अनंत-गुण कटु। नीललेश्या का-तीखा रस-जैसे सोंठका रस, पीपर का रस, कालीमिरच, हस्ती पीपर; इन सबके स्वाद से अनंतगुणा तीखा रस। कापोतलेश्या का खट्टा रस-जैसे कञ्चा आम्र, तुंवर वनास्पति, कच्चा कवीठ की खटाइ से अनंतगुणा खट्टा। तेजोलेश्या का रस-जैसे पकाहुवा आम्र, पकाहुवा कवीठ के स्वाद से अनंतगुणा। पद्मलेश्या का रस-जैसे उत्तम वारुणी का स्वाद और विविध प्रकार के आसव के अनंतगुणा। शुक्ल लेश्या का रस-जैसे खजूर का स्वाद, द्राखका स्वाद, खीर सक्कर, इन से अनंतगुणा.

(४) गंधद्वार—कृष्ण. नील कापोत, इन तीन लेश्याओं की गंध जैसे मृतक गाय, कुत्ता, सर्प से अनंतगुणी दुर्गंध और तेजो, पद्म, शुक्ल, इन तीन लेश्याओं की गंध जैसे केवडा प्रमुख सुगन्धी वस्तु को घिसने से सुगन्ध हो उस से अनंतगुणी।

(५) स्पर्शद्वार—कृष्ण, नील कपोत, इन तीन लेश्याओं का स्पर्श जैसे करोत (आरी) गाय वैल की जिह्वा साक वृक्ष के पत्र से अनंत गुणा और तेजो, पद्म, शुक्ल, इन तीनों लेश्याओं का स्पर्श जैसे वूर नामा वनास्पति, मक्खन सरसों के पुष्प से अनंतगुणा.

(६) परिणामद्वार-छे लेश्या का परिणाम आयुष्य के तीजे

भाग, नवमे भाग, सत्ताईसमेभाग इक्यासीमें भाग, दोसौतया-
लीसमेंभाग में जघन्य उत्कृष्ट समझना

(७) लक्षणद्वार—कृष्णलेश्या का लक्षण पाच आश्रव का
सेवन करनेवाला, तीन गुप्तीसे अगुप्तो, छैकायका आरभक, आर-
भमें तीव्रपरिणामी सर्व जीवोंका अहित अकार्य करनमे साह-
सिक इसलोक परलाक की सका रहित, निर्धंस परिणामी जीव
हणता सुग रहित, अजितेन्द्रिय, पसे पाप व्यापार युक्त हो तो
कृष्णलेश्या के परिणाम वाला समझना

नीललेश्याका लक्षण-इर्षाउत् कदाग्रही तपरहित भली
विचाररहित पर जीव को छलने में होसियार, अनाचारी, निर्लज्ज
विषयलपट द्वेषभावसहित, धूत, आठों मदसहित, मनोज्ञ स्वाद
का लपट, साताग्वेषी आरभ से न निवर्त्ते सर्व जीवों का अहित
कारी, विना सोचे कार्य करनेवाला ऐसे पाप व्यापार सहित
होय उसको नीललेश्या वाला समझना

कापोतलेश्या—वाका बोले, वाका कार्य करे, निवुढ माया
(कपटाइ) सरलपणारहित अपना दाप ढाके, मिथ्यादृष्टि अनार्य
दूसरे को पीडाकारी वचन वाले, दुष्टवचन वाले, चोरी करे, दूस
रे जीवोंकी सुख सम्पत्ति देख सके नहीं, ऐसे पापव्यापार युक्त
को कापोत लेश्या के परिणामवाला समझना

तेजोलेश्या—मान, चपलता कौतूहल और कपटाईरहित
विनयवान, गुरुकी भक्ति करनेवाला, पाचेन्द्री दमनेवाला, श्रद्धा
वान सिद्धात भणे तपस्या (योग वहन) करे, प्रियधर्म्मी, दृढ-
धर्मी पापसे डरे मोक्षकी वाछाकरे, धर्मव्यापार युक्त ऐसे परि-
णाम वाले को तेजोलेश्या समझना

पद्मलेश्या का लक्षण-क्रोध मान माया, लोभ पतला (कमती)
है आतमा को दमे, राग द्वेष से शात हो मन, वचन काया के

असख्यात में भाग अधिक, मनुष्य, तिर्यच, में जघन्य उत्कृष्ट अतर मुहुर्त, देवतामें जघन्य पल्योपम के असंख्यातमें भाग याने नील लेश्या की उत्कृष्ट स्थिति से एक समय अधिक उत्कृष्ट पल्योपमके असख्यातमें भाग

४ तेजोलेश्या की समुच्चय स्थिति जघन्य अतरमुहुर्त उत्कृष्ट दो सागरोपम पल्योपम के असख्यातमें भाग अधिक मनुष्य, तियच मे जघन्य उत्कृष्ट अतरमुहुर्त, देवताओं में जघन्य दश हजार वर्ष उत्कृष्ट दो सागरोपम पल्योपम पल्योपम के असंख्यात में भाग अधिक वैमानिक की अपेक्षा

५ पद्मलेश्या की समुच्चय स्थिति जघन्य अतरमुहुर्त उत्कृष्ट दश सागरोपम अतरमुहुर्त अधिक मनुष्य, तिर्यच म जघन्य उत्कृष्ट अन्तरमुहुर्त देवतों में जघन्य दो सागरापम पल्योपम के असंख्यात में भाग अधिक (तेजोलेश्या की उत्कृष्ट स्थिति से एक समय अधिक) उत्कृष्ट दश सागरोपम अन्तरमुहुर्त अधिक

६ शुक्ललेश्या की समुच्चय स्थिति जघन्य अन्तरमुहुर्त उत्कृष्ट ३३ सागरोपम अन्तरमुहुर्त अधिक मनुष्य, तिर्यचमें जघन्य उत्कृष्ट अन्तरमुहुर्त और मनुष्योंमें केवलीकी जघन्य स्थिति अन्तरमुहुर्त उत्कृष्ट नव वर्ष ऊणा पूर्व क्रोड वर्ष देवताओंमें जघन्य दश सागरापम अतरमुहुर्त अधिक (पद्मलेश्या को उत्कृष्ट स्थिति से १ समय अधिक) उत्कृष्ट ३३ सागरोपम अन्तर मुहुर्त्त अधिक

(१०) गतिद्वार कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या ये तीनों अधर्म लेश्या हैं दुर्गतिमें उत्पन्न होय। तेजो पद्म और शुक्ल लेश्या ये तीनों धर्मलेश्या कहलाती हैं सुगति में उत्पन्न हों

(११) च्यवनद्वार सब संसारी जीवों को परभव जिस गति में जाना हो उसे मरते वख्त उस गति की लेश्या अन्तरमु

हुर्त पहिले आती है. और उसकी स्थिति के पहिले समय और छेल्ले समय में मरण नहीं होता और विचले समयों में मरण होता है जैसे पहिले आयुष्य बंधा हुआ हो तो उसी गति की लेश्या आवे. अगर आयुष्य न बांधा हो तो मरण पहिले अंतरमुहुर्त स्थिति में जो लेश्या वर्तती है. उसी गतिका आयुष्य बांधे जिस गति में जाना हो उसी के अनुसार लेश्या आने के बाद अन्तरमुहुर्त वह लेश्या परिणमे और अन्तरमुहूर्त्त बाकी रहे जब जीव काल करके परभव में जावे इति।

हे भव्य आत्माओ, इन लेश्याओं के स्वरूपका विचार कर अपनी २ लेश्या को हमेशा प्रशस्त रखने का उपाय करो इति.

सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम्

थोकडा नंबर ६२

(श्री भगवतीजी सूत्र श० १ उ० २)

(सचिट्ठणा काल)

सचिट्ठण काल कितने प्रकार का है? च्यार प्रकार का यथा-नारकी सचिट्ठणकाल, तीर्यंच स०, मनुष्य स० देवता स०.

नारकी सचिट्ठणकाल कितने प्रकार का है? तीन प्रकार का. यथा-सून्यकाल. असून्यकाल, मिश्रकाल, सून्यकाल उसे कहते है कि नारकी का नेरिया नारकी से निकल कर अन्य गति में जा कर फिर नारकी में आवे और पहिले जो नारकी में जीव थे उसमें का १ भी जीव न मीले तो. उसे सून्यकाल

और जिन जीवों को छोडकर गया था वे सब जीव वहीं मिले एक भी कम ज्यादा नहीं उसको अशून्यकाल कहते हैं और कई जीव पहिलेके और कई जीव नये उत्पन्न हुवे मिलें तो उसको मिश्रकाल कहते है। तीर्यचमें सचिट्ठनकाल दो प्रकारका है अशून्यकाल और मिश्रकाल मनुष्य और देवताओं में तीनों प्रकारका नारकीवत् समझ लेना।

अल्पाबहुत्व नारकी मे सबसे थोडा अशून्यकाल उनसे मिश्रकाल अनतगुणा और शून्यकाल उनसे अनतगुण एवम् मनुष्य देवता तीर्यच में सबसे थोडा अशून्यकाल उनसे मिश्रकाल अनतगुणा ।

चार प्रकार के सचिट्ठणकाल मे कौनसी गतिका भव ज्यादा कमती किया जिसका अल्पाबहुत्व सबसे थोडा मनुष्य सचिट्ठण काल उनसे नारकी सचिट्ठणकाल असख्यातगुणा उनसे देवता सचिट्ठणकाल असख्यातगुण और उनसे तीर्यच सचिट्ठणकाल अनतगुणा।

तात्पर्य भूतकाल में जीवों ने चतुर्गति भ्रमण किया उसका हिसाब जीवो के हित के लिये परम दयालु परमात्मा ने ऐसा समझाया है कि जो हमेशा ध्यान में रखने लायक है देखो, अनत भव तीर्यचके असख्याते भव देवताओं के और असख्याते भव नारकी के करने पर एक भव मनुष्यका मिला ऐसे दुर्लभ और कठिनतासे मिले हुए मनुष्य भवको हे! भव्यात्माओं! प्रमादवश वृथा मत खोओ जहा तक हो सके यहातक जागृत होकर ऐसे कार्योंमें तत्पर हो कि जिससे चतुर्गति भ्रमण टले इत्यलम्

सेव भंते सेव भंते तमेव सच्चम्

—————

थोकडा नम्बर ६३

(स्थिति वन्धका अल्पावहुत्व)

१ सवसे स्तोक संयतिका स्थिति वन्ध
२ बादर पर्याप्ता एकेन्द्रिका जघन्य स्थिति वन्ध असं० गु०
३ सुक्ष्म पर्याप्ता एकेन्द्रीका जघन्य स्थिति वन्ध वि०
४ बादर एकेन्द्री अप० का जघ० स्थिति वि०
५ सुक्ष्म एकेन्द्री अप० का जघ० स्थिति० वि०
६ सुक्ष्म एकेन्द्री अप० (७) बादर एकेन्द्री अप० वि०
८ सुक्ष्म एकेन्द्री पर्या० वि०
९ बादर एकेन्द्री पर्याप्ताका उत्कृष्ट स्थिति वन्ध अनुक्रमे वि०
१० वेरिन्द्री पर्याप्ता० जघन्य स्थिति सं०
११ वेरिन्द्री अप० जघन्य स्थिति० वि०
१२ वेरिन्द्री अप० उ. स्थि० वि०
१३ वेरिन्द्री पर्या० उ० स्थिति० वि०
१४ तेरिन्द्री पर्या० ज० स्थि० सं० गु०
१५ तेरिन्द्री अप० ज० स्थि० वि०
१६ तेरिन्द्री अप० उ० स्थि० वि०
१७ तेरिन्द्री पर्या० उ० स्थि० वि०
१८ चौरिन्द्री पर्या० ज० स्थि० सं०
१९ चौरिन्द्री अप० ज० स्थि० वि०
२० चौरिन्द्री अप० उ० स्थि० वि०
२१ चौरिन्द्री पर्या० उ० स्थि० वि०
२२ असंज्ञी पंचेन्द्रि पर्या० ज० स्थि० सं० गु०
२३ असंज्ञी पंचेन्द्री अप० ज० स्थि० वि०

२४ असंज्ञी पचेन्द्री अप० उ० स्थि० वि०
२५ असंज्ञी पचेन्द्री पर्या० उ० स्थि० वि०
२६ सयती का उत्कृष्ट स्थि० सं० गु०
२७ देशव्रत्तका ज० स्थि० स० गु०
२८ देशव्रत्तीकाका उ० स्थि० स० गु०
२९ सम्यक्त्वी पर्या० का जघन्यस्थि० स० गु०
३० सम्यक्त्वी अप० जघन्यस्थि० सं० गु०
३१ सम्यक्त्वी अप० का उत्कृष्टस्थि० सं० गु०
३२ सम्यक्त्वी पर्या० का उ० स्थि० स गु०
३३ संज्ञी पचेन्द्री पर्या० का ज० स्थि० स० गु०
३४ संज्ञी पचेन्द्री अप० का ज० स्थि० स० गु०
३५ संज्ञी पंचेन्द्री अप० का उ० स्थि० स० गु०
३६ संज्ञी पचेन्द्री पर्या० का उ० स्थि० स० गु०

सेव भन्ते सेव भन्ते तमेव सच्चम्.

इति शीघ्रबोध भाग ५ वां समाप्तम्

लिजिये अपूर्व लाभ.

(१) शीघ्रबोध भाग १-२-३-४-५ वां रु. १॥)

(२) शीघ्रबोध भाग ६-७-८-९-१०-११-१२ १३-१४-१५-१६-२३-२४-२५ रु. ३॥)

(३) शीघ्रबोध भाग १७-१८-१९-२०-२१-२२ जिस्में बारहा सूत्रोंका हिन्दि भाषान्तर है रु. ४)

पुस्तकें मीलनेका पत्ता—

श्री रत्नप्रभाकर ज्ञानपुष्पमाला।

मु० फलोधी—(मारवाड)

श्री सुखसागर ज्ञानप्रचारक सभा।

मु० लोहावट—(मारवाड)

卐

श्री जैन नवयुवक मित्रमडल.

मु: लोहावट--जाटावास (मारवाड.)

पूज्य मुनि श्री हरिसागरजी तथा मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजी महाराज साहिब के सदुउपदेशसें सं. १९७९ का चैत वद ९ शनिश्चरवार को इस मंडलकी शुभ स्थापना हुइ है। मित्र मंडलका खास उद्देश समाजसेवा और ज्ञानप्रचार करनेका है। पेस्तर यह मडल नवयुवकोंसे ही स्थापित हुवा था परन्तु मडलका कार्यक्रम अच्छा होनेसे अधिक उम्मरवाले सज्जन भी मडलमें सामिल हो मडलके उत्साहमें अभिवृद्धि करी है।

वार्षीक चन्दा		मुबारीक नामावली	पिताका नाम.	निवासग्राम
११)	(१)	श्रीमान् प्रेसिडेन्ट छोगमलजी कोचर	चुनभुंजजी	लोहावट
११)	( )	श्रीमान् वाइस प्रेसिडेन्ट इन्द्रचन्द्रजी पारख	रावलमलजी	,,
५)	(३)	श्रीमान् नायब प्रेसिडेन्ट खेतमलजी कोचर	पीरदानजी	,,
११)	(४)	श्रीमान् चीफ सेक्रेटरी रेखचदजी पारख	हजारीमलजी	,,
७)	(५)	श्रीमान् जोइन्ट सेक्रेटरी पुनमचदजी लुणीया	रत्नालालजी	,,
७)	(६)	श्रीमान् जोइन्ट सेक्रेटरी इन्द्रचदजी पारख	चोनणमलजी	,,
५)	(७)	श्रीमान् सेक्रेटरी माणकलालजी पारख	हीरालालजी	,,
५)	(८)	आसिस्टंट सेक्रेटरी श्रीमान् रीषभमलजी सिंधी		कुचेरावाला

३)	(९)	श्रीयुक्त मेम्बर अगरचंदजी पारख	आइदांमजी	लोहावट
२)	(१०)	श्रीयुक्त मेम्बर पृथ्वीराजजी चोपडा	खुबचंदजी	,,
२)	(११)	श्रीयुक्त मेम्बर जीतमलजी भन्साली	तुलसीदासजी	,,
३)	(१२)	श्रीयुक्त मेम्बर हस्तीमलजी पारख	रावलमलजी	,,
२)	(१३)	श्रीयुक्त मेम्बर मेरूलालजी चोपडा	रेखचंदजी	,,
३)	(१४)	श्रीयुक्त मेम्बर जुगराजजी पारख	रावलमलजी	,,
३)	(१५)	श्रीयुक्त मेम्बर मनसुखदासजी पारख	हजारीमलजी	,,
३)	(१६)	श्रीयुक्त मेम्बर कुंनणमलजी पारख	हीरालालजी	,,
२)	(१७)	श्रीयुक्त मेम्बर कुंनणमलजी कोचर	हीरालालजी	,,
३)	(१८	श्रीयुक्त मेम्बर भभूतमलजी पारख	श्रीचंदजी	,,
२)	(१९)	श्रीयुक्त मेम्बर हीरालालजी चोपडा	मोतीलालजी	,,
३)	(२०)	श्रीयुक्त मेम्बर जमनालालजी पारख	रावलमलजी	,,
२)	(२१)	श्रीयुक्त मेम्बर रेखचदजी पारख	मोतीलालजी	,,
३)	(२२)	श्रीयुक्त मेम्बर भभूतमलजी पारख	करणीदांनजी	,,
२)	(२३)	श्रीयुक्त मेम्बर सुखलालजी चोपडा	हीरालालजी	,,
३)	(२४)	श्रीयुक्त मेम्बर फूलचंदजी पारख	कँवलचन्दजी	,,
२)	(२५)	श्रीयुक्त मेम्बर घेवरचंदजी गडीया	जुहारमलजी	मथाणीया
२)	(२६)	श्रीयुक्त मेम्बर जेठमलजी डाकलीया	प्रतापचंदजी	लोहावट
२)	(२७)	श्रीयुक्त मेम्बर कुंनणमलजी पारख	सहजरामजी	,,
३)	(२८)	श्रीयुक्त मेम्बर जमनालालजी वोथरा	अलसीदासजी	,,

३)	(२९)	श्रीयुक्त मेम्बर नेमिचन्दजी चोपडा	पुनमचंदजी	,,
२)	(३०)	श्रीयुक्त मेम्बर कुनणमलजी चोपडा	मालचंदजी	,,
२)	(३१)	श्रीयुक्त मेम्बर पुखराजजी चोपडा	ताराचंदजी	,,
३)	(३२)	श्रीयुक्त मेम्बर कुंवरलालजी पारख	सेरचंदजी	,,
२)	(३३)	श्रीयुक्त मेम्बर चुनिलालजी पारख	सीवलालजी	,,
३)	(३४)	श्रीयुक्त मेम्बर सुखलालजी पारख	मोतीलालजी	,,
१)	(३५)	श्रीयुक्त मेम्बर सीमरथमलजी चोपडा	हीरालालजी	,,
३)	(३६)	श्रीयुक्त मेम्बर अलसीदासजी कोचर	पुनमचंदजी	,,
३)	(३७)	श्रीयुक्त मेम्बर इन्द्रचंदजी वेद	सीवलालजी	आयु
)	(३८)	श्रीयुक्त मेम्बर ठाकुरलालजी चोपडा	रेखचंदजी	लोहावट
२)	(३९)	श्रीयुक्त मेम्बर घेवरचंदजी घोथरा	रावलमलजी	,,
२)	(४०)	श्रीयुक्त मेम्बर कन्यालालजी पारख	जमनालालजी	,,
३)	(४१)	श्रीयुक्त मेम्बर सपतलालजी पारख	इन्दरचंदजी	,,
३)	(४२)	श्रीयुक्त मेम्बर नेमिचंदजी पारख	हीरालालजी	,,
२)	(४३)	श्रीयुक्त मेम्बर हेमराजजी पारख	चानणमलजी	,,
)	(४४)	श्रीयुक्त मेम्बर भमूतमलजी कोचर	हस्तिमलजी	,,
२)	(४५)	श्रीयुक्त मेम्बर भीखमचंदजी कोचर	मेघराजजी	,,
३)	(४६)	श्रीयुक्त मेम्बर गोकुलालजी सेठीया	छोगमलजी	,,
३)	(४७)	श्रीयुक्त मेम्बर जोरावरमलजी वैद	चंदनमलजी	फलोधी
३)	(४८)	श्रीयुक्त मेम्बर खेतमलजी पारख	हजारीमलजी	लोहावट
•)	(४९)	श्रीयुक्त मेम्बर गणेशमलजी पारख	मनसुखदासजी	,,

२)	(५०)	श्रीयुक्त मेम्बर संपतलालजी पारख	हीरालालजी	,,
२)	(५१)	श्रीयुक्त मेम्बर सहसमलजी पारख	छोगमलजी	,,
२)	(५२)	श्रीयुक्त मेम्बर तनसुखदासजी कोचर	जेठमलजी	,,
३)	(५३)	श्रीयुक्त मेम्बर भीखमचंदजी पारख	मुलचंदजी	,,
२)	(५४)	श्रीयुक्त मेम्बर सुगनमलजी पारख	चुनिलालजी	,,
२)	(५५)	श्रीयुक्त मेम्बर जुगराजजी पारख	रतनलालजी	,,
३)	(५६)	श्रीयुक्त मेम्बर जमनालालजी पारख	मुलचंदजी	,,
२)	(५७)	श्रीयुक्त मेम्बर खेतमलजी कोचर	प्रभुदांनजी	,,
२)	(५८)	श्रीयुक्त मेम्बर माणकलालजी कोचर	दलीचंदजी	,,
२)	(५९)	श्रीयुक्त मेम्बर मीसरीलालजी कोचर	खेतमलजी	,,
२)	(६०)	श्रीयुक्त मेम्बर घेवरचंदजी कोचर	ज्ञानमलजी	,,
१)	(६१)	श्रीयुक्त मेम्बर नथमलजी पारख	हंसराजजी	,,
२)	(६२)	श्रीयुक्त मेम्बर नेमिचंदजी पारख	मनसुखदासजी	,,
१)	(६३)	श्रीयुक्त विजयलालजी ,,	छगनमलजी	,,

—→*◎*←—